समय शब्द

गाथा 1, 2, 3, 36, 37, 142, 143 (समयसार), 144, 170, 342, 413, 415,

" 50-55 व जीवाजीव, कर्तृकर्माधि० में जीव कहा है]

कई जगह आत्मा, अन्य भी कहा है।

समयसार

मूल रचयिता

भगवत् कुन्दकुन्दाचार्य

टीकाकार

संस्कृत टीका आत्मख्याति—श्री अमृतचन्द्राचार्य

संस्कृत टीका तात्पर्यवृत्ति—जयसेनाचार्य

हिन्दी टीका—पं० जयचन्द जी

प्रकाशक

अहिंसा-मन्दिर-प्रकाशन

१ दरियागंज, दिल्ली-२

समयसार

105 क्षुल्लक श्री गणेश प्रसाद जी वर्णी

स्व० लाला राजकृष्ण जैन

समर्पण

जिनकी स्नेह-सिक्त शुद्ध भावनाओं से प्रेरित होकर
समयसार का यह सुन्दर संस्करण संभव हुआ है
जिनकी जीवन-ज्योति परमार्थ की प्रेरक है
जो कारण समयसार से स्वयं कार्य समयसार
बनते जा रहे हैं
उन
परम अध्यात्मिक सन्त प्रशममूर्ति न्यायाचार्य
श्री १०५ क्षुल्लक गणेशप्रसाद जी वर्णी
के
पवित्र कर कमलों में
सजीव गुरुभक्ति, प्रगाढ़ श्रद्धा और अनन्त निष्ठा से
यह समयसार
सादर
समर्पित
है

विनम्र
राजकृष्ण जैन

प्रथम संस्करण पर सम्मतियां

श्री कुंदकुंद के समयसार पुस्तक की प्रथम प्रति आपकी तरफ से प्रेमपूर्वक मुझे भेट दी गई, इसके लिए मैं बहुत उपकृत हूँ।

''समयसार निःसंशय एक अद्‌भुत ग्रंथ है, जो हमेशा ताजा रहनेवाला है और प्रकाशन भी उसका आप लोगों ने बहुत ही बढ़िया ढंग से किया है। भारत का श्रेष्ठ वैभव ही उसका आध्यत्मिक साहित्य है। लोगों के पास वह। पहुंचाने का काम एक मूल्यवान सेवा है।''

— आचार्य विनोबा भावे

इसी प्रकार महात्माजी के द्वितीय अनुयायी आचार्य श्री काका कालेलकर जी ने इस के सम्बन्ध निम्नलिखित शब्द लिखे है :-

''इस युग का तकाजा है कि हम बौद्ध दर्शन, जैन दर्शन और वेदान्त दर्शन तीनों का एक साथ अध्ययन करें। केवल तत्वज्ञान की चर्चा के लिए नहीं, किन्तु जीवन की उन्नति के लिए।

''तीनों का अध्ययन करते हमें देखना होगा कि कहां तक केवल परिभाष भेद है और कहां-कहां तात्विक मतभेद है। इसके बाद हमें यह भी तय करना है कि दृष्टिभेद के कारण या भूमिकाभेद के कारण जो तात्विक भेद पैदा हुए हैं, उनका परिहार हो सकता है या नहीं।

''जब समग्र मानवी जीवन ही समन्वित है, तब सब दर्शनों का भी किसी न किसी रूप में समन्वय होना ही चाहिए। वेदान्तियों ने और भक्तों ने एसे प्रयत्न किये भी हैं। लेकिन इस युग के लिए व्यापक दृष्टि से नया समन्वय करने के दिन आ गए हैं। इस महत् समन्वय की खोज करने वाले को दर्शन शिरोमणि कुन्दकुन्दाचार्य का 'समयसार' बहुत ही मदद करेगा। दिल्ली के अहिंसा-मंदिर ने 'समयसार' की आदर्श आवृत्ति तैयार करके देश की समयोचित्त सेवा की है।''

— काका कालेलकर

विश्व धर्मप्रेरक आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज का कुंद-कुंद भारती से शुभआर्शिवाद।

प्रस्तुत संस्करण समयसार का द्वितीय संस्करण है। प्रथम संस्करण आज से लगभग 31-32 वर्ष पूर्व प्रकाशित हुआ था। उस संस्करण की एक प्रति हमें स्व. लाला राजकृष्ण जी ने भेट की थी। प्रस्तुत द्वितीय संस्करण धर्मानुरागी श्री प्रेमचन्द्र जी ने अपने पिताजी के धर्म-प्रेम का अनुकरण करते हुए प्रकाशित किया है। इस समय समयसार की मांग भी बहुत थी।

इस संस्करण की विशेषता यह है कि इसमें मूल गाथाओं का अंग्रेजी अनुवाद भी जोड़ दिया गया है। यह अनुवाद स्व. लाला राजकृष्ण जी ने किया और उसका संशोधन सुप्रसिद्ध विद्वान डॉ. ए. ऐन. उपाध्ये ने किया है। श्री प्रेमचन्द जी को उनके इस जैन वाड्मय की सेवा के लिए हम शुभआर्शिवाद देते हैं।

आचार्य विद्यानंद

आचार्य विद्यानंद मुनि
3.11.92

युगप्रवर्त्तिका, आर्यिकाशिरोमणि जम्बूद्वीप की पावन प्रेरिका पूज्य श्री गणिनी ज्ञानमती माताजी का मंगल आर्शिवाद।

अहिंसा मंदिर से प्रकाशित इस समयसार को मैंने कई वर्ष पूर्व देखा था तब ही मुझे प्रसन्नता हुई थी। मैं अधिकतर अपने संघ में सामूहिक स्वाध्याय के लिए इसी समयसार का चयन करती थी।

अब प्रेमचन्द्र जी जैन अहिंसा मंदिर ने इसमें अंग्रजी अनुवाद जोड़कर पुनः प्रकाशित करवा दिया है अतः यह और अधिक लोकप्रिय बनेगा इसमें कोई संदेह नहीं है। ग्रन्थ के प्रकाशक को मेरा यही मंगल आर्शिवाद है कि वे इसी प्रकार जिनवाणी के प्रचार प्रसार में अपना योगदान देते रहें तथा अपने परिवार को देवशास्त्र गुरु की भक्ति में अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान करते रहें।

गणिनी आर्यिका ज्ञानमती
२-११-९२
हस्तिनापुर

प्रकाशकीय

जैन वाङ्मय में आध्यात्मिक ग्रंथ 'समयसार' का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रथम बार यह ग्रंथ तीन टीकाओं (आचार्य अमृतचन्द्र कृत 'आत्मख्याति', आचार्य जयसेनकृत 'तात्पर्यवृत्ति' और पं० जयचंद जी की हिन्दी टीका) सहित ५० वर्ष पूर्व श्री रायचन्द्र ग्रंथमाला बम्बई से प्रकाशित हुआ था। अब इस रूप में यह ग्रंथ अप्राप्य था।

आध्यात्मिक संत, प्रशममूर्ति, न्यायाचार्य पूज्यपाद श्री १०५ क्षुल्लक गणेशप्रसाद जी वर्णी इस समय 'समयसार' के सबसे बड़े मर्मज्ञ हैं। जिन्होंने हजारों बार इस ग्रंथ का स्वाध्याय किया है। 'मेरी जीवनगाथा' पढ़ने से पता लगता है कि पूज्य वर्णीजी 'समयसार' के उस समय के रसिया हैं, जब लोगों की दृष्टि अध्यात्म की ओर कम थी। वर्णी जी को इसकी कमी खटकी और उन्होंने मुझे प्रेरणा की कि तीनों टीकाएं सहित 'समयसार' का एक सर्व-शुद्ध-संस्करण निकाला जावे। हमने जयपुर, नयामंदिर दिल्ली, पंचायती मंदिर दिल्ली और टीकमगढ़ के भंडार की प्राचीनतम प्रतियों से मूल और तीनों टीकाओ का मिलान किया। यह संशोधन ३ मास तक पूज्य वर्णी जी के सान्निध्य में श्री पं० शिखरचन्द जी शास्त्री, पं० रतनचन्द जी मुख्तार और पं० सरदारमल जी ने किया। अब तक जितने प्रकाशित 'समयसार' मिले उनमें ३०० से अधिक ऐसी अशुद्धियां निकली कि कही पर शब्द छूटे हुए थे और कहीं पर कुछ पंक्तियां। उन सभी को प्रस्तुत संस्करण में शुद्ध कर दिया गया है। इतना ही नहीं, पूज्य वर्णीजी ने समयसार के दो अनुभवी विद्वानों (पं० ठाकुरदास जी शास्त्री बी० ए० टीकमगढ़ और प० शिखरचंद जी शास्त्री ईसरी) को दिल्ली भेजा, जिन्होंने पुनः मिलान के पश्चात् अपने समक्ष प्रकाशन प्रारम्भ कराया। समय-समयपर कई स्थलों पर हमें पं० लालबहादुर जी शास्त्री तथा पं० हीरालाल जी शास्त्री दिल्ली ने भी सहयोग प्रदान किया। अतः हम उन सभी विद्वानों के आभारी हैं। मुझे ग्रन्थ प्रकाशन का बिल्कुल अनुभव नही था। सौभाग्यवश यह कार्य सिद्धार्थ पब्लिकेशन (प्रा०) लि० (नया हिन्दुस्तान प्रेस) को दिया गया, जिसके मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विमलप्रसाद जी जैन, जिन्हें ग्रन्थ को सर्वाङ्ग सुन्दर बनाने में मुझ से भी अधिक लगन थी। मुझे हर्ष है कि उन्होंने व्यवसायिक दृष्टि न रखकर साहित्य-सेवा की दृष्टि से ग्रन्थ के प्रकाशन का कार्य पूर्ण किया। इसमें प्रेस के हैड कम्पोजीटर श्री चन्द्रमोहन जी त्रिवेदी ने भी अथक परिश्रम किया। अब ग्रन्थ जिस रूप में निकल रहा है, इसका श्रेय इन्हीं महानुभावों को है।

'समयसार' की भूमिका कोई अधिकारी विद्वान् ही लिख सकता था। एतदर्थ हमने पूज्य बडे वर्णीजी से प्रार्थना की। जैसे उनके 'दो शब्द' शीर्षक लेख से ज्ञात होगा, उन्होंने इस कार्य को प्रारम्भ भी किया, किन्तु ८६ वर्ष की अवस्था में अत्यधिक दुर्बलता के कारण अधिक न लिख सके। हमें हर्ष हैं कि उसकी पूर्ति उनके अन्यतम शिष्य समयसार के ज्ञाता न्यायतीर्थ श्री १०५ क्षुल्लक सहजानन्द जी महाराज (श्री मनोहरलाल वर्णी) ने की। हम उनको हृदय से अपनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हैं।

अहिंसा-मन्दिर-प्रकाशन का उद्देश्य अहिंसात्मक साहित्य का सृजन, प्रकाशन और प्रचार है। इसके संचालकों की दृष्टि इसे व्यवसायिक आधार पर चलाने की बिल्कुल नहीं है। हमारा प्रण है कि लागत से कुछ कम मूल्य पर अप्रकाशित और अप्राप्य साहित्य जनता तक पहुँचाया जावे। अहिंसा-मंदिर के ट्रस्ट में कुछ ऐसी अचल सम्पत्ति है जिसकी आय इस घाटे की पूर्ति कर देगी। वस्तुतः अहिंसा-मन्दिर के सुव्यवस्थित रूप से संचालन का श्रेय हमारे चि० सुपुत्र प्रेमचन्द्र जैन को है। वह अपने घरेलू स्वार्थों की उपेक्षा करके रात-दिन इस संस्था के अभ्युत्थान में लगा रहता है। इस प्रकाशन की व्यवस्था में भी उसी का अधिक हाथ रहा है। अतः मैं उसका भी आभारी हूं। मैं सोच रहा हूं कि आत्म-कल्याण के लिए सब सांसारिक झंझटों से मुक्त होकर उसे ही पूर्णतया यह कार्य सौंप दूं।

बड़े वर्णी जी की भावना है कि समयसार ग्रन्थ का घर-घर प्रचार हो। उसी के अनुरूप यह प्रयत्न है, जो पाठकों के सामने है।

अहिंसा-मन्दिर
१ दरियागंज, दिल्ली-७

राजकृष्ण जैन
१५-१-१९५९

卐 जिनवाणी स्तुति 卐

वीर हिमाचल तै निकसी गुरु गौतम के मुख कुण्ड ढरी है।
मोह महाचल भेद चली, जग की जड़ता ताप दूर करी है।।
ज्ञान पयोनिधि मांहिरली बहु भंग तरंगनि सो उछरी है।
ता शुचि शारद गंगनदी प्रति में अंजुरी करि शीश धरी है।
या जग मन्दिर में अनिवार अज्ञान अन्धेर छयो अति भारी।
श्री जिनकी दीप शिखा सम जो नहिं होत प्रकाशन हारी।।
तो किस भांति पदारथ पांति कहां लहते, रहते अविचारी।
या विधि संत कहैं धनि हैं धनि हैं जिन बैन बड़े उपकारी।।

भूमिका

समयसार-महिमा

सभी जीव शाश्वत शान्ति चाहते हैं और एतदर्थ ही भरसक प्रयत्न करते हैं। जो जीव विषय भोगों में ही आनन्द मानते हैं और विषय भोगों के बाधक निमित्तों से द्वेष एवं कलह करके शान्ति प्राप्त करना चाहते हैं, उन जीवों की तो इसमे चर्चा ही नही करना है। जो अलौकिक उपायो से शान्ति का मार्ग ढूढते हैं, उनकी ही कुछ चर्चाओं के बाद परिणामस्वरूप हितकर प्रकृत बात पर आना है।

कुछ विवेकी महानुभावो की धारणा है :—कि जिस परम ब्रह्म परमेश्वर ने अपनी सृष्टि की है उस परम पिता परमात्मा की उपासना से ही दु.खो की मुक्ति हो सकती है।

कुछ विवेकी महानुभावों की धारणा है —कि प्रकृति और पुरुष मे एकत्व का अध्यास होने से ही क्लेश एवं जन्म-परम्परा हुई है, सो प्रकृति और पुरुष का भेदज्ञान कर लेने से ही क्लेश एवं जन्म-परम्परा से मुक्ति मिल सकती है।

कुछ विवेकी महानुभावो की धारणा है कि —क्षणिक चित्तवृत्तियों में जो आत्मा मानने का भ्रम है इस आत्मभ्रम से सारा क्लेश है, सो आत्मा का भ्रम समाप्त कर देने से ही निर्वाण प्राप्त हो सकता है।

कुछ विवेकी महानुभावो की धारणा है कि :—आत्मा तो शाश्वत निर्विकार है। उसमे विकार का जब तक भ्रम है तब तक जीव दु खी है, विकार का भ्रम समाप्त होने से ही जीव शान्ति प्राप्त कर सकता है।

कुछ विवेकी महानुभावों की धारणा है कि :—दुष्कर्मों से ही जीव सासारिक यातनाएं सहता है, और यातनाओं से मुक्ति पाना सत्कर्म करने से ही सम्भव है।

और कुछ विवेकी महानुभावों की धारणा है कि :—विकल्पात्मक विविध उपयोगों से ही जीव का संसार परिभ्रमण चल रहा है। इस भव-भ्रमण की निवृत्ति निर्विकल्प समाधि से ही हो सकती है।

इत्यादि प्रज्ञापूर्ण अनेक धारणाएं हैं। इनमे से किसी भी धारणा को असत्य नही कहा जा सकता और यह भी नही कहा जा सकता कि इनमें कोई भी धारणा किसी दूसरे के विरुद्ध है। इन सब धारणाओं का जो लक्ष्य है वह सब है एक "समयसार"।

एक समयसार के यथार्थ परिज्ञान में उक्त समस्त उपाय गर्भित हैं। एक समयसार के परिज्ञान से उक्त सब उपाय कैसे प्रचलित हो जाते हैं यह बात अभिधेय समयसार के यत्किंचित् अभिधान के पश्चात् कहीं तो विशद् उक्तियों मे और कही फलितार्थ रूप मे प्रकट हो ही जावेंगी। अत अन्य कोई विस्तृत विवेचन न करके अब समयसार के सम्बन्ध में ही संक्षिप्त प्रकाश डाला जाता है।

समयसार का अर्थ

समय शब्द के दो अर्थ हैं :—१ (समस्त पदार्थ) २ (आत्मा)। इनमें अर्थात् समस्त पदार्थों में अथवा आत्मा में जो सार हो वह समयसार कहलाता है। 'सम्—एकीभावेन स्वगुण पर्यायान् गच्छति' इस निरुक्ति से समय

शब्द का अर्थ समस्त पदार्थों में घटित होता है; क्योंकि सभी पदार्थ अपने अपने ही गुण पर्यायों को प्राप्त हैं। 'सम्—एकत्वेन युगपत् एं अयते गच्छति, जानाति' इस निरुक्ति से समय शब्द का अर्थ आत्मा होता है, क्योंकि आत्म पदार्थ ही जानने वाला है और उसका स्वभाव सर्व पदार्थों को एकत्वरूप अर्थात केवल उसका सत्तात्मक बोध एक साथ जानने का है।

अब सब पदार्थों में सार कहो तो वह आत्मा नाम का पदार्थ है और उसमें भी निरपेक्ष, शाश्वत, सहज, एक-स्वरूप-आत्म-स्वभाव (चैतन्य स्वभाव) की दृष्टि से दृष्ट आत्म-तत्व सार है। इसी प्रकार दूसरी निरुक्ति से भी यही समयसार वाच्य है। समयसार के अपर नाम—ब्रह्म, परम-ब्रह्म, परमेश्वर, कारण परमात्मा, जगत्पिता, शुद्धचेतन, परम-पारिणामिक भाव, शुद्धचेतना, सर्व विशुद्ध, चिन्मात्र, चैतन्य, प्रभु, विभु, अद्वैत, विष्णु, ब्रह्मा, परमज्योति और शिव इत्यादि अनेक हैं।

यह समयसार अजर, अमर, अविकार, शुद्ध, बुद्ध, नित्य, निरंजन, अपरणामी, ध्रुव, अचल, एक-ज्ञायक-स्वरूप अनंतरसनिर्भर, सहजानन्दमय, चिन्मात्र, सहजसिद्ध, अकलंक, सर्वविशुद्ध, ज्ञानमात्र, सच्चिदानन्द स्वरूप इत्यादि अनेक द्वार से समवेद्य है।

वस्तु व्यवस्था

समयसार के विशद परिज्ञान का उपाय भेद-विज्ञान है। अनेक पदार्थों को स्व स्व लक्षणो से पृथक्-पृथक् नियत कर देना और उनमें से उपादेय पदार्थ को लक्षित और उसमे अन्य समस्त पदार्थों को उपेक्षित कर देने को भेद विज्ञान कहते हैं। प्रकृत भेद-विज्ञान के लिए आत्म-अनात्मस्वरूप समस्त पदार्थों का जान लेना प्रथम आवश्यक है। इस जानकारी के लिए समस्त पदार्थ कितने हैं, यह जानना आवश्यक है। इस जानकारी के लिए आखिर एक पदार्थ होता कितना है यह भी जानना आवश्यक है।

एक परिणमन जितने पूरे में होना ही पडे और जितने से बाहर त्रिकाल में भी कभी न हो सके, उतने को एक पदार्थ कहते हैं। जैसे :—विचार, सुख, दुख, अनुभव आदि कोई परिणमन मेरा, केवल मेरे आत्मा में, वह भी समस्त प्रदेशों में होता है और मेरे आत्म-प्रदेशों से बाहर अन्यत्र कभी नही हो सकता। इसलिए यह मैं आत्मा एक पदार्थ हूँ। इसी प्रकार सब आत्मा हैं। इस तरह विश्व मे अक्षय अनन्तानन्त आत्मा हैं। दृश्यमान स्कंधों मे जो कुछ दीखता है वह एक एक नहीं है; क्योंकि जलने से या अन्य हेतुओं से या समय व्यतीत होने से उस एक पिण्ड मे एक जगह तो रूप-परिवर्तन और तरह देखा जाता है; किन्तु वह परिवर्तन सर्वत्र नही होता। इसी प्रकार रस, गन्ध, स्पर्श मे भी विविधता देखी जाती है। एक पदार्थ का जो लक्षण है उसके अनुसार यह निर्णीत होता है कि इन पिण्डों में एक एक परमाणु करके अनन्त परमाणु हैं और वे एक-एक द्रव्य हैं। क्योंकि एक पदार्थ का लक्षण इनमें घटित हो जाता है। इस तरह जब दृश्यमान छोटे से पिण्ड में अनन्त परमाणु हैं तब समस्त विश्व में तो अक्षय अनन्तानन्त परमाणु हैं। यह सुसिद्ध बात है। इन परमाणुओं को पुद्गल कहते हैं; क्योंकि इनमें पूर पूर कर एक पिण्ड होने की व गल-गलकर पुन. बिखरने की योग्यता है। अनन्तानन्त जीव, अनन्तानन्त पुद्गलद्रव्यों के चलने में जो उदासीन सहायकद्रव्य है, वह धर्मद्रव्य है, और वह एक है। अनन्तानन्त जीव व अनन्तानन्त पुद्गलद्रव्य के चलकर ठहरने में जो उदासीन सहायकद्रव्य है, वह अधर्मद्रव्य है, वह भी एक है। समस्त जीव व पुद्गल, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य तथा जो समस्त द्रव्यों के अवगाह का उदासीन हेतु है ऐसा आकाश एक द्रव्य है। इन सबके परिणमन का जो उदासीन हेतु रूप है वह काल द्रव्य है। काल द्रव्य असंख्यात हैं। वे लोकाकाश (जितने आकाश में सब द्रव्य हैं) के एक एक प्रदेश पर एक एक स्थित है। आकाश द्रव्य एक है। इस प्रकार अनन्तानन्त आत्मा, अनन्तानन्त पुद्गल, एक धर्म द्रव्य, एक अधर्म द्रव्य, एक आकाश द्रव्य व असंख्यात काल द्रव्य ऐसे अनन्तानन्त पदार्थ हैं।

समयसार के परिज्ञान के लिए अब अनन्तानन्त पदार्थों में से एक आत्मा स्व के रूप में और अवशिष्ठ अन्य अनन्तानन्त आत्मा, अनन्तानन्त पुद्गल, एक धर्म द्रव्य, एक अधर्म द्रव्य, एक आकाश द्रव्य, असंख्यात् काल द्रव्य इन सबको पर के रूप में जानना चाहिए। इसके अनन्तर उस एक आत्मा में भी उन सभी गुण व सभी पर्यायों की दृष्टि गौण करके सनातन एक चैतन्य स्वभाव की दृष्टि करनी चाहिये।

आवश्यक व ज्ञातव्य दृष्टियां

समयसार के परिज्ञान के लिए समयसार व समयसार से भिन्न समस्त परभाव का जानना आवश्यक है और आवश्यक है उन समस्त परभावों से हटकर एक समयसार का ही उपयोग करना। एतदर्थ वह सब परिज्ञान अनेक दृष्टियों से आवश्यक होता है। अतः संक्षेप मे आवश्यक दृष्टियों का वर्णन किया जाता है। इसके पश्चात् समयसार ग्रन्थ में वर्णित विषयों का संक्षेप सारांश प्रकट किया जायगा। दृष्टि के अपर नाम नय, अभिप्राय, आशय, मत इत्यादि अनेक हैं। इनमें प्रसिद्ध शब्द नय है। नय के मुख्य भेद दो हैं (१) निश्चयनय (२) व्यवहारनय। एक पदार्थ के ही जानने को निश्चयनय कहते हैं। अनेक या अन्य के निमित्त से होने वाला कार्य व्यपदेश आदि के जानने को व्यवहारनय कहते हैं। चूंकि पदार्थों को केवल भी जाना जा सकता है, संयुक्त या सहयोगी भावों द्वारा भी जाना जा सकता है, इसलिए नयों की द्विविधता होना प्राकृतिक बात है।

अथवा पदार्थों को भेद रूप से जानने को व्यवहार कहते हैं और अभेद रूप से जानने को निश्चयनय कहते हैं। निश्चयनय एक व अभेद अथवा एक या अभेद को जानता है, व्यवहारनय अनेक व भद अथवा अनेक या भेद को जानता है। इस कारण कितने ही निश्चयनय उसके सामने अन्य अन्तरग की दृष्टि प्राप्त होने पर व्यवहारनय हो जाते हैं और कितने ही व्यवहारनय उसके सामने अन्य अधिक बहिरंग की दृष्टि प्राप्त होने पर निश्चयनय हो जाते हैं। फिर भी माध्यम द्वारा नयों का संक्षिप्त विस्तार किया जाता है :—

निश्चयनय के परमशुद्धनिश्चयनय, विवक्षितैकदेश शुद्ध निश्चयनय, शुद्ध निश्चयनय, और अशुद्ध निश्चयनय आदि भेद हैं। व्यवहारनय के उपचरित असद्भूत व्यवहार, अनुपचरित असद्भूत व्यवहार, उपचरित सद्भूत व्यवहार और अनुपचरित सद्भूत व्यवहार आदि भेद हैं।

परम शुद्ध निश्चयनय—परिणमन व शक्तिभेद (गुण) की दृष्टि गौण कर एक स्वभावमय पदार्थ को जानना परमशुद्ध निश्चयनय है, जैसे आत्मा चित्स्वरूप है। इसी नय का विषय समयसार है।

विवक्षितैकदेश शुद्ध निश्चयनय :—उपादेय तत्त्व को शुद्ध निरखकर विकार का उपाधि से सम्बन्ध जानने को विवक्षतैकदेश शुद्ध निश्चय कहते हैं; जैसे रागादि पौद्गलिक हैं। यह आशय अशुद्ध निश्चयनय की मुख्यता होने पर व्यवहारनय हो जाता है।

शुद्ध निश्चयनय—शुद्ध पर्याय परिणत पदार्थ के जानने को शुद्ध निश्चयनय कहते हैं जैसे सिद्ध प्रभु शुद्ध हैं।

अशुद्ध निश्चयनय :—अशुद्ध पर्याय परिणत पदार्थ के जानने को अशुद्ध निश्चयनय कहते हैं। जैसे रागादिमान् संसारी जीव हैं।

उपचरित असद्भूत व्यवहारनय :—अन्य उपाधि के निमित्त से होने वाले प्रकट परभाव को निमित्त से उपचरित करना उपचरित असद्भूत व्यवहारनय है जैसे :—अनुभूत विकारभाव पुद्गल कर्म के कारण जीव में हुए हैं।

अनुपचरित असदभूत व्यवहारनयः—अन्य उपाधि के निमित्त से होने वाले सूक्ष्म (अप्रकट) विकार को कहना अनुपचरित असद्भूत व्यवहार नय है, जैसे औपाधिक अबुद्धिगत जीव के विकार भाव।

उपचरित सद्भूत व्यवहारनयः—उपाधि के क्षयोपशम से प्रकट होने वाले जीव के गुणों का विकास उपचरित सद्भूत व्यवहारनय है, जैसे जीव के मतिज्ञान।

अनुपचरित सद्भूत व्यवहारनय—जीव के निरपेक्ष आदिक स्वभाव-भाव को गुण-गुणी का भेद करके कहना अनुपचरित सदभूत व्यवहार नय है, जैसे जीव के ज्ञानादि गुण।

इस प्रकार अंतरंग से बहिरंग की ओर, बहिरंग से अतरंग की ओर अभिप्रायों का आलोडन विलोडन करके समय (आत्मा) का सम्यक् प्रकार से निश्चय किया जाय और पश्चात् अनेक निश्चयनयो मे से निकल कर परम शुद्ध निश्चयनय का अवलम्बन करके समयसार का परिज्ञान किया जावे और फिर परमशुद्धनिश्चयनय के आशय से भी सहज छूठकर समयसार का अनुभव किया जावे।

समयसार का विषय विभाग

समयसार आत्मतत्त्व की विवेचना का अनुपम ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ का प्राकृत भाषा मे नाम "समयपाहुड" है, जिसका संस्कृतानुवाद है समयप्राभृत। प्राभृत का अर्थ भेट भी होता है जिससे यह ध्वनित हुवा कि समय अर्थात् शुद्ध आत्मतत्व की जिज्ञासा करने वाले मुमुक्षु समयसार (कारण परमात्मा या निर्दोषपरमात्मा) राजा के दर्शन करने के लिये उद्यम करे तो इस भेटका (ग्रन्थका) उपयोग करें। यदि कोई यह जानना चाहे कि जैन सिद्धान्त में वर्तमान सर्व प्रमुख व्यवहारोपयोगी ग्रन्थ कौन है तो यह निशक कहा जा सकता है कि एक तत्त्वार्थ-सूत्र और दूसरा समयसार। ये दो ग्रन्थ प्रमुख लोकोपयोगी हैं। समयसार मे तो आत्म-तत्त्व विषयक सुविवेचना है और तत्वार्थ सूत्र मे पदार्थ की विविध विषयक सुविवेचना है।

समयसार ग्रन्थ का प्रतिपाद्य विषय विस्तृत है। अतः इसके मूलकर्त्ता (गाथाकार पूज्य श्रीमतकुन्दकुन्दाचार्य) की रचना इस प्रकार हुई है—प्रारम्भ की १२ गाथा तो समयसार की पीठिका है। पश्चात् मुख्य विषय जीव के स्वरूप का है सो जीवाधिकार आया। पश्चात् अजीवाधिकार आया। पश्चात् जीव-अजीव के बन्धन के मूल कारण का अर्थात् कर्त्-कर्म-भाव का अधिकार आया। पश्चात् कर्तृ-कर्म भाव के परिणाम स्वरूप अथवा ससार के प्रधान एक भाव निमित्भूत पुण्यपापकर्म का अधिकार आया। पश्चात् पुण्यपापकर्म के द्वारभूत आस्रव का अधिकार आया। इसके पश्चात् आस्रव के विपक्षी अथवा मुक्ति के मूल उपायभूत सवर का अधिकार आया। पश्चात् सवर के होने पर कार्यकारी एव मोक्ष के साधनभूत निर्जरा का अधिकार आया। पश्चात् मोक्ष के विपक्षभूत बध का अधिकार आया। पश्चात् मोक्ष का अधिकार आया। पश्चात् मुक्ति के सर्व उपायो के लक्ष्यभूत समयसार का विशुद्ध वर्णन करने के लिए सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार आया। अन्त मे इसी तत्त्व का तथा पूर्व मे उक्त व अनुक्त विषयो का उपसहार करने वाला परिशिष्ट रूप स्याद्वाद अधिकार आया।

इस प्रकार इस समयसार ग्रन्थ में (१) पीठिका (२) जीवाधिकार (३) अजीवाधिकार (४) कर्तृ-कर्माधिकार। (५) पुण्य-पापाधिकार (६) आस्रवाधिकार (७) सवराधिकार (८) निर्जराधिकार (९) बधाधिकार (१०) मोक्षाधिकार (११) सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार (१२) चूलिकाधिकार (१३) और स्याद्वादाधिकार। इन १३ अधिकारों में आत्मतत्त्व का वर्णन किया है। अद्यतन प्रसिद्धि के अनुसार पीठिका व जीवाधिकार का वर्णन एक धारा में होने के हेतु इन दो अधिकारो का एक पूर्व रंग हो जाने से, व अजीवाधिकार मे ही विधि-निषेध के रूप में जीव का वर्णन आ जाने के हेतु अजीवाधिकार हो जाने से, तथा सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार व चूलिकाधिकार का विषय भी एक धारा में चलने से एव स्याद्वाद (परिशिष्ट) अधिकार समय प्राभृत ग्रन्थ के टीकाकार पूज्य श्री अमृतचन्दजी सूरि की स्वतंत्र रचना होने से (१) पूर्वरंग (२) जीवाजीवाधिकार (३) कर्तृकर्माधिकार (४) पुण्य-पापाधिकार (५) आस्रवाधिकार (६) संवराधिकार (७) निर्जराधिकार (८) बधाधिकार (९) मोक्षाधिकार (१०) सर्वविशुद्धज्ञानाधिकार। इस प्रकार १० अधिकार है।

अब समयसार ग्रन्थ के उक्त अधिकारों में किस किस विषय का वर्णन है, इस पर संक्षेप में प्रकाश डाला जाता है ताकि यह भी सुगमता से जानने में आ सके कि द्वैतभाव से की गई अनेक ऋषियों की पूर्वोक्त विभिन्न आध्यात्मिक धारणाओं का लक्ष्य भी यही समयसार है; चाहे उनमें से किसी ने उसपर लक्ष्य कर पाया हो या न कर पाया हो।

पीठिका

सर्व प्रथम समयसार के पूर्ण अनुरूप विकास अर्थात् सिद्ध प्रभु को नमस्कार करके समय (सामान्य आत्मा) का इस प्रकार संकेत किया है कि समय की दो अवस्थाये होती हैं (१) स्वसमय (शुद्धावस्था) (२) परसमय (अशुद्धावस्था)। जो अपने दर्शन-ज्ञान-चारित्र में स्थित हो, अर्थात् शुद्ध ज्ञान-दर्शनमय निज परमात्मतत्त्व की रुचि, संवित्ति व निश्चल अनुभूति से परिणत हो, सो स्वसमय है और जो औपाधिक भावो मे स्थित हो, सो परसमय है। ये दोनों अवस्थायें जिस एक पदार्थ की हैं वह समय है। अन्य सर्व परपदार्थों से, सर्व पर्यायों से भिन्न देखा गया, केवल यही समय समयसार कहलाता है।

ससारी जीवो ने इस समयसार की दृष्टि नही की। इसी कारण इस जीव लोक में आपत्तियो का भाजन होना पडा है। इस समयसार का वर्णन करने के पहले ग्रन्थ कर्ता श्री मद्कुन्दकुन्दाचार्य स्वय कहते हैं कि इस समयसार (एकत्व विभक्त आत्मा) को आत्मविभव द्वारा दिखाऊँगा। यदि दिखा दूं तो स्वय अपने विभव से प्रमाण करना यदि दिखाने मे चूक जाऊँ तो छल ग्रहण नही करना। दिखावा शब्दो द्वारा ही तो हो रहा है, यह क्रिया नयगर्भित है अत सुनने में नय का ठीक उपयोग न करने से श्रोता का चूकना सम्भव है। इस ही बात को अपना लेने से ग्रन्थकर्ता की कितनी निर्गर्वता प्रकट हुई है और स्वय अनुभव मे प्रमाण करना चाहिये इस भाव द्वारा वस्तु स्वतंत्र की प्रतीति प्रकट हुई है, इससे सहसा विवेच्य विषय पर श्रद्धा होती है तथा मनन कर लेने से तो दृढ़ प्रतीति हो ही जावेगी क्योकि इस विवेचना में सब वैज्ञानिक पद्धति है।

समयसार अर्थात् शुद्ध आत्मतत्त्व का लक्ष्य इस प्रकार किया गया है, कि जो न प्रमत्त या कषाय सहित और न अप्रमत्त या कषाय रहित है, किन्तु एक शुद्ध ज्ञायक-भावमय है, वह शुद्ध आत्मा है। इस शुद्ध आत्मा मे बन्ध की कथा दूर हो रही इसमें ज्ञान-दर्शन-चारित्र आदिक गुणभेद भी नही है। फिर भी बुद्धि में गुणभेद आदि किये बिना परमार्थभूत आत्मा को समझाया नहीं जा सकता। इसलिए गुणभेद आदि निरूपक व्यवहार परमार्थ के प्रतिपादक होने से वक्तव्य होता है और यह व्यवहार भी पहिली पदवी मे प्रयोजनवान् है, किन्तु परमार्थभूत चैतन्यमात्र आत्मतत्त्व के अवलोकन करने वालो को व्यवहार प्रयोजनवान् नही है

अधिकार गाथा

उक्त प्रकार से एकत्व विभक्त शुद्ध आत्मा अथवा समयसार का संक्षेप मे वर्णन किया गया है उसी को विस्तृत रूप में कहने के लिए एक अधिकार गाथा ग्रन्थ कर्ता ने दी है।

भूयत्थेणाभिगदा जीवा जीवा प पुण्य पावं च।
आसव सवर णिज्वर बधो मोक्खो य सम्मत्त ॥

भूतार्थनय से जाने गये जीव, अजीव, पुण्य-पाप, आस्रव, सवर, निर्जरा, बध और मोक्ष सम्यक्त्व है। यहां कारण मे कार्य का उपचार करके सम्यक्त्व का वर्णन किया है, जिससे यह भाव निकला कि भूतार्थ नय से जाने गये जीवादि नवतत्त्व सम्यक्त्व के कारण हैं। गुण पर्यायो के भेद से उठाकर एकत्व मे ले जाने वाले नय को भूतार्थनय कहते हैं। इस गाथा मे अधिकार सूची भी आ गई। अध्यात्मिक ग्रन्थो मे आवश्यक कर्तव्य होने से केवल कर्तृ-कर्माधिकार व सर्वविशुद्धज्ञानाधिकार और कहना पड़ा। चूलिका तो प्राय सर्वत्र आपतित होती है।

उक्त नव तत्वों में जीव व अजीव तो द्रव्य हैं व पुण्य-पाप, आस्रव आदि पर्यायें है। इसी कारण ये साता जीव रूप भी कहे गये हैं और अजीवरूप भी कहे गये है। जैसे जीव पुण्य, अजीव पुण्य आदि। जीव की परिणतियां जीव पुण्य आदि हैं व अजीव (कर्म) की परिणतियां अजीव पुण्य आदि हैं। जीव परिणतियों के द्वार से चलकर उन परिणतियो के स्रोतभूत गुण पर आना और गुणद्वार से चलकर गुणों के अभेद पुञ्ज अथवा गुणो के श्रोतभूत जीवद्रव्य पर आना यह भूतार्थ नय की पद्धति है। इसी प्रकार अजीव में भी लगानी चाहिये। यह सर्वविषय ग्रन्थ के अध्ययन से स्फुट करना चाहिये। यहाँ तो विषयो का दिग्मात्र ही दिखाना है।

जीवाधिकार

जीवाधिकार में सर्वप्रथम ही शुद्ध आत्मा के स्वरूप, स्वामी व उपाय का ही एकदम सुगम रीति स वर्णन कर दिया गया है, कि जो अपनी आत्मा को (अपने आप को) अबद्ध, अस्पष्ट, अनन्य, नियत, अविशिष्ट व असयुक्त देखता है उसे शुद्ध नय जानो, अथवा शुद्ध-नय से जैसा शुद्धआत्म तत्व देखा जाता है आत्मतत्त्व वैसा ही शुद्ध जानो। यही जिन शासन का सार है।

इस शुद्ध आत्मा का श्रद्धान ज्ञान व आचरण करना चाहिये। वस्तुतः श्रद्धान-ज्ञान-आचरण भी आत्मा ही है। यद्यपि यह आत्मा स्वभाव से ही ज्ञानमय है किन्तु इसकी निज तत्व पर दृष्टि नही हुई; अत इसकी उपासना का आदेश दिया गया हैं।

समयसार का परिचय न होने से जीव की दृष्टि कर्म, शरीर व विभाव मे "वह मैं हूँ या ये मेरे है" ऐसी मान्यता की हो जाती है; और जब तक ऐसी दृष्टि रहती है तब तक यह जीव अज्ञानी कहलाता है। इतना ही नहीं अज्ञानी जीव के भूत, भविष्यत् का भी परिग्रह लगा रहता है। अज्ञानी के यह धारणा रहती है कि शरीरादिक मैं हूँ ये मेरे हैं, मै इनका हूँ, ये मेरे थे, मैं इनका था, ये मेरे होगे, मैं इनका होऊंगा इत्यदि।

परन्तु शरीरादिक अजीव पदार्थ व चेतन आत्मा एक कैसे हो सकते है? क्योंकि जीव तो ज्ञान लक्षण वाला है और अजीव ज्ञान रहित है। हे आत्मन्! तू शरीर नही है, किन्तु शरीर का अभी पड़ोसी है, शरीर से भिन्न उपयोग स्वरूप अपनी आत्मा को देख।

चूँकि जीवलोक को इस शरीर रूप में ही जीव का परिचय रहा है और कभी धर्म भी चला तो इसी पद्धति से, इसी कारण उक्त उपदेश की बात सुनते ही कोई शिष्य पूछता है कि प्रभो! शरीर से भिन्न आत्मा कहाँ है? शरीर ही जीव है, यदि शरीर ही जीव न होता तो तीर्थंकर देव की जो ऐसी स्तुति की जाती है कि आपकी कांति दसों दिशाओं में फैल जाती है, आपका रूप बड़ा मनोहारी है, आपके १००८ शुभ लक्षण है, इत्यादि सब स्तुति मिथ्या हो जावेगी तथा आचार्य परमेष्ठी की जो स्तुति की जाती है कि आप देश, जाति व काल से शुद्ध हैं, शुद्ध मन, बचन, काय वाले हैं इत्यादि, वह भी स्तुति मिथ्या हो जावेगी। इस पर पूज्य श्री मत्कुन्दकुन्दाचार्य उत्तर देते हैं—

नय दो प्रकार के होते हैं (१) व्यवहारनय (२) निश्चयनय। व्यवहारनय से तो देह व जीव का संयोग संबन्ध है; इसलिए देह व जीव में कथंचित एकत्व मान लिया जाता है, परन्तु निश्चयनय से जीव में ही जीव है, देह जीव हो ही नहीं सकता। शरीर की स्तुति से आत्मा की स्तुति व्यवहाररूप से कथंचित् हो सकती है, निश्चयनय स तो शरीर के गुण आत्मा के कुछ नहीं है; इसलिए शरीर की स्तुति से आत्मा की स्तुति नही होती। आत्मा की स्तुति से ही आत्मा की स्तुति होती है। यहाँ यह अवश्य जान लेना चाहिये कि जो आत्मस्वरूप से बिलकुल अपरिचित है उसके लिए तो व्यवहारनय से भी स्तुति नहीं कहला सकती।

अब निश्चय स्तुति किस प्रकार हो सकती है इस विषय पर आते हैं। चूंकि यह निश्चय स्तुति है, इसलिये जो भी विशुद्ध स्थिति कही जावेगी वह आत्मा की ही कही जावेगी। आचार्य पूज्य श्री मत्कुन्दकुन्द प्रभु के द्वारा कही हुई

निश्चय-स्तुति का भाव पूज्य श्री अमृतचन्दजी सूरि व्यक्त करते हैं :—जिन्होंने असंग, अखण्ड, चैतन्य स्वभाव के अवलम्बन से ज्ञेय पदार्थों से, भावेन्द्रियों से व द्रव्येन्द्रियों से पृथक् अपनी प्रतीति करके इन्द्रियों को जीतकर ज्ञान स्वभावमय अपने को माना है वे जितेन्द्रिय जिन कहलाते हैं। जो द्रव्यमोह व भावमोह से अलग अपनी आत्मा को लौटा लेने के द्वारा मोह को जीतकर परमार्थ सद्रूप ज्ञानस्वभावमय अपनी आत्मा को अनुभवते है, वे जित मोह कहलाते हैं। (पुनश्च) उक्त प्रकार से मोह को जीत लेनेवाले निर्मल आत्मा के मोह ऐसा समूल नष्ट हो जाता है कि फिर कभी भी उसका प्रादुर्भाव नहीं हो सकता। ऐसी उस निर्मल आत्मा को क्षीण-मोह कहते हैं। सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, सहजानन्द मय इत्यादि स्तुति भी निश्चय स्तुति कहलाती है। इन्द्रियों का विजय आत्म ज्ञान ही है। वस्तुत. त्याग ज्ञानस्वरूप ही है; क्योंकि पर को पर जानकर ही त्याग किया जाता है। व पर तो भिन्न है ही, मान्यता मे एक कर रक्खा था सो सच्चा ज्ञान करना ही उसका त्याग है।

इस प्रकार प्रासंगिक स्तुति-चर्चा के बाद अन्त में दिखाया है कि सम्यग्ज्ञानी की अन्तंभावना ऐसी होती है—मोह मेरा कुछ नही है, मै तो एक उपयोग मात्र हूँ, ज्ञेयाकार व ज्ञेय पदार्थ मेरा कुछ नहीं है, मै तो एक उपयोगमात्र हूँ, मै एक (केवल) हूँ, शुद्ध हूँ, दर्शन ज्ञानमय हूँ, अमूर्त हूँ और अन्य कुछ परमाणुमात्र भी मेरा कुछ भी नहीं है।

अजीवाधिकार

इस अधिकार मे उन सब भावों को भी अजीव बतलाया है जो जीव के शुद्ध स्वरूप मे नही हैं। अतः अजीव मे अजीव द्रव्य तो है ही, साथ ही औपाधिक भाव भी अजीव है।

आत्मा को नहीं जानने वाले अतएव परभावों को आत्मा मानने वालों की विभिन्न धारणाएं हैं। कोई तो राग-द्वेष को, कोई राग-द्वेष के संस्कार को, कोई कर्म को, कोई शरीर को, कोई कर्मफल को, कोई सुख दुख को, कोई आत्मा व कर्म की मिलावट को इत्यादि अनेक प्रकार से जीव मानते हैं, किन्तु ये सब जीव नही है, क्योंकि ये सर्व या तो पुद्‌गलद्रव्य के परिणमन है या कर्म रूप पुद्‌गलद्रव्य के निमित्त से हुए परिणमन है।

इस अवसर मे यह शंका उत्पन्न हो सकती है कि फिर तो जीवसमास, गुणस्थान आदि की चर्चा अथवा त्रस-स्थावर भेद वाले जीव मानना यह सब जैन शास्त्रों मे क्यों कहा गया है ? इसका उत्तर यह है कि यह सब व्यवहार का उपदेश है; जो कि तीर्थ की प्रवृत्ति के निमित्त बतलाना आवश्यक ही है। अन्यथा षट्कायके जीव पर्यायों को अजीव मानकर जितना चाहे मर्दित कर दिया जावे, हिंसा नही होनी चाहिये। फिर तो हिंसा के अभाव में बन्ध का अभाव व बन्ध के अभाव मे मोक्ष का भी अभाव हो जायगा अथवा उच्छृङ्खलता आ जावेगी। हाँ निर्विकल्प समाधि के उद्यम में तो शुद्ध, चैतन्य स्वरूप ही जीव है, अवशिष्ट भाव सब अजीव हैं। इसी दृढ प्रतीति से काम चलेगा।

वस्तुतः जीव का लक्षण चेतना है। जीव वर्ण, गन्ध, रस, और स्पर्श, शब्द से रहित है। जीव बाह्य चिन्ह से ग्रहण मे नहीं आ सकता। जीव का सहज नियत संस्थान भी कोई नही है। तात्पर्य यह है कि चैतन्य भाव के अतिरिक्त अन्य सब भाव अजीव है। इसी कारण जीव के वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, मूर्तिकता, शरीर, संस्थान संहनन (अस्थिपंजर) राग, द्वेष, मोह, कर्म, शरीर, विचार, योग, बन्ध, उदय, संक्लेश, विशुद्धि आदि कुछ नही है। ये सब व्यवहारनय से जीव के कहे गये हैं। व्यवहारनय विरोधक नहीं, किन्तु व्यवहार नय भी वस्तु के किन्ही भावों के जानने का एक तरीका है। जैसे कि जिस रास्ते मे चलते हुए मुसाफिरों को डाकुओं द्वारा लूटा जाता हो, लोग उस रास्ते को "यह रास्ता लूट लिया जाता है" ऐसा कह देते हैं। परन्तु वास्तव मे रास्ता क्या लुटेगा, फिर भी व्यवहारनय से तो कहा ही जाता है, क्योंकि लूटने वाले उस रास्ते में होते हैं। इसी प्रकार जीव मे बन्ध पर्याय से स्थित कर्म व शरीर के वर्ण आदि को जानकर व्यवहारनय से कहा ही जाता है कि जीव मे वर्णादिक है।

वस्तुतः जीव मे वर्णादि का कुछ भी तादात्म्य नही हैं। यदि जीव के साथ वर्णादि का तादात्म्य मान लिया जाता है तब तो अनेक अनिष्टापत्तियाँ आतीं है :—जैसे कि (१) वर्णादि का जिसके साथ तादात्म्य है वह तो पुद्‌गल कहलाता हैं, यदि कभी ससारी जीव मुक्त हो तो यही माना जायगा कि पुद्‌गल को मोक्ष हो गया। (२) जीव अजीव का कोई भेद नहीं रहा, तो जीव का ही अभाव हो गया इत्यादि।

इस प्रकार यह सिद्ध हुआ कि जिनका पुद्‌गल उपादान है वे परिणमन व जिनका पुद्‌कल कार्य निमित्त है वे परिणमन ये सब कोई भी परमार्थ मे जीव के नही है। इन्हे अजीव कहा गया है।

कर्तृ-कर्माधिकार

अधिकार गाथा मे यद्यपि कर्तृ-कर्मभाव अधिकार की कोई सूचना नही है, तो भी जीवाजीवाधिकार के पश्चात् व आस्रव अधिकार के पहले कर्तृकर्म अधिकार का कहना यह दिखाने के लिए आवश्यक हुआ है कि जब जीव और अजीव स्वतंत्र द्रव्य है तब जीव व अजीव के सम्बन्ध व बन्ध पर्याय कैसे हो जाती है? इसका उत्तर कर्तृ-कर्माधिकार में किया गया है। जीव व अजीव का सम्बन्ध व बन्ध पर्याय कैसे मिट सकती है इसका उत्तर भी उसी अधिकार मे दिया गया है। जब तक जीव निज-सहज-स्वरूप व क्रोधादि औपाधिक भावो में अन्तर नहीं जानता है तब तक क्रोधादि भावों को निज स्वरूप में जानने के कारण उनमे जीव की प्रवृत्ति होगी ही और क्रोधादि मे वर्तने वाले इस इस जीव के निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध के वश से पुद्‌गल कर्म (अजीव) का सचय हो जाता है। पुद्‌गल कर्म के आने का नाम अजीवास्रव है और जीव मे जो ये क्रोधादिक भाव हुए है उनका नाम जीवास्रव है। यहा एक प्रश्न हो सकता है कि अजीवास्रव का निमित्त तो निज पर मे परस्पर कर्तृकर्म भाव की मान्यता है। इस कर्तृकर्मभाव की मान्यता मे क्या निमित्त है? उत्तर:—इस कर्तृ-कर्म भाव की मान्यता मे पूर्वबद्ध अजीव कर्म का उदय निमित्त है। प्रश्न —इस कर्मास्रव मे क्या निमित्त हुआ था? उत्तर —इस कर्मास्रव मे पूर्व का स्व पर का कर्तृ-कर्मभाव निमित्त हुआ था। इस प्रकार यह अनादि प्रवाह क्रम चला आया है। इस स्व पर कर्तृकर्मभाव की प्रवृत्ति भी अनादि से चली आई है।

यद्यपि यहाँ ऐसा सम्बन्ध है कि जीव के परिणाम को हेतु पाकर पुद्‌गल कार्माणवर्गणाये कर्मरूप से परिणम जाती है और पुदगल कर्म के उदय को निमित्त पाकर जीव के ऐसे परिणाम हो जाते है, तो भी जीव व पुदगल का परस्पर कर्तृकर्म भाव नही है, क्योंकि जीव न तो पुद्‌गलकर्म का कोई गुण या परिणमन करता है और न पुद्‌गल कर्म जीव का कोई गुण या परिणमन करता है। केवल अन्योन्यनिमित्त मे दोनो का परिणमन हो जाता है।

इस ही निमित्त-नैमित्तिक-सम्बन्ध के कारण व्यवहारनय से 'जीव पुद्‌गलकर्म (द्रव्यास्रव) का कर्त्ता' और 'पुद्‌गल जीवास्रव का कर्ता' कहा जाता है। जीव मे अनुभवन शक्ति है, सो वस्तुत पुद्‌गलकर्म के उदय को निमित्त पाकर जीव अपने में आनन्द-श्रद्धा-चारित्रादि गुणो को विकृत परिणमन रूप से भोगता है तो भी निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध के हेतु जीव पुद्‌गलकर्म को भोगता है यह भी व्यवहारनय से कहा जाता है। परमार्थ से जीव न तो पुद्‌गल कर्म को करता है और न पुद्‌गलकर्म को भोगता है; क्योकि यदि जीव पुद्‌गल कर्म को भी करे व भोगे तो एक तो जीव ने अपने परिणाम को किया व भोगा और दूसरे पुद्‌गल कर्म को भी किया व भोगा, तो इस तरह जीव दो द्रव्यो की क्रिया का कर्त्ता बन जायगा। ऐसा होने पर चूंकि क्रिया का कर्त्ता से उस काल में तादात्म्य रहता है, इस कारण जीव व अजीव में भेद नही रहा अथवा जीव अजीव मे से एक का अथवा दोनों का अभाव हो जायगा इत्यादि अनेक अनिष्टापत्तियाँ हो जायँगी। एक द्रव्य दो द्रव्यो की क्रिया का कर्ता है ऐसा अनुभव करने वाला जीव सम्यग्दृष्टि नही किन्तु मिथ्यादृष्टि है। अर्थात् वस्तुस्वरूप से विपरीत दृष्टिवाला है। कर्म उपाधि के निमित्त से होने वाले क्रोधादिक औपाधिक भाव है, उनका भी जीव सहज भाव से याने उपाधि को निमित्त पाये बिना कर्त्ता नही है। इन क्रोधादिक परभावो का

कर्ता न तो जीव है और न कर्म; किन्तु कर्म के निमित्त से जीव के उपादान मे क्रोधादिक परिणमन होता है। जीव निज, सहज, चैतन्य स्वरूप व क्रोधादि परभावो मे अन्तर नही समझता। इसी कारण यह बन्ध होता है यह मौलिक प्रकृत बात सिद्ध हुई।

अब जिज्ञासा होती है कि इस बन्ध का अभाव कैसे हो? समाधान—जीव की परभाव के प्रति कर्ता कर्म की प्रवृत्ति होने से बन्ध होता था। जब कर्ता-कर्म की प्रवृत्ति दूर हो जाती है तब बध का भी अभाव हो जाता है। प्रश्नः—इस कर्ता-कर्म प्रवृत्ति का अभाव कैसे हो जाता है? उत्तर—जब यह जीव आत्मा मे व परभाव मे इस प्रकार से अन्तर जान लेता है कि वस्तु स्वभावमात्र होती है, मै वस्तु हूँ, सो मै भी स्वभावमात्र हूँ। स्वभाव कहते हैं स्व के होने को, मै स्व ज्ञानमय हूँ। सो जितना ज्ञान का होना है सो तो मै आत्मा हूँ और क्रोधादि का होना क्रोधादि है, आत्मा (स्व) व क्रोधादि-आस्रवो में एक वस्तुता नही है। जब जीव ऐसा आत्मा व आस्रव में अन्तर जान लेता है तभी कर्ता कर्म की प्रवृत्ति दूर हो जाती है और कर्ता-कर्म की प्रवृत्ति दूर होने पर पुद्गल कर्मबन्ध भी दूर हो जाता है।

आत्मा और अनात्मा के भेदविज्ञान से उसी काल में आस्रव की निवृत्ति होने लगती है। ज्ञानी जीव के इस प्रकार का विशद ज्ञान प्रकट रहता है—मै आत्मा सहज पवित्र हूँ, ज्ञान स्वभावी हूँ, दुख का अकारण हूँ, सम हूँ, नित्य हूँ, स्वयशरण हूँ, आनन्द स्वभावी हूँ, किन्तु ये आस्रव (परभाव) अपवित्र हैं, विरुद्ध स्वभाववाले है, दुख के कारण हैं, विषम हैं, अनित्य हैं, अशरण हैं, दुखस्वरूप हैं और इनका दुख ही फल है। मै एक हूँ, शुद्ध हूँ, मोह रागादि परभावरहित हूँ, ज्ञानदर्शनमय हूँ, मै (आत्मा) कर्म के परिणमन को व नोकर्म के परिणमन को नहीं करता हूँ। पुद्गलकर्म परद्रव्य है। मै परद्रव्य का ज्ञायक तो हूँ, किन्तु पर परद्रव्य में व्यापक नही हूँ। अतएव परद्रव्य की पर्यायरूप से परिणमता नहीं हूँ अर्थात् मै परद्रव्य की परिणति का कर्ता नहीं हूँ। मै पुद्गलकर्म के फल सुख दु खादि को जान तो सकता हूँ, किन्तु पुद्गलकर्म की परिणति का कर्ता नही हूँ। इसी प्रकार पुद्गलकर्म भी मेरा कर्ता नही है।

अशुद्ध-निश्चयनय से आत्मा तो मात्र अपने अशुद्ध भाव का कर्ता है, उसको निमित्त पाकर पुद्गलद्रव्य कर्मरूप से स्वय परिणम जाता है। जैसे कि हवा के चलने के निमित्त से समुद्र में तरग उठती है। निश्चय से तरंगो का कर्त्ता तो समुद्र ही है, हवा तो उसमें निमित्त है। हवा मे हवा का कार्य है। समुद्र मे समुद्र की परिणति है। प्रत्येक द्रव्य की स्वतन्त्र सत्तात्मकता के ज्ञान से कर्मबन्ध रुकता है और पर को आत्मा मानने व आत्मा को पररूप मानने से कर्म का बध होता है। अथवा पर को आत्मा माननेवाला अज्ञानी जीव कर्म का कर्ता होता है। वस्तुत तो अज्ञानी जीव भी कर्म का कर्ता नही है। परन्तु अपने अशुद्ध भाव का कर्ता है। उस अशुद्धभाव को निमित्त पाकर कर्म का आस्रव स्वय हो जाता है। वस्तुत कर्मास्रव का निमित्त रूप से भी जीव कर्ता नही है, किंतु उसके योग व उपयोग जो कि अनित्य है, वे अनित्य परिणमन ही वहाँ निमित्त है। क्योंकि यह वस्तु स्वभाव अटल है—कि कोई द्रव्य किसी अन्य द्रव्य के रूप या अन्य के गुण-पर्याय रूप नही हो सकता। इसलिए यह सुसिद्ध हुआ कि आत्मा पुद्गलकर्म का कर्ता नही है।

यहाँ दो दृष्टियो से यह निर्णय करना चाहिये—(१) निश्चयनय से जीव पुद्गलकर्म का कर्ता नही है। (२) व्यवहारनय से जीव पुद्गलकर्म का कर्ता है। (१) निश्चय नय से जीव पुद्गलकर्म का भोक्ता नही है। (२) व्यवहारनय से जीव पुद्गलकर्म का भोक्ता है। (१) निश्चयनय से जीव मे पुद्गलकर्म बद्ध नही है। (२) व्यवहार नय से जीव मे पुद्गलकर्म बद्ध है। (१) निश्चयनय मे जीव में राग-द्वेषादि नहीं हैं। (२) व्यवहारनय से जीव में राग द्वेषादि हैं। (१) निश्चयनय मे जीव पुद्गल के परिणमन का निमित्त नहीं है (२) व्यवहारनय मे जीव पुद्गल परिणमन का निमित्त है। इत्यादि अनेक चर्चायें दोनो नयो मे स्पष्ट कर लेनी चाहिये। पश्चात् समयसार के अनुभव के उद्यम मे दोनो ही नयपक्षो को ग्रहण नही करना चाहिये। जैसे कि पूर्ण निर्मल, देवाधिदेव, सर्वज्ञ परमात्मा विज्ञानघन-भूत होने के कारण नयपक्ष के परिग्रह से दूर होने से किसी भी नयपक्ष को ग्रहण नहीं करते है। इसी प्रकार जिनसंज्ञक जो निर्मल सम्यग्दृष्टि तत्त्वज्ञानी, अन्तरात्मा श्रुतज्ञानात्मक विकल्प वाले होकर भी परिग्रह के प्रति उत्सुकता से

निवृत होने के कारण विकल्प-भूमिका से दूर होकर स्वरूप को ही जानते हैं और किसी भी नयपक्ष को ग्रहण नहीं करते है, वे ही समयसार का अनुभव करते हैं।

पुण्य-पापाधिकार

मोह व रागद्वेष की प्रवृत्ति के निमित्त से जिन कर्मों का आस्रव हुआ, उनमें से कारणभूत शुभ-अशुभ योग उपयोग के अनुकूल कोई कर्म शुभ प्रकृति के (पुण्यरूप) व कोई अशुभ प्रकृति के (पापरूप) हो जाते हैं। होओ, फिर भी चाहे पुण्य कर्म (सुशील कर्म) हो, चाहे पाप-कर्म (कुशील कर्म) हो; सभी वस्तुत. कुशील ही हैं. क्योंकि सभी कर्म संसारमार्ग के निमित्त है। जैसे कि चाहे सुवर्ण की बेडी हो, चाहे लोहे की बेड़ी हो, कैदी के लिये दोनों भारभूत हैं। इसलिये दोनो प्रकार के कर्मों को बंधमार्ग जानकर इनमे या इनके कारणभूत भावों मे व आश्रयभूत विषयों में मन वचन काय से राग व ससर्ग छोड़ देना चाहिए। रागी जीव कर्मों को बांधता है व विरागी-आत्मा कर्मों से छूट जाता है; इसलिए चाहे शुभ कर्म हो, चाहे अशुभ कर्म हो, किसी भी कर्म मे राग मत करो। जैसे वन के हाथी को फसाने के लिये शिकारी लोग एक गड्ढे पर बांस व कागज की बड़ी सुन्दर एक हथिनी बनाते हैं और सामने एक झूठा हाथी। वन हस्ती हथिनी के राग में व दूसरे हाथी को विषय-बाधक जान कर उससे द्वेष के कारण शीघ्र वहां आता है और गड्ढे मे गिर जाता है। तो उस हाथी को गड्ढे का अज्ञानरूप मोह था व सुन्दर हथिनी का राग था व दूसरे हाथी से द्वेष था। इस तरह मोह-राग-द्वेष वश हाथी ने विपत्ति हो पाई। पुण्यकर्म भी झूठी सुन्दर हथिनी के समान विपत्ति में निमित्त बन जाता है। इसलिये किसी भी कर्म में राग मत करो।

मोह-राग-द्वेष ये सभी अज्ञान के विविध रूप हैं। ये भाव जानने का कार्य नही करते; इसलिये भी अज्ञान रूप है। अज्ञानभाव बंध का हेतु है, व ज्ञानभाव मोक्ष का हेतु है। परमार्थभूत ज्ञान होने पर बाह्य व्रत नियम तप की विशेषता न हो तो भी ज्ञान मोक्ष का कारण है। जो परमार्थभूत समयसार से अपरिचित है वे ही केवल अशुभ कर्मों को ही बंध का कारण जानकर व शुभ कर्म को मोक्ष का कारण जानकर पुण्य कर्म की चाह करते हैं।

सब ही कर्म मोक्ष के हेतुभूत सम्यक्त्व, ज्ञान व चारित्र का तिरोभाव करने वाले हैं। इसलिये ज्ञानभाव मोक्ष का अर्थात् पूर्ण विकास का हेतु है। अतः सर्व कर्मों का राग छोडकर एक निजज्ञायक स्वभाव की उपासना करना शान्ति का (मोक्ष का) मार्ग है।

आस्रवाधिकार

विकृत रूप से आने को आस्रव कहते हैं। आस्रवभाव जीव के राग द्वेष मोह भाव हैं। इनको निमित्त पाकर पौद्गलिक कार्माणवर्गणाओं में भी विकार की प्रकृति बनती है। इसलिए आस्रव का परिणाम होने से इन पौद्गलिक वर्गणाओं में कर्मत्व आने को भी आस्रव कहते हैं।

राग द्वेष मोह भाव अज्ञानमय परिणाम हैं। अज्ञानमय परिणाम अज्ञानी जीव के होते हैं। ज्ञानी के ज्ञानमय परिणाम होते हैं। ज्ञानमय परिणामो के द्वारा अज्ञानमय परिणामो का निरोध हो जाता है। अत. ज्ञानी जीव के ज्ञानमय परिणामो के द्वारा आस्रव का निरोध हो जाता है। अतश्च पुद्गलकर्म का बंध नहीं होता; क्योकि अज्ञानमय परिणाम ही कर्तृत्वबुद्धि में प्रेरक होता है, ज्ञानमय परिणाम तो स्वभाव का ही उद्भासक है, उससे बंध कैसे हो सकता है।

यहा कोई पुरुष ऐसे आशका हो सकते हैं, कि सम्यग्दृष्टि ज्ञानीजीव के भी तो दशवें गुणस्थान तक बंध चलता है, फिर ज्ञानी को अबन्धक कैसे कहा है? सो उन्हे तीन प्रकार से बात जानकर अपना चित्त समाधान रूप कर लेना चाहिए। (१) जिस गुणस्थान में जितनी प्रकृतियों का बन्ध नही होता है, उतनी प्रकृतियों की अपेक्षा उन्हें

अबन्धक समझना, (२) जो भी किंचित् बंध होता है वह संसारवृद्धि की सामर्थ्य नही रखता, इसलिए अबन्धसम ही समझना। (३) ज्ञानी विशेषण कहने से उसको केवल ज्ञानपरिणमनरूप से ही देखना, अन्य परिणामनरूप से नहीं देखना। तब तो यह पूर्ण सिद्ध है कि ज्ञानी के किंचिन्मात्र भी बंध नही होता।

ज्ञानी जीव के पूर्व संचित कर्म उदय में आए झड जाते है, नवीन बंध के कारण नही बनते, क्योंकि ज्ञानी के विभाव मे राग नही रहा। ज्ञानी जीव के जो भी बंध चलता है वह ज्ञान की जघन्यता से अनुमीयमान शेष रहे अबुद्धिपूर्वक राग के कारण होता है। अत कर्तव्य तो यही है कि तब तक ज्ञान की अनवरत उपासना करना चाहिए, जब तक ज्ञान का पूर्ण विकास न हो।

शुद्धनय के विषयभूत समयसार से च्युत रहकर या होकर जीव रागादि परिणाम से संकीर्ण हो जाता है और उसके निमित्त मे पुद्गल-कर्मवर्गणाएँ स्वय बंधरूप से परिणम जाती हैं। जैसे किसी पुरुष ने आहार ग्रहण किया, यह तो उसका बुद्धिपूर्वक कार्य हुआ। अब आगे वह आहार स्वय रस, रुधिर, मल आदि रूप परिणम जाता है और उसका जो विपाक होना होना है, होता है। यह सब निमित्त-नैमित्तिक भाववश होता ही है। यदि कोई आसक्ति से आहार ग्रहण करे तो उसे उसके फल मे आहार-विपाक के समय वेदना भोगनी पडती है। इसी तरह यदि कोई आसक्ति से, मोह से विभावरति करे तो तन्निमित्तक हुए कर्मबंध के परिपाकसमय में वेदना भोगनी पडती है। इसलिए कहा जा सकता है कि "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन"। अत कल्याणार्थी को अपने परिणाम सदा सावधान रखना चाहिये।

संवराधिकार

संवर नाम रुकने का है। रागादि भावो के आगमन रुकने के या न आने को संवर कहते हैं। इस रागादि के संवर के परिणाम मे कर्मो का आना भी रुक जाता है। अतः कर्मों का आना रुक जाने को भी संवर कहते है। संवर का उपाय भेदविज्ञान है। आत्मा तो ज्ञानमात्र है और ज्ञानभाव के अतिरिक्त शेष सर्व औपाधिकभाव अनात्मा है। वहा अब यह देखना चाहिये कि ज्ञान मे (उपयोग मे, अथवा आत्मा मे) क्रोधादिक औपाधिक भाव नही हैं और क्रोधादिक औपाधिक भावों मे उपयोग नही है। क्रोधादिक तो क्रुध्यतादिक स्वरूप में है और ज्ञान जानता रूप मे ही है। इस भेदविज्ञान से शुद्धात्मा की उपलब्धि होती है और शुद्धात्मा की उपलब्धि से संवर होता हैं।

शुद्धात्मा को जानता हुआ शुद्धात्मा को प्राप्त करता है और अशुद्ध आत्मा को जानता हुआ आत्मा अपने को अशुद्ध ही पाता रहता है। शुद्धात्मा की प्राप्ति व संवर का बुद्धिपूर्वक व अबुद्धिपूर्वक उपाय यह है कि—शुभ तथा अशुभ योग में प्रवर्तते हुए अपने आपको प्रबल भेदविज्ञान के उपयोग द्वारा इस प्रवर्तन से रोके और शुद्ध चैतन्यात्मक निज आत्म-तत्त्व मे प्रतिष्ठित करे। फिर यह आत्मा इच्छा-रहित व संग-रहित होकर अपने आपके द्वारा अपने आत्मा का ध्याता हो जाता है। उस समय एकत्व-विभक्त निज आत्मा का ध्यान करता हुआ अर्थात् चैतन्य चमत्कारमात्र आत्मा का ध्यान करता हुआ निज अकलंक आत्मा को प्राप्त करता है। यही संवर का प्रकार है व कर्मों से मुक्त होने का उपाय है।

तात्पर्य यह है कि भेदविज्ञान से शुद्ध आत्मा की उपलब्धि होती है, शुद्ध आत्मा की उपलब्धि होने से अध्यवसानो का अभाव होता है, अध्यवसानो के अभाव होने पर मोहका अभाव होता है, मोहभाव का अभाव होने पर राग-द्वेषभाव का अभाव हो जाता है, राग-द्वेष का अभाव होने पर कर्म का अभाव हो जाता है, कर्म का अभाव होने पर सदा के लिए शरीर का अभाव हो जाता है और शरीर का अभाव होने पर संसार का अभाव हो जाता है। संसार ही दुःख है, सो दुःखो का अत्यन्ताभाव हो जाता है। इसलिए भेदविज्ञान की तब तक निरन्तर भावना करनी चाहिये जब तक कि ज्ञान पर से बिलकुल न हट जावे और ज्ञान में ही प्रतिष्ठित न हो जावे।

: १२ :

निर्जराधिकार

विकार के झड़ने का नाम निर्जरा है। निर्जरा दो प्रकार की है —(१) भावनिर्जरा (२) द्रव्यनिर्जरा:—सुख-दुःख राग द्वेषादि विभाव जो उदित हुए, वे बंध के कारण न बने और झड़ जावे इसका नाम तो भावनिर्जरा है और इसी कारण अन्यबंध का कारण न बन कर उन कर्मों का व अन्य कर्मों का निष्फल झड़ जाना सो द्रव्य-निर्जरा है।

ज्ञान का ऐसा ही सामर्थ्य है कि कर्मविपाक को भोगता हुआ भी ज्ञानी कर्मों से नहीं बंधता है। जैसे कि तान्त्रिक, मान्त्रिक अथवा विषवैद्य पुरुष विष को खाता हुआ भी मरण को प्राप्त नहीं होता। वैराग्य में भी ऐसा ही सामर्थ्य है। वस्तुतः ज्ञान और वैराग्य अलग-अलग तत्त्व नहीं हैं, विधि रूप से देखने पर ज्ञान प्रतिष्ठित है और राग-निषेध की ओर से देखने पर वैराग्य प्रतिष्ठित है।

सम्यग्दृष्टि का मुख्य विचार एक यह भी रहता है कि जो लोभ क्रोधादि प्रकृति वाले कर्म होते हैं, उन कर्मों के उदय के निमित से उत्पन्न हुये रागादिक भाव पर भाव हैं। ये मेरे स्वभाव नहीं हैं। मैं तो टंकोत्कीर्णवत् निश्चल स्वतःसिद्ध एक ज्ञायक स्वभावरूप हूँ। इस विचार-बल से ज्ञानी परभावों से विरक्त रहकर उनको छोड़ देता है।

रागादिभाव आत्मा का स्वपद नहीं हैं, क्योंकि ये सभी भाव आत्म स्वभाव के विरुद्ध हैं, विषम हैं, अनेक रूप हैं, क्षणिक हैं और व्यभिचारी हैं। कभी कोई भाव रहे, कभी कोई भाव न रहे। दूसरा रहे; इस कारण स्थायी रूप से आत्मा में स्थान नहीं पाते अर्थात् अस्थायी हैं। किन्तु ज्ञानस्वभाव आत्मा का स्वपद है; क्योंकि यह ज्ञानस्वभाव आत्म-स्वभाव है, सम अर्थात् नियत है, एकरूप है, नित्य है व अव्यभिचारी अर्थात् अनवरत सदा आत्मा में रहता है। इस ही कारण ज्ञानस्वभाव स्थायी रूप से आत्मा में स्थान पाता है। इसलिये हे आत्मन्! इस एक ज्ञान स्वभाव का ही अनुभव करो। जिसमें रंचमात्र भी विपत्ति नहीं रहती।

इस ज्ञानस्वभाव के जितने परिणमन हैं, उन परिणमनों के ज्ञान-द्वार से परिपूर्ण ज्ञानस्वभाव को ही देखो। इस ज्ञान भाव के आश्रय से ही ज्ञान की प्राप्ति है, अन्य क्रियाओं से नहीं। इस ज्ञानभाव के आश्रय के बिना महान् तपों का भार भी सहे तो भी मुक्ति नहीं होती।

ज्ञानोपयोगी आत्मा निष्परिग्रह है, क्योंकि परिग्रह तो वास्तव में इच्छा ही है, सो ज्ञानी के इच्छा का आदर ही नहीं, राग ही नहीं, केवल इच्छा का ही नहीं, किन्तु समस्त विभावों का ज्ञानी के ममत्व नहीं, आदर नहीं, ज्ञानी किसी भी परभाव को नहीं चाहता। इसी कारण बाह्य विषयों की चाह नहीं। ज्ञानी आत्मा अतीत भोगों का तो ख्याल ही क्या करेगा, वह तो वर्तमान भोगों में भी वियोग बुद्धि से प्रवर्तमान हो रहा है। जो वियोग बुद्धि से रहे, वह परिग्रही नहीं है। भविष्यत् भोग की चाह भी अनेक कारणों से ज्ञानी के नहीं है (१) ज्ञानी के वस्तुस्वभाव की ओर दृष्टि रहा करती है सो निदान को अवसर ही नहीं मिलता। (२) वस्तुस्वातंत्र्य की प्रतीति के कारण किसी भी बाह्य पदार्थ से ज्ञानी को हित की आशा ही नहीं है। (३) ज्ञानी के यह दृढ निश्चय है कि इच्छाभाव व भोगभाव ये दोनों भाव एक समय में हो ही नहीं सकते; क्योंकि जब किसी वस्तु की चाह है तब तो उस वस्तु का भोग नहीं और कदाचित उस वस्तु का भोग हो तो तद्विषयक चाह नहीं कि यह मिल जावे। जब इच्छा व भोग दोनों एक समय में मिल नहीं सकते तो फिर चाह ही क्यों की जावे।

ज्ञानी आत्मा सर्व प्रकार के राग-रस का छोड़नेवाला होता है। इसी कारण कोई ज्ञानी कर्म के मध्य भी पड़ा हो, तो भी कर्म से लिप्त नहीं होता। जैसे कि सुवर्ण का जंग से लिप जाने का स्वभाव नहीं है, तो कीचड़ के बीच पड़ा हुआ सोना जंग नहीं खाता। लोहे का जंग से लिप जाने का स्वभाव है, सो कीचड़ के बीच पड़ा हुआ लोहा जंग खा जाता है। इसी तरह अज्ञानी जीव राग-रस से लिप्त हो जाने की प्रकृति वाला है, सो कर्ममध्य पड़ा हुआ कर्म से लिप्त रहता है।

ज्ञानी का मुख्य चिन्ह् कामना का अभाव है। कोई सोचे—मैं ज्ञानी हूँ, मुझे भोग में भी कर्म बंध नही होता, और यदि कामना बनी हुई है तो उसके बने रहने से कर्मबंध में फरक नही आता। यह मात्र कहने की चीज नहीं हैं। उस रूप परिणमने की करामात है।

सम्यग्दृष्टि का परिणमन कैसा होता है इस विषय को संक्षप में कहा जाय तो उसका अष्ट अंगों द्वारा वर्णन होता है। सम्यग्दृष्टि के अंग ८ हैं :—(१) निःशंकित (२) निःकांक्षित (३) निर्विचिकित्सित (४) अमूढ़दृष्टि (५) उपगूहन (६) स्थितिकरण (७) वात्सल्य और (८) प्रभावना।

निःशंकित:—ज्ञानी आत्मा सातों प्रकार के भय से रहित होने से व यथार्थ वस्तु स्वरूप की यथार्थ प्रतीति के कारण सदा निःशंक रहता है। ज्ञानी जीव को इह लोक भय नहीं रहता कि इस जीवन का कैसे गुजारा होगा; क्योंकि ज्ञानी की दृष्टि है कि मेरा लोक तो चैतन्य है इसका गुजारा याने परिणमन तो निर्बाध होता ही रहेगा। ज्ञानी जीव के परलोक भय नही रहता कि परलोक में मेरा कैसे गुजारा होगा; क्योंकि ज्ञानी की दृष्टि है कि चैतन्य ही मेरा परलोक है उसका गुजारा भी निर्बाध होगा। ज्ञानी जीव के वेदना भय नही होता कि इस रोग से मेरी वेदना (अनुभूति) कैसी होगी; क्योंकि ज्ञानी की दृष्टि है कि यह अविचल ज्ञान स्वयं वेदा जा रहा है, यही मेरी वेदना है, यह अन्य वस्तु से नहीं होती। ज्ञानी जीव के अरक्षाभय नही होता कि मेरी कोई रक्षा नही है, कभी मेरा नाश न हो जाय; क्योंकि ज्ञानी आत्मा की दृष्टि है कि जो सार है उसका नाश नही होता, सत् स्वयं सुरक्षित है, मैं भी सत् हूँ, अतः सुरक्षित हूँ। ज्ञानी जीव के अगुप्तिभय नही होता कि मेरा कोई गुप्त स्थान (किला आदि सुदृढ स्थान) नही है. कोई मुझे बाधा देने न आ जावे। क्योंकि ज्ञानी जीव की दृष्टि है कि मेरा स्वरूप ही मेरी गुप्ति है उसमें पर का प्रवेश ही नहीं हो सकता। ज्ञानी जीव के मरण-भय नही कि मेरे प्राण नष्ट न हो जायें, क्योंकि ज्ञानी आत्मा की यह दृष्टि है कि मेरा प्राण तो ज्ञान है, वह कभी नष्ट नही हो सकता। ज्ञानी जीव के आकस्मिक भय नही होता, कि मुझ पर अकस्मात् कोई आपत्ति न आ जाये: क्योंकि ज्ञानी जीव की यह दृष्टि है कि मैं अनादि, अनन्त, अचल, स्वत सिद्ध, ज्ञानमात्र हूँ, मुझ में दूसरे का आक्रमण नही हो सकता। ज्ञानी जीव के वस्तुस्वरूप की अविचल प्रतीति है, उसके भय कहा से हो ? वह तो निःशंक स्वयं सहज ज्ञान का अनुभव करता है। इसलिये उसके शंकाजनित बध नही होता, किन्तु निःशंक होने से निर्जरा ही होती है।

निःकांक्षित—सम्यग्दृष्टि जीव के सब प्रकार के कर्मों में कर्म के फलो में और भोगों में वाञ्छा नहीं रहती है, इसलिये उसके कांक्षाकृत बध नही होता किन्तु निष्कांक्ष होने से निर्जरा होती है।

निर्विचिकित्सित:—सम्यग्दृष्टि जीव के धर्मात्माओं के अशुचि शरीर की सेवा में, धर्मात्माओं मे व समस्त वस्तु-धर्मों मे ग्लानि नही रहती और न कर्मविपाक स्वरूप क्षुधा आदि विपत्तियों में खेदरूप परिणाम रहता है; इसलिए उसके विचिकित्साकृत बंध नही होता; किन्तु निर्विचिकित्स होने से निर्जरा ही होती है।

अमूढदृष्टि:—सम्यग्दृष्टि जीव के धर्म-विरुद्ध किसी भी कुभाव में व कुभाव वालों से संमोह नहीं होता। इसलिये उसके मूढदृष्टिकृत बध नही है, किन्तु अमूढदृष्टि होने से निर्जरा ही होती है।

स्थितिकरण:—उन्मार्ग में जाते हुये स्वयं को उन्मार्ग में जाने से रोक लेने व स्वयं को स्वरूप में स्थित कर देने से एव पर को भी धर्म में स्थित कर देने के निमित्त होने से ज्ञानी स्थितिकरण-युक्त होता है, इसलिए उसके मार्ग पतन-कृत बध नहीं होता, किन्तु धर्मस्थिरता के कारण निर्जरा ही होती है।

वात्सल्य:—रत्नत्रय को अपने मे अभेदबुद्धि से देखने की वत्सलता होने से व व्यवहार में धर्मात्मा जनों मे निश्छल वात्सल्य होने से सम्यग्दृष्टि मार्गवत्सल होते हैं। इसलिए उनके अवात्सल्यकृत बंध नहीं होता, किन्तु मार्ग वत्सलता के कारण निर्जरा ही होती है।

प्रभावना—ज्ञानशक्ति के विकास से सम्यग्दृष्टि प्रभावनाकारी होता है। अतः उसके अप्रभावनाकृत बंध नहीं है; किन्तु ज्ञानप्रभावक होने से निर्जरा ही होती है। ज्ञानी पुरुष अपनी अलौकिक आध्यात्मिक चर्या के कारण पूर्वबद्ध कर्मों की निर्जरा करता है। वह निर्जरा मोक्ष तत्त्व का साधन है।

बंधाधिकार

निर्जरा का फल मोक्ष है। मोक्ष बंधपूर्वक है। अत. मोक्षतत्त्व के वर्णन से पहले बधतत्त्व का वर्णन किया जा रहा है। बध किस कारण होता है यह व्यक्त करने के लिए एक उदाहरण है। जैसे कोई मल्ल देह मे तेल लगाकर धूलभरी भूमि पर स्थित होकर तलवार से कदलीवंश आदि पेडो को काटता है। इस अवसर में उस का देह धूल से लिप्त हो जाता है। यहाँ विचार करो कि वह धूल क्यों चिपट गई ? क्या धूलभरी भूमि मे स्थित होने से धूल चिपट गई ? नही। यदि धूल भरी भूमि में स्थित होने के कारण धूल चिपटी होती तो अन्य कोई मल्ल जिसके देह में तेल न लगा हो वह उसी भूमि में वैसा ही व्यायाम करे उसके तो नही चिपटती। क्या शस्त्र चलाया इस कारण धूल चिपटी ? नही, दूसरा भी तो वही शस्त्र चलाता है उसके तो नही चिपटती। कया वृक्षो का घात करता है इस कारण चिपटी ? नही, दूसरा मल्ल भी तो घात करता है उसके क्यों नही चिपटती। निष्कर्ष यह है कि इन बाह्य साधनों से धूल नही चिपटी, किन्तु जो देह मे स्नेह (तेल) लगा है, उसके कारण चिपटी। इसी प्रकार अज्ञानी जीव रागादि करता हुआ कार्माण-वर्गणाओ से व्याप्त लोक में मन वचन काय की चेष्टा करता हुआ अनेक प्रकार के साधनो से सजीव अजीव पदार्थों का घात करता हुआ कर्म से बंध जाता है। यहा विचार करो कि कर्म बधने का कारण क्या है ? क्या वह जीव कार्माणवर्गणाव्याप्त लोक मे स्थित है इस कारण कर्म-बध हुआ ? नही क्योकि अरहंत सिद्ध भी तो ऐसे ही लोक में है, तो उनके कर्म बंध नही होता। क्या मन वचन काय की चेष्टा कर्म बध का कारण है ? नही, क्योंकि ग्यारहवे, बारहवे, तेरहवें गुणस्थान वालों के भी तो योगचेष्टा है, उनके तो कर्म नही बंधता। क्या अनेक उपकरण उसके पास हैं इसलिए कर्म बध होता है ? नही, अरहतदेव के समीप समवसरणादि महान वैभव है, उनके तो बंध नही होता। क्या घात होने से कर्म बध होता है ? नही, समिति-पूर्वक क्रिया करने वाले मुनि-देह से सूक्ष्म जन्तु-घात सभव है, उनके तो बध नही होता। निष्कर्ष यह है, कि इन बाह्य साधनो से कर्म-बध नही होता, किन्तु उपयोग मे जो रागादि (स्नेह) को ले जाता है वह कर्म बंध का कारण है।

जो ज्ञानी रागादि को उपयोग भूमि मे न ले जावे ज्ञान स्वरूप रहे, वह कर्म से नही बधता। यहा विशेष यह जानना चाहिये कि राग से जो बध होता है वह ससार को दृढ नही करता, किन्तु राग मे राग होने से जो बध होता है वह ससार को दृढ करता है।

अज्ञानी जीव की मान्यता परतत्रता की रहती है। अज्ञानी के ऐसे भाव होते है कि मै दूसरो को मारता हूँ, दूसरो से मारा जाता हूँ, मै दूसरों को जिलाता हूँ, दूसरो के द्वारा मै जिलाया जाता हूँ, मैं दूसरो को सुख दु ख देता हूँ, दूसरे मुझे सुख दु ख देते हैं इत्यादि, किन्तु यह सब भाव मिथ्या है। जीवो का मरण उनके ही आयु कर्म के क्षय से होता है। जीवों का जीवन उनके ही आयु-कर्म के उदय से होता है। सुख-दुख भी उनके कर्म के उदय से होता है। किसी के विकल्प से किसी अन्य जीव की परिणति नही होती, विकल्प करके प्राणी कर्म बंध ही करता है। उन विकल्पों मे यदि वे विकल्प पापसबधी हो तो पाप बंध होता है। यदि दया व्रत तप आदि के शुभ विकल्प हो तो पुण्य बध होता है। बाह्य पदार्थ बध का कारण नही है। बध का कारण तो विकल्प है। विकल्प का आश्रय भूत बाह्य पदार्थ है।

ज्ञान-स्वभाव का अनुभव बंध का टालनेवाला है। परमार्थभूत ज्ञान भाव के आश्रय बिना दुर्धर व्रत तप भी निर्वाण के साधन नही होते, किन्तु कर्मबध के ही हेतु होते हैं। पर्यायबुद्धि जब तक रहती है तब तक जीव ससार का ही पात्र होता है। मोक्षमार्ग की सिद्धि उस अज्ञानी के कैसे हो सकती है।

तात्पर्य यह है कि निज आत्मा को ज्ञायक स्वभावरूप स्वीकार किये बिना कितने भी विकल्प किये जाये उनसे मुक्ति नही होती, किन्तु बंध ही होता है। मै साधु हूँ, मुझे दया करनी चाहिये, सत्य बोलना चाहिये, परीषह सहना चाहिये, व परीषह भी एसी सहे कि कोल्हू में पिल जाय फिर भी उफ या क्रोध न करे। इन सब करामातों के

बावजूद भी चूंकि अपने को साधु पर्याय रूप में ही प्रतीत किया है, ज्ञायक स्वरूप के अनुभव से अनभिज्ञ है। अत पुण्य बंध तो होता है। और मिथ्या आशय के कारण पाप बंध भी होता है; किन्तु धर्मभाव, संवर व निर्जरा भाव नही होता है। अत दु खो से मुक्ति पाने के लिए निज शुद्ध सनातन चित्स्वरूप का प्रज्ञा द्वारा परिचय प्राप्त करना चाहिये।

मोक्षाधिकार

आत्मा और बध को दो रूप अर्थात् अलग अलग कर देने का नाम मोक्ष है। आत्मा स्वभावरूप है। बध विभाव रूप है। स्वभाव का विभाव परिणमन न रहकर स्वभाव परिणमन रहे, यही अवस्था मोक्ष तत्त्व मे है।

कितने ही पुरुष बध के चिन्तन परिणाम को मोक्ष का कारण मानते हैं। वह ठीक नहीं; क्योंकि जैसे कि बेडी मे बधा हुआ पुरुष बेडी बध के स्वरूप जानने मात्र से या बेडी बध की चिन्तामात्र से छुटकारा नही पाता, किन्तु बेडी बध कटने से अर्थात् अलग होने से ही छुटकारा पाता है। इसी प्रकार कर्मबध से बद्ध आत्मा बध का स्वरूप जानने मात्र से या अपायविचयधर्मध्यान मे ही बुद्धि लगाने मात्र से कर्ममुक्त नही होता। किन्तु बध छेद से अर्थात् विभाव परिणमन के अलग करने से ही कर्म मुक्त होता है। बधच्छेद का उपाय क्या है ? प्रज्ञा। नियत स्वलक्षण का जो अवलम्बन करे ऐसे विज्ञान को प्रज्ञा कहते हैं। पहिले प्रज्ञा से यह निर्णय किया जाता है कि आत्मा का स्व-लक्षण चैतन्य है जो कि आत्मा में अनादि अनन्त तादात्म्यरूप से है तथा आत्मातिरिक्त किसी भी पदार्थ मे कभी नही रहता, और बन्ध का स्वलक्षण रागादिक है जो कि चैतन्य चमत्कार से अन्य तथा आत्मा में उपाधि सयोगवश क्षण-क्षण को प्रतिभासते हैं व नष्ट होने वाले हैं। पश्चात् बंध का स्वभाव विकारक जान कर बंध से विरक्त हुआ जाता है और शुद्ध आत्मतत्त्व को आत्मस्वभाव जानकर उसको ग्रहण किया जाता है। यह ग्रहण अभिन्न चेतन-क्रिया द्वारा अभिन्न षट्कारक रूप मे होता है। जैसे कि मै चेतता हूँ, चेतयमान होता हुआ चेतता हूँ, चेतयमान को चेतता हूँ, चेतयमान के द्वारा चेतता हूं, चेतयमान के लिए चेतता हूँ, चेतयमान से चेतता हूँ, चेतयमान मे चेतता हूँ। पश्चात् अभेद चैतन्य की प्रखर उपासना मे अभिन्न षट्कारक के सूक्ष्म विकल्प का भी निषेध करके (कि मै न चेतता हूँ, न चेतयमान होता हुआ चेतता हूँ, न चेतयमान को चेतता हूँ आदि रूप से निषेध करके) सर्वविशुद्ध चिन्मात्र हूँ, ऐसा अनुभव होता है। इसी शुद्ध अनुभव के बल से बधच्छेद होता है, क्योंकि परभाव का ग्रहण करना ही अपराध अर्थात् राध (आत्मसिद्धि) से दूर रहने का भाव था, इस अपराध के दूर होते पर बध की शका ही सभव नही है।

सर्वविशुद्धचिन्मात्र के अनुभव का परिणमन व्यवहार प्रतिक्रमण आदि भाव से भी उत्कृष्ट है और वस्तुत द्रव्यप्रतिक्रमणादि, व अज्ञानी जनो के अप्रतिक्रमणादि से विलक्षण यह सहज अप्रतिक्रमणादि तो अमृत है और वे दोनो विष हैं। सहज अप्रतिक्रमणादि रूप तृतीय भूमि का सबध ही द्रव्य प्रतिक्रमणादि को अमृतपना व्यवहार से सिद्ध कराता है। इस प्रकार सर्व विशुद्धचिन्मात्र के अनुभव का परिणमन सर्वोत्कृष्ट परिणमन है और यही मोक्ष का हेतु है।

सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार

नव तत्त्वो का वर्णन करके, अब अन्त मे सबके आधार भूत उसी पारिणामिकभाव का पुन विस्तार से इस अधिकार मे वर्णन किया गया है जिसकी कि सूचना पीठिका मे की गई थी।

सम्यग्दर्शन का विषय शुद्धद्रव्य है। ज्ञान की समीचीनता भी शुद्ध द्रव्य के परिचय से है। सम्यक्चारित्र का स्वरूप लाभ भी शुद्ध द्रव्य के स्पर्श से है। अत शुद्ध अर्थात् आध्यात्मिक विकास का आश्रय ही शुद्ध आत्म-तत्त्व है। यह शुद्ध आत्म-तत्त्व सर्व-विशुद्ध ज्ञान स्वरूप है अर्थात् यह शुद्ध आत्मद्रव्य न तो किसी का कार्य है और न किसी का कारण है। क्योंकि प्रत्येक द्रव्यो का केवल स्व स्व की पर्यायो से तादात्म्य है। यहाँ शुद्ध से तात्पर्य पर से भिन्न व स्व के स्वभावमय से है। पर्याय व शक्ति भेद की गौणता करके अभेद स्वभाव की दृष्टि में वह सवेद्य है।

आत्मतत्व का व परद्रव्य का कोई सबंध नही, क्योकि प्रत्येक द्रव्य निज-निज सत्तात्मक ही रहता है। इसी कारण आत्मा व परद्रव्य में कर्तृ-कर्म संबध भी नहीं है। फिर आत्मा परद्रव्य का कर्ता कैसे हो सकता है ? और इसी

कारण आत्मा परद्रव्य का भोक्ता भी कैसे हो सकता है ? जिनके आशय में पर-द्रव्य का कर्तृत्व-भोक्तृत्व समाया हुआ है वह सब उनके अज्ञान भाव की महिमा है। जैसे दृष्टि (नेत्र) दृश्यमान पदार्थ से अत्यन्त भिन्न है । वह दृश्य वस्तु को न तो करती है और न भोगती है । केवल देखती मात्र है, क्योंकि यदि करे तो अग्नि को देखने से जल जाना चाहिये, यदि भोगे तो अग्नि को देखने से नेत्र तप्त व भस्म हो जाना चाहिये । इसी प्रकार ज्ञान भी एक दृष्टि ही तो है वह किसी परपदार्थ को न तो करता है और न भोगता है । वह तो तत्त्वज्ञान के कारण पर पदार्थ को अहं व मम रूप से अनुभव नहीं कर सकने के कारण केवल जानता है, चाहे बध हो, मोक्ष हो, उदय हो या कुछ हो । यहाँ यह निर्णय कर लेना आवश्यक है कि शुद्ध आत्मतत्त्व अथवा समयसार अभेद शुद्ध चैतन्य स्वभाव है। वह अनादि से अनन्त काल तक एकस्वरूप है । यही वह सहज सिद्ध भाव है जिसका अवलबन मोक्ष मार्ग है । यह तो बध मोक्ष पर्याय से परे है । इस परम पारिणामिक भाव स्वरूप समयसार का ध्यान, भावना, दृष्टि, आश्रय और अवलंबन मोक्षमार्ग है । जीव में यह अनादि सिद्ध भाव है, किन्तु इसकी दृष्टि बिना प्रकृति स्वभाव (रागादिभाव) में स्थित होकर विपरीताशय होकर यह अज्ञानी जीव कर्म का कर्ता व कर्मफल का भोक्ता होता है । जब प्रकृति-स्वभाव में व आत्मा मे भेदज्ञान करता है तब अकर्ता अभोक्ता हो जाता है ।

स्याद्वादाधिकार

अब समस्या एक सुलझने को आ जाती है कि राग-द्वेषादिभावों का कर्ता कौन है ? पुद्गलकर्म तो कर्ता नहीं है क्योंकि पुद्गलकर्म परद्रव्य है । परद्रव्य अन्य—पर के गुण पर्याय का न कर्ता है और न अधिकारी है । आत्मा भी राग-द्वेषादि का कर्ता नहीं; क्योंकि यदि आत्मा राग-द्वेषादि करे, तो आत्मा तो नित्य है फिर तो आत्मा रागादि का नित्य कर्ता हो जायगा । अतएव मोक्ष का अभाव हो जायगा । रागादि के विषयभूत पदार्थ भी रागादि के कर्ता नहीं । इस प्रकार रागादि का कर्ता न तो आत्मा ही है और कर्म ही है और न विषय है । फिर भी रागादि परिणमन तो होता है । इस समस्या को सुलझाने के अनेकों ने अनेक प्रयत्न किये हैं, किन्तु एक सन्धि नियत किये बिना यह समस्या नहीं सुलझती । वह सन्धि है निमित्त-नैमित्तिक भाव । अनित्य कर्मोदय को निमित्त पाकर अनित्य रागादि होते है । अनित्य रागादिक का निमित्त पाकर अनित्य कर्म बंध होता है । फिर बद्ध अनित्य कर्मोदय का निमित्त पाकर अनित्य रागादि होते हैं । यह परम्परा चलती रहती है, जब तक कि प्रखर भेद-विज्ञान न हो जाय । यहाँ बंध में निमित्त आत्म-विभाव है व उपादान—कार्माण-वर्गणा है तथा रागादि मे निमित्त कर्मोदय है व उपादान—अध्यवसित आत्मा है। निमित्त-नैमित्तिक भाव की इस सन्धि का होना भी अज्ञान की महिमा है और आत्मा का कर्ता भोक्ता बनना भी अज्ञान की महिमा है ।

इस प्रकरण से ऐसा नहीं समझना चाहिए है कि आत्मा भिन्न वस्तु है और वृत्तियाँ सर्वथा भिन्न वस्तुतत्त्व हैं । क्योंकि ऐसा समझने से दो प्रकार की पृथक्-पृथक् विचारधाराएँ बहने लगती हैं। (१) आत्मा सर्वथा अविकार है । विकार तो किसी अन्य से है उसे कोई जीव कहते है, कोई मन कहते हैं अथवा विकार प्रकृति का कार्य कहते हैं। (२) आत्मा कोई एक है ही नहीं, ये वृत्तियाँ ही आत्मा है सो करने वाला और है और भोगने वाला और है । इन पर विचार करना आवश्यक है । जीव का मन चेतन है या अचेतन ? यदि चेतन है तो यही तो आत्मस्वरूप है, फिर तो आत्मा के नामान्तर ही हुए । यदि अचेतन है तो जानने, देखने और विचारने वाले पदार्थ को घबड़ाने अथवा कल्याण की क्या जरूरत ? प्रकृति नाम कर्म का है । रागादि विकार यदि प्रकृति का कार्य है, तो "कारण-सदृशं कार्यं" । इस न्याय से ये सब विकार अचेतन ही होना चाहिये। विकार में बुद्धि विचार सभी आ गये। यदि आत्मा प्रकृति में विकार करता है तो प्रकृति चेतन हो जायेगी । यदि आत्मा व प्रकृति दोनो मिलकर विकार करते हैं, तो उसका फल दोनों को भोगना चाहिए । यदि कहा जाय कि प्रकृति ही सर्व विकार करती है, तो आत्मा की परिणति बताओ क्या होगी ? परिणति बिना तो आत्मा का अभाव हो जायगा और फिर प्रकृति ही कर्ता, प्रकृति ही भोक्ता, प्रकृति ही बद्ध व प्रकृति ही मुक्ति हुई, तब समझदार व्यक्तियों को घबड़ाने व कल्याण की क्या आवश्यकता ? इन सब का समाधान है पूर्वोक्त नैमित्तिक भाव की सन्धि ।

एक दृष्टि से देखा जाय तो चैतन्यभाव से अतिरिक्त जितने भाव हैं, वे पर भाव कहे गये हैं। क्रोध, मान, माया,लोभ, सुख-दुःख, विचार, कल्पना, संकल्प-विकल्प आदि सब औपाधिक भाव हैं। इनमें विचार बुद्धि जैसे भाव तो प्रकृति के क्षयोपशम से हैं। क्रोधादि-भाव प्रकृति के उदय से हैं। तब ये सभी भाव अचेतन हैं। चेतन तो एक शुद्ध चैतन्य है। अथवा जो भाव शुद्धचैतन्य को चेतते हैं वह है। नयदृष्टियों से सभी चर्चाओं का विशुद्ध समाधान करना चाहिये। विवक्षावश प्रकृति कर्त्री है, आत्मा भोक्ता है, यह भी सिद्ध हो जाता है, किन्तु निमित्त-नैमित्तिकभाव का इसमें उल्लंघन नहीं होता। दूसरी चर्चा यह है कि यदि वृत्तिया ही आत्मा हैं और वे अनेक हैं तो असत् का उपयोग हो जायगा, सो सर्वथा असत् का उत्पाद होता ही नहीं। अतः आत्मा सब पर्यायों में वही है और उसकी पर्यायें भिन्न-भिन्न समयों में भिन्न-भिन्न हैं। तब पर्याय-दृष्टि से जानो, करने वाला और पर्याय है भोगने वाला और पर्याय है। जैसे मनुष्य ने पुण्य किया, देव ने भोगा; परन्तु द्रव्यदृष्टि से देखो तो जिस आत्मा ने किया उसी आत्मा ने भोगा। यह ध्यान रखने की एक बात और है कि आत्मा व जीव एकार्थ-वाचक नाम हैं। वे भिन्न-भिन्न द्रव्य नहीं—केवल रूढिवश व शब्द-विशेषता से कहीं-कहीं यह प्रसिद्धि हो गई कि आत्मा अविकारी है, जीव विकारी है, हां यदि आदि से अन्त तक सिलसिले में बोला जाय तो यह कहना चाहिये कि चेतनद्रव्य जब मिथ्यात्व-विकार से मुक्त होकर स्वरूप दृष्टि कर लेता है, तो वह आत्मा कहलाता है। यदि मिथ्यात्व विकार में स्थिर रहता है तो वह जीव कहलाता है। निमित्त-नैमित्तिक भाव वाले पदार्थों में इतनी बात सुदृढता से जानते रहना चाहिए, कि जैसे जीव में व कर्म में निमित्त नैमित्तिकता तो है किन्तु कोई किसी दूसरे में तन्मय नहीं हो जाता। इसी कारण जीव प्रकृतिबंध का कर्ता है, प्रकृति जीव विकार का कर्ता है। जीव प्रकृति फल को भोगता है। ये सब बातें व्यवहारनय से मानी जाती हैं। इसके लिये दो मुख्य दृष्टान्त हैं—(१) जैसे व्यवहारनय से कहा जाता है:—कि सुनार सुवर्ण का आभूषण बनाता है व आभूषण का फल (मूल्य वैभव) भोगता है, वस्तुतः सुनार अपनी चेष्टा ही करता है व विकल्प ही भोगता है। उसकी चेष्टा का निमित्त पाकर सुवर्ण की परिणति सुवर्ण ही करता है। (२) व्यवहार नय से कहा जाता है कि खड़िया ने भीत (दीवार) सफेद कर दी, खड़िया ने तो खड़िया को ही सफेद किया। हां, यह बात जरूर है कि दीवाल का निमित्त पाकर खड़िया ऐसे विस्तार रूप में अपना परिणमन बना रही है। इस तरह से तो यहां तक निर्णय कर लो; कि आत्मा निश्चय से अपने को ही जानता है, देखता है। पर का जानना देखना कहना भी व्यवहारनय से है। व्यवहारनय से तो कर्ता व कर्म भिन्न-भिन्न मान लिए जाते हैं। किन्तु निश्चय से कर्त्ता, कर्म एक ही वस्तु होता है और परम शुद्ध निश्चयनय में कर्म-कर्ता का भेद ही नहीं।

एक द्रव्य का दूसरे द्रव्य में परिणमन नहीं होता। अन्यथा द्रव्य सीमा ही नष्ट हो जायगी। अब आत्मा जो दूसरे द्रव्य की ओर आकर्षित होता है, व रागी-द्वेषी होता है वह अज्ञान की प्रेरणा है। यह राग-द्वेष तब तक रहता है, जब तक ज्ञान ज्ञानरूप से न रहे, किन्तु ज्ञेयार्थ परिणमन करता रहे। कोई भी ज्ञेय आत्मा को प्रेरित नहीं करते कि तुम हमको जानो, देखो, स्वादो, छूओ, सुनो, सूंघो और आत्मा भी स्वप्रदेश से च्युत होकर उनमें प्रवेश कर जानना आदि का कार्य नहीं करता, किन्तु ज्ञान अपने परिणमन से जानता है। बाह्य पदार्थ का आत्मा में सम्बन्ध नहीं फिर भी आत्मा में विकार आवे तो वह अज्ञान की महिमा है।

इन सब आपत्तियों से बचने का उपाय प्रज्ञा है। प्रज्ञाबल से अनुभव करे कि मैं कर्मविपाक, रागादि समस्त अज्ञान भावों से परे हूँ, शुद्ध ज्ञानमात्र हूँ। इस अनुभव के बल से चूंकि शुद्धज्ञान की संचेतना हो रही है अतः पूर्वबद्ध कर्म निष्फल हो जाता है, आगामी कर्मबंध रुक जाता है और वर्तमान कर्मविपाक भी बिना वेदे निकल जाता है। ज्ञानी जीव के अज्ञानचेतना नहीं है, वह ज्ञानक्रिया से अतिरिक्त अन्य को मैं करता हूँ ऐसी संचेतना रूप कर्म-चेतना नहीं करता। और ज्ञान क्रिया से अतिरिक्त अन्य भावों को मैं भोगता हूँ ऐसी संचेतनारूप कर्मफल-चेतना भी नहीं करता।

ज्ञानचेतना ही मोक्ष का कारण है। ज्ञान के शरीर नहीं है इसलिये शरीर की प्रवृत्ति-निवृत्ति रूप कुछ भी भूषा मोक्ष का कारण नहीं है। हां यह बात अवश्य है कि ज्ञानचेतना के उपयोग वाले जीव को इतनी प्रबल ज्ञानाराधना

की रुचि होती है, कि रागभाव गये, अब बाह्य में परिग्रह को कौन संभाले। सो देह का निर्ग्रंथ निष्परिग्रह वेष हो जाता है। फिर भी ज्ञानचेतना ही मोक्ष का कारण है; क्योंकि वह आत्माश्रित है। देहलिंग मोक्ष का कारण नही, क्योंकि वह पराश्रित है। इसलिए निष्परिग्रह निर्ग्रन्थस्वरूप द्रव्यलिंग से गुजर कर भी देहलिंग की ममता से दूर रहकर एक समयसार का ही अनुभव करना चाहिए। जो समयसार मे स्थित होता है वही सहज उत्तम आनन्द को प्राप्त करता है।

स्याद्वाद (परिशिष्ट) अधिकार

यह अधिकार पूज्य श्री अमृतचन्द्र जी सूरि व पूज्य श्री जयसेनाचार्य ने स्वतंत्र रचना द्वारा प्रकट किया है। चूकि वस्तु की सिद्धि स्याद्वाद से होती है, अतः ज्ञानमात्र दृष्टि से देखे गये ज्ञानमात्र आत्मा को स्याद्वाद से प्रसिद्ध करके उसका उपयोग करना चाहिए। प्रत्येक द्रव्य परिणमनशील होने के कारण प्रतिक्षण परिणमता ही रहता है। सो यह ज्ञानमात्र आत्मद्रव्य भी प्रति समय परिणमता रहता है। अब इस ही प्रसग में ज्ञानमात्र आत्मा दो दृष्टियों से देखा जा रहा है—(१) ज्ञानशक्ति द्वार से निश्चयनय द्वारा, (२) ज्ञानपरिणमन (ज्ञेयाकार) द्वार से व्यवहारनय द्वारा। पदार्थ द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावात्मक होता है। इस कारण सत्त्व का विचार द्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव इन चार दृष्टियों से भी होता है। इस प्रकार दो मौलिक संकेतों के बाद अब ज्ञानमात्र आत्मा को जिन धर्मों के द्वार से प्रसिद्ध करना है उन्हें कहते है—(१)आत्मा तद्रूप है, (२)आत्मा अतद्रूप है, (३)आत्मा एक है, (४) आत्मा अनेक है, (५)आत्मा द्रव्यतः सत् है, (६)आत्मा द्रव्यतः असत् है, (७)आत्मा क्षेत्रत. सत् है, (८)आत्मा क्षेत्रत असत् है, (९) आत्मा कालतः सत् है, (१०) आत्मा कालत. असत् है, (११) आत्मा भावत· सत् है, (१२) आत्मा भावतः असत् है, (१३) आत्मा नित्य है, (१४) आत्मा अनित्य है, (१५) आत्मा अभेदात्मक है, (१६) आत्मा भेदात्मक है।

(१-२) आत्मा ज्ञानशक्ति से तद्रूप है व ज्ञेयाकार परिणमन से अतद्रूप है, क्योंकि ज्ञेयाकार परिणमन व्यतिरेकी परिणमन है, अथवा ज्ञानमात्र आत्मा स्ववस्तु रूप से तद्रूप है व परवस्तु रूप से अतद्रूप है। मै ज्ञायकता से भी शून्य हूँ, ऐसा अथवा सर्व वस्तुओ से भी तद्रूप हूँ ऐसा नहीं मानना।

(३-४) ज्ञानमात्र आत्मा अखड एक ज्ञानस्वभाव की अपेक्षा एक है, वह ज्ञेयाकार पर्यायो अपेक्षा अनेक है, ज्ञेयाकार मुझ में नही है ऐसा यह ज्ञेयाकार मात्र हूँ, ऐसा नही मानना।

(५-६) ज्ञानमात्र आत्मा ज्ञाता द्रव्य की अपेक्षा से सत् है व गुण-पर्याय-रूप द्रव्य विभाग की अपेक्षा असत् है अथवा ज्ञाता द्रव्य की अपेक्षा सत् है, वह ज्ञायमान परद्रव्य की अपेक्षा असत् है। ज्ञाता द्रव्य ही पर द्रव्य रूप है व परद्रव्य सब ही मै ज्ञाता द्रव्य हूँ ऐसा नही मानना।

(७-८) ज्ञानमात्र आत्मा ज्ञानाकारक्षेत्र से सत् है वह ज्ञेयाकारक्षेत्र से असत् है, अथवा स्वक्षेत्र मे सत् है व ज्ञेयभूत परवस्तु के क्षेत्र से असत् है। पर क्षेत्रगत ज्ञेयार्थ परिणमन से ही मैं हूँ, ऐसा व ज्ञेयाकार का मुझमें सर्वथा त्याग है ऐसा नही मानना।

(९-१०) ज्ञानमात्र आत्मा काल-पर्याय सामान्य से सत् है व काल-विशेष से असत् है, अथवा स्वपर्याय से सत् है, अथवा पर पर्याय से असत् है, पदार्थों के अलम्बन काल में ही सत् है व आलंबित अर्थ के विनाश काल मे विनाश है, ऐसा नही मानना।

(११-१२) ज्ञानमात्र आत्मा ज्ञायकभाव से सत् है, ज्ञेयभाव से असत् है अथवा अपने गुण मे सत् है परके गुण से असत् है। सब ही (स्व पर) भाव मे मैं हूँ, या मैं ही सब भाव हूँ, ऐसा नही मानना।

(१३-१४) ज्ञानमात्र आत्मा ज्ञानशक्ति की अपेक्षा नित्य है, ज्ञेयाकार विशेष पर्याय की अपेक्षा अनित्य है। ज्ञानमात्र आत्मा को सर्वथा नित्य या अनित्य नही मानना।

(१५-१६) ज्ञान मात्र आत्मा द्रव्यदृष्टि से अभेदात्मक है, व्यवहार दृष्टि से भेदात्मक है।

अनेकान्त स्वरूप होकर भी आत्मा की ज्ञानमात्र प्रसिद्धि क्यों की ? लक्ष्यभूत आत्मा की सुगमता प्रसिद्धि के

लिए अथवा ज्ञानमात्र एक भाव मे ही गर्भित अनन्त शक्तियों का विकास प्रकट होने से ज्ञानमात्रपने की मुख्यता से आत्मा लक्ष्य हो जाता है; इसलिए ज्ञानमात्र आत्मा की प्रसिद्धि की। ज्ञानमात्र होकर भी अनेकान्तरूप क्यों बताया ? विशद जानने के लिए, अथवा भेद रत्नत्रय व अभेद रत्नत्रय के उपदेश के लिए. अथवा उपाय-उपेयभाव का चिन्तवन करने के लिए ज्ञानमात्र आत्मा को अनेकान्त रूप प्रगट किया।

इस प्रकार निज शुद्ध आत्मतत्त्व स्वरूप समयसार की प्रतीति करके उसमें हीं अनुष्ठान करना चाहिए। एतदर्थ परमार्थ दृष्टि रखकर भावना करना चहिए—मैं सहज शुद्ध ज्ञानानंद स्वभाव हूँ, निर्विकल्प हूँ, अखंड हूँ, निरंजन हूँ, सहजानन्द स्वरूप स्वसवेदन से गम्य हूँ, राग-द्वेष-विषय-कषायादि से रहित हूँ।

समयसार के परिज्ञान का प्रयोजन

समयसार निरपेक्ष आत्म-स्वभाव है। इसका अपरनाम सहजसिद्ध परमात्मा है। इस अविकार स्वरूप की दृष्टि होने पर परिणमन में भी अविकारता प्रगट होती है। अविकारता ही सत्य आनन्द की अमोघ जननी है। समस्त दार्शनिकों के प्रयोजन की सिद्धि इस समयसार के परिचय मे हो जाती है। समयसार अर्थात् शुद्ध आत्मतत्त्व अविकार है, नित्य है, भेद दृष्टि से परे होने के कारण एक है। आत्म-गुणों मे व्यापक होने से व आत्म-गुणो से बढने के कारण ब्रह्म है। ऐसा स्वभाव होते हुए भी चूंकि प्रत्येक द्रव्य परिणमन शील है सो आत्मा भी परिणमनशील है। अत: इस आत्मा की पर्यायें होती हैं। वे पर्यायें अनित्य हैं। अत: माया रूप कही जाती हैं। इसतरह ब्रह्म और माया की सन्धि है। अविकार होते हुए भी यह माया का आधार है। यह रहस्य जिन्हे प्रगट हो गया वे विवेकी हैं और फिर माया की दृष्टि न रख कर एक परम ब्रह्म की दृष्टि रखते हैं वे परमविवेकी हैं। समयसार के परिज्ञान का प्रयोजन निर्विकल्प समाधि की सिद्धि है जिसके बल से समस्त कर्म-कलंकों से मुक्ति, पूर्ण ज्ञान की सिद्धि व अनन्त आनन्द की निष्पत्ति होती है।

समयसार में दार्शनिक संतोष

प्रत्येक आत्मा मे समयसार तत्त्व है। इसे परम ब्रह्म परमेश्वर कहते हैं। इसकी पर्यायों का मूल आधार यह ही है। इस प्रकार प्रत्येक आत्माओं की सृष्टि का कारण उन्ही मे विराजमान परम-ब्रह्म परमेश्वर है। शुद्ध नय की दृष्टि में अनेकता नही है। अत इस पद्धति मे यह अभिप्राय सुयुक्तियुक्त है कि जिस परमब्रह्म परमेश्वर ने अपनी सृष्टि की है, उस परम पिता की उपासना से ही दुखो की मुक्ति हो सकती है। समयसार की उपासना वगैर दु:खों से मुक्ति नही हो सकती।

स्वभावत अविकार होकर भी प्रकृतिजन्य विभावो मे एकत्व का अध्यास होने से नाना भावों के अवतार रूपों से यह समयसार पुरुष प्रगट हुआ है। प्रकृति (कर्म व औपाधिक भाव) व पुरुष का जब तक भेदज्ञान नही होता तब तक क्लेश व जन्म-परम्परा चलती ही रहती है। अत यह बात सुयुक्त है कि प्रकृति व पुरुष का भेदविज्ञान कर लेने से ही क्लेश एवं जन्म-परम्परा से मुक्ति हो सकती है।

समयसार स्वरूप आत्मद्रव्य नित्य होने पर भी इसकी परिणतियां प्रतिक्षण होती ही रहती हैं। आत्मा का मुख्य लक्षण ज्ञान है। ज्ञानस्वभाव की भी परिणतियाँ प्रतिक्षण होती रहती हैं। हम लोगो की ज्ञान परिणतियो का नाम चित्तवृत्ति है। यह चितवृत्तियां क्षणिक हैं। ये आत्मस्वरूप नही हैं। आत्मद्रव्य की क्षणिक परिणतिया है। उन्हे ही जो आत्मद्रव्य समझते हैं वे इष्ट अनिष्ट कल्पना द्वारा रागी-द्वेषी होकर दुखी होते हैं। जो चित्तवृत्तियो को गौण कर इस अविकार समयसार (शुद्ध आत्मतत्त्व) को कहते हैं, वे दु:खों से मोक्ष (निर्वाण) प्राप्त करते हैं। अत यह बात सुयुक्त है कि क्षणिक चित्तवृत्तियो में आत्मा का भ्रम समाप्त कर देने से ही निर्वाण प्राप्त हो सकता।

परम-शुद्ध-निश्चय से देखा गया समयसार तत्त्व शाश्वत अविकार है। इस तत्त्व का विकारी रूप में उपलब्धि करने की जब तक प्रकृति रहती है तब तक वह जीव दुखी है। जब निरपेक्ष निज चैतन्य स्वभाव की द्रव्य शुद्धि

में उपलब्धि कर विकार भ्रम को समाप्त कर देता है तब आत्मा शांति का अनुभव करता है। अतः यह निश्चित है कि विकारों से सम्बन्ध न होने से जीव शांति प्राप्त कर सकता है।

समयसार की उपलब्धि न होने के कारण जीव का उपयोग विरुद्ध कर्मों (दुष्कर्मों) में भ्रमण करता रहता है। और इन्हीं दुष्कर्मों से ही जीव सांसारिक यातनाएँ सहता है। उनसे मुक्ति पाने का उपाय समयसार की दृष्टि है और यही निश्चयत सत्कर्म है तथा जब तक जीव समयसार की निश्चल अनुभूति में नहीं रह पाता, तब तक इस अशान्ति का उपयोग दुष्कर्म न उठा लें; इसलिये दुष्कर्म से बचने के अभिप्राय से व्यवहारिक सत्कर्म की प्रवृत्ति होती है। अतः यह बात सुयुक्त है कि सांसारिक यातनाओं के कारणभूत दुष्कर्मों से मुक्ति पाना सत्कर्म से ही सम्भव है।

निर्विकल्प समयसार का परिचय जब तक जीव को नहीं है, वह विविध विकल्पों में ही उपयुक्त रहकर संसार का परिभ्रमण करता रहता है। विकल्पों से होने वाली भटकन की निवृत्ति निर्विकल्प ज्ञान परिणमन से ही सम्भव है। अतः यह बात भी सुयुक्तिक है कि संसार-परिभ्रमण की निवृत्ति निर्विकल्प समाधि से ही हो सकती है। निर्विकल्प समाधि समयसार के आलम्बन में होती है।

इस प्रकार अनेकों दार्शनिक इस समयसार में ही सन्तोष पाते हैं। उनके उद्देश्य की पूर्णता भी इसी समयसार में होती है। हे आत्मन्! ऐसा अद्भुत विलक्षण, अलौकिक सारभूत परमब्रह्मस्वरूप समयसार हस्तगत हुआ है, हाथ आया है तो इसकी अनवरत दृष्टि रखकर निर्दोष होते हुए तुम सहज आनन्द का अनुभव करो।

ॐ शुद्धं चिदस्मि ! "शुद्धचिदस्मि सहजं परमात्म तत्त्वम् ।"

समयसार की महिमा अपूर्व है। इसका वर्णन तो किया ही नहीं जा सकता। इसके शुद्ध अनुभव में ही महिमा की अनुभूति होती है। जिनका परिणमन समयसार के पूर्ण अविरुद्ध हो गया है अर्थात् समस्त आत्म-गुणों का पूर्ण शुद्ध विकास हो गया है, ऐसे देवाधिदेव परमात्मा को और जो आत्म-गुणों के शुद्ध विकास में चल रहे हैं ऐसे गुरुओं को नमस्कार करता हूँ, अर्थात् सर्वपरमेष्ठियों को नमस्कार करता हूँ, जिनके स्वरूपचिन्तन व परम्पराप्राप्त उपकारों से मैं धर्ममार्ग में उपकृत हुआ हूँ।

समयसार ग्रन्थ के मूल रचयिता पूज्य श्रीमत् कुन्दकुन्दाचार्य को नमस्कार करता हूँ। समयसार गाथाओं के हार्द को आत्मख्याति टीकाद्वारा व्यक्त करने वाले पूज्य श्रीमदमृतचन्द्रसूरि को नमस्कार करता हूँ। समयसार गाथाओं के शब्दानुसार भाव एवं तात्पर्य को तात्पर्यवृत्ति द्वारा व्यक्त करने वाले पूज्य श्रीमज्जयसेनाचार्य को नमस्कार करता हूँ। जिनकी रचनाओं के आधार पर शान्ति मार्ग-प्रत्यय हुआ। अत. गृहवास छोड़कर व्रत-प्रतिमा ग्रहण करने के अनन्तर ही सन् १९४३ में आत्म शान्ति के मार्ग पर चलने का अधिक भाव हुआ। उस समय समयसार के मनन करने का परिणाम हुआ। उन शीत ऋतुओं के दिनों में त्रिलोकसार व कर्मकाण्ड के विशेष ज्ञान-अनुसंधान में लग रहा था। अतः समयसार के मनन का समय ४ बजे प्रातः से लेकर ६ बजे तक का था। समयसार ग्रन्थ के देखने का यह पहिला ही अवसर था। आत्म-ख्याति टीका के आधार पर मनन शुरू किया। उसमें जो बीच-बीच में कहीं कठिनाइयां आती थीं, उनका हल श्री पं० जयचंद जी छावड़ा कृत हिन्दी टीका से हो जाया करता था। इस प्रकार यह हिन्दी टीका भी मुझे बहुत ही सहायक रही। मैं श्री पं० जयचंद जी छावड़ा का विशेष आभार मानता हूँ।

पूज्य श्री १०५ क्षु० गणेशप्रसाद जी वर्णी न्यायाचार्य का तो मैं अत्यन्त आभारी हूँ जिनके तत्त्वावधान में बाल्यकाल से ही न्यायतीर्थ परीक्षापर्यन्त मेरा अध्ययन रहा और न्याय विषय को स्वयं आपने पढ़ाया। अध्ययन के अतिरिक्त आत्म-विकास मार्ग में चलने के लिए आपसे ही दीक्षा प्राप्त हुई।

ॐ शान्ति ॐ शान्ति. ॐ शान्तिः

मनोहर वर्णी
(सहजानन्द)

११ दिसम्बर १९५८

॥ समयसार का विषय-क्रम ॥

गाथा सं० | विषय | पृष्ठ सं०

१-जीवाजीवाधिकार

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
१	मङ्गलाचरण, ग्रन्थकार की प्रतिज्ञा और ग्रन्थ की प्रामाणिकता	५
२	जीव-अजीवरूप षड्द्रव्यात्मक लोक मे धर्म, अधर्म आकाश और काल इन चार द्रव्यों का परिणमन तो स्वभावरूप ही है, किन्तु जीव और पुद्गलद्रव्य का अनादिकालीन सयोग के कारण विभावरूप परिणमन भी है। स्पर्श, रस, गंध, वर्ण और शब्दरूप मूर्तीक पुद्गल का निमित्त पाकर जब यह जीव रागद्वेष मोहरूप परिणमन करता है, तब इसके कर्मबधन होता है। इस प्रकार इन दोनों के अनादि से बधावस्था है। जीव जब निमित्त पाकर रागादिरूप परिणमन नही करता, तब नवीन कर्म भी नही बधते, पुराने कर्म झड जाते है, इसलिए मोक्ष होता है। इस प्रकार जीव के स्वसमय-परसमय की प्रवृत्ति होती है। सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र परिणत जीव स्वसमय होता है। मिथ्यादर्शन-ज्ञान चारित्र परिणत जीव पुद्गलकर्म में ठहरने के कारण परसमय है।	७
३	एकत्व निश्चय को प्राप्त जीव लोक मे सर्वत्र सुन्दर है, एकत्व में बंध की कथा विसम्वाद- झगड़ा करने वाली है।	१०
४	जीव को काम, भोग विषयक बन्ध कथा तो सुलभ है, किन्तु आत्मा का एकत्व दुर्लभ है।	११
५	आचार्य का एकत्व-विभक्त, आत्मा को निजवैभव से दिखलाना तथा दूसरो को अपने अनुभव से परीक्षा करके ग्रहण करने की प्रेरणा	१३
६	जीव प्रमत्त-अप्रमत्त दोनों दशाओं से पृथक् ज्ञायक भावमात्र है। जो जानने वाला है, वही जीव है	१४
७	ज्ञानी के दर्शन-ज्ञान-चारित्र व्यवहार से कहे जाते है, निश्चय से ज्ञानी तो एक शुद्ध ज्ञायक ही है।	१६
८	व्यवहार के बिना परमार्थ का उपदेश अशक्य है। व्यवहारनय परमार्थ का प्रतिपादक है।	१८
९ से १०	श्रुतकेवली का लक्षण	२०
११	व्यवहारनय अभूतार्थ है और शुद्धनय भूतार्थ है।	२१
१२	शुद्ध परमभाव को प्राप्त जीवों को शुद्धनय ही प्रयोजनवान है, साधक अवस्था वालों के लिए व्यवहारनय का उपदेश करना चाहिए।	२४
१३	निश्चयनय से जाने हुए जीवादि नवतत्त्व सम्यक्त्व है।	२६
१४	निश्चयनय आत्मा को अबद्धस्पष्ट, अनन्य, नियत, अविशेष और असंयुक्त देखता है	३४

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
१५	शुद्धनय के विषयभूत आत्मा को जानना सम्यग्ज्ञान है।	३६
१६ से १८	साधु पुरुषों को सदा सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र का सेवन करना चाहिए, निश्चयनय से ये तीनों एक आत्मा ही हैं, उसका दृष्टान्त।	४२ से ४४
१६	शुद्धनय के विषयभूत आत्मा को जब तक न जाने, तब तक जीव अज्ञानी है।	४७
२० से २२	जो परद्रव्य में आत्मा का विकल्प करता है, वह अज्ञानी है। अपने आत्मा को अपना मानने वाला ज्ञानी है।	४६
२३ से २५	अज्ञानी को उपदेश है कि जड़ और चेतन दोनों सर्वथा भिन्न द्रव्य हैं।	५२
२६	अप्रतिबुद्धि (अज्ञानी) का प्रश्न है कि यदि जीव शरीर नहीं है तो तीर्थङ्कर और आचार्यों की स्तुति मिथ्या है।	५६
२७ से २८	उत्तर —व्यवहारनय जीव और शरीर को एक कहता है, निश्चयनय से दोनों एक पदार्थ नहीं हैं किन्तु व्यवहारनय सर्वथा असत्यार्थ नहीं है। इसलिए छद्मस्थ शान्तरूप मुद्रा को देखकर शरीर के आश्रय से भी स्तुति करता है।	५७ से ५८
२६ से ३०	पुनः प्रश्न —आत्मा तो शरीर का अधिष्ठाता है, इसलिए निश्चयनय से शरीर के स्तवन से आत्मा का स्तवन नहीं बनता, उसका उदाहरण।	५६
३१ से ३३	निश्चयस्तुति का वर्णन	६१ से ६५
३४ से ३५	अज्ञानी जीव ज्ञानी होने पर प्रश्न करता है कि चारित्र में प्रत्याख्यान (त्याग) क्या है ? उसका उत्तर कि अपने से अतिरिक्त सर्व पदार्थ पर हैं ऐसा जानकर ज्ञानमें त्यागरूप अवस्था ही प्रत्याख्यान है। उसका दृष्टान्त।	६६ से ६७
३६ से ३८	भेदज्ञान की अनुभूति होने पर भेदज्ञान का प्रकार	६६ से ७३
३६ से ४३	जीव, अजीव दोनों बन्ध-पर्यायरूप होकर एक देखने में आते हैं, उनमे अज्ञानी अध्यवसानादि भावरूप जीव की अन्यथा कल्पना करते हैं, उनकी व्यवस्था का पांच गाथाओं से वर्णन।	७६
४४ से ४८	जीव का स्वरूप अन्यथा कल्पना करने वाला को उपदेश। अध्यवसानादि भाव पुद्गलमय हैं, जीव नहीं है। इनको व्यवहार से जीव कहा गया है, इसका दृष्टान्त।	८० से ८५
४६	परमार्थरूप जीव का स्वरूप	८६
५० से ५५	वर्ण को आदि लेकर गुणस्थान पर्यन्त जितने भाव हैं वे जीव के नहीं हैं।	६० से ६१
५६ से ६०	ये वर्णादिक भाव जीव के हैं ऐसा व्यवहारनय कहता है। निश्चयनय नहीं कहता उसका दृष्टान्त।	६६ से ६८
६१ से ६८	वर्णादिक भावों का जीव के साथ तादात्म्य सम्बन्ध नहीं है। तादात्म्य मानने का निषेध	१०० से १०७

२-कर्तृकर्माधिकार

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
६६ से ७०	जब तक अज्ञानी जीव क्रोधादिक में वर्तता है, तब तक बन्ध करता है।	११२
७१ से ७२	आस्रव और आत्मा का भेदज्ञान होने पर बंध नहीं होता।	११५ से ११६
७३	आस्रवों से निवृत्त होने का विधान।	११६

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
७४	ज्ञान होना और आस्रवो से निवृति एक ही काल मे कैसे होती है ।	१२०
७५	ज्ञानस्वरूप हुए आत्मा का चिन्ह ।	१२४
७६ से ७६	आस्रव और आत्मा का भेदज्ञान होने पर आत्मा ज्ञानी होता है, तब कर्तृ-कर्म भाव भी नहीं होना ।	१२६ से १३०
८० से ८२	जीव और पुद्गल के यद्यपि निमित्त-नैमित्तिक भाव है तथापि कर्तृ-कर्मभाव नही है ।	१३२
८३	निश्चयनय मे आत्मा अपना ही कर्ता-भोक्ता है, पुद्गल कर्म का कर्ता-भोक्ता नही है ।	१३४
८४	व्यवहारनय आत्मा और पुद्गल के कर्तृ-कर्म और भोक्तृभोग्य भाव बतलाता है ।	१३५
८५ से ८६	आत्मा को पुद्गलकर्म का कर्ता-भोक्ता मानने पर अभिन्नत्व का प्रसंग आएगा, यह जिनदेव का मत नही है । दोनो को आत्मा करता है ऐसा मानने वाला मिथ्या दृष्टि है ।	१३६ से १३८
८७ से ८८	मिथ्यात्वादि आस्रव, जीव-अजीव के भेद से दो प्रकार के है ऐसा कथन और उसका हेतु ।	१४१ से १४२
८६ से ६२	आत्मा के मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति ये तीन परिणाम अनादि है । जब इन तीन प्रकार के परिणाम का कर्तृत्व होता है, तब पुद्गलद्रव्य स्वय कर्मरूप परिणमित होता है ।	१४३ से १४७
६३	आत्मा मिथ्यात्वादि रूप परिणमन नहीं करने से कर्म का कर्ता नही है ।	१४८
६४ से ६५	अज्ञान से कर्म किस प्रकार उत्पन्न होता है ? उसका विधान ।	१५० से १५१
६६	कर्म के कर्तापन का मूल अज्ञान ही है ।	१५२
६७	अज्ञान का अभाव होने पर जब ज्ञान होता है, तब कर्तापन नही होता ।	१५५
६८ से ६६	व्यवहारी जीव अज्ञान मे आत्मा को पुद्गल कर्म का कर्ता कहते हैं, ऐसा मानने में दोष ।	१५८ से १५६
१००	आत्मा निमित्त-नैमित्तिक भाव से भी पुद्गल कर्म का कर्ता नही है । योग उपयोग का कर्ता है , और योग-उपयोग निमित्त-नैमित्तिक भाव से कर्ता है ।	१६०
१०१	ज्ञानी ज्ञान का ही कर्ता है ।	१६१
१०२ से १०४	अज्ञानी भी परद्रव्य के भाव का कर्ता नही है अपने अज्ञान भाव का कर्ता है; क्योकि परद्रव्यों मे परस्पर कर्तृ-कर्म भाव नही है उसका खुलासा ।	१६३ से १६५
१०५ से १०८	जीव को परद्रव्य के कर्तापने का हेतु देखकर उपचार से कहा जाता है कि यह कार्य जीव ने किया । उसका उदाहरण ।	१६६ से १६८
१०६ से ११२	मिथ्यात्वादि सामान्य आस्रव और विशेष गुणस्थान ये बध के कर्ता हैं । निश्चय से जीव इनका कर्ता भोक्ता नही है ।	१६६
११३ से ११५	जीव और प्रत्ययो (आस्रवो) मे एकत्व नही है । दोनों भिन्न हैं ।	१७३
११६ से १२५	साख्यमती जो पुरुष और प्रकृति को अपरिणामी मानते हैं, उसका निषेध करके पुरुष और पुद्गल को परिणामी बतलाया है ।	१७५ से १७८
१२६ से १३१	ज्ञान से ज्ञानभाव और अज्ञान से अज्ञानभाव ही उत्पन्न होता है । उसका उदाहरण ।	१८२ से १८६

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
१३२ से १३६	अज्ञानी जीव द्रव्यकर्म बंधनेका निमित्तरूप अज्ञानादि भावों का हेतु होता है।	१८८
१३७ से १४०	पुद्गल और जीव दोनों के परिणाम पृथक्-पृथक् हैं। दोनों के परिणमन भिन्न २ हैं	१९१ से १९३
१४१	कर्म जीव से बद्धस्पृष्ट है अथवा अबद्धस्पृष्ट ? इसका निश्चय-व्यवहार दोनों नयों से उत्तर	१९४
१४२ से १४४	जो नयों के पक्षों से रहित है, वह कर्तृकर्म भाव से रहित समयसार (शुद्ध आत्मा) है	१९५ से २०२

३-पुण्य-पाप अधिकार

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
१४५	शुभाशुभ कर्म के स्वभाव का वर्णन	२०८
१४६	शुभाशुभ दोनों ही कर्म बंध के कारण है।	२१०
१४७	शुभाशुभ दोनों कर्मों का निषेध।	२११
१४८ से १५०	उसका दृष्टांत और आगम की साक्षी	२११ से २१३
१५१	ज्ञान मोक्ष का कारण है	२१४
१५२ से १५३	अज्ञान पूर्वक किए गए व्रत नियम, शील और तप मोक्ष के कारण नही है।	२१५ से २१६
१५४	परमार्थ से बाह्यजीव अज्ञान से मोक्ष का हेतु न जानते हुए ससार के हेतु पुण्य को चाहते हैं	२१७
१५५	जीवादि पदार्थों का श्रद्धान, उनका अधिगम और रागादिक का त्याग यही मोक्ष मार्ग है।	२१९
१५६	परमार्थ मोक्ष के कारण से अन्यकर्म का निषेध।	२२०
१५७ से १५९	कर्म मोक्ष के कारण का घात करता है उसका दृष्टान्त।	२२१ से २२२
१६०	कर्म आप बध स्वरूप ही है।	२२३
१६१ से १६३	सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र के प्रतिपक्षी मिथ्यात्व, अज्ञान और कषाय है।	२२४

४-आस्रवाधिकार

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
१६४ से १६५	मिथ्यात्व, अविरति, योग और कषाय जीव अजीव के भेद से दो प्रकार के हैं। वे कर्म बंध के कारण है। ये ही आस्रव है।	२३०
१६६	ज्ञानी के उन आस्रवों का अभाव कहा है।	२३१
१६७	राग-द्वेषमोहरूप जीव के अज्ञानमय परिणाम ही आस्रव हैं।	२३३
१६८	रागादिक के बिना जीव के ज्ञानमय भाव की उत्पत्ति	२३४
१६९	ज्ञानी के द्रव्य आस्रवों का अभाव	२३५
१७०	ज्ञानी किस प्रकार निरास्रव होता है, ऐसे शिष्य के प्रश्न का उत्तर	२३६
१७१ से १७६	अज्ञानी और ज्ञानी के आस्रव का होना और न होने का युक्ति पूर्वक वर्णन	२३७ से २४१
१७७ से १८०	राग-द्वेष-मोह अज्ञान परिणाम ही बन्ध का कारण रूप आस्रव है, वह ज्ञानी के नहीं है। इसलिए ज्ञानी के कर्म बन्ध भी नही है।	२४४ से २४७

५-संवर अधिकार

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
१८१ से १८३	संवर का मूल उपाय भेदविज्ञान है।	२५१
१८४ से १८५	भेदविज्ञान से ही शुद्ध आत्मा की प्राप्ति होती है, उसका उदाहरण	२५५
१८६	शुद्ध आत्मा की प्राप्ति से ही संवर होता है।	२५७

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
१८७ से १८९	संवर होने का प्रकार	२५८
१९० से १९२	संवर होने का क्रम	२६०

६-निर्जरा अधिकार

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
१९३	द्रव्यनिर्जरा का स्वरूप	२६६
१९४	भावनिर्जरा का स्वरूप	२६८
१९५	ज्ञान का समार्थ्य	२६९
१९६	वैराग्यका सामर्थ्य	२७०
१९७	ज्ञान वैराग्य के सामर्थ्य का दृष्टान्त पूर्वक कथन	२७१
१९८ से १९९	सम्यग्दृष्टि सामान्य रूप से तथा विशेषरूपसे स्वपर को कई रीति से जानता है।	२७३
२००	सम्यग्दृष्टि ज्ञान-वैराग्य संपन्न होता है।	२७५
२०१ से २०२	रागी जीव सम्यग्दृष्टि क्यों नहीं होता।	२७७
२०३	अपने एक वीतराग ज्ञायक पदमें स्थिर होने का उपदेश	२८०
२०४	आत्मा का पद एक ज्ञायक स्वभाव ही मोक्ष का कारण है। ज्ञान में जो भेद है वे कर्म के क्षयोपशम के निमित्त से हैं।	२८२
२०५ से २०६	ज्ञान ज्ञान से ही प्राप्त होता है। ज्ञानगुण से रहित ज्ञान स्वरूप पद को प्राप्त नहीं करते	२८४ से २८५
२०७	ज्ञानी परद्रव्य को क्यों नहीं ग्रहण करता	२८७
२०८ से २१३	परिग्रह के त्याग का विधान। ज्ञानी के धर्म, अधर्म, आहार, पान का परिग्रह नहीं है।	२८७ से २९२
२१४	ज्ञानी सर्वत्र निरालम्ब निश्चित ज्ञायक भाव हो है	२९३
२१५ से २१७	उत्पन्न उदय का भोग ज्ञानीके वियोग बुद्धि से होता है। अनागत उदय की बांछा नही करता। वह जानता है कि वेदक वेद्यभाव समय समय पर नष्ट हो जाते हैं। इसलिए उसके बंध और उपभोग के निमित्तभूत संसार देह सम्बन्धी राग नहीं होता	२९४ से २९८
२१८ से २२७	ज्ञानी कर्मों के बीच पड़ा हुआ भी कर्मो से लिप्त नही होता, जैसे सुवर्ण कीचड़ में। अज्ञानी कर्मरज से लिप्त होता है, जैसे लोहा कीचड़ में। कर्म के फल की बाछा करने वाला कर्म से लिप्त होता है, बिना बांछा कर्म करे तो लिप्त नही होता उसका दृष्टांत	२९९ से ३०५
२२८	सम्यग्दृष्टि निःशंक होने के कारण यह लोक, परलोक, वेदना, अरक्षा, अगुप्ति, मरण और आकस्मिक इस प्रकार सप्तभय रहित होते हैं	३०८
२२९ से २३६	निःशंकित, निःकांक्षित, निर्विचिकित्सा, अमूढदृष्टि, उपगहण, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना—सम्यग्दर्शन के इन आठ अङ्गों का निश्चयनय की प्रधानता से वर्णन	३१२ से ३१७

७-बंध अधिकार

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
२३७ से २४१	बंध के कारण—उपयोग में रागादिक का करना ही बंध का कारण है।	३२१ से ३२२
२४२ से २४६	सम्यग्दृष्टि के बंध का अभाव—उपयोग में रागादिक नहीं करता और न रागादिक का स्वामी होता है। इसलिए बंध नही होता	३२६
२४७	ज्ञानी और अज्ञानी का लक्षण	३२९

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
२४८ से २५८	किसी को जीवित करने का, मारने का, दु:खी-सुखी करने का अध्यवसान प्रगट अज्ञान है	३३० से ३३६
२५६ से २६५	अज्ञानमय अध्यवसान ही बन्ध काकारण है	३३७ से ३४१
२६६ से २६७	अध्यवसान अपनी अर्थक्रिया करने वाला न होने से मिथ्या है	३४३ से ३४४
२६८ से २६६	मिथ्यादृष्टि अज्ञानरूप अध्यवसान से अपनी आत्मा को अनेक अवस्थारूप करता है	३४५
२७०	जिसके अज्ञानरूप अध्यवसान नही है, उसके कर्म बन्धन नही है	३४८
२७१	यह अध्यवसान क्या है ? ऐसे शिष्य के प्रश्न का उत्तर	३५०
२७२	अध्यवसान का निषेध व्यवहारनय का निषेध है	३५१
२७३	केवल व्यएहार का ही आलम्बन करनेवाला अज्ञानी और मिथ्यादृष्टि है इसका आलम्बन अभव्य भी करता है । व्रत, समिति गुप्ति पालने और ग्यारह अंग पढने से भी उसे मोक्ष नहीं है	३५२
२७४	शास्त्रों का ज्ञान होने पर भी अभव्य अज्ञानी है	३५३
२७५	अभव्य को धर्म की श्रद्धा भोग के निमित्त है, मोक्ष के निमित्त नही है	३५४
२७६ से २७७	व्यवहार और निश्चय का स्वरूप	३५६
२७८ से २८२	रागादिक भावों का निमित्त आत्मा है या परद्रव्य ? उसका उत्तर	३५८ से ३६२
२८३ से २८७	आत्मा रागादिक का कर्ता किस रीति से है, उसका उदाहरणपूर्वक कथन	३६२ से ३६५

८-मोक्ष अधिकार

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
२८८ से २६०	मोक्ष का स्वरूप कर्म बन्धन से छूटना है । जो जीव बन्ध का तो छेद नही करता परन्तु मात्र बंध के स्वरूप को जानकर ही सन्तुष्ट होता है, वह मोक्ष प्राप्त नही करता	३६६ से ३७०
२६१	बन्ध की चिन्ता करने पर भी बन्ध नही छूटता	३७१
२६२ से २६३	बन्ध के छेदने से ही मोक्ष होता है	३७२ से ३७३
२६४	कर्मबंध के छेदने का प्रज्ञाशस्त्र ही करण है	३७३
२६५ से २६६	प्रज्ञारूप करण से आत्मा और बन्ध दोनो को पृथक् करके प्रज्ञा से ही आत्मा को ग्रहण करना और प्रज्ञा से ही बंध को छेदना	३७७
२६७ से २६६	आत्मा को प्रज्ञा द्वारा किस प्रकार ग्रहण करना	३७८ से ३८०
३००	चिन्मयभाव ही ग्रहण करने योग्य है, अन्यभाव सर्वथा त्याज्य है	३८४
३०१ से ३०३	परद्रव्य को ग्रहण करने वाला अपराधी है, बन्धन में पड़ता है, अपराध न करने वाला बन्धन में नहीं पडता	३८५
३०४ से ३०५	अपराध का स्वरूप	३८७
३०६ से ३ ७	शुद्ध आत्मा के ग्रहण से मोक्ष कहा, परन्तु आत्मा तो प्रतिक्रमण आदि द्वारा भी दोषों से छूट जाता है, तो पीछे शुद्ध आत्मा के ग्रहण से क्या लाभ ? ऐसे शिष्य के प्रश्न का यह उत्तर दिया है कि प्रतिक्रमण और अप्रतिक्रमण रहित अप्रतिक्रमणादि स्वरूप तीसरी अवस्था शुद्धात्मा का ही ग्रहण है । इसी से आत्मा निर्दोष होता है	३८६

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
	६-सर्वविशुद्धज्ञान अधिकार	
३०८ से ३११	आत्मा का अकर्तृत्व दृष्टांत द्वारा कहते हैं	३९६
३१२ से ३१३	जीव अज्ञान से कर्तापन मानता है। उस अज्ञान की महिमा	३९९
३१४ से ३१५	जब तक आत्मा प्रकृतिके निमित्त से उत्पत्ति और नष्ट होना न छोड़े तब तक अज्ञानी—मिथ्यादृष्टि—असंयत है। छोड़ने पर विमुक्त होता है	४००
३१६	कर्तृत्व-भोक्तृत्व भी आत्मा का स्वभाव नहीं है। अज्ञान से ही भोक्ता होता है	४०२
३१७	भलीभांति शास्त्रों को पढ़कर भी अभव्यजीव प्रकृति स्वभाव को नहीं छोड़ता जैसे मीठे दुग्ध को पीते हुए भी सर्प निर्विष नहीं होते	४०३
३१८ से ३१९	ज्ञानी कर्मफल का भोक्ता नहीं है	४०४ से ४०५
३२०	ज्ञानी कर्ता-भोक्ता नही है इसका दृष्टांतपूर्वक कथन	४०६
३२१ से ३२३	जो आत्मा को कर्ता मानते हैं उनको मोक्ष नहीं होता	४०८ से ४०९
३२४ से ३२७	जो व्यवहार को ही निश्चय मानकर परद्रव्य को कर्ता मानते हैं वे मिथ्यादृष्टि हैं। दृष्टांत सहित कथन। ज्ञानीजन निश्चय से जानते हैं कि परमाणुमात्र भी मेरा नही है।	४१२
३२८ से ३३१	अज्ञानी (मिथ्यादृष्टि) ही अपने भावकर्म को कर्ता है। ऐसा युक्तिपूर्वक कथन	४१५
३३२ से ३४४	आत्मा का कर्तृत्व और अकर्तृत्व जिस तरह है उस तरह स्याद्वाद द्वारा सिद्ध करते हैं	४१९ से ४२२
३४५ से ३४८	बौद्धमती ऐसा मानते हैं कि कर्म को करने वाला दूसरा और भोगने वाला दूसरा है, उसका युक्तिपूर्वक निषेध	४२९
३४९ से ३५५	कर्तृ-कर्म का भेद-अभेद जैसे है, उसी तरह नय विभाग से दृष्टांतद्वारा वर्णन।	४३४
३५६ से ३६५	निश्चय और व्यवहार के कथन को खड़िया के दृष्टांत से स्पष्ट करते हैं	४३९ से ४४१
३६६ से ३७१	ज्ञान और ज्ञेय सर्वथा भिन्न हैं, ऐसा जानने के कारण सम्यग्दृष्टि को विषयों में राग-द्वेष नहीं होता। राग-द्वेष अज्ञान दशा में प्रवर्तमान जीव के परिणाम हैं	४५१ से ४५२
३७२	अन्यद्रव्य का अन्यद्रव्य कुछ नहीं कर सकता	४५५
३७३ से ३८२	स्पर्श आदि पुद्गल के गुण आत्मा को प्रेरणा नहीं करते कि हमको ग्रहण करो और आत्मा भी अपने स्थान से छूट कर उनमें नहीं जाता परन्तु अज्ञानी जीव उनसे वृथा राग-द्वेष करता है	४५८ से ४५९
३८३ से ३८६	प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और आलोचना का स्वरूप	४६५
३८७ से ३८९	जो कर्म और कर्मफल को अनुभव करता हुआ अपने को उस रूप करता है वह नवीन कर्म को बांधता है। (यहां पर टीकाकार कृत-कारित-अनुमोदना से, मन, वचन, काय से अतीत वर्तमान और अनागत कर्म के त्याग को ४९-४९ भंगों द्वारा कथन करके कर्मचेतना के त्याग का विधान दिखाते हैं तथा १४८ प्रकृतियों के त्याग का कथन करके कर्मफलचेतना के त्याग का विधान दिखलाते हैं	४६८
३९० से ४०४	ज्ञान को समस्त अन्यद्रव्यों से भिन्न बतलाते हैं	४९१ से ४९२
४०५ से ४०७	आत्मा अमूर्तीक है, इसलिये इसके पुद्गलमय देह नहीं है	४९८

गाथा सं०	विषय	पृष्ठ सं०
४०८ से ४१०	लिंग ही मोक्षमार्ग नहीं है । सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र ही मोक्ष मार्ग है	५०० से ५०१
४११	क्योंकि द्रव्य लिंग ही मोक्षमार्ग नहीं है, इसलिये समस्त लिंग का त्याग करके आत्मा को दर्शन-ज्ञान-चारित्र में लगाने की प्रेरणा	५०२
४१२	भव्यजीव को मोक्ष मार्ग में स्थापन करने का, उसी का ध्यान करने का, उसी को अनुभव करने का तथा उसी में निरन्तर विहार करने का उपदेश	५०३
४१३	जो द्रव्यलिंग में ही ममत्व करते हैं वे समयसार को नहीं जानते हैं	५०५
५१४	व्यवहारनय तो मुनि और श्रावक के लिंग को मोक्षमार्ग कहता है, निश्चयनय किसी लिंग को ही मोक्ष मार्ग नहीं कहता	५०६
४१५	ग्रन्थ को पूर्ण करते हुए उसके अभ्यास आदि का फल	५०९

१०-स्याद्वाद अधिकार

	इस ग्रन्थ में आत्मा को ज्ञानमात्र कहकर अनुभव कराया, किन्तु आत्मा अनन्त धर्म वाला है, वह स्याद्वाद से सिद्ध होता है । ज्ञानमात्र कहने से स्याद्वाद में विरोध आता है, उसको मेटने के लिए तथा एक ही ज्ञान में उपायभाव और उपेयभाव किस प्रकार बन सकता है उसको सिद्ध करने के लिए स्याद्वाद अधिकार में व्याख्यान किया है ।	५१३
	एक ही ज्ञान में तत्-अतत्, एक-अनेक, सत्-असत्, नित्य-अनित्य इन भावों के १४ भेद कर १४ काव्य कहे हैं ।	५१४ स ५२४
	स्याद्वाद से ज्ञानमात्रभाव में अनेकांतात्मक वस्तुपना दिखलाया है, ज्ञानमात्र कहने का प्रयोजन लक्षण की प्रसिद्धि से लक्ष्य प्रसिद्ध होता है । इसलिए ज्ञान लक्षण है, आत्मा लक्ष्य है, ऐसा वर्णन ।	५२६
	एक ज्ञान क्रिया रूप ही परिणत आत्मा में अनन्त शक्तियां प्रकट हैं उनमें से ४७ शक्तियों के नाम तथा लक्षणों का स्वरूप ।	५२६ से ५३०
	उपायोपेय भाव का वर्णन, उसमें आत्मा परिणामी है, इसलिए साधकपना और सिद्धपना ये दोनों भाव अच्छी तरह बनते हैं ।	५३१
	स्याद्वाद की महिमा का वर्णन ।	५३२
	इस समयसार शुद्ध आत्मा के अनुभव की प्रशंसा करके ग्रंथ पूर्ण ।	५३९ से ५४०
	टीकाकारों का वक्तव्य ।	५४०
	ग्रन्थ सटीक समाप्त ।	५४१

नमः श्रीपरमात्मने ।

श्रीमद्भगवत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचितः

समयसारः

(टीकात्रयसहितः)

जीवाजीवाधिकारः

श्रीमदमृतचन्द्रसूरिकृता आत्मख्यातिः

नमः समयसाराय स्वानुभूत्या चकासते ।
चित्स्वभावाय भावाय सर्वभावान्तरच्छिदे ॥ १ ॥

श्रीजयसेनाचार्यकृता तात्पर्यवृत्तिः

वीतरागं जिनं नत्वा ज्ञानानंदैकसंपदम् ।
वक्ष्ये समयसारस्य वृत्तिं तात्पर्यसंज्ञिकाम् ॥ १ ॥

अथ शुद्धपरमात्मतत्त्वप्रतिपादनमुख्यत्वेन विस्तररुचिशिष्यप्रतिबोधनार्थं श्रीकुंदकुंदाचार्यदेवनिर्मिते समयसारप्राभृतग्रंथे अधिकारशुद्धिपूर्वकत्वेन पातनिकासहितं व्याख्यानं क्रियते । तत्रादौ 'वंदित्तु सव्वसिद्धे' इति नमस्कारगाथामादिं कृत्वा

श्रीपण्डित जयचन्द्रकृत आत्मख्याति-भाषाटीका

मङ्गलाचरण

दोहा—श्रीपरमातमकूं प्रणमि, शारद सुगुरु मनाय ।
समयसार शासन करूं, देशवचनमय भाय ॥ १ ॥
शब्दब्रह्मपरब्रह्मकैं, वाचकवाच्यनियोग ।
मंगलरूप प्रसिद्ध है, नमों धर्म धन भोग ॥ २ ॥

सूत्रपाठक्रमेण प्रथमस्थले स्वतन्त्रगाथाषट्कं भवति । तदनंतरं द्वितीयस्थले भेदाभेदरत्नत्रयप्रतिपादनरूपेण 'ववहारेणुवदिस्सदि' इत्यादि गाथाद्वयम् । अथ तृतीयस्थले निश्चयव्यवहारश्रुतकेवलिव्याख्यानमुख्यत्वेन 'जो हि सुदेण' इत्यादि गाथा-

नयनय लहइ सार शुभवार, पयपय दहइ मार दुखकार ।
लय लय गहइ पार भवधार, जय जय समयसार अविकार ॥ ३ ॥

शब्द अर्थ अरु ज्ञान समयत्रय आगम गाये
मतसिद्धांत रु कालभेदत्रय नाम बताये ।
इनहिं आदि शुभ अर्थसमयवच के सुनिये बहु
अर्थ समयमें जीव नाम है सार सुनहु सहु ॥
तातें जु सार विनकर्ममल शुद्ध जीव शुध नय कहै ।
इस ग्रन्थ मांहि कथनी सबै समयसार बुधजन गहै ॥ ४ ॥

नामादिक छह ग्रन्थमुख, तामें मंगलसार ।
विघन हरन नास्तिक हरन, शिष्टाचार उचार ॥ ५ ॥

समयसार जिनराज है, स्यादवाद जिनवैन ।
मुद्रा जिन निरग्रंथता, नमूं करै सब चैन ॥ ६ ॥

इस तरह मंगलपूर्वक प्रतिज्ञा कर श्रीकुंदकुंद आचार्यकृत गाथाबद्ध समयप्राभृत ग्रंथकी जो संस्कृत टीका श्रीअमृतचंद्र आचार्यकृत आत्मख्याति नाम की है, उसकी देशभाषामय टीका प्रारम्भ करते हैं ।

अब संस्कृत टीकाकार श्रीमान् अमृतचंद्र आचार्य ग्रंथकी आदि में मंगल के लिये इष्टदेव को नमस्कार करते हैं—'नमः' इत्यादि । **अर्थ**—'समय' अर्थात् जीव नामा पदार्थ उसमें 'सार' जो द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म रहित शुद्ध आत्मा उसके लिए मेरा नमस्कार हो । कैसा है वह ? 'भावाय' अर्थात् शुद्ध सत्तास्वरूप वस्तु है । इस विशेषणपद से सर्वथा अभाववादी नास्तिकों का मत खंडित हुआ । फिर कैसा है ? 'चित्स्वभावाय'—जिसका स्वभाव चेतनागुणरूप है । इस विशेषणसे गुण गुणी का सर्वथा भेद मानने वाले नैयायिक का निषेध हुआ । फिर कैसा है ? 'स्वानुभूत्या चकासते'—अपनी ही अनुभवनरूप क्रिया से प्रकाश करता है—अपने को अपने द्वारा ही जानता है, प्रकट करता है । इस विशेषण से आत्मा को तथा ज्ञान को सर्वथा परोक्ष ही मानने वाले जैमिनीय–भट्ट–प्रभाकर भेद वाले मीमांसकों का व्यवच्छेद होता है । तथा ज्ञान अन्य ज्ञानकर जाना जाता है अपने को आप नहीं जानता ऐसा मानने वाले नैयायिकोंका प्रतिषेध होता है । फिर कैसा है ? 'सर्वभावांतरच्छिदे' अपने से अन्य सब जीव अजीव चराचर पदार्थों को उनके सब क्षेत्रकाल संबंधी सब विशेषणों के साथ एक ही समय जानने वाला है, तथा अपने चैतन्यस्वभाव से भिन्न रागद्वेषादि भावों को पृथक् करता है । इस विशेषण से सर्वज्ञ का अभाव मानने वाले मीमांसक आदि का निराकरण होता है । इन विशेषणों से अपने इष्टदेव समयसार को नमस्कार किया है ।

अनंतधर्मणस्तत्त्वं पश्यंती प्रत्यगात्मनः[1] ।
अनेकांतमयीमूर्तिर्नित्यमेव प्रकाशताम् ॥ २ ॥

सूत्रद्वयं । अतःपरं चतुर्थस्थले भेदाभेदरत्नत्रयभावनार्थं तथैव भावनाफलप्रतिपादनार्थं च 'णाणम्हि भावणा' इत्यादि सूत्रद्वयं । तदनंतरं पंचमस्थले निश्चयव्यवहारनयद्वयंव्याख्यानरूपेण 'ववहारोऽभूदत्थो' इत्यादिसूत्रद्वयं । एवं चतुर्दशगाथाभिः स्थलपंचकेन समयसारपीठिकाव्याख्याने समुदायपातनिका । तद्यथा—अथ प्रथमतस्तावद्गाथायाः पूर्वार्धेन मंगलार्थमिष्ट-देवतानमस्कारमुत्तरार्धेन तु समयसारग्रन्थव्याख्यानं करोमीत्यभिप्रायं मनसि धृत्वा सूत्रमिदं प्रतिपादयति :—

भावार्थ—यहां मंगल के लिए शुद्ध आत्मा को नमस्कार किया है। प्रश्न—किसी विशेष इष्टदेव का नाम लेकर नमस्कार क्यों नहीं किया ? समाधान—यह अध्यात्मग्रन्थ है, इसलिए इष्टदेव का सामान्य स्वरूप सर्व कर्मरहित सर्वज्ञ वीतराग शुद्ध आत्मा ही है, इसलिए समयसार कहने से इष्टदेव आ गया। किसी एक नाम लेने में अन्यमतवादी मतपक्ष का विवाद करते हैं उन सबका निराकरण इन कहे हुए विशेषणों से बतलाया गया है। अन्यवादी अपने इष्टदेव का नाम लेते हैं, उसमें इष्ट शब्द का अर्थ नहीं घटता, बाधायें आती हैं, और स्याद्वादी जैनियों के सर्वज्ञ, वीतराग, शुद्ध आत्मा इष्ट है, उसके नाम कथंचित् सभी सत्यार्थ होते हैं। इष्टदेव को परमात्मा कहो, परमज्योति कहो, परमेश्वर, शिव, निरंजन, निष्कलंक, अक्षय, अव्यय, शुद्ध, बुद्ध, अविनाशी, अनुपम, अच्छेद्य, अभेद्य, परमपुरुष, निराबाध, सिद्ध, सत्यात्मा, चिदानन्द, सर्वज्ञ, वीतराग, अर्हत्, जिन, आप्त, भगवान्, समयसार-इत्यादि सहस्रों नामों से कहो कुछ विरोध नहीं। परन्तु सर्वथा एकांतवादियों के यहां इन नामों में विरोध है। इसलिये इनका अर्थ यथार्थ समझना चाहिये।

प्रगटै निज अनुभव करै, सत्ता चेतन रूप ।
सब ज्ञाता लखिकैं नमौं, समयसार सब भूप ॥ ॥ १ ॥

आगे सरस्वती को नमस्कार करते हैं—"**अनंत**" इत्यादि। **अर्थ**—जिसमें अनेक अंत-धर्म हैं, ऐसा जो ज्ञान तथा वचन उस रूप मूर्ति नित्य ही प्रकाशरूप हो। वह मूर्ति ऐसी है कि जिसमें अनंत धर्म हैं ऐसा और प्रत्यक्—परद्रव्यों से, परद्रव्य के गुणपर्यायों से भिन्न तथा परद्रव्य के निमित्त से हुए अपने विकारों से कथंचित् भिन्न एकाकार ऐसा जो आत्मा उसके तत्त्व को अर्थात् असाधारण सजातीय विजातीय द्रव्यों से विलक्षण निज स्वरूप को अवलोकन करती है।

भावार्थ—यहां सरस्वती की मूर्ति को आशीर्वचनरूप नमस्कार किया है। जो लोक में सरस्वती की मूर्ति प्रसिद्ध है, वह यथार्थ नहीं है, इसलिये उसका यथार्थ वर्णन किया है। जो सम्यग्ज्ञान है, वह सरस्वती की सत्यार्थ मूर्ति है। उसमें भी सम्पूर्ण ज्ञान तो केवलज्ञान है जिसमें सब पदार्थ प्रत्यक्ष प्रतिभासित होते हैं, वही अनंत धर्मोंसहित आत्म तत्त्व को प्रत्यक्ष देखता है। और उसी के अनुसार श्रुतज्ञान

---

१. 'प्रत्यगात्मन्' शब्द वेदान्त और उपनिषद् में भी प्रयुक्त हुआ है। इसका अर्थ परमात्मा या समयसार ही है जिसे टीकाकार ने प्रथम श्लोक में प्रणाम किया है।

परपरिणतिहेतोर्मोहनाम्नोऽनुभावादविरतमनुभाव्यव्याप्तिकल्माषितायाः ।
मम परमविशुद्धिः शुद्धचिन्मात्रमूर्तेर्भवतु समयसारव्याख्ययैवानुभूतेः ॥ ३ ॥

'वंदित्तु' इत्यादि पदखंडनारूपेण व्याख्यानं क्रियते । **वंदित्तु** निश्चयनयेन स्वस्मिन्नेवाराध्याराधकभावरूपेण निर्विकल्पसमाधिलक्षणेन भावनमस्कारेण, व्यवहारेण तु वचनात्मकद्रव्यनमस्कारेण वंदित्वा । कान् । **सव्वसिद्धे** स्वात्मोपलब्धिसिद्धिलक्षणसर्वसिद्धान् । किंविशिष्टान् । **पत्ते** प्राप्तान् । कां ? **गदिं** सिद्धगतिं सिद्धपरिणतिं । कथंभूतां । **धुवं** टंको-

---

है, वह परोक्ष देखता है इसलिये यह भी उसी की मूर्ति है । तथा द्रव्यश्रुत वचनरूप है सो यह भी उसी की मूर्ति है क्योंकि वचनों द्वारा अनेक धर्म वाले आत्मा को यह बतलाती है । इस तरह सब पदार्थों के तत्व को जताने वाली ज्ञान रूप तथा वचनरूप अनेकांतमयी सरस्वती की मूर्ति है । इसी कारण सरस्वती के नाम 'वाणी, भारती, शारदा, वाग्देवी, आदि बहुत से कहे जाते हैं । यह अनंत धर्मों को स्यात्पद से एक धर्मी में अविरोध रूप साधती है इसलिये सत्यार्थ है । कितने ही अन्यवादी सरस्वती की मूर्ति को अन्यथा मानते हैं वह पदार्थ को सत्यार्थ कहने वाली नहीं है । **प्रश्न**—आत्मा का जो अनंतधर्मा विशेषण दिया है, उसमें अनंत धर्म कौन-कौन हैं ? उसका **उत्तर**—वस्तु में सत्व, वस्तुत्व, प्रमेयत्व, प्रदेशवत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तिमत्त्व, अमूर्तिमत्त्व इत्यादि धर्म तो गुण हैं और उन गुणों का तीनों कालों में समय समयवर्ती परिणमन होना पर्याय हैं, वे अनंत हैं । तथा एकत्व, अनेकत्व, नित्यत्व अनित्यत्व, भिन्नत्व, अभिन्नत्व, शुद्धत्व, अशुद्धत्व, आदि अनेक धर्म हैं, वे सामान्यरूप तो वचनगोचर हैं और विशेष रूप वचन के अविषय हैं, ऐसे वे अनंत हैं सो ज्ञानगम्य हैं । ऐसा होने पर आत्मा भी वस्तु है, उसमें भी अपने धर्म अनंत हैं । उसमें से चेतनत्व असाधारण है, यह दूसरे अचेतनद्रव्य में नहीं है । और सजातीय जीवद्रव्य अनंत हैं, उनमें भी चेतनत्व है तो भी निजस्वरूप से जुदा जुदा कहा है । क्योंकि प्रत्येक द्रव्य के प्रदेश भिन्न भिन्न हैं इसलिए किसी का प्रदेश किसी में नहीं मिलता । यह चेतनत्व अपने अनंतधर्मों में व्यापक है इस कारण इसी को आत्मा का तत्व कहा है । उसको यह सरस्वती की मूर्ति देखती है और दिखाती है । इसलिये इस सरस्वती को आशीर्वाद रूप वचन कहा है–जो सदा प्रकाशरूप रहे । इसी से सब प्राणियों का कल्याण होता है, ऐसा जानना ॥ २ ॥ आगे टीकाकार इस ग्रंथ के व्याख्यान करने के फल को चाहते हुए प्रतिज्ञा करते हैं—**'पर'** इत्यादि ।

अर्थ—श्रीमान् अमृतचंद्र आचार्य कहते हैं कि इस समयसार (शुद्धात्मा तथा ग्रंथ) की व्याख्या से ही मेरी अनुभूति—अनुभवनरूप परिणति की परम विशुद्धि-समस्त रागादि विभावपरिणतिरहित उत्कृष्ट निर्मलता हो जाय । यह मेरी परिणति ऐसी है कि परपरिणति का कारण जो मोहनीय कर्म, उसका अनुभाव—उदयरूप विपाक, उससे जो अनुभाव्य—रागादिक परिणामों की व्याप्ति है उससे निरंतर कल्माषित—मैली है । और मैं द्रव्यदृष्टि से शुद्ध चैतन्यमात्र मूर्ति हूं ।

भावार्थ—आचार्य कहते हैं कि शुद्धद्रव्यार्थिकनयकी दृष्टि से तो मैं शुद्धचैतन्यमात्र मूर्ति हूं । परन्तु मेरी परिणति मोहकर्म के उदय का निमित्त पाकर मैली है—रागादिरूप हो रही है । इसलिए इस आत्मा

अथ सूत्रावतारः—

वंदित्तु सव्वसिद्धे धुवमचलमणोवमं गइं पत्ते ।
वोच्छामि समयपाहुडमिणमो सुयकेवलीभणियं ॥ १ ॥

वंदित्वा सर्वसिद्धान् ध्रुवामचलामनौपम्यां गतिं प्राप्तान् ।
वक्ष्यामि समयप्राभृतमिदं अहो श्रुतकेवलिभणितम् ॥ १ ॥

'वंदित्तु' इत्यादि । अथ प्रथमत एव स्वभावभावभूततया ध्रुवत्वमवलंबमानामनादिभावांतरपरपरिवृत्तिविश्रांतिवशेनाचलत्वमुपगतामखिलोपमानविलक्षणाद्भुतमाहात्म्यत्वेनाविद्यमानौपम्यामपवर्गसंज्ञिकां गतिमापन्नान् भगवतः सर्वसिद्धान् सिद्धत्वेन साध्यस्यात्मनः प्रतिच्छंदस्थानीयान् भावद्रव्यस्तवाभ्यां स्वात्मनि परात्मनि च [1]निधायानादिनिधनश्रुतप्रकाशितत्वेन निखिलार्थसार्थसाक्षात्कारिकेवलिप्रणीतत्वेन श्रुतकेवलिभिः स्वयमनुभवद्भिरभिहितत्वेन च प्रमाणतामुपगतस्यास्य

टंकोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभावत्वेन ध्रुवामविनश्वरां । **अमलं** भावकर्मद्रव्यकर्मनोकर्ममलरहितत्वेन शुद्धस्वभावसहितत्वेन च निर्मलां । अथवा **अचलं** इति पाठांतरे द्रव्यक्षेत्रादिपंचप्रकारसंसारभ्रमणरहितत्वेन स्वस्वरूपनिश्चलत्वेन च चलनरहितामचलां । **अणोवमं** निखिलोपमानरहितत्वेन निरुपमामद्भुतस्वस्वभावसहितत्वेन अनुपमां । एवं पूर्वार्धेन नमस्कारं कृत्वापरार्धेन संबंधाभिधेयप्रयोजनसूचनार्थं प्रतिज्ञां करोति । **वोच्छामि** वक्ष्यामि । किं **समयपाहुडं** समयप्राभृतं सम्यग् अयः बोधो यस्य भवति स समय आत्मा, अथवा समं एकीभावेनायनं गमनं समयः । प्राभृतं सारं सारः शुद्धावस्था समयस्यात्मनः प्राभृतं समयप्राभृतं, अथवा समय एव प्राभृतं समयप्राभृतं । **इणं** इदं प्रत्यक्षीभूतं **ओ** अहो भव्याः । कथंभूतं । **सुदकेवली-**

के शुद्ध कथन रूप जो यह समयसार ग्रंथ है उसकी टीका करने का फल यह चाहता हूँ कि मेरी परिणति रागादिक से रहित होकर शुद्ध हो, मुझे शुद्धस्वरूप की प्राप्ति हो, दूसरा कुछ भी ख्याति, लाभ, पूजादिक नहीं चाहता । इस प्रकार आचार्य ने टीका करने की प्रतिज्ञा द्वारा इस फल की प्रार्थना की है ।

आगे मूलगाथाकार श्रीकुंदकुंदाचार्य ग्रंथ की आदि में मंगलपूर्वक प्रतिज्ञा करते हैं;—

आचार्य कहते हैं, मैं **[ध्रुवां]** ध्रुव **[अचलां]** अचल और **[अनौपम्यां]** अनुपम **[गतिं]** गति को **[प्राप्तान्]** प्राप्त हुए ऐसे **[सर्वसिद्धान्]** सभी सिद्धों को **[वंदित्वा]** नमस्कार कर, **[अहो]** हे भव्यो, **[श्रुतकेवलिभणितं]** श्रुतकेवलियों द्वारा कहे हुए **[इदं]** इस **[समयप्राभृतं]** समयसार नामक प्राभृत को **[वक्ष्यामि]** कहूँगा ॥

[टीका]—यहाँ अथ शब्द मंगल के अर्थ को सूचित करता है । और प्रथमत एव ग्रंथ की आदि में सब सिद्धों को भाव-द्रव्यस्तुतिकर—अपने आत्मा में और परके आत्मा में स्थापन कर इस समय नामक प्राभृतका (हम) भाववचन और द्रव्यवचन द्वारा परिभाषण आरंभ करते हैं । इस प्रकार श्रीकुंदकुंदा-

---

१. 'निखाय' यह भी पाठ है ।

समयप्रकाशकस्य प्राभृताह्वयस्यार्हत्प्रवचनावयवस्य स्वपरयोरनादिमोहप्रहाणाय भाववाचा द्रव्य-वाचा च परिभाषणमुपक्रम्यते ॥ १॥

भणिदं प्राकृतलक्षणबलात्केवलीवाव्यवीर्घत्वं । श्रुते परमागमे केवलिभि: सर्वज्ञैर्भणितं श्रुतकेवलिभणितं । अथवा श्रुतकेव-लिभणितं गणधरदेवकथितमिति । संबंधाभिधेयप्रयोजनानि कथ्यंते—व्याख्यानं वृत्तिग्रंथ: व्याख्येयं तत्प्रतिपादकसूत्रमिति तयोस्संबंधो व्याख्यानव्याख्येयसंबंध: । सूत्रमभिधानं सूत्रार्थोऽभिधेय: तयो: संबंधोऽभिधानाभिधेयसंबंध: । निर्विकारस्व-संवेदनज्ञानेन शुद्धात्मपरिज्ञानं प्राप्तिर्वा प्रयोजनमित्यभिप्राय: ॥ १ ॥ अथ गाथापूर्वार्द्धेन स्वसमयमपरार्धेन परसमयं च कथयामीत्यभिप्रायं मनसि संप्रधार्य सूत्रमिदं निरूपयति :—

चार्य कहते हैं। वे सिद्धभगवान् सिद्धनाम से साध्य जो आत्मा उसके प्रतिच्छन्द के स्थान—आदर्श हैं। जिनका स्वरूप संसारी भव्यजीव चिंतवनकर, उनके समान अपने स्वरूप का ध्यान कर उन्हीं के समान हो जाते हैं। और चारों गतियों से विलक्षण जो पंचमगति मोक्ष, उसे पा लेते हैं। वह पंचमगति स्वभाव से उत्पन्न हुई है इसलिये ध्रुवरूप का अवलम्बन करती है। इस विशेषण से चारों गतियां परनिमित्त से होती हैं इसलिये ध्रुव नहीं हैं, विनश्वर हैं इसलिये चारों गतियों से पृथक्पना सिद्ध हुआ। वह गति अनादिकाल से अन्य भाव के निमित्त से हुए पर में भ्रमण की विश्रांति (अभाव) के वश से अचल दशा को प्राप्त हुई है। इस विशेषण से चारों गतियों में परनिमित्त से भ्रमण होने का व्यवच्छेद हुआ। जगत में समस्त जो उपमायोग्य पदार्थ हैं, उनसे विलक्षण है—अद्भुत माहात्म्य के कारण जो किसी की उपमा नहीं पा सकती। इस विशेषण से चारों गतियों में परस्पर कथंचित् समानता भी पायी जाती है इसका निराकरण हुआ। वह अपवर्ग रूप है। धर्म अर्थ और काम इस त्रिवर्ग में न होने से वह मोक्ष-गति अपवर्ग कही गई है। ऐसी पंचमगति को सिद्ध भगवान् प्राप्त हुए हैं। कैसा है समयप्राभृत? अनादिनिधन परमागम शब्द-ब्रह्म द्वारा प्रकाशित होने से तथा सब पदार्थों के समूह के साक्षात् करने वाले केवली भगवान् सर्वज्ञ के द्वारा प्रणीत होने से और केवलियों के निकटवर्ती साक्षात् सुनने वाले और स्वयं अनुभव करने वाले ऐसे श्रुतकेवली गणधर देवों के द्वारा कहे जाने से जो प्रमाणता को प्राप्त हुआ है, वह अन्यवादियों के आगम की तरह छद्मस्थ (अल्पज्ञानी) का ही कल्पना किया हुआ नहीं है, जिससे कि अप्रमाण हो। तथा समय अर्थात् सर्व पदार्थ अथवा जीव पदार्थ का प्रकाशक है। और अरहंत भगवान् के परमागम का अवयव (अंश) है। ऐसे समयप्राभृत का अनादिकाल से उत्पन्न हुए अपने और पर के मोह—अज्ञान मिथ्यात्व के नाश होने के लिये मैं परिभाषण (व्याख्यान) करूंगा॥

भावार्थ—यहांपर गाथासूत्र में आचार्य ने "वक्ष्यामि" क्रिया कही है, उसका अर्थ टीकाकार ने "वच् परिभाषणे" धातु से परिभाषण लेकर किया है। उसका आशय ऐसा सूचित होता है कि जो चौदहपूर्व में ज्ञानप्रवाद नामा छठे पूर्व के बारह 'वस्तु' अधिकार हैं, उनमें भी एक एक के बीस-बीस प्राभृत अधिकार हैं, उनमें दशवें वस्तु में समय नामा जो प्राभृत है, उसका परिभाषण आचार्य करते हैं। सूत्रों की दश जातियां कहीं गई हैं, उनमें एक परिभाषा जाति भी है। जो अधिकार को यथास्थान सूचना करे, वह परिभाषा कही जाती है। इस समय नामा प्राभृत के मूलसूत्रों का ज्ञान तो पहले बड़े

तत्र तावत्समय एवाभिधीयते :—

जीवो चरित्तदंसणणाणट्ठिउ तं हि ससमयं जाण ।
पुग्गलकम्मपदेसट्ठियं च तं जाण परसमयं ॥ २ ॥

जीवः चरित्रदर्शनज्ञानस्थितः तं हि स्वसमयं जानीहि ।
पुद्गलकर्मप्रदेशस्थितं च तं जानीहि परसमयम् ॥ २ ॥

योऽयं नित्यमेव परिणामात्मनि स्वभावेऽवतिष्ठमानत्वात् उत्पादव्ययध्रौव्यैक्यानुभूतिलक्षणया सत्तयानुस्यूतश्चैतन्यस्वरूपत्वान्नित्योदितविशददृशिज्ञप्तिज्योतिरनंतधर्माधिरूढैकधर्मित्वादुद्योतमानद्रव्यत्वः क्रमाक्रमप्रवृत्तविचित्रभावस्वभावत्वादुत्संगितगुणपर्यायः स्वपराकारावभासनसमर्थत्वादु-

---

'जीवो चरित्त' इत्यादि जीवो शुद्धनिश्चयेन शुद्धबुद्धैकस्वभावनिश्चयप्राणेन तथैवाशुद्धनिश्चयेन क्षायोपशमिकाशुद्धभावप्राणैरसद्भूतव्यवहारेण यथासंभवद्रव्यप्राणैश्च जीवति जीविष्यति जीवितपूर्वो वा जीवः । चरित्तदंसणणाणट्ठिद तं हिं ससमयं जाण स च जीवश्चारित्रदर्शनज्ञानस्थितो यदा भवति तदा काले तमेव जीवं हि

आचार्यों को था और उसके अर्थ का ज्ञान आचार्यों की परिपाटी के अनुसार श्रीकुंदकुंदाचार्य को था। इसलिये उन्होंने ये समयप्राभृत के परिभाषासूत्र रचे हैं। वे उस प्राभृत के अर्थ को ही सूचित करते हैं। ऐसा जानना। मंगल के लिये सिद्धों को जो नमस्कार किया और उनका 'सर्व' ऐसा विशेषण दिया, इससे वे सिद्ध अनंत हैं ऐसा अभिप्राय दिखलाया और 'शुद्ध आत्मा एक ही है' ऐसा कहने वाले अन्यमतियों का व्यवच्छेद किया। संसारी के शुद्ध आत्मा साध्य है, वह शुद्धात्मा साक्षात् सिद्ध हैं, उनको नमस्कार करना उचित ही है। किसी इष्ट देव का नाम नहीं कहा उसके विषय में जैसा टीकाकार के मंगलाचरण में कहा गया है वैसा यहां भी जानना। श्रुतकेवली शब्द के अर्थ में श्रुत तो अनादिनिधन प्रवाहरूप आगम है और केवली शब्द से सर्वज्ञ तथा परमागम के जानने वाले श्रुतकेवली हैं, उनसे समयप्राभृत की उत्पत्ति कही गई है। इससे ग्रंथ की प्रामाणिकता दिखलाई, और अपनी बुद्धि से कल्पित होने का निषेध किया गया है। अन्यवादी छद्मस्थ (अल्पज्ञानी) अपनी बुद्धि से पदार्थ का स्वरूप अन्य प्रकार से कहकर विवाद करते हैं, उनकी असत्यार्थता बतलाई है। इस ग्रंथ के अभिधेय, संबंध और प्रयोजन तो प्रकट ही हैं। अभिधेय तो शुद्ध आत्मा का स्वरूप है, उसके वाचक इस ग्रंथ में शब्द हैं, उनका वाच्यवाचक रूप संबंध है और शुद्धात्मा के स्वरूप की प्राप्ति होना प्रयोजन है। इस तरह प्रथम गाथासूत्र का तात्पर्यार्थ जानना ॥ १ ॥

प्रथमगाथा में समय के प्राभृत कहने की प्रतिज्ञा की थी वहां यह जिज्ञासा हुई कि समय क्या है इसलिये प्रथम ही समय का स्वरूप कहते हैं:—हे भव्य, जो [जीवः] जीव [चरित्रदर्शनज्ञानस्थितः] दर्शन, ज्ञान और चारित्र में स्थित हो रहा है [तं] उसे [हि] निश्चय से [स्वसमयं] स्वसमय [जानीहि] जानो। [च] और जो जीव [पुद्गलकर्मप्रदेशस्थितं] पुद्गलकर्म के प्रदेशों में स्थित है [तं] उसे [परसमयं] पर समय [जानीहि] जानो।

पाचत्वैश्वरूप्यैकरूपः प्रतिविशिष्टावगाहगतिस्थितिवर्त्तनानिमित्तत्वरूपित्वाभावादसाधारणचिद्रूपतास्वभावसद्भावाच्चाकाशधर्माधर्मकालपुद्गलेभ्यो भिन्नोऽत्यंतमनंतद्रव्यसंकरेऽपि स्वरूपादप्रच्यवनात् टंकोत्कीर्णचित्स्वभावो जीवो नाम पदार्थः स समयः, समयत एकत्वेन युगपज्जानाति गच्छति चेति निरुक्तेः। अयं खलु यदा सकलभावस्वभावभासनसमर्थविद्यासमुत्पादकविवेकज्योतिरुद्गमनात्समस्तपरद्रव्यात्प्रच्युत्य दृशिज्ञप्तिस्वभावनियतवृत्तिरूपात्मतत्त्वैकत्वगतत्वेन वर्त्तते तदा दर्शनज्ञानचारित्रस्थितत्वात्स्वमेकत्वेन युगपज्जानन् गच्छंश्च स्वसमय इति। यदा त्वनाद्यविद्याकंदलीमूलकंदायमानमोहानुवृत्तितंत्रतया दृशिज्ञप्तिस्वभावनियतवृत्तिरूपादात्मतत्वात्प्रच्युत्य परद्रव्यप्रत्ययमोहरागद्वेषादिभावैकत्वगतत्वेन वर्त्तते तदा पुद्गलकर्मप्रदेशस्थितत्वात्परमेकत्वेन युगपज्जानन् गच्छंश्च परसमय इति प्रतीयते। एवं किल समयस्य द्वैविध्यमुद्धावति ॥ २ ॥

स्फुटं स्वसमयं जानीहि। तथाहि—विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावे निजपरमात्मनि यद्रुचिरूपं सम्यग्दर्शनं तत्रैव रागादिरहितस्वसंवेदनं ज्ञानं तथैव निश्चलानुभूतिरूपं वीतरागचारित्रमित्युक्तलक्षणेन निश्चयरत्नत्रयेण परिणतजीवपदार्थं हे शिष्य स्वसमयं जानीहि। **पुग्गलकम्मुवदेसट्ठिदं च तं जाण परसमयं** पुद्गलकर्मोपदेशस्थितं च तमेव जानीहि परसमयं। तद्यथा—पुद्गलकर्मोदयेन जनिता ये नारकाद्युपदेशा व्यपदेशाः संज्ञाः पूर्वोक्तनिश्चयरत्नत्रयाभावात्तत्र यदा स्थितो भवत्ययं

टीका—जो यह जीव नामक पदार्थ है वह ही समय है। क्योंकि समय शब्द का ऐसा अर्थ है—'सम्' तो उपसर्ग और 'अय गतौ' धातु है उसका गमन अर्थ भी है तथा ज्ञान अर्थ भी है, 'सम्' का अर्थ एक साथ है। इसलिए एक काल में ही जानना और परिणमन करना—ये दो क्रियायें जिसमें हों वह समय है। यह जीव पदार्थ एक काल में ही परिणमन करता है और जानता भी है इसलिए यही समय है। इस तरह दो क्रियायें एक काल में होती हैं। वह समय नामक जीव नित्य ही परिणमन स्वभाव में रहने से उत्पाद व्यय ध्रौव्य की एकतारूप-अनुभूति लक्षण वाली सत्ता से युक्त है। इस विशेषण से जीव की सत्ता नहीं मानने वाले नास्तिक वादियों का मत खंडित हुआ। तथा पुरुष को (जीव को) अपरिणामी मानने वाले सांख्यों का व्यवच्छेद उसे परिणमन स्वभावी कहने से हुआ। नैयायिक और वैशेषिक सत्ता को नित्य मानते है तथा बौद्ध सत्ता को क्षणिक मानते हैं, उन दोनों का निराकरण उत्पाद व्यय ध्रौव्यरूप कहने से हुआ; वह चैतन्यस्वरूपी होने से नित्य उद्योत रूप निर्मल दर्शनज्ञान-ज्योतिस्वरूप है—चैतन्य का परिणमन दर्शन-ज्ञानस्वरूप है। इस विशेषण से चैतन्य को ज्ञानाकारस्वरूप नहीं मानने वाले सांख्यों का निराकरण हुआ; अनंतधर्मों में रहने वाला जो एक धर्मी उससे उसका द्रव्यत्व प्रकट हुआ है, क्योंकि अनंतधर्मों की एकता ही द्रव्यत्व है। इस विशेषण से वस्तु को धर्मों से रहित मानने वाले बौद्धों का निषेध हुआ; क्रमरूप और अक्रमरूप प्रवृत्त हुए जो अनेक भाव उस स्वभाव युक्त होने से उसने गुणपर्यायों को अंगीकार किया है। पर्याय तो क्रमवर्ती हैं और गुण सहवर्ती होते हैं और सहवर्ती को अक्रमवर्ती भी कहते हैं। इस विशेषणसे पुरुष को निर्गुण मानने वाले सांख्यादिकों का निरास हुआ। अपने और अन्य द्रव्यों के आकार के प्रकाशन करने में समर्थ होने से उसने समस्तरूप के झलकाने वाली एकरूपता पा ली है अर्थात् जिसमें अनेक वस्तुओं का आकार झल-

जीवस्तदा तं जीवं परसमयं जानीहीति स्वसमयपरसमयलक्षणं ज्ञातव्यं ।। २ ।। अथ स्वगुणैकत्वनिश्चयगतशुद्धात्मैवोपादेयः कर्मबंधेन सहैकत्वगतो हेय इति, अथवा स्वसमय एव शुद्धात्मनः स्वरूपं न पुनः परसमय इत्यभिप्रायं मनसि धृत्वा, अथवास्य सूत्रस्यानंतरं सूत्रमिदमुचितं भवतीति निश्चित्य विवक्षितसूत्रं प्रतिपादयति;—इति पातनिकालक्षणं सर्वत्र ज्ञातव्यं ।

कता है, ऐसे एक ज्ञान के आकाररूप है । इस विशेषण से ज्ञान अपने को ही जानता है, पर को नहीं जानता, ऐसे एकाकार मानने वाले का तथा अपने को नहीं जानता, पर को जानता है, ऐसे अनेकाकार ही मानने वाले का व्यवच्छेद हुआ; पृथक् पृथक् जो अवगाहन, गति, स्थिति और वर्त्तना की हेतुता तथा रूपित्वरूप जो द्रव्यों के गुण उनके अभाव से और असाधारण चैतन्यरूप स्वभाव के सद्भाव से–आकाश, धर्म, अधर्म, काल और पुद्गल–इन पांच द्रव्यों से भिन्न है, इस विशेषण से एक ब्रह्मवस्तु को ही माननेवाले का व्यवच्छेद हुआ। वह अनंत अन्य द्रव्यों से अत्यंत एकक्षेत्रावगाहरूप होनेपर भी अपने स्वरूप से न छूटने से टंकोत्कीर्ण चैतन्य-स्वभावरूप है, इस विशेषण से वस्तु स्वभाव का नियम बतलाया है । ऐसा जीव नामक पदार्थ **समय** है । जब यह सब पदार्थों के स्वभाव के प्रकाशने में समर्थ ऐसे केवल ज्ञान को उत्पन्न करने वाली भेदज्ञान ज्योति के उदय होने से सब पर द्रव्यों से पृथक् होकर दर्शन-ज्ञान में निश्चित प्रवृत्तिरूप आत्मतत्त्व से एकत्वरूप होकर प्रवृत्ति करता है, तब दर्शन-ज्ञान-चारित्र में स्थिर होने से अपने स्वरूप को एकत्वरूप से एक काल में जानता तथा परिणमन करता हुआ **स्वसमय** कहलाता है । और जब यह अनादि अविद्या रूप मूल वाले कंद के समान मोह के उदय के अनुसार प्रवृत्ति की आधीनता से दर्शन-ज्ञान स्वभाव में निश्चित वृत्तिरूप आत्म-स्वरूप से छूट परद्रव्य के निमित से उत्पन्न मोह, राग द्वेषादि भावों में एकरूप हो प्रवृत्त होता है, तब पुद्गल के कार्मण प्रदेशों में स्थित होने से परद्रव्य को अपने से अभिन्न, एक काल में जानता है तथा रागादि रूप परिणमन करता है, अतः **परसमय** ऐसी प्रतीति होती है । इस तरह इस जीवनामक पदार्थ के स्वसमय और परसमय ऐसे दो भेद प्रकट होते हैं ।

भावार्थ—जीवनामक वस्तु का पदार्थ कहा है । वह इस प्रकार है कि पद तो 'जीव' ऐसे अक्षर समूह रूप है और इस पद से जो द्रव्यपर्याय रूप अनेकांत स्वरूप निश्चित किया जाय, वह पदार्थ है । ऐसा पदार्थ उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यमयी सत्ता स्वरूप है । दर्शनज्ञानमय चेतना स्वरूप है, अनंत धर्म स्वरूप द्रव्य है (और जो द्रव्य है, वह वस्तु है, गुण-पर्यायवान् है) वह स्वपर प्रकाशक ज्ञान अनेकाकाररूप एक है, आकाशादिक से भिन्न असाधारण चैतन्यगुण स्वरूप है और यद्यपि वह अन्य द्रव्यों से एक क्षेत्रावगाह रूप स्थित है तो भी अपने स्वरूप को नही छोड़ता । ऐसा जीवनामक पदार्थ समय है । जब यह अपने स्वभाव में स्थित होता है, तब तो स्वसमय है और जब पौद्गलिक कर्मप्रदेशों में स्थित होता हुआ पर-स्वभाव—रागद्वेष-मोह-स्वरूप परिणमन करता है तब परसमय है । ऐसे इस जीव के द्विविधता आती है ।। २ ।।

आगे आचार्य कहते हैं कि समय की द्विविधता ठीक नहीं है क्योंकि वह बाधा सहित है वास्तव में समय का एकत्व होना ही प्रयोजनीय है । समय के एकत्व से ही यह जीव शोभा पा सकता है

अथैतद् बाध्यते;—

एयत्तरिणच्छयगओ समओ सव्वत्थ सुंदरो लोए ।
बंधकहा एयत्ते तेरण विसंवादिरणी होई ॥ ३ ॥

एकत्वनिश्चयगतः समयः सर्वत्र सुंदरो लोके ।
बंधकथैकत्वे तेन विसंवादिनी भवति ॥ ३ ॥

समयशब्देनात्र सामान्येन सर्व एवार्थोऽभिधीयते। समयत एकीभावेन स्वगुणपर्यायान् गच्छतीति निरुक्तेः। ततः सर्वत्रापि धर्माधर्माकाशकालपुद्गलजीवद्रव्यात्मनि लोके ये यावंतः केचनाप्यर्थास्ते सर्व एव स्वकीयद्रव्यांतर्मग्नानंतस्वधर्मचक्रचुंबिनोपि परस्परमचुम्बिनोऽत्यंतप्रत्यासत्तावपि नित्यमेव स्वरूपादपतंतः पररूपेणापरिणमनादविनष्टानंतव्यक्तित्वाट्टंकोत्कीर्णा इव तिष्ठंतः समस्तविरुद्धाविरुद्धकार्यहेतुतया शश्वदेव विश्वमनुगृह्णन्तो नियतमेकत्वनिश्चयगतत्वेनैव सौंदर्यमापद्यंते। प्रकारान्तरेण सर्वसंकरादिदोषापत्तिः। एवमेकत्वे सर्वार्थानां प्रतिष्ठिते सति जीवाह्वयस्य समयस्य बंधकथाया एव विसंवादापत्तिः। कुतस्तन्मूलपुद्गलकर्मप्रदेशस्थितत्वमूलपरसमयोत्पादितमेतस्य द्वैविध्यं। अतः समयस्यैकत्वमेवावतिष्ठते ॥ ३ ॥

एयत्तरिणच्छयगदो स्वकीयशुद्धगुणपर्यायपरिणतः, अभेदरत्नत्रयपरिणतो वा एकत्वनिश्चयगतः **समओ** समयशब्देनात्मा, कस्माद्धेतोः। सम्यगयते गच्छति परिणमति। कान्? स्वकीयगुणपर्यायानिति व्युत्पत्तेः। **सव्वत्थसुंदरो** सर्वत्र समीचीनः। क्व? **लोगे** लोके अथवा सर्वत्रैकेंद्रियाद्यवस्थासु शुद्धनिश्चयनयेन सुंदर उपादेय इति। **बंधकहा** कर्मबंधजनितगुणस्थानादिपर्यायाः **एयत्ते** एकत्वे तन्मयत्वे या बंधकथा प्रवर्तते **तेरण** तेन पूर्वोक्तजीवपदार्थेन सह सा

[एकत्वनिश्चयगतः] एकत्व निश्चय में प्राप्त जो [समयः] समय है वह [सर्वत्र लोके] सब लोक में [सुंदरः] सुंदर है [तेन] इसलिए [एकत्वे] एकत्व में [बंधकथा] दूसरे के साथ बंध की कथा [विसंवादिनी] निंदा कराने वाली [भवति] है।

टीका—यहां समय शब्द से सामान्यतया सभी पदार्थ कहे जाते हैं क्योंकि समय शब्द का अक्षरार्थ ऐसा है कि 'समयते' अर्थात् एकीभाव से अपने गुणपर्यायों को प्राप्त हुआ जो परिणमन करे, वह समय है। इसलिए सब ही धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल, और जीवद्रव्य स्वरूप लोक में जो कुछ पदार्थ हैं, वे सभी यद्यपि अपने द्रव्य में अंतर्मग्न हुए अपने अनंत धर्मों का स्पर्श करते हैं तो भी परस्पर में एक दूसरे का स्पर्श नहीं करते। और अत्यंत निकट एक क्षेत्रावगाह रूप स्थित हैं तो भी सदा काल निश्चय से अपने स्वरूप से च्युत नहीं होते, इसीलिए विरुद्धकार्य—स्वभाव से विपरीत कार्य और अविरुद्ध कार्य—स्वभाव रूप कार्य इन दोनों हेतुओं से सदा सब परस्पर का उपकार करते हैं। परन्तु निश्चय से एकत्व के निश्चय को प्राप्त होने से ही सुंदरता पाते हैं। क्योंकि जो अन्य प्रकार हो जायें तो संकर व्यतिकर आदि सभी दोष उसमें आजावें।

तथैतदसुलभत्वेन विभाव्यते:—

सुदपरिचिदाणुभूया सव्वस्स वि कामभोगबंधकहा।
एयत्तस्सुवलंभो णवरि ण सुलहो विहत्तस्स ॥ ४ ॥

श्रुतपरिचितानुभूता सर्वस्यापि काममोगबंधकथा।
एकत्वस्योपलंभः केवलं न सुलभो विभक्तस्य ॥ ४ ॥

इह सकलस्यापि जीवलोकस्य संसारचक्रक्रोडाधिरोपितस्याश्रांतमनंतद्रव्यक्षेत्रकालभवभावपरावर्तैः समुपक्रांतभ्रांतेरेकच्छत्रीकृतविश्वतया महता मोहग्रहेण गोरिव वाह्यमानस्य प्रसभोज्जृंभिततृष्णातंकत्वेन व्यक्तांतर्माधिस्योत्तम्योत्तम्य[१] मृगतृष्णायमानं विषयग्राममुपरुन्धानस्य परस्परमाचार्यत्वमाचरतोऽनंतशः श्रुतपूर्वानंतशः परिचितपूर्वानंतशोऽनुभूतपूर्वा चैकत्वविरुद्धत्वेनात्यंतविसंवादिन्यपि

विसंवादिणी विसंवादी कोऽर्थः ? विसंवादिनीकथा। प्राकृतलक्षणबलात् पुंल्लिगे स्त्रीलिंगनिर्देशः। विसंवादिनी असत्या **होदि** भवति। शुद्धनिश्चयनयेन शुद्धजीवस्वरूपं न भवतीत्यर्थः। ततः स्थितं स्वसमय एवात्मनः स्वरूपमिति ॥ ३ ॥ अथैकत्वपरिणतं शुद्धात्मस्वरूपं सुलभं न भवतीत्याख्याति—"सुदपरिचिदाणुभूया" इत्यादि।

सुदा श्रुता अनंतशो भवति। **परिचिदा** परिचिता सा पूर्वमनंतशो भवति। **अणुभूदा** अनुभूतानंतशो भवति। कस्य। **सव्वस्सवि** सर्वस्यापि जीवलोकस्य। कासौ ? **कामभोगबंधकहा** कामरूपभोगाः कामभोगाः अथवा कामशब्देन स्पर्शनरसनेंद्रियद्वयं भोगशब्देन घ्राणचक्षुःश्रोत्रत्रयं तेषां कामभोगानां बंधः संबंधस्तस्य कथा। अथवा बंधशब्देन

इस तरह सब पदार्थों का भिन्न भिन्न एकत्व सिद्ध होने पर जीव नामक समय को बंध की कथा से विसंवाद की आपत्ति होती है। क्योंकि बंधकथा का मूलकारण जो पुद्गल कर्म के प्रदेशों में स्थितरूप परसमयता से पैदा हुई, जीव में परसमय, स्वसमयरूप द्विविधता आती है। अतः समय का एकत्व होना ही सिद्ध होता है।

भावार्थ—निश्चय से सब पदार्थ अपने अपने स्वभाव में ठहरते हुए शोभा पाते हैं। परन्तु जीव नामक पदार्थ की अनादिकाल से पुद्गल कर्म के साथ बंधअवस्था है, उससे इस जीव में विसंवाद खड़ा होता है, इसलिए शोभा नहीं पाता। अतः एकत्व होना ही अच्छा है, उसी से यह जीव शोभा पा सकता है।३।

आगे कहते हैं कि इस एकत्व को प्राप्त कर लेना ही अच्छा है:—**[सर्वस्य अपि]** सब ही लोकों के **[कामभोगबंधकथा]** काम-भोग-विषयक बंधकी कथा तो **[श्रुतपरिचितानुभूता]** सुननेमें आगई है, परिचय में आ गई है और अनुभव में भी आयी हुई है इसलिए सुलभ है। **[नवरि]** किन्तु केवल **[विभक्तस्य]** भिन्न आत्मा का **[एकत्वस्य उपलंभः]** एकत्व कभी न सुना, न परिचय में आया और न अनुभव में आया इसलिए **[न सुलभः]** एक वही सुलभ नहीं है।

---

[१] समस्त प्राचीन लिखित प्रतियों में 'व्यक्तान्तर्माधस्य' ऐसा पाठ है; किन्तु समस्तमुद्रित प्रतियोंमें 'व्यक्तान्ताराधेः' यह पाठ है। दोनों के अर्थ समान हैं।

कामभोगानुबद्धा कथा । इदं तु नित्यव्यक्ततयांतःप्रकाशमानमपि कषायचक्रेण सहैकीक्रियमाणत्वादत्यंततिरोभूतं सत्स्वस्यानात्मज्ञतया परेषामात्मज्ञानामनुपासनाच्च न कदाचिदपि श्रुतपूर्वं न कदाचिदपि परिचितपूर्वं न कदाचिदप्यनुभूतपूर्वं च निर्मलविवेकालोकविविक्तं केवलमेकत्वं । अत एकत्वस्य न सुलभत्वम् ॥ ४ ॥

प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबंधास्तत्फलं च नरनारकादिरूपं भण्यते । कामभोगबन्धाना कथा कामभोगबंधकथा, यतः पूर्वोक्तप्रकारेण श्रुतपरिचितानुभूता भवति ततो न दुर्लभा किन्तु सुलभैव । **एयत्तस्स** एकत्वस्य सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रैक्यपरिणतिरूपनिर्विकल्पसमाधिबलेन स्वसंवेद्यशुद्धात्मस्वरूपस्य तस्यैकत्वस्य **उवलंभो** उपलंभः प्राप्तिर्लाभः **णवरि** केवलं अथवा नवरि किंतु **ण सुलभो** नैव सुलभः । कथंभूतस्यैकत्वस्य । **विभत्तस्स** विभक्तस्य रागादिविरहितस्य । कथं न सुलभ इति चेत्, श्रुतपरिचितानुभूतत्वाभावादिति ॥ ४ ॥ अथ यस्मादेकत्वं सुलभं न भवति तस्मात्तदेव कथ्यतेः—

तं तत्पूर्वोक्तं **एयत्तविभत्तं** एकत्वविभक्तं अभेदरत्नत्रयैकपरिणतं मिथ्यात्वरागादिरहितं परमात्मस्वरूप-

---

टीका—यद्यपि इस समस्त जीवलोक को कामभोग विषयक कथा एकत्व के विरुद्ध होने से अत्यंत विसंवाद करानेवाली है—आत्माका अत्यंत बुरा करनेवाली है, तो भी वह अनंतवार पहले सुनने में आई है, अनंतवार परिचय में आई है और अनंतवार अनुभव में भी आचुकी है । यह जीव लोक संसाररूपी चक्र के मध्य में स्थित है, जो निरंतर अनंतवार द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावरूप परावर्तन करने से भ्रमण करता रहता है, समस्त लोक को एकछत्र राज्य से वश करने वाले बलवान् मोह रूपी पिशाच से बैल की भांति जोता जाता है, वेग से बढ़ी हुई तृष्णा रूपी रोग के संताप से जिसके अंतरंग में क्षोभ और पीडा हुई है, मृग की तृष्णाके समान श्रान्त-संतप्त होकर इंद्रियों के विषयों की ओर दौड़ता है । इतना ही नही, आपस में आचार्यत्व भी करता है अर्थात् दूसरे को भी कह कर अंगीकार कराता है । इसलिए काम-भोग की कथा तो सबको सुख से प्राप्त है । तथा भिन्न आत्मा का जो एकत्व है, वह यद्यपि सदा प्रकटरूप से अंतरंग में प्रकाशमान है, तो भी वह कषायों के साथ एक रूप सरीखा हो रहा है, इसलिए उसका अत्यंत तिरोभाव होरहा है–आच्छादित है । इस कारण अपने में अनात्मज्ञता होने से कभी अपने को स्वयं भी नहीं जाना और दूसरे आत्मा के जानने वालों की संगति–सेवा भी नहीं की । इसलिए वह एकत्व की कथा न कभी सुनने में आई, न परिचय में आई और न कभी अनुभव मे ही आई । यद्यपि वह एकत्व निर्मलभेदज्ञान रूप प्रकाश के द्वारा प्रकट देखने में आता है, तो भी पूर्वोक्त कारणों से इस भिन्न आत्मा का एकत्व दुर्लभ है ।

भावार्थ—इस लोक में सभी जीव संसार रूप चक्र पर चढ़े पांच परावर्तन रूप भ्रमण करते हैं । वहां पर मोहकर्म के उदय रूप पिशाच से जोते जाते हैं, इसी कारण से विषयों की तृष्णा रूप दाह से पीड़ित होते हैं । उसमें भी उस दाह की शान्ति का उपाय इन्द्रियों के रूपादि विषयों को जान कर उनकी ओर दौड़ते हैं । और परस्पर में भी विषयों का ही उपदेश करते हैं । इसलिये काम (विषयों की इच्छा) तथा भोग (उनका भोगना) इन दोनों की कथा तो अनंतवार सुनी, परिचय और

अत एवैतदुपदर्श्यते :—

तं एयत्तविहत्तं दाएहं अप्पणो सविहवेण।
जदि दाएज्ज पमाणं चुक्किज्ज छलं ण घेत्तव्वं ॥ ५ ॥

तमेकत्वविभक्तं दर्शयेहमात्मनः स्वविभवेन।
यदि दर्शयेयं प्रमाणं स्खलेयं छलं न गृहीतव्यम् ॥ ५ ॥

इह किल सकलोद्भासिस्यात्पदमुद्रितशब्दब्रह्मोपासनजन्मा समस्तविपक्षक्षोदक्षमातिनिस्तुषयुक्त्यवलंबनजन्मा निर्मलविज्ञानघनांतर्निमग्नपरापरगुरुप्रसादीकृतशुद्धात्मतत्त्वानुशासनजन्मा अनवरतस्यंदिसुन्दरानंदमुद्रितामंदसंविदात्मकस्वसंवेदनजन्मा च यः कश्चनापि ममात्मनः स्वो विभवस्तेन समस्तेनाप्ययं तमेकत्वविभक्तमात्मानं दर्शयेहमिति बद्धव्यवसायोस्मि। किंतु यदि दर्शयेयं तदा स्वयमेव स्वानुभवप्रत्यक्षेण परीक्ष्य प्रमाणीकर्तव्यं। यदि तु स्खलेयं तदा तु न छलग्रहणजागरूकैर्भवितव्यम् ॥ ५ ॥

मित्यर्थः। **दाएहं** दर्शयेहं। केन **अप्पणो सविहवेण** आत्मनः स्वकीयमतिविभवेन आगमतर्कपरमगुरूपदेशस्वसंवेदनप्रत्यक्षेणेति। **जदि दाएज्ज** यदि दर्शयेयं तदा **पमाणं** स्वसंवेदनज्ञानेन परीक्ष्य प्रमाणीकर्तव्यं भवद्भिः। **चुक्किज्ज** यदि च्युतो भवामि **छलं ण घेत्तव्वं** तर्हि छलं न ग्राह्यं दुर्जनवदिति ॥ ५ ॥ अथ कोऽयं

अनुभव में आई, इस कारण सुलभ है। किन्तु सब परद्रव्यों से भिन्न चैतन्य चमत्कार स्वरूप अपने आत्मा की कथा का न तो स्वयमेव कभी ज्ञान हुआ और जिनके हुआ, उनकी न कभी सेवा की, इसलिये इसकी कथा न कभी सुनी, और न वह कभी परिचय और अनुभव में ही आई। इस कारण आत्मा के एकत्व का पाना सुलभ नहीं है, दुर्लभ है ॥ ४ ॥

अब आचार्य कहते हैं कि इस भिन्न आत्मा का एकत्व हम दिखलाते हैं;—**[तं]** उस **[एकत्वविभक्तं]** एकत्वविभक्त आत्मा को **[अहं]** मैं **[आत्मनः]** आत्मा के **(स्वविभवेन)** निज वैभव द्वारा **[दर्शये]** दिखलाता हूं **[यदि]** जो मैं **[दर्शयेयं]** दिखलाऊं तो उसे **[प्रमाणं]** प्रमाण (स्वीकार) करना **(स्खलेयं)** और जो कहीं पर चूक जाऊं तो **[छलं]** छल **(न)** नहीं **[गृहीतव्यम्]** ग्रहण करना।

टीका—आचार्य कहते हैं कि जो कुछ मेरे आत्मा का निज वैभव है उस सबसे मैं इस एकत्व विभक्त आत्मा को दिखलाने के लिये उद्यत हुआ हूं। मेरे आत्मा के निज वैभव का जन्म, इस लोक में प्रकट समस्त वस्तुओं को प्रकाश करने वाला और स्यात् पद से चिह्नित शब्द ब्रह्म—अरहंत के परमागम की उपासना से हुआ है। यहां 'स्यात्' इस पद का तो कथंचित् अर्थ है अर्थात् किसी प्रकार से कहना और सामान्यधर्म से वचनगोचर सब धर्मों का नाम आता है तथा वचन के अगोचर जो कोई विशेष धर्म हैं उनका अनुमान कराता है। इस तरह वह सब वस्तुओं का प्रकाशक है। इस कारण सर्वव्यापी

कोऽसौ शुद्ध आत्मेति चेत्—

ण वि होदि अप्पमत्तो ण पमत्तो जाणओ दु जो भावो ।
एवं भणंति सुद्धं णाओ जो सो उ सो चेव ॥६॥

नापि भवत्यप्रमत्तो न प्रमत्तो ज्ञायकस्तु यो भावः ।
एवं भणंति शुद्धं ज्ञातो यः स तु स चैव ॥६॥

यो हि नाम स्वतः सिद्धत्वेनानादिरनंतो नित्योद्योतो विशदज्योतिर्ज्ञायक एको भावः स संसारावस्थायामनादिबंधपर्यायनिरूपणया क्षीरोदकवत्कर्मपुद्गलैः सममेकत्वेपि द्रव्यस्वभावनिरूपणया दुरंतकषायचक्रोदयवैचित्र्यवशेन प्रवर्त्तमानानां पुण्यपापनिर्वर्त्तकानामुपात्तवैश्वरूप्याणां शुभाशुभभावानां स्वभावेनापरिणमनात्प्रमत्तोऽप्रमत्तश्च न भवत्येष एवाशेषद्रव्यांतरभावेभ्यो भिन्न-

---

शुद्धात्मेति पृष्टे प्रत्युत्तरं ददाति—**णवि होदि अप्पमत्तो ण पमत्तो** शुद्धद्रव्यार्थिकनयेन शुभाशुभपरिणमनाभावान्न भवत्यप्रमत्तः प्रमत्तश्च । प्रमत्तशब्देन मिथ्यादृष्ट्यादिप्रमत्तांतानि षड्गुणस्थानानि, अप्रमत्तशब्देन पुनरप्रमत्ताद्ययोग्यंतान्यष्टगुणस्थानानि गृह्यन्ते । स कः कर्त्ता । **जाणगो दु जो भावो** ज्ञायको ज्ञानस्वरूपो योऽसौ भावः पदार्थः शुद्धात्मा ।

कहा जाता है और इसी से अरहंत के परमागम को शब्दब्रह्म कहते हैं । उसकी उपासना के द्वारा मेरा ज्ञान वैभव उत्पन्न हुआ है; तथा जिसका जन्म समस्त विपक्ष—अन्यवादियों द्वारा ग्रहण किये गये सर्वथा एकांत रूप नयपक्ष के निराकरण में समर्थ अतिनिस्तुष (सुस्पष्ट) निर्बाधयुक्ति के अवलंबन से है; निर्मल विज्ञान घन आत्मा में अंतर्निमग्न परमगुरु सर्वज्ञ देव, अपरगुरु गणधरादिक से लेकर हमारे गुरुपर्यंत के प्रसाद से प्राप्त हुए शुद्धात्मतत्त्व के अनुग्रह पूर्वक उपदेश से जिसका जन्म है; निरन्तर झरते हुए आस्वाद में आये और सुन्दर आनन्द से मिले हुए प्रचुर ज्ञान स्वरूप आत्मा के स्वसंवेदन से जिसका जन्म है, ऐसा जो कुछ मेरे ज्ञान का वैभव है, उस समस्त वैभव से उस एकत्व विभक्त आत्मा का स्वरूप दिखलाता हूं । यदि यह दिखलाऊं तो स्वयमेव अपने अनुभव प्रत्यक्ष से परीक्षा कर प्रमाण मानना । यदि कहीं अक्षर, मात्रा, अलंकार, युक्ति आदि प्रकरणों में चूक जाऊं तो छल (दोष) ग्रहण करने में जागरूक न रहना । क्योंकि शास्त्र समुद्र के प्रकरण बहुत हैं, इस कारण यहां स्वसंवेदन रूप अर्थ प्रधान है । इसलिये अर्थ की परीक्षा करना ।

भावार्थ—आचार्य आगम का सेवन, युक्ति का अवलंबन, परापर गुरु का उपदेश और स्वसंवेदन इन चार निमित्तों से उत्पन्न हुए अपने ज्ञान के वैभव से एकत्व विभक्त शुद्ध आत्मा का स्वरूप दिखलाते हैं । उसे सुनने वाले हे श्रोताओ, अपने स्वसंवेदन प्रत्यक्ष से प्रमाण करो । कहीं-किसी प्रकरण में भूलूं तो छल न मानना । यहां अनुभव प्रधान है, इसी से शुद्ध स्वरूप का निश्चय करो ॥५॥

आगे ऐसा शुद्ध आत्मा कौन है कि जिसका स्वरूप जानना चाहिये ? ऐसे प्रश्न का उत्तररूप गाथा सूत्र कहते हैं:—[यः तु] जो [ज्ञायकः भावः] ज्ञायक भाव है वह [अप्रमत्तः अपि]

त्वेनोपास्यमानः शुद्ध इत्यभिलप्येत। न चास्य ज्ञेयनिष्ठत्वेन ज्ञायकत्वप्रसिद्धेः दाह्यनिष्ठनिष्ठ-दहनस्येवाशुद्धत्वं यतो हि तस्यामवस्थायां ज्ञायकत्वेन यो ज्ञातः स स्वरूपप्रकाशनदशायां प्रदीपस्येव कर्तृकर्मणोरनन्यत्वात् ज्ञायक एव ॥ ६ ॥

एवं भणंति सुद्धा शुद्धनयावलंबिनः, तर्हि किं भवति **णादा जो सो दु सो चेव** ज्ञाता शुद्धात्मा यः बध्यते स तु स चैव ज्ञातैवेत्यर्थः ॥ ६ ॥ इति स्वतंत्रगाथाषट्केन प्रथमस्थलं गतं। अथानंतरं यथा प्रमत्तादिगुणस्थानविकल्पा

अप्रमत्त भी **[न]** नहीं है और **[न प्रमत्तः]** न प्रमत्त ही है **[एवं]** इस तरह **[शुद्धं]** उसे शुद्ध **[भणंति]** कहते हैं **[च यः]** और जिसे **[ज्ञातः]** ज्ञायक भाव द्वारा जान लिया **(सः)** वह **(स एव तु)** वही है, अन्य कोई नहीं।

टीका—जो एक ज्ञायक भाव है, वह अपने आपसे ही सिद्ध है, किसी से उत्पन्न नहीं हुआ। उस भाव से तो अनादिसत्तारूप है और कभी उस ज्योति का विनाश नहीं होता इसलिए अनंत है, नित्य उद्योत रूप है इस कारण क्षणिक नहीं है। ऐसी स्पष्ट प्रकाशमान ज्योति है। वह संसार की अवस्था में अनादिबंधपर्याय की निरूपणा (अपेक्षा) से कर्मरूप पुद्गलद्रव्य सहित, दूध जल की तरह होने पर भी द्रव्य के स्वभाव की अपेक्षा से देखा जाय, तब तो जिसका मिटना कठिन है ऐसे कषायों के उदय की विचित्रता से प्रवृत्त हुए पुण्य पाप के उत्पन्न करने वाले समस्त अनेक रूप शुभ अशुभ भाव के स्वभाव से परिणमन नहीं करती। ज्ञायक भाव से जड़ भावरूप नहीं होती। इसलिए प्रमत्त भी नहीं है और अप्रमत्त भी नहीं है। यही समस्त अन्य द्रव्यों के भावों से भिन्न रूप में सेवित हुआ 'शुद्ध' ऐसा कहा जाता है। और इसका ज्ञेयाकार होने से ज्ञायकत्व प्रसिद्ध है। जैसे दाहने योग्य जो दाह्य ईंधन यद्यपि उसके आकार अग्नि होती है इसलिए अग्नि को दहन कहते हैं तो भी अग्नि तो अग्नि ही है, ईंधन अग्नि नहीं है। उसी तरह ज्ञेयरूप आप नहीं है, आप तो ज्ञायक ही है। इस तरह उस ज्ञेय के द्वारा की हुई भी इस आत्मा के अशुद्धता नहीं है, क्योंकि ज्ञेयाकार अवस्था में भी ज्ञायकभाव द्वारा जाना गया जो अपना ज्ञायकत्व, वही स्वरूप प्रकाशन की—जानने की अवस्था में भी ज्ञायकरूप ही है ज्ञेयरूप नहीं हुआ। क्योंकि अभेद विवक्षा से कर्ता तो आप ज्ञायक और कर्म अपने को जाना—ये दोनों एक आप ही है, अन्य नहीं है। जैसे दीपक घट-पटादि को प्रकाशित करता है, उनके प्रकाशने की अवस्था में भी दीपक ही है, वही अपनी ज्योति रूप लौ के प्रकाशने की अवस्था में भी दीपक ही है, कुछ दूसरा नहीं है।

भावार्थ—अशुद्धता परद्रव्य के संयोग से आती है। वहां मूल द्रव्य तो अन्य द्रव्य रूप होता ही नहीं, कुछ परद्रव्य के निमित्त से अवस्था मलिन हो जाती है। उस जगह द्रव्यदृष्टि से तो द्रव्य जो है वो ही है और पर्यायदृष्टि से देखा जाय तब वह मलिन ही दीखता है। उसी तरह आत्मा का स्वभाव ज्ञायकत्व मात्र है और उसकी अवस्था पुद्गल कर्म के निमित्त से रागादि रूप मलिन है, वह पर्याय है। उसकी दृष्टि से देखा जाय तब मलिन ही दीखता है और द्रव्यदृष्टि से देखा जाय, तब ज्ञायकत्व तो ज्ञायकत्व ही है, कुछ जड़त्व नहीं हुआ। यहां पर द्रव्यदृष्टि को प्रधान कर कहा है। जो

दर्शनज्ञानचारित्रवत्त्वेनास्याशुद्धत्वमिति चेत्:—

ववहारेणुवदिस्सइ णाणिस्स चरित्त दंसणं णाणं ।
णवि णाणं ण चरित्तं ण दंसणं जाणगो सुद्धो ।। ७ ।।

व्यवहारेणोपदिश्यते ज्ञानिनश्चरित्रं दर्शनं ज्ञानम् ।
नापि ज्ञानं न चरित्रं न दर्शनं ज्ञायकः शुद्धः ।। ७ ।।

आस्तां तावद् बंधप्रत्ययात् ज्ञायकस्याशुद्धत्वं, दर्शनज्ञानचारित्राण्येव न विद्यंते; यतोह्य-

---

जीवस्य व्यवहारनयेन विद्यंते शुद्धद्रव्यार्थिकनिश्चयनयेन न विद्यंते तथा दर्शनज्ञानचारित्रविकल्पोपीत्युपदिशति—

प्रमत्त अप्रमत्त का भेद है, वह तो परद्रव्य के संयोगजनित पर्याय है। यह अशुद्धता द्रव्यदृष्टि में गौण है, द्रव्यदृष्टि शुद्ध है, इसलिये आत्मा ज्ञायक है, इस कारण उसे प्रमत्त अप्रमत्त नहीं कहा जाता। 'ज्ञायक' ऐसा नाम भी ज्ञेय के जानने से कहा जाता है क्योंकि ज्ञेय का प्रतिबिंब जब झलकता है तब वैसा ही अनुभव में आता है। सो यह भी अशुद्धता इसके नहीं कही जा सकती क्योंकि जैसे ज्ञेय ज्ञान में प्रतिभासित हुआ, वैसे ज्ञायक का ही अनुभव करने पर ज्ञायक ही है यह मैं जानने वाला हूं सो मैं ही हूँ दूसरा कोई नहीं है—ऐसा अपना अपने से अभेद रूप अनुभव हुआ तब उस जानने रूप क्रिया का कर्ता आप ही है और जिसको जाना सो कर्म भी आप ही है। ऐसे एक ज्ञायकत्व मात्र आप शुद्ध है—यह शुद्धनय का विषय है। अन्य पर संयोग जनित भेद हैं, वे सब भेद रूप अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय के विषय हैं। शुद्ध द्रव्य की दृष्टि में यह भी पर्यायार्थिक ही है इसलिये व्यवहारनय ही है—ऐसा आशय जानना। यहां ऐसा भी जानना कि जिनमत का कथन स्याद्वादरूप है इसलिये शुद्धता और अशुद्धता दोनों वस्तु के धर्म हैं। अशुद्धनय को सर्वथा असत्यार्थ ही न मानना। जो वस्तु धर्म है, वह वस्तु का सत्त्व है, परद्रव्य के संयोग से ही हुआ भेद है। यहां अशुद्धनय को हेय कहा है, उस अशुद्धनय का विषय संसार है। उसमें आत्मा क्लेश भोगता है। जब आत्मा पर द्रव्य से भिन्न हो जाय तब संसार मिटे और तभी क्लेश मिटे। इस तरह दुःख मेटने के लिये शुद्धनय का प्रधान उपदेश है। और अशुद्धनय को असत्यार्थ कहने से ऐसा तो नहीं समझना कि यह वस्तु धर्म सर्वथा ही नहीं, आकाश के फूल की तरह असत् है। ऐसे सर्वथा एकांत समझने से मिथ्यात्व आता है। इसलिये स्याद्वाद का शरण लेकर शुद्धनय का आलंबन करना चाहिये, स्वरूप की प्राप्ति होने के पश्चात् शुद्धनय का भी अवलंबन नहीं रहता। जो वस्तु स्वरूप है वह है—यह प्रमाणदृष्टि है। इसका फल वीतरागता है, ऐसा निश्चय करना योग्य है। यहां पर जो 'प्रमत्त अप्रमत्त नहीं है' ऐसा कहा है, वह गुणस्थान की परिपाटी में छठे गुण स्थान तक तो प्रमत्त कहा जाता है और सातवें से लेकर अप्रमत्त है। सो ये सभी गुण-स्थान अशुद्धनय के कथन में हैं, शुद्धनय से आत्मा ज्ञायक ही है ।। ६ ।।

प्रश्न—क्या आत्मा के दर्शन, ज्ञान और चारित्र इन तीन भावों से अशुद्धता आ सकती है?

उत्तर—**[ज्ञानि]** ज्ञानी के **[चरित्रं दर्शनं ज्ञानं]** चारित्र, दर्शन, ज्ञान—ये तीन भाव **[व्यवहारेण]**

नंतधर्मण्येकस्मिन् धर्मिण्यनिष्णातस्यांतेवासिजनस्य तदवबोधविधायिभिः कैश्चद्धर्मैस्तमनुशासतां सूरीणां धर्मधर्मिणां स्वभावतोऽभेदेपि व्यपदेशतो भेदमुत्पाद्य व्यवहारमात्रेणैव ज्ञानिनो दर्शनं ज्ञानं चारित्रमित्युपदेशः। परमार्थतस्त्वेकद्रव्यनिष्पीतानंतपर्यायतयैकं किंचिन्मिलितास्वादमभेदमेकस्वभावमनुभवतां न दर्शनं न ज्ञानं न चारित्रं ज्ञायक एवैकः शुद्धः ॥ ७ ॥

ववहारेण सद्भूतव्यवहारनयेन **उवदिस्सदि** उपदिश्यते कथ्यते। कस्य। **णाणिस्स** ज्ञानिनो जीवस्य। किं। **चरित्त दंसणं णाणं** चारित्रदर्शनज्ञानस्वरूपं। **णवि णाणं ण चरित्तं ण दंसणं** शुद्धनिश्चयनयेन न पुनर्ज्ञानं न चारित्रं न दर्शनं। तर्हि किमस्तीति चेत्। **जाणगो** ज्ञायकः शुद्धचैतन्यस्वभावः। **सुद्धो** शुद्ध एव रागादिरहित इति। अयमत्रार्थः। यथा निश्चयनयेनाभेदरूपेणाग्निरेक एव पश्चाद्भेदरूपव्यवहारेण दहतीति दाहकः पचतीति पाचकः प्रकाशं करोतीति प्रकाशकः इति व्युत्पत्त्या विषयभेदेन त्रिधा भिद्यते। तथा जीवोपि निश्चयरूपाभेदनयेन शुद्धचैतन्यरूपोपि भेदरूपव्यवहारनयेन जानातीति ज्ञानं, पश्यतीति दर्शनं चरतीति चारित्रमिति व्युत्पत्त्या विषयभेदेन त्रिधा भिद्यते इति ॥७॥

व्यवहार द्वारा **[उपदिश्यते]** कहे जाते हैं। निश्चयनयसे **[ज्ञानं अपि न]** ज्ञान भी नहीं है। **[चरित्रं न]** चारित्र भी नही है और **[दर्शनं न]** दर्शन भी नहीं है। ज्ञानी तो एक **[ज्ञायकः]** ज्ञायक ही है इसलिये **[शुद्धः]** शुद्ध कहा गया है।

टीका—इस ज्ञायक आत्मा के बंधपर्याय के निमित्त से अशुद्धता है, वह तो दूर ही रहो, इसके दर्शन-ज्ञान-चारित्र भी नही है। क्योंकि निश्चयनय से अनंतधर्मा जो एक धर्मी वस्तु, उसको जिसने नहीं जाना ऐसे निकटवर्ती शिष्य जन को उस अनंतधर्मस्वरूप धर्मी के बतलाने वाले जो कोई धर्म उनके द्वारा शिष्य जनों को उपदेश करते हुए आचार्यों का ऐसा कथन है कि धर्म और धर्मी का यद्यपि स्वभाव से अभेद है तो भी नाम से भेद होने के कारण व्यवहार मात्र से ज्ञानी के दर्शन है, ज्ञान है, चारित्र है। परन्तु परमार्थ से देखा जाय तो एक द्रव्य के द्वारा पिये गए अनंत पर्याय की रूपता से एकमेक मिले हुए अभेद स्वभाव वस्तु को अनुभव करने वाले पंडित पुरुषों की दृष्टि में दर्शन भी नहीं, ज्ञान भी नहीं और चारित्र भी नहीं, एक ज्ञायक भाव है, वही शुद्ध है।

भावार्थ—इस शुद्ध आत्मा के कर्मबंध के निमित्त से अशुद्धता आती है, यह बात तो दूर ही रहे, इसके दर्शन, ज्ञान, चारित्र का भी भेद नहीं है। क्योंकि वस्तु अनंत धर्मरूप एक धर्मी है। परन्तु व्यवहारी जन धर्मों को ही समझते हैं, धर्मी को नहीं जानते इसलिये वस्तु के कुछ असाधारण धर्मों को उपदेश में लेकर अभेद रूप वस्तु में भी धर्मों के नाम रूप भेद को उत्पन्न करके ऐसा उपदेश करते हैं कि ज्ञानी के दर्शन है, ज्ञान है, चारित्र है। अभेद में भेद करने से यह व्यवहार है। परमार्थ से विचारा जाय तो अनन्त पर्यायों को एक द्रव्य अभेद रूप पिये हुए बैठा है, इस कारण भेद नहीं हैं। यहां कोई कहे कि पर्याय भी द्रव्य का ही भेद है, अवस्तु तो नहीं है, उसे व्यवहार किस तरह कह सकते हैं? उसका समाधान—यह तो सच है परन्तु यहां द्रव्यदृष्टि से अभेद को प्रधान मान कर उपदेश है, इसलिये

तर्हि परमार्थ एवैको वक्तव्य इति चेत् :—

जह णवि सक्कमणज्जो अणज्जभासं विणा उ गाहेउं ।
तह ववहारेण विणा परमत्थुवएसणमसक्कं ॥ ८ ॥

यथा नापि शक्योऽनार्योऽनार्यभाषां विना तु ग्राहयितुम् ।
तथा व्यवहारेण विना परमार्थोपदेशनमशक्यम् ॥ ८ ॥

यथा खलु म्लेच्छः स्वस्तीत्यभिहिते सति तथाविधवाच्यवाचकसंबंधावबोधबहिष्कृतत्वान्न किंचदपि प्रतिपद्यमानो मेष इवानिमेषोन्मेषितचक्षुः प्रेक्षत एव । यदा तु स एव तदेतद्भाषासंबंधैकार्थज्ञेनान्येन तेनैव वा म्लेच्छभाषां समुदाय स्वस्तिपदस्याविनाशो भवतो भवत्वित्यभिधेयं प्रतिपाद्यते तदा सद्य एवोद्यदमंदानंदमयाश्रुझलज्झलल्लोचनपात्रस्तत्प्रतिपद्यत एव । तथा किल लोकोऽप्यात्मेत्यभिहिते सति यथावस्थितात्मस्वरूपपरिज्ञानबहिष्कृतत्वान्न किंचि-

अथ यदि शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य दर्शनज्ञानचारित्राणि न सन्ति तर्हि परमार्थ एवैको वक्तव्यो न व्यवहार इति चेत्तन्न;— जह णवि सक्कं यथा न शक्यः । कोसौ । अणज्जो अनार्यो म्लेच्छः । किं कर्तुं । गाहेउं अर्थग्रहणरूपेण सबोधयितुं । कथं ? अणज्जभासं विणा अनार्यभाषा म्लेच्छभाषा तां विना । दृष्टांतो गतः । इदनीं दार्ष्टांतमाह—तह तथा ववहारेण विणा व्यवहारनयेन विना परमत्थुवदेसणमसक्कं

अभेददृष्टि में भेद को गौण करने से ही अभेद अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है. इस कारण भेद को गौण करके व्यवहार कहा है । यहां ऐसा अभिप्राय है कि भेददृष्टि में निर्विकल्प दशा नही होती और सरागी के जब तक रागादिक दूर नहीं होते, तब तक विकल्प बना रहता है । इस कारण भेद को गौण करके अभेद रूप निर्विकल्प अनुभव कराया गया है । वीतराग होने के बाद भेदाभेद रूप वस्तु का ज्ञाता हो जाता है वहां नयका अवलंबन ही नहीं रहता ॥ ७ ॥

यदि ऐसा है तो एक परमार्थ का ही उपदेश करना चाहिए । उसके उत्तर में गाथा सूत्र कहते हैं;—[यथा] जैसे [अनार्यः] म्लेच्छ जनों को [अनार्यभाषां विना तु] म्लेच्छ भाषा के विना तो [ग्राहयितुं] वस्तु का स्वरूप ग्रहण कराने को [नापि शक्यः] कोई पुरुष नहीं समर्थ हो सकता [तथा] उसी तरह [व्यवहारेण विना] व्यवहार के बिना [परमार्थोपदेशनं] परमार्थ का उपदेश करने में [अशक्यम्] कोई समर्थ नहीं है ।

टीका—जैसे किसी म्लेच्छ को देख कर किसी ब्राह्मण ने 'स्वस्ति हो' ऐसा शब्द कहा । वह म्लेच्छ उस शब्द के वाच्य वाचक संबंध के ज्ञान से शून्य होने से उसका अर्थ कुछ भी न समझता हुआ ब्राह्मण के सामने मेंढे की तरह टकटकी लगाकर देखता ही रहा कि इसने क्या कहा है । तब उस

दपि प्रतिपद्यमानो मेष इवानिमेषोन्मेषितचक्षुः प्रेक्षत एव। यदा तु स एव व्यवहारपरमार्थ-पथप्रस्थापितसम्यग्बोधमहारथरथिनान्येन तेनैव वा व्यवहारपथमास्थाय दर्शनज्ञानचारित्राण्य-ततीत्यात्मेत्यात्मपदस्याभिधेयं प्रतिपाद्यते तदा सद्य एवोद्यदमंदानंदान्तःसुंदरबंधुरबोधतरंगस्त-त्प्रतिपद्यत एव। एवं म्लेच्छस्थानीयत्वाज्जगतो व्यवहारनयोऽपि म्लेच्छभाषास्थानीयत्वेन परमार्थप्रतिपादकत्वादुपन्यसनीयोऽथ च ब्राह्मणो न म्लेच्छितव्य इति वचनाद्व्यवहारनयो नानुसर्तव्यः॥ ८॥

परमार्थोपदेशनं कर्तुमशक्यं इति। अयमत्राभिप्रायः। यथा कश्चिद्ब्राह्मणो यतिर्वा म्लेच्छपल्ल्यां गतः तेन नमस्कारे कृते सति ब्राह्मणेन यतिना वा स्वस्तीति भणिते स्वस्त्यर्थमविनश्वरत्वमजानन्सन् निरीक्षते मेष इव। तथायमज्ञानिजनोऽप्यात्मेतिभणिते सत्यात्मशब्दस्यार्थमजानन्सन् भ्रांत्या निरीक्षत एव। यदा पुनर्निश्चयव्यवहारनयज्ञपुरुषेण सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणिजीवशब्दस्यार्थं इति कथ्यते तदा संतुष्टो भूत्वा जानातीति। एवं भेदाभेदरत्नत्रयव्याख्यानमुख्यतया गाथाद्वयेन द्वितीयं स्थलं गतं॥ ८॥

ब्राह्मण की भाषा तथा म्लेच्छ की भाषा—इन दोनों का अर्थ जानने वाले अन्य किसी पुरुष ने उसे म्लेच्छ भाषा में समझाया कि 'स्वस्ति' शब्द का अर्थ 'तेरा कल्याण हो' ऐसा है। उस समय उत्पन्न हुए अत्यंत आनंद के आंसुओं से उस म्लेच्छ के नेत्र भर आये, इस तरह वह म्लेच्छ उस 'स्वस्ति' शब्द का अर्थ समझ ही लेता है। उसी तरह व्यवहारी जन भी 'आत्मा' ऐसा शब्द कहने से जैसा आत्म शब्द का अर्थ है उस अर्थ के ज्ञान से रहित है। इस कारण आत्मशब्द का अर्थ कुछ भी नहीं समझता हुआ मैंढे की तरह टकटकी लगाकर देखता ही रहता है। और जब कोई व्यवहार परमार्थ मार्ग पर सम्यग्ज्ञान रूप महारथ को चलाने वाले सारथी के समान आचार्य या अन्य कोई विद्वान् व्यवहार मार्ग में रह कर 'दर्शन ज्ञान चारित्र रूप जो सदा परिणमन करे, वह आत्मा है' ऐसा आत्मा शब्द का अर्थ कहता है तब उसी समय उत्पन्न हुए अत्यंत आनन्द वाले हृदय में सुन्दर और ज्ञान रूप तरंगों के उछलने से वह उस आत्मशब्द का अर्थ अच्छी तरह समझ जाता है। इस प्रकार यहां जगत तो म्लेच्छवत् जानना और व्यवहारनय म्लेच्छ भाषा के तुल्य जानना। इसलिये व्यवहार को परमार्थ का कहने वाला समझ कर उपदेश करने योग्य है। अतः ब्राह्मण को म्लेच्छ योग्य आचरण नहीं करना चाहिए, इस वचन से व्यवहारनय सर्वथा उपादेय नहीं मानना।

भावार्थ—लोक शुद्धनय को तो जानते ही नहीं हैं क्योंकि शुद्धनय का विषय अभेद एक रूप वस्तु है। तथा अशुद्धनय को ही जानते हैं क्योंकि इसका विषय भेद रूप अनेक प्रकार है इसलिये व्यवहार के द्वारा ही शुद्धनय रूप परमार्थ को समझ सकते हैं। इस कारण व्यवहारनय को परमार्थ का कहने वाला जान उसका उपदेश किया जाता है। यहांपर ऐसा न समझना कि व्यवहार का आलंबन कराते हैं किन्तु व्यवहार का आलंबन छुड़ाकर परमार्थ में पहुंचाते हैं। ८।

आगे प्रश्न उत्पन्न होता है कि व्यवहारनय परमार्थ का प्रतिपादक कैसे है? उसके उत्तर में

कथं व्यवहारस्य प्रतिपादकत्वमिति चेत् :—

जो हि सुएणहिगच्छइ अप्पाणमिणं तु केवलं सुद्धं ।
तं सुयकेवलिमिसिणो भणंति लोयप्पईवयरा ॥ ९ ॥
जो सुयणाणं सव्वं जाणइ सुयकेवलिं तमाहु जिणा ।
णाणं अप्पा सव्वं जह्मा सुयकेवली तह्मा ॥ १० ॥ (जुम्मं)

यो हि श्रुतेनाभिगच्छति आत्मानमिमं तु केवलं शुद्धम् ।
तं श्रुतकेवलिनमृषयो भणंति लोकप्रदीपकराः ॥ ९ ॥
यः श्रुतज्ञानं सर्वं जानाति श्रुतकेवलिनं तमाहुर्जिनाः ।
ज्ञानमात्मा सर्वं यस्माच्छ्रुतकेवली तस्मात् ॥ १० ॥

यः श्रुतेन केवलं शुद्धमात्मानं जानाति स श्रुतकेवलीति तावत्परमार्थो यः श्रुतज्ञानं सर्वं जानाति स श्रुतकेवलीति तु व्यवहारः । तदत्र सर्वमेव तावत् ज्ञानं निरूप्यमाणं किमात्मा किमनात्मा ? न तावदनात्मा समस्तस्याप्यनात्मनश्चेतनेतरपदार्थपंचतयस्य ज्ञानतादात्म्यानुपपत्तेः । ततो गत्यंतराभावात् ज्ञानमात्मेत्यायात्यतः श्रुतज्ञानमप्यात्मैव स्यात् । एवं सति य आत्मानं

अथ पूर्वगाथाया भणित व्यवहारेण परमार्थो ज्ञायते तनस्तमेवार्थं कथयति;—**जो** य कर्ता **हि** स्फुटं **सुदेण** भावश्रुतेन स्वसंवेदनज्ञानेन निर्विकल्पसमाधिना करणभूतेन **अभिगच्छदि** अभि समंताज्जानात्यनुभवति । कं । **अप्पाणं** आत्मानं **इणं** इम प्रत्यक्षीभूत **तु** पुन । किंविशिष्टं । **केवलं** असहायं **सुद्धं** रागादिरहित **तं** पुरुषं **सुदकेवलिं** निश्चयश्रुतकेवलिनं **इसिणो** परमऋषय **भणंति** कथयंति **लोगप्पदीवयरा** लोकप्रदीपकरा. लोक-

---

गाथा सूत्र कहते है,—**[यः]** जो जीव **[हि]** निश्चय कर**[श्रुतेन]**श्रुतज्ञान से **[तु इमं]** इस अनुभव गोचर **[केवलं शुद्धं]** केवल एक शुद्ध **[आत्मानं]** आत्मा को **[अभिगच्छति]** सम्मुख हुआ जानता है **[तं]** उसे **[लोकप्रदीपकराः]** लोक को प्रकाश करने वाले **[ऋषयः]** ऋषीश्वर **[श्रुतकेवलिनं]** श्रुतकेवली **[भणंति]** कहते हैं । **[यः]** जो जीव **[सर्वं]** सब **[श्रुतज्ञानं]** श्रुतज्ञान को **[जानाति]** जानता है **[तं]** उसे**[जिनाः]** जिनदेव **[श्रुतकेवलिनं]**श्रुत केवली **[आहुः]**कहते हैं **[यस्मात्]**क्योंकि**[सर्वं]** **[ज्ञानं]** सब ज्ञान **[आत्मा]** आत्मा ही है **[तस्मात्]** इस कारण आत्मा को ही जानने से **[श्रुतकेवली]**श्रुत केवली कहा जा सकता है ।

टीका—जो श्रुतज्ञान से केवल शुद्ध आत्मा को जानता है वह श्रुतकेवली है, यह तो परमार्थ है, और जो सब श्रुतज्ञान को जानता है वह श्रुतकेवली है यह व्यवहार है । यहां पर दो पक्ष लेकर परीक्षा करते हैं—यहां निरूपण किया जाने वाला सब ही ज्ञान आत्मा है कि अनात्मा ? उनमें से अनात्मा का पक्ष तो ठीक नहीं है, क्योंकि जड-रूप अनात्मा आकाशादि पांच द्रव्य हैं उनका ज्ञान के

जानाति स श्रुतकेवलीत्यायाति स तु परमार्थ एव। एवं ज्ञानज्ञानिनौ भेदेन व्यपदिशता व्यवहारेणापि परमार्थमात्रमेव प्रतिपाद्यते न किंचिदप्यतिरिक्तं। अथ च यः श्रुतेन केवलं शुद्धमात्मानं जानाति स श्रुतकेवलीति परमार्थस्य प्रतिपादयितुमशक्यत्वाद्यः श्रुतज्ञानं सर्वं जानाति स श्रुतकेवलीति व्यवहारः परमार्थप्रतिपादकत्वेनात्मानं प्रतिष्ठापयति ॥ ९ ॥ १० ॥

कुतो व्यवहारनयो नानुसर्तव्य इति चेत् ?—

ववहारोऽभूयत्थो भूयत्थो देसिदो दु सुद्धणओ।
भूयत्थमस्सिदो खलु सम्माइट्ठी हवइ जीवो ॥ ११ ॥

व्यवहारोऽभूतार्थो भूतार्थो दर्शितस्तु शुद्धनयः।
भूतार्थमाश्रितः खलु सम्यग्दृष्टिर्भवति जीवः ॥ ११ ॥

प्रकाशका इति। अनया गाथया निश्चयश्रुतकेवलिलक्षणमुक्तम्। अथ 'सुदरणाण' मित्यादि—**जो** यः कर्ता **सुदणाणं** द्वादशांगं द्रव्यश्रुतं **सव्वं** सर्वं परिपूर्णं **जाणादि** जानाति **सुदकेवलिं** व्यवहारश्रुतकेवलिनं **तमाहुजिणा** तं पुरुषं आहुः ब्रुवति। के ते। जिना सर्वज्ञा.। कस्मादिति चेत्। **जह्मा** यस्मात्कारणात् **सुदणाणं** द्रव्यश्रुताधारेणोत्पन्नं भाव-

---

साथ तादात्म्य नही है। इसलिए अन्य पक्ष का अभाव होने से ज्ञान आत्मा ही है ऐसा पक्ष सिद्ध हुआ। श्रुतज्ञान भी आत्मा ही है ऐसा होने पर यह सिद्ध हुआ कि जो आत्मा को जानता है वह श्रुतकेवली है और वही परमार्थ है। इस तरह ज्ञान और ज्ञानी को भेद से कहने वाले व्यवहार से भी परमार्थ मात्र ही कहा जाता है, उससे अधिक कुछ भी नहीं। अथवा जो श्रुतज्ञान से केवल शुद्ध आत्मा को जानता है वह श्रुतकेवली है; इस परमार्थ का (निश्चयनय के द्वारा) कहना अशक्य है, इसलिए जो समस्त श्रुतज्ञान को जानता है, वह श्रुतकेवली है। ऐसा व्यवहारनय परमार्थ का प्रतिपादक होने के कारण अपने को प्रतिष्ठित कराता है।

भावार्थ—जो शास्त्रज्ञान से अभेद रूप ज्ञायक मात्र शुद्ध आत्मा को जानता है, वह श्रुतकेवली है यह तो परमार्थ कथन है और वही सब शास्त्रज्ञान को जानता है। ज्ञान आत्मा है ऐसा जिसने ज्ञान को जाना उसने आत्मा को ही जाना यही परमार्थ है। इस प्रकार ज्ञान और ज्ञानी के भेद कहने वाले व्यवहार ने भी परमार्थ ही कहा, अन्य कुछ नहीं कहा। यहां ऐसा है कि परमार्थ का विषय तो कथंचित् वचनगोचर नहीं भी है; इसलिए व्यवहारनय अपनी आवश्यकता को सिद्ध करता है ॥ ९-१० ॥

आगे फिर प्रश्न उठता है—पूर्व में कहा था कि व्यवहार को अंगीकार नहीं करना, परन्तु जब यह परमार्थ का कहने वाला है तो ऐसे व्यवहार को क्यों नहीं अंगीकार करना चाहिये ? इसके उत्तर में गाथासूत्र कहते हैं;— [**व्यवहारः**] व्यवहारनय [**अभूतार्थः**] अभूतार्थ है [**तु**] और [**शुद्धनयः**] शुद्धनय [**भूतार्थः**] भूतार्थ है ऐसा [**दर्शितः**] ऋषीश्वरों ने दिखलाया है [**जीवः**] जो जीव [**भूतार्थं**] भूतार्थ के [**आश्रितः**] आश्रित है वह जीव [**खलु**] निश्चयकर [**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि [**भवति**] है।

व्यवहारनयो हि सर्व एवाभूतार्थत्वादभूतमर्थं प्रद्योतयति । शुद्धनय एक एव भूतार्थत्वाद् भूतमर्थं प्रद्योतयति तथाहि । यथा प्रबलपंकसंवलनतिरोहितसहजैकाच्छभावस्य पयसोऽनुभवितारः पुरुषाः पंकपयसोर्विवेकमकुर्वन्तो बहवोऽनच्छमेव तदनुभवंति । केचित्तु स्वकरविकीर्णकतकनिपातमात्रोपजनितपंकपयसोर्विवेकतया [1]स्वपुरुषाकाराविर्भावितसहजैकाच्छभावत्वादच्छमेव तदनुभवंति । तथा प्रबलकर्मसंवलनतिरोहितसहजैकज्ञायकस्यात्मनोऽनुभवितारः पुरुषा आत्मकर्मणोर्विवेकमकुर्वन्तो व्यवहारविमोहितहृदयाः प्रद्योतमानभाववैश्वरूप्यं तमनुभवंति । भूतार्थदर्शिनस्तु स्वमतिनिपातितशुद्धनयानुबोधमात्रोपजनितात्मकर्मविवेकतया स्वपुरुषाकाराविर्भावितसहजैकज्ञाय-

---

श्रुतज्ञानं **आदा** आत्मा भवति । कथंभूतं **सव्वं** सर्वमात्मसंवित्तिविषयं परपरिच्छित्तिविषयं वा **तह्मा** तस्मात्कारणात् **सुदकेवली** द्रव्यश्रुतकेवली स भवतीति । अयमत्रार्थः यो भावश्रुतरूपेण स्वसंवेदनज्ञानबलेन शुद्धात्मानं जानाति स निश्चयश्रुतकेवली भवति । यस्तु स्वशुद्धात्मानं न संवेदयति न भावयति बहिर्विषयं द्रव्यश्रुतार्थं जानाति स व्यवहारश्रुतकेवली भवतीति । ननु तर्हि स्वसंवेदनज्ञानबलेनास्मिन् कालेपि श्रुतकेवली भवति ? तन्न यादृशं पूर्वपुरुषाणां शुक्लध्यानरूपं स्वसंवेदनज्ञानं तादृशमिदानीं नास्ति किंतु धर्म्यध्यानं योग्यमस्तीत्यर्थः । एवं निश्चयव्यवहारश्रुतकेवलिव्याख्यानरूपेण गाथाद्वयेन तृतीयस्थलं गतं ॥ ९-१० ॥ अथ गाथायाः पूर्वार्द्धेन भेदरत्नत्रयभावनामुत्तरार्द्धेनाभेदरत्नत्रयभावनां च प्रतिपादयति;—

णाणह्मि भावणा खलु कादव्वा दंसणे चरित्ते य ।
ते पुण तिण्णिवि आदा तह्मा कुण भावणं आदे ॥

ज्ञाने भावना खलु कर्तव्या दर्शने चारित्रे च ।
तानि पुनस्त्रीण्यपि आत्मा तस्मात् कुरु भावनामात्मनि ॥

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रत्रयेभावना खलु स्फुटं कर्तव्या भवति । तानि पुनस्त्रीण्यपि निश्चयेनात्मैव यतः कारणात् तस्मात् कुरु भावनां शुद्धात्मनीति ॥ अथ भेदाभेदरत्नत्रयभावनाफलं दर्शयति;—

जो आदभावणमिणं णिच्चुवजुत्तो मुणी समाचरदि ।
सो सव्व-दुक्ख-मोक्खं पावदि अचिरेण कालेण ॥

टीका—समस्त व्यवहारनय अभूतार्थ होने से अविद्यमान–असत्य–अभूतार्थ को प्रकट करता है और केवल शुद्धनय ही भूतार्थ होने के कारण विद्यमान–सत्य–भूत अर्थ को प्रकट करता है। जैसे प्रबल कीचड़ के मिलने से जिसका निर्मल स्वभाव आच्छादित हो गया है, ऐसे जल के अनुभव करने वाले बहुत से पुरुष तो ऐसे हैं कि जल और कीचड़ का भेद न करके उस मैले जल का ही अनुभव करते हैं और कोई जीव अपने हाथ से निर्मली औषधि डालकर कर्दम और जल को भिन्न-भिन्न करने से जिसमें अपना पुरुषाकार दिखलाई दे ऐसे स्वाभाविक निर्मल स्वभावरूप जल को पीने का अनुभव करते हैं। उसी प्रकार प्रबल कर्म के संयोग होने से जिसका स्वाभाविक एक ज्ञायक भाव आच्छादित हो गया है ऐसे आत्मा के

---

१. पुरुषकार इत्यपि पाठः

कस्वभावत्वात् प्रद्योतमानैकज्ञायकभावं तमनुभवंति। तदत्र ये भूतार्थमाश्रयंति त एव सम्यक् पश्यंतः सम्यग्दृष्टयो भवंति न पुनरन्ये कतकस्थानीयत्वाच्छुद्धनयस्यातः प्रत्यगात्मदर्शिभिर्व्यवहारनयो नानुसर्तव्यः। अथ च केषांचित्कदाचित्सोपि प्रयोजनवान्। यतः—

य: आत्मभावनामिमां नित्योद्यतः मुनिः समाचरति।
सः सर्वदुःखमोक्षं प्राप्नोत्यचिरेण कालेन॥

य: कर्ता आत्मभावनामिमां नित्योद्यतः सन् मुनिस्तपोधनः समाचरति सम्यगाचरति भावयति स सर्वदुःखमोक्षं प्राप्नोत्यचिरेण स्तोककालेनेत्यर्थः। इति निश्चयव्यवहाररत्नत्रयभावनाभावनाफलव्याख्यानरूपेण गाथाद्वयेन चतुर्थस्थलं गतं। अथ यथा कोपि ब्राह्मणादिविशिष्टोजनो म्लेच्छप्रतिबोधनकाले एव म्लेच्छभाषां ब्रूते न च शेषकाले तथैव ज्ञानी-पुरुषोप्यज्ञानिप्रतिबोधनकाले व्यवहारमाश्रयति न च शेषकाले। कस्मादभूतार्थत्वादिति प्रकाशयति;—**ववहारो** व्यवहारनयः **अभूदत्थो** अभूतार्थःअसत्यार्थो भवति **भूदत्थो** भूतार्थः सत्यार्थः **देसिदो** देशितः कथितः **दु** पुनः कोसौ **सुद्धणओ** शुद्धनयः निश्चयनयः। तर्हि केन नयेन सम्यग्दृष्टिर्भवतीति चेत्। **भूदत्थं** भूतार्थं सत्यार्थं निश्चयनयं **अस्सिदो** आश्रितो गतः स्थितः खलु स्फुटं **सम्मादिट्ठी हवदि जीवो** सम्यग्दृष्टिर्भवति जीव इति टीकाव्याख्यानं। द्वितीयव्याख्यानेन पुनः **ववहारो अभूदत्थो** व्यवहारोऽभूतार्थो **भूदत्थो** भूतार्थश्च **देसिदो** देशितः कथितः न केवलं व्यवहारो देशितः **सुद्धणओ** शुद्धनिश्चयनयोपि। दु शब्दादयं शुद्धनिश्चयनयोपीतिव्याख्यानेन भूताभूतार्थभेदेन व्यवहारोपि द्विधा, शुद्धनिश्चयाशुद्धनिश्चयभेदेन निश्चयनयोपि द्विधा इति नयचतुष्टयं। इदमत्र तात्पर्यं यथा कोपि ग्राम्यजनः सकर्दमं नीरं पिबति, नागरिकः पुनः विवेकीजनः कतकफलं निक्षिप्य निर्मलोदकं पिबति। तथा स्वसंवेदनरूपभेदभावनाशून्यजनो

अनुभव करने वाले जो पुरुष हैं वे आत्मा और कर्म का भेद न करके व्यवहार में विमोहित चित्त हुए, जिसके भावों का अनेकरूपपना प्रकट है; ऐसे अशुद्ध आत्मा का ही अनुभव करते हैं और शुद्धनय के देखने वाले जीव अपनी बुद्धि से प्रयुक्त शुद्धनय के अनुसार ज्ञान मात्र से उत्पन्न हुए आत्मा और कर्म की विवेक-बुद्धि से अपने पुरुषाकार रूप स्वरूप से प्रकट हुए स्वाभाविक एक ज्ञायकभावपने से जिसमें एक ज्ञायक भाव प्रकाशमान है ऐसे शुद्ध आत्मा का अनुभव करते हैं। इसलिए जो पुरुष शुद्धनय का आश्रय करते हैं वे ही सम्यक् अवलोकन करते हुए सम्यग्दृष्टि हैं और दूसरे जो अशुद्ध नय का सर्वथा आश्रय करते हैं वे सम्यग्दृष्टि नहीं हैं। यहां शुद्धनय निर्मली द्रव्य के समान जानना, इसकारण कर्म से भिन्न आत्मा को जो देखना चाहते हैं उन्हें व्यवहारनय अंगीकार नहीं करना चाहिये।

भावार्थ—यहां व्यवहारनय को अभूतार्थ और शुद्धनय को भूतार्थ-सत्यार्थ कहा है। जिसका विषय विद्यमान न हो—असत्यार्थ हो उसे अभूतार्थ कहते हैं। उसका अभिप्राय ऐसा है कि शुद्धनय का विषय अभेद एकाकाररूप नित्यद्रव्य है इसकी दृष्टि में भेद नहीं दीखता। इसलिये इसकी दृष्टि में भेद अविद्यमान–असत्यार्थ ही कहना चाहिये। ऐसा न समझना कि भेद रूप कुछ वस्तु ही नहीं है। यदि ऐसा माना जावे तो जैसे वेदांत मतवाले भेदरूप अनित्य को देख अवस्तु-मायास्वरूप कहते हैं और सर्वव्यापक एक अभेद नित्य शुद्धब्रह्म को वस्तु कहते हैं, वैसा हो जायगा। इससे सर्वथा एकांत

३० सुद्धो सुद्धादेसो णायव्वो परमभावदरिसीहिं ।
२७ ववहारदेसिदा पुण जे दु अपरमे ट्ठिदा भावे ॥ १२ ॥

शुद्धः शुद्धादेशो ज्ञातव्यः परमभावदर्शिभिः ।
व्यवहारदेशिताः पुनर्ये त्वपरमे स्थिता भावे ॥ १२ ॥

ये खलु पर्यंतपाकोत्तीर्णजात्यकार्तस्वरस्थानीयं परमं भावमनुभवंति, तेषां प्रथमद्वितीयाद्यनेकपाकपरंपरापच्यमानकार्तस्वरानुभवस्थानीयापरमभावानुभवनशून्यत्वाच्छुद्धद्रव्यादेशितया समुद्योतितास्खलितैकस्वभावैकभावः शुद्धनय [1]एवोपरितनैकप्रतिवर्णिकास्थानीयत्वात्परिज्ञायमानः

मिथ्यात्वरागादिविभावपरिणामसहितमात्मानमनुभवति, सद्दृष्टिजन. पुनरभेदरत्नत्रयलक्षणनिर्विकल्पसमाधिबलेन कतकफलस्थानीयं निश्चयनयमाश्रित्य शुद्धात्मानमनुभवतीत्यर्थ. ॥ ११ ॥ अथ पूर्वगाथायां भणितं भूतार्थनयमाश्रितो जीव: सम्यग्दृष्टिर्भवति । अत्र तु न केवलं भूतार्थो निश्चयनयो निर्विकल्पसमाधिरताना प्रयोजनवान् भवति । किंतु निर्विकल्पसमाधिरहिताना पुन. षोडशवर्णिकासुवर्णलाभाभावे अधस्तनवर्णिकासुवर्णलाभवत्केषांचित्प्राथमिकानां कदाचित् सविकल्पावस्थायां मिथ्यात्वविषयकषायदुर्ध्यानवंचनार्थं व्यवहारनयोपि प्रयोजनवान् भवतीति प्रतिपादयति—

शुद्धनय की पक्षरूप मिथ्यादृष्टि का ही प्रसंग आजायगा । इसकारण यहां ऐसा समझना कि जिनवाणी स्याद्वादरूप है, प्रयोजन के वश से नयको मुख्यगौण करके कहती है । भेदरूप व्यवहार का पक्ष तो प्राणियों को अनादिकाल से ही है और उसका उपदेश भी बहुधा सभी परस्पर में करते है, किन्तु जिनवाणी में व्यवहार का उपदेश शुद्धनय का सहायक जानकर किया है । परन्तु उसका फल संसार ही है । और शुद्धनय का पक्ष इस जीव ने कभी नहीं ग्रहण किया तथा उसका उपदेश भी कहीं कहीं है इसलिये उपकारी श्रीगुरु ने शुद्धनय के ग्रहण का फल मोक्ष जानकर इसी का उपदेश मुख्यता से दिया है, कि शुद्धनय भूतार्थ है—सत्यार्थ है, इसी को आश्रय करने से सम्यग्दृष्टि हो सकता है, इसके जाने विना व्यवहार में जब तक मग्न है तब तक आत्मा का ज्ञान श्रद्धान रूप निश्चय सम्यक्त्व नहीं हो सकता—ऐसा जानना । ११ ।

आगे कहते हैं कि यह व्यवहारनय भी किसी किसी को, किसी काल में प्रयोजनवान् है, सर्वथा निषेध करने योग्य नहीं है, इसलिये इसका उपदेश है:—(**परमभावदर्शिभिः**) जो शुद्धनय तक पहुँच कर श्रद्धावान् हुए तथा पूर्णज्ञान चारित्रवान् हो गये उनको तो (**शुद्धादेशः**) शुद्धनय का उपदेश करने वाला (**शुद्धः**) शुद्धनय (**ज्ञातव्यः**) जानने योग्य है । यहां शुद्ध आत्मा का प्रकरण है इसलिये शुद्ध, नित्य, एक, ज्ञायकमात्र आत्मा जानना । (**पुनः**) और (**ये तु**) जो जीव (**अपरमे भावे**) अपरमभाव अर्थात् श्रद्धा ज्ञान और चारित्र के पूर्ण भाव को नहीं पहुँच सके, तथा साधक अवस्था में ही (**स्थिताः**) ठहरे हुए हैं वे (**व्यवहारदेशिताः**) व्यवहारद्वारा उपदेश करने योग्य हैं ।

---

१. प्राचीन प्रतियों में उपरितनैक पाठ मिला है, किन्तु पं० जयचन्द्र जी को उपरतानेक पाठ मिला था, जिसका अर्थ दूर हुए अनेक वर्णों वाला है ।

प्रयोजनवान्। ये तु प्रथमद्वितीयाद्यनेकपाकपरंपरापच्यमानकार्तस्वरस्थानीयमपरमं भावमनुभवंति तेषां पर्यन्तपाकोत्तीर्णजात्यकार्तस्वरस्थानीयपरमभावानुभवनशून्यत्वादशुद्धद्रव्यादेशितयोप-

---

सुद्धादेसो शुद्धद्रव्यस्यादेश. कथनं यत्र स भवति शुद्धादेशः। **णादव्वो** ज्ञातव्यो भावयितव्यः। कैः। **परमभावदरसीहिं** शुद्धात्मभावदर्शिभिः। कस्मादिति चेत्। यतः षोडशवर्णिकाकार्तस्वरलाभवदभेदरत्नत्रयस्वरूपसमाधिकाले सप्रयोजनो

टीका—जो पुरुष अन्तिम पाक से उतरे हुए शुद्ध सोने के समान वस्तु के उत्कृष्ट असाधारण भावों का अनुभव करते हैं उनको प्रथम द्वितीय आदि अनेक पाकों की परम्परा से पच्यमान अशुद्ध सुवर्ण के समान अनुत्कृष्ट मध्यम भाव का अनुभव नहीं होता। इस कारण शुद्धद्रव्य के ही कहने वाले होने से जिसने अचलित अखंड एकस्वभावरूप एक भाव प्रकट किया है ऐसा शुद्धनय ही उपरितन एक शुद्ध सुवर्णावस्था के समान जाना हुआ प्रयोजनवान् है। और जो पुरुष प्रथम द्वितीय आदि अनेक पाकों की परम्परा से पच्यमान उस अशुद्ध सुवर्ण के समान वस्तु के अनुत्कृष्ट मध्यम भाव का अनुभव करते है उनको अन्तिम पाक से उतरे हुए शुद्ध सुवर्ण के समान वस्तु के उत्कृष्ट भाव का अनुभव न होने से उस काल में जाना हुआ व्यवहारनय ही प्रयोजनवान् है। क्योंकि व्यवहारनय अशुद्ध द्रव्य के कहने से भिन्न-भिन्न एक भाव स्वरूप अनेक भाव दिखलाता है तथा जो विचित्र अनेक वर्णमाला के समान है। इस तरह अपने अपने समय में दोनों ही नय कार्यकारी हैं क्योंकि तीर्थ और तीर्थ के फल की ऐसी ही व्यवस्थिति है। (जिससे तरा जावे वह तीर्थ है ऐसा तो व्यवहार धर्म है और जो पार होना वह व्यवहार धर्म का फल है अथवा अपने स्वरूप का पाना वह तीर्थ-फल है)। ऐसा ही दूसरी जगह भी 'जो जिणमयं'' इत्यादि गाथा में कहा है। **अर्थ**—यदि तुम जैन धर्म का प्रवर्तन चाहते हो तो व्यवहार और निश्चय इन दोनों नयों को मत छोड़ो क्योंकि एक व्यवहार नयके विना तो तीर्थ—व्यवहार मार्ग का नाश हो जायगा और दूसरे निश्चय के विना तत्व (वस्तु) का नाश हो जायगा।

भावार्थ—लोक में सोने के सोलह ताव प्रसिद्ध हैं उनमें पन्द्रह ताव तक चूरी आदि परसंयोग की कालिमा रहती है तब तक उसे अशुद्ध कहते हैं और फिर ताव देते देते जब अन्तिम ताव से उतरे, तब सोलहवान शुद्ध सुवर्ण कहलाता है। जिन जीवों को सोलहवान के सोने का ज्ञान, श्रद्धान तथा उसकी प्राप्ति हो चुकी है उनको पंद्रहवान तक का सोना कुछ प्रयोजनीय नहीं है। और जिनको सोलहवान के शुद्ध सुवर्ण की प्राप्ति जब तक नहीं हुई तब तक पंद्रहवान तक का भी प्रयोजनीय है। उसी तरह यह जीव पदार्थ है वह पुद्गल के संयोग से अशुद्ध अनेकरूप हो रहा है, उसका सब परद्रव्यों से भिन्न एक ज्ञायकता मात्र का जिनका ज्ञान, श्रद्धान तथा आचरण रूप प्राप्ति हो गई है उनको तो पुद्गल संयोगजनित अनेकरूपता को कहने वाला अशुद्धनय कुछ प्रयोजनवान् नहीं है, और जबतक शुद्धभाव की प्राप्ति नहीं हुई है तबतक जितना अशुद्ध नय का कथन है उतना यथापदवी प्रयोजनवान् है। जबतक यथार्थ ज्ञान-श्रद्धान की प्राप्ति रूप सम्यग्दर्शन की प्राप्ति न हुई हो तबतक तो जिनसे यथार्थ उपदेश मिलता है ऐसे जिन वचनों का सुनना, धारण करना तथा जिन वचन

दर्शितप्रतिविशिष्टैकभावानेकभावो व्यवहारनयो विचित्रवर्णमालिकास्थानीयत्वात्परिज्ञायमानस्तदात्वे प्रयोजनवान्, तीर्थतीर्थफलयोरित्थमेव व्यवस्थितत्वात् ॥ १२ ॥ उक्तं च—जइ जिणमयं पवज्जह ता मा ववहारणिच्छए मुयह । एक्केण विणा छिज्जइ तित्थं अण्णेण उण तच्चं ॥

उभयनयविरोधध्वंसिनि स्यात्पदांके, जिनवचसि रमंते ये स्वयं वांतमोहाः ।
सपदि समयसारं ते परं ज्योतिरुच्चैरनवमनयपक्षाक्षुण्णमीक्षंत एव ॥ ४ ॥

भवति। निःप्रयोजनो न भवतीत्यर्थः। **ववहारदेसिदो** व्यवहारेण विकल्पेन भेदेन पर्यायेण देशितः कथित इति व्यवहारदेशितो व्यवहारनयः **पुण** पुनः अधस्तनवर्णिकसुवर्णलाभवत्प्रयोजनवान् भवति। केषां ? **जे** ये पुरुषाः **दु** पुनः **अपरमे**

के कहने वाले श्रीजिनगुरु की भक्ति, जिनबिंब का दर्शन इत्यादि व्यवहार मार्ग में प्रवृत्त होना प्रयोजनवान् है। और जिसके श्रद्धान और ज्ञान तो हुआ पर साक्षात्प्राप्ति न हुई तबतक पूर्वकथित कार्य, पर द्रव्य का आलंबन छोड़ने रूप अणुव्रत और महाव्रत का ग्रहण, समिति, गुप्ति, पंचपरमेष्ठी के ध्यानरूप प्रवर्तन तथा उसी प्रकार प्रवर्तन करने वालों की संगति करना और विशेष जानने के लिए शास्त्रों का अभ्यास करना इत्यादि व्यवहारमार्ग में आप प्रवर्तन करना तथा अन्य को प्रवृत्त कराना इत्यादि व्यवहारनय का उपदेश अंगीकार करना प्रयोजनवान् है। व्यवहारनय को कथंचित् असत्यार्थ कहा गया है; यदि कोई उसे सर्वथा असत्यार्थ जान कर छोड़ दे तो शुभोपयोग रूप व्यवहार छोड़ दे और चूंकि शुद्धोपयोग की साक्षात् प्राप्ति नहीं हुई इसलिये उल्टा अशुभोपयोग में ही आकर भ्रष्ट हुआ यथाकथंचित् स्वेच्छारूप प्रवृत्ति करेगा तब नरकादिगति तथा परंपरा से निगोद को प्राप्त होकर संसार में ही भ्रमण करेगा। इस कारण साक्षात् शुद्धनय का विषय जो शुद्ध आत्मा है, उसकी प्राप्ति जबतक न हो तबतक व्यवहार भी प्रयोजनवान् है। ऐसा स्याद्वादमत में श्रीगुरुओं का उपदेश है।

इसी अर्थ का कलश रूप काव्य टीकाकार कहते हैं—"उभय"—इत्यादि। **अर्थ**—निश्चय व्यवहार रूप जो दो नय उनमें विषय के भेद से परस्पर में विरोध है। उस विरोध को दूर करने वाले स्यात्पद से चिह्नित जिनेन्द्र भगवान के वचन में जो पुरुष रमण करते हैं—प्रचुर प्रीतिसहित अभ्यास करते हैं, वे पुरुष विना कारण अपने आप मिथ्यात्व-कर्म के उदय का वमन कर इस अतिशय रूप परमज्योति प्रकाशमान शुद्ध आत्मा का शीघ्र ही अवलोकन करते हैं। यह समयसार रूप शुद्ध आत्मा नवीन नहीं उत्पन्न हुआ—पूर्व से ही कर्म से आच्छादित था, वह प्रकट—व्यक्त हो गया है। तथा वह सर्वथा एकांतरूप कुनय के पक्ष से खंडित नहीं होता—निर्बाध है।

भावार्थ—जिन वचन स्याद्वादरूप है, जहाँ दो नयों के विषय का विरोध है, जैसे जो सद्रूप है वह असद्रूप नहीं होता, एक है वह अनेक नहीं होता, नित्य है वह अनित्य नहीं होता, भेदरूप है वह अभेदरूप नहीं होता, शुद्ध है वह अशुद्ध नहीं होता इत्यादि नयों के विषयों में विरोध है, वहाँ जिन वचन कथंचित् विवक्षा से सत्-असद्रूप, एक अनेकरूप, नित्य-अनित्यरूप, भेद-अभेदरूप,

व्यवहरणनयः स्याद्यद्यपि प्राक्पदव्यामिह निहितपदानां हंत हस्तावलंबः।
तदपि परममर्थं चिच्चमत्कारमात्रं परविरहितमंतः पश्यतां नैष किंचित्॥ ५॥
एकत्वे नियतस्य शुद्धनयतो व्याप्तुर्यदस्यात्मनः।
पूर्णज्ञानघनस्य दर्शनमिह द्रव्यांतरेभ्यः पृथक्॥
सम्यग्दर्शनमेतदेव नियमादात्मा च तावानयं।
तन्मुक्त्वा नवतत्त्वसंततिमिमामात्मायमेकोऽस्तु नः॥ ६॥

अशुद्धे असंयतसम्यग्दृष्ट्यपेक्षया श्रावकापेक्षया वा सरागसम्यग्दृष्टिलक्षणे शुभोपयोगे प्रमत्ताप्रमत्तसंयतापेक्षया च भेद-

---

शुद्ध-अशुद्धरूप जिस प्रकार विद्यमान वस्तु है, उसी प्रकार कहकर विरोध मिटा देता है, झूठी कल्पना नहीं करता। इसलिये द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक दोनों नयों में प्रयोजन के वश शुद्ध द्रव्यार्थिक को मुख्यकर निश्चयनय कहता है और अशुद्ध द्रव्यार्थिकरूप पर्यायार्थिक को गौणकर व्यवहारनय कहता है। इस प्रकार जिन वचन में जो पुरुष रमण करते हैं, वे इस शुद्ध आत्मा को यथार्थ पाते हैं, अन्य सर्वथा एकांती सांख्यादिक नहीं पाते। क्योंकि वस्तु सर्वथा एकांतपक्ष का विषय नहीं है तो भी वे एक धर्ममात्र को ही ग्रहण कर वस्तु की असत्य कल्पना करते हैं। वह असत्यार्थ ही है, बाधासहित मिथ्यादृष्टि है ऐसा जानना। इस प्रकार बारह गाथाओं में पीठबंध (भूमिका) है।

आगे आचार्य शुद्धनय को प्रधानकर निश्चयसम्यक्त्व का स्वरूप कहते हैं क्योंकि अशुद्धनय (व्यवहारनय) की प्रधानता में जीवादि तत्त्वों के श्रद्धान को सम्यक्त्व कहा है। उसी स्थान पर उन जीवादिकों को शुद्धनय के द्वारा जानने से सम्यक्त्व होता है ऐसा कहते हैं। वहां टीकाकार उसकी सूचनिका रूप तीन श्लोक कहते हैं। उनमें से प्रथम श्लोक में यह कथन है कि व्यवहारनय को कथंचित् प्रयोजनवान् कहा है तो भी यह कुछ वस्तुभूत नहीं है। "व्यवहरण" इत्यादि। **अर्थ**—व्यवहारनय को यद्यपि इस प्रथम पदवी में (जबतक शुद्ध स्वरूप की प्राप्ति न हुई हो तबतक) जिन्होंने अपना पैर रखा है ऐसे पुरुषों के लिये हस्तावलंब तुल्य कहा है तो भी जो पुरुष चैतन्यचमत्कारमात्र, परद्रव्यभावों से रहित परम-अर्थ (शुद्धनय का विषयभूत) को अंतरंग में अवलोकन करते हैं, उसका श्रद्धान करते हैं तथा उस स्वरूप में लीनतारूप चारित्रभाव को प्राप्त होते हैं, उनके लिये यह व्यवहारनय कुछ भी प्रयोजनवान् नहीं है।

भावार्थ—शुद्धस्वरूप का ज्ञान, श्रद्धान तथा आचरण होने के पश्चात् अशुद्धनय कुछ भी प्रयोजनभूत नही है।

अब आगे के श्लोक में निश्चयसम्यक्त्व का स्वरूप कहते हैं—"एकत्वे" इत्यादि। **अर्थ**—जो इस आत्मा को अन्य द्रव्यों से भिन्न देखना, श्रद्धान करना वही नियम से सम्यग्दर्शन है। क्योंकि यह आत्मा अपने गुणपर्यायों में व्यापक है; शुद्धनय से एकत्व में निश्चित किया गया है। पूर्ण ज्ञानघन है और जितना यह सम्यग्दर्शन है उतना ही आत्मा है। इसलिये आचार्य प्रेरणा करते हैं कि इस नव तत्त्व की परिपाटी को छोड़ कर यह आत्मा ही हमें प्राप्त होवे।

अतः शुद्धनयायत्तं प्रत्यग्ज्योतिश्चकास्ति तत् ।
नवतत्त्वगतत्वेपि यदेकत्वं न मुंचति ॥ ७ ॥

रत्नत्रयलक्षणे वा **ठिदा** स्थिताः, कस्मिन् स्थिताः । **भावे** जीवपदार्थे तेषामिति भावार्थः ॥ १२ ॥ एवं निश्चयव्यव-

---

भावार्थ—अपनी सभी स्वाभाविक तथा नैमित्तिक अवस्थारूप गुणपर्यायभेद में व्याप्त रहने वाला यह आत्मा शुद्धनय के द्वारा एकत्व में निश्चित किया गया है—शुद्धनय से ज्ञायक मात्र एक आकार दिखलाया उसको सब अन्य द्रव्य और अन्य द्रव्यों के भावों से पृथक् देखना और श्रद्धान करना वह नियम से सम्यग्दर्शन है । व्यवहारनय जहां आत्मा को अनेक भेदरूप कह कर सम्यग्दर्शन को अनेक भेद रूप कहता है, वहाँ व्यभिचार (दोष) आता है, नियम नही रहता । किन्तु शुद्धनय की सीमा में पहुँचते ही व्यभिचार नही रहता इसलिए नियम रूप है । क्योंकि शुद्धनय का विषयभूत आत्मा पूर्ण ज्ञानघन है सब लोकालोक का जानने वाला ज्ञानस्वरूप है, ऐसे आत्मा का श्रद्धानरूप सम्यग्-दर्शन है वह कुछ आत्मा से भिन्न पदार्थ नहीं है, आत्मा का ही परिणाम है । इसलिए आत्मा ही है । इस कारण जो सम्यग्दर्शन है वह आत्मा है, अन्य नहीं है । यहां पर इतना और जानना कि नय श्रुतप्रमाण के अंश हैं इसलिए शुद्धनय भी श्रुतप्रमाण का ही अंश हुआ । श्रुतप्रमाण है वह परोक्ष प्रमाण है क्योंकि वस्तु आगम से जानी जाती है । यह शुद्धनय भी सब द्रव्यो से भिन्न आत्मा की सब पर्यायों में व्याप्त पूर्णचैतन्य केवलज्ञान रूप सब लोकालोक के जानने वाले असाधारण चैतन्य धर्म को दिखलाता है, उसको यह व्यवहारी छद्मस्थ (अल्पज्ञानी) जीव आगम को प्रमाण मानकर पूर्ण आत्मा का श्रद्धान करे, वही श्रद्धान निश्चयसम्यग्दर्शन है । जब तक व्यवहार नय के विषयभूत जीवादिक भेद रूप तत्त्वों का केवल श्रद्धान रहता है, तब तक निश्चय सम्यग्दर्शन नही हो सकता। इसलिए आचार्य कहते है कि इन तत्त्वों की संतति (परिपाटी) को छोड़कर शुद्धनय का विषयभूत एक यह आत्मा ही हमको प्राप्त हो; हम दूसरा कुछ नही चाहते । यह वीतराग अवस्था की प्रार्थना है, कुछ नयपक्ष नही है । सर्वथा नयो का पक्षपात ही मिथ्यात्व है । **प्रश्न**—अनुभव में चैतन्यमात्र आना इतना ही आत्मा को मानकर श्रद्धान करे तो सम्यग्दर्शन है कि नहीं ? **समाधान**—चैतन्य मात्र तो नास्तिक के अतिरिक्त सभी मतवाले आत्मा को मानते हैं, यदि इतने ही श्रद्धान को सम्यक्त्व कहा जाय तो सभी के सम्यक्त्व सिद्ध हो जायगा । इसलिए सर्वज्ञ की वाणी में जैसा पूर्ण आत्मा का स्वरूप कहा है, वैसा श्रद्धान होने से निश्चय सम्यक्त्व होता है ।'अतः' इत्यादि ।

अर्थ—इसके बाद शुद्ध नय के आधीन आत्मज्योति प्रगट होती है । नवतत्त्व में प्राप्त होने पर भी जो अपने एकत्व को नही छोड़ती ।

भावार्थ—नवतत्त्व में प्राप्त हुआ आत्मा अनेक रूप दीखता है । वास्तव में यदि इसका भिन्न स्वरूप विचारा जाय तो यह अपनी चैतन्यचमत्कारमात्र ज्योति को नहीं छोड़ता ॥ १२ ॥

२१ भूयत्थेणाभिगदा जीवाजीवा य पुराणपावं च।
५५ २८ आसवसंवरणिज्जरबंधो मोक्खो य सम्मत्तं ॥ १३ ॥

भूतार्थेनाभिगता जीवाजीवौ च पुण्यपापं च।
आस्रवसंवरनिर्जरा बंधो मोक्षश्च सम्यक्त्वम् ॥ १३ ॥

अमूनि हि जीवादीनि नवतत्त्वानि भूतार्थेनाभिगतानि सम्यग्दर्शनं संपद्यंत एवामीषु तीर्थप्रवृत्तिनिमित्तमभूतार्थनयेन व्यपदिश्यमानेषु जीवाजीवपुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षलक्षणेषु नवतत्त्वेष्वेकत्वद्योतिना भूतार्थनयेनैकत्वमुपानीय शुद्धनयत्वेन व्यवस्थापितस्यात्मनोनुभूतेरात्मख्यातिलक्षणायाः संपद्यमानत्वात्। तत्र विकार्यविकारकोभयं पुण्यं तथा पापं। आस्राव्यास्रावकोभयमास्रवः, संवार्यसंवारकोभयं संवरः, निर्जर्यनिर्जरकोभयं निर्जरा, बंध्यबंधकोभयं बंधः, मोच्यमोचकोभयं मोक्षः। स्वयमेकस्य पुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षानुपपत्तेः। तदुभयं च जीवाजीवाविति। बहिर्दृष्ट्या नवतत्त्वान्यमूनि जीवपुद्गलयोरनादिबंधपर्यायमुपेत्यैकत्वेनानुभूयमानतायां भूतार्थानि, अथ चैकजीवद्रव्यस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थानि। ततोऽमीषु नवतत्त्वेषु भूतार्थनयेनैको जीव एव प्रद्योतते। तथांतर्दृष्ट्या ज्ञायको भावो जीवो जीवस्य विकार-

---

हारनयव्याख्यानप्रतिपादनरूपेण गाथाद्वयेन पंचमं स्थलं गतं। इति चतुर्दशगाथाभिः स्थलपंचकेन पीठिका समाप्ता। अथ कश्चिदासन्नभव्यः पीठिकाव्याख्यानमात्रेणैव हेयोपादेयतत्त्वं परिज्ञाय विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावं निजस्वरूपं भावयति। विस्तररुचिः पुनर्नवभिरधिकारैः समयसारं ज्ञात्वा पश्चाद्भावनां करोति। तद्यथा—विस्तररुचिशिष्यं प्रति जीवादिनवपदार्थाधिकारैः समयसारव्याख्यानं क्रियते। तत्रादौ नवपदार्थाधिकारगाथाया आर्त्तरौद्रपरित्यागलक्षणनिर्विकल्पसामायिकस्थितानां यच्छुद्धात्मरूपस्य दर्शनमनुभवनमवलोकनमुपलब्धिः संवित्तिः प्रतीतिः ख्यातिरनुभूतिस्तदेव निश्चयनयेन निश्चयचारित्राविनाभावि निश्चयसम्यक्त्वं वीतरागसम्यक्त्वं भण्यते। तदेव च गुणगुण्यभेदरूपनिश्चयनयेन शुद्धात्मस्वरूपं भवतीत्येका पातनिका। अथवा नवपदार्था भूतार्थेन ज्ञाताः संतस्त एवाभेदोपचारेण सम्यक्त्वविषयत्वाद् व्यवहारसम्यक्त्वनिमित्तं भवंति, निश्चयनयेन तु स्वकीयशुद्धपरिणाम एव सम्यक्त्वमिति द्वितीया चेति पातनिकाद्वयं मनसि धृत्वा सूत्रमिदं प्ररूपयति.—

शुद्धनय से जानना ही सम्यक्त्व है, ऐसा सूत्रकार गाथा में कहते है,—[भूतार्थेन अभिगताः] भूतार्थनय से जाने हुए [जीवाजीवौ] जीव, अजीव [च] और [पुण्यपापं] पुण्य, पाप [च] तथा [आस्रवसंवरनिर्जराः] आस्रव, संवर, निर्जरा [बंधः] बंध [च] और [मोक्षः] मोक्ष [सम्यक्त्वं] ये नवतत्त्व सम्यक्त्व हैं।

टीका—जो जीवादि नौ तत्त्व हैं वे भूतार्थ नय से जाने हुए सम्यग्दर्शन ही हैं यह नियम कहा, क्योंकि जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष लक्षण वाले व्यवहार धर्म की प्रवृत्ति के अर्थ ये जीवादि नवतत्त्व अभूतार्थ (व्यवहार) नय से कहे हुए हैं, उनमें एकत्व प्रगट करने

हेतुरजीवः । केवला जीवविकाराश्च पुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षलक्षणाः, केवला जीवविकार-हेतवः पुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षा इति । नवतत्वान्यमून्यपि जीवद्रव्यस्वभावमपोह्य स्वपर-प्रत्ययैकद्रव्यपर्यायत्वेनानुभूयमानतायां भूतार्थानि, अथ च सकलकालमेवास्खलंतमेकं जीवद्रव्य-स्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थानि । ततोऽमीष्वपि नवतत्वेषु भूतार्थनयेनैको जीव एव प्रद्यो-तते । एवमसावेकत्वेन द्योतमानः शुद्धनयत्वेनानुभूयत एव । यात्वनुभूतिः सात्मख्यातिरेवात्म-ख्यातिस्तु सम्यग्दर्शनमेवेति समस्तमेव निरवद्यं ।

भूदत्थेण भूतार्थेन निश्चयनयेन शुद्धनयेन **अभिगदा** अभिगता निर्णीता निश्चिता ज्ञाताः संतः । के ते । **जीवाजीवा य पुण्णपावं च आसवसंवरणिज्जरबंधो मोक्खो य** जीवाजीवपुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्ष-स्वरूपा नव पदार्थाः **सम्मत्तं** त एवाभेदोपचारेण सम्यक्त्वविषयत्वात्कारणत्वात्सम्यक्त्वं भवंति । निश्चयेन

वाले भूतार्थ नय से एकत्व प्राप्त कर शुद्ध नय से स्थापन किए गए आत्मा की ख्याति लक्षण वाली अनुभूति की प्राप्ति है; क्योंकि शुद्धनय से नव तत्त्व को जानने से आत्मा की अनुभूति होती है । उनमें से विकारी होने योग्य और विकार करने वाला—ये दोनों पुण्य भी हैं और पाप भी हैं तथा आस्राव्य व आस्रावक (आस्रव करने वाले) ये दोनों आस्रव हैं, संवार्य (संवर रूप होने योग्य) व संवारक (संवर करने वाले) ये दोनों संवर हैं । निर्जरने योग्य, निर्जरा करने वाले ये दोनों निर्जरा हैं । बंधने योग्य, बंधन करने वाले ये दोनों बंध हैं और मोक्ष होने योग्य, मोक्ष करने वाले ये दोनों मोक्ष हैं । क्योंकि एक के ही अपने आप पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध, और मोक्ष की उपपत्ति (सिद्धि) नहीं बनती । तथा वे जीव और अजीव दोनों मिलकर सब नौ तत्त्व हैं । इनको बाह्य दृष्टि से देखा जाय तब जीव पुद्गल की अनादि बंध पर्याय को प्राप्त करके उनका एकत्व से अनुभव करने पर तो ये नौ भूतार्थ हैं—सत्यार्थ हैं तथा एक जीव द्रव्य के ही स्वभाव को लेकर अनुभव किए गए अभूतार्थ हैं—असत्यार्थ हैं । जीव के एकाकार स्वरूप में ये नहीं हैं । इसलिए इन तत्त्वों में भूतार्थ नय से जीव एकरूप ही प्रकाशमान है । उसी तरह अंतर्दृष्टि से देखा जाय तब ज्ञायक भाव जीव है और जीव के विकार का कारण अजीव है । पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष जिसका लक्षण है ऐसा केवल अकेले जीव का विकार नहीं है, पुण्य आदि ये सातों पदार्थ केवल एक अजीव के विकार से जीव के विकार के कारण हैं । ऐसे ये नय तत्त्व हैं वे जीव के स्वभाव को छोड़कर स्वपरनिमित्तक एक द्रव्यपर्याय रूप से अनुभव किए गए तो भूतार्थ हैं तथा सब काल में नहीं चिगते एक जीव द्रव्य के स्वभाव को अनुभव करने पर ये अभूतार्थ हैं—असत्यार्थ हैं । इसलिए इन नौ तत्त्वों में भूतार्थ नय से देखा जाय तब जीव तो एक रूप ही प्रकाशमान है । ऐसे यह जीवतत्त्व एकत्व रूप से प्रकट प्रकाशमान हुआ शुद्ध नय से अनुभव किया जाता है । यह अनुभवन ही आत्मख्याति है—आत्मा का ही प्रकाश है, जो आत्मख्याति है वही सम्यग्दर्शन है । इस प्रकार यह सब कथन निर्दोष है—बाधारहित है ।

भावार्थ—इन नव तत्त्वों में शुद्ध नय से देखा जाय तब जीव ही एक चैतन्यचमत्कार मात्र

'चिरमिति नवतत्त्वच्छन्नमुन्नीयमानं कनकमिव निमग्नं वर्णमालाकलापे।
अथ सततविविक्तं दृश्यतामेकरूपं प्रतिपदमिदमात्मज्योतिरुद्योतमानम् ॥ ८ ॥

अथैवमेकत्वेन द्योतमानस्यात्मनोऽधिगमोपायाः प्रमाणनयनिक्षेपाः ये ते खल्वभूतार्थास्तेष्वप्ययमेक एव भूतार्थः। प्रमाणं तावत्परोक्षं प्रत्यक्षं च। तत्रोपात्तानुपात्तपरद्वारेण प्रवर्त्तमानं परोक्षं, केवलात्मप्रतिनियतत्वेन प्रवर्त्तमानं प्रत्यक्षं च, तदुभयमपि प्रमातृप्रमाणप्रमेयभेदस्यानुभूयमानतायां भूतार्थमथ च व्युदस्तसमस्तभेदैकजीवस्वभावस्यानुभूयमानतायामभूतार्थं। नयस्तु द्रव्यार्थिकः पर्यायार्थिकश्च। तत्र द्रव्यपर्यायात्मके वस्तुनि द्रव्यं मुख्यतयानुभावयतीति द्रव्यार्थिकः, पर्यायं मुख्यतयानुभावयतीति पर्यायार्थिकः, तदुभयमपि द्रव्यपर्याययोः पर्यायेणानुभूयमानतायां भूतार्थं। अथ च द्रव्यपर्यायानालीढशुद्धवस्तुमात्रजीवस्वभावस्यानुभूयमानतायामभूतार्थं। निक्षेपस्तु नाम, स्थापना, द्रव्यं, भावश्च। तत्रातद्गुणे वस्तुनि संज्ञाकरणं नाम। सोऽयमित्यन्यत्र प्रतिनिधिव्यवस्थापनं स्थापना। वर्त्तमानतत्पर्यायादन्यद्द्रव्यं, वर्त्तमानतत्पर्यायो

परिणाम एव सम्यक्त्वमिति। नव पदार्थाः भूतार्थेन ज्ञाताः सतः सम्यक्त्वं भवतीत्युक्तं भवद्भिस्तत्कीदृशं भूतार्थपरिज्ञानमिति पृष्टे प्रत्युत्तरमाह। यद्यपि नव पदार्थाः तीर्थवर्तनानिमित्तं प्राथमिकशिष्यापेक्षया भूतार्था

प्रकाश रूप प्रकट हो रहा है। इसके विना जुदे-जुदे नव तत्त्व देखे जायं तो कुछ भी नहीं। जब तक इस तरह जीव तत्त्व का जानना नहीं है, तब तक व्यवहारदृष्टि में होकर पृथक् पृथक् नव तत्त्वों को मानता है। जीव पुद्गल की बंधपर्याय रूप दृष्टि से ये पदार्थ भिन्न-भिन्न दीखते हैं और जब शुद्ध नय से जीव पुद्गल का निज स्वरूप जुदा जुदा देखा जाय, तब ये पुण्य पाप आदि सात तत्त्व कुछ भी वस्तु नहीं दीखते, निमित्तनैमित्तिक भाव से हुए थे सो निमित्तनैमित्तिक भाव जब मिट गया तब जीव पुद्गल जुदे जुदे होने से दूसरा कोई पदार्थ सिद्ध नहीं हो सकता। वस्तु तो द्रव्य है। द्रव्य के निज भाव द्रव्य के ही साथ रहते हैं और नैमित्तिक भाव का तो अभाव ही होता है, इसलिए शुद्ध नय से जीव को जानने से ही सम्यग्दृष्टि प्राप्त हो सकती है। जब तक आत्मा को नहीं जाना तब तक पर्यायबुद्धि है।

यहां पर इसी अर्थ का कलश रूप काव्य कहते हैं "चिरं" इत्यादि। **अर्थ**—इस प्रकार नौ तत्त्वों में बहुत काल से छुपी हुई यह आत्मज्योति शुद्धनय से प्रकट की है। जैसे वर्णों (रंग) के समूह में सुवर्ण के छुपे हुए एकाकार को निकालते हैं, उसी तरह यह आत्मज्योति समझना। इसको हमेशा अन्य द्रव्यों से तथा उनसे हुए नैमित्तिक भावों से भिन्न एक रूप देखो। यह हर एक पर्याय में एकरूप चिच्चमत्कारमात्र उद्योतमान है।

कलश का भावार्थ—यह आत्मा सब अवस्थाओं में नाना रूप दीखता था, उसे शुद्धनय ने एक चैतन्यचमत्कार मात्र दिखलाया है सो अब सदा एकाकार ही अनुभवन करो। पर्यायबुद्धि का एकांत मत रखो, ऐसा श्रीगुरुओं का उपदेश है।

भावस्तच्चतुष्टयं स्वस्वलक्षणवैलक्षण्येनानुभूयमानतायां भूतार्थं। अथ च निर्विलक्षणस्वलक्षणैकजीवस्वभावस्यानुभूयमानतायामभूतार्थं। अथैवममीषु प्रमाणनयनिक्षेपेषु भूतार्थत्वेनैको जीव एव प्रद्योतते ॥ १३ ॥

भण्यंते तथाप्यभेदरत्नत्रयलक्षणनिर्विकल्पसमाधिकाले अभूनार्था असत्यार्थाः शुद्धात्मस्वरूपं न भवंति। तस्मिन् परमसमाधिकाले नवपदार्थमध्ये शुद्धनिश्चयनयेनैक एव शुद्धात्मा प्रद्योतते प्रकाशते प्रतीयते अनुभूयत इति। या चानुभूति. प्रतीतिः शुद्धात्मोपलब्धिः सा चैव निश्चयसम्यक्त्वमिति सा चैवानुभूतिर्गुणगुणिनोर्निश्चयनयेनाभेदविवक्षायां शुद्धात्मस्वरूपमिति तात्पर्यं। किं च, ये च प्रमाणनयनिक्षेपाः परमात्मादितत्त्वविचारकाले सहकारिकारणभूतास्तेपि

टीका—जैसे नव तत्त्वों में एक जीव का ही जानना भूतार्थ कहा, उसी तरह एकत्व से प्रकाशमान आत्मा के अधिगम के उपाय जो प्रमाण, नय और निक्षेप हैं, वे भी निश्चय से अभूतार्थ है, उनमें भी एक आत्मा ही भूतार्थ है, क्योंकि ज्ञेय और वचन के भेद से वे प्रमाणादि अनेक भेदरूप होते है। उनमें से प्रमाण दो प्रकार है—परोक्ष और प्रत्यक्ष। उनमे से उपात्त अर्थात् इन्द्रिय और मन, अनुपात्त अर्थात् प्रकाश उपदेशादि इन दोनों परद्वारों से प्रवर्तमान ज्ञान को परोक्ष कहते हैं। तथा जो आत्मा के प्रतिनियतपने से प्रवर्तमान हो वह प्रत्यक्ष है।

भावार्थ—प्रमाण ज्ञान है। वह पांच प्रकार का है—मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवल। उनमें मे मति और श्रुत ये दो ज्ञान परोक्ष हैं, अवधि, मनःपर्यय ये दो विकल प्रत्यक्ष है और केवलज्ञान सकल प्रत्यक्ष है। ये दोनों तरह के ही प्रमाण है। ये दो भेद प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय के भेद का अनुभव करते हुए तो भूतार्थ हैं—सत्यार्थ है और जिसमें सब भेद गौण हो गये हैं ऐसे एक जीव के स्वभाव का अनुभव करते हुए अभूतार्थ है—असत्यार्थ हैं। नय दो प्रकार है—द्रव्यार्थिक और पर्यार्यार्थिक। उनमे से जो द्रव्यपर्याय स्वरूप वस्तु को द्रव्यत्व की मुख्यता से अनुभव करावे वह द्रव्यार्थिक नय है और पर्याय की मुख्यता से अनुभव करावे वह पर्यायार्थिक नय है। ये दोनों ही नय द्रव्य पर्याय को भेदरूप पर्याय से अनुभव कराते हैं अतः भूतार्थ हैं—सत्यार्थ हैं और द्रव्य पर्याय इन दोनों का आस्वाद न लेते हुए शुद्ध वस्तुमात्र जीव के स्वभाव चैतन्यमात्र का अनुभव कराने पर भेदरूप अभूतार्थ हैं—असत्यार्थ हैं। निक्षेप भी नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव के भेद से चार तरह का है। जिसमें वह गुण तो न हो किन्तु व्यवहार के लिये उसकी संज्ञा करना वह नाम निक्षेप है; अन्य वस्तु में अन्य की प्रतिमा रूप स्थापना करना कि यह वही है यह स्थापना निक्षेप है; वर्तमान पर्याय से अन्य अतीत अनागत पर्याय रूप वस्तु को वर्तमान पर्याय में कहना यह द्रव्य निक्षेप है; और वर्तमान पर्याय रूप वस्तु को वर्तमान में कहना यह भाव निक्षेप है। ये चारों ही निक्षेप अपने अपने लक्षण भेद से भिन्न-भिन्न विलक्षण रूप अनुभव किये गये भूतार्थ है—सत्यार्थ हैं और भिन्न लक्षण से रहित एक अपने चैतन्य-लक्षणरूप जीव के स्वभाव का अनुभव करने पर चारों ही अभूतार्थ हैं—असत्यार्थ हैं। इस तरह इन प्रमाण, नय और निक्षेपों मे भूतार्थपने से एक जीव ही प्रकाशमान है।

भावार्थ—इन प्रमाण, नय और निक्षेपो का विस्तार से व्याख्यान इनके प्रकरण ग्रंथों में से

उदयति न नयश्रीरस्तमेति प्रमाणं क्वचिदपि च न विद्मो याति निक्षेपचक्रं।
किमपरमभिदध्मो धाम्नि सर्वंकषेऽस्मिन्ननुभवमुपयाते भाति न द्वैतमेव ॥ ९ ॥
आत्मस्वभावं परभावभिन्नमापूर्णमाद्यंतविमुक्तमेकम् ।
विलीनसंकल्पविकल्पजालं प्रकाशयन् शुद्धनयोऽभ्युदेति ॥ १० ॥

सविकल्पावस्थायामेव भूतार्थाः । परमसमाधिकाले पुनरभूतार्थास्तेषु मध्ये भूतार्थेन शुद्धजीव एक एव प्रतीयते ॥ १३ ॥

जानना। इन्हीं से द्रव्यपर्यायस्वरूप वस्तु की सिद्धि होती है। ये साधक अवस्था में सत्यार्थ ही हैं क्योंकि ये ज्ञान के ही विशेष हैं, इनके विना वस्तु को यथाकथंचित् (एकान्त रूप से) साधा जाय तब विपर्यय हो जाता है। अवस्था के व्यवहार के अभाव की तीन रीतियां हैं। एक तो यथार्थ वस्तु को जान कर ज्ञान और श्रद्धान की सिद्धि करना। ज्ञान और श्रद्धान सिद्ध होने के बाद प्रमाणादिक से श्रद्धान करने का कुछ प्रयोजन नहीं है। दूसरी अवस्था विशेष ज्ञान और राग, द्वेष, मोह, कर्म का सर्वथा अभाव रूप यथाख्यात चारित्र का होना है, इसी से केवल ज्ञान की प्राप्ति होती है, इसके होने के बाद प्रमाणादिक का आलंबन नहीं रहता। उसके बाद तीसरी साक्षात् सिद्ध अवस्था है। वहां पर भी कुछ आलंबन नहीं है इसलिये सिद्ध अवस्था में भी प्रमाण-नय-निक्षेप का अभाव ही है।

इसी अर्थ का कलशरूप "उदयति" इत्यादि श्लोक कहते हैं। **अर्थ**—इन सब भेदों का नाश करने वाले शुद्धनय के विषयभूत चैतन्यचमत्कारमात्र तेजपुंज आत्मा के अनुभव में आने पर नयों की लक्ष्मी उदय को प्राप्त नहीं होती। प्रमाण अस्त को प्राप्त हो जाता है और निक्षेपों का समूह भी कहां चला जाता है ये हम नहीं जानते। इससे अधिक क्या कहें, कि द्वैत ही प्रतिभासित नहीं होता।

भावार्थ—भेद को अत्यन्त गौण कर कहा है। शुद्ध अनुभव होने पर प्रमाणनयादिक भेद की तो बात क्या है, द्वैत ही प्रतिभासित नहीं होता। इस विषय में विज्ञानाद्वैतवादी तथा वेदांती कहते हैं कि परमार्थ में (असल में) तो अद्वैत का ही अनुभव हुआ, यही हमारा मत है, तुमने विशेष क्या कहा? इसका उत्तर यह है कि तुम्हारे मत में सर्वथा अद्वैत मानते हैं। यदि सर्वथा अद्वैत ही माना जाय तो बाह्य वस्तु का अभाव ही हो जाय किन्तु ऐसा अभाव प्रत्यक्ष विरुद्ध है। हमारे मत में नयविवक्षा है, वह बाह्य वस्तु का लोप नहीं करती। शुद्ध अनुभव से विकल्प नष्ट हो जाता है, तब आत्मा परमानन्द को प्राप्त हो जाता है इसलिये अनुभव कराने को ऐसा कहा गया है। यदि बाह्य वस्तु का लोप किया जावे तो आत्मा का भी लोप हो जाने से शून्यवाद का प्रसंग आ सकता है। इसलिये तुम्हारे कहने से वस्तु-स्वरूप की सिद्धि नहीं हो सकती और वस्तु-स्वरूप की यथार्थ श्रद्धा के विना जो शुद्ध अनुभव भी किया जाय वह भी मिथ्यारूप है। ऐसा होने से शून्यवाद का प्रसंग आता है तब आकाश के फूल के समान अनुभव हो जायगा।

आगे जो शुद्ध नय का उदय होता है उसकी सूचना का श्लोक कहते हैं। 'आत्मस्वभावं' इत्यादि। **अर्थ**—शुद्धनय आत्मा के स्वभाव को प्रकट करता हुआ उदयरूप होता है। वह आत्मा को

जो पस्सदि अप्पाणं अबद्धपुट्ठं अणण्णयं णियदं ।
अविसेसमसंजुत्तं तं सुद्धणयं वियाणाहि ॥ १४ ॥

यः पश्यति आत्मानं अबद्धस्पृष्टमनन्यकं नियतं ।
अविशेषमसंयुक्तं तं शुद्धनयं विजानीहि ॥ १४ ॥

या खल्वबद्धस्पृष्टस्यानन्यस्य नियतस्याविशेषस्यासंयुक्तस्य चात्मनोऽनुभूतिः स शुद्धनयः सात्वनुभूतिरात्मैवेत्यात्मैक एव प्रद्योतते । कथं यथोदितस्यात्मनोनुभूतिरिति चेद्बद्धस्पृष्टत्वादीनामभूतार्थत्वात्तथाहि—यथा खलु बिसिनीपत्रस्य सलिलनिमग्नस्य सलिलस्पृष्टत्वपर्यायेणानुभूयमानतायां सलिलस्पृष्टत्वं भूतार्थमप्येकांततः सलिलास्पृश्यं बिसिनीपत्रस्वभावमुपेत्यानुभूयमानताया-

---

इति नवपदार्थाधिकारगाथा गता । तत्र नवाधिकारेषु मध्ये प्रथमतस्तावदष्टाविंशतिगाथापर्यंतं जीवाधिकारः कथ्यते । तथाहि-सहजानंदैकस्वभावशुद्धात्मभावनामुख्यतया **जो पस्सदि अप्पाण**मित्यादि सूत्रपाठक्रमेण प्रथमस्थले गाथात्रयं ।

परद्रव्य, परद्रव्य के भाव तथा परद्रव्य के निमित्त से हुए अपने विभाव इस तरह के परभावों से भिन्न प्रकट करता है । फिर समस्त रूप से पूर्ण सब लोकालोक के जानने वाले स्वभाव को प्रकट करता है, **क्योंकि ज्ञान में भेद कर्मसंयोग से है, शुद्धनय में कर्म गौण हैं** । तथा आदि अन्त से रहित (कुछ आदि लेकर किसी से उत्पन्न नहीं हुआ और न कभी किसी से नाश होता है) ऐसे पारिणामिक भाव को प्रकट करता है । एक, सब भेद भावों से (द्वैत भावों से) रहित एकाकार तथा जिसमें समस्त संकल्पविकल्पों के समूह का विलय (नाश) हो गया है, ऐसा शुद्धनय प्रकाश रूप होता है । द्रव्य कर्म, भाव कर्म और नोकर्म आदि पुद्गल द्रव्यों में अपनी कल्पना करने को **संकल्प** और ज्ञेयों के भेद से ज्ञान में भेदों की प्रतीति को **विकल्प** कहते है । १३ ।

इस तरह के शुद्धनय को गाथा सूत्र से कहते है;—**[यः]** जो नय **[आत्मानं]** आत्मा को **[अबद्धस्पृष्टं]** बंधरहित और पर के स्पर्श रहित **[अनन्यं]** अन्यत्व रहित **[नियतं]** चलाचलतारहित **[अविशेषं]** विशेष रहित **[असंयुक्तं]** अन्य के संयोग रहित—ऐसे पांच भावरूप **[पश्यति]** अवलोकन करता है **[तं]** उसे **[शुद्धनयं]** शुद्धनय **[विजानीहि]** जानो ।

टीका—निश्चय से अबद्ध, अस्पृष्ट, अनन्य, नियत, अविशेष, असंयुक्त—ऐसे आत्मा का अनुभव करना ही शुद्धनय है । यह अनुभूति निश्चय से आत्मा ही है । ऐसा आत्मा ही एक प्रकाशमान है अर्थात् शुद्धनय, आत्मा की अनुभूति या आत्मा इन सब का एक ही अभिप्राय है । यहां शिष्य पूछता है कि आपने जैसा कहा है, वैसे आत्मा की अनुभूति इन पांच भावों में कैसी है ? उसका समाधान—जो बद्धस्पृष्टत्व आदि पांच भाव है उनमें अभूतार्थता है—असत्यार्थता है इसलिये शुद्धनय ही आत्मा की अनुभूति है । इसी बात को दृष्टांत से प्रकट करते हैं—जैसे कमलिनी का पत्र जल में डूबा

नयचक्र पृ. १०८ पर गाथा ।

मभूतार्थं । तथात्मनोनादिबद्धस्पृष्टत्वपर्यायेणानुभूयमानतायां बद्धस्पृष्टत्वं भूतार्थमप्येकांततः पुद्गलास्पृश्यमात्मस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । यथा च मृत्तिकायाः करककरीर-कर्करीकपालादिपर्यायेणानुभूयमानतायामन्यत्वं भूतार्थमपि सर्वतोप्यस्खलंतमेकं मृत्तिकास्वभाव-मुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । तथात्मनो नारकादिपर्यायेणानुभूयमानतायामन्यत्वं भूतार्थमपि सर्वतोप्यस्खलंतमेकमात्मस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । यथा च वारिधेर्वृद्धिहानिपर्याये-णानुभूयमानतायामनियतत्वं भूतार्थमपि नित्यव्यवस्थितं वारिधिस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायाम-

---

तदनंतरं दृष्टांतदार्ष्टांतद्वारेण भेदाभेदरत्नत्रयभावनामुख्यतया **दंसणणाणचरित्ताणि** इत्यादि द्वितीयस्थले गाथात्रयं। ततः परं जीवस्याप्रतिबुद्धत्वकथनेन प्रथमगाथा, बंधमोक्षयोग्यपरिणामकथनेन द्वितीया, जीवो निश्चयेन रागादिपरिणामानामेव कर्तेति तृतीया चेत्येवं **कम्मे णोकम्मम्हि य** इत्यादि तृतीयस्थले परस्परसम्बन्धनिरपेक्षस्वतन्त्रं गाथात्रयं। तदनंतरभि-

---

हुआ है उसका जल-स्पर्शन रूप अवस्था से अनुभव किये जाने पर जल-स्पर्श रूप दशा भूतार्थ है—सत्यार्थ है तो भी एक अपेक्षा से वास्तव में जल के स्पर्शन योग्य नहीं ऐसा कमलिनी का पत्र स्वभाव को लेकर अनुभव किये जाने पर जल-स्पर्श रूप दशा अभूतार्थ है—असत्यार्थ है। उसी तरह आत्मा के अनादि पुद्गल कर्म से बद्धस्पर्श रूप अवस्था से अनुभव किये जाने पर बद्धस्पृष्टत्व भूतार्थ है—सत्यार्थ है। वास्तव में जो पुद्गल के स्पर्श योग्य नहीं ऐसे आत्मस्वभाव को लेकर अनुभव किये जाने पर बद्धस्पृष्टत्व असत्यार्थ है। और जैसे मिट्टी के कुण्डी, घट, कलशी, खप्पर आदि पर्यायभेदों का अनुभव करने से अन्यत्व सत्यार्थ है तो भी सब पर्यायों के भेद रूप नहीं होते हुए एक मिट्टी के स्वभाव को अनुभवन करने से यह पर्याय भेद अभूतार्थ है—असत्यार्थ है। उसी तरह आत्मा को नारक आदि पर्याय भेदों के रूप में अनुभवन करने से पर्यायों का अन्यत्व सत्यार्थ है, तो भी सब पर्याय भेदों में अचल एक चैतन्याकार आत्मस्वभाव को लेकर अनुभव करने से अन्यत्व अभूतार्थ है—असत्यार्थ है। जैसे समुद्र को वृद्धि-हानि अवस्था रूप अनुभव करने से अनियतता भूतार्थ है तो भी नित्य स्थिर समुद्रस्वभाव को अनुभवन करने से अनियतता अभूतार्थ है—असत्यार्थ है। उसी तरह आत्मा का वृद्धिहानि पर्याय भेदों रूप अनुभव करने से अनियतता भूतार्थ है—सत्यार्थ है तो भी नित्य व्यवस्थित निश्चल आत्मा के स्वभाव का अनुभव करने से अनियतता अभूतार्थ है—असत्यार्थ है। जैसे सुवर्ण का चिकना, भारी और पीला आदि गुण रूप भेदों से अनुभव करने पर विशेषता सत्यार्थ है तो भी जिसमें सब विशेष विलय हो गये हैं ऐसे सुवर्ण-स्वभाव को लेकर अनुभव करने से विशेषता अभूतार्थ है—असत्यार्थ है। उसी तरह आत्मा का ज्ञान, दर्शन आदि गुण रूप भेदों से अनुभव करने पर विशेषता भूतार्थ है—सत्यार्थ है तो भी जिसमें सब विशेष विलय हो गये हैं, ऐसे चैतन्यमात्र आत्म-स्वभाव को लेकर अनुभव करने से विशेषता अभूतार्थ है—असत्यार्थ है। जैसे अग्नि के निमित्त से उत्पन्न उष्णता से मिले हुए जल की तप्तरूप अवस्था का अनुभव करने से जल में उष्णता की संयुक्तता भूतार्थ है—सत्यार्थ है तो भी वास्तव में शीतल स्वभाव को लेकर जल का अनुभव करने से उष्णता की संयुक्तता अभूतार्थ है—असत्यार्थ है। उसी तरह कर्म

भूतार्थं तथात्मनो वृद्धिहानिपर्यायेणानुभूयमानतायामनियतत्वं भूतार्थमपि नित्यव्यवस्थितमात्मस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं। यथा च कांचनस्य स्निग्धपीतगुरुत्वादिपर्यायेणानुभूयमानतायां विशेषत्वं भूतार्थमपि प्रत्यस्तमितसमस्तविशेषं कांचनस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं तथात्मनो ज्ञानदर्शनादिपर्यायेणानुभूयमानतायां विशेषत्वं भूतार्थमपि प्रत्यस्तमितसमस्तविशेषमात्मस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं। यथा चापां सप्तार्चिःप्रत्ययौष्ण्यसमाहितत्वपर्यायेणानु-

---

ग्धनाग्निदृष्टांतेनाप्रतिबुद्ध लक्षणकथनार्थं **अहमेद** मित्यादि चतुर्थस्थले सूत्रत्रयं। अतः परं शुद्धात्मतत्त्वसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुभूतिलक्षणाभेदरत्नत्रयभावनाविषये योऽसावप्रतिबुद्धस्तत्प्रतिबोधनार्थं **अण्णाणमोहिदमदी** इत्यादि पंचमस्थले सूत्रत्रयं। अथ निश्चयरत्नत्रयलक्षणशुद्धात्मतत्त्वमजानन् देह एवात्मेति योऽसौ पूर्वपक्षं करोति तस्य स्वरूपकथनार्थं **जदि जीवो** इत्यादि पूर्वपक्षरूपेण गाथैका। तदनंतरं व्यवहारेण देहस्तवनं निश्चयेन शुद्धात्मस्तवनमिति नयद्वयविभागप्रतिपादनमुख्यत्वेन

निमित्तक मोह संयुक्तता रूप अवस्था द्वारा आत्मा का अनुभव करने के कारण संयुक्तता भूतार्थ है—सत्यार्थ है तो भी वास्तव में आत्मबोध का बीज रूप चैतन्य स्वभाव को लेकर अनुभव करने से मोह संयुक्तता अभूतार्थ है—असत्यार्थ है।

भावार्थ—आत्मा पांच तरह से अनेक रूप है—प्रथम तो अनादि काल से कर्म पुद्गल के सम्बन्ध से बंधा हुआ कर्म पुद्गल से स्पर्श रूप दीखता है तथा कर्म के निमित्त से हुए नर नारकादिपर्यायों में भिन्न भिन्न स्वरूप दीखता है। शक्ति के अविभाग प्रतिच्छेद (अंश) घटते भी हैं, बढ़ते भी हैं, यह वस्तु का स्वभाव है। इसलिए नित्य नियत एक रूप नहीं दीखता। दर्शन ज्ञान आदि अनेक गुणों से विशेष रूप दीखता है। कर्म के निमित्त से उत्पन्न हुए मोह राग द्वेषादिक परिणाम सहित सुख दुःख स्वरूप दीखता है। यह सब अशुद्ध द्रव्यार्थिक रूप व्यवहारनय का विषय है। उस दृष्टि से देखा जाय तो सब ही सत्यार्थ है परन्तु आत्मा का एक स्वभाव नय से ग्रहण नहीं होता और एक स्वभाव के जाने विना यथार्थ आत्मा को कोई कैसे जान सके, इस कारण दूसरे नय को—इसके प्रतिपक्षी शुद्ध द्रव्यार्थिक को ग्रहण कर एक असाधारण ज्ञायक मात्र आत्मा का भाव लेकर सब पर द्रव्यों से भिन्न, सब पर्यायों में एकाकार, हानि वृद्धि से रहित, विशेषों से रहित, नैमित्तिक भावों से रहित शुद्धनय की दृष्टि से देखा जाय तब सभी (पांच) भावों द्वारा अनेकरूपता है वह अभूतार्थ है—असत्यार्थ है। यहां ऐसा जानना कि वस्तु का स्वरूप जो अनंत धर्मात्मक है, वह स्याद्वाद से यथार्थ सिद्ध होता है। आत्मा भी अनंतधर्मा है, उसके कितने ही धर्म तो स्वाभाविक हैं और कितने ही पुद्गल के संयोग से उत्पन्न हैं। जो कर्म के संयोग से होते हैं, उनसे तो आत्मा के संसार की प्रवृत्ति होती है, उस सम्बन्धी सुखदुःखादिक होते हैं उनको भोगता है। यह इस आत्मा के अनादि अज्ञान से पर्यायबुद्धि है, अनादि अनन्त एक आत्मा का ज्ञान नहीं है। उसको बतलाने वाला सर्वज्ञ का आगम है। उसमें शुद्ध द्रव्यार्थिक नय से यह बतलाया गया है कि आत्मा का एक असाधारण चैतन्य भाव है—वह अखंड है, नित्य है, अनादिनिधन है। इसी

भूयमानतायां संयुक्तत्वं भूतार्थमप्येकांततः शीतमप्स्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं तथात्मनः कर्मप्रत्ययमोहसमाहितत्वपर्यायेणानुभूयमानतायां संयुक्तत्वं भूतार्थमप्येकांततः स्वयंबोधबीजस्व[1]भावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थम् ।

ववहारणओ भासदि इत्यादि परिहारसूत्रचतुष्टयं । अथ परमोपेक्षालक्षणशुद्धात्मसंवित्तिरूपनिश्चयस्तुतिमुख्यत्वेन **जो इंदिए जिणित्ता** इत्यादि सूत्रत्रयं । एवं गाथाष्टकसमुदायेन षष्ठस्थलं । ततः परं निर्विकारस्वसंवेदनज्ञानमेव विषयकषायादिपरद्रव्याणां प्रत्याख्यानमिति कथनेन **णाणं सव्वे भावा** इत्यादि सप्तमस्थले गाथाचतुष्टयं । तदनंतरमनंतज्ञानादिलक्षणशुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणरूपाभेदरत्नत्रयात्मकस्वसंवेदनमेव भावितात्मनः स्वरूपमित्युपसंहारमुख्यतया **अहमिक्को खलु सुद्धो** इत्यादि सूत्रमेकं । एवं षंडकान्विहायाष्टाविंशतिसूत्रैः सप्तभिरंतरस्थलैर्जीवाधिकारे समुदायपातनिका । तद्यथा-अथ प्रथमगाथायामबद्धस्पृष्टमनन्यकं नियतमविशेषमसंयुक्तं संसारावस्थायामपि शुद्धनयेन बिसिनीपत्रमृत्तिकार्द्धसुवर्णोष्ण्यरहितजलवत्पंचविशेषणविशिष्टं शुद्धात्मानं कथयति:—

जो पस्सदि यः कर्ता पश्यति जानाति । कं । **अप्पाणं** शुद्धात्मानं । कथंभूतं । **अबद्धपुट्ठं** द्रव्यकर्मनोकर्म-

---

के जानने से पर्याय बुद्धि का पक्षपात मिट जाता है। पर द्रव्यों से तथा उनके भावों से अथवा उनके निमित्त से हुए अपने विभावों से अपने आत्मा को जानकर इसका अनुभव करे, तब पर द्रव्य के भाव स्वरूप परिणमन नहीं करता। उस समय कर्म नहीं बंधते, संसार से निवृत्ति हो जाती है। इसलिए पर्यायार्थिकरूप व्यवहारनय को गौण करके अभूतार्थ (असत्यार्थ) कह कर शुद्धनिश्चयनय को सत्यार्थ कहकर आलम्बन दिया है। वस्तु स्वरूप की प्राप्ति होने के बाद उसका भी आलम्बन नहीं रहता। इस कथन से ऐसा नहीं समझ लेना कि शुद्ध नय को जो सत्यार्थ कहा है, इस कारण अशुद्धनय सर्वथा असत्यार्थ ही है। ऐसा मानने से वेदांत मतवाले जो संसार को सर्वथा अवस्तु मानते हैं उनका सर्वथा एकांत पक्ष आ जायगा, तब मिथ्यात्व आ जायगा। उस समय इस शुद्धनय का भी आलम्बन उन वेदांतियों की तरह मिथ्यादृष्टि हो जायगा। इसलिए सभी नयों की कथंचित् रीति से सत्यार्थता का श्रद्धान करने पर ही सम्यग्दृष्टि होता है। इस प्रकार स्याद्वाद को समझ कर जिनमत का सेवन करना; मुख्य गौण कथन सुनकर सर्वथा एकांत पक्ष न पकड़ लेना। इसी प्रकार इस गाथा सूत्र का व्याख्यान टीकाकार ने किया है कि आत्मा व्यवहारनय की दृष्टि में जो बद्धस्पृष्ट आदि रूप दीखता है, वह इस दृष्टि में तो सत्यार्थ ही है परन्तु शुद्धनय की दृष्टि में बद्धस्पृष्ट आदि रूप असत्यार्थ है। इस कथन में स्याद्वाद बतलाया गया है, ऐसा जानना। जो ये नय हैं वे श्रुतज्ञान प्रमाण के अंश हैं। वह श्रुतज्ञान वस्तु को परोक्ष बतलाता है और ये नय भी परोक्ष ही बतलाते हैं। बद्ध-स्पृष्ट आदि पाँच भावों से रहित आत्मा शुद्ध द्रव्यार्थिकनय का विषय चैतन्यशक्तिमात्र है, वह शक्ति तो परोक्ष ही है और उसकी व्यक्तियां कर्म संयोग से मति श्रुत आदि ज्ञानरूप हैं, वे कथंचित् अनुभव गोचर हैं उनको प्रत्यक्ष रूप भी कहते हैं। तथा संपूर्ण ज्ञान केवलज्ञान छद्मस्थ के (अल्पज्ञानी के) प्रत्यक्ष

---

१ जीव इत्यपि पाठः ।

न हि विदधति बद्धस्पृष्टभावादयोऽमी स्फुटमुपरि तरंतोप्येत्य यत्र प्रतिष्ठां।
अनुभवतु तमेव द्योतमानं समंतात् जगदपगतमोहीभूय सम्यक्स्वभावं ॥ ११ ॥

भूतं भांतमभूतमेव रभसान्निर्भिद्य बंधं सुधी-
र्यद्यंतः किल कोप्यहो कलयति व्याहत्य मोहं हठात्।
आत्मात्मानुभवैकगम्यमहिमा व्यक्तोयमास्ते ध्रुवं,
नित्यं कर्मकलंकपंकविकलो देवः स्वयं शाश्वतः ॥ १२ ॥

आत्मानुभूतिरिति शुद्धनयात्मिका या ज्ञानानुभूतिरियमेव किलेति बुद्ध्वा।
आत्मानमात्मनि निवेश्य सुनिष्प्रकंपमेकोस्ति नित्यमवबोधघनः समंतात् ॥ १३ ॥

स्यामसंस्पृष्टं जले बिसिनीपत्रवत्। **अणण्णयं** अनन्यकं नरनारकादिपर्यायेषु द्रव्यरूपेण तमेव स्थासकोशकुशूलघटादिपर्यायेषु मृत्तिकाद्रव्यवत् **णियदं** नियतमवस्थितं निस्तरंगोत्तरावस्थासु समुद्रवत् **अविसेसं** अविशेषमभिन्नं ज्ञानदर्शनादिभेदरहितं गुरुत्वस्निग्धत्वपीतत्वादिधर्मेषु सुवर्णवत् **असंजुत्तं** असंयुक्तमसंबद्धं रागादिविकल्परूपभावकर्मरहितं निश्चयनयेनौष्ण्यरहित-जलवदिति **तं सुद्धणयं वियाणीहि** तं पुरुषमेवाभेदनयेन शुद्धनयविषयत्वाच्छुद्धात्मसाधकत्वाच्छुद्धाभिप्रायपरिणतत्वाच्च शुद्धं विजानीहीति भावार्थः ॥ १४ ॥ अथ द्वितीयगाथायां या पूर्वं भणिता शुद्धात्मानुभूतिः सा चैव निर्विकारस्वसंवेदन-ज्ञानानुभूतिरिति प्रतिपादयति;—**जो पस्सदि** यः कर्ता पश्यति जानात्यनुभवति। कं **अप्पाणं** शुद्धात्मानं। किंवि-

---

नहीं है तो भी यह शुद्धनय आत्मा को केवलज्ञान रूप परोक्ष बतलाता है। जब तक इस नय को नहीं जानते तब तक आत्मा के पूर्ण रूप का ज्ञान श्रद्धान नहीं होता। इसलिए श्री गुरु ने इस शुद्धनय को प्रकट कर दिखलाया है कि बद्ध-स्पृष्ट आदि पांच भावों से रहित पूर्णज्ञानघनस्वभाव आत्मा को जानकर श्रद्धान करना, पर्यायबुद्धि का न रहना यह उपदेश है। **प्रश्न**—ऐसा आत्मा प्रत्यक्ष तो दीखता नहीं है और विना देखे श्रद्धान करना झूठा श्रद्धान है। **उत्तर**—देखे हुए का ही श्रद्धान करना यह तो नास्तिक मत है। जिनमत में प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों ही प्रमाण माने गये हैं, सो आगम प्रमाण परोक्ष है, उसका भेद शुद्धनय है। इस शुद्धनय की दृष्टि से शुद्ध आत्मा का श्रद्धान करना, केवल व्यवहार—प्रत्यक्ष का ही एकांत न कर लेना।

यहां इस शुद्धनय को मुख्य करके कलश रूप काव्य **"न हि विदधति"** इत्यादि कहते हैं। उसका अर्थ—टीकाकार उपदेश करते हैं कि—तुम उस सम्यक् स्वभाव का अनुभव करो जिसमें ये बद्ध-स्पृष्ट आदि भाव प्रगटपने से इस स्वभाव के ऊपर तरते हैं तो भी प्रतिष्ठा नहीं पाते। क्योंकि द्रव्य स्वभाव नित्य है, एकरूप है और ये भाव अनित्य हैं, अनेक रूप हैं। पर्याय द्रव्यस्वभाव में प्रवेश नहीं करती है, वह ऊपर ही रहती है। यह शुद्ध स्वभाव सब अवस्थाओं में प्रकाशमान है। ऐसे स्वभाव का मोहरहित होकर अनुभव करो क्योंकि मोहकर्म के उदय से उत्पन्न मिथ्यात्वरूप अज्ञान जब तक रहता है तब तक यह अनुभव यथार्थ नहीं होता।

जो पस्सदि अप्पाणं अबद्धपुट्ठं अणण्णमविसेसं ।
अपदेससुत्तमज्झं[1] पस्सदि जिणसासणं सव्वं ।। १५ ।।

यः पश्यति आत्मानं अबद्धस्पृष्टमनन्यमविशेषम् ।
अपदेशसूत्रमध्यं पश्यति जिनशासनं सर्वम् ।।१५ ।।

येयमबद्धस्पृष्टस्यानन्यस्य नियतस्याविशेषस्यासंयुक्तस्य चात्मनोनुभूतिः सा खल्वखि-

---

शिष्टं । **अबद्धपुट्ठं** अबद्धस्पृष्टं । अत्र बद्धशब्देन संश्लेषरूपबंधो ग्राह्यः । स्पृष्टशब्देन तु संयोगमात्रमिति । द्रव्यकर्म-नोकर्मभ्यामसंस्पृष्टं जले बिसिनीपत्रवत् । **अणण्णं** अनन्यं मृत्तिकाद्रव्यवत् । **अविसेसं** अविशेषमभिन्नं सुवर्णवत्

भावार्थ—शुद्धनय के विषय रूप आत्मा का अनुभव करो यह उपदेश है ।

आगे इसी अर्थ का कलश रूप काव्य "**भूत**" इत्यादि कहते हैं कि ऐसा अनुभव करने पर आत्म देव प्रगट प्रतिभासमान होता है । **अर्थ**—यदि कोई सुबुद्धि सम्यग्दृष्टि भूत (पहले हुआ), भांत (वर्तमान) और अभूत (आगामी होने वाला) ऐसे तीनों काल के कर्मों के बंध को अपने आत्मा से तत्काल पृथक् करके तथा उस कर्म के उदय के निमित्त से उत्पन्न हुए मिथ्यात्व रूप अज्ञान को अपने बल (पुरुषार्थ) से पृथक् कर अन्तरंग में अभ्यास करे तो देखता है कि यह आत्मा, अपने अनुभव से ही जानने योग्य प्रगट महिमामय, व्यक्त, अनुभवगोचर, निश्चल, शाश्वत (नित्य) और कर्म-कलंक-कर्दम से रहित स्वयं स्तुति करने योग्य देव विराजमान हो रहा है ।

भावार्थ—शुद्धनय की दृष्टि से देखा जाय तो सब कर्मों से रहित चैतन्यमात्र देव अविनाशी आत्मा अन्तरंग में स्वयं विराजमान है । पर्यायबुद्धि बहिरात्मा इसको बाहर ढूंढता है सो बड़ा अज्ञान है ।

शुद्धनय के विषयभूत आत्मा की जो अनुभूति है, वही ज्ञान की अनुभूति है, ऐसा आगे की गाथा की उत्थानिका रूप काव्य कहते हैं **आत्मानु** इत्यादि । **अर्थ**—इस प्रकार जो पूर्वकथित शुद्धनय स्वरूप आत्मा की अनुभूति है, वही इस ज्ञान की अनुभूति है, ऐसा अच्छी तरह जानकर तथा आत्मा में आत्मा को निश्चल स्थापित करके सदा सब तरफ ज्ञानघन एक आत्मा ही है, इस प्रकार देखना चाहिये ।

भावार्थ—पूर्व में सम्यग्दर्शन को प्रधान मान कर कहा था, अब ज्ञान को मुख्य करके कहते हैं कि यह शुद्धनय के विषयस्वरूप आत्मा की अनुभूति है वही सम्यग्ज्ञान है ।। १४ ।।

अब इसी को गाथा से स्पष्ट करते हैं; [**यः**] जो [**आत्मानं**] आत्मा को [**अबद्धस्पृष्टं**] अबद्धस्पृष्ट [**अनन्यं**] अनन्य [**अविशेषं**] अविशेष (तथा पूर्वगाथा में कथित नियत और असंयुक्त) [**पश्यति**] देखता है वह [**अपदेशसूत्रमध्यं**] द्रव्यश्रुत और भावश्रुत रूप [**सर्वं जिनशासनं**] सब जिनशासन को [**पश्यति**] देखता है ।

---

[1] 'अपदेससंतमज्झं' इत्यपि पाठः दिल्ली नयामन्दिर प्रतौ । न प्रदेशाभिन्नं न सान्तं न मध्यं अप्रदेशसान्तमध्यं । जिसका अर्थ यह प्रतीत होता है कि यह जिन शासन आदि, मध्य और अन्त रहित है ।

लस्य जिनशासनस्यानुभूतिः श्रुतज्ञानस्य स्वयमात्मत्वात्ततो ज्ञानानुभूतिरेवात्मानुभूतिः किन्तु तदानीं सामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यामनुभूयमानमपि ज्ञानमबुद्धलुब्धानां न स्वदते। तथाहि—यथा विचित्रव्यंजनसंयोगोपजातसामान्यविशेषतिरोभावाविर्भावाभ्यामनुभूयमानं लवणं लोकानामबुद्धानां व्यंजनलुब्धानां स्वदते न पुनरन्यसंयोगशून्यतोपजातसामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यां। अथ च यदेव विशेषाविर्भावेनानुभूयमानं लवणं तदेव सामान्याविर्भावेनापि। तथा विचित्रज्ञेयाकारकरं-बितत्वोपजातसामान्यविशेषतिरोभावाविर्भावाभ्यामनुभूयमानं ज्ञानमबुद्धानां ज्ञेयलुब्धानां स्वदते न

नियतमवस्थितं समुद्रवत् असंयुक्तं परद्रव्य संयोगरहितं निश्चयनयेनौष्ण्यरहितजलवदिति। नियतासंयुक्तविशेषणद्वयं सूत्रे नास्ति। कथं लभ्यत इति चेत् सामर्थ्यात्। तदपि कथं, श्रुतप्रकृतसामर्थ्ययुक्तो हि भवति सूत्रार्थः इति वचनात्। स पुरुषः **पस्सदि** पश्यति जानाति। किं तत् **जिणसासणं** जिनशासनं अर्थसमयरूपं जिनमतं **सव्वं** सर्वं द्वादशांगपरि-पूर्णं। कथंभूतं। **अपदेससुत्तमज्झं** अपदेशसूत्रमध्यं अपदिश्यतेऽर्थो येन स भवत्यपदेशः शब्दो द्रव्यश्रुतमिति यावत् सूत्रं परिच्छित्तिरूपं भावश्रुतं ज्ञानसमय इति तेन शब्दसमयेन वाच्यं ज्ञानसमयेन परिच्छेद्यमपदेशसूत्रमध्यं भण्यते इति। अयमत्र भावः। यथा लवणखिल्य एकरसोपि फलशाकपत्रशाकादिपरद्रव्यसंयोगेन भिन्नभिन्नास्वादः

टीका—अबद्धस्पृष्ट, अनन्य, नियत, अविशेष और असंयुक्त-ऐसे पांच भावरूप आत्मा की जो यह अनुभूति है, वही निश्चय से समस्त जिनशासन की अनुभूति है। क्योंकि श्रुतज्ञान स्वयं आत्मा ही है इसलिये जो यह ज्ञान की अनुभूति है वही आत्मा की अनुभूति है। यहां पर यह विशेषता है कि सामान्यज्ञान का तो प्रकट होना और विशेष ज्ञेयाकार ज्ञान का आच्छादित होना उससे ज्ञानमात्र ही जब अनुभव किया जाय तब ज्ञान प्रगट अनुभव में आता है तो भी जो अज्ञानी हैं, ज्ञेयों (पदार्थों) में आसक्त हैं, उनको वह नहीं रुचता। जैसे अनेक तरह के शाक आदि भोजनों के संबन्ध से उत्पन्न सामान्य लवण का तिरोभाव (अप्रकटता) तथा विशेष लवण का आविर्भाव (प्रकटता) उससे अनुभव में आने वाला जो सामान्य लवण का तिरोभाव रूप लवण तथा लवण का विशेषभाव रूप व्यंजनों का ही स्वाद अज्ञानी और व्यंजनों के लोभी मनुष्यों को आता है। परन्तु अन्य के असंयोग से उत्पन्न सामान्य के आविर्भाव तथा विशेष के तिरोभाव से एकाकार अभेदरूप लवण का स्वाद नहीं आता। और जब परमार्थ से देखा जाय तब जो विशेष के आविर्भाव से अनुभव में आया क्षार रसरूप लवण है, वही सामान्य के आविर्भाव से अनुभव में आया हुआ क्षार रसरूप लवण है। उसी तरह अनेकाकार ज्ञेयों के आकारों की मिश्रता से जिसमें सामान्य का तिरोभाव और विशेष का आविर्भाव ऐसे भाव से अनुभव में आया जो ज्ञान वह अज्ञानियों और ज्ञेयों में आसक्तों को विशेषभावरूप—भेदरूप—अनेकाकार रूप स्वाद में आता है परन्तु अन्य ज्ञेयाकार के संयोग से रहित सामान्य का आविर्भाव और विशेष का तिरोभाव ऐसा एकाकार अभेदरूप ज्ञानमात्र अनुभव में आता हुआ भी स्वाद में नहीं आता। और परमार्थ से विचारा जाय तब जो विशेष के आविर्भाव से ज्ञान अनुभव में आता है, वही सामान्य के आविर्भाव से ज्ञानियों के और ज्ञेय में अनासक्तों के अनुभव में आता है। जैसे लवण की कंकड़ी अन्य द्रव्यों के संयोग के अभाव से केवल लवणमात्र अनुभव किये

पुनरन्यसंयोगशून्यतोपजातसामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यां। अथ च यदेव विशेषाविर्भावेना-नुभूयमानं ज्ञानं तदेव सामान्याविर्भावेनाप्यलुब्धबुद्धानां। यथा सैंधवखिल्योन्यद्रव्यसंयोगव्यवच्छेदेन केवल एवानुभूयमानः सर्वतोप्येकलवणरसत्वाल्लवणत्वेन स्वदते तथात्मापि परद्रव्यसंयोगव्यव-च्छेदेन केवल एवानुभूयमानः सर्वतोप्येकविज्ञानघनत्वात् ज्ञानत्वेन स्वदते ॥ १५ ॥

अखंडितमनाकुलं ज्वलदनंतमंतर्बहिर्महः परममस्तु नः सहजमुद्विलासं सदा।
चिदुच्छलननिर्भरं सकलकालमालंबते यदेकरसमुल्लसल्लवणखिल्यलीलायितं ॥ १४ ॥
एष ज्ञानघनो नित्यमात्मा सिद्धिमभीप्सुभिः। साध्यसाधकभावेन द्विधैकः समुपास्यतां ॥ १५॥

प्रतिभात्यज्ञानिनां। ज्ञानिनां पुनरेकरस एव तथात्माप्यखंडज्ञानस्वभावोऽपि स्पर्शरसगंधशब्दनीलपीतादिवर्णज्ञेयपदार्थ-विषयभेदेनाज्ञानिनां निर्विकल्पसमाधिभ्रष्टानां खंडखंडज्ञानरूपः प्रतिभाति ज्ञानिनां पुनरखंडकेवलज्ञानस्वरूप एव इति हेतोरखंडज्ञानरूपे शुद्धात्मनि ज्ञाते सति सर्वं जिनशासनं ज्ञातं भवतीति मत्वा समस्तमिथ्यात्वरागादिपरिहारेण तत्रैव शुद्धात्मनि भावना कर्त्तव्येति। किंच मिथ्यात्वशब्देन दर्शनमोहो रागादिशब्देन चारित्रमोह इति सर्वत्र ज्ञातव्यं। अथ तृतीयगाथायां सम्यग्ज्ञानादिकं सर्वं शुद्धात्मभावनामध्ये लभ्यत इति निरूपयति।

आदा खु मज्झ णाणे आदा मे दंसणे चरित्ते य।
आदा पच्चक्खाणे आदा मे संवरे जोगे ॥

आत्मा स्फुटं मम ज्ञाने आत्मा मे दर्शने चरित्रे च।
आत्मा प्रत्याख्याने आत्मा मे संवरे योगे ॥

जाने पर एक लवण रस सर्वतः क्षार रूप से स्वाद में आता है, उसी तरह आत्मा भी पर द्रव्य के संयोग से भिन्न केवल एक भाव से अनुभव करने पर सब तरफ से एक विज्ञानघन स्वभाव के कारण ज्ञान रूप से स्वाद में आता है।

भावार्थ—यहां आत्मा की अनुभूति को ज्ञान की अनुभूति कहा गया है। अज्ञानी जन इंद्रियज्ञान के विषयों में ही लुब्ध हो रहे हैं अतः ज्ञेयों से अनेकाकार हुए ज्ञान का ही ज्ञेयमात्र आस्वादन करते हैं। ज्ञेयों से भिन्न ज्ञान मात्र का आस्वाद नहीं लेते। और जो ज्ञानी हैं, ज्ञेयों में आसक्त नहीं हैं, वे एकाकार ज्ञेयों से भिन्न ज्ञान का ही आस्वाद लेते हैं। जैसे व्यंजनों (भोजनों) से जुदी लवण की डली का क्षार मात्र स्वाद आता है, उसी भांति आस्वाद लेते हैं। क्योंकि ज्ञान है, वही आत्मा है और आत्मा है वही ज्ञान है। इस तरह गुण-गुणी की अभेददृष्टि में आया हुआ जो सब परद्रव्यों से भिन्न अपने पर्यायों में एकरूप निश्चल अपने गुणों में एक रूप, पर निमित्त से उत्पन्न हुए भावों से भिन्न अपने अपने स्वरूप का अनुभव है वही ज्ञान का अनुभव है। यही अनुभव भावश्रुतज्ञान रूप जिन शासन का अनुभव है। शुद्धनय से इसमें कुछ भेद नहीं है।

अब इसी अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं—'अखंडितं' इत्यादि। **अर्थ**—वह उत्कृष्ट तेज प्रकाशरूप हमें होवे, जो सदा काल चैतन्य के परिणमन से भरा हुआ है। जैसे लवण की डली एक क्षार

दंसणणाणचरित्ताणि सेविदव्वाणि साहुणा णिच्चं।
ताणि पुण जाण तिण्णिवि अप्पाणं चेव णिच्छयदो ॥ १६ ॥

दर्शनज्ञानचरित्राणि सेवितव्यानि साधुना नित्यं।
तानि पुनर्जानीहि त्रीण्यप्यात्मानमेव निश्चयतः ॥ १६ ॥

येनैव हि भावेनात्मा साध्यः साधनं च स्यात्तेनैवायं नित्यमुपास्य इति स्वयमाकूय परेषां व्यवहारेण साधुना दर्शनज्ञानचारित्राणि नित्यमुपास्यानीति प्रतिपाद्यते। तानि पुनस्त्रीण्यपि परमार्थेनात्मैक एव वस्त्वंतराभावात् यथा देवदत्तस्य कस्यचित् ज्ञानं श्रद्धानमनुचरणं च देवदत्तस्य स्वभावानतिक्रमाद्देवदत्त एव न वस्त्वंतरं। तथात्मन्यप्यात्मनो ज्ञानं श्रद्धानमनुचरणं चात्मस्वभावानतिक्रमादात्मैव न वस्त्वंतरं, तत आत्मा एक एवोपास्य इति स्वयमेव प्रद्योतते ॥१६॥

स किल—

दर्शनज्ञानचारित्रैस्त्रित्वादेकत्वतः स्वयं। मेचकोऽमेचकश्चापि सममात्मा प्रमाणतः ॥१६॥

आदा शुद्धात्मा **खु** स्फुटं **मज्झ** मम भवति। क्व विषये। **णाणे आदा मे दंसणे चरित्ते य आदा पच्चक्खाणे आदा मे संवरे जोगे** सम्यग्ज्ञानदर्शनचारित्रप्रत्याख्यानसंवरयोगभावनाविषये। योगे कोऽर्थः? निर्विकल्पसमाधौ परमसामायिके परमध्याने चेत्येको भावः भोगाकांक्षानिदानबंधशल्यादिभावरहिते शुद्धात्मनि ध्याते सर्वं सम्यग्ज्ञानादिकं लभ्यत इत्यर्थः। एवं शुद्धनयव्याख्यानमुख्यत्वेन प्रथमस्थले गाथात्रयं गतं ॥ १५ ॥ इत ऊर्ध्वं भेदाभेदरत्नत्रयमुख्यत्वेन गाथात्रयं कथ्यते—तद्यथा प्रथमगाथाया पूर्वार्द्धेन भेदरत्नत्रयभावनामपरार्द्धेन चाभेदरत्नत्रयभावनां कथयति—**दंसणणाणचरित्ताणि सेविदव्वाणि साहुणा णिच्चं** सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि सेवितव्यानि

रस की लीला का आलंबन करती है, उसी भांति एक ज्ञानरसस्वरूप को आलंबन करता है। वह तेज अखंडित है—जो ज्ञेयों के आकार से खंडित नहीं होता; अनाकुल है—जिसमें कर्म के निमित्त से हुए रागादिकों से उत्पन्न आकुलता नहीं है; अविनाशी है; अंतरंग तो चैतन्यभाव से दैदीप्यमान अनुभव में आता है और बाह्य वचनकाय की क्रिया से प्रकट दैदीप्यमान है सहज स्वभाव से हुआ है, इसे किसी ने रचा नहीं है और सदैव उसका विलास उदय रूप है ; एक रूप प्रतिभासमान है।

अब अगली गाथा की उत्थानिका में "**एष ज्ञान**" इत्यादि श्लोक कहते हैं। **अर्थ**—पूर्व कथित ज्ञान स्वरूप जो नित्य आत्मा है उसकी सिद्धि के इच्छुक पुरुषों के द्वारा साध्य-साधकभाव के भेद से दो तरह का होने पर भी एक रूप ही सेवनीय है, उसे सेवन करो।

दर्शन ज्ञान चारित्र रूप साधक भाव है यही गाथा में कहते हैं;—**[साधुना]** साधु पुरुषों को **[दर्शनज्ञानचरित्राणि]** दर्शन, ज्ञान और चारित्र **[नित्यं]** निरंतर **[सेवितव्यानि]** सेवन करने योग्य हैं **[पुनः]** और **[तानि त्रीणि अपि]** वे तीन हैं तो भी **[निश्चयतः]** निश्चयनय से **[आत्मानं एव]** एक आत्मा ही **[जानीहि]** जानो।

दर्शनज्ञानचारित्रैस्त्रिभिः परिणतत्वतः । एकोपि त्रिस्वभावत्वाद् व्यवहारेण मेचकः ॥१७॥
परमार्थेन तु व्यक्तज्ञातृत्वज्योतिषैककः । सर्वभावांतरध्वंसिस्वभावत्वादमेचकः ॥१८॥
आत्मनश्चिंतयैवालं मेचकामेचकत्वयोः । दर्शनज्ञानचारित्रैः साध्यसिद्धिर्न चान्यथा ॥१९॥

साधुना व्यवहारनयेन नित्यं सर्वकालं **तारिण पुण जाण तिण्णिवि** तानि पुनर्जानीहि त्रीण्यपि **अप्पाणं चेव** शुद्धात्मानं चैव **णिच्छयदो** निश्चयतः शुद्धनिश्चयतः । अयमत्रार्थः—पंचेंद्रियविषयक्रोधकषायादिरहितनिर्विकल्पसमाधिमध्ये सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रत्रयमस्तीति ॥ १६ ॥ अथ गाथाद्वयेन तामेव भेदाभेदरत्नत्रयभावनां दृष्टांतदार्ष्टांताभ्यां समर्थयति:—**जह** यथा **णाम** अहो स्फुटं वा **कोवि** कोपि कश्चित् **पुरिसो** पुरुषः **रायाणं**

टीका—यह आत्मा जिस भाव से साध्य तथा साधन हो उसी भाव से नित्य सेवने योग्य है, ऐसा स्वयं विचार करके, दूसरों के लिए व्यवहार नय से ऐसा प्रतिपादन करते हैं कि साधु पुरुषों को दर्शन ज्ञान चारित्र सदा सेवने योग्य हैं और परमार्थ से देखा जाय, तब ये तीनों एक आत्मा ही हैं; क्योंकि ये अन्य वस्तु नहीं हैं (आत्मा के ही पर्याय हैं) जैसे किसी देवदत्त नामक पुरुष के ज्ञान, श्रद्धान और आचरण हैं, वे उसके स्वभाव को उल्लंघन नहीं करते, इसलिए वे देवदत्त पुरुष ही हैं, अन्य वस्तु नहीं हैं, उसी प्रकार आत्मा में भी आत्मा के ज्ञान, श्रद्धान और आचरण आत्मा के स्वभाव को नहीं उल्लंघन करते, इस कारण आत्मा ही हैं, अन्य वस्तु नहीं हैं। इसलिये यह सिद्ध हुआ कि एक आत्मा ही सेवन करने योग्य है । यह अपने आप ही प्रकाशमान होता है ।

भावार्थ—दर्शन, ज्ञान, चारित्र तीनों आत्मा के ही पर्याय हैं, कुछ जुदी वस्तु नहीं हैं इसलिये साधु पुरुषों को एक आत्मा का ही सेवन करना चाहिये, यह निश्चय है और व्यवहार से अन्य को भी यही उपदेश करना चाहिये ।

आगे इसी अर्थ का कलश रूप श्लोक कहते हैं—**"दर्शन"** इत्यादि । **अर्थ**—यह आत्मा प्रमाण दृष्टि से देखा जाय तब एक काल में मेचक—अनेक अवस्था रूप भी है और अमेचक—एक अवस्था रूप भी है । क्योंकि इसके दर्शन, ज्ञान, चारित्र से तो तीन रूपता है और स्वयं एक रूप ही है ।

आगे कहते हैं । **"दर्शन"** इत्यादि—**अर्थ**—व्यवहारदृष्टि से देखा जाय तब आत्मा एक है तो भी तीन स्वभावरूप होने से अनेकाकार है; क्योंकि वह दर्शन, ज्ञान, चारित्र रूप परिणमता है ।

भावार्थ—शुद्ध द्रव्यार्थिक नय से आत्मा एक है; इस नय को प्रधान करके कहा जाय, तब पर्यायार्थिकनय गौण हो जाता है । सो एक को तीन रूप परिणमता कहना यही व्यवहार हुआ, असत्यार्थ भी हुआ । ऐसे व्यवहार नय से दर्शन ज्ञान चारित्र परिणाम से आत्मा को मेचक कहा है ।

अब परमार्थनय से कहते हैं **"परमार्थे"** इत्यादि । **अर्थ**—शुद्ध निश्चय से देखा जाय तब प्रकट ज्ञायकज्योति मात्र आत्मा एक स्वरूप है क्योंकि इसका शुद्ध द्रव्यार्थिकनय से सभी अन्यद्रव्य के स्वभाव तथा अन्य के निमित्त से हुए विभावों का दूर करने रूप स्वभाव है । अतः अमेचक है, शुद्ध एकाकार है ।

जह णाम को वि पुरिसो रायाणं जाणिऊण सद्दहदि ।
तो तं अणुचरदि पुणो अत्थत्थीओ पयत्तेण ॥ १७ ॥
एवं हि जीवराया णादव्वो तह य सद्दहेदव्वो ।
अणुचरिदव्वो य पुणो सो चेव दु मोक्खकामेण ॥ १८ ॥ (युगलम्)

यथा नाम कोपि पुरुषो राजानं ज्ञात्वा श्रद्दधाति ।
ततस्तमनुचरति पुनरर्थार्थिकः प्रयत्नेन ॥ १७ ॥
एवं हि जीवराजो ज्ञातव्यस्तथैव श्रद्धातव्यः ।
अनुचरितव्यश्च पुनः स चैव तु मोक्षकामेन ॥ १८ ॥

यथा हि कश्चित्पुरुषोऽर्थार्थी प्रयत्नेन प्रथममेव राजानं जानीते ततस्तमेव श्रद्धत्ते ततस्त-

---

राजानं **जाणिऊण** छत्रचामरादिराजचिह्नैर्ज्ञात्वा **सद्दहदि** श्रद्धत्ते अयमेव राजेति निश्चिनोति **तो** ततो ज्ञानश्रद्धानानंतरं **तं** तं राजानं **अणुचरदि** अनुचरति आश्रयत्याराधयति । कथंभूतः सन् । **अत्थत्थीओ** अर्थार्थिको जीवितार्थी **पयत्तेण** प्रयत्नेन सर्वतात्पर्येणेति दृष्टांतगाथा गता । **एवं** अनेन प्रकारेण **हि** स्फुटं **जीवराया** शुद्धजीवराजा **णादव्वो** निर्विकारस्वसंवेदनज्ञानेन ज्ञातव्यः । **तह य** तथैव **सद्दहेदव्वो** अयमेव नित्यानंदैकस्वभावो रागादि-

---

आगे प्रमाणनय से मेचक अमेचक कहा सो इस चिन्ता को मेट जैसे साध्य की सिद्धि हो वैसे करना यह **"आत्मन"** इत्यादि से कहते है। **अर्थ**—यह आत्मा मेचक है—भेदरूप अनेकाकार है तथा अमेचक है—अभेद रूप एकाकार है । ऐसी चिन्ता को छोड़ो । साध्य आत्मा की सिद्धि तो दर्शन, ज्ञान और चारित्र—इन तीनों भावों से ही होती है दूसरी तरह नही, यह नियम है ।

भावार्थ—आत्मा की सिद्धि शुद्ध द्रव्यार्थिकनय से होती है । ऐसा शुद्ध स्वभाव साध्य है, वह पर्यायार्थिकस्वरूप व्यवहारनय से ही साधा जाता है इसलिये ऐसा कहा है कि भेदाभेद की कथनी से क्या, जिस तरह साध्य की सिद्धि हो वैसे करना । व्यवहारी लोक भेद द्वारा ही समझते हैं । इस कारण दर्शन, ज्ञान और चारित्र तीनों परिणामरूप ही आत्मा है । इस तरह भेद की प्रधानता से अभेद की सिद्धि करना कहा गया है ॥ १६ ॥

आगे इसी प्रयोजन को दो गाथाओं में दृष्टांत द्वारा व्यक्त करते है:—**[यथा नाम]** जैसे **[कोपि]** कोई **[अर्थार्थिकः पुरुषः]** धन का चाहने वाला पुरुष **[राजानं]** राजा को **[ज्ञात्वा]** जानकर **[श्रद्धधाति]** श्रद्धान करता है **[ततः]** उसके बाद **[तं]** उसकी **[प्रयत्नेन अनुचरति]** अच्छी तरह सेवा करता है **[एवं हि]** इसी तरह **[मोक्षकामेन]** मोक्ष को चाहने वाला **[जीवराजः]** जीवरूप राजा को **[ज्ञातव्यः]** जाने **[पुनः च]** और फिर **[तथैव]** उसी तरह **[श्रद्धातव्यः]** श्रद्धान करे **[तु च स एव]** उसके बाद **[अनुचरितव्यः]** उसका अनुचरण करे और तन्मय हो जाये ।

मेवानुचरति । तथात्मना मोक्षार्थिना प्रथममेवात्मा ज्ञातव्यः, ततः स एव श्रद्धातव्यः, ततः स एवानुचरितव्यश्च साध्यसिद्धेस्तथान्यथोपपत्त्यनुपपत्तिभ्यां । तत्र यदात्मनोनुभूयमानानेकभावसंकरेपि परमविवेककौशलेनायमहमनुभूतिरित्यात्मज्ञानेन संगच्छमानमेव तथेतिप्रत्ययलक्षणं श्रद्धानमुत्प्लवते तदा समस्तभावान्तरविवेकेन निःशङ्कमेव स्थातुं शक्यत्वादात्मानुचरणमुत्प्लवमानमात्मानं साधयतीति साध्यसिद्धेस्तथोपपत्तिः । यदात्वाबालगोपालमेव सकलकालमेव स्वयमेवानुभूयमानेपि भगवत्यनुभूत्यात्मन्यात्मन्यनादिबंधवशात् परैः सममेकत्वाध्यवसायेन विमूढस्यायमहमनुभूतिरित्यात्मज्ञानं नोत्प्लवते तदभावादज्ञातखरशृङ्गश्रद्धानसमानत्वाच्छ्रद्धानमपि नोत्प्लवते तदा समस्तभावांतराविवेकेन निःशंकमेव स्थातुमशक्यत्वादात्मानुचरणमनुत्प्लवमानं नात्मानं साधयतीति साध्यसिद्धेरन्यथानुपपत्तिः ।

रहित शुद्धात्मेति निश्चेतव्यः **अणुचरिदव्वो य** अनुचरितव्यश्च निर्विकल्पसमाधिनानुभवनीयः । **पुणो** पुनः **सो चेव** स चैव शुद्धात्मा **दु** पुनः **मोक्खकामेण** मोक्षार्थिना पुरुषेणेति दार्ष्टांतः । इदमत्र तात्पर्यं भेदाभेदरत्नत्रय-

---

गाथाचतुष्टयं कथ्यते । तत्र स्वसंवेदनज्ञानमेव प्रत्याख्यानमिति कथनरूपेण प्रथमगाथा प्रत्याख्यानविषये दृष्टांतरूपे द्वितीया चेति गाथाद्वयं । तदनंतरं मोहपरित्यागरूपेण प्रथमगाथा ज्ञेयपदार्थपरित्यागरूपेण द्वितीया चेति गाथाद्वय । एव सप्तमस्थले समुदायपातनिका । तथाहि—तीर्थंकराचार्यस्तुतिर्निरर्थिका भवतीति पूर्वपक्षवलेन जीवदेहयोरेकत्वं कर्तुं नायातीति ज्ञात्वा शिष्य इदानी प्रतिबुद्धः सन् हे भगवन् रागादीनां कि प्रत्याख्यानमिति पृच्छति । इति पृच्छति कोर्थ इति पृष्टे प्रत्युत्तर ददाति । एव प्रश्नोत्तररूपपातनिकाप्रस्तावे सर्वत्रेति शब्दस्यार्थो ज्ञातव्यः । **णाणं सव्वे भावे पच्चक्खाई परेत्ति णादूणं** जानातीति व्युत्पत्त्या स्वसंवेदनज्ञानमात्मेति भण्यते तं ज्ञान कर्तृ मिथ्यात्वरागादिविभावं परस्वरूपमिति ज्ञात्वा प्रत्याख्याति—त्यजति—निराकरोति **तम्हा पच्चक्खाणं णाणं णियमा मुणेदव्वं** तस्मात्कारणात् निर्विकल्पस्वसंवेदनज्ञानमेव प्रत्याख्यान नियमान्निश्चयान् मतव्यं ज्ञातव्यमनुभवनीयमिति । इदमत्र तात्पर्यं—परमसमाधिकाले

आत्मा और शरीर का एकत्व उसके संस्कार से अत्यन्त अप्रतिबुद्ध था, सो अब तत्त्वज्ञान स्वरूप ज्योति के प्रकट होने से नेत्र के विकारी की तरह (जैसे किसी पुरुष के नेत्र में विकार था, तब वर्णादिक अन्यथा दीखते थे, जब विकार मिट गया तब जैसे का तैसा दीखने लगा) अच्छी तरह उघड़ गया है पटलरूप आवरण कर्म जिसका ऐसा प्रतिबुद्ध हुआ, तब साक्षात् देखने वाला अपने को अपने से ही जान श्रद्धान कर उसके आचरण करने का इच्छुक हुआ पूछता है कि इस आत्माराम के अन्य द्रव्यों का प्रत्याख्यान (त्यागना) क्या है, उसका समाधान आचार्य करते हैं,—[**यस्मात्**] जिस कारण [**सर्वान् भावान्**] अपने सिवाय सभी पदार्थ [**परान्**] पर है [**इति ज्ञात्वा**] ऐसा जानकर [**प्रत्याख्याति**] त्यागता है [**तस्मात्**] इस कारण [**ज्ञानं**] पर है यह जानना ही [**प्रत्याख्यानं**] प्रत्याख्यान है [**नियमात्**] यह नियम से जानना । अपने ज्ञान मे त्यागरूप अवस्था ही प्रत्याख्यान है दूसरा कुछ नही है ।

अथ ज्ञातुः प्रत्याख्याने को दृष्टांत इत्यत आह;—

जह णाम कोवि पुरिसो परदव्वमिणंति जाणिदुं चयदि।
तह सव्वे परभावे णाऊण विमुंचदे णाणी ॥३५॥

यथा नाम कोपि पुरुषः परद्रव्यमिदमिति ज्ञात्वा त्यजति।
तथा सर्वान् परभावान् ज्ञात्वा विमुञ्चति ज्ञानी ॥ ३५ ॥

यथा हि कश्चित्पुरुषः संभ्रांत्या रजकात्परकीयं चीवरमादायात्मीयप्रतिपत्त्या परिधाय शयानः स्वयमज्ञानी सन्नन्येन तदंचलमालंब्य बलान्नग्नीक्रियमाणो मंक्षु प्रतिबुध्यस्वार्पय

स्वसंवेदनज्ञानबलेन शुद्धमात्मात्मानमनुभवति तदेवानुभवनं निश्चय प्रत्याख्यानमिति ॥ ३४ ॥ अथप्रत्याख्यानविषये दृष्टांत-माहः— **जह णाम कोवि पुरिसो परदव्वमिणंति जाणिदुं चयदि** यथा नाम अहो स्फुटं वा कश्चित्पुरुषो वस्त्रा-भरणादिकं परद्रव्यमिदमिति ज्ञात्वा त्यजति **तह सव्वे परभावे णाऊण विमुंचदे णाणी** तथा तेन प्रकारेण सर्वान्

टीका—जिस कारण यह ज्ञाता द्रव्य आत्मा भगवान् है, वह अन्यद्रव्य के स्वभाव से हुए अन्य समस्त परभावों को अपने स्वभावभाव से व्याप्त न होने से पररूप जानकर त्यागता है, इस कारण जिसने पहले जाना है, वही पीछे त्याग करता है, दूसरा तो कोई त्यागने वाला नहीं है। ऐसे त्यागभाव आत्मा में ही निश्चयकर, त्याग के समय प्रत्याख्यान करने योग्य जो परभाव की उपाधिमात्र से प्रवृत्त त्याग के कर्तृत्व का नाम उसके होने पर भी परमार्थ से देखा जाय तब परभाव के त्याग के कर्तृत्व का नाम अपने को नहीं है। आप तो इस नाम से रहित है, ज्ञानस्वभाव से नहीं छूटा है, इसलिये प्रत्याख्यान ज्ञान ही है, ऐसा अनुभव करना चाहिये।

भावार्थ—आत्मा को परभाव के त्याग का कर्तृत्व है, वह नाम मात्र है। आप तो ज्ञान-स्वभाव है। परद्रव्य को पर जाना, फिर परभाव का ग्रहण नहीं किया। यही त्याग है। ऐसा जानना ही प्रत्याख्यान है। ज्ञान के सिवाय कुछ भी दूसरा भाव नहीं है ॥ ३४ ॥

आगे पूछते हैं कि ज्ञाता के प्रत्याख्यान ज्ञान ही कहा गया है इसका दृष्टांत क्या है ? उसके उत्तर रूप दृष्टांत दार्ष्टान्ति को गाथा द्वारा व्यक्त कर कहते हैं;—[**यथा नाम**] जैसे लोक में [**कोपि पुरुषः**] कोई पुरुष [**परद्रव्यं इति ज्ञात्वा**] पर वस्तु को ऐसा जानता है कि यह परवस्तु है तब ऐसा जान [**त्यजति**] परवस्तु को त्यागता है [**तथा**] उसी तरह [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**सर्वान्**] सब [**परभावान्**] पर द्रव्यों के भावों को [**ज्ञात्वा**] ये परभाव हैं ऐसा जानकर [**विमुञ्चति**] उनको छोड़ता है।

टीका—जैसे कोई पुरुष धोबी के घर दूसरे का वस्त्र लाकर उसे भ्रम से अपना समझ ओढ़-कर सो गया उसने ऐसा नहीं जाना कि यह दूसरे का है। उसके पश्चात् दूसरे ने उस वस्त्र का पल्ला

परिवर्तितमेतद्वस्त्रं मामकमित्यसकृद्वाक्यं शृण्वन्नखिलैश्चिन्हैः सुष्ठु परीक्ष्य निश्चितमेतत्परकीयमिति ज्ञात्वा ज्ञानी सन्मुंचति तच्चीवरमचिरात् तथा ज्ञातापि संभ्रांत्या परकीयान्भावानादायात्मीयप्रतिपत्त्यात्मन्यध्यास्य शयानः स्वयमज्ञानी सन् गुरुणा परभावविवेकं कृत्वैकीक्रियमाणो मंक्षु प्रतिबुध्यस्वैकः खल्वयमात्मेत्यसकृच्छ्रौतं वाक्यं शृण्वन्नखिलैश्चिन्हैः सुष्ठु परीक्ष्य निश्चितमेते परभावा इति ज्ञात्वा ज्ञानी सन् मुंचति सर्वान्परभावानचिरात् ॥ ३५ ॥

अवतरति न यावद् वृत्तिमत्यंतवेगादनवमपरभावत्यागदृष्टांतदृष्टिः ।
झटिति सकलभावैरन्यदीयैर्विमुक्ता स्वयमियमनुभूतिस्तावदाविर्बभूव ॥ २९ ॥

मिथ्यात्वरागादिपरभावान् पर्यायान् स्वसंवेदनज्ञानबलेन ज्ञात्वा विशेषेण त्रिशुद्धया विमुचति त्यजति स्वसंवेदनज्ञानीति । अयमत्र भावार्थः—यथा कश्चिद्देवदत्तः परकीयचीवरं भ्रांत्या मदीयमिति मत्वा रजकगृहादानीय परिधाय च शयानः सन् पश्चाद-

---

पकड़ खेंच कर उघाड़ के नंगा किया और कहा कि "तू शीघ्र जाग सावधान हो, मेरा वस्त्र बदले मे आ गया है, सो मेरा मुझे दे' ऐसा बारंबार वचन कहा । सो सुनता हुआ उस वस्त्र के चिह्न सब देख परीक्षा कर ऐसा जाना कि 'यह वस्त्र तो दूसरे का ही है' ऐसा जानकर ज्ञानी हुआ उस दूसरे के कपड़े को शीघ्र ही त्यागता है । उसी तरह ज्ञानी भी भ्रम से परद्रव्य के भावों को ग्रहण कर अपने जान आत्मा में एक रूप मान कर सोता है, बेखबर हुआ आप ही से अज्ञानी हो रहा है । जब श्रीगुरु इसको सावधान करें, परभाव का भेदज्ञान कराके एक आत्मभाव रूप करें और कहें कि तू शीघ्र जाग, सावधान हो, यह तेरा आत्मा है, वह एक ज्ञानमात्र है, अन्य सब परद्रव्य के भाव हैं' तब बारम्वार यह आगम के वाक्य सुनता हुआ समस्त अपने परके चिह्नों से अच्छी तरह परीक्षा करके ऐसा निश्चय करता है कि मैं एक ज्ञान मात्र हूं, अन्य सब परभाव हैं । ऐसे ज्ञानी होकर सब परभावों को तत्काल छोड़ देता है ।

भावार्थ—जब तक परवस्तु को भूलकर अपनी जानता है, तब तक ही ममत्व रहता है और जब यथार्थज्ञान हो जाने से पर को पराई जाने, तब दूसरे की वस्तु से ममत्व नहीं रहता यह बात प्रसिद्ध है ।

अब इसी अर्थ का कलश रूप काव्य कहते हैं । **अवतरति** इति । **अर्थ**—यह परभाव के त्याग के दृष्टांत की दृष्टि जिस तरह पुरानी न पड़े, उस तरह अत्यंतवेग से जब तक प्रवृत्ति को नही प्राप्त हो; उसके पहले ही तत्काल सकल अन्य भावों से रहित आप ही यह अनुभूति तो प्रकट हो जाती है ।

भावार्थ—यह परभाव के त्याग का दृष्टांत कहा, उस पर दृष्टि पड़े, उससे पहले सब अन्य भावों से रहित अपने स्वरूप का अनुभव तो तत्काल हो ही जाता है, क्योंकि यह प्रसिद्ध है कि जब वस्तु को पर की जान ली, तब उसके पश्चात् ममत्व नहीं रहता ॥ ३५ ॥

आगे इस अनुभूति से परभाव का भेदज्ञान किस तरह हुआ, ऐसी आशंका कर प्रथम भावक

अथ कथमनुभूतेः परभावविवेको भूत इत्याशंक्य भावकभावविवेकप्रकारमाहः—

णत्थि मम को वि मोहो बुज्झदि उवओग एव अहमिक्को।
तं मोहणिम्ममत्तं समयस्स वियाणया विंति ॥ ३६ ॥

नास्ति मम कोपि मोहो बुध्यते उपयोग एवाहमेकः ॥
तं मोहनिर्ममत्वं समयस्य विज्ञायकाः विंदंति ॥ ३६ ॥

इह खलु फलदानसमर्थतया प्रादुर्भूय भावकेन सता पुद्गलद्रव्येणाभिनिर्वर्त्यमानष्टंकोत्कीर्णैकज्ञायकस्वभावभावस्य परमार्थतः परभावेन भावयितुमशक्यत्वात्कतमोपि न नाम मम मोहोस्ति किंचैतत्स्वयमेव च विश्वप्रकाशचंचुरविकस्वरानवरतप्रतापसंपदा चिच्छक्तिमात्रेण स्वभावभावेन भगवानात्मैवावबुध्यते। यत्किलाहं खल्वेकः ततः समस्तद्रव्याणां परस्परसाधारणावगाहस्य निवारयितुमशक्यत्वान्मज्जितावस्थायामपि दधिखंडावस्थायामिव परिस्फुटस्वदमानस्वादभेद[1]तया मोहं प्रति निर्ममत्वोस्मि। सर्वदैवात्मैकत्वगतत्वेन [2]समयस्यैवमेव स्थितत्वात्। इतीत्थं भावकभावविवेको भूतः।

न्येन वस्त्रस्वामिना वस्त्रांचलमादायाच्छोद्य नग्नीक्रियमाणः सन् वस्त्रलांछनं निरीक्ष्य परकीयमिति मत्वा तद्वस्त्रं मुंचति

जो मोहकर्म के उदयरूप भाव, उनके भेदज्ञान का प्रकार कहते हैं:—[**बुध्यते**] जो ऐसा जाने कि [**मोहः मम कोपि नास्ति**] मोह मेरा कोई भी सम्बन्धी नहीं [**एकः उपयोग एव अहं**] एक उपयोग ही है वही मैं हूँ [**तं**] ऐसे जानने को [**समयस्य**] सिद्धांत के अथवा आपपर स्वरूप के [**विज्ञायकाः**] जानने वाले [**मोहनिर्ममत्वं**] मोह से निर्ममत्व [**विंदंति**] समझते हैं—कहते हैं।

टीका—मै सत्यार्थ रूप से ऐसा जानता हूँ कि यह मोह है, वह मेरा कुछ भी नहीं लगता है। यह मोह इस मेरे अनुभव में फल देने की सामर्थ्य द्वारा प्रकट होकर भावकरूप हुआ जो पुद्गलद्रव्य उसके द्वारा रचा हुआ है। सो यह मेरा नहीं है, क्योंकि मैं तो टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकस्वभाव हूँ, यह जड़ है। सो परमार्थ से पर के भाव को दूसरे के भाव से चिंतवन नहीं कर सकते। यहाँ यह समझना कि स्वयमेव सब वस्तुओं के प्रकाश करने में चतुर विकाश रूप हुई और जिसमें निरन्तर हमेशा प्रताप सम्पदा पायी जाती है ऐसी चैतन्यशक्ति, उस मात्र स्वभावभाव द्वारा भगवान् आत्मा को ही समझना जानना कि मैं परमार्थ से एक चित्शक्तिमात्र हूँ। सब द्रव्यों के परस्पर साधारण एक क्षेत्रावगाह होने से मेरा आत्मा जड़ के साथ श्रीखण्ड की तरह एकमेक हो रहा है अर्थात् जैसे दही और शक्कर मिलाने से श्रीखण्ड बनता है, उसमें दही खांड एक से मालूम पड़ते हैं तो भी प्रगटरूप खट्टे मीठे स्वाद के भेद से पृथक पृथक जाने जाते हैं। उसी प्रकार द्रव्यों के लक्षणभेद से जड़ चेतन का स्वरूप अनुभव

---

१. स्वदमान स्वभावभेदतया इति पाठान्तरेण भाव्यं। २. समयस्यैवमेवस्थितत्वात् इति टीकमगढ प्रति पाठः।

सर्वतः[1] स्वरसनिर्भरभावं चेतये स्वयमहं स्वमिहैकं ।
नास्ति नास्ति मम कश्चन मोहः शुद्धचिद्घनमहोनिधिरस्मि[2] ॥ ३० ॥

एवमेव च मोहपदपरिवर्तनेन रागद्वेषक्रोधमानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुघ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्येयानि । अनया दिशान्यान्याप्यूह्यानि ॥ ३६ ॥

तथायं ज्ञानीजीवोऽप्यतिविज्ञेन निर्विण्णेन गुरुणा मिथ्यात्वरागादिविभावा एते भवदीयस्वरूपं न भवंति, एक एव त्वमिति प्रतिबोध्यमानः सन् परकीयानिति ज्ञात्वा मुंचति शुद्धात्मानुभूतिमनुभवतीति । एवं गाथाद्वयं गतं ॥ ३५ ॥ अथ कथं शुद्धात्मानुभूतिमनुभवतीति पृष्टे सति मोहादिपरित्यागप्रकारमाहः—**णत्थि मम कोवि मोहो** नास्ति न विद्यते मम शुद्धनिश्चयेन टंकोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभावस्य सतो रागादिपरभावेन कर्तृभूतेन भावयितुं रंजयितुमशक्यत्वात्कश्चिद्द्रव्यभावरूपो मोहः । **बुज्झदि उवओग एव अहमिक्को** बुध्यते जानाति । स कः कर्ता । ज्ञानदर्शनोपयोगलक्षणत्वादुपयोग आत्मैव । किं बुध्यते ? यतः कारणादहमेकः ततो मोहं प्रति निर्ममत्वोस्मि निर्मोहो भवामि । अथवा बुध्यते जानाति । किं जानाति । विशुद्धज्ञानदर्शनोपयोग एवाहमेकः । **तं मोहणिम्ममत्तं समयस्स वियाणया विंति** तं निर्मोहशुद्धात्मभावनास्वरूपं निर्ममत्वं ब्रुवंति वदंति जानंति वा । के ते । समयस्य शुद्धात्मस्वरूपस्य विज्ञायकाः पुरुषा इति । किंच विशेष.

करने में पृथक् पृथक् प्रकट मालूम हो जाता है कि मोहकर्म के उदय का स्वाद रागादिक हैं, वे चैतन्य के निजस्वभाव के स्वाद से भिन्न ही हैं । इसलिये मोह के प्रति मैं निर्मम ही हूं, क्योंकि यह आत्मा सदा काल ही अपने एकरूपताको प्राप्त हुआ अपने स्वभावरूप समय महल में विराज रहा है । इसतरह भावकभावरूप मोह के उदय से भेदज्ञान हुआ जानना ।

भावार्थ—यह मोहकर्म जड़ पुद्गल द्रव्य है, इसका उदय कलुष (मलिन) भावरूप है सो इसका भाव भी पुद्गल का विकार है, यही भावक का भाव है । जब यह चैतन्य के उपयोग के अनुभव में आता है, तब उपयोग भी विकारी हुआ रागादिरूप मलिन दीखता है । और जब इसका भेदज्ञान होवे कि चैतन्य की शक्तिकी व्यक्ति तो ज्ञानदर्शनोपयोग मात्र है तथा यह कलुषता राग द्वेष मोहरूप है, वह कलुषता द्रव्य कर्मरूप जड़ पुद्गद्रव्य की है । ऐसा भेदज्ञान हो जाय, तब भावकभाव जो द्रव्यकर्मरूप मोह के भाव उनसे भेदभाव अवश्य हो सकता है और आत्मा भी अपने चैतन्य के अनुभवरूप ठहरे ही, ऐसा जानना ।

अब इस अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं—**सर्वतः** इत्यादि । **अर्थ**—मैं इस लोक में अपने आपही से एक आत्मस्वरूप को अनुभव करता हूँ । जो मेरा स्वरूप सर्वांग अपने निजरसरूप चैतन्य के परिणमन से पूर्ण (भराहुआ) भाववाला है इसीकारण यह मोह मेरा कुछ भी नहीं लगता अर्थात् इसका और मेरा कुछ भी नाता नहीं है । मैं तो शुद्ध चैतन्य का समूहरूप तेज पुजका निधि हूँ । इस तरह भावकभाव का अनुभव करे । इसी प्रकार गाथा में जो मोहपद है, उसे पलटकर राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ, कर्म नोकर्म, मन, वचन, काय, श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसना, स्पर्शन ये सोलह पृथक पृथक सोलह गाथा सूत्रों द्वारा व्याख्यान करने और इसी उपदेश से अन्य भी विचार लेना ॥ ३६ ॥

---

१. असंख्येयेष्वपि प्रदेशेषु स्वरसेन ज्ञानेन निर्भरः सम्पूर्णो भावः स्वरूपं यस्य । २. महोदधि इति पाठान्तरम् ।

अथ ज्ञेयभावविवेकप्रकारमाह :—

णत्थि मम धम्म आदी बुज्झदि उवओग एव अहमिक्को ।
तं धम्मणिम्ममत्तं समयस्स वियाणया विंति ।। ३७ ।।

न सन्ति मम धर्मादियोर्बुध्यते उपयोग एवाहमेकः ।
तं धर्मनिर्ममत्वं समयस्य विज्ञायका विंदंति ।। ३७ ।।

अमूनि हि धर्माधर्माकाशकालपुद्गलजीवांतराणि स्वरसविजृम्भितानिवारितप्रसरविश्वघस्मरप्रचंडचिन्मात्रशक्तिकवलिततयात्यंतमंतर्मग्नानीवात्मनि प्रकाशमानानि टंकोत्कीर्णैकज्ञायकस्वभावत्वेन तत्वतोंतस्तत्त्वस्य तदतिरिक्तस्वभावतया तत्त्वतो बहिस्तत्त्वरूपतां परित्यक्तुमशक्यत्वान्न नाम मम संति । किंचैतत्स्वयमेव च नित्यमेवोपयुक्तस्तत्त्वत एवैकमनाकुलमात्मानं कलयन् भगवानात्मैवावबुध्यते । यत्किलाहं खल्वेकः ततः संवेद्यसंवेदकभावमात्रोपजातेतरेतरसंवलनेपि परिस्फुटस्वदमानस्वभावभेदतया धर्माधर्माकाशकालपुद्गलजीवांतराणि प्रति निर्ममत्वोस्मि । सर्वदैवात्मैकत्वगतत्वेन समयस्यैवमेव स्थितत्वात् इतीत्थं ज्ञेयभावविवेको भूतः ।। ३७ ।।

यत्पूर्वं स्वसंवेदनज्ञानमेव प्रत्याख्यानं व्याख्यात तस्यैवेदं निर्मोहत्वं विशेषव्याख्यानमिति । **एवमेव** च मोहपदपरिवर्तनेन रागद्वेषक्रोधमानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्येयानि । अनेन प्रकारेणान्यान्यप्यसंख्येयलोकमात्रप्रमितानि विभावपरिणामरूपाणि ज्ञातव्यानि ।। ३६ ।। अथ धर्मास्तिकायादिज्ञेयपदार्था अपि

आगे ज्ञेयभाव से भेदज्ञान करने की रीति बतलाते हैं;—[**बुद्ध्यते**] ऐसा जाने कि [**धर्मादयः**] ये धर्म आदि द्रव्य [**मम न सन्ति**] मेरे कुछ भी नहीं लगते मैं ऐसा जानता हूं कि [**एक उपयोग एव**] एक उपयोग ही है वही [**अहं**] मैं हूं [**तं**] ऐसा जानने को [**समयस्य विज्ञायकाः**] सिद्धांत वा स्व-पर-समयरूप समय के जानने वाले [**धर्मनिर्ममत्वं**] धर्मद्रव्यसे निर्ममता [**विंदंति**] कहते हैं ।

टीका—धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल, अन्य जीव ये सब ही परद्रव्य हैं, वे आत्मा में प्रकाशमान हैं । वे अपने निजरस से प्रकट और निवारण नहीं किया जाय ऐसा जिसका फैलाव है तथा समस्त पदार्थों के ग्रसने का जिस का स्वभाव है ऐसी जो प्रचंड चिन्मात्रशक्ति, उससे ग्रासीभूत होने से मानों अत्यंत निमग्न हो रहे हैं, तो भी टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक स्वभाव रूप से परमार्थ से अंतरंग तत्त्व तो मैं हूं और (अपने स्वरूप के अभाव द्वारा ज्ञान में आप नहीं बैठे इस कारण) वे परद्रव्य उस मेरे स्वभाव से भिन्न होने के कारण परमार्थ से बाह्य तत्त्व रूप छोड़ने को असमर्थ हैं, वे धर्म आदि मेरे संबंधी नहीं हैं । यहां ऐसा समझना कि यह आत्मा चैतन्य से आप ही उपयुक्त हुआ परमार्थ से निराकुल

इति सति सह सर्वैरन्यभावैर्विवेके स्वयमयमुपयोगो बिभ्रदात्मानमेकं ।
प्रकटितपरमार्थैर्दर्शनज्ञानवृत्तैः कृतपरिणतिरात्माराम एव प्रवृत्तः ॥ ३१ ॥

मम स्वरूपं न भवंतीति प्रतिपादयति :—**णत्थि मम धम्म आदी** न संति न विद्यंते धर्मास्तिकायादिज्ञेयपदार्था ममेति **बुज्झदि** बुध्यते ज्ञानी । तर्हि किमहं । **उवओग एव अहमिक्को** विशुद्धज्ञानदर्शनोपयोग एवाहं अथवा ज्ञानदर्शनोपयोगलक्षणत्वादिन्यभेदेनोपयोग एवात्मा स जानाति । केन रूपेण, यतोहं टंकोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभाव एकः ततो दधिखण्डशिखिरिणीवत् व्यवहारेणैकत्वेपि शुद्धनिश्चयनयेन मम स्वरूपं न भवतीति परद्रव्यं प्रति निर्ममत्वोस्मि **तं धम्मणिम्ममत्तं समयस्य वियाणया विंति** तं शुद्धात्मभावनास्वरूपं परद्रव्यनिर्ममत्वं समयस्य शुद्धात्मनो विज्ञायकाः पुरुषा ब्रुवंति कथयन्तीति । किंच इदमपि परद्रव्यनिर्ममत्वं यत्पूर्वं भणितं स्वसंवेदनज्ञानमेव प्रत्याख्यानं तस्यैव विशेषव्याख्यानं ज्ञातव्यं ॥ ३७ ॥ इति गाथाद्वयं गतं । एवं गाथाचतुष्टयसमुदायेन सप्तमस्थलं समाप्तं । अथ शुद्धात्मैवोपादेय इति श्रद्धानं सम्यक्त्वं तस्मिन्नेव शुद्धात्मनि स्वसंवेदनं सम्यग्ज्ञानं तत्रैव निजात्मनि वीतरागस्वसंवेदननिश्चलरूपं चारित्रमिति निश्चयरत्नत्रयपरिणतजीवस्य कीदृशं स्वरूपं भवतीत्यावेदयन्सन् जीवाधिकारमुपसंहरति:—**अहं** अनादिदेहात्मैकत्वभ्रांत्याऽज्ञानेन पूर्वमप्रतिबुद्धोपि करतलविन्यस्तसुप्तविस्मृतपश्चान्निद्राविनाशस्मृतचामीकरावलोकनन्यायेन परमगुरुप्रसादेन प्रतिबुद्धो भूत्वा शुद्धात्मनि रतो यः सोहं वीतरागश्चिन्मात्रं ज्योतिः । पुनरपि कथंभूतः । **इक्को** यद्यपि व्यवहारेण नरनारकादिरूपेणानेकस्तथापि शुद्धनिश्चयेन टंकोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभावत्वादेकः । **खलु** स्फुटं । पुनरपि किंरूपः । **सुद्धो** व्यावहारिकनवपदार्थेभ्यः शुद्धनिश्चयनयेन भिन्नः, अथवा रागादिभावेभ्यो भिन्नोहमिति शुद्धः । पुनरपि किंविशिष्टः ।

एक आत्मा का ही अभ्यास करता है सो आत्मा द्वारा भगवान आत्मा ही जाना जाता है कि मैं प्रकट निश्चय से एक ही हूँ । इसलिए ज्ञेय ज्ञायक भावमात्र से उत्पन्न जो परद्रव्यों से परस्पर मिलना उसके होने पर भी प्रकट स्वाद में आता हुआ जो स्वभाव का भेद उसपनेकर धर्म अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल अन्यजीव—उनके प्रति मैं निर्मम हूं । क्योंकि सदा काल ही अपने में एकत्व होने से पदार्थों की ऐसी ही व्यवस्था है कि अपने स्वभाव को कोई नहीं छोड़ता । ऐसे अनुभव करने से ज्ञेयभावों से भेदज्ञान हुआ कहा जाता है ।

यहां पर इसी अर्थ का कलश रूप काव्य कहते हैं—**इति सति** इत्यादि । **अर्थ**—इस तरह पूर्वकथितरीति से भावक-भाव और ज्ञेयभावों से भेदज्ञान होने से सभी अन्य भावों से जब भिन्नता हुई, तब यह उपयोग आपही अपने एक आत्मा को ही धारता हुआ, और जिनका परमार्थ प्रकट हुआ है ऐसे जो सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र उन रूप जिसने परिणमन किया है ऐसा होता हुआ अपने आत्मा रूपी बाग (क्रीड़ावन) में प्रवृत्ति करता है, अन्य जगह नहीं जाता ।

भावार्थ—सब परद्रव्यों से तथा उनसे उत्पन्न हुए भावों से जब भेद जाना, तब उपयोग को रमने के लिए अपना आत्मा ही रहा, दूसरा स्थान नहीं रहा । इस तरह दर्शन, ज्ञान और चारित्र से एक रूप हुआ आत्मा में ही रमण करता है । ऐसा जानना ॥ ३७ ॥

अथैवं दर्शनज्ञानचारित्रपरिणतस्यास्यात्मनः कीदृक् स्वरूपसंचेतनं भवतीत्यावेदयन्नुपसंहरति;—

अहमिक्को खलु सुद्धो दंसणणाणमइओ सदारूवी ।
णवि अत्थि मज्झ किंचिवि अण्णं परमाणुमित्तंपि ॥ ३८ ॥

अहमेकः खलु शुद्धो दर्शनज्ञानमयः सदाऽरूपी ।
नाप्यस्ति मम किंचिदप्यन्यत्परमाणुमात्रमपि ॥ ३८ ॥

यो हि नामानादिमोहोन्मत्ततयात्यंतमप्रतिबुद्धः सन् निर्विण्णेन[1] गुरुणानवरतं प्रतिबोध्यमानः कथंचनापि प्रतिबुध्य निजकरतलविन्यस्तविस्मृतचामीकरावलोकनन्यायेन परमेश्वरमात्मानं ज्ञात्वा श्रद्धायानुचर्य च सम्यगेकात्मारामो भूतः स खल्वहमात्मात्मप्रत्यक्षं चिन्मात्रं ज्योतिः । समस्तक्रमाक्रमप्रवर्तमानव्यावहारिकभावैश्चिन्मात्राकारेणाभिद्यमानत्वादेको नारकादिजीवविशेषाजीवपुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षलक्षणव्यावहारिकनवतत्त्वेभ्यष्टंकोत्कीर्णैकज्ञायकस्वभाव-

---

दंसणणाणमइओ केवलदर्शनज्ञानमयः । पुनरपि किंरूपः । **सदारूवी** निश्चयनयेन रूपरसगंधस्पर्शाभावात्सदाप्यमूर्तः । **णवि अत्थि मज्झ किंचिवि अण्णं परमाणुमित्तं पि ।** इत्थंभूतस्य सतः नैवास्ति ममान्यत्परमाणु-

---

आगे इस तरह दर्शन ज्ञान चारित्र स्वरूप परिणत हुए आत्मा के स्वरूप का अनुभव कैसा होता है ? ऐसा कहते हुए आचार्य इस कथन का उपसंहार करते हैं;—जो दर्शन ज्ञान चारित्र रूप परिणत हुआ आत्मा वह ऐसा जानता है कि **[अहं]** मैं **[एकः]** एक हूँ **[शुद्धः]** शुद्ध हूँ **[सदा अरूपी खलु]** निश्चय कर सदा काल अरूपी हूँ **[अन्यत्]** अन्य परद्रव्य **[परमाणुमात्रमपि]** परमाणु मात्र भी **[मम किंचित्]** मेरा कुछ **[नापि अस्ति]** भी नहीं लगता है, यह निश्चय है ।

टीका—सत्यार्थ रूप से ऐसा है कि यह आत्मा अनादिकाल से लेकर मोहरूपी अज्ञान से उन्मत्त होकर अत्यन्त अप्रतिबुद्ध (अज्ञानी) था, सो इसे अनुरागी गुरु ने अनवरत समझाया, तब किसी प्रकार बड़े भाग्य से समझा, सावधान हुआ । उस समय 'जैसे किसी के हाथ की मुट्ठी में पहले सुवर्ण रक्खा हो उसे भूलकर फिर याद कर देखे' इस न्याय से अपने परमेश्वर (सर्व सामर्थ्य के धारण करने वाले) आत्मा को भूल रहा था, सो उसे जान, श्रद्धान कर और उसी का आचरण रूप उससे तन्मय होकर अच्छी तरह आत्माराम हुआ । तब ऐसा जाना कि मैं चैतन्यमात्र ज्योति रूप आत्मा हूँ सो मैं अपने ही अनुभव से प्रत्यक्ष जानता हूँ—समस्त क्रमरूप और अक्रमरूप प्रवृत्त व्यावहारिक भावों से चिन्मात्र आकार द्वारा तो भेद रूप नहीं हुआ इसलिए मैं एक हूँ । तथा नर नारक आदि जीव के विशेष, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध, मोक्ष स्वरूप जो व्यावहारिक नव तत्त्व हैं, उनसे टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक स्वभाव रूप भाव से अत्यन्त पृथक् होने से मैं शुद्ध हूँ । चिन्मात्रता से सामान्य विशेष उपयोग को उल्लंघन करने से मैं दर्शन, ज्ञानमय हूँ । जिसमें स्पर्श, रस, गंध और वर्ण निमित्त हैं, संवेदन रूप भी स्पर्श आदि रूप सदा

---

१. अनिर्विण्णेन इति पाठान्तरम् ।

भावेनात्यंतविविक्तत्वाच्छुद्धः। चिन्मात्रतया[1] सामान्यविशेषोपयोगात्मकतानतिक्रमणाद्दर्शन-ज्ञानमयः स्पर्शरसगंधवर्णनिमित्तसंवेदनपरिणतत्वेपि स्पर्शादिरूपेण स्वयमपरिणमनात्परमार्थतः सदैवारूपीति प्रत्यगहं[2] स्वरूपं संचेतयमानः प्रतपामि। एवं प्रतपतश्च मम बहिर्विचित्रस्वरूपसंपदा विश्वे[3] परिस्फुरत्यपि न किंचनाप्यन्यत्परमाणुमात्रमप्यात्मीयत्वेन प्रतिभाति। यद्भावकत्वेन ज्ञेयत्वेन चैकीभूय भूयो मोहमुद्भावयति स्वरसत एवापुनःप्रादुर्भावाय समूलं मोहमुन्मूल्य महतो ज्ञानोद्योतस्य प्रस्फुरितत्वात् ॥ ३८ ॥

मात्रमपि परद्रव्यं किमपि। यदेकत्वेन रजकत्वेन ज्ञेयत्वेन वा पुनरपि मम मोहमुत्पादयति[4]। कस्मात्? परमविशुद्धज्ञान-परिणतत्वात् ॥ ३८॥

आप नहीं परिणमने से वास्तव में सदा ही अरूपी हूं। ऐसे सबसे पृथक् स्वरूप का अनुभव करता हुआ मै प्रताप सहित हूँ। ऐसे प्रताप रूप हुए मुझ में बाह्य अनेक प्रकार स्वरूप की सम्पदा से समस्त परद्रव्य स्फुरायमान है तो भी परमाणु-मात्र द्रव्य भी मुझे आत्मीय रूप नहीं प्रतिभासित होता जिससे कि मेरे भावकरूप से तथा ज्ञेयरूप से मुझ से एक होकर फिर मोह उत्पन्न करे। क्योंकि मेरे निज रस से ही ऐसा महान् ज्ञान प्रकट हुआ है, जिसने मोह को मूल से उखाड़ कर दूर किया है, जो फिर उसका अंकुर न उपजे ऐसा नाश किया है।

भावार्थ—आत्मा अनादिकाल से लेकर मोह के उदय से अज्ञानी था, सो श्रीगुरुओं के उपदेश से और अपनी काललब्धि से (अच्छी होनहार से) ज्ञानी हुआ, अपने स्वरूप को परमार्थ से जाना कि मैं एक हूँ, शुद्ध हूँ, अरूपी हूँ, दर्शन ज्ञानमय हूँ। ऐसा जानने से मोह का समूल नाश हुआ, भावकभाव और ज्ञेयभाव उनसे भेद ज्ञान हुआ, और स्वरूपसंपदा अनुभव में आई, तब फिर मोह क्यों उत्पन्न होगा।

अब ऐसा आत्मा का अनुभव हुआ, उसकी महिमा आचार्य कह कर प्रेरणारूप श्लोक कहते हैं कि ऐसे ज्ञानस्वरूप आत्मा मे समस्त लोक मग्न होवे :—**मज्जंतु** इत्यादि। **अर्थ**—यह ज्ञान समुद्र भगवान् आत्मा विभ्रमरूप चादर को शक्ति से डुबोकर (दूर कर) आप सर्वांग प्रकट हुआ है सो अब समस्त लोक इसके शांतरस में एक ही समय अतिशय से मग्न होवे। जो शांतरस समस्त लोक पर्यंत उछल रहा है।

भावार्थ—जैसे समुद्र की आड़ में कुछ आ जाय, तब जल नही दीखता और जब आड़ दूर हो जाय तव प्रकट दीखता हुआ लोक को प्रेरणा योग्य हो जाता है कि इस जल में सब लोक स्नान करो। उसी तरह यह आत्मा विभ्रम द्वारा आच्छादित था, तब इसका रूप नही दीखता था, जब विभ्रम दूर हुआ, तव यथार्थ स्वरूप प्रकट हुआ। अब इसके वीतरागविज्ञानरूप शान्तरस में एक काल में सव लोक मग्न हो जाओ, ऐसी आचार्य ने प्रेरणा की है। अथवा ऐसा भी अर्थ है कि जब आत्मा का अज्ञान दूर हो जाता है, तब केवल ज्ञान प्रकट होता है, और तब समस्त लोक में ठहरे हुए पदार्थ एक ही समय ज्ञान में आ कर झलकते है, उसको सब लोक देखो। इस तरह इस समय प्राभृत ग्रन्थ में पहले जीवाजीवाधिकार में टीकाकार ने **पूर्वरंगस्थल** कहा।

---

१. 'चिन्मात्रतायाः' इत्यपि पाठः। २. 'प्रत्यगयं' इत्यपि पाठः। ३. 'विश्वोपरि' इत्यपि पाठः। ४. 'तन्नपुनर्बन्धाय भवति' इत्यधिकः पाठः।

मज्जंतु निर्भरममी सममेव लोका आलोकमुच्छलति शांतरसे समस्ताः ।
आप्लाव्य विभ्रमतिरस्करिणीं भरेण प्रोन्मग्न एष भगवानवबोधसिंधुः ॥ ३२ ॥

इति श्रीसमयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ पूर्वरंगः समाप्तः ।

इति समयसारव्याख्यायां शुद्धात्मानुभूतिलक्षणायां तात्पर्यवृत्तौ स्थलसप्तकेन **जो पस्सदि अप्पाण-**मित्यादि सप्तविंशतिगाथाः । तदनन्तरमुपसंहारसूत्रमेकमिति समुदायेनाष्टाविंशतिगाथाभिर्जीवाधिकारः समाप्तः । इति प्रथमरंगः ।

यहां टीकाकार का ऐसा आशय है कि इस ग्रंथ को अलंकार द्वारा नाटक रूप में वर्णन किया है सो नाटक में पहले रंगभूमि रची जाती है, वहां देखने वाला नायक तथा सभा होती है और नृत्य करने वाले होते है, वे अनेक स्वांग रचते है तथा शृङ्गारादिक आठ रस का रूप दिखलाते हैं। उस जगह शृंगार, हास्य, रौद्र, करुणा, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत—ये आठ लौकिक रस हैं। नाटक मे इनका ही अधिकार है। नवमां शान्तरस है, वह लोकोत्तर है। सो नृत्य में उसका अधिकार नहीं है। इन रसों के स्थायी भाव, सात्त्विकभाव, अनुभावविभाव, व्यभिचारीभाव और इनकी दृष्टि आदि का वर्णन रस ग्रंथो में है वहां से जान लेना। तथा सामान्यपने से रस का यह स्वरूप है कि ज्ञान में जो ज्ञेय आया उससे ज्ञान तदाकार हो जाय, उससे पुरुष का भाव लीन हो जाय अन्य ज्ञेय की इच्छा न रहे वह रस है। सो नृत्य करने वाले नृत्य में आठ रस का रूप दिखलाते हैं और इनका वर्णन जब कवीश्वर करते हैं, तव अन्य रस को अन्य रस के समान रूप भी वर्णन करते हैं तब अन्य रस का अन्य रस अंगभूत होने से तथा रसों के अन्य भाव अंग होने से रसवत् आदि अलंकारों द्वारा नृत्य के रूप से वर्णन किया जाता है। इस जगह पहले रंगभूमि स्थल कहा, वहां देखने वाला तो सम्यग्दृष्टि पुरुष है और अन्य मिथ्यादृष्टि पुरुषों की सभा है उनको दिखलाते हैं। नृत्य करने वाले जीव अजीव पदार्थ हैं और दोनों की एक रूपता कर्तृ-कर्मत्व आदि उनके स्वांग हैं। उनमें परस्पर अनेक रूप होते हैं, वे आठ रस रूप होकर परिणत होते हैं, यही नृत्य है। वहां सम्यग्दृष्टि देखने वाला जीव अजीव के भिन्न स्वरूप को जानता है, वह तो इन सब स्वांगों को कर्मकृत जानकर शान्त रस में ही मग्न है और मिथ्यादृष्टि जीव अजीव का भेद नहीं जानते, इसलिए इन स्वांगों को सच्चा जानकर इनमें लीन हो जाते हैं। उनको सम्यग्दृष्टि यथार्थ दिखलाकर, उनका भ्रम मेट कर और शान्तरस में उन्हें लीन कर सम्यग्दृष्टि बनाता है। उसकी सूचना रूप रंगभूमि के अन्त में आचार्य ने "**मज्जंतु**" इत्यादि श्लोक लिखा है। अब आगे जीव अजीव के एकत्व का स्वांग वर्णन करेंगे उसकी सूचना रूप है ऐसा आशय मालूम होता है। सो यहां तक तो रंगभूमि का वर्णन किया ॥ ३८ ॥

दोहा—नृत्यकुतूहल तत्त्व का, मरिपचि देखो धाय ।
निजानंद रस कों छको, आन सबै छिटकाय ।

इस प्रकार जीवाजीवाधिकार में **पूर्वरंग** समाप्त हुआ ।

अथजीवाजीवावेकीभूतौ प्रविशतः ।

जीवाजीवविवेकपुष्कलदृशा प्रत्याययत्पार्षदानासंसारनिबद्धबंधनविधिध्वंसाद्विशुद्धं स्फुटत् ।
आत्मारामममनंतधाममहसाध्यक्षेण नित्योदितं धीरोदात्तमनाकुलं विलसति ज्ञानं मनो ह्लादयत् ॥२३॥

अप्पाणमयाणंता मूढा दु परप्पवादिणो केई ।
जीवं अज्झवसाणं कम्मं च तहा परूविंति ॥ ३९ ॥
अवरे अज्झवसाणे-सु तिव्वमंदाणुभागगं जीवं ।
मण्णंति तहा अवरे णोकम्मं चावि जीवोत्ति ॥ ४० ॥
कम्मस्सुदयं जीवं अवरे कम्माणुभागमिच्छंति ।
तिव्वत्तणमंदत्तणगुणेहिं जो सो हवदि जीवो ॥ ४१ ॥
जीवो कम्मं उहयं दोण्णिवि खलु केवि जीवमिच्छंति ।
अवरे संजोगेण दु कम्माणं जीवमिच्छंति ॥ ४२ ॥
एवंविहा बहुविहा परमप्पाणं वदंति दुम्मेहा ।
ते ण परमट्ठवाई णिच्छयवाईहिं णिद्दिट्ठा ॥ ४३ ॥ (पंचकम्)

आत्मानमजानंतो मूढास्तु परात्मवादिनः केचित् ।
जीवमध्यवसानं कर्म च तथा प्ररूपयंति ॥ ३९ ॥

अथानंतरं शृङ्गारसहितपात्रवज्जीवाजीवावेकीभूतो प्रविशतः। तत्र स्थलत्रयेण त्रिंशद्गाथापर्यंतमजीवाधिकारः कथ्यते। तेषु प्रथमस्थले शुद्धनयेन देहरागादिपरद्रव्यं जीवस्वरूपं न भवतीति निषेधमुख्यत्वेन **अप्पाणमयाणंता** इत्यादिगाथामादिं कृत्वा पाठक्रमेण गाथादशकपर्यंतं व्याख्यानं करोति। तत्र गाथादशकमध्ये परद्रव्यात्मवादे पूर्वपक्षमुख्यत्वेन

आगे जीवद्रव्य और अजीवद्रव्य ये दोनों एक होकर रंगभूमि में प्रवेश करते हैं, वहां आदि में मंगल का अभिप्राय लेकर आचार्य ज्ञान की प्रशंसा करते हैं, कि जो सब वस्तुओं का जानने वाला यह ज्ञान है, वह जीव अजीव के सब स्वांगों को अच्छी प्रकार पहचानता है, ऐसा सम्यग्ज्ञान प्रकट होता है। इसी के अर्थरूप श्लोक कहते हैं—**जीवाजीव** इत्यादि।

अर्थ—ज्ञान है वह मन को आनंद रूप करता हुआ प्रगट होता है। वह जीव अजीव के स्वांग को देखने वाले महान् पुरुषों को जीव अजीव का भेद देखने वाली बड़ी उज्ज्वल निर्दोष दृष्टि से भिन्न द्रव्य की प्रतीति कराता है; अनादि संसार से जिसका बंधन दृढ़ बंध रहा है, ऐसे ज्ञानावरणादि कर्मों के नाश से विशुद्ध हुआ है, स्फुट हुआ है, जैसे फूल की कली फूलती है, उस तरह विकाश रूप है। जिस

अपरेऽध्यवसानेषु तीव्रमंदानुभागगंजीवं ।
मन्यंते तथाऽपरे नोकर्म चापि जीव इति ॥ ४० ॥
कर्मण उदयं जीवमपरे कर्मानुभागमिच्छंति ।
तीव्रत्वमंदत्वगुणाभ्यां यः स भवति जीवः ॥ ४१ ॥
जीवकर्मोभयं द्वे अपि खलु केचिज्जीवमिच्छंति ।
अपरे संयोगेन तु कर्मणां जीवमिच्छंति ॥ ४२ ॥
एवंविधा बहुविधाः परमात्मानं वदंति दुर्मेधसः ।
ते न परमार्थवादिनः निश्चयवादिभिर्निर्दिष्टाः ॥ ४३ ॥

इह खलु तदसाधारणलक्षणाकलनात्क्लीवत्वेनात्यंतविमूढाः संतस्तात्त्विकमात्मानमजानंतो बहवो बहुधा परमप्यात्मानमिति प्रलपंति। नैसर्गिकरागद्वेषकल्माषितमध्यवसानमेव जीवस्तथा-

---

गाथापंचकं तदनंतरं परिहारमुख्यत्वेन सूत्रमेकं। अथाष्टविधं कर्म पुद्गलद्रव्यं भवतीति कथनमुख्यत्वेन सूत्रमेकं। ततश्च व्यवहारनयसमर्थनद्वारेण गाथात्रयं कथ्यत इति समुदायपातनिका। तद्यथा। अथ देहरागादिपरद्रव्यं निश्चयेन जीवो भवतीति पूर्वपक्षं करोति :—अप्पाणमयाणंता मूढा दु परप्पवादिणो केई आत्मानमजानंतः मूढास्तु परद्रव्यमात्मानं वदंतीत्येवंशीलाः केचन परात्मवादिनः जीवं अज्झवसाणं कम्मं च तहा परूविंति यथांगारात् कार्ष्ण्यं भिन्नं नास्ति तथा रागादिभ्यो भिन्नो जीवो नास्तीति रागाद्यध्यवसानं कर्म च जीवं वदंतीति। अथ अवरे

के रमने का क्रीड़ावन आत्मा ही है अर्थात् जिसमें अनंत ज्ञेयों (पदार्थों) के आकार आकर झलकते हैं तो भी आप अपने स्वरूप में ही रमता है, जिसका प्रकाश अनंत है, प्रत्यक्ष तेज द्वारा नित्य उदयरूप है धीर है, उदात्त है, इसीसे अनाकुल है सब इच्छाओं से रहित निराकुल है। यहां धीर, उदात्त, अनाकुल ये तीन विशेषण शांतरूप नृत्य के आभूषण जानने चाहिये। ऐसा ज्ञान विलास करता है।

भावार्थ—यह ज्ञान की महिमा कही। सो जीव अजीव एक होकर रंगभूमि में प्रवेश करते हैं, उनको यह ज्ञान ही भिन्न जानता है। जैसे कोई नृत्य में स्वांग आ जाय उसे यथार्थ जो जाने उस को स्वांग करने वाला नमस्कार कर अपना जैसा का तैसा रूप कर लेता है उसी तरह यहां भी जानना ऐसा ज्ञान सम्यग्दृष्टि पुरुषों के होता है, मिथ्यादृष्टि यह भेद नहीं जानता।

आगे जीव अजीव का एक रूप स्वांग का वर्णन करते हैं :—जो [**आत्मानं अजानंतः**] आत्मा को नहीं जानते [**परात्मवादिनः**] किन्तु परको आत्मा कहने वाले [**केचित् मूढाः तु**] कोई मोही अज्ञानी तो [**अध्यवसानं**] अध्यवसान को [**तथा च**] और कोई [**कर्म**] कर्म को [**जीवं प्ररूपयंति**] जीव कहते हैं। [**अपरे**] अन्य कोई [**अध्यवसानेषु**] अध्यवसानों में [**तीव्रमंदानुभागगं**] तीव्रमंद अनुभागगतको [**जीवं मन्यंते**] जीव मानते हैं। [**तथा**] और [**परे**] अन्य कोई [**नोकर्म अपि**

विधाध्यवसानात् अंगारस्येव कार्ष्ण्यादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित्। अनाद्यनंतपूर्वापरीभूतावयवैकसंसरणक्रियारूपेण क्रीडत्कर्मैव जीवः कर्मणोतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित्। तीव्रमंदानुभवभिद्यमानदुरंतरागरसनिर्भराध्यवसानसंतान एव जीवस्ततोरिक्तस्यान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित्। नवपुराणावस्थादिभावेन प्रवर्त्तमानं नोकर्मैव जीवः शरीरादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित्। विश्वमपि पुण्यपापरूपेणाक्रामन् कर्मविपाक एव जीवः शुभाशुभभावादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित्। सातासा-

---

अज्झवसाणेसु तिव्वमंदाणुभावगं जीवं मगणंति अपरे केचनैकांतवादिनः रागाद्यध्यवसानेषु तीव्रमंदतारतम्यानुभावस्वरूपं शक्तिमाहात्म्यं गच्छतीति तीव्रमंदानुभावगस्त जीवं मन्यंते। तहा अवरे णोकम्मं चावि जीवोत्ति

च] नोकर्मको [जीव इति] जीव मानते है [अपरे] अन्य कोई [कर्मण उदयं] कर्म के उदय को [जीवं] जीव मानते है, कोई [कर्मानुभागं] कर्म के अनुभाग को [यः] जो अनुभाग [तीव्रत्वमंदत्वगुणाभ्यां] तीव्रमंद रूप गुणों से भेद को प्राप्त होता है [सः] वह [जीवः भवति] जीव है [इच्छंति] ऐसा इष्ट करते है [केचित्] कोई [जीवकर्मोभयं] जीव और कर्म [द्वे अपि] दोनों मिले हुए को [खलु] ही [जीवं इच्छंति] जीव मानते है [तु] और [अपरे] अन्य कोई [कर्मणां संयोगेन] कर्मों के संयोग से ही [जीवं इच्छंति] जीव मानते हैं। [एवंविधाः] इस प्रकार तथा [बहुविधाः] अन्य भी बहुत प्रकार [दुर्मेधसः] दुर्बुद्धि मिथ्यादृष्टि [परं] परको [आत्मानं] आत्मा [वदंति] कहते हैं [ते न परमार्थवादिनः] वे परमार्थ (सत्यार्थ) कहने वाले नही हैं ऐसा [निश्चयवादिभिः] निश्चय (सत्यार्थ) वादियो ने [निर्दिष्टाः] कहा है।

टीका—इस जगत में आत्मा के आसाधारण लक्षण न जानने के कारण असमर्थ होने से अत्यंत विमूढ हुए अज्ञानीजन परमार्थभूत आत्मा को न जानने वाले बहुत है। वे बहुत प्रकार से परको ही आत्मा इस प्रकार कहते हैं। कोई तो स्वाभाविक स्वयमेव हुये रागद्वेष से मलिन जो अध्यवसान अर्थात् आशय रूप विभाव परिणाम वही जीव है, ऐसा कहते हैं। उसका हेतु कहते है कि जैसे अंगार की कालिमा है वैसे अध्यवसान से अन्य कोई जीव दीखता नहीं। कोई कोई कहते हैं कि पूर्व पश्चात् अनादि से लेकर और आगामी अनंत काल तक अवयवरूप एक भ्रमण क्रियारूप से क्रीडा करता हुआ जो कर्म वही जीव है क्योंकि इस कर्म से भिन्न कुछ अन्य जीव देखने में नहीं आता हैं। कोई कहते है कि तीव्र मंद अनुभव से भेदरूप हुआ और जिस का अंत दूर है ऐसे रागरूप रस से भरी जो अध्यवसान की संतान (परिपाटी) वही जीव है, क्योंकि इससे अन्य कोई जुदा जीव देखने में नहीं आता। कोई कहते हैं कि नवीन और पुरानी अवस्था इत्यादि भाव से प्रवर्तमान जो नोकर्म वही जीव है, क्योंकि

तरूपेणाभिव्याप्तसमस्ततीव्रमंदत्वगुणाभ्यां भिद्यमानः कर्मानुभव एव जीवः सुखदुःखातिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् । मज्जितावदुभयात्मकत्वादात्मकर्मोभयमेव जीवः कात्स्न्र्यतः कर्मणोतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् । अर्थक्रियासमर्थःकर्मसंयोग एव जीवः कर्मसंयोगात्खट्वाया इवाष्टकाष्ठसंयोगादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् एवमेवंप्रकारा इतरेपि बहुप्रकारा परमात्मेति व्यपदिशंति दुर्मेधसः किंतु न ते परमार्थवादिभिः परमार्थवादिनः इति निर्दिश्यंते ॥ ३९ ॥ ४० ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ ४३ ॥

तथैवापरे चार्वाकादयः कर्मनोकर्मरहितपरमात्मभेदविज्ञानशून्याः शरीरादिनोकर्म चापि जीवं मन्यंते । अथ— **कम्मस्सुदयं जीवं अवरे** अपरे कर्मण उदयं जीवमिच्छंति **कम्माणुभागमिच्छंति** अपरे च कर्मानुभागं लतादार्वस्थिपाषाणरूपं जीवमिच्छंति कथंभूतः स चानुभागः **तिव्वत्तणमंदत्तणगुणेहिं जो सो हवदि जीवो** तीव्रत्वमंदत्वगुणाभ्यां वर्त्तते यः स जीवो भवतीति अथ— **जीवो कम्मं उहयं दोण्णिवि खलु केवि जीवमिच्छंति**

इस शरीर से अन्य भिन्न कुछ जीव देखने में नहीं आता। कोई ऐसा कहते हैं कि समस्त लोक को पुण्यपाप रूप से व्याप्त कर्म का विपाक ही जीव है, क्योंकि शुभाशुभभाव से अन्य भिन्न कोई जीव देखने में नहीं आता। कोई कहते हैं कि साता असातारूप से व्याप्त समस्त तीव्र-मंदत्व गुणों से भेदरूप हुआ जो कर्म का अनुभव वही जीव है क्योंकि सुख-दुःख से अन्य भिन्न कोई जीव देखने में नहीं आता। कोई कहते हैं कि श्रीखण्ड की तरह दो रूप मिला जो आत्मा और कर्म ये दोनों मिले ही जीव है क्योंकि समस्त रूप से कर्म से भिन्न कोई जीव देखने में नही आता है। कोई कहते हैं कि कर्म के संयोग रूप अर्थक्रिया में समर्थ होता है वही जीव है क्योंकि कर्म के संयोग से अन्य कोई जीव देखने में नहीं आता जैसे आठ काठ के टुकड़े मिल कर खाट हुई, तब अर्थक्रिया में समर्थ हुई, इसी तरह यहां भी जानना ऐसा मानते हैं। इस प्रकार आठ प्रकार तो ये कहे और अन्य भी अनेक प्रकार पर को आत्मा कहते हैं वे दुर्बुद्धि हैं, उनको परमार्थ के जानने वाले सत्यार्थवादी नहीं कहते।

भावार्थ—जीव अजीव दोनों ही अनादिकाल से एक क्षेत्रावगाह संयोग रूप मिल रहे हैं और अनादि से ही पुद्गल के संयोग से जीव की विकार सहित अनेक अवस्थाएं हो रही हैं। यदि परमार्थदृष्टि से देखा जाय तब जीव तो अपने चैतन्य आदि भाव को नहीं छोड़ता और पुद्गल अपने मूर्तीक जड़त्व आदि को नहीं छोड़ता। लेकिन जो परमार्थ को नहीं जानते हैं, वे संयोग जन्य भावों को ही जीव कहते हैं। परमार्थ से जीव का स्वरूप पुद्गल से भिन्न सर्वज्ञको दीखता है तथा सर्वज्ञ की परंपरा के आगम से जाना जाता है। जिनके मत में सर्वज्ञ नहीं माना गया है, वही अपनी बुद्धि से अनेक कल्पना कर कहते हैं। उन में से वेदांती, मीमांसक, सांख्य, योग, बौद्ध, नैयायिक, वैशेषिक, चार्वाक मतों के आशय लेकर आठ तो प्रकट हैं और अन्य भी अपनी अपनी बुद्धि से अनेक कल्पना कर कहते हैं, उन को कहां तक कहा जावे ॥ ३९ । ४० । ४१ । ४२ । ४३ ॥

कुतः—

एए सव्वे भावा पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा ।
केवलिजिणेहिं भणिया कह ते जीवो त्ति वुच्चंति ।। ४४ ।।

एते सर्वे भावाः पुद्गलद्रव्यपरिणामनिष्पन्नाः ।
केवलिजिनैर्भणिताः कथं ते जीव इत्युच्यंते ।। ४४ ।।

यतः एतेऽध्यवसानादयः समस्ता एव भावा भगवद्भिर्विश्वसाक्षिभिरर्हद्भिः पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वेन प्रज्ञप्ताः संतश्चैतन्यशून्यात्पुद्गलद्रव्यादतिरिक्तत्वेन प्रज्ञाप्यमानं चैतन्यस्वभावं जीवद्रव्यं भवितुं नोत्सहंते ततो न खल्वागमयुक्तिस्वानुभवैर्बाधितपक्षत्वात् तदात्मवादिनः परमार्थवादिनः एतदेव सर्वज्ञवचनं तावदागमः । इयं तु स्वानुभवगर्भिता युक्तिः न खलु नैसर्गिकरागद्वेषकल्माषितमध्यवसानं जीवस्तथाविधाध्यवसानात्कार्तस्वरस्येव श्यामिकायाः अतिरिक्तत्वेनान्यस्य

जीवकर्मोभयं द्वे अपि जीवकर्मणी शिखिरिणीवत् खलु स्फुटं जीवमिच्छंति । **अवरे संजोगेण दु कम्माणं जीवमिच्छंति** अपरे केचन अष्टकाष्ठखट्वावदष्टकर्मणां संयोगेनापि जीवमिच्छंति । कस्मात् । अष्टकर्मसंयोगादन्यस्य शुद्धजीवस्यानुपपत्तेः । अथ **एवंविहा बहुविहा परमप्पाणं वदंति दुम्मेहा** एवंविधा बहुविधा बहुप्रकारा देहरागादिपरद्रव्यमात्मानं वदंति दुर्मेधसो दुर्बुद्धयः **तेण दु परप्पवादी णिच्छयवादीहिं णिदिट्ठा** तेन कारणेन तु

ऐसा कहने वाले सत्यार्थवादी नहीं हैं, सो क्यों नहीं ? उसका उत्तर कहते हैं,—**[एते]** ये पूर्व कहे हुए अध्यवसान आदिक **[सर्वे भावाः]** भाव हैं वे सभी **[पुद्गलद्रव्यपरिणामनिष्पन्नाः]** पुद्गलद्रव्य के परिणमन से उत्पन्न हुए हैं ऐसा **[केवलिजिनैः]** केवली सर्वज्ञजिनदेवने **[भणिताः]** कहा है **[ते जीवः]** उनको जीव **[इति कथं उच्यंते]** ऐसा कैसे कह सकते है ? अर्थात् नहीं कह सकते ।

टीका—ये अध्यवसानादिक भाव हैं, उन सब को सब पदार्थों के साक्षात् देखने वाले भगवान् वीतराग सर्वज्ञ अरहंतदेवने पुद्गल द्रव्य के परिणाम जन्य कहा है, इस कारण वे चैतन्यभाव से शून्य पुद्गल द्रव्य से भिन्नरूप से कहे गये चैतन्यस्वभावमय जीव द्रव्य होने को समर्थ नहीं हैं इसलिए इस पक्षके निश्चय से आगम, युक्ति और स्वानुभव इन तीनों द्वारा बाधित होने से जो इन अध्यवसानादिकों को जीव कहते हैं वे परमार्थवादी सत्यार्थवादी नहीं है । उन तीन में ये जीव नहीं है, ऐसा सर्वज्ञ का वचन है वह तो आगम है । और जो स्वानुभवगर्भित युक्ति है उसे कहते हैं—जो स्वयमेव उत्पन्न हुआ ऐसा रागद्वेष से मलिन अध्यवसान है वह जीव नही है क्योंकि जैसे सुवर्ण कालिमा से पृथक् है, उसी प्रकार चित्स्वभावरूप ऐसे अध्यवसान से भिन्न जीव भेदज्ञानियों को प्रतिभासित होता है, वे प्रत्यक्ष चैतन्य भाव को पृथक् अनुभव करते हैं ।।१।। अनाद्यनंत पूर्वापरीभूत एक संसरणक्रिया रूप क्रीडा करता हुआ कर्म है वह भी जीव नहीं है क्योंकि कर्म से पृथक् अन्य चैतन्यस्वभाव रूप जीव भेदज्ञानियों को प्राप्त है

चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खल्वनाद्यनंतपूर्वापरीभूतावयवैकसंसरणलक्षणक्रियारूपेण क्रीडत्कर्मैव जीवः कर्मणोतिरिक्तत्वेनान्यस्य चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खलु तीव्रमंदानुभवभिद्यमानदुरंतरागरसनिर्भराध्यवसानसंतानो जीवस्ततोतिरिक्तत्वेनान्यस्य चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खलु नवपुराणावस्थादिभेदेन प्रवर्तमानं नोकर्म जीवः शरीरादतिरिक्तत्वेनान्यस्य चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खलु विश्वमपि पुण्यपापरूपेणाक्रामन् कर्मविपाको जीवः शुभाशुभभावादतिरिक्तत्वेनान्यस्य चित्स्व

पुनः देहरागादिकं परद्रव्यमात्मानं वदंतीत्येवंशीलाः परात्मवादिनो निश्चयवादिभिः सर्वज्ञैर्निर्दिष्टा इति पंचगाथाभिः पूर्वपक्षः कृतः ॥३९॥४०॥४१॥४२॥४३॥ अथ परिहारं वदति—**एदे सव्वे भावा पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा** एते सर्वे देहरागादयः कर्मजनितपर्यायाः पुद्गलद्रव्यकर्मोदयपरिणामेन निष्पन्नाः **केवलिजिणेहिं भणिया कह ते जीवोत्ति उच्चंति** केवलिजिनैः सर्वज्ञैः कर्मजनिता इति भणिता. कथं ते निश्चयनयेन जीवा इत्युच्यंते न कथमपि । किंच विशेषः । अंगारात् कार्ष्ण्यवद्रागादिभ्यो भिन्नो जीवो नास्तीति यद्भणितं तदयुक्तं । कथमिति चेत् । रागादिभ्यो भिन्नः शुद्धजीवोस्तीति पक्षः परमसमाधिस्थपुरुषैः शरीररागादिभ्यो भिन्नस्य चिदानंदैकस्वभावशुद्धजीवस्योपलब्धेरिति हेतु । किट्टकालिकास्वरूपात् सुवर्णवदिति दृष्टांतः । किं च अंगारदृष्टांतोपि न घटते । कथमिति चेत् । यथा सुवर्णस्य पीतत्वं, अग्नेरुष्णत्वं स्वभावस्तथांगारस्य कृष्णत्वस्वभावस्य तु पृथक्त्वं कर्तुं नायाति । रागादयस्तु विभावाः

वे प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ।२। तीव्र मंद अनुभव से भेदरूप हुआ दुरंत राग-रस से भरी अध्यवसान की संतान भी जीव नहीं है; क्योंकि उस संतान से अन्य पृथक् चैतन्यस्वरूप जीव भेदज्ञानियों को स्वयमेव प्राप्त है, वे प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ।३। नई पुरानी अवस्थादि के भेद से प्रवृत्त हुआ जो नोकर्म वह भी जीव नहीं हैं; क्योंकि शरीर से अन्य पृथक् चैतन्यस्वभावरूप जीव भेदज्ञानियों को स्वयमेव प्राप्त है, वे आप प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ।४। समस्त जगत को पुण्य-पापरूप से व्याप्त कर्म का विपाक भी जीव नहीं है; क्योंकि शुभाशुभभाव से अन्य पृथक् चैयन्यस्वभावरूप जीव भेदज्ञानियों को स्वयमेव प्राप्त है, वे आप प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ।५। साता असाता रूप से व्याप्त समस्त तीव्रमंदता रूप गुण से भेद रूप हुआ कर्मका अनुभव भी जीव नहीं है; क्योंकि सुख-दुःख से पृथक् अन्य चैतन्यस्वभाव रूप जीव की भेद ज्ञानियों को स्वयं प्राप्ति होती है, वे आप प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं ।६। श्रीखंड की तरह दो स्वरूप मिले आत्मा और कर्म दोनों ही जीव नहीं हैं, क्योंकि पूर्ण रूप से कर्म से भिन्न अन्य चैतन्यस्वरूप जीव भेदज्ञानियों को स्वयं प्राप्त है, वे प्रत्यक्ष आप अनुभव करते हैं ।७। अर्थक्रिया में समर्थ कर्म का संयोग भी जीव नही है; क्योंकि 'जैसे आठ काठ के टुकड़ों रूप खाट का सोने वाला पुरुष अन्य है' उसी प्रकार कर्म संयोग से भिन्न अन्य चैतन्य स्वभाव रूप जीव की भेदज्ञानियों को स्वयं प्राप्ति है, आप वे प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं । ८ । इसी प्रकार अन्य कोई दूसरे प्रकार कहें, वहां भी यही युक्ति जानना ।

भावार्थ—चैतन्य स्वभाव रूप जीव सब परभावों से भिन्न भेदज्ञानियों के अनुभव गोचर है, इस कारण अज्ञानी जिस प्रकार मानते हैं, उस प्रकार नहीं है ।

भावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खलु सातासातरूपेणाभिव्याप्तसमस्ततीव्रमंदत्वगुणाभ्यां भिद्यमानः कर्मानुभावो जीवः सुखदुःखातिरिक्तत्वेनान्यस्य चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खलु मज्जितावदुभयात्मकत्वादात्मकर्मोभयं जीवः कात्स्न्र्यतः कर्मणोतिरिक्तत्वेनान्यस्य चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वात् । न खल्वर्थक्रियासमर्थः कर्मसंयोगो जीवः कर्मसंयोगात्खट्वाशायिनः पुरुषस्येवाष्टकाष्ठसंयोगादतिरिक्तत्वेनान्यस्य चित्स्वभावस्य विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वादिति । इह खलु पुद्गलभिन्नात्मोपलब्धिं प्रति विप्रतिपन्नः साम्नैवैवमनुशास्यः ॥ ४४ ॥

विरम किमपरेणाकार्यकोलाहलेन स्वयमपि निभृतः सन् पश्य षण्मासमेकं ।
हृदयसरसि पुंसः पुद्गलाद्भिन्नधाम्नो ननु किमनुपलब्धिर्भाति किंचोपलब्धिः ॥ ३४ ॥

स्फटिकोपाधिवत् ततस्तेषां निर्विकारशुद्धात्मानुभूतिबलेन पृथक्त्वंकर्तुं शक्यते इति । यदप्युक्तमष्टकाष्ठसंयोगखट्वावदष्टकर्मसंयोग एव जीवस्तदप्यनुचितं अष्टकर्मसंयोगात् भिन्नः शुद्धजीवोस्तीति पक्षवचनं अष्टकाष्ठसंयोगखट्वाशायिनः पुरुषस्येव परमसमाधिस्थपुरुषैरष्टकर्मसंयोगात् पृथग्भूतस्य शुद्धबुद्धैकस्वभावजीवस्योपलब्धेरिति दृष्टांतसहितहेतुः । किंच देहात्मनोरत्यंतं भेदः इति पक्षः भिन्नलक्षणलक्षितत्वादिति हेतुः, जलानलवदिति दृष्टान्तः ॥ ४४ ॥ इति परिहारगाथा गता ।

अथ चिद्रूपप्रतिभासेपि रागाद्यध्यवसानादयः कथं पुद्गलस्वभावा भवंतीति चेत्:—

अब यहां पर पुद्गल से भिन्न जो आत्मा की उपलब्धि उसको अन्यथा ग्रहण करने वाला (पुद्गल को ही आत्मा जानने वाला जो पुरुष) उसको समभाव से ही उपदेश करना चाहिए, ऐसा श्लोक कहते हैं **विरम** इत्यादि । **अर्थ**—हे भव्य, तुझे निष्प्रयोजन कोलाहल करने से क्या लाभ है, उससे तू विरक्त हो और एक चैतन्य मात्र वस्तु को एकान्त में स्वयं छः महीना अभ्यास कर निश्चय लीन होकर देख । ऐसा करने से अपने हृदय सरोवर में जिसका तेज प्रताप-प्रकाश पुद्गल से भिन्न है ऐसे आत्मा की क्या प्राप्ति नहीं हो सकेगी अर्थात् अवश्य होगी ।

भावार्थ—जो अपने स्वरूप का अभ्यास करे तो उसकी प्राप्ति अवश्य होवे, पर वस्तु की प्राप्ति तो नहीं हो सकती । अपना स्वरूप तो विद्यमान ही है परन्तु भूल रहा है सो चेत कर देखे तो पास ही है । यहां छह महीने का अभ्यास कहा सो ऐसा नहीं समझना कि इतने से ही हो जाय, इसका होना तो अन्तर्मुहूर्तमात्र में ही है परन्तु शिष्य को बहुत कठिन मालूम पड़े तब उसका निषेध है । यदि बहुत काल भी समझने में लगेगा तो छह महीने से अधिक नहीं लगेगा । इसलिए अन्य निष्प्रयोजन कोलाहल को छोड़ इसमें लगने से शीघ्र स्वरूप की प्राप्ति होगी, ऐसा उपदेश है ॥ ४४ ॥

आगे शिष्य पूछता है कि ये अध्यवसानादिक भाव तो जीव नहीं बतलाये, अन्य चैतन्य स्वभाव को जीव कहा सो ये भाव भी तो चैतन्य से ही सम्बन्ध रखने वाले मालूम होते हैं, चैतन्य के विना जड़ के तो होते नहीं, इनको पुद्गल के कैसे कहा ? ऐसा पूछने पर उत्तर रूप गाथासूत्र कहते हैं;—

कथं चिदन्वयत्वप्रतिभासेप्यध्यवसानादयः पुद्गलस्वभावा इति चेत्:—

अट्ठविहं पि य कम्मं सव्वं पुग्गलमयं जिणा विंति।
जस्स फलं तं वुच्चइ दुक्खं ति विपच्चमाणस्स ॥ ४५ ॥

अष्टविधमपि च कर्म सर्वं पुद्गलमयं जिना विंदंति।
यस्य फलं तदुच्यते दुःखमिति विपच्यमानस्य ॥ ४५ ॥

अध्यवसानादिभावनिर्वर्तकमष्टविधमपि च कर्म समस्तमेव पुद्गलमयमिति किल सकलज्ञज्ञप्तिः। तस्य तु यद्विपाककाष्ठामधिरूढस्य फलत्वेनाभिलप्यते तदनाकुलत्वलक्षणसौख्याख्यात्मस्वभावविलक्षणत्वात्किल दुःखं, तदंतःपातिन एव किलाकुलत्वलक्षणा अध्यवसानादिभावाः। ततो न ते चिदन्वयत्वविभ्रमेप्यात्मस्वभावाः किंतु पुद्गलस्वभावाः ॥ ४५ ॥

अट्ठविहं पि य कम्मं सव्वं पुग्गलमयं जिणा विंति सर्वमष्टविधमपि कर्म पुद्गलमयं भवतीति जिना वीतरागसर्वज्ञा ब्रुवंति कथयंति। कथभूतं यत्कर्म **जस्स फलं तं वुच्चदि दुक्खंति विपच्चमाणस्स** यस्य कर्मणः फलं तत्प्रसिद्धमुच्यते किंव्याकुलत्वस्वभावत्वाद्दुःखमिति। कथंभूतस्य कर्मणः। विशेषेण पच्यमानस्योदयागतस्य। इदमत्र तात्पर्यं। अष्टविधकर्मपुद्गलस्य कार्यमनाकुलत्वलक्षणपरमार्थसुखविलक्षणमाकुलत्वोत्पादकं दुःखं रागादयोप्याकुलत्वोत्पादकदुःखलक्षणास्ततः कारणात्पुद्गलकार्यत्वात् शुद्धनिश्चयनयेन पौद्गलिका इति ॥ ४५ ॥ अष्टविधं कर्म पुद्गलद्रव्यमेवेति कथनरूपेण गाथा गता।

[**अष्टविधमपि च**] आठ तरह के [**कर्म**] कर्म हैं वे [**सर्वं**] सभी [**पुद्गलमयं**] पुद्गल स्वरूप हैं ऐसा [**जिनाः**] जिन भगवान् सर्वज्ञ देव [**विंदंति**] कहते हैं। [**यस्य विपच्यमानस्य**] जिस पच कर उदय में आने वाले कर्म का [**फलं**] फल [**तत्**] प्रसिद्ध [**दुःखं**] दुःख है [**इति उच्यते**] ऐसा कहा है।

टीका—जिस कारण ये अध्यवसान आदि समस्त भावों के उत्पन्न करने वाले आठ प्रकार ज्ञानावरणादि कर्म हैं, वे सभी पुद्गलमय हैं ऐसा सर्वज्ञ का वचन है। उस कर्म का उदय पराकाष्ठा को पहुँचे, ऐसा उसका फल अनाकुलता स्वरूप सुख नामक आत्मा के स्वभाव से विलक्षण आकुलतामय है इसलिए दुःख है। उस दुःख में आपड़े जो आकुलता स्वरूप अध्यवसान आदिक भाव हैं, वे भी दुःख ही हैं इसीलिए वे चैतन्य से सम्बन्ध होने का भ्रम उत्पन्न करते हैं, तो भी वे आत्मा के स्वभाव नहीं हैं, पुद्गल स्वभाव ही हैं।

भावार्थ—यह आत्मा कर्म के उदय आने पर दुःखरूप परिणमन करता है और जो दुःख रूप भाव है, वह अध्यवसान है इसलिए दुःखरूप भाव में चेतन के सम्बन्ध का भ्रम उपजता है। परमार्थ से दुःख स्वरूप भाव चेतन नहीं है, कर्मजन्य है, इस कारण जड़ ही है ॥ ४५ ॥

यद्यध्यवसानादयः पुद्गलस्वभावास्तदा कथं जीवत्वेन सूचिता इति चेत् :—

ववहारस्स [1]दरीसणमुवएसो वण्णिदो जिणवरेहिं ।
जीवा एदे सव्वे अज्झवसाणादओ भावा ॥ ४६ ॥

व्यवहारस्य दर्शनमुपदेशो वर्णितो जिनवरैः ।
जीवा एते सर्वेऽध्यवसानादयो भावाः ॥ ४६ ॥

सर्वे एवैतेऽध्यवसानादयो भावाः जीवा इति यद्भगवद्भिः सकलज्ञैः प्रज्ञप्तं तदभूतार्थस्यापि व्यवहारस्यापि दर्शनं । व्यवहारो हि व्यवहारिणां म्लेच्छभाषेव म्लेच्छानां परमार्थप्रतिपादकत्वादपरमार्थोपि तीर्थप्रवृत्तिनिमित्तं दर्शयितुं न्याय्य एव । तमंतरेण तु शरीराज्जीवस्य परमार्थतो भेददर्शनात्त्रसस्थावराणां भस्मन इव निःशंकमुपमर्दनेन हिंसाऽभावाद्भवत्येव बंधस्याभावः। तथा रक्तो द्विष्टो विमूढो जीवो बध्यमानो मोचनीय इति[2] रागद्वेषमोहेभ्यो जीवस्य परमार्थतो भेददर्शनेन मोक्षोपायपरिग्रहणाभावात् भवत्येव मोक्षस्याभावः ॥ ४६ ॥

अथ यद्यध्यवसानादयः पुद्गलस्वभावास्तर्हि रागी द्वेषी मोही जीव इति कथं जीवत्वेन ग्रंथांतरे प्रतिपादिता इति प्रश्ने प्रत्युत्तरं ददाति;—

ववहारस्स दरिसणं व्यवहारनयस्य स्वरूपं दर्शितं यत्कि कृतं । **उवएसो वण्णिओ जिणवरेहिं** उपदेशो वर्णितः कथितो जिनवरैः । कथंभूतः। **जीवा एदे सव्वे अज्झवसाणादओ भावा** जीवा एते सर्वे अध्यवसानादयो भावाः परिणामा भण्यंत इति । किं च विशेषः । यद्यप्ययं व्यवहारनयो बहिर्द्रव्यावलंबनत्वेनाभूतार्थस्तथापि रागादिबहिर्द्रव्यावलंबनरहितविशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावस्वावलंबनसहितस्य परमार्थस्य प्रतिपादकत्वाद्दर्शयितुमुचितो भवति । यदा पुनर्व्यवहारनयो न भवति तदा शुद्धनिश्चयनयेन त्रसस्थावरजीवा न भवंतीति मत्वा निःशंकोपमर्दनं कुर्वंति जनाः । ततश्च पुण्यरूपधर्माभाव इत्येकं दूषणं, तथैव शुद्धनयेन रागद्वेषमोहरहितः पूर्वमेव मुक्तो जीवस्तिष्ठतीति मत्वा मोक्षार्थमनुष्ठानं कोपि न करोति ततश्च मोक्षाभाव इति द्वितीयं च दूषणं । तस्माद्व्यवहारनयव्याख्यानमुचितं भवतीत्यभिप्रायः ॥ ४६ ॥

आगे पूछता है कि ये अध्यवसानादि भाव पुद्गलस्वभाव हैं तो सर्वज्ञ के आगम में इन को जीव के भाव कैसे कहा ? उसके उत्तर का गाथासूत्र कहते हैं;—**[एते सर्वे]** ये सब **[अध्यवसानादयः भावाः]** अध्यवसानादिक भाव हैं **[जीवाः]** वे जीव हैं ऐसा **[जिनवरैः]** जिनवरदेव ने **[उपदेशः वर्णितः]** जो उपदेश दिया है वह **[व्यवहारस्य दर्शनं]** व्यवहारनय का मत है ।

टीका—ये सब अध्यवसानादिक भाव 'जीव हैं' ऐसा जो भगवान् सर्वज्ञदेव ने कहा है, वह अभूतार्थ असत्यार्थ रूप जो व्यवहारनय उस का मत है । क्योंकि व्यवहार व्यवहारी जीवों को परमार्थ का कहने वाला है । जैसे म्लेच्छ भाषा म्लेच्छों को वस्तु स्वरूप को बतलाती है, उसी तरह यह नय है । इसलिये अपरमार्थभूत होने पर भी धर्मतीर्थ की प्रवृत्ति करने के लिये व्यवहारनय का वर्णन होना ठीक है । यदि

---

१. दरिसणंउव इत्यपिपाठः । २. इति तमंतरेण तु । इति पूर्वपदं संयोज्यार्थो कर्तव्यः ।

अथ केन दृष्टांतेन प्रवृत्तो व्यवहार इति चेत्:—

राया हु णिग्गदो त्तिय एसो बलसमुदयस्स आदेसो ।
ववहारेण दु उच्चदि तत्थेको णिग्गदो राया ॥ ४७ ॥ णिच्छिदो

एमेव य ववहारो अज्झवसाणादिअण्णभावाणं ।
जीवो त्ति कदो सुत्ते तत्थेको णिच्छिदो जीवो ॥ ४८ ॥ (युगलं)

राजा खलु निर्गत इत्येष बलसमुदयस्यादेशः ।
व्यवहारेण तूच्यते तत्रैको निर्गतो राजा ॥ ४७ ॥

एवमेव च व्यवहारोऽध्यवसानाद्यन्यभावानां ।
जीव इति कृतः सूत्रे तत्रैको निश्चितो जीवः ॥ ४८ ॥

अथ केन दृष्टांतेन प्रवृत्तो व्यवहार इत्याख्याति—

राया हु णिग्गदो त्तियएसो बलसमुदयस्स आदेसो राजा हु स्फुटं निर्गत एव बलसमुदयस्यादेशः

उस व्यवहार को न कहें और परमार्थनय जीव को शरीर से भिन्न कहता है उस का ही एकांत कथन करें तो त्रस स्थावर जीवों का घात निःशंकरूप से करना ठहरेगा । जैसे भस्म के मर्दन करने में हिंसा का अभाव है, उसी प्रकार उनके मारने में भी हिंसा नहीं सिद्ध होगी किन्तु हिंसा का अभाव ठहरेगा तब उन के घात होने से बंध का भी अभाव ठहरेगा । उसी प्रकार रागी द्वेषी मोही जीव कर्म से बंधता है वह छुड़ाने योग्य है ऐसा कहा गया है । परमार्थ से राग द्वेष मोह से जीव को भिन्न दिखलाने पर मोक्ष के उपाय का उपदेश व्यर्थ हो जायगा, तब मोक्ष का भी अभाव ठहरेगा । इसलिये व्यवहारनय कहा गया है ।

भावार्थ—परमार्थनय तो जीव को शरीर और राग द्वेष मोह से भिन्न कहता है । यदि इसी का एकांत किया जाय, तब शरीर तथा राग, द्वेष मोह पुद्गलमय ठहरें, तब पुद्गल के घात से हिंसा नहीं हो सकती और राग द्वेष मोह से बंध नहीं हो सकता । इस प्रकार परमार्थ से संसार मोक्ष दोनों का अभाव होजाएगा । ऐसा एकांत स्वरूप वस्तु का स्वरूप नहीं है । अवस्तु का श्रद्धान ज्ञान और आचरण मिथ्या अवस्तु रूप ही है, इस लिये व्यवहार का उपदेश न्यायप्राप्त है । इस प्रकार स्याद्वाद से दोनों नयों का विरोध मेट कर श्रद्धान करना सम्यक्त्व है ॥ ४६ ॥

आगे शिष्य पूछता है कि यह व्यवहारनय किस दृष्टांत से प्रवृत्त हुआ ? उसका उत्तर कहते हैं; जैसे **[बलसमुदायस्य]** सेना के समूह को **[राजा निर्गतः]** जैसे राजा निकला **[इत्येष खलु आदेशः]** ऐसा ही आदेश वह **[व्यवहारेण तु उच्यते]** व्यवहार नय से कहा जाता है । **[तत्र]** उस सेना में तो वास्तव में **[एकः]** एक **[राजा निर्गतः]** ही राजा निकला है **[एवमेव च]** इसी तरह **[अध्यवसाना-द्यन्यभावानां]** इन अध्यवसान आदि अन्य भावों को **[सूत्रे]** परमागम में **[जीव इति]** ये जीव हैं ऐसा

यथैष राजा पंच योजनान्यभिव्याप्य निष्क्रामतीत्येकस्य पंचयोजनान्यभिव्याप्तुमशक्यत्वाद्व्यवहारिणां बलसमुदाये राजेति व्यवहारः। परमार्थतस्त्वेक एव राजा। तथैष जीवः समग्रं रागग्राममभिव्याप्य प्रवर्तत इत्येकस्य समग्रं रागग्राममभिव्याप्तुमशक्यत्वाद्व्यवहारिणामध्यवसानादिष्वन्यभावेषु जीव इति व्यवहारः। परमार्थतस्त्वेक एव जीवः ॥ ४७ ॥ ४८ ॥

यद्येवं तर्हि किंलक्षणोऽसावेकष्टंकोत्कीर्णः परमार्थजीव इति पृष्टः प्राह;—

अरसमरूवमगंधं अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं।
जाण अलिंगग्गहणं जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं॥ ४९ ॥

अरसमरूपमगंधमव्यक्तं चेतनागुणमशब्दं।
जानीहि अलिंगग्रहणं जीवमनिर्दिष्टसंस्थानं ॥ ४९ ॥

कथनं **ववहारेण दु उच्चदि तत्थेको णिग्गदो राया** बलसमूहं दृष्ट्वा पंचयोजनानि व्याप्य राजा निर्गत इति व्यवहारेणोच्यते। निश्चयनयेन तु तत्रैको राजा निर्गत इति दृष्टांतो गतः। इदानीं दार्ष्टांतमाह—**एमेव य ववहारो अज्झवसाणादिअण्णभावाणं** एवमेव राजदृष्टांतप्रकारेणैव व्यवहारः। केषां। अध्यवसानादीनां जीवाद्भिन्नभावादीनां रागादिपर्यायाणां **जीवो त्ति कदो सुत्ते** कथंभूतो व्यवहारः। रागादयो भावाः व्यवहारेण जीव इति कृतं भणितं

[व्यवहारः कृतः] व्यवहार नय से कहा है **[तत्र निश्चितः]** निश्चय से विचारा जाय तो उन भावों में **[जीवः एकः]** जीव तो एक ही है।

टीका—जैसे ऐसा कहते हैं कि यह राजा पांच योजन के फैलाव से निकल रहा है, वहां निश्चय से विचारा जाय तो एक राजा को पांच योजन में व्यापना असंभव है, तो भी व्यवहारी (अज्ञानी) जनों का सेना के समुदाय में राजा कहने का व्यवहार है। परमार्थ से तो राजा एक ही है, सेना राजा नहीं। उसी तरह यह जीव सब राग के स्थानों को व्याप्त कर प्रवृत्त हो रहा है परन्तु निश्चय से विचारा जाय तो एक जीव का समस्त राग के ठिकानों में फैलाव से रहना असंभव है तो भी व्यवहारी लोकों का अध्यवसानादिक अन्य भावों में 'ये जीव हैं' ऐसा व्यवहार प्रवर्तता है, परमार्थ से तो जीव एक ही है, अध्यवसान आदि भाव जीव नहीं है ॥ ४७ । ४८ ॥

आगे शिष्य पूछता है कि ये अध्यवसानादिक भाव हैं, वे जीव नहीं है तो एक टंकोत्कीर्ण परमार्थ स्वरूप जीव कैसा है उसका क्या लक्षण है? इस का उत्तर कहते हैं;—हे भव्य तू **[जीवं]** जीव को **[जानीहि]** ऐसा जान कि वह **[अरसं]** रस रहित है **[अरूपं]** रूप रहित है **[अगंधं]** गन्ध रहित है **[अव्यक्तं]** इंद्रियों के गोचर **[व्यक्त]** नहीं हैं **[चेतनागुणं]** जिसके चेतना गुण है **[अशब्दं]** शब्दरहित है **[अलिंगग्रहणं]** किसी चिह्न कर जिसका ग्रहण नहीं होता **[अनिर्दिष्टसंस्थानं]** जिसका आकार कुछ कहने में नहीं आता।

यः खलु पुद्गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानरसगुणत्वात् पुद्गलद्रव्यगुणेभ्यो भिन्नत्वेन स्वयमरसगुणत्वात् परमार्थतः पुद्गलद्रव्यस्वामित्वाभावात् द्रव्येंद्रियावष्टंभेनारसनात् स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावाद्भावेंद्रियावलंबेनारसनात्, सकलसाधारणैकसंवेदनपरिणामस्वभावत्वात्केवलरसवेदनापरिणामापन्नत्वेनारसनात्, सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधाद्रसपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं रसरूपेणापरिणमनाच्चारसः। तथा पुद्गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानरूपगुणत्वात् पुद्गलद्रव्यगुणेभ्यो भिन्नत्वेन स्वयमरूपगुणत्वात् परमार्थतः पुद्गलद्रव्यस्वामित्वाभावात् द्रव्येंद्रियावष्टंभेनारूपणात्, स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावाद्भावेंद्रियावलंबेनारूपणात्सकलसाधारणैकसंवेदनपरिणामस्वभावत्वात्केवलरूपवेदनापरिणामापन्नत्वेनारूपणात्,

---

सूत्रे परमागमे **तत्थेको णिच्छिदो जीवो** तत्र तेषु रागादिपरिणामेषु मध्ये निश्चितो ज्ञातव्यः। कोसौ। जीवः। कथंभूतः। शुद्धनिश्चयनयेनैको भावकर्मद्रव्यकर्मनोकर्मरहितःशुद्धबुद्धैकस्वभावो जीवपदार्थः। इति व्यवहारनयसमर्थनरूपेण गाथात्रयं गतं ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ एवमजीवाधिकारमध्ये शुद्धनिश्चयनयेन देहरागादिपरद्रव्यं जीवस्वरूपं न भवतीति कथनमुख्यतया गाथादशकेन प्रथमोंतराधिकारो व्याख्यातः। अथानंतरं वर्णरसादिपुद्गलस्वरूपरहितोऽनंतज्ञानादिगुणस्वरूपश्च शुद्धजीव एव उपादेय इति भावनामुख्यतया द्वादशगाथापर्यंतं व्याख्यानं करोति। तत्र द्वादशगाथासु मध्ये परमसामायिकभावनापरिणताभेदरत्नत्रयलक्षणनिर्विकल्पसमाधिसमुत्पन्नपरमानंदसुखसमरसीभावपरिणतशुद्धजीव एवोपादेय इति मुख्यत्वेन **अरसमरूव** इत्यादिसूत्रगाथैका। अथाभ्यंतरे रागादयो बहिरंगे वर्णादयश्च शुद्धजीवस्वरूपं न भवतीति तस्यैव

टीका—जो जीव है, वह निश्चय से पुद्गल द्रव्य से भिन्न है, उसमें रस गुण विद्यमान नहीं हैं इस कारण अरस है। १। पुद्गल द्रव्य के गुणों से भी भिन्न है इसलिए आप रसगुण नहीं होने से भी अरस कहा जाता है। २। परमार्थ से पुद्गल द्रव्य का स्वामित्व भी इसके नहीं है इसलिये द्रव्येंद्रिय के आलंबन से आप रसरूप परिणमन नहीं करता इस कारण भी अरस है। ३। अपने स्वभाव की दृष्टि से देखा जाय तो क्षायोपशमिक भाव का भी इसके अभाव है, इसलिये भावेंद्रिय के अवलंबन से भी इसके रसरूप परिणाम का अभाव है, इस कारण भी अरस है। ४। इसका संवेदन परिणाम तो एक ही है, वह सकल विषयों के विशेषों में साधारण है, उस स्वभाव से केवल एक रसवेदना परिणाम की प्राप्ति रूप नहीं है, इस कारण भी अरस है। ५। इसके समस्त ही ज्ञेयों का ज्ञान होता है; परन्तु ज्ञेय ज्ञायक के एकरूप होने का निषेध ही है इसलिये रस के ज्ञान रूप परिणमने पर भी आप रसरूप नहीं होता, इस कारण भी अरस है। ६। इस प्रकार छः प्रकार से रस के निषेध से अरस है। इसी तरह अरूप अगंध अस्पर्श अशब्द इन चारों विशेषणों का छह छह हेतुओं द्वारा निषेध किया है सो इसी कथित रीति से जान लेना। अब अनिर्दिष्ट संस्थान को कहते हैं। पुद्गल द्रव्य से रचे हुए संस्थानों (आकारों) द्वारा कहा नहीं जाता कि ऐसा आकार है। १। अपने नियत स्वभाव से अनियत संस्थानरूप अनंत शरीरों में वर्तता है, इसीलिये भी आकार कहा नहीं जाता। २। संस्थान नामकर्म का विपाक (फल) है; वह भी पुद्गल द्रव्य में ही है उसके निमित्त से भी आकार नहीं कह सकते। ३। भिन्न-भिन्न आकार

सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधाद्रूपपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं रूपरूपेणापरिणमनाच्चा-रूपः । तथा पुद्‌गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानगंधगुणत्वात् पुद्गलद्रव्यगुणेभ्यो भिन्नत्वेन स्वयमगंधगुणत्वात् परमार्थतः पुद्‌गलद्रव्यस्वामित्वाभावाद् द्रव्येंद्रियावष्टंभेनागंधनात्, स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावाद्भावेंद्रियावलंबेनागंधनात् सकलसाधारणैकसंवेदनपरिणामस्वभावत्वात्केवलगंधवेदनापरिणामापन्नत्वेनागंधनात् सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधाद्‌गंधपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं गंधरूपेणापरिणमनाच्चागंधः । तथा पुद्गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानस्पर्शगुणत्वात् पुद्‌गलद्रव्यगुणेभ्यो भिन्नत्वेन स्वयमस्पर्शगुणत्वात् परमार्थतः पुद्‌गलद्रव्यस्वामित्वाभावाद् द्रव्येंद्रियावष्टंभेनास्पर्शनात् स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावात् भावेन्द्रियावलंबेनास्पर्शनात्सकलसाधारणैकसंवेदनपरिणामस्वभावत्वात् केवलस्पर्शवेदनापरिणामापन्नत्वेनास्पर्शनात् सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधात् स्पर्शपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं स्पर्शरूपेणापरिणमनाच्चास्पर्शः । तथा पुद्‌गलद्रव्यादन्यत्वेनाविद्यमानशब्दपर्यायत्वात् पुद्‌गलद्रव्यपर्यायेभ्यो भिन्नत्वेन स्वयमशब्दपर्यायत्वात् परमार्थतः

गाथासूत्रस्य विशेषविवरणार्थं **जीवस्स णत्थि वण्णो** इत्यादिसूत्रषट्‌कं । ततः परं त एवं रागादयो वर्णादयश्च व्यवहारेण संति शुद्धनिश्चयनयेन न संतीति परस्परसापेक्षनयद्वयविवरणार्थं **ववहारेण दु** इत्यादि सूत्रमेकं । तदनंतरमेतेषां रागादीनां व्यवहारनयेनैव जीवेन सह क्षीरनीरवत्संबंधो न च निश्चयनयेनेति समर्थनरूपेण **एदेहिं य संबंधो** इत्यादि सूत्रमेकं । ततश्च तस्यैव व्यवहारनयस्य पुनरपि व्यक्त्यर्थं दृष्टांतदार्ष्टांतसमर्थनरूपेण **पंथे मुस्संतं** इत्यादि गाथात्रयं । इति द्वितीयस्थले समुदायपातनिका । तद्यथा—अथ यदि निश्चयेन रागादिरूपो जीवो न भवति तर्हि कथंभूतः शुद्धजीव उपादेयस्वरूप इत्याह:—**अरसमरूवमगंधं अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं** निश्चयनयेन रसरूपगंधस्पर्शशब्दरहितं मनोगतकामक्रोधादिविकल्पविषयरहितत्वेनाव्यक्तं सूक्ष्मं । पुनरपि किंविशिष्टं । शुद्धचेतनागुणं । पुनश्च किं रूपं । **जाणमलिंगग्गहणं जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं** निश्चयनयेन स्वसंवेदनज्ञानविषयत्वादलिंगग्रहणं समचतुरस्रा-

---

रूप परिणत जो समस्त वस्तु, उनके स्वरूप से तदाकार हुआ जो अपना स्वभाव रूप संवेदन की सामर्थ्य होने पर भी आप समस्त लोक के मिलने से शून्य हुई जो अपनी निर्मल ज्ञानमात्र अनुभूति उस अनुभूति से किसी भी आकार रूप नहीं है इस कारण भी अनिर्दिष्ट संस्थान है । ४ । ऐसे चार हेतुओं से संस्थान का निषेध कहा । अब अव्यक्त विशेषण को सिद्ध करते हैं—छह द्रव्य स्वरूप लोक है, वह ज्ञेय है, व्यक्त है, ऐसे व्यक्त रूप से जीव अन्य है इसलिये अव्यक्त है । १ । कषाय का समूह जो भावकभाव वह व्यक्त है उससे जीव अन्य है इस कारण भी अव्यक्त है । २ । चित्सामान्य में चैतन्य की सब व्यक्तियां अन्तर्भूत हैं इसलिये भी अव्यक्त है । ३ । क्षणिक व्यक्तिमात्र न होने से भी अव्यक्त कहना चाहिए । ४ । व्यक्त, अव्यक्त और दोनों मिले हुए मिश्र भाव इसके प्रतिभास में आते हैं तो भी केवल व्यक्त भाव ही नहीं स्पर्शता इस कारण भी अव्यक्त है । ५ । और आप ही बाह्य अभ्यंतर प्रकट अनुभूयमान है तो भी व्यक्तभाव से उदासीन (दूरवर्ती) प्रद्योतमान है इस कारण भी अव्यक्त कहा जाता है । ६ । इस

पुद्गलद्रव्यस्वामित्वाभावात् द्रव्येन्द्रियावष्टंभेन शब्दाश्रवणात् स्वभावतः क्षायोपशमिकभावाभावाद्भावेंद्रियावलंबेन शब्दाश्रवणात् सकलसाधारणैकसंवेदनपरिणामस्वभावत्वात् केवलशब्दवेदनापरिणामापन्नत्वेन शब्दाश्रवणात् सकलज्ञेयज्ञायकतादात्म्यस्य निषेधाच्छब्दपरिच्छेदपरिणतत्वेपि स्वयं शब्दरूपेणापरिणमनाच्चाशब्दः। द्रव्यांतरारब्धशरीरसंस्थानेनैव[1] संस्थान इति निर्देष्टुमशक्यत्वात् नियतस्वभावेनानियतसंस्थानानंतशरीरवर्तित्वात्संस्थाननामकर्मविपाकस्य पुद्गलेषु निर्दिश्यमानत्वात् प्रतिविशिष्टसंस्थानपरिणतसमस्तवस्तुतत्त्वसंवलितसहजसंवेदनशक्तित्वेपि स्वयमखिललोकसंवलनशून्योपजायमाननिर्मलानुभूतितयात्यंतमसंस्थानत्वाच्चानिर्दिष्टसंस्थानः। षट्द्रव्यात्मकलोकाद् ज्ञेयाद्व्यक्तादन्यत्वात्कषायचक्राद्भावकाद्व्यक्तादन्यत्वाच्चित्सामान्यनिमग्नसमस्तव्यक्तित्वात् क्षणिकव्यक्तिमात्राभावात् व्यक्ताव्यक्तविमिश्रप्रतिभासेपि व्यक्तास्पर्शत्वात् स्वयमेव हि बहिरंतः स्फुटमनुभूयमानत्वेपि व्यक्तोपेक्षणेन प्रद्योतमानत्वाच्चाव्यक्तः। रसरूपगंधस्पर्शशब्दसंस्थानव्यक्तत्वाभावेपि स्वसंवेदनबलेन नित्यमात्मप्रत्यक्षत्वे सत्यनुमेयमात्रत्वाभावादलिंगग्रहणः। समस्तविप्रतिपत्तिप्रमाथिना विवेचकजनसमर्पितसर्वस्वेन सकलमपि लोकालोकं कवलीकृत्यात्यंतसौहित्यमंथरेणेव सकलकालमेव मनागप्यविचलितानन्यसाधारणतया स्वभावभूतेन स्वयमनुभूयमानेन चेतनागुणेन नित्यमेवांतःप्रकाशमानत्वात् चेतनागुणश्च स खलु भगवानमलालोक इहैकष्टंकोत्कीर्णः प्रत्यग्ज्योतिर्जीवः ॥ ४६ ॥

दिषट्संस्थानरहितं च यं पदार्थं तमेवंगुणविशिष्टं शुद्धजीवमुपादेयमिति हे शिष्य जानीहि। इदमत्र तात्पर्यं। शुद्धनिश्चयनयेन सर्वपुद्गलद्रव्यसंबंधिवर्णादिगुणशब्दादिपर्यायरहितः सर्वद्रव्येंद्रियभावेंद्रियमनोगतरागादिविकल्पाविषयो धर्माधर्माकाशकालद्रव्यशेषजीवांतरभिन्नोऽनंतज्ञानदर्शनसुखवीर्यश्च यः स एव शुद्धात्मा समस्तपदार्थसर्वदेशसर्वकालब्राह्मणक्षत्रियादिनानावर्णभेदभिन्नजनसमस्तमनोवचनकायव्यापारेषु दुर्लभः स एवापूर्वः स चैवोपादेय इति मत्वा निर्विकल्प-

---

तरह छः हेतुओं द्वारा अव्यक्त सिद्ध किया। इसी प्रकार रस, रूप, गंध, स्पर्श, शब्द संस्थान व्यक्तपना का अभाव स्वरूप होने पर भी स्वसंवेदन के बल से आप प्रत्यक्ष गोचर होने से अनुमेय मात्र के अभाव से अलिंग ग्रहण कहा जाता है। अपने अनुभव में आवे, ऐसे चेतना गुणकर सदा अंतरंग में प्रकाशमान है, इस कारण चेतनागुण वाला है। जो चेतनागुण समस्त विप्रतिपत्तियों का (जीव को अन्य प्रकार मानने का) निषेध करने वाला है, जिस ने अपना सर्वस्व भेदज्ञानी जीवों को सौंप दिया है, जो समस्त लोकालोक को ग्रासीभूत कर अत्यंत सुखी हो उस तरह सदा किंचित्मात्र भी चलायमान नहीं होता और अन्य द्रव्य से साधारण नहीं है इसलिये असाधारण स्वभावभूत है। ऐसे चैतन्य रूप परमार्थ स्वरूप जीव है। जिस का प्रकाश निर्मल है, ऐसा यह भगवान् इस लोक में टंकोत्कीर्ण भिन्न ज्योति स्वरूप विराजमान है।

---

१. नवं इति पाठान्तरं।

सकलमपि विहायाह्नाय चिच्छक्तिरिक्तं स्फुटतरमवगाह्य स्वं च चिच्छक्तिमात्रं ।
इममुपरि चरंतं चारु विश्वस्य साक्षात् कलयतु परमात्मात्मानमात्मन्यनंतं ॥ ३५ ॥
चिच्छक्तिव्याप्तसर्वस्वसारो जीव इयानयं । अतोतिरिक्ताः सर्वेपि भावाः पौद्गलिका अमी ॥३६॥

जीवस्स णत्थि वण्णो णवि गंधो णवि रसो णवि य फासो ।
णवि रूवं ण सरीरं ण वि संठाणं ण संहणणं ॥ ५० ॥
जीवस्स णत्थि रागो णवि दोसो णेव विज्जदे मोहो ।
णो पच्चया ण कम्मं णोकम्मं चावि से णत्थि ॥ ५१ ॥

निर्मोहनिरंजननिजशुद्धात्मसमाधिसंजातसुखामृतरसानुभूतिलक्षणे गिरिगुहागह्वरे स्थित्वा सर्वतात्पर्येण ध्यातव्य इति । एवं सूत्रगाथा गता ॥ ४६ ॥ अथ बहिरंगे वर्णाद्यभ्यंतरे रागादिभावाः पौद्गलिकाः शुद्धनिश्चयेन जीवस्वरूपं न भवंतीति प्रतिपादयति:—वर्णगंधरसस्पर्शास्तु रूपशब्दवाच्याः स्पर्शरसगंधवर्णवती मूर्तिश्च औदारिकादिपंच शरीराणि, समचतुरस्रादिषट्संस्थानानि, वज्रर्षभनाराचादिषट्संहननानि चेति । एते वर्णादयो धर्मिणः शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य न संतीति साध्यो धर्मश्चेति धर्मधर्मिसमुदायलक्षणः पक्षः, आस्या, संधा, प्रतिज्ञेति यावत् पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभूते-

---

अब इसी अर्थ का कलश रूप काव्य कहकर इस के अनुभव की प्रेरणा करते है। **सकल** इत्यादि **अर्थ**—हे भव्य आत्माओ, अपने एक केवल आत्मा को आत्मा में ही अभ्यास करो—अनुभव करो। ऐसा अनुभव करो कि चिच्छक्ति से रहित अन्य सकल भावों को मूल से शीघ्र छोड़ कर और अच्छी प्रकार अपने चिच्छक्तिमात्र भाव को अवगाहन कर यह आत्मा समस्त पदार्थ समूह रूप लोक के ऊपर प्रवर्त रहा है, उसका साक्षात् अनुभव करो। जो आत्मा अनंत तथा अविनाशी है।

भावार्थ—यह आत्मा परमार्थ से समस्त अन्य भावों से रहित चैतन्य शक्तिमात्र है, उस के अनुभव का अभ्यास करो ऐसा उपदेश है।

आगे चिच्छक्ति से अन्य जो भाव हैं वे सब पुद्गलद्रव्य संबंधी हैं ऐसी आगे के गाथा की सूचनिका रूप काव्य कहते हैं—**चिच्छक्ति** इत्यादि। **अर्थ**—चैतन्य शक्ति से व्याप्त जिस का सर्वस्वसार है ऐसा यह जीव इतने मात्र है, इस चिच्छक्ति से शून्य जो भाव हैं वे सभी पुद्गलजन्य हैं, वे पुद्गल के ही हैं।

ऐसे उन भावों का व्याख्यान छह गाथाओं में करते हैं;—**[जीवस्य]** जीव के **[वर्णः]** रूप **[नास्ति]** नही है **[नापि गंधः]** गंध भी नहीं है **[रसः अपि न]** रस भी नहीं है **[च]** और **[स्पर्शः अपि न]** स्पर्श भी नहीं है **[रूपं अपि न]** रूप भी नहीं है **[न शरीरं]** शरीर भी नहीं है **[संस्थानं अपि न]** संस्थान भी नहीं हैं **[संहननं न]** संहनन भी नहीं हैं। **[जीवस्य]** तथा जीव के **[रागः नास्ति]** राग भी नहीं है **[द्वेषः नापि]** द्वेष भी नहीं है **[मोहः एव]** मोह भी **[न विद्यते]** नहीं

जीवस्स णत्थि वग्गो ण वग्गणा णेव फड्ढया केई ।
णो अज्झप्पट्ठाणा णेव य अणुभायठाणाणि ॥ ५२ ॥
जीवस्स णत्थि केई जोयट्ठाणा ण बंधठाणा वा ।
णेव य उदयट्ठाणा ण मग्गणट्ठाणया केई ॥ ५३ ॥
णो ठिदिबंधट्ठाणा जीवस्स ण संकिलेसठाणा वा ।
णेव विसोहिट्ठाणा णो संजमलद्धिठाणा वा ॥ ५४ ॥
णेव य जीवट्ठाणा ण गुणट्ठाणा य अत्थि जीवस्स ।
जेण दु एदे सव्वे पुग्गलदव्वस्स परिणामा ॥ ५५ ॥ (षट्कम्)

जीवस्य नास्ति वर्णो नापि गंधो नापि रसो नापि च स्पर्शः ।
नापि रूपं न शरीरं नापि संस्थानं न संहननं ॥ ५० ॥

भिन्नत्वादिति हेतुः । एवमत्र व्याख्याने पक्षहेतुरूपेणांगद्वयमनुमानं ज्ञातव्यं । अथ रागद्वेषमोहमिथ्यात्वाविरतिप्रमाद-कषाययोगरूपपंचप्रत्ययमूलोत्तरप्रकृतिभेदभिन्नज्ञानावरणाद्यष्टविधकर्मौदारिकवैक्रियकाहारकशरीरत्रयाहारादिषट्पर्याप्ति-रूपनोकर्माणि इति से तस्य जीवस्य शुद्धनिश्चयनयेन सर्वाण्येतानि न संति कस्मात्पुद्गलपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभू-तेर्भिन्नत्वात् । अथ परमाणोरविभागपरिच्छेदरूपशक्तिसमूहो वर्ग इत्युच्यते । वर्गाणां समूहो वर्गणा भण्यते । वर्गणा-

---

विद्यमान है [प्रत्ययाः नो] आस्रव भी नहीं हैं [कर्म न] कर्म भी नहीं हैं [च नोकर्म अपि] और नोकर्म भी [तस्य नास्ति] उसके नहीं हैं [जीवस्य] जीव के [वर्णो नास्ति] वर्ग नहीं हैं [वर्गणा न] वर्गणा नहीं हैं [कानिचित् स्पर्धकानि] कोई स्पर्धक भी [नैव] नहीं हैं [अध्यात्मस्थानानि नो] अध्यात्मस्थान भी नहीं हैं [च] और [अनुभागस्थानानि] अनुभागस्थान भी [नैव] नहीं हैं [जीवस्य] जीव के [कानिचित् योगस्थानानि] कोई योगस्थान भी [न संति] नहीं हैं [वा] अथवा [बंधस्थानानि] बंधस्थान भी [न] नहीं हैं [च] और [उदयस्थानानि] उदय स्थान भी [नैव] नहीं हैं [कानिचित् मार्गणास्थानानि] कोई मार्गणा स्थान भी [न] नहीं हैं [जीवस्य] जीव के [स्थितिबंधस्थानानि नो] स्थिति बंध स्थान भी नहीं हैं [वा] अथवा [संक्लेशस्थानानि] संक्लेश स्थान भी [न] नहीं हैं [विशुद्धिस्थानानि] विशुद्धि स्थान भी [नैव] नहीं हैं [वा] अथवा [संयमलब्धिस्थानानि] संयमलब्धि स्थान भी [नो] नहीं हैं [च] और [जीवस्य] जीव के [जीवस्थानानि] जीवस्थान भी [नैव] नहीं हैं [वा] अथवा [गुणस्थानानि] गुण स्थान भी [न संति] नहीं हैं [येन तु] क्योंकि [एते सर्वे] ये सभी [पुद्गलद्रव्यस्य] पुद्गल द्रव्य के [परिणामाः] परिणाम हैं ।

जीवस्य नास्ति रागो नापि द्वेषो नैव विद्यते मोहः।
नो प्रत्यया न कर्म नोकर्म चापि तस्य नास्ति ॥ ५१ ॥
जीवस्य नास्ति वर्गो न वर्गणा नैव स्पर्द्धकानि कानिचित्।
नो अध्यात्मस्थानानि नैव चानुभागस्थानानि ॥ ५२ ॥
जीवस्य न संति कानिचिद्योगस्थानानि न बंधस्थानानि वा।
नैव चोदयस्थानानि न मार्गणास्थानानि कानिचित् ॥ ५३ ॥
नो स्थितिबंधस्थानानि जीवस्य न संक्लेशस्थानानि वा।
नैव विशुद्धिस्थानानि नो संयमलब्धिस्थानानि वा ॥ ५४ ॥
नैव च जीवस्थानानि न गुणस्थानानि वा संति जीवस्य।
येन त्वेते सर्वे पुद्गलद्रव्यस्य परिणामाः ॥ ५५ ॥

यः कृष्णो हरितः पीतो रक्तः श्वेतो वर्णः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात्। यः सुरभिरसुरभिर्वा गंधः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्य-

---

समूहलक्षणानि स्पर्द्धकानि च कानिचिन्न संति। अथवा कर्मशक्ते क्रमेण विशेषवृद्धि. स्पर्द्धकलक्षणं। तथा चोक्तं वर्गवर्गणास्पर्द्धकानां त्रयाणां लक्षणं—

"वर्ग शक्तिसमूहोऽणोर्बहूना वर्गणोदिता।
वर्गणाना समूहस्तु स्पर्द्धकं स्पर्द्धकापहैः ॥"

शुभाशुभरागादिविकल्परूपाध्यवसानानि भण्यते तानि च न संति। लतादार्वस्थिपाषाणशक्तिरूपाणि घातिकर्मचतुष्टयानुभागस्थानानि भण्यंते। गुडखंडशर्करामृतसमानानि शुभाघातिकर्मानुभागस्थानानि भण्यंते। निबकांजीरविषहालाहलसदृशान्यशुभाघातिकर्मानुभागस्थानानि च तान्येतानि सर्वाण्यपि शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य न संति। कस्मात् 'पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभूतेर्भिन्नत्वात्। अथ वीर्यांतरायक्षयोपशमजनितमनोवचनकायवर्गणावलंबनकर्मादानहेतुभूतात्मप्रदेशपरिस्पंदलक्षणानि योगस्थानानि प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशरूपचतुर्विधबंधस्थानानि सुखदुःखफलानुभवरूपाण्युदयस्थानानि गत्यादिमार्गणास्थानानि च सर्वाण्यपि शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य न संति। कस्मात् पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे

टीका—जो काला, हरा, पीला, लाल और सफेद वर्ण (रंग) हैं वे सभी जीव के नही हैं क्योंकि पुद्गल द्रव्य के परिणमनमय होने के कारण ये वर्ण अपनी अनुभूति से भिन्न है। १। सुगंध, दुर्गन्ध भी जीव के नही हैं, क्योंकि ये पुद्गल परिणाममय हैं इसलिये अपनी अनुभूति से भिन्न है। २। कटुक, कषैला, तिक्त (चर्परा), खट्टा और मीठा ये सब रस भी जीव के नही हैं, क्योंकि०...। ३। चिकना, रूखा, ठंडा, गर्म, भारी, हलका, कोमल और कठोर—ये सब स्पर्श भी जीव के नही हैं क्योंकि...। ४। स्पर्शादि सामान्य परिणाममात्र रूप भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि०...। ५। औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्मण शरीर ये जीव के नहीं हैं, क्योंकि०...। ६। समचतुरस्र,

परिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यः कटुकः कषायः तिक्तोऽम्लो मधुरो वा रसः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यः स्निग्धो रूक्षः शीतः उष्णो गुरुर्लघुर्मृदुः कठिनो वा स्पर्शः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यत्स्पर्शादिसामान्यपरिणाममात्रं रूपं तन्नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यदौदारिकं वैक्रियिकमाहारकं तैजसं कार्मणं वा शरीरं तत्सर्वमपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यत्समचतुरस्रं न्यग्रोधपरिमंडलं स्वाति कुब्जं वामनं हुंडं वा संस्थानं तत्सर्वमपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्युनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यद्वज्रर्षभनाराचं वज्रनाराचं नाराचमर्द्धनाराचं कीलिका असंप्राप्तासृपाटिका वा संहननं तत्सर्वमपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यः प्रीतिरूपो रागः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । योऽप्रीतिरूपो द्वेषः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यस्तत्त्वाप्रतिपत्तिरूपो मोहः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । ये मिथ्यात्वाविरतिकषाययोगलक्षणाः प्रत्ययास्ते सर्वेपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यद् ज्ञानावरणीयदर्शनावरणीयवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रांतरायरूपं कर्म तत्सर्वमपि

सति शुद्धात्मानुभूतेर्भिन्नत्वात् । अथ—जीवेन सह कालांतरावस्थानरूपाणि स्थितिबंधस्थानानि कषायोद्रेकरूपाणि संक्लेशस्थानानि कषायमंदोदयरूपाणि विशुद्धिस्थानानि कषायक्रमहानिरूपाणि संयमलब्धिस्थानानि च सर्वाण्यपि शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य न संति । कस्मात् ? पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभूतेर्भिन्नत्वात् । अथ—जीवस्य

न्यग्रोधपरिमंडल, स्वातिक, कुब्जक, वामन और हुंडक—ये सब संस्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि०... । ७ । वज्रर्षभनाराच, वज्रनाराच, नाराच, अर्धनाराच, कीलक और असंप्राप्तासृपाटिका सहनन ये भी जीव के नहीं है, क्योंकि०... । ८ । प्रीतिरूप राग भी जीव का नहीं है, क्योंकि० । ९ । अप्रीतिरूप द्वेष भी जीव का नहीं है, क्योंकि०... । १० । यथार्थ तत्त्व की अप्राप्ति रूप मोह भी जीव का नहीं है, क्योंकि०... । ११ । मिथ्यात्व, अविरति, कषाय, और योगस्वरूप प्रत्यय (आस्रव) भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि. . । १२ । ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र, और अन्तरायस्वरूप कर्म भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि०... । १३ । छह पर्याप्तियोंसहित शरीर योग्य वस्तु रूप पुद्गलस्कंध नोकर्म भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि... । १४ । कर्म के रस की शक्ति के अविभाग प्रतिच्छेदों का समूह रूप वर्ग भी जीव का नहीं है, क्योंकि... । १५ । वर्गों का समूहरूप वर्गणा भी जीव की नहीं है, क्योंकि०... । १६ । मंद तीव्र रसरूप कर्म के समूह के विशिष्ट वर्गों की वर्गणा के स्थापनरूप स्पर्धक जीव के नहीं हैं, क्योंकि ... । १७ । स्वपर के एकत्व का अध्यास (मिथ्या आरोप) होने पर विशुद्ध चैतन्य परिणाम से भिन्न लक्षण वाले अध्यात्म स्थान भी जीव के नहीं हैं क्योंकि... । १८ । पृथक् पृथक् विशेष रूप प्रकृतियों के रस रूप जिनका लक्षण है ऐसे अनुभाग स्थान भी जीव के नहीं हैं,

नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यत्षट्पर्याप्तित्रिशरीरयोग्यवस्तुरूपं नोकर्म तत्सर्वमपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यः शक्तिसमूहलक्षणो वर्गः स सर्वोपि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । या वर्गसमूहलक्षणा वर्गणा सा सर्वापि नास्ति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि मंदतीव्ररसकर्मदलविशिष्टन्यासलक्षणानि स्पर्द्धकानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि स्वपरैकत्वाध्यासे सति विशुद्धचित्परिणामातिरिक्तत्वलक्षणान्यध्यात्मस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि प्रतिविशिष्टप्रकृतिरसपरिणामलक्षणान्यनुभागस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि कायवाङ्मनोवर्गणापरिस्पंदलक्षणानि योगस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि प्रतिविशिष्टप्रकृतिपरिणामलक्षणानि बंधस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि स्वफलसंपादनसमर्थकर्मावस्थालक्षणान्युदयस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि गतीन्द्रियकाययोगवेदकषायज्ञानसंयमदर्शनलेश्याभव्यसम्यक्त्वसंज्ञाहारलक्षणानि मार्गणास्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि प्रतिविशिष्टप्रकृतिकालांतरसहत्वलक्षणानि स्थितिबंधस्थानानि

शुद्धनिश्चयनयेन 'बादरसुहमेइंदी वितिचउरिंदी असण्णिसण्णीणं । पज्जत्तापज्जत्ता एवं ते चउदसा होंति' इति गाथाकथितक्रमेण बादरैकेंद्रियादिचतुर्दशजीवस्थानानि मिथ्यादृष्ट्यादिचतुर्दशगुणस्थानानि च सर्वाण्यपि न संति पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभूतेर्भिन्नत्वात् । कुतः इति चेत्, यतः कारणादेते वर्णादिगुणस्थानांता परिणामा. शुद्धनिश्चय-

---

क्योंकि । १६ । काय, वचन, मनोरूप वर्गणा का चलना जिनका लक्षण है ऐसे योगस्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि०.... । २० । भिन्न-भिन्न विशेषों को लिये प्रकृतियों के परिणाम जिनका लक्षण है ऐसे बंधस्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि०.... । । २१ । अपने फल के उत्पन्न करने में समर्थ कर्म की अवस्था जिनका स्वरूप है ऐसे उदय स्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि०.... । २२ । गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्य, सम्यक्त्व, संज्ञा और आहार जिनका स्वरूप है ऐसे मार्गणास्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि.... । २३ । भिन्न-भिन्न विशेषों को लिये प्रकृतियों का कालान्तर में साथ रहना जिनका लक्षण है ऐसे स्थितिबंध के स्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि.... । २४ । कषाय के विपाक की उत्कृष्टता जिनका लक्षण है ऐसे संक्लेशस्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि .... । २५ । कषाय के विपाक की मंदता जिनका लक्षण है ऐसे विशुद्धिस्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि० .... । २६ । चारित्रमोह के उदय की क्रम से निवृत्ति जिनका लक्षण है, ऐसे

तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि कषायविपाकोद्रेकलक्षणानि संक्लेशस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि कषायविपाकानुद्रेकलक्षणानि विशुद्धिस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि चारित्रमोहविपाकक्रमनिवृत्तिलक्षणानि संयमलब्धिस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि पर्याप्तापर्याप्तबादरसूक्ष्मैकेंद्रियद्वींद्रियत्रींद्रियचतुरिंद्रियसंज्ञ्यसंज्ञिपंचेंद्रियलक्षणानि जीवस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् । यानि मिथ्यादृष्टिसासादनसम्यग्दृष्टिसम्यग्मिथ्यादृष्ट्यसंयतसम्यग्दृष्टिसंयतासंयतप्रमत्तसंयताप्रमत्तसंयतापूर्वकरणोपशमकक्षपकानिवृत्तिबादरसांपरायोपशमकक्षपकसूक्ष्मसांपरायोपशमकक्षपकोपशांतकषायक्षीणकषायसयोगकेवल्ययोगकेवलिलक्षणानि गुणस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न संति जीवस्य पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सत्यनुभूतेर्भिन्नत्वात् ॥५०॥५१॥५२॥५३॥५४॥५५॥

वर्णाद्या वा रागमोहादयो वा भिन्ना भावाः सर्व एवास्य पुंसः ।
तेनैवांतस्तत्त्वतः पश्यतोऽमी नो दृष्टाः स्युर्दृष्टमेकं परं स्यात् ॥ ३७ ॥

नयेन पुद्गलद्रव्यस्य पर्याया इति । अयमत्रभावार्थः—सिद्धांतादिशास्त्रेषु अशुद्धपर्यायार्थिकनयेनाभ्यंतरे रागादयो बहिरंगे शरीरवर्णापेक्षया वर्णादयोपि जीवाः इत्युक्ताः । अत्र पुनरध्यात्मशास्त्रे शुद्धनिश्चयनयेन निषिद्धा इत्युभयत्रापि नयविभागविवक्षया नास्ति विरोध इति वर्णाद्यभावस्य विशेषव्याख्यानरूपेण सूत्रषट्कं गतं ॥५०॥५१॥५२॥५३॥५४॥५५॥

संयमलब्धिस्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि०.... । २७ । पर्याप्त, अपर्याप्त, बादर, सूक्ष्म, एकेंद्रिय द्वींद्रिय, त्रींद्रिय, चतुरिंद्रिय और संज्ञी, असंज्ञी, पंचेंद्रिय जिनका लक्षण है ऐसे जीवस्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि०.... ।२८। मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, अविरतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसांपराय, उपशांतमोह, क्षीणमोह, सयोग केवली और अयोगकेवली, जिनका लक्षण है ऐसे सब गुणस्थान भी जीव के नहीं हैं, क्योंकि०.... ।२९। इस प्रकार ये सभी पुद्गल द्रव्य के परिणाममय भाव हैं वे सब जीव के नहीं हैं। जीव तो परमार्थ से चैतन्य शक्तिमात्र है ।

अब इसी अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं-**वर्णाद्या** इत्यादि । **अर्थ**—वर्णादिक अथवा रागमोहादिक कहे हुए सभी भाव इस पुरुष (आत्मा) से भिन्न हैं, इसी कारण अंतर्दृष्टि से देखने वाले को ये सब नहीं दीखते केवल एक चैतन्यभाव स्वरूप अभेद रूप आत्मा ही दीखता है ।

भावार्थ—परमार्थनय अभेद ही है इसलिये उस दृष्टि से देखने पर भेद नहीं दीखता, उस नयकी दृष्टि में चैतन्य मात्र पुरुष (आत्मा) ही दीखता है इस कारण वे वर्णादिक तथा रागादिक पुरुष से भिन्न ही हैं। वर्ण को आदि लेकर गुणस्थानपर्यंत भावों का स्वरूप विशेषता से जानना हो तो **गोम्मटसार** आदि ग्रंथों से जान लेना ।।५०।५१।५२।५३।५४।५५।।

ननु वर्णादयो यद्यमी न संति जीवस्य तदा तंत्रांतरे कथं संतीति प्रज्ञाप्यंते इति चेत् :—

ववहारेण दु एदे जीवस्स हवंति वण्णमादीया।
गुणठाणंता भावा ण दु केई णिच्छयणयस्स ॥ ५६ ॥

व्यवहारेण त्वेते जीवस्य भवंति वर्णाद्याः।
गुणस्थानांता भावा न तु केचिन्निश्चयनयस्य ॥ ५६ ॥

इह हि व्यवहारनयः किल पर्यायाश्रितत्वाज्जीवस्य पुद्गलसंयोगवशादनादिप्रसिद्धबंधपर्यायस्य कुसुंभरक्तस्य कार्पासिकवासस इवौपाधिकं भावमवलंब्योत्प्लवमानः परभावं परस्य विदधाति। निश्चयनयस्तु द्रव्याश्रितत्वात्केवलस्य जीवस्य स्वाभाविकं भावमवलंब्योत्प्लवमानः परभावं परस्य सर्वमेव प्रतिषेधयति। ततो व्यवहारेण वर्णादयो गुणस्थानांता भावा जीवस्य संति निश्चयेन तु न संतीति युक्ता प्रज्ञप्तिः ॥ ५६ ॥

अथ यदुक्तं पूर्वं सिद्धातादौ जीवस्य वर्णादयो व्यवहारेण कथिता अत्र तु प्राभृतग्रंथे निश्चयनयेन निषिद्धा. तमेवार्थं दृढयति;—व्यवहारनयेन त्वेते जीवस्य भवति वर्णाद्या गुणस्थानांता भावाः पर्याया न तु केऽपि निश्चयनयेनेति ॥ ५६ ॥ एव निश्चयव्यवहारसमर्थनरूपेण गाथा गता। अथ कस्माज्जीवस्य निश्चयेन वर्णादयो न संतीति पृष्टे प्रत्युत्तरं ददाति;—**एदेहि य संबंधो जहेव खीरोदयं मुणेदव्वो** एतै. वर्णादिगुणस्थानांतैः पूर्वोक्तपर्यायैः सह संबंधो यथैव क्षीरनीरसश्लेषस्तथा मंतव्यः। न चाग्न्युष्णत्वयोरिव तादात्म्यसंबंधः। कुत इति चेत्, **ण य हुंति तस्स ताणि दु** न च भवति तस्य जीवस्य ते तु वर्णादिगुणस्थानानां भावा. पर्याया। कस्मात्, **उवओगगुणाधिगो जम्हा** यस्मा-

---

आगे शिष्य पूछता है कि वर्णादिक भाव जो कहे गये है वे यदि जीव के नही है तो अन्य सिद्धान ग्रंथों में 'ये जीव के हैं' ऐसा क्यों कहा गया ? उस का उत्तर गाथा मे कहते है,—**[एते]** ये **[वर्णाद्याः गुणस्थानांताः भावाः]** वर्ण आदि गुणस्थानपर्यंत भाव कहे गये हैं वे **[व्यवहारेण तु]** व्यवहारनय से तो **[जीवस्य भवंति]** जीव के ही होते है, इस लिये सूत्र मे कहे है **[तु]** परन्तु **[निश्चयनयस्य]** निश्चयनय के मत से **[केचित् न]** इन में से कोई भी जीव के नही है।

टीका—यहां पर व्यवहारनय, पर्यायाश्रित होने से पुद्गल के संयोगवश अनादि काल से प्रसिद्ध जिस की बंधपर्याय है ऐसे जीव के 'कुसुम्भ के लाल रंग मे रंगे हुए रुई के वस्त्र की भांति' औपाधिक वर्णादिभावों को आलंबन कर प्रवृत्त होता है इसलिये वह व्यवहारनय दूसरे के भावों को दूसरों का कहता है। और निश्चयनय द्रव्य के आश्रय होने से केवल एक जीव के स्वाभाविक भाव को अवलंबन कर प्रवृत्त होता है, वह सब परभावों को परके कहता है, निषेध करता है, इसलिये वर्ण आदि गुणस्थानपर्यंत भाव व्यवहार नय से जीव के हैं, निश्चयनय से नहीं हैं इस प्रकार भगवान् का कथन स्याद्वाद सहित युक्तिपूर्ण है ॥ ५६ ॥

कुतो जीवस्य वर्णादयो निश्चयेन न संतीति चेत् :—

एएहिं य संबंधो जहेव खीरोदयं मुणेदव्वो ।
ण य हुंति तस्स ताणि दु उवओगगुणाधिगो जम्हा ॥ ५७ ॥

एतैश्च संबंधो यथैव क्षीरोदकं ज्ञातव्यः ।
न च भवंति तस्य तानि तूपयोगगुणाधिको यस्मात् ॥ ५७ ॥

यथा खलु सलिलमिश्रितस्य क्षीरस्य सलिलेन सह परस्परावगाहलक्षणे संबंधे सत्यपि स्वलक्षणभूतक्षीरत्वगुणव्याप्यतया सलिलादधिकत्वेन प्रतीयमानत्वादग्नेरुष्णगुणेनेव सह तादात्म्यलक्षणसंबंधाभावान्न निश्चयेन सलिलमस्ति । तथा वर्णादिपुद्गलद्रव्यपरिणाममिश्रितस्यास्यात्मनः पुद्गलद्रव्येण सह परस्परावगाहलक्षणे संबंधे सत्यपि स्वलक्षणभूतोपयोगगुणव्याप्यतया सर्वद्रव्येभ्योऽधिकत्वेन प्रतीयमानत्वात् अग्नेरुष्णगुणेनेव सह तादात्म्यलक्षणसंबंधाभावान्न निश्चयेन वर्णादिपुद्गलपरिणामाः जीवस्य संति ॥ ५७ ॥

दुष्णगुणेनाग्निरिव केवलज्ञानदर्शनगुणेनाधिकः परिपूर्ण इति । ननु वर्णादयो बहिरंगास्तत्र व्यवहारेण क्षीरनीरवत्संश्लेषसंबंधो भवतु नचाभ्यंतराणां रागादीनां तत्राशुद्धनिश्चयेन भवितव्यमिति । नैवं, द्रव्यकर्मबंधापेक्षया योसौ असद्भूतव्यवहारस्तदपेक्षया तारतम्यज्ञापनार्थं रागादीनामशुद्धनिश्चयो भण्यते । वस्तुतस्तु शुद्धनिश्चयापेक्षया पुनरशुद्धनिश्चयोपि व्यवहार एवेति भावार्थः ॥ ५७ ॥

ये वर्णादिक निश्चय से जीव के क्यों नहीं हैं ? उस का कारण कहो, इस प्रश्न का उत्तर कहते हैं;—**[एतैश्च संबंधः]** इन वर्णादिक भावों के साथ जीव का संबंध **[क्षीरोदकं यथैव]** जल और दूध के एक क्षेत्रावगाह रूप संबंधसदृश **[ज्ञातव्यः]** जानना **[च]** और **[तानि]** वे **[तस्य तु न भवंति]** उस जीव के नहीं हैं **[यस्मात्]** क्योंकि जीव **[उपयोगगुणाधिकः]** इन से उपयोग गुण के कारण अधिक है ।

टीका—जैसे जल से मिला हुआ दूध जल के साथ परस्पर अवगाह स्वरूप संबंध होने पर भी अपने स्वलक्षणभूत क्षीरत्व गुण में व्याप्त होने के कारण पृथक् प्रतीत होता है क्योंकि उस के और दूध के तादात्म्य स्वरूप संबंध का अभाव है । जैसे अग्नि का और उष्णता का तादात्म्यसंबंध है, उस प्रकार दूध और जल का नहीं है, इस कारण निश्चय से दूध का जल नहीं है । उसी प्रकार वर्णादिक पुद्गलद्रव्य के परिणामों से मिला हुआ आत्मा पुद्गलद्रव्य के साथ परस्पर अवगाह स्वरूप संबंध होने पर भी अपने लक्षण स्वरूप उपयोग गुण से व्याप्त होने के कारण सब द्रव्यों से भिन्न प्रतीत होता है । जैसे अग्नि का और उष्णता का तादात्म्य स्वरूप संबंध है, उस प्रकार आत्मा और वर्णादिकों का तादात्म्यसंबंध नहीं है । इस लिये निश्चयनय से वर्णादिक पुद्गल के परिणाम हैं, वे जीव के नहीं हैं ॥ ५७ ॥ यहां पुनः प्रश्न होता है कि इस प्रकार से तो व्यवहारनय और निश्चयनय का विरोध आता है अतः इनमें अविरोध

कथं तर्हि व्यवहारोऽविरोधक इति चेत् :—

पंथे मुस्संतं पस्सिदूण लोगा भणंति ववहारी ।
मुस्सदि एसो पंथो ण य पंथो मुस्सदे कोई ॥ ५८ ॥
तह जीवे कम्माणं णोकम्माणं च पस्सिदुं वणणं ।
जीवस्स एस वणणो जिणेहिं ववहारदो उत्तो ॥ ५६ ॥
गंध[1] रसफासरूवा देहो संठाणमाइया जे य ।
सव्वे ववहारस्स य णिच्छयदराहू ववदिसंति ॥ ६० ॥ (त्रिकलम्)

पथि मुष्यमाणं दृष्ट्वा लोका भणंति व्यवहारिणः ।
मुष्यते एष पंथा न च पंथा मुष्यते कश्चित् ॥ ५८ ॥
तथा जीवे कर्मणां नोकर्मणां च दृष्ट्वा वर्णं ।
जीवस्यैष वर्णो जिनैर्व्यवहारत उक्तः ॥ ५६ ॥
गंधरसस्पर्शरूपाणि देहः संस्थानादयो ये च ।
सर्वे व्यवहारस्य च निश्चयद्रष्टारो व्यपदिशंति ॥ ६० ॥

यथा पथि प्रस्थितं कंचित्सार्थं मुष्यमाणमवलोक्य तात्स्थ्यात्तदुपचारेण मुष्यत एष

अथ तर्हि कृष्णवर्णोयं धवलवर्णोयं पुरुष इति व्यवहारो विरोधं प्राप्नोतीत्येवं पूर्वपक्षे कृते सति व्यवहाराविरोधं दर्शयतीत्येका पातनिका। द्वितीया तु तस्यैव पूर्वोक्तव्यवहारस्य विरोधं लोकप्रसिद्धदृष्टांतद्वारेण परिहरति;—**पंथे मुस्संतं पस्सिदूण लोगा भणंति ववहारी** पथि मार्गे मुष्यमाणं सार्थं दृष्ट्वा व्यवहारि-

---

किस तरह से कहा जा सकता है ? उसका उत्तर दृष्टांत द्वारा तीन गाथाओं से कहते हैं:—**[पथि मुष्यमाणं]** जैसे मार्ग में चलते हुए को लुटा हुआ **[दृष्ट्वा]** देखकर **[व्यवहारिणः]** व्यवहारी **[लोकाः]** जन **[भणंति]** कहते है कि **[एष पंथा]** वह मार्ग **[मुष्यते]** लुटता है, वहां परमार्थ से विचारा जाय तो **[कश्चित् पंथाः]** कोई मार्ग **[न च मुष्यते]** नही लुटता, जाते हुए लोक ही लुटते हैं **[तथा]** उसी तरह **[जीवे]** जीव में **[कर्मणां नोकर्मणां च]** कर्मों का और नोकर्मों का **[वर्णं]** वर्ण **[दृष्ट्वा]** देखकर **[जीवस्य]** जीव का **[एषः वर्णः]** यह वर्ण है ऐसा **[जिनैः]** जिनदेव ने **[व्यवहारतः]** व्यवहारसे **[उक्तः]** कहा है **[एवं]** इसी प्रकार **[गंधरसस्पर्शरूपाणि]** गंध, रस और स्पर्श रूप **[देहः संस्थानादयः]** देह संस्थान आदिक **[ये च सर्वे]** सभी **[व्यवहारस्य]** व्यवहार से हैं **[निश्चयद्रष्टारः]** ऐसा निश्चयनय के देखने वाले **[व्यपदिशंति]** कहते है ।

---

१. तात्पर्यवृत्तौ तु 'वण्णं रसगंध' इत्यादि टीका स्थित पाठः ।

पंथा इति व्यवहारिणां व्यपदेशेपि न निश्चयतो विशिष्टाकाशदेशलक्षणः कश्चिदपि पंथा मुष्येत । तथा जीवे बंधपर्यायेणावस्थितं कर्मणो नोकर्मणो वा वर्णमुत्प्रेक्ष्य तात्स्थ्यात्तदुपचारेण जीवस्यैष वर्ण इति व्यवहारतोऽर्हद्देवानां प्रज्ञापनेपि न निश्चयतो नित्यमेवामूर्तस्वभावस्योपयोगगुणाधिकस्य जीवस्य कश्चिदपि वर्णोस्ति । एवं गंधरसस्पर्शरूपशरीरसंस्थानसंहननरागद्वेषमोहप्रत्ययकर्मनोकर्मवर्गवर्गणास्पर्द्धकाध्यात्मस्थानानुभागस्थानयोगस्थानबंधस्थानोदयस्थानमार्गणास्थानस्थितिबंधस्थानसंक्लेशस्थानविशुद्धिस्थानसंयमलब्धिस्थानजीवस्थानगुणस्थानान्यपि व्यवहारतोर्हद्देवानां प्रज्ञापनेपि निश्चयतो नित्यमेवामूर्तस्वभावस्योपयोगगुणेनाधिकस्य जीवस्य सर्वाण्यपि न संति तादात्म्यलक्षणसंबंधाभावात् ॥५८॥५६॥६०॥

लोका भणंति । किं भणंति, **मुस्सदि एसो पंथो** मुष्यत एषः प्रत्यक्षीभूतः पंथाश्चौरैः कर्तृभूतैः **ण य पंथो मुस्सदे कोई** न च विशिष्टशुद्धाकाशलक्षणः पंथा मुष्यते कश्चिदपि किन्तु पथानमाधारीकृत्य तदाधेयभूता जना मुष्यंत इति दृष्टांतगाथा गता । **तह जीवे कम्माणं णोकम्माणं च पस्सिदुं वण्णं** तथा तेन पथि सार्थदृष्टांतेन जीवेधिकरणभूते कर्मनोकर्मणां शुक्लादिवर्णं दृष्ट्वा **जीवस्स एस वण्णो जिणेहि ववहारदो उत्तो** जीवस्य एष वर्णो जिनैर्व्यवहारतो भणित इति दार्ष्टांतगाथा गता । **एवं रसगंधफासा संठाणादीय जे समुद्दिट्ठा** एवमनेनैव दृष्टांतदार्ष्टांतन्यायेन रसगंधस्पर्शसंस्थानसंहननरागद्वेषमोहादयो ये पूर्वगाथाषट्केन समुद्दिष्टाः **सव्वे ववहारस्स य णिच्छयदण्हू ववदिसंति** ते सर्वे व्यवहारनयस्याभिप्रायेण निश्चयज्ञा जीवस्य व्यपदिशंति कथयंतीति नास्ति व्यवहारविरोधः । इति दृष्टांतदार्ष्टांताभ्यां व्यवहारनयसमर्थनरूपेण गाथात्रयं गतं ॥५८॥ ५६ ॥६०॥

टीका—जैसे मार्ग में जाते हुए धनिक को लुटता हुआ देख कोई कहता है कि यह मार्ग लुटता है, वहां उस मार्ग में लुटने से मार्ग का लुटना उपचार से कहा जाता है, ऐसा व्यवहारी लोकों का कहना है । निश्चय से देखा जाय, मार्ग तो आकाश के विशेष प्रदेशों को कहते हैं सो वह तो लुटता नहीं है । वैसे जीव में बंधपर्याय से अवस्थित जो कर्म का और नोकर्म का वर्ण है उसे देखकर जीव में स्थित होने से उस का उपचार से जीव का यह वर्ण है, ऐसे व्यवहार से भगवान् अरहंत देव प्रज्ञापन करते हैं—प्रकट करते हैं, तो भी निश्चय से जीव नित्य ही अमूर्तस्वभाव है और उपयोग गुण के कारण अन्य द्रव्य से भिन्न है, इसलिये उस के कोई वर्ण नहीं है । इसी प्रकार गंध, रस और स्पर्श रूप, शरीर, संस्थान, संहनन, राग-द्वेष, मोह, प्रत्यय, कर्म, नोकर्म, वर्ग, वर्गणा, स्पर्धक, अध्यात्मस्थान, अनुभागस्थान, योगस्थान, बंधस्थान, उदयस्थान, मार्गणास्थान, स्थितिबंधस्थान संक्लेशस्थान, विशुद्धिस्थान, संयमलब्धिस्थान, जीवस्थान, और गुणस्थान—ये सभी व्यवहार से जीव के अरहंत देवने कहे हैं तो भी निश्चय से जीव नित्य ही अमूर्त स्वभाव है—और उपयोग गुण के कारण अन्य से भिन्न है, इसलिये उसके ये सब नहीं हैं क्योंकि इन वर्णादि भावों के और जीव के तादात्म्यलक्षण संबंध का अभाव है ।

कुतो जीवस्य वर्णादिभिः सह तादात्म्यलक्षणः संबंधो नास्तीति चेत् :—

तत्थभवे जीवाणं संसारत्थाण होंति वण्णादी ।
संसारपमुक्काणं णत्थि हु वण्णादओ केई ॥ ६१ ॥

तत्र भवे जीवानां संसारस्थानां भवंति वर्णादयः ।
संसारप्रमुक्तानां न संति खलु वर्णादयः केचित् ॥ ६१ ॥

यत्किल सर्वास्वप्यवस्थासु यदात्मकत्वेन व्याप्तं भवति तदात्मकत्वव्याप्तिशून्यं न भवति

एवं शुद्धजीव एवोपादेय इति प्रतिपादनमुख्यत्वेन द्वादशगाथाभिः द्वितीयातराधिकारो व्याख्यातः। अतः परं जीवस्य निश्चयनयेन वर्णादितादात्म्यसंबंधो नास्तीति पुनरपि दृढीकरणार्थं गाथाष्टकपर्यंतं व्याख्यानं करोति । तत्रादौ संसारिजीवस्य व्यवहारेण वर्णादितादात्म्यं भवति, मुक्तावस्थायां नास्तीति ज्ञापनार्थं **तत्थभवे** इत्यादि सूत्रमेकं । ततःपरं जीवस्य वर्णादितादात्म्यमस्तीति दुरभिनिवेशे सति जीवाभावो दूषणं प्राप्नोतीति कथनमुख्यत्वेन **जीवो चेवहि** इत्यादिगाथात्रयं । तदनंतरमेकेंद्रियादिचतुर्दशजीवसमासानां जीवेन सह शुद्धनिश्चयनयेन तादात्म्यं

भावार्थ—ये जो वर्ण से लेकर गुणस्थान पर्यन्त भाव कहे हैं, वे सिद्धांत में जीव के कहे हैं, सो व्यवहारनय से कहे गये हैं, निश्चयनय से ये जीव के नहीं हैं। क्योंकि जीव तो परमार्थतः उपयोग स्वरूप है। यहां ऐसा जानना कि पहले व्यवहारनय को असत्यार्थ कहा है, वहां ऐसा नहीं समझना कि वह सर्वथा असत्यार्थ है कथंचित् असत्यार्थ जानना। क्योंकि जब एक द्रव्य को उसकी भिन्न-भिन्न पर्यायों से अभेद रूप असाधारण गुण मात्र को प्रधानरूप से कहा जाय, तब परस्पर द्रव्यों का निमित्तनैमित्तिक भाव, तथा निमित्त से हुए पर्याय ये सब गौण हो जाते हैं, उस एक अभेदद्रव्य की दृष्टि में उनका प्रतिभास नहीं होता। इसलिये वे सब उस द्रव्य में नहीं हैं, इस प्रकार कथंचित् निषेध किया जाता है। यदि यह कहा जाय कि ये उस द्रव्य में हैं तो व्यवहारनय से कह सकते हैं, ऐसा नयविभाग है। सो यहां शुद्ध द्रव्य की दृष्टि से कथन है इसलिये उन सभी को व्यवहारनय से जीवका कहा है ऐसा सिद्ध किया है। और निमित्तनैमित्तिकभाव की दृष्टि से देखा जाय तो कथंचित् सत्यार्थ भी कहते हैं। यदि सर्वथा असत्यार्थ ही कहें तो सब व्यवहार का लोप हो जायगा, तब परमार्थ का भी लोप हो जायगा। इसलिये जिनदेव का उपदेश स्याद्वाद रूप समझना ही सम्यग्ज्ञान है, सर्वथा एकांत करना मिथ्यात्व है॥ ५८। ५९। ६०॥

यहां प्रश्न होता है कि वर्णादि के साथ जीव का तादात्म्य संबंध क्यों नहीं है? उसका उत्तर कहते हैं;—**[वर्णादयः]** वर्ण आदिक हैं वे **[संसारस्थानां जीवानां]** संसार में स्थित जीवों के **[तत्र भवे]** उस संसार में **[भवंति]** होते हैं **[संसारप्रमुक्तानां]** संसार से छूटे हुए (मुक्त हुए) जीवों के **[खलु]** निश्चय कर **[वर्णादयः केचित्]** वर्णादिक कोई भी **[न संति]** नहीं हैं। इसलिये तादात्म्य संबंध भी नहीं है।

टीका—जो निश्चय से सब अवस्थाओं में तत्स्वरूप से व्याप्त हो और उस स्वरूप की व्याप्ति से रहित न हो, उस वस्तु के साथ उन भावों का तादात्म्य संबंध है। इसलिए सब ही अवस्थाओं के

तस्य तैः सह तादात्म्यलक्षणः संबंधः स्यात्। ततः सर्वास्वप्यवस्थासु वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तस्य भवतो वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तिशून्यस्याभवतश्च पुद्गलस्य वर्णादिभिः सह तादात्म्यलक्षणः संबंधः स्यात्। संसारावस्थायां कथंचिद्वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तस्य भवतो वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तिशून्यस्याभवतश्चापि मोक्षावस्थायां सर्वथा वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तिशून्यस्य भवतो वर्णाद्यात्मकत्वव्याप्तस्याभवतश्च जीवस्य वर्णादिभिः सह तादात्म्यलक्षणः सम्बन्धो न कथंचनापि स्यात् ॥ ६१ ॥

नास्तीति कथनार्थं तथैव वर्णादितादात्म्यनिषेधार्थं च **एक्कं च दोण्णि** इत्यादिगाथात्रयं। ततश्च मिथ्यादृष्ट्यादिचतुर्दशगुणस्थानानामपि जीवेन सह शुद्धनिश्चयनयेन तादात्म्यनिराकरणार्थं, तथैवाभ्यंतरे रागादितादात्म्यनिषेधार्थं च **मोहणकम्म** इत्यादिसूत्रमेकं। एवमष्टगाथाभिस्तृतीयस्थले समुदायपातनिका। तद्यथा—अथ कथं जीवस्य वर्णादिभिः सह तादात्म्यलक्षणसम्बन्धो नास्तीति पृष्टे प्रत्युत्तरं ददाति;—**तत्थभवे जीवाणं संसारत्थाण होंति वण्णादी** तत्र विवक्षिताविवक्षितभवे संसारस्थानां जीवानामशुद्धनयेन वर्णादयो भवंति **संसारपमुक्काणं** संसारप्रमुक्ताना **णत्थि दु वण्णादओ केई** पुद्गलस्यवर्णादितादात्म्यसम्बन्धाभावात्। केवलज्ञानादिगुणसिद्धत्वादिपर्यायैः सह यथा तादात्म्यसम्बन्धोस्ति तथा वा तादात्म्यसम्बन्धाभावादशुद्धनयेनापि न संति पुनर्वर्णादयः केपि ॥ ६१ ॥ इति वर्णादितादात्म्यनिषेधरूपेण गाथा गता। अथ जीवस्य वर्णादितादात्म्यदुराग्रहे सति दोषं दर्शयति;—**जीवो चेव हि एदे सव्वे भावत्ति मण्णसे जदि हि** यथानंतज्ञानाव्याबाधसुखादिगुणा एव जीवो भवति वर्णादिगुणा एव पुद्गलस्तथा जीव एव हि स्फुटमेते वर्णादयः सर्वे भावा मनसि मन्यसे यदि चेत् **जीवस्साजीवस्स य णत्थि विसेसो हि दे कोई** तदा किं दूषणं, विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावजीवस्य जडत्वादिलक्षणाजीवस्य च तस्यैव मते कोपि विशेषो भेदो नास्ति। ततश्च जीवाभावदूषणं प्राप्नोतीति सूत्रार्थः ॥ ६२ ॥ अथ संसारावस्थायामेव जीवस्य वर्णादितादात्म्यसंबंधोस्तीति दुरभिनिवेशेपि जीवाभाव एव दोष इत्युपदिशति;—**जदि संसारत्थाणं जीवाणं तुज्झ होंति वण्णादी** यदि चेत्संसारस्थजीवाना पुद्गलस्यैव वर्णादयो गुणास्तव मतेन तवाभिप्रायेणैकांतेन भवंतीति **तम्हा संसारत्था जीवा**

वर्णादि रूप से व्याप्त हुए और वर्णादिक की व्याप्ति से शून्य न हुए पुद्गल द्रव्य का वर्णादिक भावों के साथ तादात्म्य सम्बन्ध है। और संसार अवस्था में कथंचित् वर्णादि स्वरूप से हुए तथा वर्णादि स्वरूप की व्याप्ति से शून्य न हुए जीव का मोक्ष अवस्था में सर्वथा वर्णादि स्वरूप की व्याप्ति से शून्य होने के कारण तथा वर्णादि स्वरूप से व्याप्त न होने के कारण वर्णादि भावों के साथ तादात्म्य सम्बन्ध किसी प्रकार भी नहीं है।

भावार्थ—जो वस्तु जिन भावों से सब अवस्थाओं में व्याप्त हो उस वस्तु का उन भावों के साथ तादात्म्य सम्बन्ध कहा जाता है। सो वर्णादिक तो पुद्गल की सब अवस्थाओं में व्यापक है और जीव की संसार अवस्था में तो वर्णादिक किसी तरह कह सकते हैं परन्तु मोक्ष अवस्था में सर्वथा ही नहीं। इसलिए जीव का वर्णादिक के साथ तादात्म्य सम्बन्ध नहीं है, ऐसा न्याय है। ६१।

आगे जीव का वर्णादिक के साथ तादात्म्य ही है, ऐसा मिथ्या अभिप्राय करे उसमें जो दोष है

जीवस्य वर्णादितादात्म्यदुरभिनिवेशे दोषश्चायं;—

जीवो चेव हि एदे सव्वे भावात्ति मरणसे जदि हि।
जीवस्साजीवस्स य णत्थि विसेसो दु दे कोई ॥ ६२ ॥

जीवश्चैव ह्येते सर्वे भावा इति मन्यसे यदि हि।
जीवस्याजीवस्य च नास्ति विशेषस्तु ते कश्चित् ॥ ६२ ॥

यथा वर्णादयो भावाः क्रमेण भाविताविर्भावतिरोभावाभिस्ताभिस्ताभिर्व्यक्तिभिः पुद्गलद्रव्यमनुगच्छंतः पुद्गलस्य वर्णादितादात्म्यं प्रथयंति। तथा वर्णादयो भावाः क्रमेण भाविताविर्भावतिरोभावाभिस्ताभिस्ताभिर्व्यक्तिभिर्जीवमनुगच्छंतो जीवस्य वर्णादितादात्म्यं प्रथयंतीति यस्याभिनिवेशः तस्य शेषद्रव्यासाधारणस्य वर्णाद्यात्मकत्वस्य पुद्गललक्षणस्य जीवेन स्वीकरणाज्जीवपुद्गलयोरविशेषप्रसक्तौ सत्यां पुद्गलेभ्यो भिन्नस्य जीवद्रव्यस्याभावाद्भवत्येव जीवाभावः ॥६२॥

रूपित्वमापन्ना ततः किं दूषणं, संसारस्थजीवा अमूर्तमनंतज्ञानादिचतुष्टयस्वभावलक्षणं त्यक्त्वा शुक्लकृष्णादिलक्षणं रूपित्वमापन्ना भवंति। अथ—एवं पुग्गलदव्वं जीवो तह लक्खणेण मूढमई एवं पूर्वोक्तप्रकारेण जीवस्य रूपित्वे सति पुद्गलद्रव्यमेव जीवः नान्यः कोपि विशुद्धचैतन्यचमत्कारमात्रस्तव लक्षणेन तवाभिप्रायेण हे मूढमते न केवलं संसारावस्थायां पुद्गल एव जीवत्वं प्राप्तः णिव्वाणमुवगदो वि य जीवत्तं पुग्गलो पत्तो निर्वाणमुपगतोपि

उसे अगली गाथा में कहते हैं;—[यदि हि] जो तू [इति मन्यसे] ऐसा मानेगा कि [एते भावाः] ये वर्णादिक भाव [सर्वे हि जीवा एव] सभी जीव हैं [तु ते] तो तेरे मत में [जीवस्य च अजीवस्य] जीव और अजीव का [कश्चित्] कोई [विशेषः] भेद [नास्ति] नहीं रहेगा।

टीका—जैसे वर्णादिक भाव हैं, वे अनुक्रम से प्रगट होने (उपजने) वाली और छिपने (नाश होने) वाली उन उन व्यक्तियों पर्यायों से पुद्गल द्रव्य को अन्वय रूप प्राप्त हुए पुद्गल द्रव्य के ही तादात्म्य स्वरूप को विस्तृत करते हैं, उसी प्रकार वर्णादिक भाव क्रम से भावित आविर्भावतिरोभाव वाली पर्यायों से जीव को अन्वयरूप प्राप्त हुए जीव के वर्णादिक के साथ तादात्म्य स्वरूप को विस्तारते हैं ऐसा जिसका अभिप्राय है, उसके अन्य शेष द्रव्यों से असाधारण वर्णादिस्वरूप जो पुद्गल द्रव्य का लक्षण उसको जीव का अङ्गीकार करने से जीव और पुद्गल में अविशेष का प्रसंग होगा। ऐसा होने से पुद्गल से भिन्न जीव द्रव्य का अभाव हो जायगा। तब जीव द्रव्य का ही अभाव हो जायगा।

भावार्थ—जैसे वर्णादि पुद्गल द्रव्य के साथ तादात्म्य स्वरूप हैं, उसी प्रकार जीव के साथ भी तादात्म्य स्वरूप हो जाय तो जीव पुद्गल में कुछ भी भेद न रहे, तब जीव का भी अभाव हो जायगा। यह बड़ा दोष आ जायगा ॥ ६२ ॥

संसारावस्थायामेव जीवस्य वर्णादितादात्म्यमित्यभिनिवेशेप्ययमेव दोषः—

अह संसारत्थाणं जीवाणं तुज्झ होंति वण्णादी ।
तम्हा संसारत्था जीवा रूवित्तमावण्णा ।। ६३ ।।
एवं पुग्गलदव्वं जीवो तहलक्खणेण मूढमदी ।
णिव्वाणमुवगदो वि य जीवत्तं पुग्गलो पत्तो ।। ६४ ।। (युगलं)

अथ संसारस्थानां जीवानां तव भवंति वर्णादयः ।
तस्मात्संसारस्था जीवा रूपित्वमापन्नाः ॥ ६३ ॥
एवं पुद्गलद्रव्यं जीवस्तथालक्षणेन मूढमते ।
निर्वाणमुपगतोपि च जीवत्वं पुद्गलः प्राप्तः ॥ ६४ ॥

यस्य तु संसारावस्थायां जीवस्य वर्णादितादात्म्यमस्तीत्यभिनिवेशस्तस्य तदानीं स जीवो रूपित्वमवश्यमवाप्नोति। रूपित्वं च शेषद्रव्यासाधारणं कस्यचिद् द्रव्यस्य लक्षण-

---

पुद्गल एव जीवत्वं प्राप्तः नान्यः कोपि चिद्रूपः। कस्मादिति चेत्, वर्णादितादात्म्यस्य पुद्गलद्रव्यस्यैव निषेधयितुमशक्यत्वादिति भवत्येव जीवाभावः। किंच संसारावस्थायामेकांतेन वर्णादितादात्म्ये सति मोक्ष एव न घटते, कस्मादिति चेत् ? केवलज्ञानादिचतुष्टयव्यक्तिरूपस्य कार्यसमयसारस्यैव मोक्षसंज्ञा सा च जीवस्य पुद्गलत्वे सति न संभवतीति भावार्थः

आगे संसार अवस्था में ही जीव को वर्णादिक से तादात्म्य है, ऐसा अभिप्राय होने पर भी यही दोष आता है, ऐसा कहते हैं;—[अथ] अथवा [संसारस्थानां जीवानां] संसार में स्थित जीवों के [तव] तेरे मत में [वर्णादयः] वर्णादिक तादात्म्यस्वरूप [भवंति] हैं [तस्मात्] तो इसी कारण [संसारस्थाः जीवाः] संसार में स्थित जीव [रूपित्वं आपन्नाः] रूपीपने को प्राप्त हो गए । [एवं] ऐसा होने पर [पुद्गलद्रव्यं] पुद्गल द्रव्य ही [जीवः] जीव सिद्ध हुआ [तथालक्षणेन] पुद्गल के लक्षण के समान जीव का लक्षण होने से [मूढमते] हे मूढ बुद्धि [निर्वाणं] निर्वाण को [उपगतोपि च] प्राप्त हुआ [पुद्गलः] पुद्गल ही [जीवत्वं] जीवपने को [प्राप्तः] प्राप्त हुआ ।

टीका—जिसके मत में संसार अवस्था में जीव का वर्णादि भावों के साथ तादात्म्य संबंध है, ऐसा अभिप्राय है, उसके संसार अवस्था के समय वह जीव रूपित्व दशा को अवश्य प्राप्त होता है । और रूपित्व किसी द्रव्य का असाधारण (अन्य द्रव्यों से पृथक् कराने वाला लक्षण है ।) इसलिये रूपित्व लक्षण मात्र से जो कुछ लक्ष्यमाण है वही जीव है इस तरह रूपित्व से लक्ष्यमाण पुद्गल द्रव्य ही है । इस प्रकार पुद्गल द्रव्य ही आप जीव है अन्य कोई नहीं है । ऐसा होने पर मोक्ष अवस्था में भी पुद्गल द्रव्य ही आप जीव होता है । क्योंकि जो द्रव्य है, वह नित्य अपने लक्षण से लक्षित है, वह सभी अवस्थाओं में अविनाशस्वभाव है इसलिये अनादि निधन है, इस कारण पुद्गल ही जीव है, इससे भिन्न कोई जीव नहीं है।

मस्ति । ततो रूपित्वेन लक्ष्यमाणं यत्किंचिद्भवति स जीवो भवति । रूपित्वेन लक्ष्यमाणं पुद्गलद्रव्य-मेव भवति । एवं पुद्गलद्रव्यमेव स्वयं जीवो भवति न पुनरितरः कतरोपि । तथा च सति मोक्षाव-स्थायामपि नित्यस्वलक्षणलक्षितस्य द्रव्यस्य सर्वास्वप्यवस्थास्वनपायित्वादनादिनिधनत्वेन पुद्गल-द्रव्यमेव स्वयं जीवो भवति न पुनरितरः कतरोपि । तथा च सति तस्यापि पुद्गलेभ्यो भिन्नस्य जीवद्रव्यस्याभावात् भवत्येव जीवाभावः । एवमेतत् स्थितं यद्वर्णादयो भावा न जीव इति ॥६३।६४॥

एक्कं च दोण्णि तिण्णि य चत्तारि य पंच इंदिया जीवा ।
बादरपज्जत्तिदरा पयडीओ णामकम्मस्स ॥ ६५ ॥
एदाहि य णिव्वत्ता जीवट्ठाणाउ करणभूदाहिं ।
पयडीहिं पुग्गलमईहिं ताहिं कहं भण्णदे जीवो ॥ ६६ ॥ (युग्मम्)

एकं वा द्वे त्रीणि च चत्वारि च पंचेन्द्रियाणि जीवाः ।
बादरपर्याप्तेतराः प्रकृतयो नामकर्मणः ॥ ६५ ॥
एताभिश्च निर्वृत्तानि जीवस्थानानि करणभूताभिः ।
प्रकृतिभिः पुद्गलमयीभिस्ताभिः कथं भण्यते जीवः ॥ ६६ ॥

निश्चयतः कर्मकरणयोरभिन्नत्वात् यद्येन क्रियते तत्तदेवेति कृत्वा यथा कनकपत्रं कनकेन

॥ ६३ । ६४ ॥ एवं जीवस्य वर्णादितादात्म्ये सति जीवाभावदूषणद्वारेण गाथात्रयं गतं । अथैवं स्थित बादरसू-क्ष्मैकेंद्रियादिसंज्ञिपंचेंद्रियपर्यंतं चतुर्दशजीवस्थानानि शुद्धनिश्चयेन जीवस्वरूपं न भवंति तथा देहगता वर्णादयो-पीत्यावेदयति ;—एकद्वित्रिचतु.पंचेंद्रियसंज्ञ्यसंज्ञिबादरपर्याप्तेतराभिधानाः प्रकृतयो भवंति । कस्य संबंधिन्यो नामकर्मण इति । अथ—एताभिरमूर्तातींद्रियनिरंजनपरमात्मतत्त्वविलक्षणाभिर्नामकर्मप्रकृतिभिः पुद्गलमयीभिः

ऐसा होने पर पुद्गलों से भिन्न जीव द्रव्य का अभाव होने से जीव का अभाव ही सिद्ध हुआ । इसलिये यह निश्चित हुआ कि जो वर्णादिक भाव हैं, वे जीव नहीं हैं ।

भावार्थ—जो कोई वर्णादि भावों से जीव को ससार अवस्था में भी तादात्म्य सम्बन्ध मानता है, उसके भी जीव का अभाव ही आता है क्योंकि वर्णादिक मूर्तिमान द्रव्य के लक्षण हैं ऐसा मूर्तिमान पुद्गल द्रव्य है यदि वर्णादिक रूप जीव माना जाय, तब जीव भी पुद्गल ही ठहरेगा । जब जीव मुक्त होगा, तब वहाँ भी पुद्गल ही ठहरेगा, तब पुद्गल से भिन्न तो जीव सिद्ध नहीं होगा । इस प्रकार जीव का अभाव सिद्ध होगा । इसलिये वर्णादिक जीव के नही हैं ऐसा निश्चय है ॥ ६३ । ६४ ॥

आगे इसी अर्थ को विशेष रूप से स्पष्ट करते हैं;—**[एकं वा]** एकेंद्रिय **[द्वे]** द्वीद्रिय **[त्रीणि च]** त्रीद्रिय **[चत्वारि च]** चतुरिंद्रिय **[पंचेंद्रियाणि]** पंचेंद्रिय **[जीवाः]** जीव तथा **[बादरपर्याप्तेतराः]** बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त ये जीव हैं वे **[नामकर्मणः]** नाम कर्म की **[प्रकृतयः]**

क्रियमाणं कनकमेव न त्वन्यत्। तथा जीवस्थानानि बादरसूक्ष्मैकेंद्रियद्वित्रिचतुःपंचेंद्रियपर्याप्ता-पर्याप्ताभिधानाभिः पुद्गलमयीभिः नामकर्मप्रकृतिभिः क्रियमाणानि पुद्गल एव न तु जीवः। नामकर्म-प्रकृतीनां पुद्गलमयत्वं चागमप्रसिद्धं दृश्यमानशरीराकारादिमूर्तकार्यानुमेयं च। एवं गंधरस-स्पर्शरूपशरीरसंस्थानसंहननान्यपि पुद्गलमयनामकर्मप्रकृतिनिर्वृत्तत्वे सति तदव्यतिरेकाज्जी-वस्थानैरेवोक्तानि। ततो न वर्णादयो जीव इति निश्चयसिद्धान्तः ॥६५।६६॥

निर्वर्त्यते येन यदत्र किंचित्तदेव तत्स्यान्न कथंचनान्यत्।
रुक्मेण निर्वृत्तमिहासिकोशं पश्यंति रुक्मं न कथंचनासिं ॥३८॥

पूर्वोक्ताभिर्निर्वर्तितानि चतुर्दशजीवस्थानानि निश्चयनयेन कथं जीवा भवंति? न कथमपि। तथाहि—यथा रुक्मेण करणभूतेन निर्वृत्तमसिकोशं तु रुक्मैव भवति तथा पुद्गलमयप्रकृतिभिर्निष्पन्नानि जीवस्थानानि पुद्गलद्रव्यस्वरूपाण्येव भवंति न च जीवस्वरूपाणि। तथा तेनैव जीवस्थानदृष्टांतेन तदाश्रिता वर्णादयोपि पुद्गलस्वरूपा भवंति, न च जीव-स्वरूपा इत्यभिप्रायः॥ ६५ ॥ ६६ ॥ अथ—ग्रंथांतरे पर्याप्तापर्याप्तबादरसूक्ष्मजीवाः कथ्यंते तत्कथं घटत इति पूर्वपक्षे परिहारं ददाति;—**पज्जत्तापज्जत्ता जे सुहुमा बादरा य जे चेव** पर्याप्तापर्याप्ता ये जीवाः कथिताः सूक्ष्मबादरा-

---

प्रकृतियां हैं **[एताभिः च]** इन प्रकृतियों से ही **[करणभूताभिः]** करण स्वरूप होकर **[जीवस्थानानि]** जीवसमास **[निर्वृत्तानि]** रचे गये हैं **[ताभिः]** उन **[पुद्गलमयीभिः]** पुद्गलमय **[प्रकृतिभिः]** प्रकृतियों से रचे हुए को **[जीवः]** जीव **[कथं]** कैसे **[भण्यते]** कह सकते हैं।

टीका—निश्चयनय से कर्म और करण में अभेदभाव है, इस न्याय से जो जिससे किया जाय वह वही है। ऐसा होने पर जैसे सुवर्ण का पत्र सुवर्ण से किया हुआ सुवर्ण ही है, अन्य तो कुछ नहीं उसी प्रकार ये जीवस्थान हैं, वे बादर, सूक्ष्म, एकेंद्रिय, द्वींद्रिय, त्रींद्रिय, चतुरिंद्रिय और पंचेंद्रिय वे सब पर्याप्त अपर्याप्त हैं, वे सभी पुद्गलमयी नामकर्म की प्रकृतियां हैं, वे करण रूप हैं उनसे किये गये हैं, इसलिये पुद्गल ही हैं, वे जीव नहीं हैं। तथा नामकर्म की प्रकृतियों की पुद्गलमयता आगम में प्रसिद्ध है। और जो प्रत्यक्ष देखने में आने वाले शरीर आदि मूर्तिकभाव हैं वे पुद्गल कर्म प्रकृतियों के कार्य होने के कारण अनुमान प्रमाण से ही सिद्ध है। इसी प्रकार गंध, रस, स्पर्श, रूप, शरीर, संस्थान, संह-नन—ये भी नामकर्म की प्रकृतियों द्वारा किए हुए हैं, इसलिए उस पुद्गल से अभेद रूप हैं इसी कारण जीवस्थान पुद्गलमय कहने चाहिए। इस कारण ये वर्णादिक जीव नहीं हैं ऐसा निश्चयनय का सिद्धान्त है।

यहां इसी अर्थ का कलशरूप काव्य है—**निर्वर्त्यते** इत्यादि। **अर्थ**—जिस वस्तु से जो पर्याय निष्पन्न होती है। वह पर्याय उस वस्तु रूप ही है कुछ अन्य वस्तु नहीं है। जैसे सोने से खड्ग का (तलवार का) म्यान बना, उसे लोक सोना ही देखते हैं, खड्ग को तो किसी तरह भी नहीं देखते।

भावार्थ—वर्णादिक पुद्गल से बने हैं वे पुद्गल ही है, जीव नहीं हैं।

वर्णादिसामग्र्यमिदं विदंतु निर्माणमेकस्य हि पुद्गलस्य ।
ततोस्त्विदं पुद्गल एव नात्मा यतः स विज्ञानघनस्ततोन्यः ॥ ३९ ॥

शेषमन्यद्व्यवहारमात्रं;—

पज्जत्तापज्जत्ता जे सुहुमा वादरा य जे चेव ।
देहस्स जीवसण्णा सुत्ते ववहारदो उत्ता ॥ ६७ ॥

पर्याप्तापर्याप्ता ये सूक्ष्मा बादराश्च ये चैव ।
देहस्य जीवसंज्ञाः सूत्रे व्यवहारतः उक्ताः ॥ ६७ ॥

यत्किल बादरसूक्ष्मैकेंद्रियद्वित्रिचतुःपंचेंद्रियपर्याप्तापर्याप्ता इति शरीरस्य संज्ञाः सूत्रे जीवसंज्ञात्वेनोक्ताः अप्रयोजनार्थः परप्रसिद्ध्या घृतघटवद्व्यवहारः। यथा हि कस्यचिदाजन्मप्रसिद्धैकघृतकुंभस्य तदितरकुंभानभिज्ञस्य प्रबोधनाय योऽयं घृतकुंभः स मृण्मयो न घृतमय इति तत्प्रसिद्ध्या कुम्भे घृतकुम्भव्यवहारः तथास्याज्ञानिनो लोकस्यासंसारप्रसिद्धाशुद्धजीवस्य शुद्धजीवानभिज्ञस्य प्रबोधनाय योयं वर्णादिमान् जीवः स ज्ञानमयो न वर्णादिमयः इति तत्प्रसिद्ध्या जीवे वर्णादिमद्व्यवहारः ॥ ६७ ॥

एवैव ये कथिताः देहस्स जीवसण्णा सुत्ते ववहारदो उत्ता पर्याप्तापर्याप्तदेहं दृष्ट्वा पर्याप्तापर्याप्तबादरसूक्ष्मविलक्षणपरमचिज्ज्योतिर्लक्षणशुद्धात्मस्वरूपात्पृथग्भूतस्य देहस्य सा जीवसंज्ञा कथिता। क्व, सूत्रे परमागमे। कस्मात्, व्यवहारादिति नास्ति दोषः। एवंजीवस्थानानि जीवस्थानाश्रिता वर्णादयश्च निश्चयेन जीवस्वरूपं न भवंतीति कथनरूपेण

अब दूसरा काव्य कहते हैं—वर्णादि इत्यादि। **अर्थ**—ये वर्णादिक गुणस्थानपर्यंत सभी भाव केवल एक पुद्गल की रचना हैं ऐसा तुम जानो इसलिए ये पुद्गल ही हैं आत्मा नहीं हैं। क्योंकि आत्मा तो विज्ञानघन है ज्ञान का पिण्ड है इस कारण पुद्गल से अन्य है ॥ ६५। ६६ ॥

आगे कहते हैं कि इस ज्ञान घन आत्मा के अतिरिक्त अन्य भावों को जीव कहना सो सब ही व्यवहारमात्र है;—[ये] जो [पर्याप्तापर्याप्ताः] पर्याप्त अपर्याप्त, [ये चैव] और जो [सूक्ष्माः बादराश्च] सूक्ष्म बादर आदि जितनी [देहस्य] देह की [जीवसंज्ञाः] जीव संज्ञाएं कहीं हैं वह सभी [सूत्रे] सूत्र में [व्यवहारतः] व्यवहार नय से [उक्ताः] कहीं हैं।

टीका—निश्चय से यह जानना कि बादर, सूक्ष्म, एकेंद्रिय, द्वींद्रिय, त्रींद्रिय, चतुरिंद्रिय, पंचेंद्रिय, पर्याप्त, अपर्याप्त ऐसे शरीर को सूत्र में जीव संज्ञा द्वारा कहा है। वहां पर की प्रसिद्धि से घृत के घडे की तरह व्यवहार है। यह व्यवहार अप्रयोजनभूत है। उसको दृष्टांत द्वारा स्पष्ट कहते हैं—जैसे कोई पुरुष ऐसा था कि जिसने जन्म से लेकर घी का ही घड़ा देखा था, घृत से खाली भिन्न घट नहीं देखा, उसको समझाने के लिए ऐसा कहते हैं कि यह जो घृत का घट है, वह

घृतकुम्भाभिधानेपि कुम्भो घृतमयो न चेत् ।
जीवो वर्णादिमज्जीवजल्पनेपि न तन्मयः ।। ४० ।।

एतदपि स्थितमेव यद्रागादयो भावा न जीवा इति;—

मोहणकम्मस्सुदया दु वण्णिया जे इमे गुणट्ठाणा ।
ते कह हवंति जीवा जे णिच्चमचेदणा उत्ता ।। ६८ ।।

मोहनकर्मण उदयात्तु वर्णितानि यानीमानि गुणस्थानानि ।
तानि कथं भवंति जीवा यानि नित्यमचेतनान्युक्तानि ।। ६८ ।।

गाथात्रयं गतं ।। ६७ ।। अथ न केवलं बहिरंगवर्णादयो शुद्धनिश्चयेन जीवस्वरूपं न भवंति अभ्यंतरमिथ्यात्वादिगुणस्थानरूपरागादयोपि न भवंतीति स्थितं;—**मोहणकम्मस्सुदया दु वण्णिदा जे इमे गुणट्ठाणा** निर्मोहपरमचैतन्यप्रकाशलक्षणपरमात्मतत्त्वप्रतिपक्षभूतानाद्यविद्याकंदलीकंदायमानसंतानागतमोहकर्मोदयात्सकाशात् यानीमानि वर्णितानि

मिट्टीमय है, घृतमय नहीं है, ऐसे उस पुरुष के घृत के घट की प्रसिद्धि से समझाने वाला भी घृत का घट कहता है ऐसा व्यवहार है । उसी प्रकार इस अज्ञानी प्राणी के अनादि संसार से लेकर अशुद्ध जीव ही प्रसिद्ध है, शुद्ध जीव को नहीं जानता, उसको शुद्ध जीव का ज्ञान कराने के लिए ऐसा सूत्र में कहा है कि जो यह वर्णादिमान् जीव कहा जाता है, वह ज्ञानमय है, वर्णादिमय नहीं है । इस प्रकार उस अज्ञानी प्राणी के वर्णादिमान् प्रसिद्ध है । उस प्रसिद्धि से जीव में वर्णादिमान् होने का व्यवहार सूत्र में किया है ।

अब इसी अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं—**घृतकुंभा** । इत्यादि । **अर्थ**—यह घृत का कुंभ है, ऐसा कहने पर भी कुंभ है, वह घृतमय नहीं है मृत्तिकामय ही है, उसी प्रकार जीव वर्णादिमान् है ऐसा कहने पर भी जीव वर्णादिमान् नहीं है, ज्ञानघन ही है ।

भावार्थ—जिसने पहले घट को मृत्तिका का नहीं जाना और घृत के भरे घट को लोक घृत का घट कहते हैं ऐसा सुना, वहां यही जाना कि घट घृत का ही कहा जाता है । उसको समझाने के लिए मृत्तिका का घट जानने वाला मृत्तिका का घट कह कर समझाता है । उसी प्रकार ज्ञानस्वरूप आत्मा को तो जिसने जाना नहीं और वर्णादिक के सम्बन्ध रूप ही जीव को जाना, उसके समझाने को सूत्र में भी कहा है कि यह वर्णादिमान् तो पुद्गल है । जीव ज्ञानघन है ऐसा जानना ।

विशिष्टभेदज्ञानेन जानन्नपि हु स्फुट णवि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाये तस्य पूर्वोक्तस्वकीयपरिणामस्य निमित्तभूतमुदयागतं पुद्गलकर्मपर्यायरूप मृत्तिकाकलशरूपेणेव शुद्धनिश्चयनयेन न परिणमति न तन्मयत्वेन गृह्णाति न तत्पर्यायेणोत्पद्यते च। कस्मात् मृत्तिकाकलशयोरिव तेन पुद्गलकर्मणा सह परस्परोपादानकारणाभावादिति। एतावता किमुक्तं भवति स्वकीयक्षायोपशमिकपरिणामनिमित्तमुदयागत कर्म जानतोपि जीवस्य तेन सह निश्चयेन कर्तृकर्मभावो नास्तीति ॥ ७७ ॥ अथ पुद्गलकर्मफलं जानतो जीवस्य पुद्गलकर्मफलनिमित्तेन द्रव्यकर्मणा सह

टीका—जिस कारण यह ज्ञानी, प्राप्य विकार्य और निर्वर्त्य इस प्रकार जिनका लक्षण व्याप्य है ऐसे तीन प्रकार कर्म आत्मा के अपने परिणाम ही है उसे अपने आप स्वयं अंतर्व्यापक होकर आदि मध्य और अंत में व्याप्य कर उन्हीं को ग्रहण करता है उन्हीं रूप परिणमन करता है उन्ही रूप उत्पन्न होता है। इसप्रकार उसी अपने परिणाम रूप कर्म को करता है। उसको आप जानता हुआ भी बाह्य स्थित परद्रव्य के परिणाम को 'जैसे मिट्टी कलशको व्याप्त होकर करती है' उसी प्रकार, आप उस परद्रव्य के परिणाम में आदि मध्य, अंत में व्याप्त होकर न तो उसे ग्रहण करता है, न उस रूप परिणमन करता है और न उस प्रकार उपजता है। इस कारण प्राप्य विकार्य और निर्वर्त्य तीन प्रकार के व्याप्य लक्षण पर द्रव्य के परिणाम रूप कर्म को करने वाला ज्ञानी अपने परिणाम को जानता हुआ प्रवृत्त होता है। उसका पुद्गल के साथ कर्तृकर्मभाव नहीं है।

आगे पूछते हैं कि पुद्गल कर्म के फल को जानते हुए जीव का पुद्गल के साथ कर्तृ कर्म भाव है या नहीं ? उसका उत्तर कहते हैं;— **[ज्ञानी]** ज्ञानी **[अनंतं]** अनंत **[पुद्गलकर्मफलं]** पुद्गल कर्म के फलों को **[जानन् अपि]** जानता हुआ प्रवृत्त होता है तो भी **[खलु]** निश्चय से **[परद्रव्यपर्याये]** परद्रव्य के पर्याय में **[नापि]** नहीं **[परिणमति]** परिणमन करता है **[न गृह्णाति]** उसमें कुछ ग्रहण नहीं करता तथा **[न उत्पद्यते]** उसमें उपजता भी नहीं है। इस प्रकार उस में इस के कर्तृ कर्म भाव नहीं है।

पुद्गलद्रव्येण स्वयमंतर्व्यापकेन भूत्वादिमध्यांतेषु व्याप्य तद्गृह्णता तथा परिणमता तथोत्पद्यमानेन च क्रियमाणं जानन्नपि हि ज्ञानी स्वयमंतर्व्यापको भूत्वा बहिःस्थस्य परद्रव्यस्य परिणामं मृत्तिकाकलशमिवादिमध्यांतेषु व्याप्य न तं गृह्णाति न तथा परिणमति न तथोत्पद्यते च[1] । ततः प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं परद्रव्यपरिणामं कर्माकुर्वाणस्य सुखदुःखादिरूपं पुद्गलकर्मफलं जानतोपि ज्ञानिनः पुद्गलेन[2] सह न कर्तृकर्मभावः ।। ७८ ।।

निश्चयेन कर्तृकर्मभावो नास्तीति कथयति;—**पुग्गलकम्मफलमणंतं** उदयागतद्रव्यकर्मणोपादानकारणभूतेन क्रियमाणं सुखदु:खरूपंशक्त्यपेक्षयानंतकर्मफल **णाणी जाणंतो वि हु** वीतरागशुद्धात्मसंवित्तिसमुत्पन्नसुखामृतरसतृप्तो भेदज्ञानी निर्मलविवेकभेदज्ञानेन जानन्नपि हि स्फुटं **ण परिणमदि ण गिह्णदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाये** वर्तमान-सुखदु:खरूपं शक्त्यपेक्षानिमित्तमुदयागतं परपर्यायरूपं पुद्गलकर्म मृत्तिकाकलशरूपेणेव शुद्धनयेन न परिणमति न तन्मयत्वेन गृह्णाति न तत्पर्यायेणोत्पद्यते च । कस्मादिति चेत्, मृत्तिकाकलशयोरिव तेन द्रव्यकर्मणा सह तादात्म्यलक्षण-संबंधाभावादिति । किं च विशेष: । यदि पुद्गलद्रव्यकर्मरूपेण न परिणमति न गृह्णाति न तदाकारेणोत्पद्यते तर्हि किं करोति ज्ञानी जीव:, मिथ्यात्वविषयकषायख्यातिपूजालाभभोगाकांक्षारूपनिदानबंधशल्यादिविभावपरिणामकर्तृत्वभोक्तृ-त्वविकल्पशून्यं पूर्णकलशवच्चिदानंदैकस्वभावेन भरितावस्थं शुद्धात्मानं निर्विकल्पसमाधौ ध्यायतीति भावार्थ: ।। ७८ ।। एवमात्मा निश्चयेन द्रव्यकर्मादिकं परद्रव्यं न परिणमतीत्यादिव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथात्रयं गतं । अथ जीवपरिणामं, स्वपरिणामं, स्वपरिणामफलं च जडस्वभावत्वादजानत: पुद्गलस्य निश्चयेन जीवेन सह कर्तृकर्मभावो नास्तीति प्रति-पादयति;—**णवि परिणमदि ण गिह्णदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए** यथा जीवो निश्चयेनानंतसुखादिस्व-रूपं त्यक्त्वा पुद्गलद्रव्यरूपेण न परिणमति न च तन्मयत्वेन गृह्णाति न तत्पर्यायरूपेणोत्पद्यते । **पुग्गलदव्वं पि तहा** तथा पुद्गलद्रव्यमपि स्वयमंतर्व्यापकं भूत्वा मृत्तिकाद्रव्यकलशरूपेणेव चिदानंदैकलक्षणजीवस्वरूपेण न परिणमति

टीका—जिस कारण प्राप्य, विकार्य, और निर्वर्त्य ऐसे जिस का लक्षण व्याप्य है ऐसा तीन प्रकार का सुखदु:खादिरूप पुद्गलकर्म का फल उसे पुद्गलद्रव्य ने अंतर्व्यापक होकर, आदि मध्य, अंत में व्याप्त होकर ग्रहण करता हुआ, उसी प्रकार परिणमन करता हुआ तथा उसी प्रकार उत्पन्न होता हुआ उसे जानता यह ज्ञानी, आप अंतर्व्यापक होकर बाह्य स्थित पर द्रव्य के परिणाम को मिट्टी और घड़े की भांति आदि, मध्य और अन्त में व्याप्त कर नहीं ग्रहण करता, उस प्रकार परिणमन भी नहीं करता तथा उस प्रकार उत्पन्न भी नहीं होता ? प्राप्य, विकार्य, और निर्वत्य रूप व्याप्य लक्षण अपने स्वभाव रूप कर्म को आप अन्तर्व्यापक होकर आदि मध्य और अन्त में व्याप्त उसी को ग्रहण करता है, उसी प्रकार परि-णमता है और उसी प्रकार उत्पन्न होता है । इस कारण प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्यरूप व्याप्य लक्षण परद्रव्य के परिणाम रूप कर्म को नहीं करता सुखदु:ख रूप कर्म के फल को जानता है तो भी ज्ञानी के पुद्गल के साथ कर्तृकर्म भाव नहीं है ।। ७८ ।।

---

१. किन्तु प्राप्यंविकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणंस्वभावं कर्मस्वयमन्तर्व्यापको भूत्वाऽऽदिमध्यान्तेषुव्याप्यतमेव गृह्णाति, तथैवपरिणमति, तथैवो-त्पद्यते च इति अधिकः पाठः, दिल्ली, नया-मन्दिर प्रतौ।

२. पुद्गलफलेन इति पाठान्तरं ।

जीवपरिणामं स्वपरिणामफलं चाजानतः पुद्गलद्रव्यस्य सह जीवेन कर्तृकर्मभावः किं भवति, किं न भवतीति चेत्ः—

णवि परिणमदि ण गिह्णदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।
पुग्गलदव्वं पि तहा परिणमइ सएहिं भावेहिं ॥ ७९ ॥

नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये।
पुद्गलद्रव्यमपि तथा परिणमति स्वकैर्भावैः ॥ ७९ ॥

यतो जीवपरिणामं स्वपरिणामं स्वपरिणामफलं चाप्यजानत् पुद्गलद्रव्यं स्वयमंतर्व्यापकं भूत्वा परद्रव्यस्य परिणामं मृत्तिकाकलशमिवादिमध्यांतेषु व्याप्य न तं गृह्णाति न तथा परिणमति न तथोत्पद्यते च। किंतु प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं स्वभावं कर्म स्वयमंतर्व्यापकं भूत्वादिमध्यांतेषु व्याप्य तमेव गृह्णाति तथैव परिणमति तथैवोत्पद्यते च। ततः प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं परद्रव्यपरिणामं कर्माकुर्वाणस्य जीवपरिणामं स्वपरिणामं स्वपरिणामफलं चाजानतः पुद्गलद्रव्यस्य जीवेन सह न कर्तृकर्मभावः ॥ ७९ ॥

न च जीवस्वरूपं तन्मयत्वेन गृह्णाति न च जीवपर्यायेणोत्पद्यते। तर्हि किं करोति **परिणमइ सएहिं भावेहिं** परिणमति स्वकीयैर्वर्णादिस्वभावैः परिणामैर्गुणैर्धर्मैरिति। कस्मादिति चेत्, मृत्तिकाकलशयोरिव जीवेन सह तादात्म्य-

---

यहां पूछते हैं कि जीव के परिणाम को तथा अपने परिणाम को और अपने परिणाम के फल को नहीं जानता, ऐसे पुद्गलद्रव्य का जीव के साथ कर्तृकर्मभाव है या नहीं उसका उत्तर कहते हैं;— **[पुद्गलद्रव्यं अपि]** पुद्गल द्रव्य भी **[परद्रव्ये पर्यायें]** पर द्रव्य के पर्याय में **[तथा]** उस प्रकार **[नापि]** नहीं **[परिणमति]** परिणमन करता है, **[न गृह्णाति]** उसको ग्रहण भी नहीं करता और **[न उत्पद्यते]** न उत्पन्न होता है क्योंकि **[स्वकैः भावैः]** अपने भावों से ही **[परिणमति]** परिणमन करता है।

टीका—जिस कारण पुद्गल द्रव्य जीव के परिणाम को, अपने परिणाम को तथा अपने परिणाम के फल को न जानता हुआ वर्तता है। पर द्रव्य के परिणाम रूप कर्म को मृत्तिका कलश की तरह आप अंतर्व्यापक हो कर आदि, मध्य और अंत में व्याप्त कर नहीं ग्रहण करता उसी प्रकार परिणमन भी नहीं करता है तथा उत्पन्न भी नहीं होता है परंतु प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्यरूप व्याप्त लक्षण अपने स्वभाव रूप कर्म को अंतर्व्यापक होकर आदि, मध्य और अंत में व्याप्य उसी को ग्रहण करता है, उसी प्रकार परिणत होता है तथा उसी प्रकार उपजता है। इस कारण प्राप्य विकार्य और निर्वर्त्य रूप व्याप्य लक्षण पर द्रव्य के परिणाम स्वरूप कर्म को न करता हुआ पुद्गल द्रव्य जीव के परिणाम को, अपने परिणाम को तथा अपने परिणाम के फल को नहीं जानता, उसका जीव के साथ कर्तृकर्म-भाव नहीं है।

ज्ञानी जानन्नपीमां स्वपरपरिणतिं पुद्गलश्चाप्यजानन्,
व्याप्तृव्याप्यत्वमंतः कलयितुमसहौ नित्यमत्यंतभेदात् ।
अज्ञानात्कर्तृकर्मभ्रममतिरनयोर्भाति तावन्न यावत्,
विज्ञानार्चिश्चकास्ति क्रकचवददयं भेदमुत्पाद्य सद्यः ॥ ५० ॥

लक्षणसंबंधाभावादिति ॥७६॥ एवं पुद्गलद्रव्यमपि जीवेन सह न परिणमतीत्यादिव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथा गता । अथ यद्यपि जीवपुद्गलपरिणामयोरन्योन्यनिमित्तमात्रत्वमस्ति तथापि निश्चयनयेन तयोर्न कर्तृकर्मभावं इत्यावेदयति;—**जीवपरिणामहेदुं कम्मत्तं पुग्गला परिणमंति** यथा कुंभकारनिमित्तेन मृत्तिका घटरूपेण परिणमति तथा जीवसंबंधिमिथ्यात्वरागादिपरिणामहेतुं लब्ध्वा कर्मवर्गणायोग्यं पुद्गलद्रव्यं कर्मत्वेन परिणमति **पुग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमदि** यथैव च घटनिमित्तेन एवं घटं करोमीति कुंभकारः परिणमति तथैवोदयागतपुद्गलकर्महेतुं लब्ध्वा जीवोपि निर्विकारचिच्चमत्कारपरिणतिमलभमानः सन् मिथ्यात्वरागादिविभावेन परिणमतीति । अथ—**णवि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो** यद्यपि परस्परनिमित्तेन परिणमति तथापि निश्चयनयेन जीवो वर्णादिपुद्गलकर्मगुणान्नकरोति । **कम्मं तहेव जीवगुणे** कर्म च तथैवानंतज्ञानादिजीवगुणान्न करोति **अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणामं जाणदोण्हंपि** यद्यप्युपादानरूपेण न करोति तथाप्यन्योन्यनिमित्तेन घटकुंभकारयोरिव परिणामं जानीहि द्वयोरपि जीवपुद्गलयोरिति । अथ—**एदेण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण** एतेन कारणेन पूर्वसूत्रद्वयव्याख्यानरूपेण तु निर्मलात्मानुभूतिलक्षणपरिणामेन शुद्धोपादानकारणभूतेनाव्याबाधानंतसुखादिशुद्धभावानां कर्ता । तद्विलक्षणेनाशुद्धोपादानकारणभूतेन रागाद्यशुद्धभावानां कर्ता भवत्यात्मा । कथं ? यथा मृत्तिकाकलशस्येति **पुग्गलकम्मकदाणं ण दु कत्ता सव्वभावाणं** पुद्गलद्रव्यकर्मकृतानां

भावार्थ—यदि कोई माने कि पुद्गल जड़ है वह किसी को जानता नहीं, अतः उसका जीव के साथ कर्तृकर्म भाव हो जायगा किन्तु यह बात नहीं है। परमार्थ से परद्रव्य के साथ किसी के कर्तृकर्म भाव नहीं है।

अब इसी अर्थ का कलश रूप काव्य कहते हैं। **ज्ञानी** इत्यादि। **अर्थ**—ज्ञानी तो अपनी और पर की दोनों की परिणति को जानता हुआ प्रवृत्त होता है तथा पुद्गल द्रव्य अपनी और पर की दोनों ही परिणतियों को नहीं जानता हुआ प्रवृत्त होता है इसलिये वे दोनों परस्पर अंतरंग व्याप्य व्यापक भाव को प्राप्त होने में असमर्थ हैं क्योंकि दोनों भिन्न द्रव्य हैं सदाकाल उनमें अत्यंत भेद है। ऐसा होने पर इनके कर्तृकर्म भाव मानना भ्रमबुद्धि है। यह जब तक इन दोनों में करोंत की तरह निर्दय होकर उसी समय भेद को उपजाकर भेदज्ञान प्रकाश वाला ज्ञान प्रकाशित नहीं होता, यह तभी तक है।

भावार्थ—भेदज्ञान होने के बाद पुद्गल और जीव के कर्तृकर्म भाव की बुद्धि नहीं रहती क्योंकि जब तक भेदज्ञान नहीं होता, तभी तक अज्ञान से कर्तृकर्म भाव की बुद्धि है।

अब कहते हैं कि जीव के परिणाम में और पुद्गल के परिणाम में परस्पर निमित्तमात्रता है

जीवपुद्गलपरिणामयोरन्योन्यनिमित्तमात्रत्वमस्ति तथापि न तयोः कर्तृकर्मभावइत्याह;—

जीवपरिणामहेदुं कम्मत्तं पुग्गला परिणमंति ।
पुग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमइ ॥ ८० ॥
णवि कुव्वइ कम्मगुणे जीवो कम्मं तहेव जीवगुणे ।
अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणामं जाण दोह्णम्पि ॥ ८१ ॥
एएण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण ।
पुग्गलकम्मकयाणं ण दु कत्ता सव्वभावाणं ॥ ८२ ॥ (त्रिकलम्)

जीवपरिणामहेतुं कर्मत्वं पुद्गलाः परिणमंति ।
पुद्गलकर्मनिमित्तं तथैव जीवोपि परिणमति ॥ ८० ॥
नापि करोति कर्मगुणान् जीवः कर्म तथैव जीवगुणान् ।
अन्योन्यनिमित्तेन तु परिणामं जानीहि द्वयोरपि ॥ ८१ ॥
एतेन कारणेन तु कर्त्ता आत्मा स्वकेन भावेन ।
पुद्गलकर्मकृतानां न तु कर्त्ता सर्वभावानां ॥ ८२ ॥

यतो जीवपरिणामं निमित्तीकृत्य पुद्गलाः कर्मत्वेन परिणमंति पुद्गलकर्मनिमित्तीकृत्य

न तु कर्ता सर्वभावानां ज्ञानावरणादिपुद्गलकर्मपर्यायाणामिति । एवं जीवपुद्गलपरस्परनिमित्तकारणव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथात्रयं गतं ॥ ८० ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ अथ तत एतदायाति—जीवस्य स्वपरिणामैरेव सह निश्चयनयेन कर्तृकर्मभावो भोक्तृभोग्यभावश्च भवति;—**णिच्छयणयस्स एवं आदा अप्पाणमेव हि करेदि** यथा यद्यपि समीरो निमित्तं भवति तथापि निश्चयनयेन पारावार एव कल्लोलान् करोति परिणमति च । एव यद्यपि द्रव्यकर्मोदयासद्भावसद्भावात्

तो भी उन दोनों में कर्तृकर्म तो है ही नही,—**[पुद्गलाः]** पुद्गल **[जीवपरिणामहेतुं]** जिसको जीव के परिणाम निमित्त हैं ऐसे **[कर्मत्वं]** कर्मत्व रूप **[परिणमंति]** परिणमन करते है **[तथैव]** उसी प्रकार **[जीवः अपि]** जीव भी **[पुद्गलकर्मनिमित्तं]** जिसको पुद्गल कर्मनिमित्त है ऐसे कर्मत्व रूप **[परिणमति]** परिणमन करता है । **[जीवः]** जीव **[कर्मगुणान्]** कर्म के गुणों को **[नापि]** नहीं **[करोति]** करता **[तथैव]** उसी भांति **[कर्म]** कर्म **[जीवगुणान्]** जीव के गुणों को नहीं करता । **[तु]** किंतु **[द्वयोरपि]** इन दोनों के **[अन्योन्यनिमित्तेन]** परस्पर निमित्त मात्र से **[परिणामं]** परिणाम **[जानीहि]** जानो **[एतेन कारणेन तु]** इसी कारण से **[स्वकेन भावेन]** अपने भावों से **[आत्मा]** आत्मा **[कर्ता]** कर्ता कहा जाता है **[तु]** परंतु **[पुद्गलकर्मकृतानां]** पुद्गल कर्म से किये गये **[सर्वभावानां]** सब भावों का **[कर्ता न]** कर्ता नहीं है ।

जीवोपि परिणमतीति जीवपुद्गलपरिणामयोरितरेतरहेतुत्वोपन्यासेपि जीवपुद्गलयोः परस्परं व्याप्यव्यापकभावाभावाज्जीवस्य[1] पुद्गलपरिणामानां पुद्गलकर्मणोपि जीवपरिणामानां कर्तृकर्मत्वासिद्धौ निमित्तनैमित्तिकभावमात्रस्याप्रतिषिद्धत्वादितरेतरनिमित्तमात्रीभवनेनैव द्वयोरपि परिणामः। ततः कारणान्मृत्तिकया कलशस्येव स्वेन भावेन स्वस्य भावस्य करणाज्जीवः स्वभावस्य कर्ता कदाचित्स्यात्। मृत्तिकया वसनस्येव स्वेन भावेन परभावस्य कर्तुमशक्यत्वात्पुद्गलभावानां तु कर्ता न कदाचिदपि स्यादिति निश्चयः। ततःस्थितमेतज्जीवस्य स्वपरिणामैरेव सह कर्तृकर्मभावो भोक्तृभोग्यभावश्च ॥ ८० ॥ ८१ ॥ ८२ ॥

शुद्धाशुद्धभावयोर्निमित्तं भवति तथापि निश्चयेन निर्विकारपरमस्वसंवेदनज्ञानपरिणतः केवलज्ञानादिशुद्धभावान् तथैवाशुद्धपरिणतस्तु सांसारिकसुखदुःखाद्यशुद्धभावांश्चोपादानरूपेणात्मैव करोति। अत्र परिणामानां परिणमनमेव कर्तृत्वं ज्ञातव्यमिति। न केवलं करोति **वेदयदि पुणो तं चेव जाण अत्ता दु अत्ताणं** वेदयत्यनुभवति भुवते परिणमति पुनश्च स्वशुद्धात्मभावनोत्थसुखरूपेण शुद्धोपादानेन तदेव शुद्धात्मानमशुद्धोपादानेनाशुद्धात्मानं च। स कः कर्ता ? आत्मेति जानीहि। एवं निश्चयकर्तृत्वभोक्तृत्वव्याख्यानरूपेण गाथा गता ॥ ८३ ॥ अथ लोकव्यवहारं दर्शयति;—**ववहारस्स दु आदा पुग्गलकम्मं करेदि अणेयविहं** यथा लोके यद्यपि मृत्पिंड उपादानकारणं तथापि कुंभकारो घटं करोति तत्फलं च जलधारणमूल्यादिकं भुक्तं इति लोकानामनादिरूढोस्ति व्यवहारः। तथा यद्यपि कर्मवर्गणायोग्यपुद्गलद्रव्यमुपादानकारणभूतं तथापि व्यवहारनयस्याभिप्रायेणात्मा पुद्गलकर्मानेकविधं मूलोत्तरप्रकृतिभेदभिन्नं करोति **तं चेव य वेदयदे पुग्गलकम्मं अणेयविहं** तथैव च तदेवोदयागतं पुद्गलकर्मानेकविधं इष्टानिष्टपंचेन्द्रियविषयरूपेण

टीका—जिस कारण जीव परिणाम को निमित्त मात्र करके पुद्गलकर्म भाव से परिणमन करते है और पुद्गल कर्म को निमित्त मात्र कर जीव भी परिणमन करता है। ऐसे जीव के परिणाम का तथा पुद्गल के परिणाम का परस्पर हेतुत्व का स्थापन होने पर भी जीव और पुद्गल के परस्पर व्याप्यव्यापक भाव के अभाव से जीव के तो पुद्गल परिणामों का और पुद्गल कर्म के जीव के परिणामों के कर्ता कर्म पने की असिद्धि होने पर निमित्तनैमित्तिकभावमात्र का निषेध नही है क्योंकि परस्पर निमित्तमात्र होने से ही दोनों का परिणाम है। इस कारण मृत्तिका के कलश की तरह अपने भाव द्वारा अपने भाव के करने से जीव अपने भाव का कर्ता सदा काल होता है। तथा मृत्तिका जैसे कपड़े की कर्ता नहीं है, वैसे अपने भाव द्वारा परके भावो के करने की असमर्थता से पुद्गल के भावों का तो कर्ता कभी नहीं है ऐसा निश्चय है।

भावार्थ—जीव और पुद्गल परिणामों की परस्परनिमित्तमात्रता है तो भी परस्पर कर्तृकर्म भाव नहीं है। पर के निमित्त से जो अपने भाव हुए थे, उन का कर्ता तो उसे अज्ञान दशा में कदाचित् कह भी सकते हैं, लेकिन परभाव का कर्ता कभी नहीं हो सकता ॥ ८० । ८१ । ८२ ॥

---

१ जीव परिणामस्य इत्यर्थः।

णिच्छयणयस्स एवं आदा अप्पाणमेव हि करेदि ।
वेदयदि पुणो तं चेव जाण अत्ता दु अत्ताणं ।। ८३ ।।

निश्चयनयस्यैवमात्मात्मानमेव हि करोति ।
वेदयते पुनस्तं चैव जानीहि आत्मा त्वात्मानं ।। ८३ ।।

यथोत्तरंगनिस्तरंगावस्थयोः समीरसंचरणासंचरणनिमित्तयोरपि समीरपारावारयोर्व्याप्य-व्यापकभावाभावात्कर्तृकर्मत्वासिद्धौ पारावार एव स्वयमंतर्व्यापको भूत्वादिमध्यांतेषूत्तरंगनिस्त-रंगावस्थे व्याप्योत्तरंगं निस्तरंगं त्वात्मानं कुर्वन्नात्मानमेकमेव कुर्वन् प्रतिभाति न पुनरन्यत् । यथा स एव च भाव्यभावकभावाभावात्परभावस्य परेणानुभवितुमशक्यत्वादुत्तरंगं निस्तरंगं त्वात्मानमनुभवन्नात्मानमेकमेवानुभवन् प्रतिभाति न पुनरन्यत् । तथा ससंसारनिःसंसारावस्थयोः

वेदयति अनुभवति इत्यज्ञानिनां निर्विषयस्वशुद्धात्मोपलंभसंजातसुखामृतरसास्वादरहितानामनादिरूढोस्ति व्यवहारः ।।८४।। एवं व्यवहारेण सुखदुःखकर्तृत्वभोक्तृत्वकथनमुख्यतया गाथा गता । इति ज्ञानिजीवस्य विशेषव्याख्यानरूपेणैकादशगाथाभि-

---

यहाँ कहते हैं कि इस हेतु से यह सिद्ध हुआ कि जीव का अपने परिणामों के ही साथ कर्तृकर्म-भाव और भोक्तृभोग्यभाव है;—**[निश्चयनयस्य]** निश्चयनय का **[एवं]** यह मत है कि **[आत्मा]** आत्मा **[आत्मानं एव हि]** अपने को ही **[करोति]** करता है **[तु पुनः]** फिर **[आत्मा]** वह आत्मा **[तं चैव आत्मानं]** अपने को ही **[वेदयते]** भोगता है ऐसा तू **[जानीहि]** तू जान ।

टीका—जैसे पवन का चलना और न चलना जिनको निमित्त है, ऐसी समुद्र की तरंगों का उठना और विलय होना रूप दो अवस्था उनके पवन और समुद्र के व्याप्यव्यापकभाव के अभाव से कर्ता कर्मपने की असिद्धि होने पर समुद्र ही आप उन अवस्थाओं में अंतर्व्यापक होकर आदि, मध्य और अंत में उन अवस्थाओं में व्याप्त होकर उत्तरंगनिस्तरंग रूप अपने को एक ही करता हुआ प्रतिभासित होता है, किसी दूसरे को नहीं करता है । उसी प्रकार वही समुद्र उस पवन और समुद्र के भाव्यभावक भाव के अभाव से परभाव को पर कर अनुभव करने के असामर्थ्य से उत्तरंगनिस्तरंग स्वरूप अपने को ही अनुभव करता हुआ प्रतिभासित होता है, अन्य किसी का अनुभव नही करता । उसी प्रकार पुद्गल कर्म के उदय का संभव असंभव जिसको निमित्त है ऐसी जो संसार और निःसंसार दो अवस्था उनके पुद्गल कर्म और जीव के व्याप्य-व्यापक रूप के अभाव से कर्ताकर्म रूप की असिद्धि है । क्योंकि जीव आप अन्त-र्व्यापक होकर आदि, मध्य और अन्त में ससंसार निःसंसार अवस्था में व्याप्त होकर ससंसार निःसंसार रूप आत्मा को करता हुआ अपने को कर्ता प्रतिभासित करे तो अन्य को प्रतिभासित न करे । उसी प्रकार यही जीव भाव्यभावकभाव के अभाव से परभाव को पर द्वारा अनुभव करने की असामर्थ्य है इसलिये ससंसार निःसंसार रूप आत्मा एक अपने को ही अनुभव करता हुआ प्रतिभासित हो अन्य को अनुभव करता हुआ प्रतिभासित न हो ।

पुद्गलकर्मविपाकसंभवासंभवनिमित्तयोरपि पुद्गलकर्मजीवयोर्व्याप्यव्यापकभावाभावात्कर्तृकर्मत्वासिद्धौ जीव एव स्वयमंतर्व्यापको भूत्वादिमध्यांतेषु ससंसारनिःसंसारावस्थे व्याप्य ससंसारं निःसंसारं वात्मानं कुर्वन्नात्मानमेकमेव कुर्वन् प्रतिभातु मा पुनरन्यत् । तथायमेव च भाव्यभावकभावाभावात् परभावस्य परेणानुभवितुमशक्यत्वात्ससंसारं निःसंसारं वात्मानमनुभवन्नात्मानमेकमेवानुभवन्प्रतिभातु मा पुनरन्यत् ॥ ८३ ॥

अथ व्यवहारं दर्शयति :—

ववहारस्स दु आदा पुग्गलकम्मं करेदि णेयविहं ।
तं चेवपुणो वेयइ पुग्गलकम्मं अणेयविहं ॥ ८४ ॥

व्यवहारस्य त्वात्मा पुद्गलकर्म करोति नैकविधं ।
तच्चैव पुनर्वेदयते पुद्गलकर्मानेकविधं ॥ ८४ ॥

यथांतर्व्याप्यव्यापकभावेन मृत्तिकया कलशे क्रियमाणे भाव्यभावकभावेन मृत्तिकयैवानुभूयमाने च बहिर्व्याप्यव्यापकभावेन कलशसंभवानुकूलं व्यापारं कुर्वाणः कलशकृततोयोपयोगजां तृप्तिं भाव्यभावकभावेनानुभवंश्च कुलालः कलशं करोत्यनुभवति चेति लोकानामनादिरूढोस्ति

द्वितीयांतराधिकारो व्याख्यातः । अतः परं पञ्चविंशतिगाथापर्यंतं द्विक्रियावादिनिराकरणरूपेण व्याख्यानं करोति । तत्र चेतनाचेतनयोरेकोपादानकर्तृत्वं द्विक्रियावादित्वमुच्यते तस्य संक्षेपव्याख्यानरूपेण **जदिपुग्गलकम्ममिणं** इत्यादि गाथाद्वयं भवति । तद्विवरणद्वादशगाथासु मध्ये **पुग्गलकम्मणिमित्तं** इत्यादिगाथाक्रमेण प्रथमगाथाषट्कं स्वतंत्रं । तदनंतरमज्ञानिज्ञानिजीवकर्तृत्वाकर्तृत्वमुख्यतया **परमप्पाणंकुव्वदि** इत्यादिद्वितीयषट्कं । अतःपरं तस्यैव द्विक्रियावादिनः पुनरपि विशेषव्याख्यानार्थमुपसंहाररूपेणैकादशगाथा भवंति । तत्रैकादशगाथासु मध्ये व्यवहारनयमुख्यत्वेन

भावार्थ—आत्मा की ससंसार निःसंसार अवस्था परद्रव्य पुद्गलकर्म के निमित्त से है वहां, उन अवस्था रूप आप ही परिणमन करता है इसलिये अपना ही कर्ता भोक्ता है, निमित्तमात्र पुद्गलकर्म है, उसका कर्ता भोक्ता नहीं हैं ॥ ८३ ॥

अब व्यवहार को दिखलाते हैं;—**[व्यवहारस्य तु]** व्यवहारनय का यह मत है कि **[आत्मा]** आत्मा **[नैकविधं]** अनेक प्रकार **[पुद्गलकर्म]** पुद्गल कर्मों को **[करोति]** करता है **[पुनः]** और **[तदेव]** उसी **[अनेकविधं]** अनेक प्रकार **[पुद्गलकर्म]** पुद्गल कर्म को **[वेदयते]** भोगता है ।

टीका—जैसे मिट्टी घड़े को करती और भोगती है, वह अन्तर्व्याप्यव्यापक भाव से करती है तथा भाव्यभावकभाव से भोगती है तो भी बाह्य व्याप्यव्यापकभाव से कलश होने में संभव उसके अनुकूल व्यापार को अपने हस्तादिक से करने वाला तथा कलश में भरे जल के उपयोग से हुए तृप्तिभाव को भाव्यभावक भाव से अनुभव करने वाला कुम्हार इस कलश को बनाता तथा भोगता है, ऐसा लोकों का अनादि से प्रसिद्ध व्यवहार रहा है । उसी प्रकार यद्यपि पुद्गल कर्म को अन्तर्व्याप्यव्यापक भाव से

तावद्व्यवहारः, तथांतर्व्याप्यव्यापकभावेन पुद्गलद्रव्येण कर्मणि क्रियमाणे भाव्यभावकभावेन पुद्गलद्रव्येणैवानुभूयमाने च बहिर्व्याप्यव्यापकभावेनाज्ञानात्पुद्गलकर्मसंभवानुकूलं परिणामं[1] कुर्वाणः पुद्गलकर्मविपाकसंपादितविषयसन्निधिप्रधावितां सुखदुःखपरिणतिं भाव्यभावकभावेनानुभवंश्च जीवः पुद्गलकर्म करोत्यनुभवति चेत्यज्ञानिनामासंसारप्रसिद्धोस्ति तावद्व्यवहारः ॥ ८४ ॥

अथैनं दूषयति :—

जदि पुग्गलकम्ममिणं कुव्वदि तं चेव वेदयदि आदा ।
दो किरियावदिरित्तो पसज्जए सो जिणावमदं ॥ ८५ ॥

यदि पुद्गलकर्मेदं करोति तच्चैव वेदयते आत्मा ।
द्विक्रियाव्यतिरिक्तः प्रसजति स जिनावमतं ॥ ८५ ॥

इह खलु क्रिया हि तावदखिलापि परिणामलक्षणतया न नाम परिणामतोस्ति भिन्ना, परिणामोपि परिणामपरिणामिनोरभिन्नवस्तुत्वात्परिणामिनो न भिन्नस्ततो या काचन क्रिया किल

ववहारस्स दु इत्यादि गाथात्रयं । तदनंतरं निश्चयनयमुख्यतया जो पुग्गलदव्वाणं इत्यादिसूत्रचतुष्टयं । ततश्च द्रव्यकर्मणामुपचारकर्तृत्वमुख्यत्वेन जीवंहि हेदुभूदे इत्यादिसूत्रचतुष्टयमिति समुदायेन पंचविंशतिगाथाभिस्तृतीय-

पुद्गल द्रव्य करता है और भाव्यभावक भाव से पुद्गल द्रव्य ही अनुभव करता (भोगता) है तो भी बाह्य व्याप्यव्यापकभाव से अज्ञान से पुद्गल कर्म के होने के अनुकूल अपने रागादि परिणाम को करता और पुद्गल कर्म के उदय होने से उत्पन्न विषयों की समीपता होने वाली अपनी सुखदुःखरूप परिणति को भाव्यभावकभाव के अनुभव करने वाला जीव पुद्गल कर्म को करता है और भोगता है । ऐसे अज्ञानी लोकों का अनादि संसार से व्यवहार प्रसिद्ध है ।

भावार्थ—पुद्गल कर्म को परमार्थ से पुद्गल द्रव्य ही करता है और पुद्गल कर्म के होने के अनुकूल अपने रागादि परिणामों को जीव करता है, उसके निमित्तनैमित्तिकभाव को देखकर अज्ञानी को यह भ्रम है कि जीव ही पुद्गल कर्म को करता है । वह अनादि अज्ञान से प्रसिद्ध व्यवहार है । जब तक जीव पुद्गल का भेदज्ञान नहीं है, तब तक दोनों की प्रवृत्ति एक सरीखी दीखती है, इस कारण जब तक भेदज्ञान न हो, तब तक ही दीखती है । श्रीगुरु भेदज्ञान करा के परमार्थ जीव का स्वरूप दिखला कर अज्ञानी के प्रतिभास को व्यवहार कहते हैं ॥८४॥

आगे इस व्यवहार को दूषण देते हैं;—**[यदि]** जो **[आत्मा]** आत्मा **[इदं]** इस **[पुद्गलकर्म]** पुद्गल कर्म को **[करोति]** करे **[च]** और **[तत् एव]** उसी को **[वेदयते]** भोगे तो **[सः]** वह **[द्विक्रिया-व्यतिरिक्तः]** आत्मा दो क्रिया से अभिन्न **[प्रसजति]** ठहरे ऐसा प्रसंग आता है सो यह **[जिनावमतं]** जिनदेव का मत नहीं है ।

१. रागादि परिणाम मित्यर्थः ।

सकलापि सा क्रियावतो न भिन्नेति क्रियाकर्त्रोरव्यतिरिक्ततायां वस्तुस्थित्या प्रतपत्यां यथा व्याप्यव्यापकभावेन स्वपरिणामं करोति, भाव्यभावकभावेन तमेवानुभवति च जीवस्तथा व्याप्य-व्यापकभावेन पुद्गलकर्मापि यदि कुर्यात् भाव्यभावकभावेन तदेवानुभवेच्च ततो यं स्वपरसमवेत-क्रियाद्वयाव्यतिरिक्ततायां प्रसजंत्यां स्वपरयोः परस्परविभागप्रत्यस्तमनादनेकात्मकमेकमात्मान-मनुभवन्मिथ्यादृष्टितया सर्वज्ञावमतः स्यात् ॥ ८५ ॥

स्थले समुदायपातनिका। तद्यथा—अथेदं पूर्वोक्तं कर्मकर्तृत्वभोक्तृत्वनयविभागव्याख्यानं कर्मतापन्नमनेकांतेन सम्मतम-प्येकांतनयेन मन्यते। किं मन्यते भावकर्मवन्निश्चयेन द्रव्यकर्मापि करोतीति चेतनाचेतनकार्ययोरेकोपादानकर्तृत्वलक्षणं द्विक्रियावादित्वं स्यात्। तान् द्विक्रियावादिनो दूषयति;—**जदि पुग्गलकम्ममिणं कुव्वदि तं चेव वेदयदि आदा** यदि चेत्पुद्गलकर्मोदयमुपादानरूपेण करोति तदेव च पुनरुपादानरूपेण वेदयत्यनुभवत्यात्मा **दोकिरियावादित्तं पसजदि** तदा चेतनाचेतनक्रियाद्वयस्योपादानकर्तृत्वरूपेण द्विक्रियावादित्वं प्रसजति प्राप्नोति। अथवा **दो किरिया-विदिरित्तो पसजदि सो** तत्र पाठांतरे द्वाभ्यां चेतनाचेतनक्रियाभ्यामव्यतिरिक्तोऽभिन्नः प्रसजति प्राप्नोति स पुरुषः। **सम्मं जिणावमदं** तच्च व्याख्यानं जिनानां सम्यगसंमतं। यश्चेदं व्याख्यानं मन्यते स निजशुद्धात्मोपादेयरु-चिरूपं निर्विकारचिच्चमत्कारमात्रलक्षणं शुद्धोपादानकारणोत्पन्नं निश्चयसम्यक्त्वमलभमानो मिथ्यादृष्टिर्भवतीति ॥ ८५ ॥ अथ कुतो द्विक्रियावादी मिथ्यादृष्टिर्भवतीति प्रश्ने प्रत्युत्तरं प्रयच्छंस्तमेवार्थं प्रकारांतरेण दृढयति;—**जह्मा दु अत्त भावं पुद्गलभावं च दोवि कुव्वंति** यस्मादात्मभावं चिद्रूपं पुद्गलभावं चाचेतनं जडस्वरूपं द्वयमप्युपादा-नरूपेण कुर्वंति **तेण दु मिच्छादिट्ठी दोकिरियावादिणो हुंति** ततस्तेन कारणेन चेतनाचेतनक्रियाद्वयवादिनः

टीका—इस लोक में जो क्रिया है वह पहले तो सभी परिणाम स्वरूप है इस कारण परिणाम ही है कुछ भिन्न वस्तु नही है और परिणाम तथा परिणामी द्रव्य दोनों अभिन्न वस्तु हैं भिन्न भिन्न वस्तु नहीं हैं इसलिये परिणाम परिणामी से पृथक् नही है। इससे यह सिद्ध हुआ कि जो कुछ क्रिया है वह क्रियावान् द्रव्य से पृथक् नहीं है। इस प्रकार क्रिया का और क्रियावान् की अभिन्नता है। ऐसी वस्तु की मर्यादा होने पर जैसा जीव व्याप्यव्यापक भाव से अपने परिणाम को करता है और भाव्य भावक भाव से उसी अपने परिणाम को अनुभव करता है भोगता है, उसी तरह व्याप्यव्यापकभाव से पुद्गलकर्म को भी करे तथा भाव्यभावक भाव से उसी का अनुभव करे, भोगे तो अपनी और पर की मिली दो क्रियाओं का अभेद सिद्ध हुआ। ऐसा होने पर अपने और परके भेद का अभाव हुआ। इसप्रकार अनेक द्रव्य स्वरूप एक आत्मा को अनुभव करने वाला मिथ्यादृष्टि होता है। परंतु ऐसा वस्तु स्वरूप जिनदेव ने नहीं कहा है इसलिये जिनदेव के मत के बाहर है ॥

भावार्थ—दो द्रव्यों की क्रिया भिन्न ही है। जड़ की क्रिया चेतन नहीं करता, चेतन की क्रिया जड़ नहीं करता। जो पुरुष एक द्रव्य को दो द्रव्यों की क्रियाओं का कर्ता मानता है, यह मिथ्यादृष्टि है क्योंकि दो द्रव्यों की क्रिया एक द्रव्य से मानना यह जिनदेव का मत नहीं है ॥ ८५ ॥

कुतो द्विक्रियानुभावी मिथ्यादृष्टिरिति चेत् :—

जह्मा दु अत्तभावं पुग्गलभावं च दोवि कुव्वंति ।
तेण दु मिच्छादिट्ठी दोकिरियावादिणो हुंति ॥ ८६ ॥

यस्मात्त्वात्मभावं पुद्गलभावं च द्वावपि कुर्वंति ।
तेन तु मिथ्यादृष्टयो द्विक्रियावादिनो भवंति ॥ ८६ ॥

यतः किलात्मपरिणामं पुद्गलपरिणामं च कुर्वंतमात्मानं मन्यंते द्विक्रियावादिनस्ततस्ते मिथ्यादृष्टय एवेति सिद्धांतः । माचैकद्रव्येण द्रव्यद्वयपरिणामः क्रियमाणः प्रतिभातु । यथा किल कुलालः कलशसंभवानुकूलमात्मव्यापारपरिणाममात्मनोऽव्यतिरिक्तमात्मनोऽव्यतिरिक्तया परिणतिमात्रया क्रियया क्रियमाणं कुर्वाणः प्रतिभाति न पुनः कलशकरणाहंकारनिर्भरोपि स्वव्यापारानुरूपं मृत्तिकायाः कलशपरिणामं मृत्तिकायाः अव्यतिरिक्तंमृत्तिकायाः अव्यतिरिक्तया परिणतिमात्रया क्रियया क्रियमाणं कुर्वाणः प्रतिभाति । तथात्मापि पुद्गलकर्मपरिणामानुकूलमज्ञानादात्मपरिणाममात्मनोऽव्यतिरिक्तमात्मनोऽव्यतिरिक्तया परिणतिमात्रया क्रियया क्रियमाणं कुर्वाणः प्रतिभातु मा पुनः पुद्गलपरिणामकरणाहंकारनिर्भरोपि स्वपरिणामानुरूपं पुद्गलस्य परिणामं

पुरुषाः मिथ्यादृष्टयो भवंतीति । तथाहि—यथा कुंभकारः स्वकीयपरिणाममुपादानरूपेण करोति तथा घटमपि यद्युपादानरूपेण करोति तदा कुंभकारस्याचेतनत्वं घटरूपत्वं प्राप्नोति । घटस्य वा चेतनत्वंकुंभकाररूपत्वं च प्राप्नोतीति । तथा जीवोपि यद्युपादानरूपेण पुद्गलद्रव्यकर्म करोति तदा जीवस्याचेतनपुद्गलद्रव्यत्वं प्राप्नोति । पुद्गलकर्मणो वा चिद्रूपं

यहां प्रश्न उठता है कि दो क्रियाओं का अनुभव करने वाला पुरुष मिथ्यादृष्टि कैसे हो सकता है । उसका समाधान करते हैं;—**[यस्मात् तु]** जिस कारण **[आत्मभावं]** आत्मा के भाव को **[च]** और **[पुद्गलभावं]** पुद्गल के भाव को **[द्वौ अपि]** दोनों ही को आत्मा **[कुर्वंति]** करता है ऐसा कहते हैं **[तेन तु]** इसी कारण **[द्विक्रियावादिनः]** दो क्रियाओं को एक के ही कहने वाले **[मिथ्यादृष्टयः]** मिथ्यादृष्टि ही **[भवंति]** हैं ।

टीका—निश्चय से जो आत्मा को आत्मा और पुद्गल के परिणामों का कर्ता मानते हैं, दोनों क्रियायें एक के ही कहने वाले हैं, वे मिथ्यादृष्टि ही हैं, ऐसा सिद्धान्त है । सो एक द्रव्य से दो परिणाम प्रतिभासित नहीं होते; जैसे कुम्हार के घड़े के होने के अनुकूल अपना व्यापार रूप हस्तादिक क्रिया, तथा इच्छा रूप परिणाम अपने से अभिन्न है तथा अपने से अभिन्नपरिणतिमात्रक्रिया से किये हुए को करता हुआ प्रतिभासित होना है और घट बनाने के अहंकार सहित है, तो भी मृत्तिका का मृत्तिका के व्यापार के अनुकूल घट परिणाम मिट्टी से अभेद रूप तथा मिट्टी से अभिन्न मृत्तिका परिणति मात्र क्रिया द्वारा किये हुए का करता नहीं मालूम होता । उसी प्रकार आत्मा भी अज्ञान से पुद्गलकर्म के अनुकूल अपने से अभिन्न, अपने परिणाम अपने से अभिन्न अपनी परिणतिमात्र क्रिया से किये हुए को करता हुआ प्रति-

पुद्गलादव्यतिरिक्तं पुद्गलादव्यतिरिक्तया परिणतिमात्रया क्रियया क्रियमाणं कुर्वाणः प्रतिभातु ॥ ८६ ॥

यः परिणमति स कर्ता यः परिणामो भवेत्तु तत्कर्म ।
या परिणतिः क्रिया सा त्रयमपि भिन्नं न वस्तुतया ॥ ५१ ॥
एकः परिणमति सदा परिणामो जायते सदैकस्य ।
एकस्य परिणतिः स्यादनेकमप्येकमेव यतः ॥ ५२ ॥

जीवत्वं प्रप्नोति । किं च । शुभाशुभं कर्म कुर्वेहमिति महाहंकाररूपं तमो मिथ्याज्ञानिनां न नश्यति । तर्हि केषां नश्यतीति चेत्, विषयसुखानुभवानंदवर्जिते वीतरागस्वसंवेदनवेद्ये भूतार्थनयेनैकत्वव्यवस्थापिते चिदानंदैकस्वभावे शुद्धपरमात्मद्रव्ये स्थितानामेव समस्तशुभाशुभपरभावशून्येन निर्विकल्पसमाधिलक्षणेन शुद्धोपयोगभावनाबलेन सज्ञानिनामेव विलयं विनाशं

भासित हो (जानो) परंतु पुद्गल परिणाम के करने के अहंकार युक्त होने पर भी पुद्गल के परिणाम के अनुकूल पुद्गल से अभिन्न जो पुद्गल परिणाम तथा पुद्गल से अभिन्न जो पुद्गल की परिणति मात्र क्रिया उससे किये हुए को करता हुआ मत प्रतिभासो (जानो) ।

भावार्थ—आत्मा अपने ही परिणाम को करता हुआ प्रतिभासित हो, पुद्गल के परिणाम को करता हुआ प्रतिभासित नही हो, इसी कारण आत्मा और पुद्गल इन दोनों की क्रियायें एक आत्मा की ही मानने वाले ... मिथ्यादृष्टि कहा है । यदि जड़ और चेतन की एक क्रिया हो जाय, तो सर्व द्रव्य पलटने मे सत्‌ का लोप हो जाय, यह बड़ा भारी दोष हो ।

.. इसी अर्थ के समर्थन का कलशरूप काव्य कहते हैं—**यःपरिणमति** इत्यादि । **अर्थ**—जो परिणमन करता है, वह कर्ता है और जिसने परिणमन किया, उसका परिणाम कर्म है तथा परिणति क्रिया है । ये तीनों ही वस्तुत्व से भिन्न नहीं हैं ।

भावार्थ—द्रव्यदृष्टि से परिणाम और परिणामी मे अभेद है तथा पर्यायदृष्टि से भेद है । वहां भेद-दृष्टि से तो कर्ता कर्म और क्रिया ये तीन कहे गये हैं और अभेददृष्टि से वास्तव में यह कहा गया है कि कर्ता, कर्म और क्रिया ये तीनों ही एक द्रव्य की अवस्थायें है, प्रदेश भेद रूप भिन्न वस्तु नहीं हैं ॥

फिर भी कहते हैं—**एकः** इत्यादि । **अर्थ**—वस्तु अकेली ही सदा परिणमन करती है, एक के ही सदा परिणाम होते हैं अर्थात् एक अवस्था से अन्य अवस्था होती है । तथा एक की ही परिणति क्रिया होती है । अनेक रूप हुई तो भी एक ही वस्तु है, भेद नहीं है ।

भावार्थ—एक वस्तु की अनेक पर्याय होती हैं, उनको परिणाम भी कहते हैं, अवस्था भी कहते हैं । वे संज्ञा, संख्या, लक्षण, प्रयोजनादिक से भिन्न-भिन्न प्रतिभास रूप हैं, तो भी एक वस्तु ही हैं, भिन्न नहीं हैं, ऐसा भेदाभेद स्वरूप ही वस्तु का स्वभाव है ।

नोभौ परिणमतः खलु परिणामो नोभयोः प्रजायेत ।
उभयोर्न परिणतिः स्याद्यदनेकमनेकमेव सदा ॥ ५३ ॥
नैकस्य हि कर्तारौ द्वौ स्तो द्वे कर्मणी न चैकस्य ।
नैकस्य च क्रिये द्वे एकमनेकं यतो न स्यात् ॥ ५४ ॥
आसंसारत एव धावति परं कुर्वेहमित्युच्चकैः,
दुर्वारं ननु मोहिनामिह महाहंकाररूपं तमः ।
तद्भूतार्थपरिग्रहेण विलयं यद्येकवारं व्रजेत् ,
तत्किं ज्ञानघनस्य बंधनमहो भूयो भवेदात्मनः ॥ ५५ ॥

गच्छति । तस्मिन्महाहंकारविकल्पजाले नष्टे सति पुनरपि बंधो न भवतीति ज्ञात्वा बहिर्द्रव्यविषये इदं करोमीदं न करोमीति दुराग्रहं त्यक्त्वा रागादिविकल्पजालशून्ये पूर्णकलशवच्चिदानंदैकस्वभावेन भरितावस्थे स्वकीयपरमात्मनि निरंतर भावना कर्त्तव्येति भावार्थः ॥ ८६ ॥

फिर कहते हैं—**नोभौ** इत्यादि । **अर्थ**—दो द्रव्य एक होकर परिणमन नहीं करते और दो द्रव्य का एक परिणाम भी नहीं होता तथा दो द्रव्य की एक परिणति क्रिया भी नही होती । क्योंकि जो अनेक द्रव्य हैं, वे अनेक ही है, एक नहीं होते ॥

भावार्थ—दो वस्तुयें सर्वथा भिन्न ही हैं, प्रदेश भेदरूप ही हैं, दोनों एक रूप होकर नहीं परिणमन करतीं, एक परिणाम को भी नही उपजातीं और एक क्रिया भी उनकी नहीं होती, ऐसा नियम है । जो दो द्रव्य एक रूप होकर परिणमन करें तो सब द्रव्यों का लोप हो जाय ॥

इसी अर्थ को दृढ़ करते हैं—**नैकस्य** इत्यादि । **अर्थ** एक द्रव्य के दो कर्ता नहीं होते, एक द्रव्य के दो कर्म नही होते और एक द्रव्य की दो क्रियायें भी नहीं होतीं क्योंकि एक द्रव्य अनेक द्रव्य रूप नही होता ।

अब कहते है कि आत्मा के अनादि से परद्रव्य के कर्ता कर्मत्व का अज्ञान है वह यदि परमार्थनय के ग्रहण से एक बार भी विलय हो जाय तो फिर कभी नहीं आ सकता—**आसंसारत** इत्यादि । **अर्थ**—इस जगत में मोही अज्ञानी जीवों का यह "मै परद्रव्य को करता हूं" ऐसा परद्रव्य के कर्तृत्व का अहंकार रूप अज्ञानांधकार अनादि संसार से लेकर चला आया है । जो कि अत्यंत दुर्निवार है, यदि परमार्थ-सत्यार्थ-शुद्ध-द्रव्यार्थिक अभेद नय के ग्रहण से वह एकबार भी नष्ट हो जाय तो यह जीव ज्ञानघन है। अतः यथार्थ ज्ञान होने के बाद ज्ञान कहां जा सकता है जब ज्ञान नहीं जा सकता, तब फिर कैसे अज्ञान से बंध हो सकता है ॥

भावार्थ—यहां ऐसा तात्पर्य है कि अज्ञान तो अनादि का ही है परंतु यदि दर्शनमोह का नाश कर एक बार यथार्थ ज्ञान होकर क्षायिकसम्यक्त्व उत्पन्न हो जाय तो फिर मिथ्यात्व नहीं आ सकता तब उस मिथ्यात्व का बंध भी नहीं हो सकता और मिथ्यात्व गये बाद संसार-बंधन कैसे रह सकता है ?

आत्मभावान्करोत्यात्मा परभावान्सदा परः ।
आत्मैव ह्यात्मनो भावाः परस्य पर एव ते ॥ ५६ ॥

मिच्छत्तं पुण दुविहं जीवमजीवं तहेव अण्णाणं ।
अविरदि जोगो मोहो कोहादीया इमे भावा ॥ ८७ ॥

मिथ्यात्वं पुनर्द्विविधं जीवोऽजीवस्तथैवाज्ञानं ।
अविरतियोगो मोहः क्रोधाद्या इमे भावाः ॥ ८७ ॥

मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादयो हि भावाः ते तु प्रत्येकं मयूरमुकुरंदवज्जीवाजीवाभ्यां भाव्यमानत्वाज्जीवाजीवौ । तथाहि—यथा नीलकृष्णहरितपीतादयो भावाः स्वद्रव्यस्वभावत्वेन मयूरेण भाव्यमानाः मयूर एव । यथा च नीलकृष्णहरितपीतादयो भावाः स्वच्छताविकारमात्रेण मुकुरंदेन भाव्यमाना मुकुरंद एव । तथा मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादयो भावाः स्वद्रव्यस्वभावत्वेनाजीवेन भाव्यमाना अजीव एव । तथैव च मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादयो भावाश्चैतन्यविकारमात्रेण जीवेन भाव्यमाना जीव एव ॥ ८७ ॥

इति द्विक्रियावादिसंक्षेपव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथाद्वयं गतं । अथ तस्यैव विशेषव्याख्यानं करोति;—

पुग्गलकम्मणिमित्तं जह आदा कुणदि अप्पणो भावं ।
पुग्गलकम्मणिमित्तं तह वेददि अप्पणो भावं ॥

फिर भी विशेषता से कहते हैं—**आत्म** इत्यादि । **अर्थ**—आत्मा तो अपने भावों को ही करता है और परद्रव्य पर के भावों को करता है । क्योंकि अपने भाव तो अपने ही हैं तथा परभाव परके ही हैं, यह नियम है ॥ ८६ ॥

शंका:—परद्रव्य का कर्ताकर्मत्व मानने वाला मिथ्यादृष्टि है यह कहा है । वहां पर शंका होती है कि यह मिथ्यात्वादि भाव क्या वस्तु हैं ? यदि जीव के परिणाम कहे जांय तो पहले रागादि भावों को पुद्गल के परिणाम कहा था, उस कथन से यहां विरोध आता है । यदि पुद्गल का परिणाम कहे जांय तो जीव का कुछ प्रयोजन नहीं इसलिये फिर उसका फल जीव क्यों पावे ? इस शंका के दूर करने के लिये यह कहते हैं **[पुनः]** जो **[मिथ्यात्वं]** मिथ्यात्व कहा गया था वह **[द्विविधं]** दो प्रकार है **[जीवं अजीवं]** एक जीव मिथ्यात्व, एक अजीव मिथ्यात्व **[तथैव]** और उसी प्रकार **[अज्ञानं]** अज्ञान **[अविरतिः]** अविरति **[योगः]** योग **[मोहः]** मोह और **[क्रोधाद्याः]** क्रोधादि कषाय **[इमे भावाः]** ये सभी भाव जीव अजीव के भेद से दो-दो प्रकार हैं ।

टीका—मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादिक जो भाव हैं वे प्रत्येक पृथक्-पृथक् मयूर और दर्पण की भांति जीव अजीव से भावित हैं । इसलिये जीव भी हैं और अजीव भी हैं । जैसे मयूर के नीले,

काविह जीवाजीवाविति चेत् :—

पुग्गलकम्मं मिच्छं जोगो अविरदि अणाणमज्जीवं ।
उवओगो अणाणं अविरइ मिच्छं च जीवो दु ॥ ८८ ॥

पुद्गलकर्म मिथ्यात्वं योगोऽविरतिरज्ञानमजीवः ।
उपयोगोऽज्ञानमविरतिर्मिथ्यात्वं च जीवस्तु ॥ ८८ ॥

यः खलु मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादिरजीवस्तदमूर्त्ताच्चैतन्यपरिणामादन्यत् मूर्त्तं पुद्गलकर्म, यस्तु मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादि जीवः स मूर्त्तात्पुद्गलकर्मणोऽन्यश्चैतन्यपरिणामस्य विकारः ॥ ८८ ॥

पुद्गलकर्मनिमित्तं यथात्मा करोति आत्मनः भावं । पुद्गलकर्मनिमित्तं तथा वेदयति आत्मनो भावं **पुग्गलकम्मणिमित्तं जह आदा कुणदि अप्पणो भावं** उदयागत द्रव्यकर्मनिमित्तं कृत्वा यथात्मा निर्विकारस्वसंवित्तिपरिणामशून्यः सन्करोत्यात्मनः संबंधिनं सुखदुःखादिभावं परिणामं **पुग्गलकम्मणिमित्तं तह वेददि अप्पणो**

काले, हरे, पीले आदि वर्ण रूप भाव मयूर के निज स्वभाव से भाये हुए मयूर ही हैं। तथा जैसे दर्पण में उन वर्णों के प्रतिबिंब दीखते हैं, वे दर्पण की स्वच्छता निर्मलता के विकार मात्र से भाये हुए दर्पण ही है। मयूर की और दर्पण की अत्यंत भिन्नता है। उसी प्रकार मिथ्या दर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादिक भाव अपने अजीव के द्रव्य स्वभाव से अजीव रूप से भाये हुए अजीव ही हैं तथा वे मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति आदि भाव चैतन्य के विकार मात्र से जीव से भाये हुए जीव ही हैं।

भावार्थ—कर्म के निमित्त से जीव विभाव रूप परिणमन करते हैं वे जो चेतन के विकार हैं, वे जीव ही हैं और जो पुद्गल मिथ्यात्वादिक कर्मरूप परिणमन करते हैं, वे पुद्गल के परमाणु है तथा उनका विपाक उदय रूप होकर वे स्वाद रूप होते हैं, वे मिथ्यात्वादि अजीव हैं। ऐसे मिथ्यात्वादि भाव जीव अजीव के भेद से दो प्रकार हैं। यहांपर ऐसा जानना कि जो मिथ्यात्वादि कर्म की प्रकृतियां है, वे पुद्गल द्रव्य के परमाणु हैं, उनका उदय हो तब उपयोग स्वरूप जीव के उपयोग की स्वच्छता के कारण जिसके उदय का स्वाद आये, तब उसी के आकार उपयोग हो जाता है। तब अज्ञान से उसका भेदज्ञान नहीं होता, उस स्वाद को ही अपना भाव जानता है। जब इसका भेद ज्ञान ऐसा हो जाय कि जीवभाव को जीव जानें और अजीवभाव को अजीव जानें, तभी मिथ्यात्व का अभाव होकर सम्यग्ज्ञान होता है ॥ ८७ ॥

यहां पूछते हैं कि मिथ्यात्वादिक जीव अजीव कहे हैं वे कौन हैं, उसका उत्तर कहते हैं—[**मिथ्यात्वं**] जो मिथ्यात्व [**योगः**] योग [**अविरतिः**] अविरति [**अज्ञानं**] अज्ञान [**अजीवः**] ये अजीव हैं वे तो [**पुद्गलकर्म**] पुद्गल कर्म हैं [**च**] और जो [**अज्ञानं**] अज्ञान [**अविरतिः**] अविरति [**मिथ्यात्वं**] मिथ्यात्व [**तु जीवः**] ये जीव हैं वे [**उपयोगः**] उपयोग हैं।

मिथ्यादर्शनादिश्चैतन्यपरिणामस्य विकारः कुत इति चेत् :—

उपओगस्स अणाई परिणामा तिण्ण मोहजुत्तस्स ।
मिच्छत्तं अण्णाणं अविरदिभावो य णायव्वो ॥ ८९ ॥

उपयोगस्यानादयः परिणामास्त्रयो मोहयुक्तस्य ।
मिथ्यात्वमज्ञानमविरतिभावश्च ज्ञातव्यः ॥ ८९ ॥

उपयोगस्य हि स्वरसत एव समस्तवस्तुस्वभावभूतस्वरूपपरिणामसमर्थत्वे सत्यनादिवस्त्वंतरभूतमोहयुक्तत्वान्मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरिति त्रिविधः परिणामविकारः। स तु तस्य स्फटिकस्वच्छताया इव परतोपि प्रभवन् दृष्टः। यथा हि स्फटिकस्वच्छतायाःस्वरूपपरिणामसमर्थत्वे सति कदाचिन्नीलहरितपीततमालकदलीकांचनपात्रोपाश्रययुक्तत्वान्नीलो हरितः पीत इति त्रिविधः परिणामविकारो दृष्टस्तथोपयोगस्यानादिमिथ्यादर्शनाज्ञानाविरतिस्वभाववस्त्वंतरभूतमोहयुक्तत्वान्मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरिति त्रिविधः परिणामविकारो दृष्टव्यः ॥ ८९ ॥

भावं तथैवोदयागतद्रव्यकर्मनिमित्तं लब्ध्वा स्वशुद्धात्मभावनोत्थवास्तवसुखास्वादमवेदयन्सन् तमेव कर्मोदयजनितस्वकीयरागादिभाव वेदयत्यनुभवति। न च द्रव्यकर्मरूपपरभावमित्यभिप्रायः। अथ चिद्रूपानात्मभावानात्मा करोति तथैवाचिद्रूपान् द्रव्यकर्मादिपरभावान् परः पुद्गलः करोतीत्याख्याति;—**मिच्छत्तं पुण दुविहं जीवमजीवं** मिथ्यात्वं पुनर्द्विविधं जीवस्वभावमजीवस्वभावं च **तहेव अण्णाणं अविरदि जोगो मोहो कोहादीया इमे भावा** तथैव चाज्ञान-

---

टीका—जो निश्चय से मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादि अजीव हैं, अमूर्तिक चैतन्य के परिणाम से अन्य हैं मूर्तिक हैं वे तो पुद्गल कर्म हैं और जो मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादि जीव हैं वे मूर्तिक पुद्गलकर्म से अन्य हैं, चैतन्यपरिणाम के विकार हैं। ८८ ॥

प्रश्न—जीव मिथ्यात्वादि चैतन्यपरिणाम का विकार किस कारण है ? **उत्तर**—**[मोहयुक्तस्य]** अनादि से मोहयुक्त होने से **[उपयोगस्य]** उपयोग के **[अनादयः]** अनादि से लेकर **[त्रयः परिणामाः]** तीन परिणाम हैं वे **[मिथ्यात्वं]** मिथ्यात्व **[अज्ञानं]** अज्ञान **[च अविरतिभावः]** और अविरतिभाव ये तीन **[ज्ञातव्यः]** जानना चाहिये ।

टीका—निश्चय से समस्त वस्तुओं का अपने स्वरसपरिणमन से स्वभावभूत स्वरूप परिणाम में समर्थता होने पर भी आत्मा के उपयोग के अनादि से ही अन्य वस्तुभूत मोहयुक्त होने से मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति ऐसे तीन प्रकार परिणाम के विकार हैं। ये, जैसे स्फटिकमणि की स्वच्छता में पर के डंक से परिणाम विकार हुआ देखा जाता है, उसी प्रकार हैं। जैसे स्फटिक की स्वच्छता में अपना स्वरूप उज्जवलतारूप परिणाम की सामर्थ्य होने पर भी किसी समय काला, हरा, पीला जो तमाल, केला, कंचन के पात्र समीपवर्ती आश्रय की युक्तता से नीला, हरा, पीला ऐसा तीन प्रकार परिणाम का

अथात्मनस्त्रिविधपरिणामविकारस्य कर्तृत्वं दर्शयतिः—

एएसु य उवओगो तिविहो सुद्धो णिरंजणो भावो।
जं सो करेदि भावं उवओगो तस्स सो कत्ता ॥ ९० ॥

एतेषु चोपयोगस्त्रिविधः शुद्धो निरंजनो भावः।
यं स करोति भावमुपयोगस्तस्य स कर्ता ॥ ९० ॥

अथैवमयमनादिवस्त्वंतरभूतमोहयुक्तत्वादात्मन्युत्प्लवमानेषु मिथ्यादर्शनाज्ञानाविरतिभावेषु परिणामविकारेषु त्रिष्वेतेषु निमित्तभूतेषु परमार्थतः शुद्धनिरंजनानादिनिधनवस्तु सर्वस्वभूतचिन्मात्रभावत्वेनैकविधोऽप्यशुद्धसांजनानेकभावत्वमापद्यमानस्त्रिविधो भूत्वा स्वयमज्ञानीभूतः

मविरतिर्योगो मोह क्रोधादयोऽमी भावा. पर्याया जीवरूपा अजीवरूपाश्च भवति मयूरमुकुरंदवत्। तद्यथा—यथा मयूरेण भाव्यमाना अनुभूयमानानीलपीताद्याकारविशेषा मयूरशरीराकारपरिणता मयूर एव चेतना एव तथा निर्मलात्मानुभूतिच्युतजीवेन भाव्यमाना अनुभूयमाना सुखदुःखादिविकल्पा जीव एवाशुद्धनिश्चयेन चेतना एव। यथा च मुकुरंदेन स्वच्छतारूपेण भाव्यमानाः प्रकाशमानमुखप्रतिबिंबादिविकारा मुकुरंद एव अचेतना एव तथा कर्मवर्गणायोग्यपुद्गलद्रव्येणोपादानभूतेन क्रियमाणा ज्ञानावरणादिद्रव्यकर्मपर्याया. पुद्गल एव अचेतना एवेति ॥ ८७ ॥ अथ कतिविधौ जीवाजीवाविति पृष्ठे प्रत्युत्तरमाह ;—**पुग्गलकम्मं मिच्छं जोगो अविरदि अणाणमज्जीवं** पुद्गलकर्मरूपं मिथ्यात्वं योगोऽविरतिरज्ञानमित्यजीवः। **उवओगो अण्णाणं अविरदि मिच्छत्त जीवो दु** उपयोगरूपो भावरूपः शुद्धात्मादितत्त्वभावविषये विपरीतपरिच्छित्तिविकारपरिणामो जीवस्याज्ञान निर्विकारस्वसंवित्तिविपरीताव्रतपरिणामविकारोऽविरति.। विपरीताभिनिवेशोपयोगविकाररूपं शुद्धजीवादिपदार्थविषये विपरीतश्रद्धान मिथ्यात्वमिति जीवः। जीव इति कोर्थः। जीवरूपाभावप्रत्यया इति ॥ ८८ ॥ अथ शुद्धचैतन्यस्वभावजीवस्य कथ मिथ्यादर्शनादिविकारो जात इति चेत्;—**उवओगस्स अणाई परिणामा तिण्णि** उपयोगलक्षणत्वादुपयोग आत्मा तस्य संबंधित्वेनादिसंतानापेक्षया त्रयः परिणामा ज्ञातव्याः। कथंभूतस्य तस्य। **मोहजुत्तस्स** मोहयुक्तस्य। के ते परिणामाः। **मिच्छत्तं अण्णाणं अविरदिभावो य णादव्वो** मिथ्यात्वमज्ञानमविरतिभावश्चेति ज्ञातव्य इति। तथाहि-यद्यपि शुद्धनिश्चयन-

---

विकार दीखता है, उसी प्रकार आत्मा के उपयोग के अनादि मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति स्वभावरूप अन्य वस्तुभूत मोह की युक्तता मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति ऐसे तीन प्रकार परिणाम विकार जानना ॥

भावार्थ—आत्मा के उपयोग में ये तीन प्रकार के परिणाम विकार अनादि कर्म के निमित्त से हैं, ऐसा नहीं कि पहले आत्मा शुद्ध ही था, अब यह नवीन अशुद्ध हुआ है। ऐसा हो तो सिद्धों को भी नवीन अशुद्ध होना चाहिये किन्तु ऐसा नहीं है ॥ ८९ ॥

अब आत्मा के इन तीन प्रकार के परिणाम विकारों का कर्तृत्व दिखलाते हैं;— **[एतेषु च]** मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति इन तीनों का अनादि से निमित्त होने पर **[उपयोगः]** आत्मा का उपयोग **[शुद्धः]** शुद्धनय से एक शुद्ध **[निरंजनः]** निरंजन है तोभी **[त्रिविधः भावः]** मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इस तरह तीन प्रकार परिणामवाला है। **[सः]** वह आत्मा **[यं]** इन तीनों में से जिस **[भावं]** भाव को

कर्तृत्वमुपढौकमानो विकारेण परिणम्य यं यं भावमात्मनः करोति तस्य तस्य किलोपयोगः कर्ता स्यात् ॥ ९० ॥

अथात्मनस्त्रिविधपरिणामविकारकर्तृत्वे सति पुद्गलद्रव्यं स्वत एव कर्मत्वेन परिणमतीत्याहः—

जं कुणइ भावमादा कत्ता सो होदि तस्स भावस्स ।
कम्मत्तं परिणमदे तह्मि सयं पुग्गलं दव्वं ॥ ९१ ॥

यं करोति भावमात्मा कर्त्ता स भवति तस्य भावस्य ।
कर्मत्वं परिणमते तस्मिन् स्वयं पुद्गलद्रव्यं ॥ ९१ ॥

येन शुद्धबुद्धैकस्वभावो जीवस्तथाप्यनादिमोहनीयादिकर्मबंधवशान्मिथ्यात्वाज्ञानाविरतिरूपास्त्रयः परिणामविकाराः संभवंति । तत्र शुद्धजीवस्वरूपमुपादेयं मिथ्यात्वादिविकारपरिणामा हेया इति भावार्थः ॥ ८९ ॥ अथात्मनो मिथ्यात्वादित्रिविधपरिणामविकारस्य कर्तृत्वमुपदिशति;—**एदेसु य** एतेषु च मिथ्यादर्शनज्ञानचारित्रेषूदयागतेषु निमित्तभूतेषु सत्सु **उवओगो** ज्ञानदर्शनोपयोगलक्षणत्वादुपयोग आत्मा **तिविहो** कृष्णनीलपीतत्रिविधोपाधिपरिणतस्फटिकवत्त्रिविधो भवति । परमार्थेन तु **सुद्धो** शुद्धो रागादिभावकर्मरहितः **णिरंजणो** निरंजनो ज्ञानावरणादिद्रव्यकर्मांजनरहितः । पुनश्च कथंभूतः । **भावो**

[करोति] स्वयं करता है **[तस्य]** उसी का **[सः]** वह **[कर्ता]** कर्ता **[भवति]** होता है ।

टीका—पहली गाथा मे कहे गये जो तीन प्रकार के उपयोग के परिणाम हैं वे अब पूर्वोक्त प्रकार अनादि अन्य वस्तुभूतमोहसहित होने से आत्मा में उत्पन्न हुए जो मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति भावरूप तीन परिणाम विकार उनके निमित्त कारण होने से, आत्मा का स्वभाव परमार्थ से देखा जाय तो शुद्ध, निरंजन, एक, अनादिनिधन वस्तु का सर्वस्वभूत चैतन्यभावरूप से एक प्रकार है, तो भी अशुद्ध सांजन अनेक भावपने को प्राप्त हुआ तीन प्रकार होकर आप अज्ञानी हुआ कर्तृत्व को प्राप्त होता हुआ विकार रूप परिणाम से जिस जिस भाव को आप करता है, उस उस भाव का उपयोग निश्चय से कर्ता होता है ।

भावार्थ—पहले कहा था कि जो परिणमन करे, वह कर्ता है सो यहां अज्ञानरूप होकर उपयोग से परिणमन करता है, वह जिस रूप परिणमन करता है, उसी का कर्ता कहा जाता है । शुद्ध द्रव्यार्थिकनय से आत्मा कर्ता नहीं है । यहां उपयोग को कर्ता जानना, उपयोग और आत्मा एक ही वस्तु है, इसलिये आत्मा को ही कर्ता कहा जाता है ॥ ९० ॥

आगे आत्मा के तीन प्रकार परिणाम विकार का कर्तापना होने पर पुद्गलद्रव्य आप ही कर्मत्व रूप होकर परिणमन करता है, ऐसा कहते हैं :—**[आत्मा]** आत्मा **[यं भावं]** जिस भाव को **[करोति]** करता है **[तस्य भावस्य]** उस भाव का **[कर्ता]** कर्ता **[सः]** आप **[भवति]** होता है **[तस्मिन्]** उसके कर्ता होने पर **[पुद्गलद्रव्यं]** पुद्गलद्रव्य **[स्वयं]** अपने आप **[कर्मत्वं]** कर्मरूप **[परिणमते]** परिणमन करता है ।

आत्मा ह्यात्मना तथापरिणमनेन यं भावं किल करोति तस्यायं कर्ता स्यात्साधकवत् तस्मिन्निमित्ते सति पुद्गलद्रव्यं कर्मत्वेन स्वयमेव परिणमते। तथाहि–यथा साधकः किल तथाविधध्यानभावेनात्मना परिणममानो ध्यानस्य कर्ता स्यात्। तस्मिंस्तु ध्यानभावे सकलसाध्यभावानुकूलतया निमित्तमात्रीभूते सति साधकं कर्तारमन्तरेणापि स्वयमेव बाध्यंते विषव्याप्तयो, विडंब्यंते योषितो, ध्वंस्यंते बंधास्तथायमज्ञानादात्मा मिथ्यादर्शनादिभावेनात्मना परिणममानो मिथ्यादर्शनादिभावस्य कर्ता स्यात्। तस्मिंस्तु मिथ्यादर्शनादौ भावे स्वानुकूलतया निमित्तमात्रीभूते सत्यात्मानं कर्तारमंतरेणापि पुद्गलद्रव्यं मोहनीयादिकर्मत्वेन स्वयमेव परिणमते ॥ ९१ ॥

भाव. पदार्थ: अखडैकप्रतिभासमयज्ञानस्वभावेनैकविधोपि पूर्वोक्तमिथ्यादर्शनज्ञानचारित्रपरिणामविकारेण त्रिविधो भूत्वा **जं सो करेदि भावं** यं परिणाम करोति स आत्मा **उवओगो** चैतन्यानुविधायिपरिणाम उपयोगो भण्यते तल्लक्षणत्वादुपयोगरूप.। **तस्स सो कत्ता** निर्विकारस्वसवेदनज्ञानपरिणामच्युत. सन् तस्यैव मिथ्यात्वादित्रिविधविकारपरिणामस्य कर्ता भवति। न च द्रव्यकर्मण इति भाव: ॥ ९० ॥

अथात्मनो मिथ्यात्वादित्रिविधपरिणामविकारकर्तृत्वे सति कर्मवर्गणायोग्यपुद्गलद्रव्यं स्वत एवोपादानरूपेण कर्मत्वेन परिणमतीति कथयति:—**जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स भावस्स** यं भावं मिथ्यात्वादिविकारपरिणामं शुद्धस्वभावच्युत: सन् आत्मा करोति तस्य भावस्य स कर्ता भवति **कम्मत्तं परिणमदे तम्हि सयं पुग्गलं दव्वं** तस्मिन्नेव त्रिविधविकारपरिणामकर्तृत्वे सति कर्मवर्गणायोग्यपुद्गलद्रव्य स्वयमेवोपादानरूपेण द्रव्यकर्मत्वेन परिणमति। किंवत् गारुडादिमंत्रपरिणतपुरुषपरिणामे सति देशांतरे स्वयमेव तत्पुरुषव्यापारमंतरेणापि

टीका—आत्मा निश्चय से आप ही उस प्रकार परिणमन कर प्रगटरूप से जिस भाव को करता है उसी का वह कर्ता होता है मंत्र साधने वाले की तरह। तथा उस आत्मा को वैसा निमित्त होने पर पुद्गलद्रव्य कर्मभाव रूप आप ही परिणमन करता है। जैसे मंत्र साधने वाला पुरुष जिस प्रकार के ध्यानरूपभाव से स्वयं परिणमन करता है, उसी ध्यान का कर्ता होता है। और जो समस्त उस साधक के साधने योग्य वस्तु उसकी अनुकूलता से उस ध्यानभाव के निमित्तमात्र होने पर उस साधक के विना ही अन्य सर्पादिक की विष की व्याप्ति स्वयमेव मिट जाती है, स्त्रीजन विडंबना रूप हो जाती है और बंधन खुल जाते हैं। इत्यादि कार्य मंत्र के ध्यान की सामर्थ्य से हो जाते हैं। उसी प्रकार यह आत्मा अज्ञान से मिथ्यादर्शनादिभाव से परिणमन करता हुआ मिथ्यादर्शनादिभाव का कर्ता होता है, तब उस मिथ्यादर्शनादिभाव को अपने करने की अनुकूलता से निमित्तमात्र होने पर आत्मा कर्ता के विना पुद्गलद्रव्य आप ही मोहनीयादि कर्मरूप से परिणमन करता है।

भावार्थ—आत्मा जब अज्ञानरूप परिणमन करता है, तब किसी से ममत्व करता है, किसी से राग करता है, किसी से द्वेष करता है, उन भावों का आप कर्ता होता है। उसके निमित्तमात्र होने पर पुद्गलद्रव्य आप अपने भाव से कर्मरूप होकर परिणमन करता है। परस्पर निमित्तनैमित्तिक भाव है। कर्ता दोनों अपने-अपने भाव के हैं, यह निश्चय है ॥ ९१ ॥

अज्ञानादेव कर्म प्रभवतीति तात्पर्यमाह;—

परमप्पाणं कुव्वं अप्पाणं पि य परं करिंतो सो ।
अण्णाणमओ जीवो कम्माणं कारगो होदि ॥ ९२ ॥

परमात्मानं कुर्वन्नात्मानमपि च परं कुर्वन् सः ।
अज्ञानमयो जीवः कर्मणां कारको भवति ॥ ९२ ॥

अयं किलाज्ञानेनात्मा परात्मनोः परस्परविशेषानिर्ज्ञाने सति परमात्मानं कुर्वन्नात्मानं च परं कुर्वन्स्वयमज्ञानमयीभूतः कर्मणां कर्ता प्रतिभाति । तथाहि—तथाविधानुभवसंपादनसमर्थायाः रागद्वेषसुखदुःखादिरूपायाः पुद्गलपरिणामावस्थायाः शीतोष्णानुभवसंपादनसमर्थायाः शीतोष्णायाः पुद्गलपरिणामावस्थाया इव पुद्गलादभिन्नत्वेनात्मनो नित्यमेवात्यंतभिन्नायास्तन्निमित्ततथा-विधानुभवस्य चात्मनोऽभिन्नत्वेन पुद्गलान्नित्यमेवात्यंतभिन्नस्याज्ञानात्परस्परविशेषानिर्ज्ञाने

विषापहारबंधविध्वंसस्त्रीविडंबनादिपरिणामवत् । तथैव च मिथ्यात्वरागादिविभावविनाशकाले निश्चयरत्नत्रयरूपशुद्धोपयो-गपरिणामे सति गारुडमंत्रस्यसामर्थ्येन निर्बीजविषवत् स्वयमेव नीरसीभूय पूर्वबद्धं द्रव्यकर्म जीवात्पृथग्भूत्वा निर्जरां गच्छतीति भावार्थः । एवं स्वतंत्रव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथाषट्कं गतं ॥ ९१ ॥ अथ निश्चयेन वीतरागस्वसंवेदनज्ञानस्याभाव एवाज्ञानं भण्यते । तस्मादज्ञानादेव कर्म प्रभवतीति तात्पर्यमाह;—**परं** परद्रव्यं भावकर्मद्रव्यकर्मरूपं **अप्पाणं कुव्वदि** परद्रव्या-त्मनोर्भेदज्ञानाभावादात्मानं करोति **अप्पाणं पि य परं करंतो** शुद्धात्मानं च परं करोति यः **सो अण्णाणमओ जीवो कम्माणं कारगो होदि** स चाज्ञानमयो जीवः कर्मणां कर्ता भवति । तद्यथा—यथा कोपि पुरुषः शीतोष्ण-रूपायाः पुद्गलपरिणामावस्थायास्तथाविधशीतोष्णानुभवस्य चैकत्वाभ्यासाद्भेदमजानन् शीतोहमुष्णोहमिति प्रकारेण

अज्ञान से ही कर्म होता है यह स्पष्ट करते हुए कहते हैं;—यह[**जीवः**]जीव[**अज्ञानमयः**]स्वयं अज्ञानी हुआ [**परं**] पर को [**आत्मानं कुर्वन्**] अपने करता है [**च**] और [**आत्मानं अपि**] अपने को [**परं**] पर के [**कुर्वन्**] करता है इस तरह [**सः**] वह [**कर्मणां**] कर्मों का [**कारकः**] कर्ता [**भवति**] होता है ।

टीका—यह आत्मा अज्ञान से पर के और अपने विशेष का भेदज्ञान न होने से पर को तो अपने करता है, और अपने को परके करता है, इस प्रकार स्वयं अज्ञानी हुआ कर्मों का कर्ता होता है । जैसे शीत उष्ण का अनुभव कराने में समर्थ जो पुद्गल परिणाम की शीत उष्ण अवस्था है वह पुद्गल से अभिन्न होने से आत्मा से नित्य ही अत्यंत भिन्न है, वैसे उस प्रकार का अनुभव कराने में समर्थ जो रागद्वेष सुखदुःखादिरूप पुद्गल परिणाम की अवस्था वह पुद्गल की अभिन्नता के कारण आत्मा से नित्य ही अत्यन्त भिन्न है । उस निमित्त से हुए उस प्रकार के रागद्वेषादिक के अनुभव का आत्मा से अभिन्नता के कारण पुद्गल से नित्य ही अत्यन्त भिन्नता है, तौ भी उस रागद्वेषादिक का और उसके अनुभव का अज्ञान से परस्पर भेदज्ञान होने से एकत्व के निश्चय से जिस प्रकार शीत उष्णरूप से आत्मा

सत्येकत्वाध्यासात् शीतोष्णरूपेणैवात्मना परिणमितुमशक्येन रागद्वेषसुखदुःखादिरूपेणाज्ञानात्मना परिणममानो ज्ञानस्याज्ञानत्वं प्रकटीकुर्वन्स्वयमज्ञानमयीभूत एषोहं रज्ये इत्यादिविधिना रागादेः कर्मणो (ज्ञानविरुद्धस्य) कर्ता प्रतिभाति ॥ ९२ ॥

ज्ञानात्तु न कर्म प्रभवतीत्याह;—

परमप्पाणमकुव्वं अप्पाणं पि य परं अकुव्वंतो ॥
सो णाणमओ जीवो कम्माणमकारओ होदि ॥ ९३ ॥

परमात्मानमकुर्वन्नात्मानमपि च परमकुर्वन् ।
स ज्ञानमयो जीवः कर्मणामकारको भवति ॥ ९३ ॥

अयं किल ज्ञानादात्मा परात्मनोः परस्परविशेषनिर्ज्ञाने सति परमात्मानमकुर्वन्नात्मानं च परमकुर्वन्स्वयं ज्ञानमयीभूतः कर्मणामकर्ता प्रतिभाति । तथाहि—तथाविधानुभवसंपादन-

---

शीतोष्णपरिणतेः कर्ता भवति । तथा जीवोपि निजशुद्धात्मानुभूतेर्भिन्नाया उदयागतपुद्गलपरिणामावस्थायास्तन्निमित्त-सुखदुःखानुभवस्य चैकत्वाध्यवसायारोपात् परद्रव्यात्मनोः समस्तरागादिविकल्परहितस्वसंवेदनज्ञानाभावाद्भेदमजानन्नहं सुखी दुःखीति प्रकारेण परिणामस्कर्मणां कर्ता भवतीति भावार्थः ॥ ९२ ॥ अथ वीतरागस्वसंवेदनज्ञानात्सकाशात्कर्म न प्रभवतीत्याह;—**परं** परं परद्रव्यं बहिर्विषये देहादिकमभ्यंतरे रागादिकं भावकर्मरूपं द्रव्यकर्मरूपं वा **अप्पाणमकुव्वी** भेदविज्ञानबलेनात्मानमकुर्वन्नात्मसम्बन्धमकुर्वन् **अप्पाणं पि य परं अकुव्वंतो** शुद्धद्रव्यगुणपर्यायस्वभावं निजा-

---

परिणमन करता है, उसी प्रकार रागद्वेष सुख-दुःखादिरूप भी अपने आप परिणमन करने में असमर्थ है तौ भी रागद्वेषादिक पुद्गल परिणाम की अवस्था को उसके अनुभव का निमित्त मात्र होने से अज्ञान स्वरूप रागद्वेषादिरूप परिणमन करता हुआ अपने ज्ञान की अज्ञानता को प्रकट करता आप अज्ञानी हुआ 'यह मैं रागी हूं' इत्यादि विधान कर रागादिककर्म का कर्ता प्रतिभासित होता है ।

भावार्थ—रागद्वेष सुख-दुःखादि अवस्था पुद्गलकर्म के उदय का स्वाद है, अतः यह पुद्गल कर्म से अभिन्न है, आत्मा से अत्यन्त भिन्न है । आत्मा को अज्ञान से इसका भेदज्ञान नहीं है; इसलिए ऐसा जानता है कि यह स्वाद मेरा ही है; क्योंकि ज्ञान की स्वच्छता ऐसी ही है कि रागद्वेषादि का स्वाद शीत उष्ण की तरह ज्ञान में प्रतिबिम्बित होता है तब ऐसा मालूम होता है, कि मानों ये ज्ञान ही हैं । इस कारण ऐसे अज्ञान से इस अज्ञानी जीव के इनका कर्तृत्व भी आया । क्योंकि इसके ऐसी मान्यता हुई । मैं रागी हूं, द्वेषी हूं, क्रोधी हूं मानी हूं इत्यादि । इस प्रकार वह परका कर्ता होता है ॥ ९२ ॥

अब ऐसा कहते हैं कि ज्ञान से कर्म नहीं उत्पन्न होता;—**[जीवः]** जो जीव **[आत्मानं]** अपने को **[परं]** पर **[अकुर्वन्]** नहीं करता **[च]** और **[परं]** परको **[आत्मानं अपि]** अपने रूप भी **[अकुर्वन्]** नहीं करता **[स जीवः]** वह जीव **[ज्ञानमयः]** ज्ञानमय है **[कर्मणां]** कर्मों का **[अकारकः]** करने वाला नहीं **[भवति]** है ।

समर्थायाः रागद्वेषसुखदुःखादिरूपायाः पुद्गलपरिणामावस्थायाः शीतोष्णानुभवसंपादनसमर्थायाः शीतोष्णायाः पुद्गलपरिणामावस्थाया इव पुद्गलादभिन्नत्वेनात्मनो नित्यमेवात्यंतभिन्नायास्तन्निमित्ततथाविधानुभवस्य चात्मनोऽभिन्नत्वेन पुद्गलान्नित्यमेवात्यंतभिन्नस्य ज्ञानात्परस्परविशेषनिर्ज्ञाने सति नानात्वविवेकाच्छीतोष्णरूपेणैवात्मना परिणमितुमशक्येन रागद्वेषसुखदुःखादिरूपेणाज्ञानात्मना मनागप्यपरिणममानो ज्ञानस्य ज्ञानत्वं प्रकटीकुर्वन् स्वयं ज्ञानमयीभूतः एषोहं जानाम्येव, रज्यते तु पुद्गल इत्यादिविधिना समग्रस्यापिरागादेः कर्मणो ज्ञानविरुद्धस्याकर्ता प्रतिभाति ॥ ९३ ॥

ता कम्मोदयहेदूहिं विणा जीवस्स परिणामो ॥ १३८ ॥ (युग्मम्)

जीवस्य तु कर्मणा च सह परिणामाः खलु भवंति रागादयः ।
एवं जीवः कर्म च द्वे अपि रागादित्वमापन्ने ॥ १३७ ॥
एकस्य तु परिणामो जायते जीवस्य रागादिभिः ।
तत्कर्मोदयहेतुभिर्विना जीवस्य परिणामः ॥ १३८ ॥

उदयागतेषु द्रव्यप्रत्ययेषु यदि जीवः स्वस्वभावं मुक्त्वा रागादिरूपेण भावप्रत्ययेन परिणमतीति तदा बंधो भवतीति नैवोदयमात्रेण घोरोपसर्गेपि पांडवादिवत्, यदि पुनरुदयमात्रेण बंधो भवति तदा सर्वदैव संसारएव । कस्मादिति चेत्, संसारिणां सर्वदैव कर्मोदयस्य विद्यमानत्वात् । इति पुण्यपापादिसप्तपदार्थानां पीठिकारूपे महाधिकारेऽज्ञानिभावः पंचप्रत्ययरूपेण शुद्धात्मस्वरूपच्युतानां जीवाना बंधकारणं भवतीति व्याख्यानमुख्यत्वेन पंचगाथाभिः सप्तमोन्तराधिकारः समाप्तः ॥ १३२।१३३।१३४।१३५।१३६ ॥ अतः परं जीवपुद्गलयोः परस्परोपादानकारणनिषेधमुख्यत्वेन गाथात्रयमित्यष्टमांतराधिकारे समुदायपातनिका । अथ निश्चयेन कर्मपुद्गलात्पृथग्भूत एव जीवस्य परिणाम इति प्रतिपादयति;—

हुआ ज्ञानावरण आदि भावों से अष्टप्रकार स्वयमेव परिणमता है । यह ज्ञानावरणादिक रूप कर्मवर्गणा रूप प्राप्त हुआ जब जीव में निबद्ध होता है, तब जीव स्वयमेव अपने अज्ञान भाव से पर और आत्मा के एकत्व का निश्चय कर अज्ञानमय अतत्व श्रद्धानादिक अपने परिणामस्वरूप भावों का कारण होता है ।

भावार्थ—अज्ञानभाव के भेदरूप जो मिथ्यात्व, अविरत, कषाय, योग रूप परिणाम हैं, वे पुद्गल के परिणाम हैं । वे ज्ञानावरणादि आगामी कर्मबंध के कारण हैं । और जीव उन मिथ्यात्वादिभावों के उदय होने से अपने अज्ञानभाव से अतत्वश्रद्धानादि भावों के रूप में परिणमन करता है, और उन अपने अज्ञान रूप भावों का कारण होता है ॥ १३२।१३३।१३४।१३५।१३६ ॥

इसी प्रकार जीव का परिणाम भी पुद्गल द्रव्य से पृथक् ही है—यदि ऐसा माना जाय कि **[जीवस्य]** जीव के **[परिणामाः]** परिणाम **[रागादयः]** रागादिक हैं वे **[खलु]** निश्चय से

यदि जीवस्य तन्निमित्तभूतविपच्यमानपुद्गलकर्मणा सहैव रागाद्यज्ञानपरिणामो भवतीति वितर्कः तदा जीवपुद्गलकर्मणोः सहभूतसुधाहरिद्रयोरिव द्वयोरपि रागाद्यज्ञानपरिणामापत्तिः । अथ चैकस्यैव जीवस्य भवति रागाद्यज्ञानपरिणामः ततः पुद्गलकर्मविपाकाद्धेतोः पृथग्भूतो जीवस्य परिणामः ॥ १३७।१३८ ॥

जीवस्स दु कम्मेण य सह परिणामा दु होंति रागादी यदि जीवस्योपादानकारणभूतस्य कर्मोदयेनोपादानभूतेन सह रागादिपरिणामा भवंति । **एवं जीवो कम्मं च दोवि रागादिमावण्णा** एवं द्वयोर्जीवपुद्गलयोः रागादिपरिणामानामुपादानकारणत्वे सति सुधाहरिद्रयोरिव द्वयोरागित्वं प्राप्नोति । तथा सति पुद्गलस्य चेतनत्वं प्राप्नोति स च प्रत्यक्षविरोध इति । अथ—**एकस्स दु परिणामो जायदि जीवस्स रागमादीहिं** अथाभिप्रायो भवतां पूर्वंदूषणभयादेकस्य जीवस्यैकांतेनोपादानकारणस्य रागादिपरिणामो जायते **ता कम्मोदयहेदूहिं विणा जीवस्स परिणामो** तस्मादिदं दूषणं कर्मोदयहेतुभिर्विनापि शुद्धजीवस्य रागादिपरिणामो जायते स च प्रत्यक्षविरोध आगमविरोधश्च । अथवा द्वितीयव्याख्यानं एकस्य जीवस्योपादानकारणभूतस्य कर्मोदयोपादानहेतुभिर्विना रागादिपरिणामो यदि भवति तदा सम्मतमेव । किं च द्रव्यकर्मणामनुपचरितासद्भूतव्यवहारेण कर्ता जीवः रागादिभावकर्मणामशुद्धनिश्चयेन । स चाशुद्धनिश्चयः यद्यपि द्रव्यकर्मकर्तृत्वविषयभूतस्यानुपचरितासद्भूतव्यवहारस्यापेक्षया निश्चयसंज्ञां लभते, तथापि शुद्धात्मद्रव्यविषयभूतस्य शुद्धनिश्चयस्यापेक्षया वस्तुवृत्त्या व्यवहार एवेति भावार्थः ॥ १३७।१३८ ॥ अथ निश्चयेन जीवात्पृथग्भूत एव पुद्गलकर्मणः परिणाम इति निरूपयति,—**एकस्स परिणामो पुग्गलदव्वस्स**

[कर्मणा च सह] कर्म के साथ होते हैं **[एवं तु]** इस प्रकार तो **[जीवःच कर्म]** जीव और कर्म **[द्वे अपि]** ये दोनों ही **[रागादित्वं आपन्ने]** रागादि परिणाम को प्राप्त हो जांय । अतः यह सिद्ध हुआ कि **[रागादिभिः]** इन रागादिकों से **[एकस्य जीवस्य तु]** एक जीव का ही **[परिणामः]** परिणाम **[जायते]** उत्पन्न होता है **[तत्]** वह **[कर्मोदय हेतुंविना]** कर्म के उदय रूप निमित्त कारण से पृथक् **[जीवस्य परिणामः]** एक जीव का ही परिणाम है ।

टीका—यदि जीव का रागादि अज्ञान परिणाम अपने निमित्तभूत उदय में आये पुद्गल कर्म के साथ ही होता है, यह तर्क किया जाय तो जीव और पुद्गल कर्म दोनो के ही हल्दी और फिटकिरी की भांति (जैसे रंग मे हल्दी और फिटकिरी साथ डालने से उन दोनों का एक रंग स्वरूप परिणाम होता है वैसे) रागादि अज्ञान परिणाम का प्रसग आ जायगा (किन्तु ऐसा इष्ट नही है) । यदि यही माना जाय कि रागादि अज्ञान परिणाम की प्राप्ति एक जीव के ही होती है तो इस हेतु से ऐसा आया कि पुद्गल कर्म का उदय जीव के रागादि अज्ञान परिणामों का कारण है, अतः उससे पृथग्भूत ही जीव का परिणाम है ।

भावार्थ—पुद्गलकर्म के उदय के साथ ही जीव का परिणाम माना जाय तो जीव और कर्म इन दोनों के रागादिक की प्राप्ति आ जाय । किन्तु ऐसा नहीं है । इसलिये पुद्गलकर्म का उदय जीव के अज्ञान रूप रागादि परिणामों को निमित्त है । उस निमित्त से भिन्न ही जीव का परिणाम है ॥ १३७।१३८ ॥

जीवात्पृथग्भूत एव पुद्‌गलद्रव्यस्य परिणामः

जइ जीवेण सहच्चिय पुग्गलदव्वस्स कम्मपरिणामो ।
एवं पुग्गलजीवा हु दोवि कम्मत्तमावण्णा ॥१३९॥
एकस्स दु परिणामो पुग्गलदव्वस्स कम्मभावेण ॥
ता जीवभावहेदूहिं विणा कम्मस्स परिणामो ॥१४०॥ युग्मम्

यदि जीवेन सह चैव पुद्‌गलद्रव्यस्य कर्मपरिणामः ।
एवं पुद्‌गलजीवौ खलु द्वावपि कर्मत्वमापन्नौ ॥१३९॥
एकस्य तु परिणामः पुद्‌गलद्रव्यस्य कर्मभावेन ।
तज्जीवभावहेतुभिर्विना कर्मणः परिणामः ॥१४०॥

यदि पुद्‌गलद्रव्यस्य तन्निमित्तभूतरागाद्यज्ञानपरिणामपरिणतजीवेन सहैव कर्मपरिणामो भवतीति वितर्कः तदा पुद्‌गलद्रव्यजीवयोः सहभूतहरिद्रासुधयोरिव द्वयोरपि कर्मपरिणामापत्तिः ।

कम्मभावेण एकस्योपादानभूतस्य कर्मवर्गणायोग्यपुद्‌गलद्रव्यस्य द्रव्यकर्मरूपेण परिणामः यत एवं **ता जीवभावहेदूहिं विणा कम्मस्स परिणामो** तस्मात्कारणाज्जीवगतमिथ्यात्वरागादिपरिणामोपादानहेतुभिर्विनापि द्रव्यकर्मणः परिणामः

आगे कहते हैं कि पुद्‌गलद्रव्य का परिणाम जीव से पृथक् ही है:—**[यदि]** यदि **[जीवेन सह चैव]** जीव के साथ ही **[पुद्‌गलद्रव्यस्य]** पुद्‌गलद्रव्य का **[कर्मपरिणामः]** कर्मरूप परिणाम होता है, ऐसा माना जाय तो **[एवं]** इस प्रकार **[पुद्‌गलजीवौ द्वौ अपि]** पुद्‌गल और जीव दोनों **[खलु]** ही **[कर्मत्वं आपन्नौ]** कर्मत्व को प्राप्त हो जायें **[तु]** तथा **[एकस्य]** एक **[पुद्‌गलद्रव्यस्य]** पुद्‌गलद्रव्य का **[कर्मभावेन]** कर्मरूप से **[परिणामः]** परिणाम होता है **[तत्]** इस लिये **[जीवभावहेतुभिः विना]** जीवभाव निमित्तकारण से पृथक् **[कर्मणः]** कर्म का **[परिणामः]** परिणाम है ।

टीका—पुद्‌गलद्रव्य का कर्मपरिणाम उसके निमित्तभूत रागादि अज्ञान परिणाम रूप परिणत जीव के साथ ही होता है, यदि यह तर्क किया जाय तो जैसे हल्दी और फिटकरी दोनों का साथ ही रंग का परिणाम होता है, उसी प्रकार पुद्‌गलद्रव्य और जीव दोनों के ही कर्म परिणाम की प्राप्ति का प्रसंग आ जाय । किन्तु यह बात नहीं है । अतः यह सिद्ध होता है कि कर्म परिणाम पुद्‌गलद्रव्य का ही है । इस कारण जीव के रागादि स्वरूप अज्ञान परिणाम कर्म के निमित्त कारण हैं । उनसे पृथक् ही पुद्‌गल कर्म का परिणाम है ।

भावार्थ—यदि पुद्‌गलद्रव्य का कर्म परिणाम होना जीव के साथ ही माना जाय तो दोनों के ही कर्मपरिणाम का प्रसंग आ जाय । अतः जीव का अज्ञान रूप रागादि परिणाम कर्म का निमित्त है । इस कारण पुद्‌गलकर्म परिणाम जीव से पृथक् ही है ॥१३९॥१४०॥

अथ चैकस्यैव पुद्गलद्रव्यस्य भवति कर्मत्वपरिणामः ततो रागादिजीवाज्ञानपरिणामाद्धेतोः पृथग्भूत एव पुद्गलकर्मणः परिणामः ॥१३६॥१४०॥

तत:किमात्मनि बद्धस्पृष्टं किमबद्धस्पृष्टं कर्मेति नयविभागेनाह—

जीवे कम्मं बद्धं पुट्ठं चेदि ववहारणयभणिदं ।
सुद्धणयस्स दु जीवे अबद्धपुट्ठं हवइ कम्मं ॥१४१॥

जीवे कर्म बद्धं स्पृष्टं चेति व्यवहारनयभणितं ।
शुद्धनयस्य तु जीवे अबद्धस्पृष्टं भवति कर्म ॥१४१॥

जीवपुद्गलकर्मणोरेकबंधपर्यायत्वेन तदात्वेव्यतिरेकाभावाज्जीवे बद्धस्पृष्टं कर्मेति व्यवहारनयपक्षः। जीवपुद्गलकर्मणोरनेकद्रव्यत्वेनात्यंतव्यतिरेकाज्जीवेऽबद्धस्पृष्टं कर्मेति निश्चयनयपक्षः ॥१४१॥

स्यात् ॥१३६।१४०॥ इति पुण्यपापादिसप्तपदार्थाना पीठिकारूपे महाधिकारे जीवकर्मपुद्गलपरस्परोपादानकारणनिषेधमुख्यतया गाथात्रयेणाष्टमोन्तराधिकार. समाप्तः। अथानंतरं व्यवहारेण बद्धो निश्चयेनाबद्धो जीव इत्यादिविकल्परूपेण नयपक्षपातेन स्वीकारेण रहितं शुद्धपारिणामिकपरमभावग्राहकेन शुद्धद्रव्यार्थिकनयेन पुण्यपापादिपदार्थेभ्यो भिन्नं शुद्धसमयसारं गाथाचतुष्टयेन कथयतीति नवमेंतराधिकारे समुदायपातनिका। तद्यथा। अथ किमात्मनि बद्धस्पृष्टं किमबद्धस्पृष्टं कर्मेति प्रश्ने सति नयविभागेन परिहारमाह;—**जीवे कम्मं बद्धं पुट्ठं चेदि ववहारणयभणिदं** जीवेऽधिकरणभूते बद्धसंश्लेषरूपेण क्षीरनीरवत्सबद्धं स्पृष्टं योगमात्रेण लग्नं च कर्मेति व्यवहारनयपक्षो व्यवहारनयाभिप्रायः। **सुद्धणयस्स दु जीवे अबद्धपुट्ठं हवइ कम्मं** शुद्धनयस्याभिप्रायेण पुनर्जीवेधिकरणभूते अबद्धं स्पृष्टं कर्म इति निश्चयव्यवहारनयद्वयविकल्परूपं शुद्धात्मस्वरूपं न भवतीति भावार्थः ॥१४१॥ अथ यस्माद्बद्धाबद्धादिविकल्परूपं नयस्वरूपमुक्तं तस्माच्छुद्धपारिणामिकपरमभावग्राहकेण शुद्धद्रव्यार्थिकनयेन बद्धाबद्धादिनयविकल्परूपो जीवो न भवतीति प्रतिपादयति;—**कम्मं बद्धमबद्धं जीवे एवं तु जाण णयपक्खं** जीवेधिकरणभूते कर्म बद्धमबद्धं चेति योऽसौ विकल्पः स उभयोपि नय-

---

आगे पूछते है कि आत्मा मे कर्म बद्धस्पृष्ट है कि अबद्धस्पृष्ट ? उसका उत्तर नयविभाग से कहते है;—**[जीवे]** जीव मे **[कर्म]** कर्म **[बद्धं]** बद्ध है अर्थात् जीव के प्रदेशों से बंधा हुआ है **[च]** तथा **[स्पृष्टः]** स्पर्शता है **[इति]** ऐसा **[व्यवहारनयभणितं]** व्यवहारनय का वचन है **[तु]** और **[जीवे]** जीव में **[कर्म]** कर्म **[अबद्धस्पृष्टं]** अबद्धस्पृष्ट **[भवति]** है अर्थात् न बँधता है न स्पर्शता है ऐसा **[शुद्धनयस्य]** शुद्धनयका वचन है।

टीका—जीव और पुद्गल कर्म के एक बंध पर्यायरूप से देखा जाय तो उस समय भिन्नता का अभाव है, वहां जीव में कर्म बंधते भी है, स्पर्शते भी है ऐसा कहना तो व्यवहारनय का पक्ष है और जीव तथा पुद्गल कर्म के अनेक द्रव्यत्वरूप से देखा जाय तो अत्यंत भिन्नता है, इसलिये जीव में कर्म बद्धस्पृष्ट नहीं है ऐसा कहना निश्चयनय का पक्ष है ॥१४१॥

ततः किं—

कम्मं बद्धमबद्धं जीवे एवं तु जाण णयपक्खं।
पक्खातिक्कंतो पुण भण्णदि जो सो समयसारो ॥ १४२ ॥

कर्म बद्धमबद्धं जीवे एवं तु जानीहि नयपक्षं।
पक्षातिक्रांतः पुनर्भण्यते यः स समयसारः ॥ १४२ ॥

यः किल जीवे बद्धं कर्मेति यश्च जीवेऽबद्धं कर्मेति विकल्पः स द्वितयोपि हि नयपक्षः। य एवैनमतिक्रामति स एव सकलविकल्पातिक्रांतः स्वयं निर्विकल्पैकविज्ञानघनस्वभावो भूत्वा साक्षात्समयसारः संभवति। तत्र यस्तावज्जीवे बद्धं कर्मेति विकल्पयति स जीवेऽबद्धं कर्मेति एकं पक्षमतिक्रामन्नपि न विकल्पमतिक्रामति। यस्तु जीवेऽबद्धं कर्मेति विकल्पयति सोपि जीवे बद्धं कर्मेत्येकं पक्षमतिक्रामन्नपि न विकल्पमतिक्रामति। यः पुनर्जीवे बद्धमबद्धं च कर्मेति विकल्पयति

पक्षपातः स्वीकार इत्यर्थः पक्खातिक्कंतो पुण भण्णदि जो सो समयसारो नयपक्षातिक्रांतो भण्यते यः स समयसारः शुद्धात्मा। तद्यथा—व्यवहारेण बद्धो जीव इति नयविकल्पः शुद्धजीवस्वरूपं न भवति निश्चयेनाबद्धो जीव

आगे कहते हैं कि ये दोनों नयपक्ष हैं उनसे क्या होता है?— **[जीवे]** जीव में **[कर्म]** कर्म **[बद्धं]** बंधे हुए हैं अथवा **[अबद्धं]** नहीं बंधे हुए हैं **[एवं तु]** इस प्रकार तो **[नयपक्षं]** नयपक्ष **[जानीहि]** जानो **[पुनः यः]** और जो **[पक्षातिक्रांतः]** पक्ष से दूरवर्ती **[भण्यते]** कहा जाता है **[सः समयसारः]** यह समयसार है, निर्विकल्प शुद्ध आत्मतत्त्व है।

टीका—जो निश्चयकर जीव में कर्म बंधे हुए हैं ऐसा कहना तथा जीव में कर्म नही बंधे हुए हैं ऐसा कहना ये दोनों ही विकल्प नयपक्ष हैं। जो इस नयपक्ष के विकल्प को लांघ कर वर्तता है अर्थात् छोड़ता है, वही समस्त विकल्पों से दूर रहता है। वही आप निर्विकल्प एक विज्ञानघनस्वभावरूप होकर साक्षात् समयसार हो जाता है। प्रथम तो जो जीव में कर्म बंधा है ऐसा विकल्प करता है वह 'जीव में कर्म नहीं बंधा है' ऐसा एक पक्षको छोड़ता हुआ भी विकल्प को नहीं छोड़ता। और जो जीव में कर्म नहीं बंधा है ऐसा विकल्प करता है वह 'जीव में कर्म बंधा है' ऐसे विकल्प रूप एक पक्ष को छोड़ता हुआ भी विकल्प को नहीं छोड़ता, और जो जीव में कर्म बंधा भी है तथा नहीं भी बंधा है ऐसा विकल्प करता है वह उन दोनों ही नयपक्षों को नहीं छोड़ता हुआ विकल्प को नहीं छोड़ता। इसलिये जो सभी नयपक्षों को छोड़ता है, वही समस्त विकल्पों को छोड़ता है तथा वही समयसार का अनुभव करता है।

भावार्थ—जीव कर्मों से बंधा हुआ भी है तथा नहीं बंधा भी है, ये दोनों नयपक्ष हैं। उनमें से किसी ने तो बंध पक्ष को पकड़ा, उसने भी विकल्प ही ग्रहण किया; किसी ने अबंधपक्ष स्वीकार किया,

स तु तं द्वितयमपि पक्षमनतिक्रामन्न विकल्पमतिक्रामति । ततो य एव समस्तनयपक्षमतिक्रामति स एव समस्तं विकल्पमतिक्रामति । य एव समस्तं विकल्पमतिक्रामति स एव समयसारं विंदति । यद्येवं तर्हि को हि नाम नयपक्षसंन्यासभावनां न नाटयति ॥ १४२ ॥

य एव मुक्त्वा नयपक्षपातं स्वरूपगुप्ता निवसंति नित्यं ।
विकल्पजालच्युतशांतचित्तास्त एव साक्षादमृतं पिबंति ॥ ६९ ॥
एकस्य बद्धो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७० ॥

इति च नयविकल्पः शुद्धजीवस्वरूपं न भवति निश्चयव्यवहाराभ्या बद्धाबद्धजीव इति वचनविकल्पः शुद्धजीवस्वरूपं न भवति । कस्मादिति चेत् ? श्रुतविकल्पा नया इति वचनात् । श्रुतज्ञानं च क्षायोपशमिकं क्षायोपशमस्तु ज्ञानावरणीयक्षयोपशमजनितत्वात् । यद्यपि व्यवहारनयेन छद्मस्थापेक्षया जीवस्वरूपं भण्यते तथापि केवलज्ञानापेक्षयाशुद्धजीव-

---

उसने भी विकल्प ही लिया और किसी ने दोनों पक्ष लिए, उसने भी पक्ष का ही विकल्प ग्रहण किया । परंतु ऐसे विकल्पों को छोड़ जो किसी भी पक्ष को नहीं पकड़ता, वही शुद्ध पदार्थ का स्वरूप जान, उस रूप समयसार शुद्ध आत्मा को पाता है । नयों का पक्ष पकड़ना राग है, सो सब नय पक्षों को छोड़ वीतराग समयसार हो जाता है ॥ १४२ ॥

प्रश्न—यदि ऐसा है तो नयपक्ष के त्याग की भावना को कौन नृत्य कराता है ? उसका उत्तर रूप काव्य कहते हैं—**य एव** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष नय के पक्षपात को छोड़कर अपने स्वरूप में गुप्त होकर निरंतर स्थिर होते हैं, वे ही पुरुष विकल्प के जाल से रहित शांतचित्त हुए साक्षात् अमृत को पीते हैं ।

भावार्थ—जब तक कुछ पक्षपात रहता है, तब तक चित्त का क्षोभ नहीं मिटता । जब सब नयों का पक्षपात मिट जाय, तब वीतराग दशा होकर स्वरूप की श्रद्धा निर्विकल्प होती है और स्वरूप में प्रवृत्ति होती है ॥ ६९ ॥

अब नयपक्ष को प्रकट कर कहते हैं कि जो उसको छोड़ता है, वह तत्वज्ञानी होकर स्वरूप को पाता है, ऐसे अर्थ के कलशरूप बीस काव्य कहते हैं—**एकस्य** इत्यादि । **अर्थ**—एक नय का तो ऐसा पक्ष है कि यह चिन्मात्र जीव कर्म से बंधा हुआ है और दूसरे नयका पक्ष ऐसा है कि कर्म से नहीं बंधा । इस तरह दो नयों के दो पक्ष हैं । इस तरह दोनों नयों का जिसके पक्षपात है, वह तत्त्ववेदी नहीं है और जो तत्त्ववेदी है, वह पक्षपात से रहित है, उस पुरुष का चिन्मात्र आत्मा चिन्मात्र ही है, उसमें पक्षपात से कल्पना नहीं करता है ।

भावार्थ—यहां शुद्धनय को प्रधान कर कथन है । वहां जीवनाम पदार्थ को शुद्ध, नित्य अभेद, चैतन्य मात्र स्थापन कर कहते हैं कि जो इस शुद्ध नयका भी पक्षपात करेगा, वह भी उस स्वरूप के स्वाद को नहीं पावेगा । अशुद्ध पक्ष की तो क्या बात है, शुद्ध नयका भी पक्षपात करेगा तो पक्ष का

एकस्य मूढो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७१ ॥
एकस्य रक्तो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७२ ॥
एकस्य दुष्टो (द्विष्टो) न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७३ ॥
एकस्य कर्ता न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७४ ॥
एकस्य भोक्ता न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७५॥
एकस्य जीवो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७६॥

स्वरूपं न भवति। तर्हि कथंभूतं जीवस्वरूपमिति चेत्? योसौ नयपक्षपातरहितस्वसंवेदनज्ञानी तस्याभिप्रायेण बद्धाबद्धमूढामूढादिनयविकल्परहितं चिदानंदैकस्वभावं जीवस्वरूपं भवतीति। तथा चोक्तं—

य एवमुक्त्वा नयपक्षपातं स्वरूपगुप्ता निवसंति नित्यं। विकल्पजालच्युतशांतचित्तास्त एव साक्षादमृतं पिबंति ॥६६॥

राग नहीं मिटेगा, तब वीतरागता नहीं होगी। इसलिये पक्षपात को छोड़ चिन्मात्रस्वरूप में लीन होने पर ही समयसार को पा सकता है। चैतन्य के परिणाम परनिमित्त से अनेक होते हैं, उन सबको गौण कर कहा गया है। इसलिये सब पक्षको छोड़ शुद्धस्वरूप का श्रद्धान कर स्वरूप में प्रवृत्तिरूप चारित्र होने से वीतराग दशा करनी योग्य है ॥७०॥

जैसे बद्ध अबद्ध पक्ष छुड़ाई थी उसी तरह अन्य पक्ष को प्रकट कहकर छुड़ाते हैं। **एकस्य** इत्यादि **अर्थ**—एक नयका यह पक्ष है कि जीव मोही है और दूसरी नयका यह पक्ष है कि मोही नहीं है। इस तरह ये दोनों ही चैतन्य में पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी है, वह पक्षपात रहित है, उसके चित् चित् ही है, मोही अमोही नहीं है ॥७१॥

एकस्य—इत्यादि। **अर्थ**—एक नयका तो ऐसा पक्ष है कि यह जीव रागी है और दूसरे नयका ऐसा पक्षपात है कि रागी नहीं है। ये दोनों ही चैतन्य में नय के पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी है, वह पक्षपातरहित है, जो चित् है, वह चित् ही है ॥७२॥

एकस्य दुष्टो इत्यादि १७ काव्यों का **अर्थ**—एक नय के तो द्वेषी है ऐसा पक्ष है और दूसरे नय के द्वेषी नहीं है। ऐसे ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं। एक नयके कर्ता है, दूसरे नय के कर्ता नहीं है, ऐसे ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं। एक नयके भोक्ता है, दूसरे नय के भोक्ता नहीं है। ये चैतन्य में दो नयों के दो पक्षपात हैं। एक नय के जीव है, दूसरे नय के जीव नहीं है।

एकस्य सूक्ष्मो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७७॥
एकस्य हेतुर्न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७८॥
एकस्य कार्यं न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७९॥
एकस्य भावो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८०॥
एकस्य चैको न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८१॥
एकस्य [1]सांतो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८२॥
एकस्य नित्यो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८३॥
एकस्य वाच्यो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८४॥
एकस्य नाना न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८५॥
एकस्य चेत्यो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८६॥

एकस्य बद्धो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७०॥

ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं। एक नयके सूक्ष्म है, दूसरे नयके सूक्ष्म नहीं है, ऐसे ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं। एक नयके हेतु है, दूसरे नयके हेतु नहीं है, ये चैतन्य में० ॥ एक नयके कार्य है, दूसरे नयके कार्य नहीं है ये चैतन्य में० ॥ एक नयके भावरूप है दूसरे नयके अभाव रूप है ये चैतन्य में० ॥ एक नयके एक है, दूसरे नयके अनेक है ये चैतन्य में० ॥ एक नयके सांत है, दूसरे नयके अंत सहित नहीं है ये चैतन्य में० ॥ एक नयके नित्य है दूसरे नयके अनित्य है ये चैतन्य में० ॥ एक नयके वाच्य है, दूसरे नयके वचनगोचर नहीं है ये चैतन्य में० ॥ एक नयके नाना रूप है, दूसरे नयके नाना रूप नहीं है ये चैतन्य में० ॥ एक नयकेचेत्य अर्थात् जानने योग्य है, दूसरे नयके चेतने योग्य नहीं है ये चैतन्यमें० ॥

---

१. "शांतो" इत्यपि पाठः ।

एकस्य दृश्यो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ८७ ॥
एकस्य वेद्यो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ८८ ॥
एकस्य भातो न तथा परस्य चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ८९ ॥
स्वेच्छासमुच्छलदनल्पविकल्पजालामेवं व्यतीत्य महतीं नयपक्षकक्षां ।
अंतर्बहिः समरसैकरसस्वभावं स्वं भावमेकमुपयात्यनुभूतिमात्रं ॥ ९० ॥
इंद्रजालमिदमेवमुच्छलत्पुष्कलोच्चलविकल्पवीचिभिः ।
यस्य विस्फुरणमेव तत्क्षणं कृत्स्नमस्यति तदस्मि चिन्महः ॥ ९१ ॥

समयाख्यानकाले या बुद्धिर्नयद्वयात्मिका । वर्तते बुद्धतत्त्वस्य सा स्वस्थस्य निवर्तते । हेयोपादेयतत्त्वे तु विनिश्चित्य नयद्वयात् । त्यक्त्वा हेयमुपादेयेऽवस्थानं साधुसम्मतं ॥ १४२ ॥ अथ नयपक्षातिक्रांतस्य शुद्धजीवस्य किंस्वरूपमिति पृष्टे

एक नयके दृश्य है दूसरे के देखने में नहीं आता ये चैतन्य में० ॥ एक नयके वेद्य (वेदने योग्य) है दूसरे के वेदने में नहीं आता, ये चैतन्य में० ॥ एक नयके वर्तमान प्रत्यक्ष है, दूसरे के नहीं, ये दोनों नयो के चैतन्य में दो पक्षपात हैं । इस प्रकार चैतन्य सामान्य में ये सब पक्षपात हैं । जो तत्त्ववेदी है, वह स्वरूप को यथार्थ अनुभव करने वाला है, उसका चिन्मात्र भाव है, वह चिन्मात्र ही है, पक्षपात से रहित है ।

भावार्थ—जीव के परनिमित्त से अनेक परिणाम होते हैं और इसमें साधारण अनेक धर्म हैं तो भी असाधारण धर्म चित्स्वभाव है । वही सामान्य भाव से शुद्धनय का विषय है, उसी को प्रधान कर कथन है । सो इसके साक्षात् अनुभव के लिये ऐसा कहा है कि इसमें नयों के अनेक पक्षपात उत्पन्न होते हैं । बद्ध-अबद्ध, मूढ़-अमूढ़, रागी-विरागी, द्वेषी-अद्वेषी, कर्ता-अकर्ता, भोक्ता-अभोक्ता, जीव-अजीव, सूक्ष्म-स्थूल, कारण-अकारण, कार्य-अकार्य, भाव-अभाव, एक-अनेक, शांत-अशांत, नित्य-अनित्य, वाच्य-अवाच्य, नाना-अनाना, चेत्य-अचेत्य, दृश्य-अदृश्य, वेद्य-अवेद्य, भात-अभात इत्यादि नयों के पक्षपात हैं । सो तत्त्व का अनुभव करने वाला पक्षपात नहीं करता, नयों को यथायोग्य विवक्षा से साधता है और चैतन्य को चेतनमात्र ही अनुभव करता है ॥ ७३ से ८९ ॥

इसी अर्थ को संक्षेप कर काव्य कहते हैं—**स्वेच्छा** इत्यादि । **अर्थ**—जो तत्त्व का जानने वाला पुरुष है, वह पूर्व कही हुई रीति से जिसमें बहुत विकल्पों के जाल अपने आप उठते हैं ऐसा जो बड़ा नय-पक्षरूप वन, उसको लांघ कर जिसमें वीतरागभाव ही एक रस है, ऐसे स्वभाव वाले अनुभूतिमात्र आत्मा के भावरूप अपने स्वरूप को प्राप्त होता है ॥ ९० ॥

फिर कहते हैं—**इंद्रजाल** इत्यादि । **अर्थ**—तत्त्ववेदी ऐसा अनुभव करता है कि मैं चिन्मात्र महातेज का पुंज हूं, जिसका स्फुरायमान होना ही, बहुत बड़ी पुष्ट उठती चंचल विकल्परूप जो लहरें उनसे

पक्षातिक्रांतस्य किंस्वरूपमिति चेत्—

दोराहवि रायारा भणियं जाणइ णवरिं तु समयपडिबद्धो ।
ण दु णयपक्खं गिराहदि किंचिवि णयपक्खपरिहीणो ॥ १४३ ॥

द्वयोरपि नययोर्भणितं जानाति केवलं तु समयप्रतिबद्धः ।
न तु नयपक्षं गृह्णाति किंचिदपि नयपक्षपरिहीनः ॥ १४३ ॥

यथा खलु भगवान्केवली श्रुतज्ञानावयवभूतयोर्व्यवहारनिश्चयनयपक्षयोः विश्वसाक्षितया केवलं स्वरूपमेव जानाति न तु सततमुल्लसितसहजविमलसकलकेवलज्ञानतया नित्यं स्वयमेव विज्ञानघनभूतत्वाच्छ्रुतज्ञानभूमिकातिक्रांततया समस्तनयपक्षपरिग्रहदूरीभूतत्वात्कंचनापि नयपक्षं परिगृह्णाति । तथा किल यः श्रुतज्ञानावयवभूतयोर्व्यवहारनिश्चयनयपक्षयोः क्षयोपशमविजृम्भित-श्रुतज्ञानात्मकविकल्पप्रत्युद्गमनेपि [1]परपरिग्रहप्रतिनिवृत्तौत्सुक्यतया स्वरूपमेव केवलं जानाति न तु

सति पुनर्विशेषेण कथयति;—योसौ नयपक्षपातरहितः स्वसंवेदनज्ञानी तस्याभिप्रायेण बद्धाबद्धमूढामूढादिनयविकल्परहितं चिदानंदैकस्वभावं । **दोराहवि रायारा भणियं जाणइ** यथा भगवान् केवली निश्चयव्यवहाराभ्यां द्वाभ्यां भणितमर्थं द्रव्यपर्यायरूपं जानाति । **णवरं तु समयपरिबद्धो** तथापि नवरि केवल सहजपरमानंदैकस्वभावस्य समयस्य प्रतिबद्ध

उछलता हुआ इन नयों के प्रवर्तनरूप इन्द्रजाल, उस सब को तत्काल ही दूर करता है ।

भावार्थ—चैतन्य का अनुभव ऐसा है कि इसके होने से समस्त नयों का विकल्परूप इन्द्रजाल उसी समय विलय हो जाता है ॥ ९१ ॥

आगे पूछते हैं कि जो पक्ष से दूरवर्ती है उसका क्या स्वरूप है ? उसका उत्तर रूप गाथा कहते हैं,—जो पुरुष **[समयप्रतिबद्धः]** अपने शुद्धात्मा से प्रतिबद्ध है आत्मा को जानता है वह **[द्वयोरपि]** दोनों ही **[नययोः]** नयों के **[भणितं]** कथन को **[केवलं]** केवल **[जानाति तु]** जानता ही है **[तु]** परंतु **[नयपक्षं]** नयपक्ष को **[किंचिदपि]** कुछ भी **[न गृह्णाति]** नहीं गहरा करता क्योंकि वह **[नयपक्षपरिहीनः]** नयके पक्ष से रहित है ।

टीका—जैसे केवली भगवान सर्वज्ञ वीतराग समस्त वस्तुओं के साक्षीभूत है, ज्ञाता द्रष्टा हैं । सो श्रुतज्ञान के अवयवभूत जो व्यवहार निश्चय नयके पक्षरूप दो नय उनके केवल स्वरूप को जानते ही हैं परंतु किसी भी नयके पक्ष को नहीं ग्रहण करते । क्योंकि केवली भगवान निरंतर उदय रूप स्वाभाविक निर्मल केवल ज्ञान स्वभाव है इसलिये नित्य ही स्वयमेव विज्ञान घन स्वरूप हैं । इसीलिये श्रुतज्ञान की भूमिका से अतिक्रांत होने के कारण समस्त नयपक्षों के परिग्रह से दूरवर्ती हैं । उसी प्रकार जो मति श्रुतज्ञानी है, वह भी श्रुतज्ञान के अवयवभूत व्यवहार निश्चय रूप दोनों नयों के पक्ष के स्वरूप को केवल जानता है क्योंकि इसके क्षायोपशमिक ज्ञान है, उससे उत्पन्न श्रुतज्ञान स्वरूप विकल्पों की पुनः

---

१. पर परिग्रहं प्रति, पर परिग्रह परि, इत्यपि पाठौ ।

खरतरदृष्टिगृहीतसुनिस्तुषनित्योदितचिन्मयसमयप्रतिबद्धतया तदात्वे स्वयमेव विज्ञानघनभूतत्वात् श्रुतज्ञानात्मकसमस्तांतर्बहिर्जल्परूपविकल्पभूमिकातिक्रांततया समस्तनयपक्षपरिग्रहदूरीभूतत्वात्कंचनापि नयपक्षं परिगृह्णाति स खलु निखिलविकल्पेभ्यः परतरः परमात्मा ज्ञानात्मा प्रत्यग्ज्योतिरात्मख्यातिरूपोनुभूतिमात्रः समयसारः ॥ १४३ ॥

चित्स्वभावभर[1]भावितभावाऽभावभावपरमार्थतयैकं ।
बंधपद्धतिमपास्य समस्तां चेतये समयसारमपारं ॥ ९२ ॥

आधीनः सन् **णयपक्खपरिहीणो** सततसमुल्लसन् केवलज्ञानरूपतया श्रुताज्ञानावरणीयक्षयोपशमजनितविकल्पजालरूपान्नयद्वयपक्षपाताद्दूरीभूतत्वात् **ण दु णयपक्खं गिण्हदि किंचिवि** न तु नयपक्षं विकल्पं किमप्यात्मरूपतया गृह्णाति तथाप गणधरदेवादिछद्मस्थजनोपि नयद्वयोक्तं वस्तुस्वरूप जानाति तथापि नवरि केवलं चिदानंदैक-

---

उत्पत्ति होने पर भी ज्ञेयों के ग्रहण करने में उत्सुकता की निवृत्ति है। इस कारण नयों के स्वरूप का ज्ञाता ही है, वह किसी भी नय पक्ष को नहीं ग्रहण करता क्योंकि तीक्ष्ण ज्ञान दृष्टि से ग्रहण किया जिसका निर्मल नित्य उदय ऐसा चैतन्य स्वरूप अपना शुद्धात्मा उससे इसके प्रतिबद्धता है, उससे उस स्वरूप का अनुभव करने के समय स्वयमेव केवली की तरह विज्ञानघन रूप हुआ है। इसी से श्रुतज्ञान स्वरूप जो समस्त अंतरंग और बाह्य अक्षर स्वरूप विकल्प, उसकी भूमिका से अतिक्रांत होने से केवली की तरह समस्त नय पक्ष के ग्रहण से दूरीभूत है। ऐसा मतिश्रुतज्ञानी भी निश्चय से समस्त विकल्पों से दूरवर्ती परमात्मा, ज्ञानात्मा, प्रत्यग्ज्योति, आत्मख्यातिरूप अनुभूति मात्र समयसार है।

भावार्थ—जैसे केवली भगवान् सदा नय पक्षों के ज्ञाता और द्रष्टा हैं, वैसे श्रुतज्ञानी भी जिस समय समस्त नय पक्षों से रहित होकर शुद्ध चैतन्यमात्र भाव का अनुभव करता है, तब नय पक्ष का ज्ञाता ही है। एक नय का सर्वथा पक्ष ग्रहण करे तो मिथ्यात्व से मिला हुआ पक्ष का राग हो। तथा प्रयोजन के वश से एक नय को प्रधान कर ग्रहण करे तो मिथ्यात्व के विना चारित्र मोह के पक्ष से राग रहे और जब नय पक्ष को छोड़ वस्तु स्वरूप को केवल जानता ही हो, तब उस काल श्रुतज्ञानी भी केवली की तरह वीतराग के समान ही होता है ॥ १४३ ॥

इस अर्थ को मन में धारण कर तत्त्व वेदी ऐसा अनुभव करता है, ऐसे अर्थ रूप कहते हैं—**चित्स्वभाव** इत्यादि। **अर्थ**—मैं तत्व का जानने वाला परमात्मा का अनुभव करता हूं। जो समयसाररूप परमात्मा, चैतन्य स्वभाव के पुंज से भावित भाव अभावस्वरूप एक भाव रूप परमार्थ रूप से एक है, परमार्थ से विधि प्रतिषेध का विकल्प जिसमें नहीं है। पहले क्या करके अनुभव करता हूं? समस्त बंध की परिपाटी को दूर करके।

भावार्थ—परद्रव्य के कर्ताकर्मभाव से बंध की परिपाटी चल रही थी, उसको पहले दूरकर समयसार का अनुभव करता हूं, जो कि अपार है अर्थात् जिसके केवल ज्ञानादि गुण का पार नहीं है ॥९२॥

---

१. "भर" स्थाने "पर" इत्यपि पाठः।

पक्षातिक्रांत एव समयसार इत्यवतिष्ठते;—

सम्मद्दंसणणाणं एदं लहदित्ति णवरि ववदेसं ।
सव्वणयपक्खरहिदो भणिदो जो सो समयसारो ॥ १४४ ॥

सम्यग्दर्शनज्ञानमेतल्लभत इति केवलं व्यपदेशं ।
सर्वनयपक्षरहितो भणितो यः स समयसारः ॥ १४४ ॥

अयमेक एव केवलं सम्यग्दर्शनज्ञानव्यपदेशं किल लभते[1] । यः खल्वखिलनयपक्षाक्षुण्णतया विश्रांतसमस्तविकल्पव्यापारः स समयसारः । यतः प्रथमतः श्रुतज्ञानावष्टंभेन ज्ञानस्वभावमात्मानं निश्चित्य ततः खल्वात्मख्यातये परख्यातिहेतूनखिला एवेंद्रियानिन्द्रियबुद्धीरवधार्य आत्माभिमुखीकृतमतिज्ञानतत्त्वः, तथा नानाविधनयपक्षालंबनेनानेकविकल्पैराकुलयंतीः श्रुतज्ञान-

---

स्वभावस्य समयस्य प्रतिबद्ध आधीनः सन् श्रुतज्ञानावरणीयक्षयोपशमजनितविकल्पजालरूपान्नयद्वयपक्षपातात् शुद्धनिश्चयेन दूरीभूतत्वान्नयपक्षपातरूपं स्वीकारं विकल्पं निर्विकल्पसमाधिकाले शुद्धात्मस्वरूपतया न गृह्णाति ॥ १४३ ॥ अथ शुद्धपारिणामिकपरमभावग्राहकेण शुद्धद्रव्यार्थिकनयेन नयविकल्पस्वरूपसमस्तपक्षपातेनातिक्रांत एव समयसार इत्येव तिष्ठति **सव्वणयपक्खरहिदो भणिदो जो सो समयसारो** इन्द्रियानिंद्रियजनितबहिर्विषयसमस्तमतिज्ञानविकल्परहितः सन् बद्धाबद्धादिविकल्परूपनयपक्षपातरहितः[2] समयसारमनुभवन्नेव निर्विकल्पसमाधिस्थैः पुरुषैर्दृश्यते ज्ञायते च यत आत्मा ततः कारणात् **सम्मद्दंसणणाणं एदं लहदित्ति णवरि ववदेसं** नवरि केवलं सकलविमलकेवलदर्शनज्ञानरूपव्यपदेशं संज्ञां लभते । न च बद्धाबद्धादिव्यपदेशाविति । एवं निश्चयव्यवहारनयद्वयपक्षपातरहितशुद्धसमयसारव्याख्यानमुख्यतया गाथाचतुष्टयेन नवमोंतराधिकारः समाप्तः । इत्यनेन प्रकारेण **जाव ण वेदि विसेसं** इत्यादिगाथामादिं कृत्वा

यहां अब ऐसा नियम से सिद्ध करते हैं कि पक्ष से दूरवर्ती ही समयसार है,—**[यः]** जो **[सर्वनयपक्षरहितः]** सब नय पक्षों से रहित है **[सः]** वही **[समयसारः]** समयसार ऐसा **[भणितः]** कहा है । **[एषः]** यह समयसार ही **[केवलं]** केवल **[सम्यग्दर्शनज्ञानं]** सम्यग्दर्शन ज्ञान **[इति]** ऐसे **[व्यपदेशं]** नाम को **[लभते]** पाता है । (उसी के नाम हैं, वस्तु दो नहीं हैं) ।

टीका—जो निश्चय से समस्त नय पक्ष से भेदरूप न किया जाय, ऐसे चिन्मात्र भाव से जिसमें समस्त विकल्पों के व्यापार विलय हो गए हैं ऐसा समयसार शुद्ध स्वरूप है सो यही एक केवल सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान ऐसे नाम को पाता है । ये परमार्थ से एक ही हैं, क्योंकि आत्मा, प्रथम तो श्रुतज्ञान के अवलम्बन से ज्ञान स्वभाव आत्मा का निश्चय कर, पीछे निश्चय से आत्मा की प्रकट प्रसिद्धि होने के लिए आत्मा से पर पदार्थ के प्रकट होने का कारण जो इन्द्रिय और मन के द्वारा प्रवृत्ति रूप बुद्धि उसको गौण कर जिसने मतिज्ञान का स्वरूप आत्मा के सन्मुख किया है ऐसा होता है । और उसी प्रकार नाना प्रकार के नयों के पक्षों को अवलम्बन कर अनेक विकल्पों से आकुलता उत्पन्न कराने वाली श्रुतज्ञान की बुद्धि को भी गौण कर तथा श्रुतज्ञान को भी आत्म तत्व के स्वरूप में सन्मुख करता हुआ अत्यन्त

---

१. लभेत—इत्यपि पाठः । २. रहितं—इत्यपि पाठः ।

बुद्धीरप्यवधीर्य श्रुतज्ञानतत्त्वमप्यात्माभिमुखीकुर्वन्नत्यंतमविकल्पो भूत्वा झगित्येव स्वरसत एव व्यक्तीभवंतमादिमध्यांतविमुक्तमनाकुलमेकं केवलमखिलस्यापि विश्वस्योपरि तरंतमिवाखंडप्रतिभास-मयमनंतं विज्ञानघनं परमात्मानं समयसारं विंदन्नेवात्मा सम्यग्दृश्यते ज्ञायते च ततः सम्यग्दर्शनं ज्ञानं च समयसार एव ॥ १४४ ॥

आक्रामन्नविकल्पभावमचलं पक्षैर्नयानां विना,
सारो यः समयस्य भाति निभृतैरास्वाद्यमानः स्वयं ।
विज्ञानैकरसः स एष भगवान्पुण्यः पुराणः पुमान्,
ज्ञानं दर्शनमप्ययं किमथवा यत्किंचनैकोप्ययं ॥ ९३ ॥
दूरं भूरिविकल्पजालगहने भ्राम्यन्निजौघाच्च्युतो,
दूरादेव विवेकनिम्नगमनान्नीतो निजौघं बलात् ।

पाठक्रमेणाज्ञानिसज्ञानिजीवयो सक्षेपसूचनार्थं गाथाषट्क । तदनतरमज्ञानिसज्ञानिजीवयोर्विशेषव्याख्यानरूपेणैकादश गाथा । ततश्चेतनाचेतनकार्ययोरेकोपादानकर्तृत्वलक्षणद्विक्रियावादिनिराकरणमुख्यत्वेन गाथापचविंशति । तदनतरं

निर्विकल्परूप होकर तत्काल अपने निज रस से ही प्रकट हुआ आदि, मध्य और अन्त के भेद से रहित अनाकुल एक (केवल) समस्त पदार्थ समूहरूप लोक के ऊपर तैरता जैसा हो, उस तरह अखड प्रतिभास-मय, अविनाशी, अनतविज्ञान घनस्वरूप, परमात्मारूप समयसार का ही अनुभव करता सम्यक् प्रकार देखा जाता है, श्रद्धान किया जाता है, सम्यक् प्रकार जाना जाता है । इसलिये यही सम्यग्दर्शन है, यही सम्यग्ज्ञान है, ऐसा यही समयसार है ।

भावार्थ—आत्मा को पहले आगम ज्ञान से ज्ञान स्वरूप निश्चय कर पीछे इन्द्रियबुद्धिरूप मतिज्ञान को भी ज्ञानमात्र मे ही मिलाके श्रुतज्ञान रूप नयो के विकल्प मेट श्रुत ज्ञान को भी निर्विकल्प कर एक ज्ञानमात्र अखड प्रतिभास का अनुभव करना यही सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान नाम पाता है, कुछ पृथक् नही है ॥ १४४ ॥

अब इसी अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं—**आक्रामन्** इत्यादि । **अर्थ**—जो नयो के पक्ष विना निर्विकल्प भाव को प्राप्त हुआ निश्चय जैसा हो उस प्रकार समय (आगम, आत्मा) का सार सुशोभित होता है, जो निश्चित पुरुषो द्वारा स्वय आस्वाद्यमान है अर्थात् उन्होने अनुभव से जान लिया है वही यह भगवान्, जिसका विज्ञान ही एक रस है ऐसा पवित्र पुराण पुरुष है । इसको ज्ञान कहो अथवा दर्शन कहो अथवा कुछ अन्य नाम से कहो, जो कुछ है सो यह एक ही है, अनेक नामो से कहा जाता है ॥९३॥

अब कहते हैं कि यह आत्मा ज्ञान से च्युत हुआ था सो ज्ञान से ही आ मिलता है—**दूरं** इत्यादि । **अर्थ**—यह आत्मा अपने विज्ञानघन स्वभाव से च्युत हुआ बहुत विकल्पो के जाल के गहन वन में अत्यत

विज्ञानैकरसस्तदेकरसिनामात्मानमात्मा हरन्,
आत्मन्येव सदा गतानुगततामायात्ययं तोयवत् ॥ ९४ ॥
विकल्पकः परं कर्ता विकल्पः कर्म केवलं ।
न जातु कर्तृकर्मत्वं सविकल्पस्य नश्यति ॥ ९५ ॥
यः करोति स करोति केवलं यस्तु वेत्ति स तु वेत्ति केवलं ।
यः करोति न हि वेत्ति स क्वचित् यस्तु वेत्ति न करोति स क्वचित् ॥ ९६ ॥
ज्ञप्तिः करोतौ न हि भासतेऽन्तः ज्ञप्तौ करोतिश्च न भासतेंऽतः ।
ज्ञप्तिः करोतिश्च ततो विभिन्ने ज्ञाता न कर्तेति ततः स्थितं च ॥९७॥

प्रत्यया एव कर्म कुर्वंतीति समर्थनद्वारेण सूत्रसप्तक । ततश्च जीवपुद्गलकथंचित्परिणामित्वस्थापनमुख्यत्वेन सूत्राष्टकं । ततः परं ज्ञानमयाज्ञानमयपरिणामकथनमुख्यतया गाथानवकं । तदनंतरमज्ञानमयभावस्य मिथ्यात्वादिपंचप्रत्ययभेद-

---

भ्रमण करता था, उस भ्रमते हुए को विवेकरूप नीचे मार्ग में गमनकर जल की भांति अपने आप अपने विज्ञानघन स्वभाव मे दूर से आ मिला । कैसा है वह ? जो विज्ञान के रस के ही रसीले है उनको एक विज्ञान रूप स्वरूप ही है । ऐसा आत्मा अपने आत्मस्वभाव को अपने में ही समेटता जैसे बाह्य गया था उसी तरह अपने स्वभाव मे आकर प्राप्त होता है ।

भावार्थ—जैसे जल, जल के निवास में से किसी मार्ग से बाहर निकले तो वह वन में अनेक जगह भ्रमता है, फिर कोई नीचे मार्ग से जैसा का तैसा अपने जल के निवास मे आ मिलता है । उसी प्रकार आत्मा भी अनेक विकल्पों के मार्ग द्वारा स्वभाव मे च्युत हुआ भ्रमण करता कोई भेद ज्ञान रूप (विवेक) नीचे मार्ग मे अपने आप अपने को खीचता हुआ अपने स्वभाव रूप विज्ञानघन में आ मिलता है ॥ ९४ ॥

अब कर्ता कर्म अधिकार को पूर्ण करते हैं सो कर्ता कर्म के संक्षेप अर्थ के कलश रूप श्लोक कहते है—**विकल्पकः** इत्यादि । **अर्थ**—विकल्प करने वाला ही केवल कर्ता है और विकल्प केवल कर्म है, अन्य कुछ कर्ता कर्म नही है । इस कारण जो विकल्प सहित है, उसका कर्ता कर्मत्व कभी नष्ट नही होता ।

भावार्थ—जहां तक विकल्प भाव है, वहां तक कर्ता कर्मभाव है । जिस समय विकल्प का अभाव होता है उस समय कर्ता कर्मभाव का भी अभाव हो जाता है ॥ ९५ ॥

अब कहते हैं कि जो करता है वह करता ही है, जो जानता है वह जानता ही है—**यः करोति**—इत्यादि । **अर्थ**—जो करता है वह केवल करता ही है और जो जानता है वह केवल जानता ही है । जो करता है, वह कुछ जानता ही नहीं है और जो जानता है, वह कुछ भी नहीं करता है ॥ ९६ ॥

इसी प्रकार करने रूप क्रिया और जानने रूप क्रिया ये दोनों भिन्न हैं—**ज्ञप्तिः** इत्यादि । **अर्थ**—जानने रूप क्रिया करने रूप क्रिया के अन्दर नही प्रतिभासित होती और करने रूप क्रिया जानने रूप

कर्ता कर्मणि नास्ति नास्ति नियतं कर्मापि तत्कर्तरि,
द्वंद्वं विप्रतिषिध्यते यदि तदा का कर्तृकर्मस्थितिः ।
ज्ञाता ज्ञातरि कर्म कर्मणि सदा व्यक्तेति वस्तुस्थिति,
नैंपथ्ये बत नानटीति रभसा मोहस्तथाप्येष किं ॥९८॥

प्रतिपादनरूपेण गाथापंचकं। ततश्च जीवपुद्गलयो. परस्परोपादानकर्तृत्वनिषेधमुख्यत्वेन गाथात्रयं। तत परं नयपक्ष-पातरहितशुद्धसमयसारकथनरूपेण गाथाचतुष्टयं चेति समुदायेनाष्टाधिकसप्ततिगाथाभिर्नवभिरंतराधिकारै. ॥ १४४ ॥

क्रिया के अंतरंग में नहीं प्रतिभासित होती इसलिये ज्ञप्ति क्रिया और करोति क्रिया दोनों भिन्न हैं। इस कारण यह सिद्ध हुआ कि जो ज्ञाता है, वह कर्ता नहीं है।

भावार्थ—जिस समय ऐसा परिणमन करता है कि मैं परद्रव्य को करता हूं, उस समय तो उस परिणमन क्रिया का कर्ता ही है तथा जिस समय ऐसा परिणमन करता है कि मैं परद्रव्य को जानता हूं उस समय उस जानने क्रिया रूप ज्ञाता ही है। यहां कोई पूछे कि अविरत सम्यग्दृष्टि आदि के जब तक चारित्र मोह का उदय है तब तक कषायरूप परिणमन होता है, वहां कर्ता कहें या नही? उसका समाधान—जो अविरतसम्यग्दृष्टि आदि के श्रद्धान ज्ञानमय परद्रव्य के स्वामित्वरूप कर्तृत्वका अभिप्राय नहीं है परंतु उदय की जबरदस्ती से कषाय रूप परिणमन है, उसका यह ज्ञाता है इसलिये अज्ञान सम्बन्धी कर्तृत्व इसके नहीं है परन्तु निमित्त की जबरदस्ती के परिणमन का फल कुछ होता है वह संसार का कारण नही है। जैसे वृक्ष जड़ कटने के बाद किंचित् समय तक रहता है या नही भी रहता उसी प्रकार यहां भी जानना।

अब इसी को पुष्ट करते हैं—**कर्ता** इत्यादि। **अर्थ**—कर्ता तो कर्म में निश्चय से नही है और कर्म भी कर्ता में निश्चय से नही है। इस प्रकार दोनों का ही परस्पर विशेष से निषेध किया जाय तब कर्ता कर्म की क्या स्थिति हो सकती है? नहीं हो सकती। तब वस्तु की मर्यादा व्यक्त रूप यह सिद्ध हुई कि ज्ञाता तो सदा ज्ञान में ही है और कर्म है वह सदा कर्म में ही है। तो भी यह मोह (अज्ञान) नेपथ्य में क्यों नाचता है? यह बड़ा खेद है। नेपथ्य अर्थात् शांत ललित उदात्त धीर इन चार आचरणों सहित जो यह तत्त्वों का नृत्य उसमें यह मोह कैसे नाचता है? कर्ता कर्म भाव तो नेपथ्यस्वरूप नृत्य का आभूषण नहीं है इस प्रकार खेदसहित वचन आचार्य ने कहा है।

भावार्थ— कर्म तो पुद्गल है, उसका कर्ता जीव को कहा जाय तो उन दोनों में तो बडा भेद है, जीव तो पुद्गल में नहीं है और पुद्गल जीव में नहीं है, तब इन दोनों के कर्ता-कर्म भाव कैसे बन सकता है? इससे जीव तो ज्ञाता है सो ज्ञाता ही है, पुद्गल का कर्ता नहीं है। और पुद्गलकर्म है, वह कर्म ही है। वहां आचार्य ने खेद के साथ कहा है कि ऐसे प्रकट भिन्न द्रव्य हैं तो भी अज्ञानी का यह मोह कैसे नाचता है? कि 'मैं तो कर्ता हूं और यह पुद्गल मेरा कर्म है' यह बड़ा अज्ञान है ॥९८॥

अथवा नानट्यतां तथापि ।

कर्ता कर्ता भवति न यथा कर्म कर्मापि नैव ज्ञानं ज्ञानं भवति च यथा पुद्गलः पुद्गलोपि ।
ज्ञानज्योतिर्ज्वलितमचलं व्यक्तमंतस्तथोच्चैश्चिच्छक्तीनां निकरभरतोऽत्यंतगंभीरमेतत् ॥६६॥

इति जीवाजीवौ कर्तृकर्मवेषविमुक्तौ निष्क्रांतौ ॥

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ
कर्तृकर्मप्ररूपको द्वितीयोऽकः ॥२॥

इति श्रीजयसेनाचार्यकृतायां समयसारव्याख्याया शुद्धात्मानुभूतिलक्षणायां तात्पर्यवृत्ती
पुण्यपापादिसप्तपदार्थानां संबंधी पीठिकारूपस्तृतीयो महाधिकारः समाप्तः ॥२॥

फिर भी कहते हैं कि इस तरह मोह नाचे तो नाचो परंतु वस्तु का स्वरूप तो जैसा है वैसा ही रहता है—**कर्ता कर्ता** इत्यादि । **अर्थ**—यह ज्ञानज्योति अंतरंग में अतिशय से अपनी चैतन्यशक्ति के समूह के भार से अत्यंत गंभीर, जिसका थाह नहीं, इस प्रकार निश्चल व्यक्तरूप (प्रकट) हुआ तब पहले जैसे अज्ञान में आत्मा कर्ता था उस प्रकार अब कर्ता नहीं होता और इसके अज्ञान से जो पुद्गल कर्मरूप होता था, वह भी अब कर्मरूप नही होता किंतु ज्ञान तो ज्ञानरूप ही हुआ और पुद्गल पुद्गलरूप रहा, ऐसे प्रकट हुआ ।

भावार्थ—जब आत्मा ज्ञानी होता है तब ज्ञान तो ज्ञानरूप ही परिणमन करता है, पुद्गल कर्म का कर्ता नही बनता और पुद्गल पुद्गलरूप ही रहता है, कर्मरूप नहीं परिणमन करता । इस प्रकार आत्मा के यथार्थ ज्ञान होने से दोनों द्रव्यों के परिणामों में निमित्तनैमित्तक भाव नहीं होता, ऐसा सम्यग्दृष्टि के ज्ञान होता है ॥ ६६ ॥

इस प्रकार जीव और अजीव दोनों ने कर्ता कर्म के वेष मे एक होकर नृत्य के अखाड़े में प्रवेश किया था सो यथार्थ देखने वाले सम्यग्दृष्टि के ज्ञान ने दोनों पृथक् पृथक् लक्षण से दो जान लिये तब वे वेश दूरकर रग भूमि से बाहर निकल गये । क्योंकि बहुरूपिया के वेशकी यही प्रवृत्ति है कि देखने वाला जब तक नही पहचानता तब तक चेष्टा करता रहता है और जब यथार्थ पहचान ले तब वह निजरूप प्रगट कर चेष्टा नहीं करता, वैसा ही रहता है उसी भांति यहां भी जानना ।

सवैया—जीव अनादि अज्ञान वसाय विकार उपाय वर्णं करता सो, ताकरि बंधन आन तणूं फल ले सुख दुःख भवाश्रमवासो । ज्ञान भये करता न वने तब बंधन होय खुलै पर पासो, आतममांहि सदा सुविलास करै सिव पाय रहे निति थासो ॥१॥'' इस अधिकार की ७६ गाथा और कलसा ५५ तथा पहले अधिकार की गाथा ६८ और कलसा ४५ सब मिलकर गाथा १४४ और कलसा ६६ हुए ॥

इस प्रकार **पं० जयचंद्रजीकृत** इस समयसार ग्रंथ की आत्मख्याति नामा टीका की भाषा टीका में **कर्ता कर्म** नामा **दूसरा अधिकार पूर्ण** हुआ ॥२॥

अथ पुण्यपापाधिकारः ॥ ३ ॥

अथैकमेव कर्म द्विपात्रीभूय पुण्यपापरूपेण प्रविशति—

तदथ कर्म शुभाशुभभेदतो, द्वितयतां गतमैक्यमुपानयन् ।
ग्लपितनिर्भरमोहरजा अयं, स्वयमुदेत्यवबोधसुधाप्लवः ॥ १०० ॥

एको दूरात्त्यजति मदिरां ब्राह्मणत्वाभिमानादन्यः शूद्रः स्वयमहमिति स्नाति नित्यं तयैव ।
द्वावप्येतौ युगपदुदरान्निर्गतौ शूद्रिकायाः शूद्रौ साक्षादथ[1] च चरतो जातिभेदभ्रमेण ॥ १०१ ॥

तत्रैवं सति जीवाजीवाधिकाररंगभूमौ नृत्यानंतरं शृङ्गारपात्रयोः परस्परपृथग्भाववत् शुद्धनिश्चयेन जीवाजीवौ

दोहा—पुण्यपाप दोऊ करम, बंधरूप दुर मानि ।
शुद्ध आत्मा जिन लह्यो, नमूं चरन हित जानि ॥

अब टीकाकार के वचन कहते हैं—कर्म एक प्रकार ही है वह पुण्य पाप दो रूपों से प्रवेश करता है । जैसे नृत्य के अखाड़े में एक ही पुरुष अपने दो रूप दिखला कर नाच करे, उसको यथार्थज्ञानी पहचाने तब एक ही जानता है उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि का ज्ञान यथार्थ है । यद्यपि कर्म एक ही है वही पुण्यपाप भेद से दो भेदरूप नाचता है, उसको ज्ञान एक रूप पहचान लेता है उसी ज्ञान की महिमा रूप इस अधिकार के आदि में काव्य कहते हैं—**तदथ** इत्यादि । **अर्थ**—कर्ता कर्म अधिकार के बाद यह प्रत्यक्ष अनुभव गोचर सम्यग्ज्ञान रूप चन्द्रमा स्वयं उदय को प्राप्त होता है । वह ज्ञान, शुभ अशुभ के भेद से द्विरूपता को प्राप्त हुए कर्म के एकत्व को प्राप्त करता हुआ उदय होता है ।

भावार्थ—अज्ञान से कर्म एक भी दो प्रकार से दीखता था, उसे ज्ञान ने एक प्रकार दिखला दिया । जिस ज्ञान ने अतिशय मोहमयी रज दूर कर दी है अर्थात् ज्ञान में मोहरूपी रज लगी हुई थी, वह दूर कर दी तब यथार्थ ज्ञान हुआ । जैसे चन्द्रमा के सामने बादल अथवा पाले का समूह आ जाय तब यथार्थ प्रकाश नही होता, आवरण दूर होनेपर यथार्थ प्रकाश होता है, उसी भांति यहां भी जानना॥१००॥

आगे पुण्यपाप के स्वरूप का दृष्टांत रूप काव्य कहते हैं—**एको दूरात्** इत्यादि । **अर्थ**—किसी शूद्री स्त्री के उदर से एक ही समय दो पुत्र पैदा हुए । उनमें से एक तो ब्राह्मण के घर पला, उसके ब्राह्मणत्व का अभिमान हुआ कि मै ब्राह्मण हूं, उस अभिमान से मद्य को दूर से ही छोड़ देता है, छूता भी नहीं है । तथा दूसरा पुत्र उस शूद्र के घर ही रहा इसलिये 'मै शूद्र हूं' ऐसा मान कर उस मदिरा से नित्य स्नान करता है, उसे शुद्ध मानता है । जब इसका परमार्थ विचारा जाय तब दोनों ही शूद्री के पुत्र हैं क्योंकि दोनों ही शूद्री के उदर से जन्मे हैं, इस कारण साक्षात् शूद्र हैं । वे जातिभेद के भ्रम से आचरण करते हैं । इसी प्रकार पुण्य पाप कर्म जानना । विभाव परिणति से उत्पन्न हुए हैं इसलिये दोनों ही बंधरूप हैं, प्रवृत्ति के भेद से दो दीखते हैं परमार्थ दृष्टि कर्म को एक ही जानती है ॥ १०१ ॥

१. 'साक्षादपि' इत्यपि पाठः ।

कम्ममसुहं कुसीलं सुहकम्मं चावि जाणह सुसीलं ।
कह तं होदि सुसीलं जं संसारं पवेसेदि ।। १४५ ।।

कर्माशुभं कुशीलं शुभकर्म चापि जानीत सुशीलं ।
कथं तद् भवति सुशीलं यत्संसारं प्रवेशयति ।। १४५ ।।

शुभाशुभजीवपरिणामनिमित्तत्वे सति कारणभेदात् शुभाशुभपुद्गलपरिणाममयत्वे सति स्वभावभेदात् शुभाशुभफलपाकत्वे सत्यनुभवभेदात् शुभाशुभमोक्षबंधमार्गाश्रितत्वे सत्याश्रयभेदात् चैकमपि कर्म किंचिच्छुभं किंचिदशुभमिति केषांचित्किल पक्षः, स तु सप्रतिपक्षः । तथाहि—

कर्तृकर्मवेषविमुक्तो निष्क्रान्ताविति । अथानंतरं निश्चयेनैकमपि पुद्गलकर्म व्यवहारेण द्विपदीभूतपुण्यपापरूपेण प्रविशति । **कम्ममसुहं कुसीलं** इत्यादि गाथामादिं कृत्वा क्रमेणैकोनविंशतिसूत्रपर्यंत पुण्यपापव्याख्यान करोति । तत्र यद्यपि पुण्यपापयोर्व्यवहारेण भेदोऽस्ति तथापि निश्चयेन नास्ति इति व्याख्यानमुख्यत्वेन सूत्रपट्कं तदनंतरमध्यात्मभाषया शुद्धात्मभावनां विना आगमभाषया तु वीतरागसम्यक्त्वं विना व्रतदानादिक पुण्यबंधकारणमेव न च मुक्तिकारणं । सम्यक्त्वसहितं पुनः परंपरया मुक्तिकारणं च भवति इति मुख्यतया **परमट्ठो खलु,** इत्यादिसूत्रचतुष्टयं । ततः परं निश्चयव्यवहारमोक्षमार्गमुख्यत्वेन **जीवादीसद्दहणं,** इत्यादिगाथानवम कथयतीति पुण्यपापपदार्थाधिकारसमुदाय-पातनिका । तद्यथा—ब्राह्मण्याः पुत्रद्वयं जातं तत्रैक उपनयनवशाद्ब्राह्मणो जातः द्वितीय. पुनरुपनयनाभावाच्छूद्र इति । तथैकमपि निश्चयनयेन पुद्गलकर्म शुभाशुभजीवपरिणामनिमित्तेन व्यवहारेण द्विधा भवतीति कथयति:—**कम्ममसुहं कुसीलं सुहकम्मं चावि जाणह सुसीलं** कर्माशुभं कुत्सितं कुशीलं हेयमिति । शुभकर्म सुशीलं शोभनमुपादेयमिति केषांचिद् व्यवहारिणा पक्ष· सन् निश्चयरूपेण पक्षांतरेण बाध्यते । **किह तं होदि सुसीलं जं संसारं पवेसेदि** निश्चयवादी ब्रूते कथं तत्पुण्यकर्म सुशीलं शोभनं भवति ? यज्जीवं संसारे प्रवेशयति । हेतुस्वभावानुभवबंधरूपाश्रयाणां निश्चयेनाभेदान् कर्मभेदो नास्तीति । तथाहि हेतुस्तावत्कथ्यते, शुभाशुभपरिणामो हेतु. । स च शुद्धनिश्चयेनाशुभत्वं प्रति

आगे शुभाशुभ कर्म के स्वभाव का वर्णन करते हैं:—**[अशुभं कर्म]** अशुभ कर्म तो **[कुशीलं]** पाप स्वभाव है **[अपि च]** और **[शुभकर्म]** शुभकर्म **[सुशीलं]** पुण्य स्वभाव है ऐसा जगत् **[जानाति]** जानता है । परन्तु परमार्थदृष्टि से कहते हैं कि **[यत्]** जो **[संसारं]** प्राणी को संसार में ही **[प्रवेशयति]** प्रवेश कराता है **[तत्]** वह कर्म **[सुशीलं]** शुभ अच्छा **[कथं]** कैसे **[भवति]** हो सकता है ?

टीका—कितने एक लोकों का ऐसा पक्ष है कि कर्म एक तो है परंतु शुभ-अशुभ के भेद से दो भेद रूप है क्योंकि शुभ और अशुभ जो जीव के परिणाम है, वे उसको निमित्त है, उस रूप से कारण के भेद से भेद है, शुभ और अशुभ पुद्गल परिणाममय होने से स्वभाव के भेद से भेद है, अथवा कर्म का जो शुभ-अशुभ फल, उसके रसास्वाद के भेद से भेद है, तथा शुभ-अशुभ मोक्ष तथा बंध के मार्ग की आश्रितता होने पर आश्रय के भेद से भेद है । इस प्रकार इन चारों हेतुओं से कोई कर्म शुभ है, कोई कर्म अशुभ है, ऐसा किसी का पक्ष है । उसका निषेध करनेवाला दूसरा पक्ष है । यही कहते हैं—जो

शुभोऽशुभो वा जीवपरिणामः केवलाज्ञानमयत्वादेकस्तदेकत्वे सति कारणाभेदात् एकं कर्म। शुभोऽशुभो वा पुद्गलपरिणामः केवलपुद्गलमयत्वादेकस्तदेकत्वे सति स्वभावाभेदादेकं कर्म। शुभोऽशुभो वा फलपाकः केवलपुद्गलमयत्वादेकस्तदेकत्वे सत्यनुभवाभेदादेकं कर्म। शुभाशुभौ मोक्षबंधमार्गौ तु प्रत्येकं केवलजीवपुद्गलमयत्वादनेकौ तदनेकत्वे सत्यपि केवलपुद्गलमयबंधमार्गाश्रितत्वेनाश्रयाभेदादेकं कर्म॥ १४५ ॥

एक एव द्रव्यं पुण्यपापरूपं पुद्गलद्रव्यस्वभावः। सोऽपि निश्चयेन पुद्गलद्रव्यं प्रति, एक एव तत्फलं सुखदुःखरूपं स च फलरूपानुभवः। सोप्यात्मोत्थनिर्विकारसुखानंदापेक्षया दुःखरूपेणैक एव आश्रयस्तु शुभाशुभबंधरूपः। सोऽपिबंधं प्रत्येक एव इति हेतुस्वभावानुभवाश्रयाणां सदाप्यभेदात्। यद्यपि व्यवहारेण भेदोऽस्ति तथापि निश्चयेन शुभाशुभकर्मभेदो

शुभ अथवा अशुभ जीवका परिणाम है, वह केवल अज्ञान से एक ही है, उसके एक होने पर कारण का अभेद है इसलिये कर्म एक ही है। तथा शुभ अथवा अशुभ पुद्गल का परिणाम केवल पुद्गलमय है, इसलिये एक ही है। उसके एक होनेपर स्वभाव के अभेद से भी कर्म एक ही है। शुभ अथवा अशुभ कर्म के फल का रस केवल पुद्गलमय ही है, उसके एक होने पर आस्वाद के अभेद से भी कर्म एक ही है। शुभ अथवा अशुभ मोक्ष का और बंध का मार्ग ये दोनों पृथक् हैं, केवल जीवमय तो मोक्ष का मार्ग है और केवल पुद्गलमय बंधका मार्ग है। वे अनेक हैं, एक नहीं हैं, उनके एक न होने पर भी केवल पुद्गल मय बंधमार्ग की आश्रितता के कारण आश्रय के अभेद से कर्म एक ही है।

भावार्थ—कर्म में शुभ-अशुभ के भेद का पक्ष चार हेतुओं से कहा है, उसमें शुभका हेतु तो जीव का शुभ परिणाम है, वह अरहंतादि में भक्ति का अनुराग, जीवों में अनुकंपा परिणाम, और मंदकषाय से चित्त की उज्जवलता इत्यादि हैं। तथा अशुभ का हेतु जीव के अशुभ परिणाम; तीव्र क्रोधादिक, अशुभ लेश्या, निर्दयता, विषयासक्तता, देव गुरु आदि पूज्य पुरुषों में अविनय रूप प्रवृत्ति इत्यादिक है। इसलिये इन हेतुओं के भेद से कर्म शुभाशुभ रूप दो प्रकार के हैं। और शुभ अशुभ पुद्गल के परिणाम के भेद से स्वभाव का भेद है, शुभ द्रव्य कर्म तो सातावेदनीय, शुभ आयु, शुभ नाम, शुभ गोत्र हैं तथा अशुभ चार घातियाकर्म, असातावेदनीय, अशुभ आयु, अशुभ नाम, अशुभ गोत्र ये हैं। इनके उदय से प्राणी को इष्ट-अनिष्ट सामग्री मिलती है, ये पुद्गल के स्वभाव हैं। इनके भेद से कर्म में स्वभाव का भेद है। शुभ अशुभ अनुभव के भेद से भेद है—शुभ का अनुभव तो सुखरूप स्वाद है और अशुभ का दुःखरूप स्वाद है। शुभाशुभ आश्रय के भेद से भेद है—शुभ का तो आश्रय मोक्षमार्ग है और अशुभ का आश्रय बंधमार्ग है। ऐसा तो भेद पक्ष है। अब इस भेद का निषेधपक्ष कहते हैं—शुभ और अशुभ दोनों जीव के परिणाम अज्ञानमय हैं इसलिये दोनों का एक अज्ञान ही कारण है इसलिये हेतु के भेद से कर्म में भेद नहीं है। शुभ-अशुभ ये दोनों पुद्गल के परिणाम हैं इसलिये पुद्गल परिणामरूप स्वभाव भी दोनों का एक ही है, इस कारण स्वभाव के अभेद से भी कर्म एक ही है। शुभाशुभ फल सुखदुःखरूप स्वाद भी पुद्लमय ही है इसलिये स्वाद के अभेद से भी कर्म एक ही है। शुभ-अशुभ मोक्ष-बंधमार्ग कहे हैं वहां भी मोक्ष-मार्ग तो केवल जीव का ही परिणाम है और बंधमार्ग केवल एक पुद्गल का ही परि-

हेतुस्वभावानुभवाश्रयाणां सदाप्यभेदान्न हि कर्मभेदः ।
तद्बंधमार्गाश्रितमेकमिष्टं स्वयं समस्तं खलु बंधहेतुः ॥१०२॥

अथोभयं कर्माविशेषेण बंधहेतुं साधयति—

सोवण्णियं पि णियलं बंधदि कालायसं पि जह पुरिसं ।
बंधदि एवं जीवं सुहमसुहं वा कदं कम्मं ॥१४६॥

सौवर्णिकमपि निगलं बध्नाति कालायसमपि च यथा पुरुषं ।
बध्नात्येवं जीवं शुभमशुभं वा कृतं कर्म ॥१४६॥

शुभमशुभं च कर्माविशेषेणैव पुरुषं बध्नाति बंधत्वाविशेषात् कांचनकालायसनिगलवत् ॥ १४६ ॥

नास्ति इति व्यवहारवादिना पक्षो बाध्यत एव ॥१४५॥ अथोभय कर्म, अविशेषेण बंधकारण साधयति,—यथा सुवर्णनिगल लोहनिगलं च अविशेषेण पुरुषं बध्नाति तथा शुभमशुभं वा कृतं कर्म अविशेषेण जीवं बध्नातीति । किंच । भोगाकांक्षानिदानरूपेण रूपलावण्यसौभाग्यकामदेवेन्द्राहमिंद्रख्यातिपूजालाभादिनिमित्त यो व्रततपश्चरणदानपूजादिकं करोति, स पुरुषः तक्रनिमित्त रत्नविक्रयवत्, भस्मनिमित्तं रत्नराशिदहनवत्, सूत्रनिमित्तं हारचूर्णवत्, कोद्रवक्षेत्रवृत्तिनिमित्तमगुरुवनच्छेदनवत् । वृथैव व्रतादिकं नाशयति । यस्तु शुद्धात्मभावनासाधनार्थं बहिरंगव्रततपश्चरणदानपूजादिकं करोति स परंपरया मोक्षं लभते इति भावार्थः ॥ १४६ ॥ अथोभयकर्माविशेषेण मोक्षमार्गविषये निषेधयति;—**तम्हादु कुसीलेहि य रायं मा काहि मा व संसग्गं** तस्मात् कारणात् कुशीलैः कुत्सितैः शुभाशुभकर्मभिः सह चित्त-

णाम है, आश्रय भिन्न भिन्न हैं इसलिये बंधमार्ग के आश्रय से भी कर्म एक ही है । इस प्रकार यहां कर्म के शुभाशुभ भेद के पक्ष को गौणकर निषेध किया क्योंकि यहां अभेद पक्ष प्रधान है, अतः अभेद पक्ष से देखा जाय तो कर्म एक ही है, दो नहीं है ॥१४५॥ अब इसी अर्थ को लेकर कलशरूप काव्य कहते है—**हेतु** इत्यादि । **अर्थ**—हेतु, स्वभाव, अनुभव और आश्रय इन चारों के सदा काल ही अभेद से कर्म में भेद नहीं है, इसलिये बंध के मार्ग को आश्रयकर कर्म एक ही माना है क्योंकि शुभ रूप तथा अशुभरूप दोनों ही स्वयं निश्चय से बंध के ही कारण है ॥१०२॥

आगे शुभअशुभ दोनों कर्मों को ही अभेद द्वारा बंध के कारण साधते है—**[यथा]** जैसे **[कालायसं निगलं]** लोहे की बेडी **[पुरुषं बध्नाति]** पुरुष को बांधती है **[अपि]** और **[सौवर्णिकं]** सुवर्ण की **[अपि]** भी बांधती हैं **[एवं]** इसी प्रकार **[शुभं वा अशुभं]** शुभ तथा अशुभ **[कृतं कर्म]** किया हुआ कर्म **[जीवं]** जीव को **[बध्नाति]** बांधता ही है ।

टीका—शुभ और अशुभ कर्म अभेद रूप से आत्मा को बांधते ही है क्योंकि दोनों ही बंधरूप से विशेष रहित हैं । जैसे सुवर्ण की बेड़ी और लोहे की बेडी में बंध की अपेक्षा भेद नहीं है, उसी प्रकार कर्म में भी बंध अपेक्षा भेद नही है ॥ १४६ ॥

अथोभयं कर्म प्रतिषेधयति—

तह्मा दु कुसीलेहिय रायं मा कुणह मा व संसग्गं ।
साधीणो हि विणासो कुसीलसंसग्गरायेण ।। १४७ ।।

तस्मात्तु कुशीलाभ्यां रागं मा कुरुत मा वा संसर्गं ।
स्वाधीनो हि विनाशः कुशीलसंसर्गरागेण ।। १४७ ।।

कुशीलशुभाशुभकर्मभ्यां सह रागसंसर्गौ प्रतिषिद्धौ बंधहेतुत्वात् कुशीलमनोरमामनोरम-करेणुकुट्टिनीरागसंसर्गवत् ।। १४७ ।।

अथोभयं कर्म प्रतिषेध्यं स्वयं दृष्टांतेन समर्थयते—

जह णाम कोवि पुरिसो कुच्छियसीलं जणं वियाणित्ता ।
वज्जेदि तेण समयं संसग्गं रायकरणं च[1] ।। १४८ ।।
एमेव कम्मपयडी सीलसहावं च कुच्छिदं णाउं ।
वज्जंति परिहरंति य तस्संसग्गं सहावरया ।। १४९ ।। (युग्मम्)

यथा नाम कोऽपि पुरुषः कुत्सितशीलं जनं विज्ञाय ।
वर्जयति तेन समकं संसर्गं रागकरणं च ।। १४८ ।।
एवमेव कर्मप्रकृतिशीलस्वभावं च कुत्सितं ज्ञात्वा ।
वर्जयंति परिहरंति च तत्संसर्गं स्वभावरताः ।। १४९ ।।

गतरागं मा कुरु । बहिरंगवचनकायगतसंसर्गं च मा कुरु । कस्मात् ? इति चेत् । **साधीणो हि विणासो कुसीलसंसग्गरायेण** कुशीलसंसर्गरागाभ्यां स्वाधीनो नियमेन विनाशः निर्विकल्पसमाधिविघातरूपः स्वार्थभ्रंशो हि स्फुटं भवति अथवा स्वाधीनस्यात्मसुखस्य विनाश इति ।। १४७ ।। अथोभयकर्म प्रति निषेधं स्वयमेव श्रीकुन्दकुन्दाचार्यदेवा दृष्टांतदार्ष्टांताभ्यां समर्थयंति;—यथा नाम स्फुटमहो वा कश्चित्पुरुषः कुत्सितशीलं जनं ज्ञात्वा **वज्जेदि तेण समयं संसग्गं रायकरणं च** तेनसमकं सह बहिरंगवचनकायगतं संसर्गं मनोगतं रागं च वर्जयतीति दृष्टांतः । **एमेव कम्मपयडी सीलसहावं हि कुच्छिदं णादुं** एवमेव पूर्वोक्तदृष्टान्त-

---

आगे शुभ अशुभ दोनों ही कर्मों का निषेध करते हैं;—**[तस्मात्]** इसलिये **[कुशीलाभ्यां]** उन दोनों कुशीलों से **[रागं]** प्रीति **[मा कुरुत]** मत करो **[वा]** अथवा **[संसर्गं च]** संबंध भी **[मा]** मत करो **[हि]** क्योंकि **[कुशीलसंसर्गरागेण]** कुशील के संसर्ग से और राग से **[स्वाधीनो विनाशः]** अपनी स्वाधीनता का विनाश होता है ।

१, 'वा' इत्यपि पाठः ।

यथा खलु कुशलः कश्चिद्वनहस्ती स्वस्य बंधाय उपसर्प्पन्तीं चटुलमुखीं मनोरमाममनोरमां वा करेणुकुट्टिनीं तत्त्वतः कुत्सितशीलां विज्ञाय तया सह रागसंसर्गौ प्रतिषेधयति । तथा किलात्माऽरागो ज्ञानी स्वस्य बंधाय उपसर्प्पंतीं मनोरमाममनोरमां वा सर्वामपि कर्मप्रकृतिं तत्त्वतः कुत्सितशीलां विज्ञाय तया सह रागसंसर्गौ प्रतिषेधयति ॥ १४८ । १४९ ॥

न्यायेन कर्मणः प्रकृतिर्शीलं स्वभावं कुत्सितं हेय ज्ञात्वा **वज्जंति परिहरंति य तं संसग्गं सहावरदा** इह जगति वर्जयन्ति तत्संसर्गं वचनकायाभ्या परिहरन्ति मनसा रागं च तस्य कर्मणः । के ते ? समस्तद्रव्यभावगतपुण्यपापपरिणामपरिहारपरिणताभेदरत्नत्रयलक्षणनिर्विकल्पसमाधिस्वभावरता. साधव इति दार्ष्टांतः ॥ १४८ । १४९ ॥ अथोभयं कर्म शुद्धनिश्चयेन केवलं बंधहेतु न केवलं बंधहेतु प्रतिषेध्यं चागमेन साधयति;—**रत्तो बंधदि कम्मं मुंचदि जीवो विरागसंपण्णो** यस्मात् कारणात् रक्तः सन् कर्माणि बध्नाति । मुच्यते जीवः कर्मजनितभावेषु विराग-

---

टीका—कुशील जो शुभ-अशुभ कर्म उनके साथ राग और संगति दोनों का निषेध किया है, क्योंकि ये दोनों ही कर्म बंध के कारण हैं। जैसे कुशील जो मन को रमाने वाली अथवा नहीं रमाने वाली हथिनीरूप कुट्टनी के साथ राग और संगति करने वाले हाथी की स्वाधीनता का विनाश हो जाता है ॥ १४७ ॥

आगे दोनों कर्मों के निषेध को आप दृष्टांत से दृढ़ करते हैं,—**[यथा नाम]** जैसे **[कोपि]** कोई **[पुरुषः]** पुरुष **[कुत्सितशीलं]** निंदितस्वभाव वाले **[जनं]** किसी पुरुष को **[विज्ञाय]** जान कर **[तेन समकं]** उसके साथ **[संसर्गं]** संगति **[च रागकरणं]** और राग करना **[वर्जयति]** छोड़ देना है **[एवमेव च]** इसी तरह ज्ञानी जीव **[कर्मप्रकृतिशीलस्वभावं]** कर्म प्रकृतियों के शील स्वभाव को **[कुत्सितं ज्ञात्वा]** निन्दनीय जानकर **[वर्जयंति]** उससे राग छोड़ देते हैं **[च]** और **[तत्संसर्गं]** उसकी संगति भी **[परिहरंति]** छोड देते है पश्चात् **[स्वभावरताः]** अपने स्वभाव मे लीन हो जाते हैं।

टीका—जैसे कोई चतुर वन का हाथी अपने बंधन के लिये समीप आने वाली, चंचल मुख को लीला रूप करती मन को रमाने वाली, सुदर अथवा असुदर हथिनी रूपी कुट्टिनी को बुरी समझ उसके साथ राग तथा संसर्ग दोनों ही नहीं करता, उसी प्रकार आत्मा भी राग रहित ज्ञानी हुआ अपने बंध के कारण समीप उदय आतीं शुभरूप अथवा अशुभरूप सभी कर्म प्रकृतियों को परमार्थ से बुरी जानकर उनके साथ राग और संसर्ग नही करता।

आगे पूछते हैं कि सम्यग्दृष्टि रागी किस तरह नहीं होता ? उसका उत्तर कहते हैं;—[**खलु**] निश्चय करके [**यस्य**] जिस जीव के [**रागादीनां**] रागादिकों का [**परमाणुमात्रमपि**] लेशमात्र (अंशमात्र) भी [**तु विद्यते**] मौजूद है तो [**सः**] वह जीव [**सर्वागमधरोपि**] सब शास्त्रों को पढा हुआ होने पर भी [**आत्मानं तु**] आत्मा को [**नापि**] नहीं [**जानाति**] जानता [**च**] और [**आत्मानं**]

यस्य रागादीनामज्ञानमयानां भावानां लेशतोऽपि विद्यते सद्भावः, भवतु स श्रुतकेवलिकल्पोऽपि[1] तथापि '[2]ज्ञानमयभावानामभावेन न जानात्यात्मानं। यस्त्वात्मानं न जानाति सोऽनात्मानमपि न जानाति स्वरूपपररूपसत्ताऽसत्ताभ्यामेकस्य वस्तुनो निश्चीयमानत्वात्। ततो य आत्मानात्मानौ न जानाति स जीवाजीवौ न जानाति। यस्तु जीवाजीवौ न जानाति स सम्यग्दृष्टिरेव न भवति। ततो रागी ज्ञानाभावान्न भवति सम्यग्दृष्टिः ॥२०१।२०२॥

भावं परमात्मानं न जानाति, नानुभवति। कथंभूतोऽपि? सर्वागमधरोऽपि सिद्धांतसिंधुपारगोऽपि। **अप्पाणमयाणंतो अणप्पयं चेव सो अयाणंतो** स्वसंवेदनज्ञानबलेन सहजानंदैकस्वभावं शुद्धात्मानमजानन्, तथैवाभावयंश्च शुद्धात्मनो भिन्नं रागादिरूपमनात्मानं चाजानन् **कह होदि सम्मदिट्ठी जीवाजीवे अयाणंतो** स पुरुषो जीवाजीवस्वरूप-

---

आत्मा को **[अजानन्]** नहीं जानता हुआ **[अनात्मानं अपि]** पर को भी **[अजानन्]** नहीं जानता है **[जीवाजीवौ]** इस तरह जो जीव और अजीव दोनों पदार्थों को भी **[अजानन्]** नहीं जानता **[सः]** वह **[सम्यग्दृष्टिः]** सम्यग्दृष्टि **[कथं भवति]** कैसे हो सकता है ? नहीं हो सकता।

टीका—जिस जीव के लेश मात्र भी अज्ञानमय रागादिकभाव हैं वह जीव श्रुतकेवली के समान भी हो तो भी ज्ञानमय भाव के अभाव के कारण आत्मा को नहीं जानता। और अपने आत्मा को नहीं जानता है वह अनात्मा (पर) को भी नहीं जानता। क्योंकि अपना और परका स्वरूप का सत्त्व तथा असत्त्व दोनों एक ही वस्तु के निश्चय में आ जाते हैं। इसलिये ऐसा है कि जो आत्मा और अनात्मा दोनों को नहीं जानता है वह जीव अजीव वस्तु को ही नहीं जानता, तथा जो जीव अजीव को नहीं जानता वह सम्यग्दृष्टि नहीं है। इसलिये रागी है वह ज्ञान के अभाव से सम्यग्दृष्टि नहीं है।

भावार्थ—यहां रागी कहने से अज्ञानमय रागद्वेष मोह भाव लिये गये हैं। उसमें भी अज्ञानमय कहने से मिथ्यात्व अनन्तानुबन्धी से हुए रागादिक समझना, मिथ्यात्व के विना चारित्रमोह के उदय का राग नहीं लेना। क्योंकि अविरत सम्यग्दृष्टि आदि के चारित्रमोह के उदय संबंधी राग है वह ज्ञान सहित है उसको रोग के समान जानता है उस राग के साथ राग नहीं है कर्मोदय से जो राग हुआ है उसको मेंटना चाहता है। और जो राग का लेशमात्र भी इसके नहीं कहा सो ज्ञानी के अशुभ राग तो अत्यंत गौण है परन्तु शुभ राग होता है उस शुभ राग को अच्छा समझ लेशमात्र भी उस राग से राग करे तो सर्वशास्त्र भी पढ़ लिये हैं मुनि भी हो व्यवहारचारित्र भी पाले तो भी ऐसा समझना चाहिये कि इसने अपने आत्मा का परमार्थस्वरूप नहीं जाना कर्मोदयजनितभाव को ही अच्छा समझा है उसी से अपना मोक्ष होना मान रक्खा है। ऐसे मानने से अज्ञानी ही है। अपने और पर के परमार्थरूप को नहीं जाना तब जानना चाहिये कि जीव अजीव पदार्थ का भी परमार्थरूप नहीं जाना और जब जीव अजीव को ही नहीं जाना तब कैसा सम्यग्दृष्टि ? ऐसा जानना ॥२०१।२०२॥

---

१. सदृशोऽपि—इत्यपि पाठः। २. ज्ञानमयस्य भावस्य इत्यपि पाठः।

आसंसारात्प्रतिपदममी रागिणो नित्यमत्ताः-
सुप्ता यस्मिन्नपदमपदं तद्विबुध्यध्वमंधाः।
एतैतेतः पदमिदमिदं यत्र चैतन्यधातुः
शुद्धः शुद्धः स्वरसभरतः स्थायिभावत्वमेति ॥१३८॥

मजानन् सन् कथं भवति सम्यग्दृष्टिः ? न कथमपीति । किंच—रागी सम्यग्दृष्टिर्न भवतीति भणितं भवद्भिः । तर्हि चतुर्थपंचमगुणस्थानवर्तिनः, तीर्थंकर-कुमार-भरत-सगर-राम-पांडवादयः सम्यग्दृष्टयो न भवंति ?, इति । तन्न, मिथ्यादृष्ट्यपेक्षया त्रिचत्वारिंशत्प्रकृतीनां बंधाभावात् सरागसम्यग्दृष्टयो भवंति । कथं इति चेत्,चतुर्थगुणस्थानवर्तिनां जीवानां अनंतानुबंधिक्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वोदयजनितानां पाषाणरेखादिसमानानां रागादीनामभावात् । पंचमगुणस्थानवर्तिनां पुनर्जीवानां, अप्रत्याख्यानक्रोधमानमायालोभोदयजनितानां भूमिरेखादिसमानानां रागादीनामभावात्, इति पूर्वमेव भणितमास्ते । अत्र तु ग्रंथे पंचमगुणस्थानादुपरितनगुणस्थानवर्तिनां वीतरागसम्यग्दृष्टीनां मुख्यवृत्त्या ग्रहणं, सरागसम्यग्दृष्टीनां गौणवृत्येति व्याख्यानं सम्यग्दृष्टिव्याख्यानकाले सर्वत्र तात्पर्येण ज्ञातव्यं ॥२०१।२०२॥ अथ किं तत् परमात्म-

---

अब इस अर्थ का कलश कहते हैं— **आ संसारा** इत्यादि । **अर्थ**—श्रीगुरु संसारी भव्यजीव को संबोधन करते हैं कि हे अंधे प्राणियो ! जो रागी पुरुष हैं वे अनादि संसार से लेकर जिस पद में सोते हैं उस पद को तुम अपद समझो, यह तुमारा स्थान नहीं है । यहां दोबार कहने से अति करुणाभाव सूचित होता है । फिर कहते हैं कि तुम्हारा ठिकाना यह है यह है जहां चैतन्य धातु शुद्ध है शुद्ध है अपने स्वाभाविक रस के समूह से स्थायीभावपने को प्राप्त है । यहां पर दो शुद्ध पद हैं वे द्रव्य और भाव दोनों की शुद्धता के लिये हैं । सो सब अन्य द्रव्यों से भिन्नता वह तो द्रव्य शुद्धता है और परके निमित्त से हुए अपने भाव उनसे रहितभाव शुद्ध कहे जाते हैं सो इस तरफ आओ इस तरफ आओ यहां निवास करो ।

भावार्थ—ये प्राणी अनादि संसार से लेकर रागादिक को अच्छा जानकर उनको ही अपना स्वभाव मानकर उन्हीं में निश्चित हैं उनको श्री गुरुदयालु होकर संबोधन करते हैं कि हे अंधे प्राणियो ! तुम जिस पद में सोते हो वह तुमारा पद नहीं है तुमारा पद तो चैतन्य स्वरूपमय है उसको प्राप्त होओ ऐसे सावधान करते हैं । जैसे कोई महंत पुरुष मद पीकर मलिन जगह में सोता हो उसको कोई आकर जगावे और कहे कि तेरी जगह तो सुवर्णमय धातु की अतिदृढ़ शुद्ध सुवर्ण से रची और बाह्य कजौड़े से रहित शुद्ध ऐसी है । सो हम बतलाते हैं वहां आओ वहां ही शयनादिक आनंद रूप हो । उसी तरह श्री गुरु ने उपदेश से सावधान किया है कि बाह्य तो अन्यद्रव्यों से मिलाप नहीं और अंतरंग विकार नहीं ऐसे शुद्धचैतन्यरूप अपने भाव का आश्रय करो । दो दो वार कहने से अतिकरुणा अनुराग सूचित होता है ॥१३८॥

आगे पूछते हैं कि वह पद कहां है ? उसका उत्तर कहते हैं;-**[आत्मनि]** आत्मा में **[अपदानि]**

किन्नाम तत्पदं ? इत्याह—

आदह्मि दव्वभावे [1]अपदे मोत्तूण गिरह तह णियदं ।
थिरमेगमिमं भावं उवलब्भंतं सहावेण ॥२०३॥

आत्मनि द्रव्यभावानपदानि मुक्त्वा गृहाण तथा नियतं ।
स्थिरमेकमिमं भावमुपलभ्यमानं स्वभावेन ॥२०३॥

इह खलु भगवत्यात्मनि बहूनां द्रव्यभावानां मध्ये ये किल अतत्स्वभावेनोपलभ्यमानाः, अनियतत्वावस्थाः, अनेके, क्षणिकाः, व्यभिचारिणो भावाः ते सर्वेऽपि स्वयमस्थायित्वेन स्थातुः स्थानं भवितुम[2]शक्यत्वादपदभूताः। यस्तु तत्स्वभावेनोपलभ्यमानो नियतत्वावस्थः, एकः, नित्यः, अव्यभिचारी भावः, स एक एव स्वयं स्थायित्वेन स्थातुः स्थानं भवितुं [3]शक्यत्वात् पदभूतः। ततः सर्वानेवास्थायिभावान् मुक्त्वा स्थायिभावभूतं, परमार्थरसतया स्वदमानं ज्ञानमेकमेवेदं स्वाद्यं ॥२०३॥

पदमिति पृच्छति;—**आदह्मि दव्वभावे अथिरे मोत्तूण** आत्मद्रव्येऽधिकरणभूते, द्रव्यकर्माणि भावकर्माणि च यानि तिष्ठंति तानि विनश्वराणि, इति विज्ञाय मुक्त्वा **गिरह** हे भव्य गृहाण स्वीकुरु। क ? कर्मतापन्नं **तव**

पर निमित्त से हुए अपद रूप [**द्रव्यभावान्**] द्रव्य भावरूप सभी भावों को [**मुक्त्वा**] छोड़कर [**नियतं**] निश्चित [**स्थिरं**] स्थिर [**एकं**] एक [**स्वभावेन**] स्वभाव से ही [**उपलभ्यमानं**] ग्रहण होने योग्य [**इमं**] इस प्रत्यक्ष अनुभवगोचर [**भावं**] चैतन्य मात्र भाव को हे भव्य ! तू [**तथागृहाण**] जैसा है वैसा ग्रहण कर। वही अपना पद है।

टीका—निश्चय से इस भगवान् आत्मा में द्रव्यभावरूप बहुत भाव दीखते है। उनमें कोई तो उस आत्मा के स्वभाव से रहित है वे अनिश्चित अवस्था रूप हैं, अनेक हैं क्षणिक हैं, व्यभिचारी है, ऐसे भाव हैं, वे सभी अस्थायी है जिनका ठहरने का स्वभाव नहीं है, इसलिये ठहरने वाले आत्मा के ठहरने का स्थान होने के योग्य नहीं है। इस कारण वे अपदस्वरूप हैं और जो भाव आत्मस्वभाव से तो ग्रहण में आता है तथा सदा निश्चित रहता है, एक है, नित्य है अव्यभिचारी है ऐसा एक चैतन्यमात्र ज्ञान भाव है। सो आप स्थायी भावस्वरूप है सदा विद्यमान पाया जाता है, वह ही स्थित होनेवाले आत्मा का ठहरने का स्थान होने योग्य है। इसलिये यह भाव पदभूत है। इस कारण सभी अस्थायी भावों को छोड़कर स्थायीभूत परमार्थरसरूप से स्वाद में आता हुआ यह ज्ञान है वही एक आस्वादन करने योग्य है।

---

१. तात्पर्यवृत्ती, 'अथिरे मोत्तूण' इति पाठः। २. अशक्तत्वात्। ३. शक्तत्वात् इति पाठौस्तः।

एकमेव हि तत्स्वाद्यं 'विपदामपदं पदं ।
अपदान्येव[2] भासंते पदान्यन्यानि यत्पुरः[3] ॥१३९॥
एकं ज्ञायकभावनिर्भरमहास्वादं समासादयन्
स्वादं द्वंद्वमयं विधातुमसहः स्वां वस्तुवृत्तिं विदन् ।
आत्मात्मानुभवानुभावविवशो भ्रश्यद्विशेषोदयं[4]
सामान्यं कलयत्किलैष सकलं ज्ञानं नयत्यकेतां ॥१४०॥

णियदं थिरमेगमिमं भावं उपलब्भंतं सहावेण भावं आत्मपदार्थं । कथंभूतं ? तव संबंधि स्वरूपं । नियतं निश्चितं । पुनरपि कथंभूत ? थिरं स्थिरं, अविनश्वरं । एकं, असहायं । इमं प्रत्यक्षीभूतं । पुनरपि किंविशिष्ट ? उपलभ्य-

---

भावार्थ—पूर्व वर्णादिक गुणस्थानांत भाव कहे थे वे सभी आत्मा में अनियत, अनेक, क्षणिक, व्यभिचारी ऐसे भाव हैं वे आत्मा के पद नहीं हैं । और यह जो स्वसंवेदनस्वरूप ज्ञान है वह नियत है, एक है, नित्य है, अव्यभिचारी है, स्थायीभाव है । वह आत्मा का पद है सो ज्ञानियों के यही एक स्वाद लेने योग्य है ॥२०३॥

अब इस अर्थ का कलश कहते हैं—**एकमेव** इत्यादि । **अर्थ**—वही एक पद आस्वादने योग्य है जो आपदाओं का पद नहीं है अर्थात् जिस पद में कोई भी आपदा प्रवेश नहीं कर सकती । जिसके आगे अन्य सभी पद अपद प्रतिभासित होते हैं ।

भावार्थ—एक ज्ञान ही आत्मा का पद है इसमें कुछ भी आपदा नहीं है इसके आगे अन्य सभी पद आपदा स्वरूप (आकुलतामय) अपद भासते हैं ॥१३९॥

फिर कहते हैं कि आत्मा, ज्ञान का अनुभव इस तरह करता है—**एकं ज्ञायक** इत्यादि । **अर्थ**—यह आत्मा, ज्ञान के विशेषों के उदय को गौण करता हुआ सामान्यमात्र ज्ञान को अभ्यास करता सब ज्ञान को एकभाव स्वरूप प्राप्त करता है, एक ज्ञायकमात्र भाव से भरे हुए ज्ञान के महास्वाद को लेता है, मिले हुए वर्णादिक रागादिक तथा क्षायोपशमरूप ज्ञान के भेदरूप स्वाद उसके लेने को असमर्थ है अर्थात् ज्ञान में ही एकाग्र हो जाता है तब दूसरा स्वाद नहीं आता, अपनी वस्तु की प्रवृत्ति को जानता है आस्वाद करता है क्योंकि वह आत्मा के अनुभव (आस्वाद) के प्रभाव से विवश है अर्थात् उसी स्वाद के आधीन है वहां से चिग नहीं सकता, अद्वितीय स्वाद लेता हुआ बाहर क्यों आये ?

भावार्थ—इस एक स्वरूप ज्ञान के रसीले स्वाद के सामने अन्य रस फीके हैं । ज्ञान के विशेष ज्ञेय के निमित्त से होते हैं । सो जब ज्ञान सामान्य का स्वाद लिया जाता है तब सब ज्ञान के भेद भी गौण हो जाते हैं एक ज्ञान ही ज्ञेय रूप हो जाता है । यहां कोई पूछे कि छद्मस्थ को पूर्ण रूप केवलज्ञान का स्वाद कैसे आता है ? उसका उत्तर पहले शुद्धनय के कथन में दे दिया था ॥१४०॥

---

१. विपदां चातुर्गतिक दुःखानां । २. अपदानि अस्वभावभूतानि चातुर्गतिकपर्याया वा रागद्वेष सुखदुःखावस्था भेदा वा । ३. स्थैर्यादिधर्मान्वितस्य चैतन्यस्य पुरस्तात् । ४. गौणी कुर्वन् ।

तथाहि—

आभिणिसुदोहिमणकेवलं च तं होदि एक्कमेव पदं ।
सो एसो परमट्ठो जं लहिदुं णिव्वुदिं जादि ॥२०४॥

आभिनिबोधिकश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलं च तद्भवत्येकमेव पदं ।
स एष परमार्थो यं लब्ध्वा निर्वृतिं याति ॥२०४॥

आत्मा किल परमार्थः तत्तु ज्ञानं, आत्मा च एक एव पदार्थः, ततो ज्ञानमप्येकमेव पदं, यदेतत्तु ज्ञानं नामैकं पदं स एष परमार्थः साक्षान्मोक्षोपायः । न चाभिनिबोधिकादयो भेदा इदमेकपदमिह भिंदंति । किं तु तेऽपीदमेवैकं पदमभिनंदंति । तथाहि-यथात्र सवितुर्घनपटलावगुंठितस्य तद्विघटनानुसारेण प्राकट्यमासादयतः प्रकाशनातिशयभेदा न तस्य प्रकाशस्वभावं भिंदंति । तथाऽऽत्मनः कर्मपटलोदयावगुंठितस्य तद्विघटनानुसारेण प्राकट्यमासादयतो ज्ञानातिशयभेदा न

मानमनुभूयमान । केन कृत्वा ? परमात्मसुखसंवित्तिरूपस्वसंवेदनज्ञानस्वभावेनेति ॥२०३॥ अथ मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञानाभेदरूप परमार्थमज्ञं मोक्षकारणभूतं यत्परमात्मपदं तत्समस्तहर्षविषादादिविकल्पजालरहित परमयोगाभ्यासादेवात्मानुभवति, इति प्रतिपादयति,—**आभिणिसुदोहिमणकेवलं च तं होदि एक्कमेव पदं** मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञान

आगे कहते है कि कर्म के क्षयोपशम के निमित्त से ज्ञान मे भेद है जब ज्ञान का स्वरूप विचारा जाय तो ज्ञान एक ही है,—**[आभिनिबोधिकश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलं च]** मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान **[तत् एकमेव पदं भवति]** ये ज्ञान के भेद है वे ज्ञानपद को ही प्राप्त हैं, सभी एक ज्ञान नाम से कहे जाते हैं **[स एषः परमार्थः]** सो यह शुद्धनय का विषयस्वरूप ज्ञान सामान्य है इसलिये यही शुद्धनय है **[यं लब्ध्वा]** जिसको पाकर आत्मा **[निर्वृतिं]** मोक्ष पद को **[याति]** प्राप्त होता है ।

टीका—निश्चय से आत्मा परम पदार्थ है, वह आत्मा पूर्व कथित ज्ञान ही है, वह आत्मा एक ही पदार्थ है इसलिये ज्ञान भी एक पद को ही प्राप्त है, यह ज्ञाननामा एक पद है वह परमार्थस्वरूप साक्षात् मोक्ष का उपाय है । मतिज्ञानादिक जो ज्ञान के भेद है वे उस ज्ञाननामा एक पद को भेदरूप नही करते, इकट्ठा करते हैं अर्थात् एक ज्ञाननामा पद को ही वृद्धि रूप प्रगट कर प्रकाशित करते हैं । यही कहते हैं—जैसे इस लोक में बादलों से संकोच रूप आच्छादित सूर्य का उस बादल के दूर होने के अनुसार से प्रगटपना होता है तिसके प्रगट होने के व प्रकाश के हीनाधिक भेद हैं वे उसके प्रकाशरूप सामान्य स्वभाव को नहीं भेदते, उसी प्रकार कर्मसमूहों के उदयकर संकोच रूप आच्छादित आत्मा उस कर्म के क्षयोपशम के अनुसार प्रगटपने को प्राप्त हुए ज्ञान के हीनाधिक भेद हैं वे आत्मा के सामान्य ज्ञानस्वभाव को नहीं भेदते, किंतु प्रकाशरूप प्रगट ही करते हैं । इसलिये जिसमें समस्त भेद दूर हो गये हैं ऐसे आत्मा के स्वभावभूत एक ज्ञान को ही आलंबन करना चाहिये । उस ज्ञान के आलंबन से ही

तस्य ज्ञानस्वभावं भिंद्युः । किं तु प्रत्युततमभिनंदेयुः । ततो निरस्तसमस्तभेदमात्मस्वभाव-भूतं ज्ञानमेवैकमालम्ब्यं । तदालंबनादेव भवति पदप्राप्तिः, नश्यति भ्रांतिः, भवत्यात्मलाभः, सिद्धत्यनात्मपरिहारः, न कर्म मूर्छति, न रागद्वेषमोहा उत्प्लवंते, न पुनः कर्म आस्रवति, न पुनः कर्म बध्यते, प्राग्बद्धं कर्मोपभुक्तं निर्जीर्यते, कृत्स्नकर्माभावात् साक्षान्मोक्षो भवति ॥ २०४ ॥

अच्छाच्छाः स्वयमुच्छलंति यदिमाः संवेदनव्यक्तयो
निष्पीताखिलभावमंडलरसप्राग्भारमत्ता इव ।
'यस्याभिन्नरसः स एष भगवानेकोप्यनेकी भवन्
व'ल्गत्यु'त्कलिकाभिरद्भुतनिधिश्चैतन्यरत्नाकरः ॥१४१॥

भेदरूपं यत्तन्निश्चयेन, एकमेव पदं परं, किं तु यथादित्यस्य मेघावरणतारतम्यवशेन प्रकाशभेदा भवंति, तथा मतिज्ञाना-वरणादिभेदकर्मवशेन मतिश्रुतज्ञानादिभेदभिन्नं जातं **सो एसो परमट्ठो जं लहिदुं णिव्वुदिं जादि** स एष लोक-प्रसिद्धः पंचज्ञानाभेदरूपः परमार्थः यं परमार्थं लब्ध्वा जीवो निर्वृतिं याति लभत इत्यर्थः । एवं ज्ञानशक्तिर्वैराग्यशक्ति-विशेषविवरणरूपेण सूत्रदशकं गतं ॥ २०४ ॥ अत ऊर्ध्वं गाथाष्टकपर्यंतं तस्यैव परमात्मपदस्य प्रकाशको योसौ ज्ञानगुणः,

---

निज पद की प्राप्ति होती है, उसी से भ्रम का नाश होता है, उसी से आत्मा का लाभ होता है और अनात्मा के परिहार की सिद्धि होती है । ऐसा होने पर कर्म के उदय की मूर्छा नहीं होती, रागद्वेष मोह नहीं उत्पन्न होते, रागद्वेष मोह के बिना फिर कर्म का आस्रव नहीं होता, आस्रव न होने से फिर कर्म बंध नहीं होता, पहले जो कर्म बांधे थे वे भोगने के बाद निर्जरा को प्राप्त होते हैं । सब कर्मों का अभाव होकर साक्षात् मोक्ष होता है । ऐसा ज्ञान के आलम्बन का माहात्म्य है ।

भावार्थ—ज्ञान में भेद कर्मों के क्षयोपशम के अनुसार होते हैं वे कुछ ज्ञानसामान्य को अज्ञान रूप नही करते उल्टे ज्ञान को ही प्रगट करते हैं । इसलिए भेदों को गौणकर एक ज्ञानसामान्य का आलम्बन करके आत्मा का ध्यान करना । इसी से सब सिद्धि होती है ॥२०४॥

अब इस अर्थ का कलश कहते हैं—**अच्छाच्छाः** इत्यादि । **अर्थ**—आत्मा की जो यह संवेदन की व्यक्ति है अर्थात् अनुभव में आये हुए ज्ञान के भेद हैं वे निर्मल से निर्मल अपने आप उछलते हैं—प्रगट अनुभव में आते हैं । वे भेद समस्त पदार्थों के समूहरूप रस के पीने के बहुत बोझे से मानों मतवाले हो गये हैं । यह भगवान् चैतन्यरूप समुद्र उठती हुई लहरों से अभिन्न रस हुआ एक है तो भी अनेक रूप हुआ दोलायमान प्रवंतता है, जिसकी निधि अद्भुत है ऐसा है ।

भावार्थ—जैसे बहुत रत्नों से भरा समुद्र एक जल से भरा है तो भी उसमें निर्मल छोटी बड़ी अनेक लहरें उठती हैं वे सब एक जल रूप ही हैं उसी तरह यह आत्मा ज्ञानसमुद्र है सो एक ही है इसमें अनेक गुण हैं और कर्म के निमित्त से ज्ञान के अनेकभेद अपने आप व्यक्ति रूप होकर प्रगट होते हैं वे व्यक्तियां एक ज्ञान रूप ही जाननी, खंड खंड रूप नहीं अनुभव करनी ॥१४१॥

---

१. यावंतः पर्यायास्तेभ्योऽभिन्नसत्ताकः । २. परिणमति । ३. अनादितो मत्याद्यनेकभेदैः ।

किंच—

क्लिश्यंतां स्वयमेव दुष्करतरैर्मोक्षोन्मुखैः कर्मभिः
क्लिश्यंतां च परे[1] महाव्रततपोभारेण भग्नाश्चिरं ।
साक्षान्मोक्ष इदं [2]निरामयपदं संवेद्यमानं स्वयं
ज्ञानं [3]ज्ञानगुणं विना कथमपि प्राप्तुं क्षमंते न हि ॥ १४२ ॥

णाणगुणेण विहीणा एयं तु पयं बहूवि ण लहंति ।
तं गिरह [4]णियदमेदं जदि इच्छसि कम्मपरिमोक्खं ॥ २०५ ॥

ज्ञानगुणेन विहीना एतत्तु पदं बहवोऽपि न लभंते ।
तद्गृहाण नियतमेतद् यदीच्छसि कर्मपरिमोक्षं ॥ २०५ ॥

यतो हि सकलेनापि कर्मणा कर्मणि ज्ञानस्याप्रकाशनात् ज्ञानस्यानुपलंभः । केवलेन ज्ञानेनैव ज्ञान एव ज्ञानस्य प्रकाशनाद् ज्ञानस्योपलंभः । ततो बहवोऽपि बहुनापि कर्मणा ज्ञानशून्या

तस्य सामान्यविवरणं करोति । तद्यथा । अथ मत्यादिपंचज्ञानाभेदरूप साक्षान्मोक्षकारणभूतं यत्परमात्मपदं, तत्पदं शुद्धात्मानुभूतिशून्यं व्रततपश्चरणादिकायक्लेशं कुर्वाणा अपि स्वसंवेदनज्ञानगुणेन विना न लभंत इति कथयति;—**णाणगुणेहिं विहीणा एदं तु पदं बहूवि ण लहंति** निर्विकारपरमात्मतत्त्वोपलब्धिलक्षणज्ञानगुणेन विहीनाः रहिताः

अब फिर भी विशेषता से कहते हैं—**क्लिश्यंतां** इत्यादि । **अर्थ**—कोई जीव, दुःख से किये जाने वाले और मोक्ष से परान्मुख कर्मों से स्वयमेव (जिनाज्ञा बिना) क्लेश करें और कोई मोक्ष के सन्मुख, कथंचित् जिनाज्ञा में कहे गये ऐसे महाव्रत तथा तप के भार से बहुत काल तक भग्न (पीड़ित) हुए कर्मोकर क्लेश करे उन कर्मों से तो मोक्ष होती नहीं । इसलिये यह ज्ञान ही साक्षात् मोक्षस्वरूप है और निरामय पद है अर्थात् जिसमें कुछ रोगादिक क्लेश नहीं हैं तथा अपने से ही आप वेदने योग्य है । ऐसा ज्ञान तो ज्ञान गुण के विना किसी तरह के कष्ट से प्राप्त नहीं हो सकता ॥१४२॥

आगे इसी का उपदेश करते हैं;—हे भव्य **[यदि]** जो तू **[कर्मपरिमोक्षं]** कर्म का सब तरफ से मोक्ष करना **[इच्छसि]** चाहता है **[तु]** तो **[तत् एतत् नियतं]** उस निश्चित ज्ञान को **[गृहाण]** ग्रहणकर । क्योंकि **[ज्ञानगुणेन विहीनाः]** ज्ञान गुणकर रहित **[बहवः अपि]** बहुत पुरुष बहुत प्रकार के कर्म करते हैं तो भी **[एतत् पदं]** इस ज्ञानस्वरूप पद को **[न लभंते]** नहीं प्राप्त होते ।

टीका—जिस कारण सभी कर्मों में ज्ञान का प्रकाशना नहीं है इस कारण ज्ञान का पाना कर्म से नहीं होता, केवल एक ज्ञान द्वारा ही ज्ञान में ज्ञानका प्रकाशन है इसलिए ज्ञान से ही ज्ञान का

---

१. शुद्धस्वरूपानुभवभ्रष्टाः । २. सांसारिकक्लेशरहितं । ३. शुद्धस्वरूपानुभवशक्तिमन्तरेण । ४. सुपदमिति तात्पर्यवृत्तौ पाठः ।

नेदमुपलभंते। इदमनुपलभमानाश्च न कर्मभिर्विप्रमुच्यंते ततः कर्ममोक्षार्थिना केवलज्ञानावष्टंभेन नियतमेवेदमेकं पदमुपलंभनीयं ॥२०५॥

पदमिदं ननु कर्मदुरासदं सहजबोधकलासुलभं किल।
तत इदं निजबोधकलाबलात्कलयितुं यततां सततं जगत् ॥१४३॥

किञ्च—

एदह्मि रदो णिच्चं संतुट्ठो होहि णिच्चमेदह्मि।
एदेण होहि तित्तो होहदि तुह उत्तमं सोक्खं ॥ २०६ ॥

एतस्मिन् रतो नित्यं संतुष्टो भव नित्यमेतस्मिन्।
एतेन भव तृप्तो भविष्यति तवोत्तमं सौख्यं ॥ २०६ ॥

पुरुषाः बहवोऽपि शुद्धात्मोपादेयसंवित्तिरहितं दुर्धरकायक्लेशादितपश्चरणं कुर्वाणा अपि मत्यादिपंचज्ञानाभेदरूपं साक्षान्मोक्षकारणं स्वसंवेद्यं शुद्धात्मसंवित्तिलक्षणमिदं पदं न लभंते। तं गिण्ह सुपदमेदं जदि इच्छसि कम्मपरिमोक्खं

पाना होता है इस कारण ज्ञानशून्य बहुत से प्राणी अनेक प्रकार के कर्मों के करने पर भी इस ज्ञान के पद को नहीं प्राप्त करते और इस पद के न पाने से ही कर्मों से नहीं छूटते। इसलिये जो कर्मों को मोचन करना चाहता है उसको तो केवल एक ज्ञान के अवलंबन द्वारा निश्चित इसी एक पद को प्राप्त करना चाहिये।

भावार्थ—ज्ञान से ही मोक्ष होता है कर्म से नहीं। इसलिये मोक्षार्थी को ज्ञान का ही ध्यान करना चाहिये यह उपदेश है ॥२०५॥

अब इस अर्थ का कलश कहते हैं—**पदमिदं** इत्यादि। **अर्थ**—यह ज्ञानमय पद कर्म करने से तो दुष्प्राप्य है और स्वाभाविक ज्ञान की कला से सुलभ है यह प्रकट निश्चय से जाने। इसलिये अपने निज ज्ञान की कला के बल से इस ज्ञान के अभ्यास करने को सब जगत् अभ्यास का यत्न करो।

भावार्थ—समस्त कर्मों से छुड़ा कर ज्ञान के अभ्यास करने का उपदेश किया है। और ज्ञान की कला कहने से ऐसा सूचित होता है कि जब तक पूर्णकला प्रकट न हो तब तक जो ज्ञान है वह हीन कलास्वरूप है मतिज्ञानादिरूप है। उस ज्ञान की कला के अभ्यास से पूर्णकला केवल ज्ञानस्वरूप कला प्रकट होती है ॥१४३॥

आगे फिर इसी उपदेश को प्रकट कर कहते हैं:—हे भव्य जीव! तू **[एतस्मिन्]** इस ज्ञान में **[नित्यं]** सदाकाल **[रतः भव]** रुचि से लीन हो और **[एतस्मिन्]** इसी में **[नित्यं]** हमेशा **[संतुष्टः भव]** संतुष्ट हो अन्य कोई कल्याणकारी नहीं है और **[एतेन]** इसी से **[तृप्तः भव]** तृप्त हो अन्य कुछ इच्छा न रहे; ऐसा अनुभव करने से **[तव]** तेरे **[उत्तमं सुखं]** उत्तम सुख **[भविष्यति]** होगा।

एतावानेव सत्य आत्मा यावदेतज्ज्ञानमिति निश्चित्य ज्ञानमात्र एव नित्यमेव रतिमुपैहि। एतावत्येव सत्याशीः, यावदेतज्ज्ञानमिति निश्चित्य ज्ञानमात्रेणैव नित्यमेव संतोषमुपैहि। एतावदेव सत्यमनुभवनीयं यावदेव ज्ञानमिति निश्चित्य ज्ञानमात्रेणैव नित्यमेव तृप्तिमुपैहि। अथैवं तव तन्नित्यमेवात्मरतस्य, आत्मसंतुष्टस्य, आत्मतृप्तस्य च वाचामगोचरं सौख्यं भविष्यति। तत्तु तत्क्षण एव त्वमेव स्वयमेव द्रक्ष्यसि मा[1] अन्यान् प्राक्षीः॥ २०६॥

अचिंत्यशक्तिः स्वयमेव देवश्चिन्मात्रचिंतामणिरेष यस्मात्।
सर्वार्थसिद्धात्मतया विधत्ते ज्ञानी किमन्यस्य परिग्रहेण?॥ १४४॥

हे भव्य तत्पदं गृहाण यदीच्छसि कर्मपरिमोक्षमिति॥ २०५॥ अथात्मसुखे संतोषं दर्शयति। **एदह्मि रदो णिच्चं संतुट्ठो होहि णिच्चमेदह्मि एदेण होहि तित्तो** हे भव्य पंचेंद्रियसुखनिवृत्तिं कृत्वा निर्विकल्पयोगबलेन स्वाभाविकपरमात्मसुखे रतो भव, संतुष्टो भव, तृप्तो भव नित्यं सर्वकालं **तो होहदि उत्तमं सुक्खं** ततस्तस्मादात्मसुखानुभवनात् तवोत्तममक्षयं मोक्षसुखं भविष्यति॥२०६॥ अथ ज्ञानी परद्रव्यं न गृह्णातीति भेदभावना प्रतिपादयति;—**को णाम**

टीका—हे भव्य, इतने मात्र ही सत्य परमार्थस्वरूप आत्मा है जितना यह ज्ञान है। ऐसा निश्चय करके ज्ञानमात्र आत्मा में ही निरंतर प्रीति को प्राप्त हो। इतना मात्र ही सत्यार्थ कल्याण है, जितना यह ज्ञान है ऐसा निश्चय करके ज्ञानमात्र आत्मा से नित्य ही संतोष को प्राप्त हो इतना ही सत्यार्थ अनुभव करने योग्य है। जितना यह ज्ञान है ऐसा निश्चय कर ज्ञानमात्र ही आत्माकर नित्य तृप्ति को प्राप्त हो। इस प्रकार नित्य ही आत्मा में रत, आत्मा में संतुष्ट, आत्मा में तृप्ति होने से बचनातीत नित्य उत्तम सुख होगा, उस सुख को उसी समय स्वयमेव ही देखेगा। दूसरे से मत पूछ, यह सुख अपने अनुभवगोचर ही है दूसरे से क्यों पूछता है।

भावार्थ—ज्ञानमात्र आत्मा में लीन होना, इसी से संतुष्ट रहना और इसी से तृप्त होना यह परम ध्यान है। इसी से वर्तमान में आनंदरूप होता है और उसके बाद ही संपूर्ण ज्ञानानंदस्वरूप केवल ज्ञान की प्राप्ति होती है। इस सुख को ऐसा पूर्वोक्त करने वाला ही जानता है अन्य का इसमें प्रवेश नहीं है॥ २०६॥

अब ज्ञानी की महिमा का कलश कहते हैं—**अचिंत्य** इत्यादि। **अर्थ**—जिस कारण यह चैतन्यमात्र चिंतामणि वाला ऐसा ज्ञानी, स्वयमेव आप देव है। जिसमें ऐसी शक्ति है जो किसी के विचार में नहीं आ सकती। ऐसे ज्ञानी के सब प्रयोजन सिद्ध हैं, ज्ञानी को अन्य परिग्रह का क्या लाभ है?

भावार्थ—यह ज्ञानमूर्ति आत्मा अनंत शक्ति का धारक वांछित कार्य की सिद्धि करने वाला आप ही देव है इसलिये सब प्रयोजनों के सिद्धपनेकर ज्ञानी के अन्य परिग्रह के सेवन करने से क्या साध्य है? कुछ भी नहीं, यह निश्चयनय का उपदेश है।॥१४४॥

---

१. "माऽति प्राक्षीः" इत्यपि पाठः।

कुतो ज्ञानी न परं गृह्णातीति चेत्—

को णाम भणिज्ज बुहो परदव्वं मम इमं हवदि दव्वं ।
अप्पाणमप्पणो परिग्गहं तु णियदं वियाणंतो ॥२०७॥

को नाम भणेद् बुधः परद्रव्यं ममेदं भवति द्रव्यं ।
आत्मानमात्मनः परिग्रहं तु नियतं विजानन् ॥२०७॥

यतो हि ज्ञानी, यो हि यस्य स्वो भावः स तस्य [1]स्वः । स तस्य स्वामीति खरतरतत्त्वदृष्ट्यवष्टंभाद् आत्मानमात्मनः परिग्रहं तु नियमेन विजानाति । ततो न ममेदं स्वं नाहमस्य स्वामी इति परद्रव्यं न परिगृह्णाति ॥२०७॥

अतोऽहमपि न तत् परिगृह्णामि—

मज्झं परिग्गहो जइ तदो अहमजीवदं तु गच्छेज्ज ।
णादेव अहं जह्मा तह्मा ण परिग्गहो मज्झ ॥२०८॥

मम परिग्रहो यदि ततोऽहमजीवतां तु गच्छेयं ।
ज्ञातैवाहं यस्मात्तस्मान्न परिग्रहो मम ॥२०८॥

भणिज्ज बुहो परदव्वं मम इदं हवदि दव्वं परद्रव्यं मम भवतीति नाम स्फुटमहो वा को ब्रूयात् ? बुधो ज्ञानी, न कोपि । किं कुर्वन् ? **अप्पाणमप्पणो परिग्गहं तु णियदं वियाणंतो** चिदानंदैकस्वभावशुद्धात्मानमेव,

---

आगे पूछते हैं कि ज्ञानी परद्रव्य को क्यों नहीं ग्रहण करता ? उसका उत्तर कहते हैं;—**[कः नाम बुधः]** ऐसा कौन ज्ञानी पंडित है ? जो **[इदं परद्रव्यं]** यह परद्रव्य **[मम द्रव्यं]** मेरा द्रव्य **[भवति]** है **[भणेत्]** ऐसा कहे, ज्ञानी पंडित **[आत्मानं तु]** अपने आत्मा को ही **[नियतं]** नियम से **[आत्मनः परिग्रहं]** अपना परिग्रह **[विजानन्]** जानता हुआ प्रवर्तता है ।

टीका—जो ज्ञानी है वह नियम से ऐसा जानता है कि जो जिसका निजभाव है वही उसका स्व है, और उसी स्वभाव रूप द्रव्य का वह स्वामी है । ऐसे सूक्ष्म तीक्ष्ण तत्त्वदृष्टि के अवलंबन से आत्मा का परिग्रह अपना आत्मस्वभाव ही है ऐसा जानता है । इस कारण परद्रव्य को ऐसा जानता है कि यह मेरा स्व नहीं, मैं इसका स्वामी नहीं । इसलिये परद्रव्य को ग्रहण नहीं करता ।

भावार्थ—लोक में समझदार मनुष्य परकी वस्तु को अपनी नहीं जानता हुआ उसको ग्रहण नहीं करता उसी तरह परमार्थ ज्ञानी अपने स्वभाव को ही अपना धन जानता है परके भाव को अपना नहीं जानता; ऐसा ज्ञानी परका ग्रहण सेवन नहीं करता ॥२०७॥

आगे इसी अर्थ को युक्ति से दृढ़ करते हैं;—ज्ञानी ऐसा जानता है कि **[यदि]** जो **[मम]**

---

१. 'स्वं' इत्यपि पाठः ।

यदि परद्रव्यमजीवमहं परिगृह्णीयां तदावश्यमेवाजीवो ममासौ स्वः स्यात्। अहमप्यवश्यमेवाजीवस्यामुष्य स्वामी स्यां। अजीवस्य तु यः स्वामी, स किलाजीव एव। एवमवशेनापि ममाजीवत्वमापद्येत। मम तु एको ज्ञायक एव भावः यः स्वः, अस्यैवाहं स्वामी, ततो माभून्ममाजीवत्वं ज्ञातैवाहं भविष्यामि न परद्रव्यं परिगृह्णामि, अयं च मे निश्चयः ॥२०८॥

छिज्जदु वा भिज्जदु वा णिज्जदु वा अहव जादु विप्पलयं।
जह्मा तह्मा गच्छदु तहवि हु ण परिग्गहो मज्झ ॥२०९॥

छिद्यतां वा भिद्यतां वा नीयतां वाथवा यातु विप्रलयं।
यस्मात्तस्माद् गच्छतु तथापि खलु न परिग्रहो मम ॥२०९॥

आत्मनः परिग्रह विजानन् नियतं निश्चितमिति ॥२०७॥ अथ मिथ्यात्वरागादिरूपमपध्यानं मम परिग्रहो न भवतीति पुनरपि भेदज्ञानशक्ति वैराग्यशक्ति च प्रकटयति;—**मज्झं परिग्गहो जदि तदो अहमजीविदं तु गच्छेज्ज** सहजशुद्धकेवलज्ञानदर्शनस्वभावस्य मम यदि मिथ्यात्वरागादिकपरद्रव्यं परिग्रहो भवति ततोऽहमजीवत्वं जडत्वं गच्छामि। न चाहं अजीवो भवामि। **णादेव अहं जह्मा तह्मा ण परिग्गहो मज्झ** परमात्मज्ञानपदमेवाहं यस्मात्ततः परद्रव्यं मम परिग्रहो न भवतीत्यर्थः ॥२०८॥ अथायं च मे निश्चयः देहरागादिपरद्रव्यं मम परिग्रहो न भवतीति भेदज्ञानं

मेरा परद्रव्य **[परिग्रहः]** परिग्रह हो **[ततः]** तो **[अहं]** मैं भी **[अजीवतां]** अजीवत्व को **[गच्छेयं]** प्राप्त हो जाउं **[यस्मात्]** जिस कारण **[अहं तु]** मै तो **[ज्ञाता एव]** ज्ञाता ही हूं **[तस्माद्]** इस कारण **[मम]** मेरे **[परिग्रहः]** कुछ भी परिग्रह **[न]** नहीं है।

टीका—यदि मै अजीव परद्रव्य को ग्रहण करू तो अजीव मेरा स्व अवश्य हो जाय और मैं भी उस अजीव का अवश्य स्वामी ठहरू। क्योंकि यह न्याय है कि अजीव का स्वामी निश्चय से अजीव ही होता है इस तरह मेरे भी अजीवपना अवश्य आ जावे। इसलिये मेरा तो एक ज्ञायकभाव ही स्व है, उसी का मैं स्वामी हूं। इस कारण मेरे अजीवपना न हो, मैं तो ज्ञाता ही होऊंगा परद्रव्य को नहीं ग्रहण करूंगा यह मेरा निश्चय है।

भावार्थ—निश्चयनय का यह सिद्धांत है कि जीव का भाव तो जीव ही है उसी से जीवका स्व स्वामीसंबंध है। और अजीव के भाव अजीव ही हैं उन्ही के साथ अजीव का स्वस्वामी संबंध है। इसलिए यदि जीव के अजीव का परिग्रह माना जाए तो जीव अजीवपने को प्राप्त हो जाय। अतः परमार्थ से जीव के अजीव का परिग्रह मानना मिथ्याबुद्धि है। ज्ञानी के यह मिथ्याबुद्धि नहीं होती। ज्ञानी तो इस तरह मानता है कि परद्रव्य मेरा परिग्रह नहीं है मै तो ज्ञाता हूं ॥२०८॥

आगे कहते हैं कि ऐसा मानने वाले ज्ञानी के परद्रव्य के विगड़ने, सुधरने में दोनों में समता है;—ज्ञानी ऐसा विचारता है कि परद्रव्य **[छिद्यतां वा]** छिद जाओ **[भिद्यतां वा]** अथवा भिद जाओ **[नीयतां वा]** अथवा कोई ले जाओ **[अथवा]** या **[विप्रलयं यातु]** नष्ट हो जाओ **[यस्मात् तस्मात्]**

छिद्यतां वा भिद्यतां वा नीयतां वा विप्रलयं यातु वा यतस्ततो गच्छतु वा तथापि न परद्रव्यं परिगृह्णामि। यतो न परद्रव्यं मम स्वं नाहं परद्रव्यस्य स्वामी। परद्रव्यमेव परद्रव्यस्य स्वं, परद्रव्यमेव परद्रव्यस्य स्वामी। अहमेव मम स्वं अहमेव मम स्वामीति जानामि ॥२०९॥

इत्थं परिग्रहमपास्य समस्तमेव सामान्यतः स्वपरयोरविवेकहेतुं।
अज्ञानमुज्झितुमना अधुना विशेषाद् भूयस्तमेव परिहर्तुमयं प्रवृत्तः ॥१४५॥

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णिच्छदे धम्मं।
अपरिग्गहो दु धम्मस्स जाणगो तेण सो होई ॥२१०॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छति धर्मं।
अपरिग्रहस्तु धर्मस्य ज्ञायकस्तेन स भवति ॥२१०॥

निरूपयति;—**छिज्जदु वा भिज्जदु वा अहव जादु विप्पलयं** छिद्यतां वा द्विधा भवतु, भिद्यतां वा छिद्रीभवतु, नीयतां वा केनचित्। अथवा विप्रलयं विनाशं गच्छतु, एवमेव **जह्मा तह्मा गच्छदु तहावि ण परिग्गहो मज्झ** अन्यस्मात् यस्मात् तस्मात् कारणाद्वा गच्छतु तथापि शरीरं मम परिग्रहो न भवति। कस्मात्? इति चेत् टंकोत्कीर्ण-परमानंदज्ञायकैकस्वभावोहं, यतः कारणात्। अयं च मे निश्चयः ॥२०९॥ अथ विशेषपरिग्रहत्यागरूपेण तमेव ज्ञानगुणं विवृणोति;—**अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णिच्छदे धम्मं** अपरिग्रहो भणितः। कोसौ?

जिस तिस तरह से **[गच्छतु]** चली जाओ **[तथापि]** तो भी **[खलु]** निश्चय से **[मम]** मेरा **[परिग्रहः न]** परद्रव्य परिग्रह नहीं है।

टीका—परद्रव्य छिदो, वा भिदो, वा कोई लेओ, वा नष्ट हो जाओ, वा जिस तिस कारण से चली जाओ तो भी मैं परद्रव्य को परिग्रहण नहीं करता, क्योंकि परद्रव्य मेरा स्व नहीं है और न मैं उसका स्वामी हूं। मैं अपना ही स्वामी हूं ऐसा जानता हूं।

भावार्थ—ज्ञानी के परद्रव्य के विगड़ने सुधरने का हर्ष और विषाद नहीं है ॥२०९॥

अब इस अर्थ का कलश कहते हैं;—**इत्थं** इत्यादि। **अर्थ**—इस प्रकार सामान्य से सभी परिग्रह को छोड़कर अपने और परके अविवेक का जो कारण अज्ञान उसको छोड़ने का जिसका मन है ऐसा यह ज्ञानी उस परिग्रह को विशेषकर भिन्न-भिन्न छोड़ने को फिर प्रवृत्त होता है।

भावार्थ—स्व और परको एकरूप जानने का हेतु अज्ञान है इसी अज्ञान से परद्रव्य का परिग्रहण है। इसलिये ज्ञानी के पहली गाथा में परिग्रह का सामान्यकर त्याग करना कहा गया है ॥१४५॥

अब कहते हैं कि ज्ञानी के धर्म का भी परिग्रह नहीं है;—**[ज्ञानी]** ज्ञानी **[अपरिग्रहः]** परिग्रह से रहित है **[अनिच्छः]** इसलिये परिग्रह की इच्छा से रहित है **[भणितः]** ऐसा कहा है इसी कारण **[धर्मं च]** धर्म को **[न इच्छति]** नहीं चाहता **[तेन]** इसीलिये **[धर्मस्य अपरिग्रहः]** धर्म का परिग्रह नहीं है **[सः]** वह ज्ञानी **[ज्ञायकः भवति तु]** धर्म का ज्ञायक ही है।

इच्छा परिग्रहः तस्य परिग्रहो नास्ति यस्येच्छा नास्ति। इच्छात्वज्ञानमयो भावः, अज्ञानमयो भावस्तु ज्ञानिनो नास्ति। ज्ञानिनो ज्ञानमय एव भावोऽस्ति, ततो ज्ञानी अज्ञानमयस्य भावस्य इच्छाया अभावाद् धर्मं नेच्छति। तेन ज्ञानिनो धर्मपरिग्रहो नास्ति। ज्ञानमयस्यैकस्य ज्ञायकभावस्य भावाद् धर्मस्य केवलं ज्ञायक एवायं स्यात् ॥२१०॥

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णिच्छदि अधम्मं।
अपरिग्गहो अधम्मस्स जाणगो तेण सो होदि ॥२११॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छत्यधर्मं।
अपरिग्रहोऽधर्मस्य ज्ञायकस्तेन स भवति ॥२११॥

इच्छा परिग्रहः, तस्य परिग्रहो नास्ति यस्येच्छा नास्ति, इच्छात्वज्ञानमयो भावः। अज्ञानमयो भावस्तु ज्ञानिनो नास्ति, ज्ञानिनो ज्ञानमय एव भावोऽस्ति। ततो ज्ञानी अज्ञानमयस्य

अनिच्छः। तस्य परिग्रहो नास्ति यस्य बहिर्द्रव्येष्विच्छा वाछा मोहो नास्ति। तेन कारणेन स्वसंवेदनज्ञानी शुद्धोपयोगरूपं निश्चयधर्मं विहाय शुभोपयोगरूपं धर्मं पुण्यं नेच्छति **अपरिग्गहो दु धम्मस्स जाणगो तेण सो होदि** ततः कारणात्पुण्यरूपधर्मस्यापरिग्रहः सन् पुण्यमिद मम स्वरूपं न भवतीति ज्ञात्वा तद्रूपेणापरिणमन् अतन्मयो भवन् दर्पणे बिम्बस्येव ज्ञायक एव भवति ॥२१०॥ **अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णिच्छदि अहम्मं** अपरिग्रहो भणितः। स कः? अनिच्छः—तस्य परिग्रहो नास्ति यस्य बहिर्द्रव्येषु इच्छा कांक्षा नास्ति। तेन कारणेन तत्त्वज्ञानी विषयकषायरूपमधर्मं पापं नेच्छति। **अपरिग्गहो अधम्मस्स जाणगो तेण सो होदि** तत एव कारणात्—विषयकषायरूपस्याधर्मस्याऽपरिग्रहः सन् पापमिदं मम स्वरूपं न भवतीति ज्ञात्वा तद्रूपेणापरिणमन् दर्पणे बिम्बस्येव ज्ञायक एव भवति। एवमेव च, अधर्मपदपरिवर्तनेन रागद्वेषमोहक्रोधमानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकाय-

---

टीका—इच्छा है वही परिग्रह है जिसके इच्छा नहीं उसके परिग्रह भी नही और जो इच्छा है वह अज्ञानमय भाव है वह भाव ज्ञानी के नही है, ज्ञानी के तो ज्ञानमय ही भाव है। इसलिये ज्ञानी अज्ञानमय भावरूप इच्छा के अभाव से धर्म को नहीं चाहता इस कारण ज्ञानी के धर्म परिग्रह नहीं है ज्ञानमय एक ज्ञायकभाव के सद्भाव से धर्म का केवल ज्ञाता ही यह ज्ञानी है ॥२१०॥

आगे इसी प्रकार ज्ञानी के अधर्म का परिग्रह नही है **[ज्ञानी]** ज्ञानी **[अनिच्छः]** इच्छारहित है इसलिये **[अपरिग्रहः]** परिग्रह रहित **[भणितः]** कहा है इसीसे **[अधर्मं न इच्छति]** अधर्म की इच्छा नहीं करता **[सः]** वह ज्ञानी **[अधर्मस्य]** अधर्म का **[अपरिग्रहः]** परिग्रह नहीं रखता **[तेन]** इसलिये वह **[ज्ञायकः भवति च]** उस अधर्म का ज्ञायक ही है।

टीका—इच्छा है वह परिग्रह है जिसके इच्छा नहीं है उसके परिग्रह नहीं है। और इच्छा है वह अज्ञानमय भाव है वह भाव ज्ञानी के नहीं है। ज्ञानी के तो ज्ञानमय ही भाव है इसलिये ज्ञानी अज्ञानमय भावरूप इच्छा के अभाव से अधर्म की इच्छा नहीं करता इस कारण ज्ञानी के अधर्म का

भावस्य इच्छाया अभावादधर्मं नेच्छति तेन ज्ञानिनोऽधर्मपरिग्रहो नास्ति, ज्ञानमयस्यैकस्य ज्ञायकभावस्य भावादधर्मस्य केवलं ज्ञायक एवायं स्यात् । एवमेव चाधर्मपदपरिवर्तमेन रागद्वेष-क्रोधमानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्येयानि । अनया दिशाऽन्यान्यप्यूह्यानि ॥२११॥

अपरिग्गहो अणिच्छो [1]भणिदो णाणी य णिच्छदे असणं ।
अपरिग्गहो दु असणस्स जाणगो तेण सो होदि ॥२१२॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छति अशनं ।
अपरिग्रहस्त्वशनस्य ज्ञायकस्तेन स भवति ॥२१२॥

इच्छा परिग्रहः । तस्य परिग्रहो नास्ति यस्येच्छा नास्ति । इच्छात्वज्ञानमयो भावः । अज्ञानमयो भावस्तु ज्ञानिनो नास्ति । ज्ञानिनो ज्ञानमय एव भावोस्ति । ततो ज्ञानी अज्ञानमयस्य

श्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसंज्ञानि सप्तदशसूत्राणि व्याख्येयानि । तेनैव प्रकारेण शुभाशुभसंकल्पविकल्परहितानंतज्ञानादिगुणस्वरूपशुद्धात्मनः प्रतिपक्षभूतानि शेषाण्यप्यसंख्येयलोकप्रमितानि विभावपरिणामस्थानानि वर्जनीयानि ॥२११॥

धम्मच्छि अधम्मच्छी आयासं सुत्तमंगपुव्वेसु ।
संगं च तहा णेयं देवमणुअत्तिरियणेरइयं ॥

अपरिग्रहो भणितः । कोऽसौ ? अनिच्छः तस्य परिग्रहो नास्ति यस्य बहिर्द्रव्येषु इच्छा आकांक्षा नास्ति । तेन कारणेन परमतत्त्वज्ञानी चिदानंदैकस्वभावं शुद्धात्मानं विहाय धर्माधर्माकाशाद्यंगपूर्वगतश्रुतबाह्याभ्यंतरपरिग्रहदेव-

---

परिग्रह नहीं है। ज्ञानमय जो एक ज्ञायकभाव उसके सद्भाव से यह ज्ञानी अधर्म का केवल ज्ञायक ही है। इसी प्रकार गाथा में अधर्म पद के पलटने से अधर्म की जगह राग द्वेष क्रोध मान माया लोभ कर्म नोकर्म मन वचन काय श्रोत्र चक्षु घ्राण रसन स्पर्शन—ये सोलह पद रख सोलह गाथा सूत्रोंकर व्याख्यान करना। और इसी उपदेश से अन्य भी विचार लेना ॥२११॥

आगे ज्ञानी के आहार करना भी परिग्रह नहीं हैं;—**[अनिच्छः अपरिग्रहः]** इच्छा रहित हो वही परिग्रह रहित है **[भणितः]** ऐसा कहा है **[च]** और **[ज्ञानी]** ज्ञानी **[अशनं]** भोजन को **[न इच्छति]** नहीं चाहता इसलिये **[अशनस्य]** ज्ञानी के भोजन का **[अपरिग्रहः]** परिग्रह नहीं है **[तेन]** इस कारण **[सः]** वह ज्ञानी **[ज्ञायकः तु]** अशन का ज्ञायक ही **[भवति]** है।

टीका—इच्छा है वही परिग्रह है जिसके इच्छा नहीं है उसके परिग्रह भी नहीं। और इच्छा है वह अज्ञानमय भाव है सो ज्ञानी के अज्ञानमय भाव नहीं है। ज्ञानी के तो ज्ञानमय ही भाव है इसलिये ज्ञानी अज्ञानमय भावरूप इच्छा के अभाव से भोजन को नहीं चाहता इस कारण ज्ञानी के अशन का परिग्रह नहीं है ज्ञानमय जो एक ज्ञायक भाव उसके सद्भाव से यह ज्ञानी केवल अशन का ज्ञायक ही है।

१. तात्पर्यवृत्तौ—'भणिदो असणं तु णिच्छदे णाणी' इति पाठः ।

भावस्य इच्छाया अभावादशनं नेच्छति तेन ज्ञानिनोऽशनपरिग्रहो नास्ति ज्ञानमयस्यैकस्य ज्ञायक-भावस्य भावादशनस्य केवलं ज्ञायक एवायं स्यात् ॥२१२॥

अपरिग्गहो अणिच्छो [1]भणिदो णाणीय णिच्छदे पाणं ।
अपरिग्गहो दु पाणस्स जाणगो तेण सो होदि ॥२१३॥

अपरिग्रहो अनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छति पानं ।
अपरिग्रहस्तु पानस्य ज्ञायकस्तेन स भवति ॥२१३॥

इच्छा परिग्रहः । तस्य परिग्रहो नास्ति यस्येच्छा नास्ति । इच्छात्वज्ञानमयो भावः । अज्ञानमयो भावस्तु ज्ञानिनो नास्ति । ज्ञानिनो ज्ञानमय एव भावोऽस्ति । ततो ज्ञान्यज्ञानमयस्य भावस्य इच्छाया अभावात् पानं नेच्छति । तेन ज्ञानिनः पानपरिग्रहो नास्ति । ज्ञानमयस्यैकस्य ज्ञायक भावस्य भावात् केवलं पानकस्य ज्ञायक एवायं स्यात् ॥२१३॥

मनुष्यतिर्यङ्नारकादिविभावपर्यायान्नेच्छति इति ज्ञेयं ज्ञातव्यं । ततः कारणात्तद्विषये निष्परिग्रहो भूत्वा तद्रूपेणाप-रिणमन् सन् दर्पणे बिम्बस्येव ज्ञायक एव भवति । अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो असणं च णिच्छदे णाणी

भावार्थ—ज्ञानी के आहार की भी इच्छा नहीं है इस कारण ज्ञानी के आहार करना भी परिग्रह नहीं है। **प्रश्न**—आहार तो मुनि भी करते हैं उनके इच्छा है या नहीं ? **समाधान**—असाता-वेदनीय कर्म के उदय से तो जठराग्नि क्षुधा उपजती है, वीर्यांतराय के उदय से उसकी वेदना सही नहीं जाती और चारित्रमोह के उदय से ग्रहण करने की इच्छा उत्पन्न होती है सो इस इच्छा को कर्म के उदय का कार्य जानता है उस इच्छा को रोग के समान जान मेंटना चाहता है। अनुरागरूप इच्छा नहीं है अर्थात् ऐसी इच्छा नहीं होती कि मेरी यह इच्छा सदा रहे इसलिये अज्ञानमय इच्छा का अभाव है परजन्य इच्छा का स्वामीपना ज्ञानी के नहीं है इसलिये ज्ञानी इच्छा का भी ज्ञायक ही है। ऐसा शुद्ध नय को प्रधान कर कथन जानना ॥२१२॥

पान का परिग्रह भी ज्ञानी के नहीं है;—[**अनिच्छः**] इच्छा रहित है वह [**अपरिग्रहः**] परि-ग्रहरहित [**भणितः**] कहा गया है [**च**] और [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**पानं**] जल आदि पीने की [**न इच्छति**] इच्छा नहीं रखता [**तेन**] इस कारण [**पानस्य**] पान का [**अपरिग्रहः**] परिग्रह ज्ञानी के नहीं है इसलिये [**सः**] वह ज्ञानी [**ज्ञायकः तु**] पान का ज्ञायक ही [**भवति**] है।

टीका—इच्छा है वह अज्ञानमय भाव है, ज्ञानी के अज्ञानमय भाव नहीं है। ज्ञानी के तो ज्ञानमय ही भाव है इसलिये ज्ञानी अज्ञानमय भाव जो इच्छा उसके अभाव से पान की इच्छा नहीं करता इसलिए ज्ञानी के पान का परिग्रह नहीं है। ज्ञानमय जो एक ज्ञायक भाव उसके सद्भाव से यह ज्ञानी पान का केवल ज्ञायक ही है। **भावार्थ**—आहार के समान जानना ॥२१३॥

---

१. 'तात्पर्यवृत्तौ—भणिदो पाणं च णिच्छदे णाणी' इति पाठः।

'एमादिए दु विविहे सव्वे भावे य णिच्छदे णाणी ।
जाणगभावो णियदो णीरालंबो दु सव्वत्थ ॥२१४॥

एवमादिकांस्तु विविधान् सर्वान् भावांश्च नेच्छति ज्ञानी ।
ज्ञायकभावो नियतः निरालंबस्तु सर्वत्र ॥२१४॥

एवमादयोऽन्येऽपि बहुप्रकाराः परद्रव्यस्य ये स्वभावास्तान् सर्वानेव नेच्छति ज्ञानी तेन ज्ञानिनः सर्वेषामपि परद्रव्यभावानां परिग्रहो नास्ति इति सिद्धं ज्ञानिनोऽत्यंतनिष्परिग्रहत्वं । अथैवमयमशेषभावांतरपरिग्रहशून्यत्वादुद्वांतसमस्ताज्ञानः सर्वत्राप्यत्यंतनिरालंबो भूत्वा प्रतिनियतटंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावः सन् साक्षाद्विज्ञानघनमात्मानमनुभवति ॥ २१४ ॥

अपरिग्रहो भणितः । स कः ? अनिच्छ. । तस्य परिग्रहो नास्ति यस्य बहिर्द्रव्येषु इच्छा मूर्च्छा ममत्वं नास्ति । इच्छास्वज्ञानमयो भावः स च ज्ञानिनो न संभवति । **अपरिग्गहो दु असणस्स जाणगो तेण सो होदि** तत एव कारणात् आत्मसुखे तृप्तो भूत्वा अशनविषये निष्परिग्रहः सन् दर्पणे बिम्बस्येव अशनाद्याहारस्य वस्तुनो वस्तुरूपेण ज्ञायक एव भवति । न च रागरूपेण ग्राहक इति ॥२१२॥ **अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो पाणं तु णिच्छदे णाणी** अपरिग्रहो भणितः । कोसौ ? अनिच्छः । तस्य परिग्रहो नास्ति यस्य बहिर्द्रव्येष्वाकांक्षा तृष्णा मोह इच्छा नास्ति । इच्छात्वज्ञानमयो भावः स च ज्ञानिनो न संभवति **अपरिग्गहो दु पाणस्स जाणगो तेण सो होदि** ततः कारणात् स्वाभाविकपरमानंदसुखे तृप्तो भूत्वा विविधपानकविषय निष्परिग्रहः सन् दर्पणे बिम्बस्येव वस्तुनो वस्तुस्वरूपेण ज्ञायक

आगे कहते हैं कि इसी प्रकार अनेक प्रकार के परजन्य भाव को भी ज्ञानी नहीं चाहता; —**[एवमादिकान् तु]** इस प्रकार को आदि लेकर **[विविधान्]** अनेक प्रकार के **[सर्वान् भावान्]** सब भावों को **[ज्ञानी]** ज्ञानी **[न इच्छति]** नहीं चाहता । क्योंकि **[नियतः]** नियम से **[ज्ञायकभावः]** आप ज्ञायक भाव है इसलिये **[सर्वत्र निरालंबः तु]** सबमें निरालंब है ।

टीका—इसी पूर्वोक्त प्रकार को आदि लेकर अन्य भी बहुत प्रकार पर द्रव्य के जो स्वभाव हैं उन सबकी ही ज्ञानी इच्छा नहीं करता, इस कारण ज्ञानी के सभी पर द्रव्यों के भावों का परिग्रह नहीं है । इस तरह ज्ञानी का अत्यन्त निष्परिग्रहपना सिद्ध हुआ । इस प्रकार यह ज्ञानी समस्त अन्य भावों के परिग्रह के शून्यत्व से जिसने समस्त अज्ञान उगल दिया है ऐसा हुआ सर्वत्र अति निरालंबन स्वरूप होकर केवल एक टंकोत्कीर्ण ज्ञायकभाव हुआ साक्षात् विज्ञानघन आत्मा को अनुभव करता है ।

भावार्थ—पूर्वोक्त प्रकार आदि लेकर सभी अन्य भावों का ज्ञानी के परिग्रह नहीं है क्योंकि जब सभी पर भावों को हेय जाने, तब उनकी प्राप्ति की इच्छा नहीं होती । उदय में आये हुए को अनासक्त हुआ भोगता है । संसार देहभोगों से रागरूप इच्छा के विना परिग्रह का अभाव कहा गया है ॥२१४॥

---

१. एवमादिए दु' इत्यपि पाठः । इच्चादि इति तात्पर्यवृत्तौ पाठः ।

पूर्वबद्धनिजकर्मविपाकाज्ज्ञानिनो यदि भवत्युपभोगः ।
तद्भवत्वथ च रागवियोगान्नूनमेति न परिग्रहभावं ॥ १४६ ॥

उप्पण्णोदयभोगो विओगबुद्धीए तस्स सो णिच्चं ।
कंखामणागयस्स य उदयस्स ण कुव्वए णाणी ॥ २१५ ॥

उत्पन्नोदयभोगो वियोगबुद्धया तस्य स नित्यं ।
कांक्षामनागतस्य चोदयस्य न करोति ज्ञानी ॥ २१५ ॥

एव भवति, नच रागरूपेण ग्राहक इति । तथा चोक्त—ण बलाउसाहणट्ठ ण सरीरस्स य चयट्ठतेजट्ठ । णाणट्ठ सजमट्ठ झाणट्ठ चेव भुजति ॥१॥ अक्खामक्खणिमित्त इसिणो भुजति पाणधारणणिमित्त । पाणा धम्मणिमित्त धम्म हि चरति मोक्खट्ठ ॥२॥" २१३॥अथ परिग्रहत्यागव्याख्यानमुपसहरति,—**इच्चादिएदु विविहे सव्वे भावेय णिच्छदे णाणी** इत्यादिकान् पुण्यपापाशनपानादिबहिर्भावान् सर्वान् सर्वतः परमात्मतत्त्वज्ञानी नेच्छति । अनिच्छन् स कथभूतो भवति ? **जाणगभावो णियदो णीरालंबो य सव्वत्थ** टकोत्कीर्णपरमानदज्ञायकैकस्वभाव एव भवति नियतो निश्चित । पुनश्च कथभूतो भवति ? जगत्त्रये कालत्रयेऽपि मनोवचनकायै कृतकारितानुमतैश्च बाह्याभ्यतर-परिग्रहरूपे चेतनाचेतनपरद्रव्ये सर्वत्र निरालबोऽपि, अनतज्ञानादिगुणस्वरूपे स्वस्वभावे पूर्णकलश इव सालबन एव 'तिष्ठतीति भावार्थ ॥ २१४ ॥ अथ ज्ञानी वर्तमानभाविभोगेषु वाछा न करोतीति कथयति,—**उप्पण्णो-दयभोगे वियोगबुद्धीय तस्स सो णिच्चं** उत्पन्नोदयभोगे वियोगबुद्धिश्च हेयबुद्धिर्भवति 'तस्य तस्मिन् भोगविषये 'षष्ठीसप्तम्योरभेद इति वचनात्' कोसौ निरीहवृत्तिर्भवति ? स्वसवेदनज्ञानी नित्य सर्वकाल **कंखामणागदस्स य**

अब उसी अर्थ का कलश है—**पूर्वबद्ध** इत्यादि। **अर्थ**—ज्ञानी के पूर्व बधे अपने कर्म के उदय से जो उपभोग होता है सो होवे परतु राग के अभाव मे निश्चय से वह उपभोग परिग्रहभाव को प्राप्त नही होता ।

भावार्थ—पूर्वबद्ध कर्मो का उदय आने पर उपभोग की सामग्री प्राप्त होती है उसको यदि अज्ञानमयरागभाव से भोगे तब तो वह परिग्रह भाव को प्राप्त होवे, परन्तु ज्ञानी के अज्ञानमय राग भाव नही है उदय आया है उसे भोगता है । यह जानता है कि पूर्व बाधा था वही उदय आ गया, पीछा छूटा, आगामी वाछा नही करता हू । इस प्रकार उनसे रागरूप इच्छा नही है तब वे परिग्रह भी नही हैं ॥ १४६ ॥

आगे ज्ञानी के तीन कालगत परिग्रह नही है ऐसा कहते हैं,—[**उत्पन्नोदयभोगः**] उत्पन्न हुआ वर्तमान काल के उदय का भोग [**तस्य**] उस ज्ञानी के [**नित्यं**] हमेशा [**स**] वह [**वियोगबुद्ध्या**] वियोग की बुद्धिकर वर्तता है इसलिए परिग्रह नही है [**च**] और [**अनागतस्य उदयस्य**] आगामी काल मे होने वाले उदय की [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**कांक्षां**] वाछा [**न करोति**] नही करता इसलिए परिग्रह नही है । तथा अतीत काल का बीत ही चुका सो यह विना कहा सामर्थ्य से ही जानना कि इसके परिग्रह नही है । गये हुए की वाछा ज्ञानी के कैसे हो ?

कर्मोदयोपभोगस्तावदतीतः प्रत्युत्पन्नोऽनागतो वा स्यात्। तत्रातीतस्तावदतीतत्वादेव सन् परिग्रहभावं बिभर्ति। अनागतस्तु आकांक्ष्यमाण एव परिग्रहभावं बिभृयात्। प्रत्युत्पन्नस्तु स किल रागबुद्ध्या प्रवर्तमान एव तथा स्यात्। नच प्रत्युत्पन्नः कर्मोदयोपभोगो ज्ञानिनो रागबुद्ध्या प्रवर्तमानो दृष्टो ज्ञानिनोऽज्ञानमयभावस्य रागबुद्धेरभावात्। वियोगबुद्ध्यैव केवलं प्रवर्तमानस्तु स किल न परिग्रहः स्यात्। ततः प्रत्युत्पन्नः कर्मोदयोपभोगो ज्ञानिनः परिग्रहो न भवेत्। अनागतस्तु स किल ज्ञानिनो न कांक्षित एव, ज्ञानिनोऽज्ञानमयभावस्याकांक्षाया अभावात्। ततोऽनागतोऽपि कर्मोदयोपभोगो ज्ञानिनः परिग्रहो न भवेत् ॥ २१५ ॥

उदयस्स ण कुव्वदे णाणी स एव ज्ञानी, अनागतस्य निदानबंधरूपभाविभोगोदयस्याकाक्षां न करोति। किं च विशेषः। य एव भोगोपभोगादिचेतनाचेतनसमस्तपरद्रव्यनिरालंबनो भावः परिणामः स एव स्वसंवेदनज्ञानगुणो भण्यते। तेन ज्ञानगुणावलंबनेन य एव पुरुष. ख्याति-पूजा-लाभभोगाकांक्षारूपनिदानबंधादिविभावरहितः सन् जगत्त्रये कालत्रयेऽपि मनोवचनकायैः कृतकारितानुमितैश्च विषयसुखानंदवासनावासितं चित्तं मुक्त्वा शुद्धात्मभावनोत्थवीतरागपरमानन्दसुखेन वासितं रंजितं मूर्छितं परिणत तन्मयं तृप्तं रतं संतुष्टं चित्तं कृत्वा वर्तते स एव मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञानाभेदरूपं परमार्थशब्दाभिधेयं साक्षान्मोक्षकारणभूतं शुद्धात्मसंवित्तिलक्षणं परमागमभाषया वीतरागधर्मध्यानशुक्लध्यानस्वरूपं स्वसंवेद्यशुद्धात्मपदं परमसमरसीभावेन अनुभवति न चान्यः। यादृशं परमात्मपदमनुभवति तादृशं परमात्मपदस्वरूपं मोक्षं

टीका—कर्म के उदय का उपभोग तीन प्रकार है—अतीत, वर्तमान और आगामी काल का। उनमें से अतीत काल का तो उपभोग वीत चुकने के कारण ज्ञानी अतीत काल के परिग्रह भाव को धारण नहीं करता; अनागत काल के उपभोग को यदि वांछा करे तब परिग्रहभाव को धारे सो ज्ञानी के आगामी वांछा नहीं है इसलिये परिग्रहभाव को नही धारता, जिस कर्म को ज्ञानी अपना अहित जानता है उसके उदय के भोग की आगामी वांछा कैसे कर सकता है ? और वर्तमान का उपभोग यदि रागबुद्धि से प्रवर्तमान हो तब परिग्रहभाव को धारे सो ज्ञानी के वर्तमान का उपभोग रागबुद्धिकर प्रवर्तमान नहीं दीखता, क्योंकि ज्ञानी के अज्ञानमयभाव रागबुद्धि का अभाव है। केवल विराग बुद्धिकर ही प्रवर्तमान होना परिग्रह नहीं है क्योंकि ज्ञानी की ऐसी बुद्धि है कि जिसका संयोग हुआ उसका वियोग अवश्य होगा इसलिये विनाशीक से प्रीति नहीं करनी। इस कारण वर्तमान कर्म के उदय का उपभोग है वह ज्ञानी के परिग्रह नहीं है और आगामी कर्म के उदय को न चाहने वाले ज्ञानी के अनागत उपभोग परिग्रह नहीं है क्योंकि ज्ञानी के अज्ञानभाव रूप वांछा का अभाव है इसलिये अनागत कर्म के उदय का उपभोग भी ज्ञानी के परिग्रह नहीं है ॥

भावार्थ—अतीत उपभोग तो बीत ही चुका, अनागत की वांछा नहीं और वर्तमान में राग नहीं है, जब उपभोग को हेय जाने तो उसमें राग किस तरह हो सकता है। इसलिये ज्ञानी के तीनों ही काल के कर्म के उदय का उपभोग परिग्रह नहीं है। जो वर्तमान में उपभोग के कारण मिलाता है सो पीड़ा न सह सकने के कारण रोगी की भांति उसका इलाज करता है यह निर्बलता का दोष है ॥२१५॥

कुतोऽनागतमुदयं ज्ञानी नाकांक्षतीति चेत्—

जो वेददि वेदिज्जदि समए समए विणस्सदे उहयं ।
तं जाणगो दु णाणी उभयंपि ण कंखइ कयावि ।। २१६ ।।

यो वेदयते वेद्यते समये समये विनश्यत्युभयं ।
तज्ज्ञायकस्तु ज्ञानी, उभयमपि न कांक्षति कदाचित् ।।२१६ ।।

ज्ञानी हि तावद् ध्रुवत्वात् स्वभावभावस्य टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावो नित्यो भवति, यौ तु वेद्यवेदकभावौ तौ तूत्पन्नप्रध्वंसित्वाद्विभावभावानां क्षणिकौ भवतः। तत्र यो भावः कांक्ष्यमाणं वेद्य भावं वेदयते स यावद्भवति तावत्कांक्ष्यमाणो वेद्यो भावो विनश्यति। तस्मिन् विनष्टे वेदको भावः किं वेदयते ? यदि कांक्ष्यमाणवेद्यभावपृष्ठभाविनमन्यं भावं वेदयते। तदा तद्भवनात्पूर्वं

लभते। कस्मात् ? इति चेत्, उपादानकारणसदृशं कार्यं भवति यतः कारणाद् इति। एवं स्वसंवेदनज्ञानगुण विना मत्यादिपंचज्ञानविकल्परहितमखंडपरमात्मपद न लभ्यते इति संक्षेपव्याख्यानमुख्यत्वेन सूत्राष्टकं गतं ।। २१५ ।। अथ भाविनं भोगं ज्ञानी न कांक्षतीति कथयति:—**जो वेददि वेदिज्जदि समए समए विणस्सदे उहयं** योसौ रागादिविकल्प. कर्ता वेदयत्यनुभवति यस्तु सातोदयः कर्मतापन्नं वेद्यते तेन रागादिविकल्पेन, अनुभूयते। तदुभयमपि अर्थपर्यायापेक्षया समयं समयं प्रति विनश्वरं **तं जाणगो दु णाणी उभयंपि ण कंखदि कयावि** तदुभयमपि वेद्यवेदकरूपं वर्तमानं भाविनं च विनश्वरं जानन् सन् तत्त्वज्ञानी नाकांक्षति न वांछति कदाचिदपि ।। २१६ ।। अथ तथैवापध्यानरूपाणि निष्प्रयोजनबंधनिमित्तानि शरीरविषये भोगनिमित्तानि च रागाद्यध्यवसानानि परमात्मतत्त्ववेदी न वांछति, इति प्रतिपादयति;—**बंधुवभोगणिमित्तं अज्झवसाणोदयेसु णाणिस्स णेव उप्पज्जदे रागो** स्वसंवेदनज्ञानिनो जीवस्य

आगे पूछते हैं कि ज्ञानी अनागत कर्मोदय उपभोग की क्यो वांछा नहीं करता ? उसका उत्तर कहते हैं;—**[यः]** जो **[वेदयते]** अनुभव करने वाला भाव अर्थात् वेदकभाव और जो **[वेद्यते]** अनुभव करने योग्य भाव अर्थात् वेद्यभाव **[उभयं]** इस तरह वेदक और वेद्य ये दोनों भाव आत्मा के होते हैं सो क्रम से होते हैं एक समय में नहीं होते। ये दोनों ही **[समये समये]** समय समय में **[विनश्यति]** नष्ट हो जाते हैं। आत्मा उन दोनों भावों में नित्य है **[तत्]** इसलिये **[ज्ञानी]** ज्ञानी **[ज्ञायकः तु]** दोनों भावों का ज्ञायक ही है **[उभयमपि]** इन दोनों भावों को **[कदापि]** कदाचित् भी **[न कांक्षति]** नही चाहता।

टीका—ज्ञानी तो अपने स्वभाव के ध्रुवत्व के कारण टंकोत्कीर्ण एक ज्ञानस्वरूप नित्य है और जो वेदने वाला तथा वेदने योग्य ऐसे दो वेदक तथा वेद्यभाव हैं वे उत्पत्ति तथा विनाशस्वरूप हैं क्योंकि विभाव भाव हैं उनके क्षणिकपना है इसलिये दोनों भाव विनाशीक (क्षणिक) हैं वहां ऐसा विचार होता है कि वेदकभाव आगामी वांछा में लेने योग्य वेद्य भाव को अनुभव करे। यह जब तक उपजे तब

स विनश्यति कस्तं वेदयते ? यदि वेदकभावपृष्ठभावी भावोन्यस्तं वेदयते तदा तद्भवनात्पूर्वं स वेद्यो विनश्यति। किं स वेदयते ? इति कांक्ष्यमाणभाववेदनानवस्था। तां च विजानन् ज्ञानी न किंचिदेव कांक्षति ॥२१६॥

वेद्यवेदकविभावचलत्वाद्वेद्यते न खलु कांक्षितमेव।
तेन कांक्षति न किंचन विद्वान् सर्वतोप्यतिविरक्तिमुपैति ॥ १४७ ॥

रागाद्युदयरूपेषु, अध्यवसानेषु बंधनिमित्तं भोगनिमित्तं वा नैवोत्पद्यते रागः। कथंभूतेष्वध्यवसानेषु ? **संसारदेहविसएसु** निष्प्रयोजनबंधनिमित्तेषु संसारविषयेषु भोगनिमित्तेषु देहविषयेषु वा। इदमत्र तात्पर्यं भोगनिमित्तं स्तोकमेव पापं करोत्ययं जीवः। निष्प्रयोजनापध्यानेन बहुतरं करोति शालिमत्स्यवत्। तथा चोक्तमपध्यानलक्षणं—बंधवंधच्छेदादेर्द्वेषा-द्रागाच्च परकलत्रादेः आध्यानमपध्यानं शासति जिनशासने विशदाः ॥१॥ इति अपध्यानेन कर्म बध्नाति तदप्युक्तमास्ते—

तक वेद्यभाव नष्ट हो जाय (विनस जाय) उसके विनाश होनेपर वेदकभाव किसका अनुभव करे ? तथा जो यहां ऐसे कहा जाय कि वांछा में आता जो वेद्यभाव उसके बाद होने वाला जो अन्य वेद्यभाव उसको वेदन करता है तो उसके होने के पहले ही वह वेदकभाव नष्ट हो जाता है तब उस वेद्यभाव को कौन वेद सकता है ? । फिर कहते हैं कि वेदकभाव के बाद होने वाला जो अन्य वेदकभाव वह उस वेद्यभाव को वेदेगा तो उस वेद्यकभाव के होने के पहले वह वेद्यभाव नष्ट हो जाय तब वह वेदकभाव कौन से भाव को वेदे ? ऐसा कांक्षमाणभाव अर्थात् वेदना की वांछा में आता हुआ भाव उसकी अनवस्था है कहां ठहराव नहीं। उस अवस्था को जानता हुआ ज्ञानी कुछ भी आकांक्षा नहीं करता।

भावार्थ—वेदकभाव और वेद्यभाव इन दोनों में काल भेद है। जब वेदकभाव होता है तब वेद्यभाव नहीं होता और जब वेद्यभाव होता है तब वेदकभाव नहीं होता। जब वेदकभाव आता है तब वेद्यभाव नष्ट हो जाता है और जब वेद्यभाव आता है तब वेदकभाव नष्ट हो जाता है। इसलिये ज्ञानी दोनों को विनाशीक जान आप जानने वाला ही रहता है ॥२१६॥

यहां प्रश्न—आत्मा तो नित्य है उसे दोनों भावों का वेदने वाला क्यों नहीं कहते ? उसका समाधान—वेद्य वेदकभाव तो विभाव भाव हैं आत्मा के स्वभाव नहीं हैं, सो जिसकी वांछा की ऐसा वेद्यभाव जब तक वेदकभाव आया तब तक नष्ट हो गया। मनोवांछित होता नहीं है तब वांछा करना अज्ञान है।

अब इस अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं—**वेद्य** इत्यादि। **अर्थ**—वेद्यवेदकभाव कर्म के निमित्त से होते हैं इसलिये वे स्वभाव नहीं विभाव हैं, चलायमान हैं, समय समय में विनसते हैं; इसलिये वांछित-भाव नहीं वेदा जाता। इसी कारण ज्ञानी कुछ भी आगामी भोगों की वांछा नहीं करता सभी से वैराग्य भाव को प्राप्त है।

भावार्थ—अनुभवगोचर जो वेद्यवेदक विभाव उनके काल भेद हैं इसलिये मिलाप नहीं—विधि मिलती नहीं तब आगामी बहुत काल सम्बन्धी की वांछा ज्ञानी क्यों करे ॥ १४७ ॥

तथाहि—

बंधुवभोगणिमित्ते अज्झवसाणोदएसु णाणिस्स ।
संसारदेहविसएसु णेव उप्पज्जदे रागो ॥२१७॥

बंधोपभोगनिमित्तेषु, अध्यवसानोदयेषु ज्ञानिनः ।
संसारदेहविषयेषु नैवोत्पद्यते रागः ॥ २१७ ॥

इह खल्वध्यवसानोदयाः कतरेऽपि संसारविषयाः, कतरेपि शरीरविषयाः । तत्र यतरे संसारविषयाः ततरेबंधनिमित्ताः । यतरे शरीरविषयास्ततरे तूपभोगनिमित्ताः । यतरे बंधनिमित्तास्ततरे रागद्वेषमोहाद्याः । यतरे तूपभोगनिमित्तास्ततरे सुखदुःखाद्याः । अथामीषु सर्वेष्वपि ज्ञानिनो नास्ति रागः । नानाद्रव्यस्वभावत्वेन टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावस्वभावस्य तस्य तत्प्रतिषेधात् ॥२१७॥

संकल्पकल्पतरुसंश्रयणात्त्वदीयं चेतो निमज्जति मनोरथसागरेऽस्मिन् ।
तत्रार्थतस्तव चकास्ति न किंचनापि पक्ष. परं भवसि कल्मषसंश्रयस्य ॥१॥
दौर्विध्यदग्धमनसोऽन्तरुपात्तभुक्तेश्चित्तं यथोल्लसति ते स्फुरितान्तरंगं ।
धाम्नि स्फुरेद्यदि तथा परमात्मसंज्ञे कौतुस्कुती तव भवेद्विफला प्रसूतिः ॥२॥
आचारशास्त्रे भणितं—कंखदि कलुसिदभूदो दु कामभोगेहिं मुच्छिदो संतो ।
णय भुजंतो भोगे बंधदि भावेण कम्माणि ॥१॥
इति ज्ञात्वा, अपध्यानं त्यक्त्वा च शुद्धात्मस्वरूपे स्थातव्यमिति भावार्थः ॥२१७॥ अथानंतरं तस्यैव ज्ञानगुणस्य चतुर्दशगाथापर्यंतं पुनरपि विशेषव्याख्यानं करोति । तद्यथा—ज्ञानी सर्वद्रव्येषु वीतरागत्वात्कर्मणा न लिप्यते सरागत्वादज्ञानी

ऐसे सभी उपभोगों से ज्ञानी के वैराग्य है यह कहते हैं—[बंधोपभोगनिमित्तेषु] बंध और उपभोग के निमित्त जो [अध्यवसानोदयेषु] अध्यवसान के उदय हैं वे [संसारदेहविषयेषु] संसारविषयक और देह विषयक हैं उनमें [ज्ञानिनः] ज्ञानी के [रागः] राग [नैव उत्पद्यते] नहीं उत्पन्न होता ।

टीका—इस लोक में निश्चय से अध्यवसान के उदय कितने ही तो संसार के विषय हैं और कितने ही शरीर के विषय हैं । उनमें से जितने संसार के विषय हैं उतने तो बंध के निमित्त हैं और जितने शरीर के विषय हैं उतने उपभोग के निमित्त हैं । वहां जितने बंध के निमित्त हैं उतने तो रागद्वेष मोह आदिक हैं और जितने उपभोग के निमित्त हैं उतने सुखदुःखादिक हैं । इन सब में ही ज्ञानी के राग नहीं है क्योंकि अध्यवसान नाना द्रव्यों का स्वभाव है इसलिए एक टंकोत्कीर्ण ज्ञायकस्वभाव वाले ज्ञानी के उनका प्रतिषेध है ।

भावार्थ—संसार देहभोग संबंधी रागद्वेष मोह सुख दुःखादिक अध्यवसान के उदय हैं वे नाना द्रव्य अर्थात् पुद्गल तथा जीवद्रव्य संयोगरूप हुए उनके स्वभाव हैं, ज्ञानी का एक ज्ञायकस्वभाव है इसलिये ज्ञानी के उनका प्रतिषेध है इस कारण ज्ञानी के उनमें प्रीति नहीं है । परद्रव्य परभाव संसार में भ्रमण के कारण हैं उनसे प्रीति करे तो किस काम का ?॥२१७॥

ज्ञानिनो न हि परिग्रहभावं [1]कर्म रागरसरिक्ततयैति ।
रंगयुक्तिरकषायितवस्त्रे [2]स्वीकृतैव हि बहिर्लुठतीह ॥ १४८ ॥
ज्ञानवान् स्वरसतोऽपि यतः स्यात् सर्वरागरसवर्जनशीलः ।
लिप्यते सकलकर्मभिरेष कर्ममध्यपतितोऽपि ततो न ॥ १४९ ॥

णाणी रागप्पजहो सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो ।
णो लिप्पदि रजएण दु कद्दममज्झे जहा कणयं ॥२१८॥
अण्णाणी पुण रत्तो सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो ।
लिप्पदि कम्मरएण दु कद्दममज्झे जहा लोहं ॥२१९॥ (युग्मम्)

ज्ञानी रागप्रहायः सर्वद्रव्येषु कर्ममध्यगतः ।
नो लिप्यते रजसा तु कर्दममध्ये यथा कनकं ॥ २१८ ॥
अज्ञानी पुना रक्तः सर्वद्रव्येषु कर्ममध्यगतः ।
लिप्यते कर्मरजसा तु कर्दममध्ये यथा लोहं ॥२१९॥

लिप्यते, इति प्रतिपादयति;—हर्षविषादादिविकल्पोपाधिरहितः स्वसंवेदनज्ञानी सर्वद्रव्येषु रागादिपरित्यागशीलो यतः कारणात्, ततः कर्दममध्यगतं कनकमिव कर्मरजसा न लिप्यते इति । अज्ञानी पुनः स्वसंवेदनज्ञानाभावात् सर्वपंचेंद्रियविषयादिपरद्रव्ये रक्तः कांक्षितो मूर्छितो मोहितो भवति यतः कारणात्, ततः कर्दममध्यलोहमिव कर्मरजसा बध्यते इति ॥ २१८ ॥ २१९ ॥

इसी अर्थ का कलश रूप तथा अगले कथन की सूचनिका के श्लोक कहते हैं—**ज्ञानिनो** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानी परिग्रहभावों से रहित है, रागरूपी रस से भी रहित है उसका कर्म परिग्रहभाव को नहीं प्राप्त होता । जैसे लोध फिटकरी से कसायला नहीं किया गया जो वस्त्र उसमें रंग का लगना अंगीकार न हुआ बाहर ही लोटता है वस्त्र में प्रवेश नहीं करता ।

भावार्थ—जैसे लोध फिटकरी लगाये विना वस्त्र पर रंग नहीं चढ़ता उसी तरह ज्ञानी के राग भाव के बिना कर्म के उदय का भोग नहीं है इसलिये वह परिग्रहपने को नही प्राप्त होता ॥१४८॥

फिर कहते हैं—**ज्ञानवान्** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानी निजरस से ही सब रागरस के त्यागरूप स्वभाव वाला है इस कारण कर्म के मध्यमें पड़ा हुआ भी सब कर्मों से लिप्त नही होता ॥१४९॥

आगे इसी अर्थ का व्याख्यान गाथा में करते हैं;—**[ज्ञानी]** ज्ञानी **[सर्वद्रव्येषु]** सब द्रव्यों में **[रागप्रहायकः]** राग का छोड़ने वाला है वह **[कर्ममध्यगतः]** कर्म के मध्य में प्राप्त हुआ हो **[तु]** तौभी **[रजसा]** कर्मरूपी रज से **[नो लिप्यते]** लिप्त नहीं होता **[यथा]** जैसे **[कर्दममध्ये]** कीचड़ में

---

१. कर्म—विषयोपभोगलक्षणाक्रिया, राग आत्मनो रंजकपरिणामः स एव रसस्तद्रिक्ततया तद्भिन्नतया । २. स्वीकृता संयोगपरिणामपरिणता ।

यथा खलु कनकं कर्दममध्यगतमपि कर्दमेन न लिप्यते तदलेपस्वभावत्वात्। तथा किल ज्ञानी कर्ममध्यगतोऽपि कर्मणा न लिप्येत सर्वपरद्रव्यकृतरागत्यागशीलत्वे सति तदलेपस्वभावत्वात् ज्ञान्येव¹। यथा लोहं कर्दममध्यगतं सत्कर्दमेन लिप्यते तल्लेपस्वभावत्वात् तथा किलाज्ञानी कर्ममध्यगतः सन् कर्मणा लिप्येत सर्वपरद्रव्यकृतरागोपादानशीलत्वे सति तल्लेपस्वभावत्वात् ॥ २१८ ॥ २१९ ॥

याद्दक् ताद्दगिहास्ति तस्य वशतो यस्य स्वभावो हि यः
कर्तुं नैष कथंचनापि हि परैरन्याद्दशःशक्यते ।
अज्ञानं न कदाचनापि हि भवेत् ज्ञानं भवत्संततं
ज्ञानिन् भुंक्ष्व परापराधजनितो नास्तीह बंधस्तव ॥ १५० ॥

अथ सकलकर्मनिर्जरा नास्ति कथं मोक्षो भविष्यतीति प्रश्ने परिहारमाह ;—

णागफणीए मूलं णाइणितोएण गब्भणागेण ।

पड़ा हुआ [कनकं] सोना [तु पुनः] और [अज्ञानी] अज्ञानी [सर्वद्रव्येषु] सब द्रव्यों मे [रक्तः] रागी है इसलिये [कर्ममध्यगतः] कर्म के मध्य को प्राप्त हुआ [कर्मरजसा] कर्मरज से [लिप्यते] लिप्त होता है [यथा] जैसे [कर्दममध्ये] कीच में पड़े हुए [लोहं] लोहे को काई लग जाती है वैसे ।

टीका—जैसे निश्चय से सुवर्ण कीचड़ के बीच में पड़ा हुआ है तौभी कीचड़ से लिप्त नहीं होता क्योंकि सुवर्ण का स्वभाव कर्दम के लेप न लगने स्वरूप ही है; उसी प्रकार प्रकटपने से ज्ञानी कर्म के बीच में पड़ा है तौभी कर्म से लिप्त नहीं होता क्योंकि ज्ञानी सब परद्रव्यगतराग के त्याग के स्वभावपने के होने से कर्म से अलिप्तस्वभावी है। और जैसे लोहा कर्दम के मध्य पड़ा हुआ कर्दम से लिप्त हो जाता है क्योंकि लोहे का स्वभाव कर्दम से लिप्त होने रूप ही है; उसी तरह अज्ञानी प्रकटपने कर्म के बीच पड़ा हुआ कर्म से लिप्त होता है क्योंकि अज्ञानी सब परद्रव्यों में किये गये राग का उपादान स्वभाव होने से कर्म में लिप्त होने के स्वभाव वाला है।

भावार्थ—जैसे कीचड़ में पड़े हुए सुवर्ण के काई नही लगती, और लोहे के काई लग जाती है उसी प्रकार ज्ञानी कर्म के मध्यगत है तौभी वह कर्म में नही बंधता। और अज्ञानी कर्म से बंधता है। यह ज्ञान अज्ञान की महिमा है ॥२१८।२१९॥

अब इस अर्थ का तथा अगले कथन की सूचनिका का कलश कहते हैं—**याद्दक्** इत्यादि । **अर्थ**—इस लोक में जिस वस्तु का जैसा स्वभाव है उसका वैसा ही स्वाधीनपना है यह निश्चय है सो उस स्वभाव को अन्य कोई अन्य सरीखा करना चाहे तो कभी नहीं कर सकता इस न्याय से ज्ञान निरंतर ज्ञानस्वरूप ही होता है ज्ञान का अज्ञान कभी नहीं होता यह निश्चय है। इसलिये हे ज्ञानी ! तू कर्मोदय जनित उपभोग को भोग, तेरे परके अपराध से उत्पन्न हुआ ऐसा लोक में बंध नहीं है।

१. पाठोऽयममावधि प्रकाशितेषु केषुचिदपि संस्करणेषु न लभ्यते।

भुंजंतस्सवि विविहे सच्चित्ताचित्तमिस्सिये दव्वे ।
संखस्स सेदभावो णवि सक्कदि किराहगा काउं ।। २२० ।।
तह णाणिस्स वि विविहे सच्चित्ताचित्तमिस्सिए दव्वे ।
भुंजंतस्सवि णाणं ण सक्कमरणाणदं णेदु ।। २२१ ।।
जइया स एव संखो सेदसहावं तयं पजहिदूण ।
गच्छेज्ज किराहभावं तइया सुक्कत्तणं पजहे ।। २२२ ।।
जह[1] संखो पोग्गलदो जइया सुक्कत्तणं पजहिदूण ।
गच्छेज्ज किराहभावं तइया सुक्कत्तणं पजहे ।।
तह णाणी वि हु जइया णाणसहावं तयं पजहिऊण ।
अरणाणेण परिणदो तइया अरणाणदं गच्छे ।। २२३ ।।

णागं होइ सुवराणं धम्मंतं भच्छवाएण ।।

नागफण्या मूलं नागिनीतोयेन गर्भनागेन । नागं भवति सुवर्णं धम्यमानं भस्त्रावायुना । नागफणी नामौषधी तस्या मूलं । नागिनी हस्तिनी तस्यास्तोयं मूत्रं । गर्भनागं सिंदूरद्रव्यं । नागं सीसकं । अनेन प्रकारेण पुण्योदये सति सुवर्णं भवति न च पुण्याभावे । कथंभूतः सन् ? भस्त्रया धम्यमानमिति दृष्टांतगाथा गता । अथ दार्ष्टांतमाह;—

कम्मं हवेइ किट्टं रागादी कालिया अह विभाओ ।
सम्मत्तणाणचरणं परमोसहमिदि वियाणाहि ।।

कर्म भवति किट्टं रागादयः कालिका अथ विभावाः । सम्यक्त्वज्ञानदर्शनचारित्रं परमौषधमिति विजानीहि । द्रव्यकर्म किट्टसंज्ञं भवति रागादिविभावपरिणामाः कालिकासंज्ञा ज्ञातव्याः सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रत्रयं भेदाभेदरूपं परमौषधं जानीहि इति ।

[2]झाणं हवेइ अग्गी तवयरणं भत्तली समक्खादो ।
जीवो हवेइ लोहं धमियव्वो परमजोईहिं ।।

भावार्थ—वस्तु स्वभाव मेंटने को कोई समर्थ नहीं है इसलिये ज्ञान हुए बाद उसे अज्ञान करने को कोई समर्थ नहीं है यह निश्चयनय है । इसलिये ज्ञानी को कहा गया है कि तेरे परके किये अपराध से बंध नहीं है तू उपभोग को भोग । उपभोगों के भोगने की शंका मतकर । शंका करेगा तो परद्रव्य से बुरा होना ऐसा मानने का प्रसंग आयेगा । इस तरह परद्रव्य से अपना बुरा होना मानने की शंका मेंटी है । ऐसा मत समझो कि भोग भोगने की प्रेरणा कर स्वच्छन्द किया है । स्वेच्छाचारी होना अज्ञानभाव है ।।१५०।।

---

१. आत्मख्यातिवृत्तौ, नेयं गाथा । २. एषा गाथा नात्मख्यातौ ।

भुंजानस्यापि विविधानि सचित्ताचित्तमिश्रितानि द्रव्याणि ।
शंखस्य श्वेतभावो नापि शक्यते कृष्णकः कर्तुं ॥ २२० ॥
तथा ज्ञानिनोऽपि सचित्ताचित्तमिश्रितानि द्रव्याणि ।
भुंजानस्यापि ज्ञानं न शक्यमज्ञानतां नेतुं ॥ २२१ ॥
यदा स एव शंखः श्वेतस्वभावं तकं प्रहाय ।
गच्छेत् कृष्णभावं तदा शुक्लत्वं प्रजह्यात् ॥ २२२ ॥
यथा शंखः पौद्गलिकः यदा शुक्लत्वं प्रहाय ।
गच्छेत् कृष्णभावं तदा शुक्लत्वं प्रजह्यात् ॥
तथा ज्ञान्यपि खलु यदा ज्ञानस्वभावं तकं प्रहाय ।
अज्ञानेन परिणतस्तदा अज्ञानतां गच्छेत् ॥ २२३ ॥

यथा खलु शंखस्य परद्रव्यमुपभुंजानस्यापि न परेण श्वेतभावः कृष्णीकर्तुं शक्येत परस्य परभावत्वनिमित्तत्वानुपपत्तेः । तथा किल ज्ञानिनः परद्रव्यमुपभुंजानस्यापि न परेण ज्ञानमज्ञानं

ध्यानं भवत्यग्निः तपश्चरणं भस्त्रा समाख्यातं । जीवो भवति लोहं धमितव्यः परमयोगिभिः । वीतरागनिर्विकल्पसमाधिरूपं ध्यानमग्निर्भवति । द्वादशविधतपश्चरणं भस्त्रा ज्ञातव्या । आसन्नभव्यजीवो लोहं भवति । स च भव्यजीवः पूर्वोक्तसम्यक्त्वाद्यौषधध्यानाग्निभ्या[1] संयोगं कृत्वा द्वादशविधतपश्चरणभस्त्रया परमयोगिभिः

आगे इसी अर्थ को दृष्टांत द्वारा दृढ़ करते हैं—जैसे शंख [विविधानि] अनेक प्रकार के [सचित्ता-चित्तमिश्रितानि] सचित्त अचित्त और मिश्रित [द्रव्याणि] द्रव्यों को [भुंजानस्यापि] भक्षण करता है तो भी [शंखस्य] उस शंख का [श्वेतभावः] सफेदपना [कृष्णकः कर्तुं] काला करने को [नापि शक्यते] कोई भी समर्थ नही [तथा] उसी तरह [विविधानि] अनेक प्रकार के [सचित्ताचित्तमिश्रि-तानि] सचित्त अचित्त और मिश्रित [द्रव्याणि] द्रव्यों को [भुंजानस्यापि] भोगने वाले [ज्ञानिनः] ज्ञानी के [ज्ञानं अपि] ज्ञान के भी [अज्ञानतां नेतुं न शक्यं] अज्ञानपना करने की किसी की भी सामर्थ्य नहीं है । और जैसे [स एव शंखः] वही शंख [यदा] जिस समय [तकं श्वेतस्वभावं] अपने उस श्वेतस्वभाव को [प्रहाय] छोड़कर [कृष्णभावं] कृष्णभाव को [गच्छेत्] प्राप्त होता है [तदा] तब [शुक्लत्वं] सफेदपन को [प्रजह्यात्] छोड़ देता है [तथा] उसी तरह [ज्ञानी अपि] ज्ञानी भी [खलु यदा] निश्चय से जब [तकं ज्ञानस्वभावं] अपने उस ज्ञान स्वभाव को [प्रहाय] छोड़कर [अज्ञानेन परिणतः] अज्ञान रूप परिणमन करता है [तदा] उस समय [अज्ञानतां] अज्ञानपने को [गच्छेत्] प्राप्त होता है ।

टीका—जैसे शंख परद्रव्य को भक्षण करता रहता है तो भी कोई उसका श्वेतपन काले

---

१. ध्यानाग्न्यभ्यासादित्यपि पाठः ।

कर्तुं शक्येत परस्य परभावत्वनिमित्तत्वानुपपत्तेः। ततो ज्ञानिनः परापराधनिमित्तो नास्ति बंधः। यथा च यदा स एव शंखः परद्रव्यमुपभुंजानोऽनुपभुंजानो वा श्वेतभावं प्रहाय स्वयमेव कृष्णभावेन परिणमते तदास्य श्वेतभावः स्वयंकृतः कृष्णभावः स्यात्। तथा यदा स एव ज्ञानी परद्रव्यमुपभुंजानोऽनुपभुंजानो वा ज्ञानं प्रहाय स्वयमेवाज्ञानेन परिणमेत तदास्य ज्ञानं स्वयंकृतमज्ञानं स्यात्। ततो [1]ज्ञानिनः स्वापराधनिमित्तो बंधः॥ २२०। २२१। २२२। २२३॥

ज्ञानिन् कर्म न जातु कर्तुमुचितं किंचित्तथाप्युच्यते
भुंक्ष्वे हंत न जातु मे यदि परं दुर्भुक्त एवासि भोः।
बंधः स्यादुपभोगतो यदि न तत्किं कामचारोऽस्ति ते
ज्ञानं सन्वस बंधमेष्यपरथा स्वस्यापराधाद्ध्रुवं ॥१५१॥

धमितव्यो ध्यातव्यः। इत्यनेन प्रकारेण यथा सुवर्णं भवति तथा मोक्षो भवतीति संदेहो न कर्तव्यो भट्टचार्वाकमतानुसारिभिरिति। अथ ज्ञानिनः शंखदृष्टांतेन बंधाभावं दर्शयति;—यथा सजीवस्य संखस्य श्वेतभावः कृष्णीकर्तुं न शक्यते। किं कुर्वाणस्यापि? भुंजानस्यापि। कानि? कर्मतापन्नानि सचित्ताचित्तमिश्राणि विविधद्रव्याणीति

स्वरूप नहीं कर सकता क्योंकि परमें परभाव स्वरूप करने का निमित्तपना नहीं है। उसी तरह परद्रव्य को भोगते हुए ज्ञानी के ज्ञान को कोई दूसरा अज्ञानरूप नहीं कर सकता क्योंकि दूसरे में परभावस्वरूप करने का निमित्तपना नहीं है इस लिये ज्ञानी के परकृत अपराध के निमित्त से बंध नहीं है। और जिस समय वही शंख परद्रव्य को भोगता हो अथवा न भोगता हो परन्तु अपने श्वेतपने को छोड़ आप ही कृष्णभाव स्वरूप परिणमता है उस समय उस शंख का श्वेतभाव अपने द्वारा ही किये कृष्णभाव स्वरूप होता है, उसी तरह वही ज्ञानी परद्रव्य को भोगता हो अथवा न भोगता हो परन्तु जिस समय अपने ज्ञान को छोड़ आप ही अज्ञान से परिणमन करे उस समय इसका ज्ञान अपना ही किया निश्चय से अज्ञान रूप होता है। इसलिये ज्ञानी के परका किया बंध नहीं है आप ही अज्ञानी होय तब अपने अपराध के निमित्त से बंध होता है।

भावार्थ—जैसे शंख सफेद है वह परको भक्षण से तो काला होता नहीं जब आप ही कालिमा रूप परिणमे तब काला होता है उसी प्रकार ज्ञानी उपभोग करता हुआ भी अज्ञानी नहीं होता जब आप ही अज्ञान रूप परिणमन करें तब अज्ञानी होता है तभी बंध करता है ॥२२०।२२१।२२२।२२३॥

इसका कलशरूप काव्य कहते हैं—**ज्ञानिन्** इत्यादि। **अर्थ**—हे ज्ञानी! तुझ को कुछ भी कर्म कभी करना योग्य नहीं है तो भी तू कहता है कि परद्रव्य मेरा तो कदाचित् भी नहीं है और मैं भोगता हूं। तो आचार्य कहते हैं यह बड़ा खेद है, जो तेरा नहीं उसको तू भोगता है तो तू खोटा खाने वाला है। हे भाई जो तू कहे कि परद्रव्य के उपभोग से बंध नहीं होता इसलिये भोगता हूं उस जगह क्या तुझे भोगने की इच्छा है? तू ज्ञान रूप हुआ अपने स्वरूप में निवास करे तो बंध नहीं है और जो भोगने की इच्छा करेगा तो तू आप अपराधी हुआ, अपने अपराध से नियम से बंध को प्राप्त होगा।

१. ततो ज्ञानिनो ऽस्ति बंधस्तदा स्वापराध निमित्त एवेति भावः। ज्ञानिनः इति शब्दानंतरं यदि शब्दोऽपि प्राचीनप्रतिषु केषुचिद् वर्तते।

कर्तारं स्वफलेन यत्किल बलात्कर्मैव नो योजयेत्
कुर्वाणः फललिप्सुरेव हि फलं प्राप्नोति यत्कर्मणः ।
ज्ञानं संस्तदपास्तरागरचनो नो बध्यते कर्मणा
कुर्वाणोऽपि हि कर्म तत्फलपरित्यागैकशीलो मुनिः ॥१५२॥

व्यतिरेकदृष्टांतगाथा गता । तथा तेनैव प्रकारेण ज्ञानिनो जीवस्य वीतरागस्वसंवेदनलक्षणभेदज्ञानं, रागत्वमज्ञानत्वं नेतुं न शक्यते । कस्मात् ? स्वभावस्यान्यथाकर्तुमशक्यत्वात् । किं कुर्वाणस्यापि ? भुंजानस्यापि । कानि ? स्वकीयगुणस्थानावस्थायोग्यानि सचित्ताचित्तमिश्राणि विविधद्रव्याणि । ततः कारणात् चिरंतनबद्धकर्मनिर्जरैव भवति । नवतरस्य च संवर इति व्यतिरेकदार्ष्टांतगाथा गता । अन्वयव्यतिरेकशब्देन सर्वत्र विधिनिषेधौ ज्ञातव्यौ इति । यथा यदा स एव पूर्वोक्तः सजीवशंखः कृष्णपरद्रव्यलेपवशात्, अंतरंगस्वकीयोपादानपरिणामाधीनः सन् श्वेतस्वभावत्वं विहाय कृष्णभावं गच्छेत् तदा शुक्लत्वं त्यजति । इत्यन्वयदृष्टांतगाथा गता । तथैव च यथा निर्जीवशंखः कृष्णपरद्रव्यलेपवशात् अंतरंगोपादानपरिणामाधीनः सन् श्वेतस्वभावत्वं विहाय कृष्णभावं गच्छेत् तदा शुक्लत्वं त्यजति । इति निर्जीवशंखनिमित्तं द्वितीयान्वयदृष्टांतगाथा गता । तथा तेनैव प्रकारेण ज्ञानी जीवोऽपि हि स्फुटं स्वकीयप्रज्ञापराधेन वीतरागज्ञानस्वभावत्वं विहाय मिथ्यात्वरागाद्यज्ञानभावेन परिणतो भवति तदा स्वस्वभावच्युतः सन्नज्ञानत्वं गच्छेत् । तस्य संवरपूर्विका निर्जरा नास्तीति भावार्थः—इत्यन्वयदार्ष्टांतगाथा गता ॥२२०।२२१।२२२।२२३॥

अथ सरागपरिणामेन बंधः, तथैव वीतरागपरिणामेन मोक्षो भवतीति दृष्टांतदार्ष्टांताभ्यां समर्थयति;—यथा कश्चित्पुरुषः, वृत्तिनिमित्तं राजानं सेवते ततः सोऽपि राजा तस्मै सेवकाय ददाति, कान् ? विविधसुखोत्पादकान् भोगान् इत्यज्ञानिजीवविषयेऽन्वयदृष्टांतगाथा गता । एवमेवाज्ञानी जीवपुरुषः शुद्धात्मोत्थसुखात्प्रच्युतः सन्नुदयागतं कर्मरजः सेवते विषयसुखनिमित्तं ततः सोऽपि पूर्वोपार्जितपुण्यकर्म राजा ददाति, कान् ? विषयसुखोत्पादकान् भोगाकांक्षारूपान्

भावार्थ—ज्ञानी को कर्म तो करना ही उचित नहीं और जो पर द्रव्य जानकर भी उसे भोगे तो यह योग्य नहीं। पर द्रव्य के भोगने वाले को तो लोक में चोर अन्यायी कहते हैं। जो उपभोग से बंध नहीं कहा है वह ऐसे है कि ज्ञानी बिना इच्छा पर की बरजोरी से उदय में आये को भोगे उसके बंध नहीं कहा और जो आप इच्छा से भोगेगा तो आप अपराधी हुआ, तब बंध क्यों न होगा ?।१५१॥

इसी अर्थ के दृढ़ करने को काव्य कहते हैं—**कर्तारं** इत्यादि । **अर्थ**—कर्म अपने करने वाले कर्ता को अपने फल के साथ जबरदस्ती से तो नहीं लगता कि मेरे फल को तू भोग । कर्मफल का इच्छुक ही कर्म को करता हुआ उस कर्म का फल पाता है । इसलिये ज्ञान रूप हुआ, तथा जिसकी राग की रचना कर्म में दूर हो गई है ऐसा मुनि कर्म को करता हुआ भी कर्म से नहीं बंधता । क्योंकि उसका स्वभाव उस कर्म के फल का परित्याग रूप ही है ।

भावार्थ—कर्म तो कर्ता को जबरदस्ती से अपने फल के साथ जोड़ता नहीं परंतु जो कर्म को कर्ता हुआ उसके फल की इच्छा करता है वही उसका फल पाता है । इस कारण जो ज्ञानी ज्ञानरूप हुआ कर्म के करने में राग न करे तथा उसके फल की आगामी इच्छा न करे वह मुनि कर्मों से नहीं बंधता ॥१५२॥

पुरिसो जह कोवि इह वित्तिणिमित्तं तु सेवए रायं ।
तो सोवि देदि राया विविहे भोए सुहुप्पाए ॥२२४॥
एमेव जीवपुरिसो कम्मरयं सेवदे सुहणिमित्तं ।
तो सोवि देइ कम्मो विविहे भोए सुहुप्पाए ॥२२५॥
जह पुण सो चिय पुरिसो वित्तिणिमित्तं ण सेवदे रायं ।
तो सो ण देइ राया विविहे भोए सुहुप्पाए ॥२२६॥
एमेव सम्मदिट्ठी विसयत्थं सेवए ण कम्मरयं ।
तो सो ण देइ कम्मो विविहे भोए सुहुप्पाए ॥२२७॥ (चतुष्कम्)

पुरुषो यथा कोपीह वृत्तिनिमित्तं तु सेवते राजानं ।
तत्सोऽपि ददाति राजा विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान् ॥२२४॥
एवमेव जीवपुरुषः कर्मरजः सेवते सुखनिमित्तं ।
तत्तदपि ददाति कर्म विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान् ॥२२५॥
यथा पुनः स एव पुरुषो वृत्तिनिमित्तं न सेवते राजानं ।
तत्सोऽपि न ददाति राजा विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान् ॥२२६॥
एवमेव सम्यग्दृष्टिर्विषयार्थं सेवते न कर्मरजः ।
तत्तन्न ददाति कर्म विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान् ॥२२७॥

शुद्धात्मभावानां विनाशकान् रागादिपरिणामान् इति । अथवा द्वितीयव्याख्यानं—कोऽपि जीवोऽभि नवपुण्यकर्मनिमित्तं भोगाऽकांक्षानिदानरूपेण शुभकर्मानुष्ठानं करोति सोऽपि पापानुबंधिपुण्यराजा कालांतरे भोगान्

आगे इस अर्थ को दृष्टांत से दृढ़ करते हैं:—[यथा] जैसे [इह] इस लोक में [कोपि पुरुषः] कोई पुरुष [वृत्तिनिमित्तं तु] आजीविका के लिये [राजानं] राजा को [सेवते] सेवे [तत्] तो [स राजापि] वह राजा भी उसको [सुखोत्पादकान्] सुख के उपजाने वाले [विविधान्] अनेक प्रकार के [भोगान्] भोगों को [ददाति] देता है [एवमेव] इसी तरह [जीवपुरुषः] जीवनामा पुरुष [सुखनिमित्तं] सुख के लिये [कर्मरजः] कर्म रूपी रज को [सेवते] सेवन करता है [तत्] तो [तत्कर्म अपि] वह कर्म भी उसे [सुखोत्पादकान्] सुख के उपजाने वाले [विविधान् भोगान्] अनेक प्रकार के भोगों को [ददाति] देता है [पुनः] और [यथा] जैसे [स एव पुरुषः] वही पुरुष [वृत्तिनिमित्तं] आजीविका के लिये [राजानं] राजा को [न सेवते]

यथा कश्चित्पुरुषः फलार्थं राजानं सेवते ततः स राजा तस्य फलं ददाति। तथा जीवः फलार्थं कर्म सेवते ततस्तत्कर्म तस्य फलं ददाति। यथा च स एव पुरुषः फलार्थं राजानं न सेवते ततः स राजा तस्य फलं न ददाति। तथा सम्यग्दृष्टिः फलार्थं कर्म न सेवते ततस्तत्कर्म तस्य फलं न ददातीति तात्पर्यं ॥२२४।२२५।२२६।२२७॥

त्यक्तं येन फलं स कर्म कुरुते नेति प्रतीमो वयं
किन्त्वस्यापि कुतोऽपि किंचिदपि तत्कर्मावशेनापतेत्।
तस्मिन्नापतिते त्वकंपपरमज्ञानस्वभावे स्थितो
ज्ञानी किं कुरुतेऽथ किं न कुरुते कर्मेति जानाति कः ॥१५३॥
सम्यग्दृष्टय एव साहसमिदं कर्तुं क्षमंते परं
यद्वज्रेऽपि पतत्यमी भयचलत्त्रैलोक्यमुक्ताध्वनि।

ददाति। तेऽपि निदानबंधेन प्राप्ता भोगा रावणादिवन्नारकादिदुःखपरंपरां प्रापयन्तीति भावार्थः। एवमज्ञानिजीवं प्रत्यन्वयदृष्टांतगाथा गता। यथा स चैव पूर्वोक्तपुरुषो वृत्तिनिमित्तं न सेवते राजानं। ततः सोऽपि राजा तस्मै न ददाति, कान्? विविधान् सुखोत्पादकान् भोगान् इति ज्ञानिजीवविषये व्यतिरेकदृष्टांतगाथा गता। एवमेव च सम्यग्दृष्टिर्जीवः

नहीं सेवे [तत्] तो [स राजा अपि] वह राजा भी उसे [सुखोत्पादकान्] सुख के उपजाने वाले [विविधान्] अनेक प्रकार के [भोगान्] भोगों को [न ददाति] नहीं देता है [एवमेव] इसी तरह [सम्यग्दृष्टिः] सम्यग्दृष्टि [विषयार्थं] विषयों के लिये [कर्मरजः] कर्म रूपी रज को [न सेवते] नहीं सेवता [तत्] तो [तत्कर्म अपि] वह कर्म भी उसे [सुखोत्पादकान्] सुख के उपजाने वाले [विविधान् भोगान्] अनेक प्रकार के भोगों को [न ददाति] नहीं देता।

टीका—जैसे कोई पुरुष फलके लिये राजा की सेवा करे तो राजा उसे फल देता है उसी तरह जीव भी फल के लिये कर्मों का सेवन करे तो वह कर्म उसे फल देता है। और जैसे वही पुरुष फल के लिये राजा की सेवा न करे तो राजा भी उसको फल नहीं देता उसी तरह सम्यग्दृष्टि फल के लिये कर्म को नहीं सेवे तो वह कर्म भी उसको फल नहीं देता ऐसा अभिप्राय है।

भावार्थ—फल की वांछा से कर्म करे तो उसका फल पाता है वांछा के विना कर्म करे तो उसका फल नहीं पा सकता ॥२२४।२२५।२२६।२२७॥

अब ऐसी आशंका को कि जिसको फल की इच्छा नहीं है, वह कर्म क्यों करे दूर करने को काव्य कहते हैं—त्यक्तं इत्यादि। **अर्थ**—हम ऐसी प्रतीति नहीं करते कि जिसने कर्म का फल छोड़ दिया हो वह कर्म करता है परंतु यहां इतना विशेष है कि ज्ञानी के भी किसी कारण से कुछ कर्म इसके वश विना आ पड़ते हैं उनके आनेपर भी यह ज्ञानी निश्चल परमज्ञानस्वभाव में ठहरता कुछ कर्म करता है या नहीं करता यह कौन जाने?

भावार्थ—ज्ञानी के परवश कर्म आपड़े हैं उनके होने पर भी ज्ञानी ज्ञान से चलायमान नहीं

सर्वामेव निसर्गनिर्भयतया शंकां विहाय स्वयं
जानंतः स्वमवध्यबोधवपुषं बोधाच्च्यवंते न हि ॥१५४॥

पूर्वोपार्जितमुदयागतं कर्मरज· शुद्धात्मभावनोत्थवीतरागसुखानंदात्प्रच्युतो भूत्वा विषयसुखार्थं, उपादेयबुद्ध्या न सेवते ततस्तदपि कर्म न ददाति, कान् ? विविधविषयसुखोत्पादकान् भोगाकांक्षारूपान् शुद्धात्मभावनाविनाशकान् रागादिपरिणामानिति । अथवा द्वितीयव्याख्यानं—कोऽपि सम्यग्दृष्टिर्जीवो निर्विकल्पसमाधेरभावात्, अशक्यानुष्ठानेन विषयकषायवंचनार्थं यद्यपि व्रतशीलदानपूजादिशुभकर्मानुष्ठानं करोति तथापि भोगाकांक्षारूपनिदानबंधेन तत्पुण्यकर्मानुष्ठानं न सेवते । तदपि पुण्यानुबंधिपुण्यकर्म भवांतरे तीर्थंकर–चक्रवर्ती—बलदेवाद्यभ्युदयरूपेणोदयागतमपि पूर्वंभवभावितभेदविज्ञानवासनाबलेन शुद्धात्मभावनाविनाशकान् विषयसुखोत्पादकान् भोगाकांक्षानिदानरूपान् रागादिपरिणामान्न ददाति, भरतेश्वरादीनामिव । इति संज्ञानिजीवं प्रति व्यतिरेकदार्ष्टांतगाथा गता । एवं मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञानाभेदरूपं परमार्थशब्दवाच्यं साक्षान्मोक्षकारणभूतं शुद्धात्मसंवित्तिलक्षणं स्वसंवेद्यं संवरपूर्विकाया निर्जराया उपादानकारणं पूर्वं यद्व्याख्यातं परमात्मपदं, तत्पदं येन निर्विकारस्वसंवेदनलक्षणभेदविज्ञानगुणेन विना न लभ्यते तस्यैव भेदविज्ञानगुणस्य पुनरपि विशेषव्याख्यानरूपेण चतुर्दशसूत्राणि गतानि ॥२२४।२२५।२२६।२२७॥ इत ऊर्ध्वं निश्शंकाद्यष्टगुणकथनं गाथानवकपर्यंतं व्याख्यानं करोति । तत्र तावत् प्रथमगाथायां निजपरमात्मपदार्थभावनोत्पन्नसुखामृतरसास्वादतृप्ताः संतः सम्यग्दृष्टयो घोरोपसर्गेऽपि सप्तभयरहितत्वेन निर्विकारस्वानुभवस्वरूपं स्वस्वभावं न त्यजन्तीति कथयति;—**सम्मादिट्ठी**

होता, उस अवस्था में यह ज्ञानी कर्म करता है कि नहीं यह नहीं मालूम होता यह बात कौन जान सकता है, ज्ञानी की बात ज्ञानी ही जानता है अज्ञानी की सामर्थ्य ज्ञानी के परिणाम को जानने की नहीं है। यहां पर ऐसा जानना कि ज्ञानी कहने से अविरत सम्यग्दृष्टि से लेकर ऊपरके सभी ज्ञानी हैं। उनमें से अविरत सम्यग्दृष्टि, देशविरत तथा आहार विहार करने वाले मुनियों की बाह्यक्रिया प्रवर्तती है तो भी अंतरंग मिथ्यात्व के अभाव से तथा यथासंभव कषाय के अभाव से वे क्रियायें उज्ज्वल हैं। इसलिये उनका उजलापन को वे ही जानते हैं मिथ्यादृष्टि उनका उजलापन को नहीं जानता। मिथ्यादृष्टि तो बहिरात्मा है बाहर से ही भला बुरा मानता है, अंतरात्मा की गति मिथ्यादृष्टि क्या जान सकता है ?॥१५३॥

आगे इसी अर्थ के समर्थन रूप कहते हैं कि ज्ञानी के निःशंकित नामा गुण होता है उसी की सूचना रूप काव्य कहतें हैं—*सम्यग्दृष्टयः* इत्यादि। **अर्थ**—यह साहस एक सम्यग्दृष्टि ही कर सकता है क्योंकि जिस भय से तीन लोक चलायमान हो गये हैं ऐसे वज्रपात के पड़ने पर भी वे अपने ज्ञान से चलायमान नहीं होते। वे स्वभाव से ही निर्भयपना होने के कारण सब शंकाओं को छोड़कर अपने आत्मा को ऐसा जानते हैं कि इस आत्मा का ज्ञानरूपी शरीर किसी से भी बाधित नहीं हो सकता ऐसा जानते हुए आप ज्ञान में प्रवृत्त होते हैं उससे च्युत नहीं होते।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि निःशंकित गुणसहित होता है सो ऐसे वज्रपात के पड़ने पर भी (जिसके भय से तीन लोक के जीव मार्ग छोड़ देते हैं) वह अपने स्वरूप को निर्बाध ज्ञानशरीररूप मानता हुआ ज्ञान से चलायमान नहीं होता, ऐसी शंका नहीं रखता कि इस वज्रपात से मेरा विनाश हो जायगा। पर्याय का विनाश होवे तो ठीक ही है क्योंकि उसका विनाशीक स्वभाव ही है॥१५४॥

सम्मद्दिट्ठी जीवा णिस्संका होंति णिब्भया तेण ।
सत्तभयविप्पमुक्का जह्मा तह्मा दु णिस्संका ॥२२८॥

सम्यग्दृष्टयो जीवा निश्शंका भवंति निर्भयास्तेन ।
सप्तभयविप्रमुक्ता यस्मात्तस्मात्तु निश्शंकाः ॥२२८॥

येन नित्यमेव सम्यग्दृष्टयः सकलकर्मफलनिरभिलाषाः संतः, अत्यंतं कर्मनिरपेक्षतया वर्तंते तेन नूनमेते अत्यंतनिश्शंकदारुणाध्यवसायाः संतोऽत्यंतनिर्भयाः संभाव्यंते ॥२२८॥

लोकः शाश्वत एक एष [1]सकलव्यक्तो विविक्तात्मनः
चिल्लोकं[2] स्वयमेव केवलमयं यं लोकयत्येककः ।
लोकोऽयं न तवापरस्तदपरस्तस्यास्ति तद्भीः कुतो
निश्शंकं सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५५॥

जीवा णिस्संका होंति सम्यग्दृष्टयो जीवाः शुद्धबुद्धैकस्वभावनिर्दोषपरमात्माराधनं कुर्वाणाः संतो निश्शंका भवंति

आगे इसी अर्थ को गाथा से कहते हैं;—[**सम्यग्दृष्टयः जीवाः**] सम्यग्दृष्टि जीव [**निःशंका भवंति**] निःशंक होते हैं [**तेन**] इसीलिये [**निर्भयाः**] निर्भय हैं [**यस्मात्**] क्योंकि [**सप्तभयविप्रमुक्ताः**] सप्तभय से रहित हैं [**तस्मात्**] इसीलिये [**निःशंकाः**] निःशंक हैं ।

टीका—जिस कारण सम्यग्दृष्टि नित्य ही सब कर्मों के फल की अभिलाषा से रहित हुए कर्म से सर्वथा निरपेक्ष हुए प्रवर्तन करते हैं इस कारण अत्यंत निःशंक दारुण (तीव्र) निश्चयरूप दृढ़ आशयरूप हुए अत्यंत निर्भय हैं ऐसी संभावना की जाती है ॥२२८॥

अब सप्तभय के कलशरूप काव्य कहते हैं उनमें इसलोक तथा परलोक के दो भयों का काव्य—**लोक** इत्यादि । **अर्थ**— जो यह भिन्न आत्मा का चैतन्यस्वरूप लोक है वह शाश्वत है एक है, सब जीवों के प्रगट है इसको यह ज्ञानी आत्मा ही स्वयमेव एकाकी (केवल) अवलोकन करता है । उस अवस्था में ज्ञानी ऐसा विचारता है कि यह चैतन्यलोक तेरा है और इससे जो अन्य लोक है वह परलोक है तेरा नहीं । ऐसा विचारते हुए उस ज्ञानी के इसलोक तथा परलोक का भय कैसे हो सकता है ? नहीं होता । इस कारण ज्ञानी निःशंक हुआ हमेशा अपने को स्वाभाविक ज्ञानस्वरूप अनुभवता है ।

भावार्थ—इस भव में लोकों का डर रहता है कि ये लोग न मालूम मेरा क्या बिगाड़ करेंगे ऐसा तो इस लोक का भय है, और परभव में न मालूम क्या होगा ऐसा भय रहना वह परलोक का भय है । सो ज्ञानी ऐसा जानता है कि मेरा लोक तो चैतन्यस्वरूपमात्र एक नित्य है यह सबमें प्रगट है । इस लोक के सिवाय जो अन्य है वह परलोक है । सो मेरा लोक तो किसी का बिगाड़ा हुआ नहीं बिगड़ता । ऐसे विचारता हुआ ज्ञानी अपने को स्वाभाविक ज्ञानरूप अनुभवे तो उसके इस लोक का भय किस तरह हो सकता है कभी नहीं होता ॥१५५॥

---

१. सकलं कालं व्यक्तः प्रकटः सकलव्यक्त इत्यर्थः । २ एषोऽयं लोकः केवलमयं चिल्लोकं लोकयतीत्यर्थः ।

एषैकैव हि वेदना यदचलं ज्ञानं स्वयं वेद्यते
निर्भेदोदितवेद्यवेदकबलादेकं सदानाकुलैः ।
नैवान्यागतवेदनैव हि भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५६॥
यत्सन्नाशमुपैति तन्न नियतं व्यक्तेति वस्तुस्थिति-
र्ज्ञानं सत्स्वयमेव तत्किल ततस्त्रातं किमस्यापरैः ।
अस्यात्राणमतो न किंचन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निःशंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५७॥

यस्मात् कारणात् । **णिब्भया तेण** तेन कारणेन निर्भया भवति **सत्तभयविप्पमुक्का जह्मा** यस्मादेव कारणाद् इहलोक परलोक-अत्राण-अगुप्ति-मरण-वेदना-आकस्मिकसंज्ञितसप्तभयविप्रमुक्ता भवंति **तह्मा दु णिस्संका** तस्मादेव कारणात् घोरपरीषहोपसर्गे प्राप्तेपि निश्शंकाः शुद्धात्मस्वरूपे निष्कंपाः संतः शुद्धात्मभावनोत्पन्नवीतरागसुखानंदतृप्ताश्च परमात्म-

---

अब वेदना के भय का काव्य कहते हैं—**एषैकेव** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानी पुरुषों के यही एक वेदना है कि निराकुल होकर अपना एक ज्ञानस्वरूप आप अपने ज्ञानभाव से ही वेदा जाता है और आप ही वेदनेवाला ऐसा अभेद स्वरूप वेद्यवेदक भाव के बलसे निरंतर निश्चल वेदा जाता है—अनुभव किया जाता है परंतु अन्य से हुई वेदना ज्ञानी के नहीं है । इसलिये उस ज्ञानी के उस वेदना का भय कैसे हो सकता है ? नहीं होता । इस कारण ज्ञानी निःशंक हुआ अपने स्वाभाविक ज्ञानभाव का सदा (निरंतर) अनुभव करता है ।

भावार्थ—वेदना नाम सुखदुःख के भोगने का है ज्ञानी के एक अपना ज्ञानमात्रस्वरूप का भोगना ही है । वह अन्य से. आई हुई को वेदना ही नहीं जानता इसलिये अन्य द्वारा आगत वेदना का भय नहीं है । इसकारण सदा निर्भय हुआ ज्ञानका अनुभव करता है ॥१५६॥

अब अरक्षा के भय का काव्य कहते हैं—**यत्** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानी ऐसा विचारता है कि सत्स्वरूप वस्तु है वह नाशको प्राप्त नहीं होती ऐसी नियम से वस्तु की मर्यादा है । ज्ञान भी आप सत्स्वरूप वस्तु है उसकी निश्चय से दूसरे से रक्षा कैसी ? इसलिये उस ज्ञान का अरक्षा करने वाला कुछ भी नहीं है इसकारण ज्ञानी के अरक्षा का भय कैसे हो सकता है ? ज्ञानी तो अपने स्वाभाविक ज्ञान-स्वरूप को निःशंक हुआ सदा आप अनुभव करता है ।

भावार्थ—ज्ञानी ऐसा जानता है कि सत्ता का कभी नाश नहीं होता, ज्ञान आप सत्तास्वरूप है इसलिये ज्ञान स्वयं ही रक्षित है । ज्ञानी के अरक्षा का भय नहीं । वह तो निःशंक हुआ अपने स्वाभाविक ज्ञान का सदा अनुभव करता है ॥१५७॥

स्वं रूपं किल वस्तुनोऽस्ति परमा गुप्तिः स्वरूपे न य-
च्छक्तः कोऽपि परः प्रवेष्टुमकृतं ज्ञानं स्वरूपं च नुः ।
अस्यागुप्तिरतो न काचन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५८॥
प्राणोच्छेदमुदाहरंति मरणं प्राणाः किलास्यात्मनो
ज्ञानं तत्स्वयमेव शाश्वततया नो छिद्यते जातुचित् ।
तस्यातो मरणं न किंचन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५९॥

स्वरूपान्न प्रच्यवंते पांडवादिवत् ॥ २२८ ॥ अथानंतरं वीतरागसम्यग्दृष्टेर्निश्शंकाद्यष्टगुणाः नवतरबंधं निवारयंति ततः कारणाद्बंधो नास्ति किं तु संवरपूर्विका निर्जरैव भवतीति प्रतिपादयति;—**जो चत्तारिवि पाए छिंददि ते कम्म-मोहबाधकरे** यः कर्ता मिथ्यात्वाविरतिकषाययोगलक्षणान् संसारवृक्षस्य मूलभूतान् निष्कर्मात्मतत्त्वविलक्षणत्वेन

अब अगुप्तिभय का काव्य कहते हैं—**स्वं रूपं** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानी विचारता है कि वस्तु का निजरूप ही वस्तु की परम गुप्ति है, उसमें अन्य कोई प्रवेश नहीं कर सकता । यहां ज्ञान भी पुरुष का स्वरूप है । वह अकृत्रिम है इसलिये ज्ञानी के कुछ भी अगुप्त नहीं है ज्ञानी के अगुप्ति का भय नहीं है । इसी कारण ज्ञानी निःशंक हुआ निरंतर आप स्वाभाविक अपने ज्ञानभाव का सदा अनुभव करता है ।

भावार्थ—जिसमें किसी का प्रवेश नहीं ऐसे गढ़ दुर्गादिक का नाम गुप्ति है उसमें यह प्राणी निर्भय होकर रहता है । और जो गुप्त प्रदेश न हो, खुला हुआ हो, उसको अगुप्ति कहते हैं वहां बैठने से जीव को भय उत्पन्न होता है । ज्ञानी ऐसा समझता है कि जो वस्तु का निज स्वरूप है उसमें परमार्थ से दूसरी वस्तु का प्रवेश नहीं है यही परमगुप्ति है । पुरुष का स्वरूप ज्ञान है उसमें किसी का प्रवेश नहीं है । इसलिये ज्ञानी को भय कैसे हो सकता है ? ज्ञानी अपने स्वाभाविक ज्ञानस्वरूप को निःशंक होकर निरंतर अनुभव करता है ॥१५८॥

अब मरणभय का काव्य कहते हैं—**प्राणो** इत्यादि । **अर्थ**—प्राणों का उच्छेद होना उसे मरण कहते हैं सो आत्मा का प्राण निश्चयज्ञान है, वह स्वयमेव शाश्वत है इसका कभी उच्छेद नहीं हो सकता, इस कारण आत्मा का मरण नहीं होता । ऐसा विचारने से ज्ञानी के मरण का भय कैसे हो ? इसलिये ज्ञानी निःशंक हुआ निरंतर अपने स्वाभाविक ज्ञानभाव का आप सदा अनुभव करता है ।

भावार्थ—इंद्रियादिक प्राणों के विनाश को मरण कहते हैं, आत्मा के इंद्रियादिक प्राण परमार्थ स्वरूप नहीं हैं निश्चय से उसके ज्ञान प्राण हैं वह अविनाशी है इसलिये आत्मा के मरण नहीं । इस कारण ज्ञानी को मरण का भय नहीं है । ज्ञानी अपने ज्ञानस्वरूप को निःशंक हुआ निरंतर आप अनुभव करता है ॥१५९॥

एकं ज्ञानमनाद्यनंतमचलं सिद्धं किलैतत्स्वतो
यावत्तावदिदं सदैव हि भवेन्नात्र द्वितीयोदयः ।
तन्नाकस्मिकमत्र किंचन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१६०॥
टंकोत्कीर्णस्व[1]रसनिचितज्ञानसर्वस्वभाजः
सम्यग्दृष्टेर्यदिह सकलं घ्नंति लक्ष्माणि कर्म ।
तत्तस्यास्मिन्पुनरपि मनाक्कर्मणो नास्ति बंधः
पूर्वोपात्तं तदनुभवतो निश्चितं निर्जरैव ॥ १६१ ॥

कर्मकरान् निर्मोहात्मद्रव्यपृथक्त्वेन मोहकरान् अव्याबाधसुखादिगुणलक्षणपरमात्मपदार्थभिन्नत्वेन वा बाधाकरांस्तान् आगमप्रसिद्धांश्चतुरः पादान् शुद्धात्मभावनाविषये निश्शंको भूत्वा स्वसंवेदनज्ञानखड्गेन छिनत्ति **सो णिस्संको चेदा**

अब आकस्मिक भय का काव्य कहते हैं—**एकं** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञान एक है, अनादि है, अनंत है, अचल है, ऐसा आप से ही सिद्ध है सो जब तक है तब तक सदा वही है, इसमें दूसरे का उदय नहीं है इसलिए ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसमें अकस्मात् नया उत्पन्न हो। ऐसा विचारने से उस अकस्मात् होने का भय कैसे हो सकता है। ज्ञानी निःशंक हुआ निरंतर अपने स्वाभाविक ज्ञानस्वभाव का सदा अनुभव करता है।

भावार्थ—अकस्मात् भयानक पदार्थ से प्राणी को जो भय उत्पन्न होता हैं वह आकस्मिक भय है। सो आत्मा का ज्ञान अविनाशी, अनादि, अनन्त, अचल, एक है, इसमें दूसरे का प्रवेश नहीं है नवीन अकस्मात् कुछ नहीं होता। ऐसा ज्ञानी अपने को जानता है उसके अकस्मात् भय कैसे हो? इसलिये ज्ञानी अपने ज्ञानभाव का निःशंक निरंतर अनुभव करता है इस प्रकार सात भय ज्ञानी के नहीं हैं। यहां प्रश्न—अविरत सम्यग्दृष्टि आदिक को भी ज्ञानी कहते हैं उसके भय प्रकृतिका उदय है उसके निमित्त से भय भी देखा जाता है सो ज्ञानी निर्भय कैसे है? उसका समाधान—जो भय प्रकृति के उदय के निमित्त से भय उत्पन्न होता है उसकी पीड़ा नहीं सही जाती, क्योंकि अंतराय के प्रबल उदय से वह निर्बल है। इसलिये उस भय का इलाज भी करता है परंतु ऐसा भय नहीं है कि जिससे स्वरूप के ज्ञान श्रद्धान से डिग जाय। तथा जो भय उत्पन्न होता है वह मोह कर्म की भयनामा प्रकृति के उदय का दोष है उसका आप स्वामी होकर कर्ता नहीं बनता ज्ञाता ही रहता है ॥१६०॥

आगे कहते हैं कि सम्यग्दृष्टि के निःशंकितादि चिन्ह कर्म की निर्जरा करते हैं शंकादिक से किया बंध नहीं होता उसकी सूचनिका का काव्य कहते हैं—**टंकोत्कीर्ण** इत्यादि । **अर्थ**—सम्यग्दृष्टि के निःशंकित आदि चिह्न सब कर्मों का हनन करते हैं—निर्जरा करते हैं। इस कारण फिर भी इसका

---

१. स्वरसः स्वभावः स्वपरावबोधरायसुपेततत्त्वं तेन चितं व्याप्तमित्यर्थः ।

जो चत्तारिवि पाए छिंददि ते [1]कम्मबंधमोहकरे ।
सो णिस्संको चेदा सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥ २२९ ॥

यश्चतुरोपि पादान् छिनत्ति तान् कर्मबंधमोहकरान् ।
स निश्शंकश्चेतयिता सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः ॥ २२९ ॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः, टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन कर्मबंधशंकाकरमिथ्यात्वादिभावाभावान्निश्शंकः, ततोऽस्य शंकाकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥ २२९ ॥

सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो स चेतयिता आत्मा सम्यग्दृष्टिर्निश्शंको मंतव्यः तस्य तु शुद्धात्मभावनाविषये शंकाकृतो नास्ति बंधः, किंतु पूर्वबद्धकर्मणो निश्चितं निर्जरैव भवति ॥२२९॥ **जो ण करेदि दु कंखं कम्मफले तहय सव्वधम्मेसु** यः कर्ता शुद्धात्मभावनासंजातपरमानंदसुखे तृप्तो भूत्वा कांक्षा वांछां न करोति । केषु ? पंचेंद्रियविषयसुखभूतेषु कर्मफलेषु तथैव च समस्तवस्तुधर्मेषु स्वभावेषु अथवा विषयसुखकारणभूतेषु नानाप्रकारपुण्यरूपधर्मेषु अथवा इहलोकपरलोकाकांक्षा समस्तपरसमयप्रणीतकुधर्मेषु च । **सो णिक्कंखो चेदा सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो** स चेतयिता आत्मा सम्यग्दृष्टिः

उदय होने से नवीन कर्म का कुछ भी बंध नहीं होता जिस कर्म का पहले बंध हुआ था उसके उदय को भोगते हुए उसके नियम से निर्जरा ही होती है । सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्णवत् एक स्वभावरूप जो अपना निज रस उससे परिपूर्ण हुए ज्ञान के सर्वस्व का भोगने वाला है—आस्वादक है ।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि पहले बांधी हुई भयादि प्रकृतियों के उदय को भोगता है तौ भी उसके निःशंकितादि गुण प्रवर्तते हैं वे पूर्वकर्मों की निर्जरा करते हैं । और शंकादिकर किया बंध नहीं होता ॥ १६१ ॥

आगे इस कथन को गाथा में कहते हैं उसमें भी पहले निशंकित अंग का स्वरूप कहते हैं;—**[यः]** जो **[चेतयिता]** आत्मा **[कर्मबंधमोहकरान्]** कर्मबंध के कारण मोह के करने वाले **[तान् चतुरोपि पादान्]** मिथ्यात्वादिभावरूप चारों पादों को **[निःशंकः]** निःशंक हुआ **[छिनत्ति]** काटता है **[सः]** वह आत्मा **[सम्यग्दृष्टिः]** निःशंक सम्यग्दृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना चाहिये ।

टीका—जिस कारण सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावमय है उस भाव से कर्मबंध के कारण शंका को करने वाले ऐसे मिथ्यात्व अविरति कषाय योग इन चारों भावों का इसके अभाव है इस कारण निःशंक है । इसलिये इसके शंकाकृत बंध नहीं है ? निर्जरा ही है ।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि के जो कर्म का उदय आता है उसका आप स्वामीपने के अभाव से कर्ता नहीं होता इसलिये भय प्रकृति के उदय आने पर भी शंका के अभाव से स्वरूप से भ्रष्ट नहीं होता निःशंक रहता है । इसलिये इसके शंकाकृत बंध नहीं होता, कर्म रस देकर क्षय हो जाता है ॥ २२९ ॥

---

१. तात्पर्यवृत्तौ "मोहबाधकरे" पाठः ।

जो[1] दु ण करेदि कंखं कम्मफलेसु तह सव्वधम्मेसु ।
सो णिक्कंखो चेदा सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥ २३० ॥

यस्तु न करोति कांक्षां कर्मफलेषु तथा सर्वधर्मेषु ।
स निष्कांक्षश्चेतयिता सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः ॥ २३० ॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः, टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन सर्वेष्वपि कर्मफलेषु सर्वेषु वस्तु-धर्मेषु च कांक्षाभावान्निष्कांक्षस्ततोऽस्य कांक्षाकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३०॥

जो ण करेदि जुगुप्पं चेदा सव्वेसिमेव धम्माणं ।
सो खलु णिव्विदिगिच्छो सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३१॥

यो न करोति जुगुप्सां चेतयिता सर्वेषामेव धर्माणां ।
स खलु निर्विचिकित्सः सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः ॥२३१॥

संसारसुखे निष्कांक्षितो मंतव्यः । तस्य विषयसुखकांक्षाकृतो नास्ति बंधः किंतु पूर्वसंचितकर्मणो निर्जरैव भवति ॥२३०॥
जो ण करेदि दुगुंछं चेदा सव्वेसिमेव धम्माणं यश्चेतयिता आत्मा परमात्मतत्त्वभावनाबलेन जुगुप्सां निंदां दोषं

आगे निःकांक्षित गुण की गाथा कहते हैं;—**[यः चेतयिता]** जो आत्मा **[कर्मफलेषु]** कर्मों के फलों में **[तथा]** तथा **[सर्वधर्मेषु]** सब धर्मों में **[कांक्षां]** वांछा **[न तु]** नहीं **[करोति]** करता है **[सः]** वह आत्मा **[निष्कांक्षः सम्यग्दृष्टिः]** निःकांक्ष सम्यग्दृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना ।

टीका—जिस कारण सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावपने से सब ही कर्मों के फलों में तथा सभी वस्तु के धर्मों में वांछा के अभाव से निष्कांक्ष है, निर्वांछक है, इसलिये इसके कांक्षा (इच्छा) से किया हुआ बंध नहीं है निर्जरा ही है ।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि के कर्मफल में तथा सब धर्मों में अर्थात् काच सोना आदि, निन्दा प्रशंसा आदि के वचनरूप पुद्गल के परिणमन अथवा अन्यमतियोंकर माने हुए अनेक प्रकार सर्वथा एकांतरूप व्यवहार धर्म के भेदों में वांछा नहीं है । इसलिये इसके वांछा से होने वाला बंध नहीं है । वर्तमान की पीड़ा सही नहीं जाती उसके मेंटने के इलाज की वांछा चारित्रमोह के उदय से है । यह उसका आप कर्ता नहीं होता कर्म का उदय जानकर उसका ज्ञाता है । इस कारण वांछाकृत बंध नहीं है ॥२३०॥

अब निर्विचिकित्सा गुण की गाथा कहते हैं;**[यः चेतयिता]** जो जीव **[सर्वेषामेव]** सभी **[धर्माणां]** वस्तु के धर्मों में **[जुगुप्सां]** ग्लानि **[न करोति]** नहीं करता **[सः]** वह जीव **[खलु]** निश्चय कर **[निर्विचिकित्सः]** विचिकित्सा दोषरहित **[सम्यग्दृष्टिः]** सम्यग्दृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना ।

टीका—जिस कारण सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावपने से सभी वस्तुधर्मों में

---

१. 'जो ण करेदि दु कंखं' पाठोयं तात्पर्यवृत्तौ ।

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन सर्वेष्वपि वस्तुधर्मेषु जुगुप्साऽभावान्निर्विचिकित्सः ततोऽस्य विचिकित्साकृतो नास्ति बंधः किंतु निर्जरैव ॥२३१॥

जो हवइ असम्मूढो चेदा [1]सद्दिट्ठि सव्वभावेसु।
सो खलु अमूढदिट्ठी सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३२॥

यो भवति असंमूढः चेतयिता सद्दृष्टिः सर्वभावेषु।
स खलु अमूढदृष्टिः सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः ॥२३२॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः, टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन सर्वेष्वपि भावेषु मोहाभावादमूढदृष्टिः ततोऽस्य मूढदृष्टिकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३२॥

द्वेषं विचिकित्सान्न करोति, केषां संबंधित्वेन ? सर्वेषामेव वस्तुधर्माणां स्वभावानां, दुर्गंधादिविषये वा **सो खलु णिव्विदिगिंछो सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो** स सम्यग्दृष्टिः निर्विचिकित्सः खलु स्फुटं मंतव्यो ज्ञातव्यः तस्य च परद्रव्यद्वेषनिमित्तो नास्ति बंधः, किं तु पूर्वसंचितकर्मणो निर्जरैव भवति ॥२३१॥ **जो हवदि असंमूढो चेदा सव्वेसु कम्मभावेसु** यश्चेतयिता आत्मा स्वकीयशुद्धात्मनि श्रद्धानज्ञानानुचरणरूपेण निश्चयरत्नत्रयलक्षणभावनाबलेन शुभाशुभकर्मजनित परिणामरूपे बहिर्विषये सर्वथाऽसंमूढो भवति **सो खलु अमूढदिट्ठी सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो** स खलु

जुगुप्सा के अभाव से निर्विचिकित्स (ग्लानि रहित) है इसी कारण इसके विचिकित्सा से किया गया बंध नहीं है। निर्जरा ही होती है।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि वस्तु के धर्म जो क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण आदि भाव तथा विष्ठा आदि मलिन द्रव्यों में ग्लानि नहीं करता। जुगुप्सानामा कर्म प्रकृति का उदय आता है तब उसका आप कर्ता नहीं होता है! इसलिये इसे जुगुप्सा से किया गया बंध नही है। प्रकृति रस (फल) देकर छूट जाती है इस कारण निर्जरा ही है ॥२३१॥

आगे अमूढदृष्टि अंग की गाथा कहते हैं—**[यः]** जो जीव **[सर्वभावेषु]** सब भावों में **[असंमूढः]** मूढ नहीं होता **[सद्दृष्टिः]** यथार्थदृष्टि रखता है **[स चेतयिता]** वह ज्ञानी जीव **[खलु]** निश्चय कर **[अमूढदृष्टिः]** अमूढदृष्टि **[सम्यग्दृष्टिः]** सम्यग्दृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना।

टीका—निश्चय से सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावपने से सब भावों में मोह के अभाव से अमूढदृष्टि है इसलिये इसके मूढदृष्टि से किया गया बंध नहीं है निर्जरा ही है।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि सब पदार्थों का स्वरूप यथार्थ जानता है, उन पर रागद्वेष मोह के अभाव से अयथार्थ दृष्टि नहीं पड़ती और जो चारित्रमोह के उदय से इष्टानिष्ट भाव उत्पन्न होते हैं उनको उदय की बलवत्ता जान उन भावों का कर्ता नही होता इसलिये मूढदृष्टि से किया बंध नहीं है, निर्जरा ही है। प्रकृति रस देकर क्षीण हो जाती है सो निर्जरा ही हुई ॥२३२॥

---

१. 'सम्मदिट्ठि' इत्यपि पाठः।

जो सिद्धभत्तिजुत्तो उवगूहणगो दु सव्वधम्माणं ।
सो उवगूहणकारी सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३३॥

यः सिद्धभक्तियुक्तः उपगूहनकस्तु सर्वधर्माणां ।
स उपगूहनकारी सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः ॥२३३॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन समस्तात्मशक्तीनामुपबृंहणादुपबृंहकः, ततोऽस्य जीवस्य शक्तिदौर्बल्यकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३३॥

स्फुटं सम्यग्दृष्टिरमूढदृष्टिर्मन्तव्यो ज्ञातव्यः । तस्य च बहिर्विषये मूढताकृतो नास्ति बंधः परसमयमूढताकृतो वा, किंतु पूर्वबद्धकर्मणो निश्चितं निर्जरैव भवति ॥२३२॥ **जो सिद्धभत्तिजुत्तो उवगूहणगो दु सव्वधम्माणं** शुद्धात्मभावनारूपपारमार्थिकसिद्धभक्तियुक्तः मिथ्यात्वरागादिविभावधर्माणामुपगूहकः प्रच्छादको विनाशकः । **सो उवगूहणगारी सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो** स सम्यग्दृष्टिः उपगूहनकारी मंतव्यो ज्ञातव्यः । तस्य चानुपगूहनकृतो नास्ति बंधः किं तु पूर्वसंचितकर्मणो निश्चितं निर्जरैव भवति ॥२३३॥ **उम्मग्गं गच्छंतं सिवमग्गे जो ठवेदि अप्पाणं** यः कर्ता मिथ्यात्वरागादिरूपमुन्मार्गं गच्छंतं संतमात्मानं परमयोगाभ्यासबलेन शिवमार्गे स्वशुद्धात्मभावनारूपे निश्चयमोक्षमार्गे निश्चलं स्थापयति **सो ठिदिकरणेण जुदो सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो** स सम्यग्दृष्टिः स्थितिकरणयुक्तो मंतव्यो ज्ञातव्यः । तस्य चास्थितिकरणकृतो नास्ति बंधः किं तु पूर्वबद्धकर्मणो निश्चितं निर्जरैव भवति ॥२३४॥ **जो कुणदि वच्छलत्तं तिण्हे साधूण मोक्खमग्गम्मि** यः कर्ता मोक्षमार्गे स्थित्वा वत्सलत्वं

अब उपगूहन गुण की गाथा कहते हैं;—**[यः]** जो जीव **[सिद्धभक्तियुक्तः]** सिद्धों की भक्ति से युक्त हो **[तु]** और **[सर्वधर्माणां]** अन्य वस्तु के सब धर्मों का **[उपगूहनकः]** गोपने वाला हो **[सः]** वह **[उपगूहनकारी]** उपगूहन धारी **[सम्यग्दृष्टिः]** सम्यग्दृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना चाहिये ।

टीका—सम्यग्दृष्टि निश्चय से टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावपने से आत्मा की सब शक्ति बढ़ाने से उपबृंहक होता है इसलिये इसके जीवशक्ति के दुर्बलपने कर किया बंध नहीं है निर्जरा ही है ।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि उपगूहनगुणयुक्त है । उपगूहन का अर्थ छिपाने का है । निश्चयनय को प्रधान कर ऐसा कहा है कि जो अपना उपयोग सिद्ध भक्ति में लगाये वह सब धर्मों का उपगूहक हो । सो जब सिद्ध भक्ति में उपयोग लगाया तब अन्य धर्म पर दृष्टि ही नहीं रही, तब सभी धर्म छिप गए । दूसरा उपबृंहण इस तरह है कि जब अपना उपयोग सिद्धों के स्वरूप में लगाया तब अपने आत्मा की सब शक्ति बढ़ा ली आत्मा पुष्ट हुआ । दुर्बलता से बंध होता था वह नहीं होता तब निर्जरा ही होती है । और जब तक अंतराय का उदय है तब तक निर्बलता है परंतु इसके अभिप्राय में निर्बलता नहीं है कर्म के उदय को जीतने का अपनी शक्ति के अनुसार महान् उद्यम होता है ॥२३३॥

उम्मग्गं गच्छंतं ¹सगंपि मग्गे ठवेदि जो चेदा ।
सो ठिदिकरणाजुत्तो सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३४॥

उन्मार्गं गच्छंतं स्वकमपि मार्गे स्थापयति यश्चेतयिता ।
स स्थितिकरणयुक्तः सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः ॥२३४॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन मार्गात्प्रच्युतस्यात्मनो मार्गे एव स्थितिकरणात् स्थितिकारी ततोऽस्य मार्गच्यवनकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३४॥

जो कुणदि वच्छलत्तं तिण्हं साहूण मोक्खमग्गम्मि ।
सो वच्छलभावजुदो सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३५॥

यः करोति वत्सलत्वं त्रयाणां साधूनां मोक्षमार्गे ।
स वात्सल्यभावयुतः सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः ॥२३५॥

भक्तिं करोति, केषां ? त्रयाणां स्वकीयसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणां, कथंभूताना ? साधूनां मोक्षमार्गे साधकानां अथवा व्यवहारेण तदाधारभूतसाधूनां **सो वच्छलभावजुदो सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो** स सम्यग्दृष्टि. वात्सल्यभावयुक्तो मंतव्यो ज्ञातव्यः ।

आगे स्थितीकरण गुण की गाथा कहते हैं;—**[यः]** जो जीव **[उन्मार्गं गच्छंतं]** उन्मार्ग चलते हुए **[स्वकं अपि]** अपनी आत्मा को भी **[मार्गे]** मार्ग में **[स्थापयति]** स्थापन करता है **[सः चेतयिता]** वह ज्ञानी **[स्थितिकरणयुक्तः]** स्थितिकरणगुणसहित **[सम्यग्दृष्टिः]** सम्यग्दृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना ।

टीका—सम्यग्दृष्टि निश्चय से टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकस्वभावमय है इसलिये जो अपना आत्मा सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रस्वरूप मोक्ष के मार्ग से छूट जाय तो उसे उसी मार्ग में स्थापन करे वह स्थिति-कारी है । इसलिये मार्ग से छूटनेपर किया गया इसके बंध नहीं है निर्जरा ही है ।

भावार्थ—जो अपना आत्मा अपने स्वरूपमय मोक्ष मार्ग से चिग जाय उसे उसी मार्ग में स्थापन करे वह स्थितीकरणगुणयुक्त है । उसके मार्ग से छूट जाने का बंध नहीं होता उदय आये हुए कर्म रस देकर खिर जाते हैं इसलिये निर्जरा ही है ॥२३४॥

आगे वात्सल्य गुण की गाथा कहते हैं;—**[यः]** जो जीव **[मोक्षमार्गे]** मोक्ष मार्ग में स्थित **[त्रयाणां साधूनां]** आचार्य उपाध्याय साधु पद सहित आत्मा में अथवा सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र में **[वत्सलत्वं]** वात्सल्यभाव **[करोति]** करता है **[सः]** वह **[वत्सलभावयुतः]** वत्सलभावसहित **[सम्यग्दृष्टिः]** सम्यग्दृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना ।

१. 'सिवमग्गेति' तात्पर्यवृत्तौ पाठः ।

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणां स्वस्माद्-भेदबुद्ध्या सम्यग्दर्शनान्मार्गवत्सलः, ततोऽस्य मार्गानुपलंभकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३५॥

विज्जारहमारूढो [1]मणोरहपहेसु भमइ जो चेदा ।
सो जिणणाणपहावी सम्मादिट्ठी मुणेव्वो ॥२३६॥

विद्यारथमारूढः मनोरथपथेषु भ्रमति यश्चेतयिता ।
स जिनज्ञानप्रभावी सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः ॥२३६॥

तस्य चावात्सल्यभावकृतो नास्ति बंधः किं तु पूर्वसंचितकर्मणो निर्जरैव भवति ॥२३५॥ **विज्जारहमारूढो मणोरहरएसु हणदि जो चेदा** यश्चेतयिता आत्मा स्वशुद्धात्मतत्त्वोपलब्धिस्वरूपविद्यारथमारूढः सन् ख्यातिपूजालाभभोगाकांक्षारूपनिदानबंधादिविभावपरिणामरूपान् द्रव्यक्षेत्रादिपंचप्रकारसंसारदुःखकारणान् शत्रून् मनोरथरयान् वेगांश्चित्तकल्लोलान् स्वस्वभावसारथिबलेन दृढतरध्यानखड्गेन हंति । **सो जिणणाणपहावी सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो** स सम्यग्दृष्टिर्जिनज्ञानप्रभावी मंतव्यो ज्ञातव्यः । तस्य चाप्रभावनाकृतो नास्ति बंधः किं तु पूर्वसंचितकर्मणो निश्चितं निर्जरैव भवति । एवं संवरपूर्विकाया भावनिर्जराया उपादानकारणभूतानां शुद्धात्मभावनारूपाणां शुद्धनयमाश्रित्य निश्शंकाद्यष्टगुणानां व्याख्यानमुख्यत्वेन गाथानवकं गतं । इदं तु निश्शंकाद्यष्टगुणव्याख्यानं निश्चयनयमुख्यत्वेन व्याख्यातं । निश्चयरत्नत्रयसाधके व्यवहाररत्नत्रयेऽपि स्थितस्य सरागसम्यग्दृष्टेरप्यंजनचौरादिकथारूपेण व्यवहारनयेन यथासंभवं योजनीयं । निश्चयं व्याख्याय पुनरपि किमर्थं व्यवहारनयव्याख्यानं ? इति चेन्नैवं । अग्निसुवर्णपाषाणयोरिव निश्चयव्यवहारनययोः परस्परसाध्यसाधकभावदर्शनार्थमिति । तथाचोक्तं—जइजिणमयं पवंजह ता मा ववहारणिच्छए मुचह । एक्केण विणा छिज्जइ तित्थं अण्णेण पुण तच्चं, इति । किं च—संवरपूर्विका पूर्वनिर्जरा या व्याख्याता सा

टीका—निश्चय से सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावपने से सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र को अपने से अभेद बुद्धि कर अच्छी तरह देखता है इसलिये मोक्ष मार्ग का वत्सल है अतिप्रीतियुक्त है । इसलिये इसके मार्ग की अप्राप्ति कर किया गया कर्म का बंध नहीं है निर्जरा ही है ।

भावार्थ—वत्सलपना नाम प्रीतिभाव का है इसलिये जो मोक्षमार्गरूप अपने स्वरूप में अनुराग युक्त हो उसके मार्ग की अप्राप्ति कर किया कर्म का बंध नहीं होता कर्म रस (फल) देकर खिर जाता है इसलिए निर्जरा ही है ॥२३५॥

आगे प्रभावना गुण की गाथा कहते हैं;—**[यः]** जो जीव **[विद्यारथं आरूढः]** विद्यारूपी रथ में चढ़ा **[मनोरथपथेषु]** मनरूपी रथ के चलने के मार्ग में **[भ्रमति]** भ्रमण करता है **[सःचेतयिता]** वह ज्ञानी **[जिनज्ञानप्रभावी]** जिनेश्वर के ज्ञान की प्रभावना करने वाला **[सम्यग्दृष्टिः]** सम्यग्दृष्टि **[ज्ञातव्यः]** जानना ।

---

१. "मणोरहरएसु हणदि जो चेदा" पाठोयं तात्पर्यवृत्तौ ।

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन ज्ञानस्य समस्तशक्तिप्रबोधेन प्रभावजननात्प्रभावनाकरः ततोस्य ज्ञानप्रभावनाऽप्रकर्षकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३६॥

सम्यग्दृष्टेर्जीवस्य शुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुष्ठानरूपे मुख्यवृत्त्या निश्चयरत्नत्रये सति भवति, स च निश्चयरत्नत्रयलाभो, वीतरागधर्मध्यानशुक्लध्यानरूपे शुभाशुभबहिर्द्रव्यनिरालंबने निर्विकल्पसमाधौ सति भवति, स च समाधिरतीव दुर्लभः । कस्मात् ? इति चेद्, एकेंद्रियविकलेंद्रियपंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तमनुष्यदेशकुलरूपेंद्रियपटुत्वनिर्व्याध्यायुष्कवरबुद्धि-

---

टीका—निश्चय से सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावपने से ज्ञान की समस्त शक्ति के फैलानेपर प्रभाव के उपजाने से प्रभावना करनेवाला है इसलिये इसके ज्ञान की प्रभावना का बढ़ाना नहीं है उसपर किया बध नहीं होता निर्जरा ही होती है ।

भावार्थ—प्रभावना नाम उद्योत करना, प्रगट करना इत्यादिक का है जो अपने ज्ञान को निरंतर अभ्यास से प्रगट करता है, बढ़ाता है उसके प्रभावना अंग होता है, अप्रभावनाकृत कर्म का बंध नहीं है । कर्म रस देकर खिर जाता है इस कारण निर्जरा ही है । यहां गाथा में ऐसा कहा है कि जो विद्यारूपी रथ में आत्मा को स्थापन करके भ्रमण करता है वह ज्ञान की प्रभावनायुक्त सम्यग्दृष्टि है । यह निश्चय प्रभावना है । जैसे व्यवहार में जिनबिंब को रथ में स्थापन कर नगर वन आदि मे विहार कराके प्रभावना की जाती है उसी तरह यहां भी जानना । इस प्रकार सम्यग्दृष्टि ज्ञानी के नि.शंकित आदिक आठ गुण कर्म की निर्जरा के कारण कहे गये हैं । इसी तरह अन्य भी सम्यक्त्व के गुण निर्जरा के कारण जानना । यहा पर निश्चयनय की प्रधानता से कथन है इसलिये आत्मा के ही परिणाम निःशकारूप आदिक से कहे है । उसका सारांश ऐसा है कि जो सम्यग्दृष्टि आत्मा अपने ज्ञान श्रद्धान में निःशंक हो भय के निमित्त से स्वरूप से नहीं चिगता अथवा संदेहयुक्त न हो उसके निःशंकित गुण कहना चाहिये १, जो कर्म के फलकी वांछा न करे तथा अन्य वस्तु के धर्मों की वांछा न करे उसके निःकांक्षित गुण होता है २, जो वस्तु के धर्मों में ग्लानि न करे उसके निर्विचिकित्सा गुण होता है ३, जो स्वरूप में मूढ न हो, यथार्थ जाने उसके अमूढदृष्टि गुण होता है ४, जो आत्मा को स्वरूप से चिगते हुए को स्थापन करे उसके स्थितिकरण गुण होता है ५, जो आत्मा को शुद्ध स्वरूप में लगाये आत्मा की शक्ति बढ़ाये अन्य धर्मों को गौण करे उसके उपगूहन गुण होता है ६, जो अपने स्वरूप में विशेष अनुराग रखे, उसके वात्सल्य गुण होता है ७, जो आत्मा के ज्ञानगुण को प्रकाशरूप प्रगट करे उसके प्रभावनागुण होता है ८, । इन सब गुणों के प्रतिपक्षी दोषों द्वारा कर्मका बंध होता था उसको नहीं होने देता और इनके होने से चारित्रमोह के उदयरूप शंकादि प्रवर्त हों तो उनकी निर्जरा ही होती है बंध नही होता । बंध तो मिथ्यात्व सहित ही प्रधानता से कहा है । जो चारित्रमोह के उदय से सम्यग्दृष्टि के सिद्धांत में गुणस्थानों की परिपाटी में बंध कहा है वह भी निर्जरारूप ही जानना क्योंकि सम्यग्दृष्टि के जैसे मिथ्यात्व के उदय में बांधा हुआ कर्म खिरता है वैसे ही नवीन बंधा हुआ भी खिरता है इसके इस कर्म के स्वामीपने का अभाव है इसलिये आगामी बंध रूप नहीं है निर्जरारूप ही है जैसे कोई पुरुष पराया द्रव्य उधार लाये उससे उसको ममता बुद्धि नही है वर्तमान में उस द्रव्य से कुछ कार्य कर लेना हो वह करके

रुन्धन् बंधं नवमिति निजैः संगतोऽष्टाभिरंगैः
प्राग्बद्धं तु क्षयमुपनयन् निर्जरोज्जृम्भणेन ।

सद्धर्मश्रवणग्रहणधारणश्रद्धानसंयमविषयसुखव्यावर्तनक्रोधादिकषायनिवर्तनतपोभावनासमाधिमरणानि परम्परादुर्लभानि यतः । तदपि कस्मात् ? तत्प्रतिपक्षभूतानां मिथ्यात्वविषयकषायख्यातिपूजालाभभोगाकांक्षारूपनिदानबंधादिविभावपरिणामानां प्रबलत्वात् इति दुर्लभपरंपरां ज्ञात्वा सर्वतात्पर्येण समाधौ प्रमादो न कर्तव्यः । तदप्युक्तं—इत्यतिदुर्लभरूपां

कर्ज देने वाले को नियत समय पर दे देता है यदि अपने घर में भी पड़ा रहे तो भी उससे ममत्व नहीं है इसलिये उस पुरुष को उस द्रव्य का बंधन नहीं है दूसरे को देने सरीखा ही है । उसी तरह ज्ञानी कर्म द्रव्य को जानता है उससे ममत्व नहीं है सो मौजूद होने पर भी निर्जरा समान ही है ऐसा जानना । तथा ये निःशंकित आदिक आठ गुण व्यवहारनयकर व्यवहार मोक्ष मार्ग पर लगा लेना । जिन वचन में संदेह नहीं करना भय आने पर व्यवहार दर्शन ज्ञान चारित्र से नहीं चिगना वह निःशंकित गुण है १, संसार देह भोग की तथा परमत की वांछा से व्यवहार मोक्ष मार्ग से नहीं चिगना वह निष्कांक्षित गुण है २, अपवित्र दुर्गंधादि वस्तु के निमित्त से व्यवहार मोक्ष मार्ग की प्रवृत्ति में ग्लानि न करना वह निर्विचिकित्सा गुण है ३, देव शास्त्र गुरु लोक की प्रवृत्ति अन्यमतादि के तत्त्वार्थ के स्वरूप में मूढ़ता नहीं रखना यथार्थ जान प्रवर्तन करना अमूढ़ दृष्टि है ४, धर्मात्मा में कर्म के उदय से दोष हो जाय उसे गौण कर व्यवहार मोक्ष मार्ग की प्रवृत्ति को बढ़ाना उपगूहन अथवा उपबृंहणगुण है ५, व्यवहार मोक्ष मार्ग से चिगते हुए को स्थिर करना वह स्थितीकरण है ६, व्यवहार मोक्ष मार्ग में प्रवर्तने वाले से विशेष अनुराग (प्रीति) होना वात्सल्य है ७, और व्यवहार मोक्ष मार्ग का अनेक उपायों से उद्योत करना प्रभावना है ८, ये व्यवहार नय को प्रधान करके कहे गये हैं, निश्चय प्रधान कथन में इनकी गौणता है । सम्यग्ज्ञानरूप प्रमाणदृष्टि में दोनों ही प्रधान हैं, स्याद्वाद मत में कुछ विरोध नहीं है ।। १६२ ।।

अब निर्जरा अधिकार पूर्ण हुआ । निर्जरा के स्वरूप को यथार्थ जानने वाले तथा कर्म का नवीन बंध रोककर निर्जरा करने वाले सम्यग्दृष्टि की महिमा कहते हैं—रुन्धन् इत्यादि । **अर्थ**—सम्यग्दृष्टि जीव आप स्वयमेव अपने निज रस में मस्त हुआ आदि मध्य अन्तर रहित सर्वव्यापक एक प्रवाहरूप धारावाही ज्ञानरूप होकर आकाश का मध्यरूप जो अति निर्मल रंगभूमि उसमें अवगाहन (प्रवेश) कर नृत्य करता है । वह नवीन बंध को तो पूर्वोक्तरीति से रोकता है और जो पहले बांधा था उसको अपने अष्ट अंगों सहित निर्जरा के प्रगट होने से नाश कर डालता है ।

भावार्थ—सम्यग्दृष्टि के शंकादिक से किया नवीन बंध तो होता ही नहीं और आठ अंगों सहित होने से निर्जरा का उदय है उससे पूर्व बंध का नाश होता है । इसलिए वह एक प्रवाह रूप ज्ञानरूपी रस को आप पीकर मद पीने वाले की तरह (जैसे कोई मद पीकर मग्न हुआ नृत्य के अखाड़े में नृत्य करे वैसे) निर्मल आकाशरूप रंगभूमि में नृत्य करता है । यहां कोई प्रश्न करे कि—सम्यग्दृष्टि के निर्जरा होना तो कहते आ रहे हैं बंध होना नहीं कहा परन्तु गुण स्थानों की परिपाटी में सिद्धान्त में अविरत सम्यग्दृष्टि से लेकर बंध कहा गया है तथा घाति कर्मों का कार्य आत्मा के गुणों का घात करना है सो दर्शनज्ञान सुख वीर्य इन गुणों का घात भी विद्यमान है । वहां चारित्र मोह का उदय नवीन

सम्यग्दृष्टिः स्वयमतिरसादादिमध्यांतमुक्तं
ज्ञानं भूत्वा नटति गगनाभोगरंगं विगाह्य ॥ १६२ ॥

इति निर्जरा निष्क्रांता ।

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ निर्जरा प्ररूपकः षष्ठोऽकः ॥ ६ ॥

बोधिं लब्ध्वा यदि प्रमादी स्यात् । संसृतिभीमारण्ये भ्रमति वराको नरः सुचिरं इति । तत्रैवं सति शृङ्गाररहितपात्रवत् शांतरसरूपेण निर्जरा निष्क्रांता ॥ २३६ ॥

इति श्रीजयसेनाचार्यकृतायां समयसारव्याख्यायां शुद्धात्मानुभूतिलक्षणायां तात्पर्यवृत्तौ गाथाचतुष्टयं पीठिकारूपेण, गाथापंचकं ज्ञानवैराग्यशक्त्योः सामान्यविवरणरूपेण, गाथादशकं तयोरेव विशेषविवरणरूपेण, गाथाष्टकं ज्ञानगुणस्य सामान्यविवरणरूपेण, गाथाचतुर्दश तस्यैव विशेषविवरणरूपेण, गाथानवकं निश्शंकाद्यष्टगुणकथनरूपेण चेति समुदायेन पंचाशद्गाथाभिः षड्भिरंतराधिकारैः सप्तमो निर्जराधिकारः समाप्तः ॥ ६ ॥

बंध भी करता है । यदि मोह के उदय में भी बंध न मानो तो मिथ्यादृष्टि के मिथ्यात्व अनंतानुबंधी का उदय होने पर भी बंध का न होना क्यों नहीं माना जाय ? उसका समाधान—बंध होने में मुख्य मिथ्यात्व अनंतानुबंधी का उदय ही है । सम्यग्दृष्टि के उनके उदय का अभाव है । और चारित्र मोह के उदय से यद्यपि सुख गुण का घात है तथा अल्पस्थिति अनुभाग लिए मिथ्यात्व अनंतानुबंधी के बिना और उसके साथ रहने वाली अन्य प्रकृतियों के बिना घातिया तथा अघातिया कर्मों की प्रकृतियों का बंध भी होता है तो भी जैसा मिथ्यात्व अनंतानुबंधी सहित होता है वैसा नहीं होता। अनंत संसार का कारण तो मिथ्यात्व अनंतानुबंधी हैं उनका अभाव होने के पश्चात् उनका बंध नहीं होता। जब आत्मा ज्ञानी हुआ तब अन्य बंध की गिनती कौन करे ? वृक्ष की जड़ कटने के बाद हरे पत्ते रहने की क्या अवधि ? इसलिये इस अध्यात्मशास्त्र में सामान्यपने से ज्ञानी अज्ञानी होने का ही प्रधान कथन है । ज्ञानी हुए पश्चात् शेष कर्म सहज ही मिट जायेंगे । जैसे कोई दरिद्री पुरुष झोंपड़ी में रहता था उसको भाग्योदय से धन से पूर्ण बड़े महल की प्राप्ति हुई । उस महल में बहुत दिन का कूड़ा (मैला) भरा हुआ था । इस पुरुष ने जब आकर प्रवेश किया उसी दिन वह तो महल का धनी बन गया । अब कूड़ा झारना रह गया है वह क्रम से अपने बल के अनुसार से झाड़ता है । जब सब झड़ जायगा तब उज्ज्वल हो जायगा तभी परमानंद भोगेगा, ऐसा जानना ॥२३६॥

सवैया—सम्यक्वंत महंत सदा समभाव रहै दुःख संकट आये,
कर्मनवीन बंधै न तबै अर पूरव बंध झडै बिन भाये ।
पूरण अंग सुदर्शनरूप धरै नित ज्ञान बढै निज पाये,
यों शिवमारग साधि निरंतर आनंद रूप निजातम थाये ॥ १ ॥

इस प्रकार श्री पं० जयचंद्र कृत समयसार आत्मख्याति निर्जरा अधिकार पूर्ण हुआ ॥ ६ ॥

अथ बंधाधिकारः ॥ ७ ॥

अथ प्रविशति बंधः ।

रागोद्गारमहारसेन सकलं कृत्वा प्रमत्तं जगत्
क्रीडंतं रसभारनिर्भरमहानाट्येन बंधं [१]धुनत् ।
आनंदामृतनित्यभोजि सहजावस्थां स्फुटं नाटयद्
धीरोदारमनाकुलं निरुपधिज्ञानं समुन्मज्जति ॥१६३॥

जह णाम कोवि पुरिसो णेहभत्तो दु रेणुबहुलम्मि ।
ठाणम्मि ठाइदूण य करेइ सत्थेहिं वायामं ॥ २३७ ॥
छिंददि भिंददि य तहा तालीतलकयलिवंसपिंडीओ ।
सच्चित्ताचित्ताणं करेइ दव्वाणमुवघायं ॥ २३८ ॥

अथ प्रविशति बंधः । तत्र **जहणाम कोवि पुरिसो** इत्यादि गाथामादिं कृत्वा पाठक्रमेण षट्पंचाशद्गाथापर्यंतं व्याख्यानं करोति । तासु षट्पंचाशद्गाथासु मध्ये प्रथमतस्तावद् बंधस्वरूपसूचनमुख्यत्वेन गाथादशकं । तदनंतरं निश्चयेन हिंसाहिंसाव्रताव्रतद्वयस्य लक्षणकथनरूपेण **जो मण्णदि हिंसामि** इत्यादि गाथासप्तकं । ततः परं

अथ बंधाधिकार ।

अप्रत्यख्यान और भाव अप्रत्याख्यान ऐसे दो प्रकार का उपदेश है वह द्रव्यभाव के निमित्तनैमित्तिक भाव को जनाता है। परद्रव्य तो निमित्त है और रागादिक भाव नैमित्तिक हैं। सो जबतक निमित्तभूत परद्रव्य का अप्रतिक्रमण और अप्रत्यख्यान इस आत्मा के है तब तक तो रागादिभावों का अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान है और जब तक रागादिभावों का अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान है तबतक रागादि भावों का कर्ता ही है। तथा जिस समय निमित्तभूत परद्रव्य का प्रतिक्रमण और प्रत्याख्यान करे; उस समय नैमित्तिक रागादि भावों का भी प्रतिक्रमण प्रत्याख्यान हो जाता है; और जब रागादिभावों का प्रतिक्रमण और प्रत्याख्यान हो जाय तब साक्षात् अकर्ता ही है। इस प्रकार आत्मा स्वयमेव तो रागादि भावों का अकर्ता ही है ॥२८३।२८४।२८५॥

आगे द्रव्य और भाव की निमित्त-नैमित्तिकता का उदाहरण देते हैं;—[अधः कर्माद्याः ये इमे] अधःकर्म को आदि लेकर जो ये [पुद्गलद्रव्यस्यदोषाः] पुद्गल द्रव्य के दोष हैं [तान्] उनको [ज्ञानी] ज्ञानी [कथं करोति] कैसे करे? [तु] क्योंकि [ये] ये [नित्यं] सदा ही [परद्रव्यगुणाः] पुद्गल द्रव्य के गुण हैं [च] और [इदं] यह [अधःकर्मोद्देशिकं] अधःकर्म और उद्देशिक [पुद्गलमयं द्रव्यं] पुद्गलमय द्रव्य हैं उनको यह ज्ञानी जानता है कि [यत्] जो [नित्यं] सदा [अचेतनं उक्तं] अचेतन कहे हैं [तत्] वे [मम] मेरे [कृतं] किये [कथं भवति] कैसे हो सकते हैं?

'यथाधःकर्मनिष्पन्नमुद्देशनिष्पन्नं च पुद्गलद्रव्यं निमित्तभूतमप्रत्याचक्षाणो नैमित्तिकभूतं बंधसाधकं भावं न प्रत्याचष्टे तथा समस्तमपि परद्रव्यमप्रत्याचक्षाणस्तन्निमित्तकं भावं न प्रत्याचष्टे। यथा चाधःकर्मादीन् पुद्गलद्रव्यदोषान्न नाम करोत्यात्मा परद्रव्यपरिणामत्वे सति आत्मकार्यत्वाभावात्। ततोऽधःकर्मोद्देशिकं च पुद्गलद्रव्यं न मम कार्यं, नित्यमचेतनत्वे सति मत्कार्यत्वाभावात् इति तत्त्वज्ञानपूर्वकं पुद्गलद्रव्यं निमित्तभूतं प्रत्याचक्षाणो नैमित्तिकभूतं बंधसाधकं भावं प्रत्याचष्टे तथा समस्तमपि परद्रव्यं प्रत्याचक्षाणस्तन्निमित्तं भावं प्रत्याचष्टे। एवं द्रव्यभावयोरस्ति निमित्तनैमित्तिकभावः ॥ २८६ ॥ २८७ ॥

रत्नत्रयात्मकनिर्विकल्पसमाधिसंजातवीतरागसहजानंदरूपसुखानुभूतिमात्रलक्षणेन स्वसंवेदनज्ञानेन संवेद्यो गम्यः प्राप्यो भरितावस्थोऽहं, राग-द्वेष- मोह-क्रोध-मान-माया-लोभ—पंचेंद्रियविषयव्यापार, मनोवचनकायव्यापार—भावकर्म–द्रव्यकर्म–नोकर्म—ख्याति-पूजा- लाभ-दृष्टश्रुतानुभूतभोगाकांक्षारूपनिदानमायामिथ्याशल्यत्रयादिसर्वविभावपरिणामरहित.। शून्योऽहं जगत्त्रये कालत्रयेपि मनोवचनकायैः कृतकारितानुमतैश्च शुद्धनिश्चयेन, तथा सर्वे जीवाः इति निरंतरं भावना कर्तव्या ॥२८३।२८४।२८५॥ अथाहारविषये सरसविरसमानापमानादिचितारूपरागद्वेषकरणाभावादाहारग्रहणकृतो ज्ञानिनां बधो नास्ति, इति कथयति;—

आधाकम्मादीया पुग्गलदव्वस्स जे इमे दोसा।
कहमणुमण्णदि अण्णेण कीरमाणा परस्स गुणा ॥
आधाकम्मं उद्देसियं च पोग्गलमयं इमं दव्वं।
कह तं मम कारविदं जं णिच्चमचेदणं वुत्तं ॥

अधःकर्माद्याः पुद्गलद्रव्यस्य ये इमे दोषाः। कथमनुमन्यते अन्येन क्रियमाणाः परस्य गुणाः। स्वयं पाकेनो-

---

टीका—जैसे अधःकर्म से और उद्देश से उत्पन्न (आहार आदिक) पुद्गल द्रव्य हैं। वे भावों को निमित्तभूत हैं। जैसा भक्षण करे वैसा भाव होता है। ऐसे द्रव्य को अप्रत्याख्यानरूप करता (त्याग न करता) जो मुनि वह उस द्रव्य के नैमित्तिकभूत और बंध के साधक ऐसे भावों को भी त्याग नहीं करता, उसी प्रकार जो समस्त पर द्रव्य को त्याग नहीं करता है वह उसके निमित्त से हुए भावों को भी त्याग नहीं करता। जैसे अधःकर्म आदिक पुद्गल द्रव्यों के दोषों को आत्मा नहीं करता, क्योंकि ये दोष पुद्गल द्रव्य के परिणाम हैं। ऐसा होने पर आत्मा के इनके कार्यत्व का अभाव है। इस कारण ज्ञानी ऐसा जानता है कि जो अधःकर्म उद्देशिक पुद्गल द्रव्य हैं वे मेरे कार्य नहीं हैं; क्योंकि ये नित्य ही अचेतन होने से मेरे कार्यत्व का इनके अभाव हैं। ऐसे तत्त्व ज्ञानपूर्वक निमित्तभूत पुद्गल द्रव्य को त्यागता हुआ मुनि बंध के साधक नैमित्तिकभूत भाव को भी त्यागता है; उसी तरह समस्त पर द्रव्य को त्याग करता हुआ उस परद्रव्य के निमित्त से हुए भावों को भी त्यागता है। इस प्रकार द्रव्य और भाव इन दोनों का आपस में निमित्तनैमित्तिक भाव है।

---

१. या मुंचदि तेण कम्मबंधेण पाठोयं तात्पर्यवृत्तौ।

इत्यालोच्य विवेच्य तत्किल परद्रव्यं समग्रं बलात्तन्मूलां बहुभावसंततिमिमामुद्धर्तुकामः समं ।
आत्मानं समुपैति निर्भरवहत्पूर्णैकसंविद्युतं येनोन्मूलितबंध एष भगवानात्मात्मनि स्फूर्जति ॥१७८॥

त्पन्न आहार अधःकर्मशब्देनोच्यते तत्प्रभृतिव्याख्यानं करोति—अधःकर्माद्या ये इमे दोषाः, कथंभूताः ? शुद्धात्मनः सकाशात्परस्याभिन्नस्याहाररूपपुद्गलद्रव्यस्य गुणाः । पुनरपि कथंभूताः ? तस्यैवाहारपुद्गलस्य पचनपाचनादिक्रियारूपाः तान्निश्चयेन कथं करोतीति ज्ञानीति प्रथमगाथार्थः। अनुमोदयति वा कथमिति द्वितीयगाथार्थः । परेण गृहस्थेन क्रियमाणान्, न कथमपि । कस्मात् निर्विकल्पसमाधौ सति आहारविषये मनोवचनकायकृतकारितानुमननाभावात् इत्याधःकर्मव्याख्यानरूपेण गाथाद्वयं गतं ॥२८६॥ आहारग्रहणात्पूर्वं तस्य पात्रस्य निमित्तं यत्किमप्यशनपानादिकं कृतं तदौपदेशिकं भण्यते, तेनौपदेशिकेन सह तदेवाध.कर्म पुनरपि गाथाद्वयेन कथ्यते—अधःकर्मौपदेशिकं च पुद्गलमयमेतद्द्रव्यं । कथं तन्मम कारितं यन्नित्यमचेतनमुक्तं । यदिदमाहारकपुद्गलद्रव्यमधःकर्मरूपमौपदेशिकं च चेतनशुद्धात्मद्रव्यपृथक्त्वेन नित्यमेवाचेतनं भणितं तत्कथं मया कृतं भवति कारितं वा कथं भवति ? न कथमपि । कस्माद्धेतोः ? निश्चयरत्नत्रयलक्षणभेदज्ञाने सति आहारविषये मनोवचनकायकृतकारितानुमननाभावात् । इत्यौपदेशिकव्याख्यानमुख्यत्वेन च गाथाद्वयं गतं । अयमत्राभिप्रायः । पश्चात्पूर्वं संप्रतिकाले वा योग्याहारादिविषये मनोवचनकायकृतकारितानुमतरूपैर्नवभिर्विकल्पैः शुद्धास्तेषां परकृताहारादिविषये बंधो नास्ति । यदि पुनः परकीयपरिणामेन बंधो भवति तर्हि क्वापि काले निर्वाणं नास्ति । तथा

भावार्थ—यह द्रव्य और भावका निमित्तनैमित्तिकपना उदाहरण से पुष्ट किया है । लौकिक जन कहते हैं कि "जैसा अन्न खाय वैसी ही बुद्धि हो जाती है" उसी तरह शास्त्र में उदाहरण है—कि, जो पाप कर्म से आहार उत्पन्न हो उसे **अधःकर्म** निरपन्न कहते है । जो आहार किसी के निमित्त से बना हुआ हो उसे **उद्देशिक** कहते हैं । इन दोनों प्रकार के आहार का जो पुरुष सेवन करे उसके वैसे ही भाव होते हैं इस तरह द्रव्य और भाव का निमित्तनैमित्तिक संबध है, उसी तरह समस्त द्रव्यों का निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध जानना । ऐसा होने पर जो परद्रव्य को ग्रहण करता है, उसके रागादिभाव भी होते हैं उनका कर्ता भी होता है तब कर्म का बंध भी करता है । और जव ज्ञानी हो जाता है तब किसी के ग्रहण करने का राग नहीं, रागादिरूप परिणमन भी नही, तब आगामी कर्मबंध भी नहीं होता । इस तरह ज्ञानी परद्रव्य का कर्ता नहीं है ॥१८६।१८७॥

अब इस अर्थ का कलशरूप काव्य कह कर परद्रव्य के त्याग का उपदेश करते हैं—**इत्यालोच्य** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष इस तरह परद्रव्य का और अपने भाव का निमित्तनैमित्तिकपना विचार कर उस समस्त परद्रव्य को अपने पराक्रम से त्याग कर तथा परद्रव्य जिसका मूल है ऐसे बहुत भावों की परिपाटी को दूर से युगपत् उखाड़ फेंकने का इच्छुक अतिशय से बहने वाला प्रवाहरूप धारावाही पूर्ण एक संवेदनयुक्त जो अपना आत्मा उसे प्राप्त होता है । जिससे कि जिसने कर्मबंधन मूल से उखाड़ दिये हैं, ऐसा भगवान् यह आत्मा आप में ही स्फुरायमान (प्रकट) होता है ।

भावार्थ—परद्रव्य और अपने भाव का निमित्तनैमित्तिकभाव जान कर समस्त परद्रव्य का त्याग करे तब समस्त रागादिभावों की संतती कट जाती है, उस समय आत्मा अपना ही अनुभव करता हुआ कर्म के बंधन को काट कर आप में ही प्रकाशरूप प्रकट होता है । हितेच्छु ऐसा ही करें ॥१७८॥

रागादीनामुदयमदयं दारयत्कारणानां कार्यं बंधं विविधमधुना सद्य एव प्रणुद्य ।
ज्ञानज्योतिः क्षपिततिमिरं साधु सन्नद्धमेतत्तद्वद्यद्वत्प्रसरमपरः कोऽपि नास्यावृणोति ॥१७९॥

इति बंधो निष्क्रांतः ।

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ बंध—

प्ररूपकः सप्तमोऽङ्कः ॥ ७ ॥

थोक्तं । णवकोडिकम्मसुद्धो पच्छा पुरदो य संपदियकाले । परसुहदुक्खणिमित्तं वज्झदि जदि णत्थि णिव्वाणं ॥ एवं ज्ञानिनामाहारग्रहणकृतो बंधो नास्तीति व्याख्यानमुख्यत्वेन सूत्रचतुष्टयेन षष्ठस्थलं गतं ॥ २८७ ॥

इति **श्रीजयसेनाचार्य**कृतायां समयसारव्याख्यायां शुद्धात्मानुभूतिलक्षणायां **तात्पर्यवृत्तौ** पूर्वोक्तक्रमेण **जह णाम कोवि पुरिसो** इत्यादि मिथ्यादृष्टिसद्दृष्टिव्याख्यानरूपेण गाथादशकं, निश्चयहिंसाकथनरूपेण गाथासप्तकं, निश्चयेन रागादिविकल्प एव हिंसेति कथनरूपेण सूत्रषट्कं, अव्रतव्रतानि पापपुण्यबंधकारणानीत्यादिकथनेन गाथापंचदश, निश्चयनयेन स्थित्वा व्यवहारस्त्याज्य इति मुख्यत्वेन गाथाषट्कं, पिंडशुद्धिमुख्यत्वेन सूत्रचतुष्टयं। निश्चयनयेन रागादयः कर्मोदयजनिता इति कथनमुख्यत्वेन सूत्रपचकं, निश्चयनयेनाप्रतिक्रमणमप्रत्याख्यानं च बंधकारणमिति प्रतिपादनरूपेण गाथात्रयमित्येवं समुदायेन षट्पंचाशद्गाथाभिरष्टभिरंतराधिकारैः अष्टमो **बंधाधिकारः** समाप्तः ॥ ७ ॥

अब बंध का अधिकार पूर्ण किया । उसके अंत मंगलरूप ज्ञान की महिमा का कलश कहते हैं—**रागादि** इत्यादि । **अर्थ**—बंध के कारणरूप रागादि के उदय को निर्दयतापूर्वक (प्रखर पुरुषार्थ से) विदारण करती हुई, उस रागादि के कार्यरूप (ज्ञानावरणादि) अनेक प्रकार के बंध को अब तत्काल ही दूर करके, यह ज्ञान ज्योति, कि जिसने अज्ञानरूपी अंधकार का नाश किया है—भली भांति ऐसी सज्जित है, कि उसके विस्तार को अन्य कोई आवृत नहीं कर सकता ।

भावार्थ—जब ज्ञान प्रकट होता है तब रागादिक नहीं रहते, उनका कार्य बंध भी नहीं रहता तब फिर इसको आवरण करने वाला कोई नहीं रहता, सदाकाल प्रकाश रूप ही रहती है ॥२८६।२८८॥

इस तरह रंग भूमि में बंध के स्वांगने प्रवेश किया था सो जब ज्ञान ज्योति प्रकट हुई तब बंध स्वांग को दूर कर निकल गया । यहां तक गाथा २८७ और कलश १७९ हुए ।

सवैया तेईसा—जो नर कोय परै रजमांहि सच्चिक्कण अंग लगै वह गाढै,
त्यों मतिहीन जु रागविरोध लिये विचरे तब बंधन वाढै ।
पाय समै उपदेश यथारथ रागविरोध तजै निज चाटै ।
नांहि बंधै तब कर्मसमूह जु आप गहै पर भावनि काटै ॥ १ ॥

इस प्रकार श्री पं० जयचंद्र कृत समयसार नामा ग्रंथ की आत्मिख्यातिनामक टोका की भाषावचनिका में बंध नामा सातवां अधिकार पूर्ण हुआ ॥ ७ ॥

अथ मोक्षाधिकारः ॥ ८ ॥

अथ प्रविशति मोक्षः ।

द्विधाकृत्य प्रज्ञाक्रकचदलनाद्बंधपुरुषौ नयन्मोक्षं साक्षात्पुरुषमुपलंभैकनियतं ।
इदानीमुन्मज्जत् सहजपरमानंदसरसं परं पूर्णं ज्ञानं कृतसकलकृत्यं विजयते ॥१८०॥

जह णाम कोवि पुरिसो बंधणयह्मि चिरकालपडिबद्धो ।
तिव्वं मंदसहावं कालं च वियाणए तस्स ॥२८८॥
जइ णवि कुणइ च्छेदं ण मुच्चए तेण बंधणवसो सं ।
कालेण उ बहुएणवि ण सो णरो पावइ विमोक्खं ॥२८९॥

तत्रैवं सति पात्रस्थानीयशुद्धात्मनः सकाशात्पृथग्भूत्वा शृङ्गारस्थानीयबंधो निष्क्रांतः । **अथ प्रविशति मोक्षः—जह णाम कोवि पुरिसो** इत्यादि गाथामादिं कृत्वा यथाक्रमेण द्वाविंशतिगाथापर्यंतं मोक्षपदार्थव्याख्यानं करोति—

अथ मोक्षाधिकार ।

दोहा—"कर्मबंध सब काटिके, पहुँचे मोक्ष सुथान ।
नमूं सिद्ध परमातमा, करूं ध्यान अमलान ॥"

जिस प्रकार नृत्य के अखाडे में स्वांग प्रवेश करता है उसी प्रकार अब मोक्ष तत्त्व प्रवेश करता है । वहां ज्ञान सब स्वांग के जानने वाला है इसलिये मोक्ष अधिकार के आदि में सम्यग्ज्ञान की महिमारूप मंगल करते हैं—**द्विधाकृत्य** इत्यादि । **अर्थ**—अब बंध पदार्थ के पश्चात् पूर्ण ज्ञान प्रज्ञारूप करोंत से बंध और पुरुष को पृथक् करके पुरुष को साक्षात् मोक्ष में प्राप्त कराता हुआ जयवंत प्रवर्त रहा है । वह पुरुष अपने स्वरूप के साक्षात् अनुभव से निश्चित है । ज्ञान अपने स्वाभाविक परम आनन्द से सरस (रस भरा) है, उत्कृष्ट है और जिसने करने योग्य समस्त कार्य कर लिये हैं अब कुछ करना नहीं रहा ।

भावार्थ—ज्ञान बंध और पुरुष को पृथक् कर के पुरुष को मोक्ष प्राप्त कराता हुआ अपना संपूर्ण स्वरूप प्रगट करके जयवंत प्रवर्त रहा है इसका सर्वोत्कृष्टपना कहना यही मंगल वचन है ॥१८०॥

आगे कहते हैं कि मोक्ष की प्राप्ति कैसे होती है ? उस जगह प्रथम तो ऐसा कहते हैं, कि जो बंध का छेद नहीं करते और बंध का स्वरूप ही जानकर संतुष्ट हैं वे मोक्ष नहीं पाते;—**[नाम]** अहो देखो **[यथा]** जैसे **[कश्चित् पुरुषः]** कोई पुरुष **[बंधनके]** बंधन में **[चिरकालप्रतिबद्धः]** बहुत काल का बंधा हुआ **[तस्य]** उस बंधन के **[तीव्रमंदस्वभावं]** तीव्र मंद स्वभाव को **[च]** और **[कालं]** काल को **[विजानाति]** जानता है कि इतने काल का बंध है । **[यदि]** जो उस बंधन को आप **[नापि छेदं**

इय कम्मबंधणाणं पएसठिइपयडिमेवमणुभागं ।
जाणंतोवि ण मुच्चइ मुच्चइ सो चेव जइ सुद्धो॥२९०॥(त्रिकलम्)

यथा नाम कश्चित्पुरुषो बंधनके चिरकालप्रतिबद्धः ।
तीव्रमंदस्वभावं कालं च विजानाति तस्य ॥२८८॥
यदि नापि करोति छेदं न मुच्यते तेन बंधनवशः सन् ।
कालेन तु बहुकेनापि न स नरः प्राप्नोति विमोक्षं ॥२८९॥
इति कर्मबंधनानां प्रदेशस्थितिप्रकृतिमेवमनुभागं ।
जानन्नपि न मुच्यते मुच्यते स चैव यदि शुद्धः ॥२९०॥

तत्रादौ मोक्षपदार्थस्य सक्षेपव्याख्यानरूपेण गाथासप्तकं, तदनतर मोक्षकारणभूतभेदविज्ञानसक्षेपसूचनार्थ **बंधाणं च सहावं** इत्यादि सूत्रचतुष्टयं, अत. पर तस्यैव भेदज्ञानस्य विशेषविवरणार्थं **पएणाए घेत्तव्वो** इत्यादि सूत्रपंचकं, तदनंतरं वीतरागचारित्रसहितस्य द्रव्यप्रतिक्रमणादिकं विषकुभ. सरागचारित्रस्यामृतकुभ इति युक्तिसूचनमुख्यत्वेन **तेयादी अवराहे** इत्यादि सूत्रषट्कं कथयतीति द्वाविंशतिगाथाभि. स्थलचतुष्टये मोक्षाधिकारे समुदायपातनिका । तद्यथा-विशिष्टभेदज्ञानावष्टंभेन बधात्मनो. पृथक्करणं मोक्ष इति प्रतिपादयति,—**जह णाम** इत्यादि । यथा कश्चित्पुरुष: बंधनके चिरकालबद्धस्तिष्ठति तस्य बधस्य तीव्रमंदस्वभावं जानाति दिवसमासादिकालं च विजानाति इति प्रथमगाथा गता । जानन्नपि यदि बधच्छेदं न करोति तदा न मुच्यते तेन कर्मबधविशेषेणामुच्यमान. सन् पुरुषो बहुतरकालेऽपि मोक्षं न लभते इति गाथाद्वयेन दृष्टांतो गत । अथ **इय कम्मबंधणाणं पदेसपयडिट्ठिदीय अणुभागं जाणंतोवि ण मुंचदि** एव ज्ञानावरणादिमूलोत्तरप्रकृतिभदभिन्नकर्मबंधनाना प्रदेश प्रकृतिस्थिती, अनुभाग च जानन्नपि कर्मणा न मुच्यते । **मुंचदि सव्वे जदि विसुद्धो** यदा मिथ्यात्वरागादिरहितो भवति तदाऽनंतज्ञानादिगुणात्मकपरमात्मस्वरूपे स्थितः सर्वान्कर्मबधान् मुचति । अथवा पाठातर **मुंचदि सव्वे जदि स बंधे** मुच्यते कर्मणा यदि कि, सिस्यति छिनत्ति । कान् ? सर्वबंधान् । अनेन व्याख्यानेन ये प्रकृत्यादिबधपरिज्ञानमात्रेण सतुष्टास्ते प्रतिबोध्यते । कथं ? इति चेत्, बंधपरिज्ञानमात्रेण स्वरूपोपलब्धिरूपवीतरागचारित्ररहिताना स्वर्गादिसुखनिमित्तभूत. पुण्यबंधो भवति न च मोक्ष इति दार्ष्टांतगाथा गता । एतेन व्याख्यानेन कर्मबंधप्रपचरचनाविषये चितामात्रपरिज्ञानेन सतुष्टा निराक्रियते ॥२८८।२८९॥

करोति] नहीं काटता है **[तेन बंधनवशः सन्]** तो उस बधन के वश हुआ ही रहता है उससे छूटता नही है ऐसा **[स नरः]** वह पुरुष **[बहुकेनापि]** बहुत **[कालेन अपि]** काल में भी **[विमोक्षं न प्राप्नोति]** उस बंध से छूटने रूप मोक्ष को प्राप्त नही करता **[इति]** उसी प्रकार जो पुरुष **[कर्मबंधनानां]** कर्म के बंधनों के **[प्रदेशस्थितिप्रकृति अनुभागं]** प्रदेश स्थिति प्रकृति और अनुभाग ये भेद हैं **[एवं जानन्नपि]** ऐसा जानता है तो भी वह **[न मुच्यते]** कर्म से नहीं छूटता **[यदि शुद्धः]** जो स्वयं रागादिक को दूर करके शुद्ध हो **[स एव च]** वही **[मुच्यते]** मोक्ष पाता है ।

आत्मबंधयोर्द्विधाकरणं मोक्षः। बंधस्वरूपज्ञानमात्रं तद्धेतुरित्येके तदसत्, न कर्मबद्धस्य बंधस्वरूपज्ञानमात्रं मोक्षहेतुरहेतुत्वात् निगडादिबद्धस्य बंधस्वरूपज्ञानमात्रवत्। एतेन कर्मबंधप्रपंचरचनापरिज्ञानमात्रसंतुष्टा उत्थाप्यंते ॥२८८।२८९।२९०॥

जह बंधे चिंतंतो बंधणबद्धो ण पावइ विमोक्खं।
तह बंधे चिंतंतो जीवोवि ण पावइ विमोक्खं ॥२९१॥

यथा बंधान् चिंतयन् बंधनबद्धो न प्राप्नोति विमोक्षं।
तथा बंधांश्चिंतयन् जीवोऽपि न प्राप्नोति विमोक्षं ॥२९१॥

२९०॥ **जह बंधे चिंतंतो बंधणबद्धो ण पावदि विमोक्खं** यथा कश्चित्पुरुषो बंधनबद्धो बधं चिंतयमानो मोक्षं न लभते **तह बंधं चिंतंतो जीवोवि ण पावदि विमोक्खं** तथा जीवोऽपि प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबंधांश्चिंतयमानः स्वशुद्धात्मावाप्तिलक्षणं मोक्षं न लभते। किं च समस्तशुभाशुभबहिर्द्रव्यालंबनरहितचिदानंदैकशुद्धात्मावलंबनस्वरूपवीतरागधर्मध्यानशुक्लध्यानरहितो जीवः, बंधप्रपंचरचनाचितारूपसरागधर्मध्यानशुभोपयोगेन स्वर्गादिसुखकारणपुण्यबंध लभते न च मोक्षमिति भावार्थः ॥२९१॥ अथ कस्तर्हि मोक्षहेतुरिति प्रश्ने प्रत्युत्तरं ददाति;—**जह बंधे मुत्तूण य बंधणबद्धो य पावदि विमोक्खं तह बंधे मुत्तूण य जीवो संपावदि विमोक्खं** यथा बंधनबद्धः कश्चित्पुरुषो रज्जुबंधं शृंखलाबंधं काष्ठनिगलबंधं वा कमपि बंधं छित्वा कमपि भित्वा कमपि मुक्त्वा स्वकीयविज्ञानपौरुषबलेन मोक्षं प्राप्नोति। तथा जीवोऽपि वीतरागनिर्विकल्पस्वसंवेदनज्ञानयुद्धेन बंधं छित्वा द्विधा कृत्वा, भित्वा विदार्य,

---

टीका—आत्मा और बंध का पृथक् करना मोक्ष है। वहां कोई ऐसा कहते हैं कि बंध का स्वरूप जानना ही मोक्ष का कारण है। ऐसा कहना असत्य है, कर्म से बंध पुरुष के बंध के स्वरूप का ज्ञानमात्र ही मोक्ष का कारण नहीं है, क्योंकि यह जानना ही कर्म से छूटने का हेतु नहीं है। जिस प्रकार बेड़ी आदि से बंधे हुए पुरुष के बेड़ी आदि बंधन के स्वरूप का जानना ही बेड़ी आदि कटने का कारण नहीं होता उसी तरह कर्म के बंध का स्वरूप जानने मात्र से ही कर्मबंध से नहीं छूटता। इस कथन से कर्म के बंधके विस्तार की रचना के (अनेक प्रकार होने के) जानने मात्र से ही जो कोई अन्यमती आदि मोक्ष मानते हैं वे उसके ज्ञानमात्र में ही संतुष्ट हैं उनका खंडन किया है।

भावार्थ—जो अन्यमती ऐसा मानते हैं कि बंधका स्वरूप जानने से मोक्ष है उनके कहने का इस कथन से निराकरण जानना। जानने मात्र से ही बंध नहीं कटता, बंध तो काटने से ही कटता है ॥२८८।२८९।२९०॥

आगे कहते हैं कि बंधकी चिंता करने से भी बंध नहीं कटता;—**[यथा]** जैसे कोई **[बंधनबद्धः]** बंधन से बंधा हुआ पुरुष **[बंधान् चिंतयन्]** उन बंधों को विचारता हुआ **[विमोक्षं]** मोक्ष को **[न प्राप्नोति]** नहीं पाता **[तथा]** उसी तरह **[बंधान् चिंतयन्]** कर्मबंध की चिंता करता हुआ **[जीवोऽपि]** जीव भी **[विमोक्षं]** मोक्ष को **[न प्राप्नोति]** नहीं पाता।

बंधचिंताप्रबंधो मोक्षहेतुरित्यन्ये तदप्यसत्, न कर्मबद्धस्य बंधचिंताप्रबंधो मोक्षहेतुरहेतुत्वात् निगडादिबद्धस्य बंधचिंताप्रबंधवत् । एतेन कर्मबंधविषयचिंताप्रबंधात्मकविशुद्धधर्मध्यानांधबुद्धयो बोध्यंते ॥२६१॥

कस्तर्हि मोक्षहेतुः ? इति चेत्—

जह बंधे छित्तूण य बंधणबद्धो उ पावइ विमोक्खं ।
तह बंधे छित्तूण य जीवो संपावइ विमोक्खं ॥२९२॥

यथा बंधांश्छित्वा च बंधनबद्धस्तु प्राप्नोति विमोक्षं ।
तथा बंधांश्छित्वा च जीवः संप्राप्नोति विमोक्षं ॥ २९२ ॥

कर्मबद्धस्य[1] बंधच्छेदो मोक्षहेतुः, हेतुत्वात् निगडादिबद्धस्य बंधच्छेदवत् । एतेन उभयेऽपि पूर्वे आत्मबंधयोर्द्विधाकरणे व्यापार्यंते ॥ २९२ ॥

मुक्त्वा छोटयित्वा च निजशुद्धात्मोपलंभस्वरूपं मोक्षं प्राप्नोतीति । अत्राह शिष्यः—प्राभृतग्रंथे यन्निर्विकल्पस्वसंवेदनज्ञानं भण्यते तन्न घटते । कस्मात् ? इति चेत् तदुच्यते--सत्तावलोकनरूपं चक्षुरादिदर्शनं यथा जैनमते निर्विकल्पं कथ्यते तथा

टीका—कोई अन्यमती ऐसा मानते हैं कि बंध की चिंता का प्रबंध मोक्ष का कारण है, यह मानना भी असत्य है । कर्मबंधन से बंधे हुए पुरुष के उस बंध की चिंता का प्रबंध कि यह बंध कैसे छूटेगा वह भी बंध के अभावरूप मोक्ष का कारण नहीं है; क्योंकि यह चिंता का प्रबंध बंध से छूटने का हेतु नहीं है । जैसे बेड़ी (सांकल) से बंधा हुआ पुरुष उस बंधकी चिंता ही करे, छूटने का उपाय न करे तो वह उस बेड़ी आदि के बंधन से नहीं छूटता, उसी प्रकार कर्मबंध की चिंता के प्रबंध से मोक्ष नहीं है । इस कथन से कर्मबंध में चिंताप्रबंधस्वरूप विशुद्ध धर्मध्यान से जिनकी बुद्धि अंधी है उनको समझाया है ।

भावार्थ—कर्मबंध की चिन्ता में मोक्ष नहीं होता । धर्मध्यान रूप शुभपरिणाम है । जो केवल शुभपरिणाम से ही मोक्ष मानते हैं, उनको उपदेश है कि शुभपरिणाम से मोक्ष नहीं होता ॥२९१॥

आगे पूछते हैं कि यदि बंध के स्वरूप के ज्ञान से भी मोक्ष नहीं होता और उसका सोच करने से भी मोक्ष नहीं होता तो मोक्ष का कारण क्या है ? ऐसा पूछने पर मोक्ष होने का उपाय कहते हैं;—

[यथा च] जैसे [बंधनबद्धः] बंधन से बंधा पुरुष [बंधान् छित्वा तु] बंधको छेदकर [विमोक्षं] मोक्षको [प्राप्नोति] प्राप्त करता है [तथा च] उसी तरह [बंधान् छित्वा] कर्म के बंधन को छेदकर [जीवः] जीव [विमोक्षं प्राप्नोति] मोक्ष को प्राप्त करता है ।

टीका—कर्म के बंधन को छेदन करना मोक्ष का कारण है, जिस प्रकार बेड़ी सांकल आदि से बंधे हुए पुरुष के सांकल का बंध काटना ही छूटने का कारण है उसी प्रकार इस कथन से पहले कहे गये जो दो प्रकार के पुरुष 'एक तो बंध का स्वरूप जानने वाला और एक बंध की चिंता करने वाला' उन दोनों को आत्मा और बंध के पृथक् पृथक् करने में प्रेरणा कराई गई है ॥ २९२ ॥

१. 'बंधस्य' इति पाठो हस्तलिखितप्रतिष्वपि प्रतिषु ।

किमयमेव मोक्षहेतुः ? इतिचेत्—

बंधाणं च सहावं वियाणिओ अप्पणो सहावं च ।
बंधेसु जो विरज्जदि सो कम्मविमोक्खणं कुणई ॥ २९३ ॥

बंधानां च स्वभावं विज्ञायात्मनः स्वभावं च ।
बंधेषु यो विरज्यते स कर्मविमोक्षणं करोति ॥ २९३ ॥

य एव निर्विकारचैतन्यचमत्कारमात्रमात्मस्वभावं तद्विकारकारकं बंधानां च स्वभावं विज्ञाय बंधेभ्यो विरमति स एव सकलकर्ममोक्षं कुर्यात् । एतेनात्मबंधयोर्द्विधाकरणस्य मोक्षहेतुत्वं नियम्यते ॥ २९३ ॥

केनात्मबंधौ द्विधा क्रियेते ? इतिचेत्—

जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं ।
पण्णाछेदणएण उ छिण्णा णाणत्तमावण्णा ॥ २९४ ॥

जीवो बंधश्च तथा छिद्येते स्वलक्षणाभ्यां नियताभ्यां ।
प्रज्ञाछेदकेन तु छिन्नौ नानात्वमापन्नौ ॥ २९४ ॥

बौद्धमते ज्ञानं निर्विकल्पं भण्यते परंतु तन्निर्विकल्पमपि विकल्पजनकं भवति । जैनमते तु विकल्पस्योत्पादकं भवत्येवं न किंतु स्वरूपेणैव सविकल्पमिति तथैव स्वपरप्रकाशकं चेति । तत्र परिहारः—कथंचित्सविकल्पमपि च कथंचिन्निर्विकल्पं

कर्म बंधन का ही छेदना मोक्ष का कारण कहा गया, क्या यही मोक्ष का कारण है ? ऐसा पूछने पर उत्तर कहते हैं;—[बंधानां च स्वभावं] बंधों का स्वभाव [च] और [आत्मनः स्वभावं] आत्मा का स्वभाव [विज्ञाय] जानकर [यः] जो पुरुष [बंधेषु] बंधों से [विरज्यते] विरक्त होता है [सः] वह पुरुष [कर्मविमोक्षणं करोति] कर्मों से मुक्त होता है ।

टीका—जो पुरुष निश्चय से निर्विकारचैतन्यचमत्कारमात्र आत्मा का स्वभाव और उस आत्मा के विकार को करने वाले बंधों के स्वभाव इन दोनों के भेदों को जानकर उन बंधों से विरक्त होता है वही पुरुष समस्त कर्मों से मुक्त होता है । इस कथन से आत्मा और बंध के पृथक् पृथक् करने को मोक्ष के कारण का नियम बतलाया है । दोनों का पृथक् पृथक् करना ही मोक्ष का कारण है ऐसा नियम से कहा गया है ॥ २९३ ॥

आगे फिर पूछते हैं कि आत्मा और बंध ये दोनों किस प्रकार पृथक् करने ? ऐसा पूछने पर उत्तर कहते हैं;—[जीवः च बंधः] जीव और बंध ये दोनों [नियताभ्यां] निश्चित [स्वलक्षणाभ्यां] अपने अपने लक्षणों से [प्रज्ञाछेदकेन] बुद्धिरूपी छैनी से [तथा] इस तरह [छिद्येते] छेदने चाहिए [तु] कि जिस तरह [छिन्नौ] छेदे हुए [नानात्वं] नानापन को [आपन्नौ] प्राप्त हो जायं ।

आत्मबंधयोर्द्विधाकरणे कार्ये कर्तुरात्मनः करणमीमांसायां निश्चयतः स्वतो भिन्न-करणासंभवात् भगवती प्रज्ञैव छेदनात्मकं करणं। तया हि तौ छिन्नौ नानात्वमवश्यमापद्येते[1] ततः प्रज्ञयैवात्मबंधयोर्द्विधाकरणं। ननु कथमात्मबंधौ चेत्यचेतकभावेनात्यंतप्रत्यासत्तेरेकीभूतौ भेदविज्ञानाभावादेकचेतकवद्व्यवह्रियमाणौ प्रज्ञया छेत्तुं शक्येते ? नियतस्वलक्षणसूक्ष्मांतःसंधिसावधाननिपातनादिति बुध्येमहि। आत्मनो हि समस्तशेषद्रव्यासाधारणत्वाच्चैतन्यं स्वलक्षणं तत्तु प्रवर्तमानं यद्यदभिव्याप्य प्रवर्तते निवर्तमानं च यद्यदुपादाय निवर्तते तत्तत्समस्तमपि सहप्रवृत्तं क्रमप्रवृत्तं वा पर्यायजातमात्मेति लक्षणीयं तदेकलक्षणलक्ष्यत्वात्, समस्तसहक्रमप्रवृत्तानंतपर्यायाविनाभावित्वाच्चैतन्यस्य चिन्मात्र एवात्मा निश्चेतव्यः, इति यावत्। बंधस्य तु आत्मद्रव्यासाधारणा

च। तद्यथा—यथा विषयानंदरूपं सरागस्वसंवेदनज्ञानं सरागसंवित्तिविकल्परूपेण सविकल्पमपि शेषानीहितसूक्ष्मविकल्पानां सद्भावेऽपि सति तेषां मुख्यत्वं नास्ति तेन कारणेन निर्विकल्पमपि भण्यते। तथापि स्वशुद्धात्मसंवित्तिरूपं वीतरागस्वसंवेदनज्ञानमपि स्वसंविस्याकारैकविकल्पेन सविकल्पमपि बहिर्विषयानीहितसूक्ष्मविकल्पानां सद्भावेऽपि सति तेषां मुख्यत्वं नास्ति तेन कारणेन निर्विकल्पमपि भण्यते। यत एवेहापूर्वस्वसंविस्याकारांतर्मुखप्रतिभासेऽपि बहिर्विषयानीहितसूक्ष्मविकल्पा अपि संति तत एव कारणात् स्वपरप्रकाशकं च सिद्धं इदं निर्विकल्पसविकल्पस्य तथैव स्वपरप्रकाशकस्य च ज्ञानस्य च व्याख्यानं यद्यागमाध्यात्मतर्कशास्त्रानुसारेण विशेषेण व्याख्यायते तदा महान् विस्तारो भवति स चाध्यात्मशास्त्रत्वान्न कृतः। एवं मोक्षपदार्थसंक्षेपसूचनार्थं प्रथमस्थले गाथासप्तकं गतं॥ २९२॥ अथ किमयमेव मोक्षमार्गः ? इति चेत्;—**बंधाणं च सहावं वियाणिदु** भावबंधानां मिथ्यात्वरागादीनां स्वभावं ज्ञात्वा कथं ज्ञात्वा ?। मिथ्यात्वस्वभावो हेयोपादेयतत्त्वविषये विपरीताभिनिवेशो भण्यते रागादीनां च स्वभावः पंचेंद्रियविषयेष्विष्टानिष्टपरिणाम इति। न केवलं बंधस्वभावं ज्ञात्वा **अप्पणो सहावं च** अनंतज्ञानादिस्वरूपं शुद्धात्मनः स्वभावं च ज्ञात्वा **बंधेसु जो ण रज्जदि** द्रव्यबंधहेतुभूतेषु मिथ्यात्वरागादिभावबंधेषु निर्विकल्पसमाधिबलेन यो न रज्यते **सो कम्मविमोक्खणं कुणदि** स कर्मविमोक्षणं करोति ॥२९३॥ अथ केन करणेनात्मबंधौ द्विधा भवतः ? इति चेत्;—**जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं** यथा जीवस्तथा बंधश्चेती द्वौ छिद्येते पृथक् क्रियेते। काभ्यां कृत्वा ? स्वलक्षणरूपाभ्यां निजकाभ्यां **पण्णाछेदणएण दु छिण्णा णाणत्तमावण्णा** प्रज्ञाछेदनैकलक्षणेन भेदज्ञानेन छिन्नौ संतौ नानात्व-

---

टीका—आत्मा और बंध का भिन्न भिन्न करना रूप जो कार्य उसमें करने वाला करता आत्मा है। यदि उसके करण का विचार किया जाय, तो निश्चयनय से आत्मा से पृथक् करण तो असंभव है; इसलिये भगवती प्रज्ञा (ज्ञानस्वरूप बुद्धि) ही छेदनस्वरूप करण है। उस प्रज्ञा से ही वे दोनों—आत्मा और बंध, छेदे हुए नानापने को अवश्य प्राप्त होते हैं, अर्थात् पृथक्-पृथक् हो जाते हैं। इसलिये प्रज्ञा से ही आत्मा और बंध का पृथक्-पृथक् करना है। यहां प्रश्न है कि आत्मा और बंध ये दोनों तो चेत्यचेतक भाव से अत्यंत निकटता के कारण एकसरीखे हो रहे हैं। आत्मा तो चेतक है और बंध चेत्य है सो दोनों एकरूप हुए अनुभव में आते हैं। प्रश्न—भेदविज्ञान के अभाव से एक चेतकरूप ही जो व्यवहार में प्रवर्तते देखे जाते हैं वे प्रज्ञा से कैसे छेदे जा सकते हैं ? आचार्य उसका समाधान करते हैं—हम ऐसा

१—अवश्यमेवापद्येते इति पाठो मुद्रितप्रतिषु।

रागादयः स्वलक्षणं। न च रागादय आत्मद्रव्यसाधारणतां[1] बिभ्राणाः प्रतिभासंते नित्यमेव चैतन्यचमत्कारादतिरिक्तत्वेन प्रतिभासमानत्वात्। न च यावदेव समस्तस्वपर्यायव्यापि चैतन्यं प्रतिभाति तावंत एव रागादयः प्रतिभांति। रागादीनंतरेणापि चैतन्यस्यात्मलाभसंभावनात्। यत्तु रागादीनां चैतन्येन सहैवोत्प्लवनं तच्चेत्यचेतकभावप्रत्यासत्तेरेव नैकद्रव्यत्वात्, चेत्यमानस्तु रागादिरात्मनः प्रदीप्यमानो घटादिः प्रदीपस्य प्रदीपकतामिव चेतकतामेव प्रथयेन्न पुना रागादीनां, एवमपि तयोरत्यंतप्रत्यासत्त्या भेदसंभावनाभावादनादिरस्त्येकत्वव्यामोहः स तु प्रज्ञयैव छिद्यत एव ॥ २९४ ॥

मापन्नौ इति। तथाहि—जीवस्य लक्षणं शुद्धचैतन्यं भण्यते, बंधस्य लक्षणं मिथ्यात्वरागादिकं, ताभ्यां पृथक् कृतौ। केन? करणभूतेन प्रज्ञाछेदनकेन, शुद्धात्मानुभूतिलक्षणभेदज्ञानरूपा प्रज्ञैव छेत्र्येव छुरिका तया एवेत्यर्थः। छिन्नौ संतौ नानात्व-

जानते हैं कि आत्मा और बंध के निश्चित स्वलक्षण की सूक्ष्म जो अंतरंग की संधि है, उसमें इस प्रज्ञा छैनी को सावधान होके पटकने से दोनों आत्मा और बंध पृथक्-पृथक् हो जाते हैं। वहां आत्मा का तो निज-लक्षण निश्चय से समस्त अन्यद्रव्यों से असाधारण–जो अन्य में न पाया जाय ऐसा चैतन्यस्वलक्षण है। यह चैतन्यस्वलक्षण प्रवर्तता हुआ जिस जिस पर्याय को व्याप्त कर प्रवर्तता है तथा निवर्तता हुआ जिस जिस पर्याय को ग्रहण कर निवृत्त होता है वह वह समस्त सहवर्ती और क्रमवर्ती पर्यायों का समूह ही आत्मा है ऐसा देखने योग्य है। यह लक्षण समस्त गुणपर्यायों में व्यापक है, इस कारण सभी गुणपर्यायों का समुदाय आत्मा है। ऐसा इस लक्षण से जानना, क्योंकि आत्मा उसी एक लक्षण से लक्ष्य है। तथा चैतन्य के समस्त सहवर्ती व क्रमवर्ती जो अनंत पर्याय हैं उसी का अविनाभावी संबंध है इसलिये आत्मा चिन्मात्र ही है ऐसा निश्चय करना। इस प्रकार दूसरा व्याख्यान है। और बंध का स्वलक्षण आत्मद्रव्य से असाधारण रागादिक है, क्योंकि ये रागादिक आत्मद्रव्य से साधारणपन को धारण करते हुए प्रतिभासित नहीं होते वे सदा ही चैतन्य चमत्कार से भिन्न प्रतिभासित होते हैं। जितना अपने समस्त पर्यायों में व्यापने स्वरूप चैतन्य प्रतिभासित होता है, उतने रागादिक प्रतिभासित नहीं होते। रागादिक के विना भी चैतन्य का आत्मलाभ (स्वरूप पाना) की संभावना है। जो रागादिक का चैतन्य के साथ ही उत्पन्न होना दीखता है वह इस ज्ञेयज्ञायक भाव के प्रति निकट होने से दीखता है, एक द्रव्यपने से नहीं है। वहां ज्ञेयरूप ज्ञान में आते हुए जो रागादिक हैं, वे आत्मा के ज्ञायकपने को ही विस्तारते हैं, रागादिकपने को नहीं विस्तारते, जैसे दीपक के घटादिक प्रकाशने योग्य होते प्रदीपकपने को ही विस्तारते हैं, घटादिकपन को नहीं विस्तारते, उस तरह जानना। ऐसा होने पर भी आत्मा और बंध दोनों के अत्यंत निकटपने से भेद की संभावना का अभाव है अर्थात् भेद नहीं दीखता। इसलिये इस अज्ञानी के अनादिकाल से एकत्व का भ्रम है। ऐसा भ्रम प्रज्ञा से ही छेदा जाता है।

भावार्थ—आत्मा और बंध दोनों को लक्षणभेद से पहचान कर बुद्धिरूपी छैनी से छेद पृथक्-पृथक् करना, क्योंकि आत्मा तो अमूर्तीक है और बंध सूक्ष्म पुद्गलपरमाणुओं का स्कंध है इसलिये ये

१. 'असाधारणतां' केषुचित् प्रतिषु पाठः।

प्रज्ञा छेत्री शितेयं कथमपि निपुणैः पातिता सावधानैः
सूक्ष्मेऽन्तःसंधिबंधे निपतति रभसादात्मकर्मोभयस्य ।
आत्मानं मग्नमंतःस्थिरविशदलसद्धाम्नि चैतन्यपूरे
बंधं चाज्ञानभावे नियमितमभितः कुर्वती भिन्नभिन्नौ ॥१८१॥

मापन्नौ ॥२९४॥ आत्मबंधयोर्द्विधाकरणे किं साध्यं ? इति चेत्—**जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं** जीवबंधौ द्वौ पूर्वोक्ताभ्यां स्वलक्षणाभ्यां निजकाभ्यां छिद्येते पूर्ववत् । ततश्छेदानंतरं किं साध्यं ? **बंधो छेदेदव्वो** विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावपरमात्मतत्त्वसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणरूपनिश्चयरत्नत्रयात्मकभेदज्ञानछुरिकया मिथ्यात्वरागादिरूपो बंधश्छेत्तव्यः शुद्धात्मनः सकाशात्पृथक्कर्तव्यः । **सुद्धो अप्पा य घेत्तव्वो** वीतरागसहजपरमानंदलक्षणः सुखसमरसीभावेन शुद्धात्मा च गृहीतव्य इत्यभिप्रायः ॥२९५॥ इदमेवात्मबंधयोर्द्विधाकरणे प्रयोजनं यद्बंध-

---

दोनों पृथक् छद्मस्थ के ज्ञान में नहीं आते । एक स्कंध दीखता है, इसलिये अनादि अज्ञान है । सो श्रीगुरुओं का उपदेश पाकर इन दोनों का लक्षण न्यारा-न्यारा ही अनुभव कर जानना कि, चैतन्यमात्र तो आत्मा का लक्षण है और रागादिक बंध का लक्षण है । ये दोनों भी ज्ञेयज्ञायकभाव की अतिनिकटता से एकसे हो रहे दीखते हैं, सो तीक्ष्णबुद्धिरूपी छैनी इनके भेद (पृथक्-पृथक्) करने का जो शस्त्र है उसको इनकी सूक्ष्म संधि को देख सावधान (निष्प्रमाद) होके पटकना । उसके पड़ते ही दोनों अलग-अलग दीखने लगते हैं । तब आत्मा को ज्ञानभाव में ही रखना और बंध को अज्ञानभाव में रखना । इस तरह दोनों को भिन्न करना ॥२९४॥

अब इस अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं—**प्रज्ञा** इत्यादि । **अर्थ**—आत्मा और बंध के पृथक् करने को यह प्रज्ञा तीक्ष्ण छैनी है । जो चतुरपुरुष हैं वे सावधान (प्रमादरहित) हुए, आत्मा और कर्म इन दोनों का सूक्ष्म मध्य का संधी का बंधन उसमें किसी प्रकार यत्न से उस छैनी को ऐसा पटकते हैं कि वहां पड़ी हुई यह छैनी शीघ्र ही सब तरह से भिन्न कर देती है । वह आत्मा को तो अंतरंग में स्थिर और स्पष्ट प्रकाशरूप देदीप्यमान तेज वाले चैतन्य के प्रवाह में मग्न करती है तथा बंध को अज्ञानभाव में नियम से निश्चल कर देती है । अर्थात् आत्मा और बंध को भिन्न कर देती है ।

भावार्थ—यहां पर आत्मा और बंध का भिन्न-भिन्न करना रूप कार्य है उसका कर्ता आत्मा है । उसमें भी करण के विना कर्ता किससे कार्य करे ? इसलिये करण भी चाहिये । निश्चयनय से तो कर्ता से पृथक् करण होता नहीं है । इसलिये आत्मा से अभिन्न यह बुद्धि ही इस कार्य में करण है । आत्मा के अनादि बंध ज्ञानावरणादि कर्म हैं उनका कार्य भावबंध तो रागादिक हैं और नोकर्म शरीरादिक हैं । सो बुद्धिकर आत्मा को शरीर से, ज्ञानावरणादिक द्रव्यकर्म से तथा रागादिक भावकर्म से भिन्न एक चैतन्य भावमात्र अनुभव से ज्ञान में ही लीन रखना, भिन्न करना है । इसी से सब कर्मों का नाश हो जाने से सिद्धपद को प्राप्त हो जाता है ऐसा जानना ॥१८१॥

आत्मबंधौ द्विधा कृत्वा किं कर्तव्यं ? इति चेत्—

जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं ।
बंधो छेएदव्वो सुद्धो अप्पा य घेत्तव्वो ॥२९५॥

जीवो बंधश्च तथा छिद्येते स्वलक्षणाभ्यां नियताभ्यां ।
बंधश्छेत्तव्यः शुद्ध आत्मा च गृहीतव्यः ॥२९५॥

आत्मबंधौ हि तावन्नियतस्वलक्षणविज्ञानेन सर्वथैव छेत्तव्यौ, ततो रागादिलक्षणः समस्त एव बंधो निर्मोक्तव्यः, उपयोगलक्षणः शुद्ध आत्मैव गृहीतव्यः ॥२९५॥

एतदेव किलात्मबंधयोर्द्विधाकरणस्य प्रयोजनं यद्बंधत्यागेन शुद्धात्मोपादानं—

कह सो घिप्पइ अप्पा पराणाए सो उ घिप्पए अप्पा ।
जह पराणाइ विहत्तो तह पराणाएव घित्तव्वो ॥२९६॥

कथं स गृह्यते आत्मा प्रज्ञया स तु गृह्यते आत्मा ।
यथा प्रज्ञया विभक्तस्तथा प्रज्ञयैव गृहीतव्यः ॥२९६॥

परिहारेण शुद्धात्मोपादानमित्युपदिशति;—कह सो घिप्पदि अप्पा कथं स गृह्यते आत्मा 'दृष्टिविषयो न भवत्यमूर्तत्वात्', इति प्रश्नः ? पण्णाए सो दु घिप्पदे अप्पा प्रज्ञया भेदज्ञानेन गृह्यते, इत्युत्तरं । कथं ? इति चेत्

आगे फिर पूछते हैं कि आत्मा और बंध को द्विधा करके क्या करना ? ऐसा पूछने पर उत्तर कहते हैं;—[जीवः] जीव [च] और [बंधः] बंध इन दोनों को [नियताभ्यां] निश्चित [स्वलक्षणाभ्यां] अपने-अपने लक्षणों से [तथा] इस तरह [छिद्येते] भिन्न करना कि [बंधः छेत्तव्यः] बंध तो छिदकर भिन्न हो जाय [च] और [आत्मा ग्रहीतव्यः] आत्मा ग्रहण किया जाय ।

टीका—आत्मा और बंध इन दोनों को पहले तो अपने-अपने निश्चित लक्षण के ज्ञान से सब तरह ही भिन्न करना, पीछे रागादिक लक्षण वाले सभी बंध को तो छोड़ना तथा उपयोग लक्षण वाले अकेले शुद्ध आत्मा को ही ग्रहण करना । यही निश्चय से आत्मा और बंध के द्विधा करने का प्रयोजन है कि बंध का त्याग कर शुद्ध आत्मा को ग्रहण करना ।

भावार्थ—शिष्य ने पूछा था कि आत्मा और बंध को द्विधाकर के क्या करना ? उसका उत्तर यह दिया कि बंध का तो त्याग करना और शुद्ध आत्मा को ग्रहण करना ॥२९५॥

आगे पूछते हैं कि आत्मा और बंध को प्रज्ञा से तो भिन्न किया परंतु आत्मा को ग्रहण किससे किया जाय ? उसके प्रश्नोत्तर की गाथा कहते हैं;—शिष्य पूछता है कि [स आत्मा] वह शुद्धात्मा [कथं] कैसे [गृह्यते] ग्रहण किया जा सकता है? आचार्य उत्तर कहते हैं कि [स तु] वह शुद्धात्मा

ननु केन शुद्धोयमात्मा गृहीतव्यः ? प्रज्ञयैव शुद्धोयमात्मा गृहीतव्यः, शुद्धस्यात्मनः स्वयमात्मानं गृह्णतो विभजत इव प्रज्ञैककरणत्वात्। अतो यथा प्रज्ञया विभक्तस्तथा प्रज्ञयैव गृहीतव्यः ॥२९६॥

कथमयमात्मा प्रज्ञया गृहीतव्यः ? इति चेत्;—

पण्णाए घित्तव्वो जो चेदा सो ग्रहं तु णिच्छयदो।
ग्रवसेसा जे भावा ते मज्झ परेत्ति णायव्वा ॥२९७॥

प्रज्ञया गृहीतव्यो यश्चेतयिता सोऽहं तु निश्चयतः।
अवशेषा ये भावाः ते मम परा इति ज्ञातव्याः ॥२९७॥

यो हि नियतस्वलक्षणावलंबिन्या प्रज्ञया प्रविभक्तश्चेतयिता सोऽयमहं। ये त्वमी अवशिष्टा अन्यस्वलक्षणलक्ष्या व्यवह्रियमाणा भावाः, ते सर्वेऽपि चेतयितृत्वस्य व्यापकस्य व्याप्यत्वमनायांतोऽत्यंतं मत्तो भिन्नाः। ततोऽहमेव मयैव मह्यमेव मत्त एव मय्येव मामेव गृह्णामि।

जह पण्णाए विभत्तो यथा पूर्वसूत्रे प्रज्ञया विभक्तः रागादिभ्यः पृथक्कृतः तह पण्णाएव घित्तव्वो तथा प्रज्ञयैव गृहीतव्यः। ननु केन शुद्धोऽयमात्मा गृहीतव्यः ? प्रज्ञयैव शुद्धोयमात्मा गृहीतव्य. शुद्धस्यात्मनः स्वयमात्मानं गृह्णतोऽपि विभजत इव प्रज्ञैककरणत्वात्। अतो यथा प्रज्ञया प्रविभक्तस्तथा प्रज्ञयैव गृहीतव्य. ॥२९६॥ कथमात्मा प्रज्ञया गृहीतव्य

[प्रज्ञया] प्रज्ञा से ही [गृह्यते] ग्रहण किया जाता है। [तथा] जिस तरह पहले [प्रज्ञया] प्रज्ञा से [विभक्तः] भिन्न किया था [तथा] उसी तरह [प्रज्ञयैव] प्रज्ञा से ही [गृहीतव्यः] ग्रहण करना।

टीका—शिष्य का प्रश्न है कि यह शुद्ध आत्मा किस तरह ग्रहण करना ? उसका गुरु उत्तर देते हैं कि यह शुद्धात्मा प्रज्ञा से ही ग्रहण करना, आप स्वयं शुद्ध आत्मा को ग्रहण करता जो शुद्ध आत्मा उसके पहले जैसे भिन्न करता के प्रज्ञा ही एक करण था उसी प्रकार ग्रहण कर्ता के भी वही प्रज्ञा एक करण है भिन्न करण नहीं है। इसलिये जैसे पहले प्रज्ञा से भिन्न किया था वैसे प्रज्ञा से ही ग्रहण करना।

भावार्थ—भिन्न करने में और ग्रहण करने में पृथक् करण नहीं है इसलिये प्रज्ञा से ही तो भिन्न किया और प्रज्ञा से ही ग्रहण करना चाहिये ॥२९६॥

आगे फिर पूछते हैं कि आत्मा को प्रज्ञा के द्वारा किस तरह ग्रहण करना चाहिए ? उसका उत्तर कहते हैं;— [यः चेतयिता] जो चेतन स्वरूप आत्मा है [निश्चयतः] निश्चय से [सः तु] वह [अहं] मैं हूं इस तरह [प्रज्ञया] प्रज्ञा द्वारा [गृहीतव्यः] ग्रहण करने योग्य है [अवशेषाः] और अवशेष [ये भावाः] जो भाव हैं [ते] वे [मम पराः] मुझ से पर हैं [इति ज्ञातव्याः] इस प्रकार जानना चाहिये

टीका—निश्चय से जो निश्चित निजलक्षण को अवलंबन करने वाली प्रज्ञा है उसके द्वारा चैतन्य स्वरूप आत्मा को भिन्न किया था, कि वही यह मैं हूं और जो ये अवशेष अन्य अपने लक्षण से

यत्किल गृह्णामि तच्चेतनैकक्रियत्वादात्मनश्चेतये एव, चेतयमान एव चेतये, चेतयमानेनैव चेतये, चेतयमानायैव चेतये, चेतयमानादेव चेतये, चेतयमाने एव चेतये, चेतयमानमेव चेतये। अथवा न चेतये, न चेतयमानश्चेतये, न चेतयमानेन चेतये, न चेतयमानाय चेतये, न चेतयमानाच्चेतये, न चेतयमाने चेतये, न चेतयमानं चेतये। किंतु सर्वविशुद्धचिन्मात्रो भावोऽस्मि ॥२९७॥

भित्त्वा सर्वमपि स्वलक्षणबलाद्भेत्तुं हि यच्छक्यते।
चिन्मुद्रांकितनिर्विभागमहिमा शुद्धश्चिदेवास्म्यहं।
भिद्यंते यदि कारकाणि यदि वा धर्मा गुणा वा यदि।
भिद्यंतां न भिदास्ति काचन विभौ भावे विशुद्धे चिति ॥१८२॥

इति चेत्;—प्रज्ञया गृहीतव्यो यश्चेतयिता सोहं तु निश्चयतः अवशेषा ये भावास्ते मम परे इति ज्ञातव्याः। यो हि निश्चयतः स्वलक्षणावलंबिन्या प्रज्ञया प्रविभक्तश्चेतयिता सोऽयमहं, ये त्वमी अवशिष्टा अन्ये स्वलक्षणलक्ष्या व्यवहि-

---

पहचानने योग्य व्यवहाररूप भाव हैं, वे सभी आत्मा का व्यापक जो चेतकपन उसके व्याप्यपने में नही आते। वे मुझसे अत्यंत भिन्न हैं। इसलिये मैं ही, अपने द्वारा ही, अपने ही लिये, अपने से ही, अपने में ही, अपने को ही ग्रहण करता हूं। जो मैं निश्चयतः ग्रहण करता वह आत्मा की चेतना ही एक क्रिया है। उस क्रिया से चेतता ही हूं, चेतता हुआ ही चेतता हूं, चेतते हुए से ही चेतता हूं, चेतते हुए के लिये ही चेतता हूं, चेतते हुए से ही चेतता हूं, चेतते हुए में ही चेतता हूं, चेतते हुए को ही चेतता हूं। अथवा न तो चेतता हूं, न चेतता हुआ चेतता हूं, न चेतते हुए से चेतता हूं, न चेतते हुए के लिये चेतता हूं, न चेतते हुए से चेतता हूं, न चेतते हुए में चेतता हूं, न चेतते हुए को चेतता हूं। तो कैसा हूं ? सर्व विशुद्ध चैतन्यमात्र भाव हूं।

भावार्थ—जिस प्रज्ञा द्वारा आत्मा को बंध से भिन्न किया था उसी से यह चैतन्यस्वरूप आत्मा मैं हूं, अन्य अवशेष भाव मुझसे भिन्न हैं; यहां अभिन्न छह कारको से मैं, मुझको, मुझकर, मेरे लिये, मुझ से अपने में ग्रहण करता हूं। वह ग्रहण करना चेतन की चित्स्वरूप क्रिया ही है उससे चेतता हूं—जानता हूं, अनुभवता हूं इस तरह लगाना। फिर इन कारकों के भेद का भी निषेध किया। कि, मैं शुद्ध चैतन्यमात्र भाव हूं, सो एक अभेद हूं, द्रव्यदृष्टि से कर्ता कर्म आदि षट्कारक का भी भेद मुझ में नहीं है। इस तरह बुद्धि के द्वारा आत्मा को ग्रहण करना ॥ २९७ ॥

अब इस अर्थ का कलश रूप काव्य कहते हैं;—**भित्त्वा** इत्यादि। **अर्थ**—ज्ञानी कहता है कि जो भेदने को समर्थ है उस सब को निजलक्षण के बल से भेदकर चैतन्य चिन्ह से चिन्हित, विभाग रहित महिमावाला मैं शुद्ध चैतन्य ही हूं। यदि कर्ता, कर्म, करण, संप्रदान, अपादान, अधिकरण ये छह कारक और सत्त्व, असत्त्व, नित्यत्व, अनित्यत्व, एकत्व, अनेकत्व आदिक धर्म व ज्ञान, दर्शन आदिक गुण ये भेदरूप हों तो हों परंतु विशुद्ध समस्त विभावों से रहित एक तथा सब गुणपर्यायों में व्यापक ऐसे चैतन्य भाव में तो कुछ भेद नहीं है।

पण्णाए घित्तव्वो जो दट्ठा सो अहं तु णिच्छयग्रो ।
अवसेसा जे भावा ते मज्झ परेत्ति णायव्वा ॥२९८॥
पण्णाए घित्तव्वो जो णादा सो अहं तु णिच्छयदो ।
अवसेसा जे भावा ते मज्झ परेत्ति णादव्वा ॥२९९॥ (युग्मम्)

प्रज्ञया गृहीतव्यो यो द्रष्टा सोऽहं तु निश्चयतः ।
अवशेषा ये भावास्ते मम परा इति ज्ञातव्याः ॥२९८॥
प्रज्ञया गृहीतव्यो यो ज्ञाता सोऽहं तु निश्चयतः ।
अवशेषा ये भावास्ते मम परा इति ज्ञातव्याः ॥२९९॥

चेतनाया दर्शनज्ञानविकल्पानतिक्रमणाच्चेतयितृत्वमिव द्रष्टृत्वं ज्ञातृत्वं चात्मनः स्व-

---

यमाणा भावास्ते सर्वेऽपि चेतयितृत्वस्य व्यापकस्य व्याप्यत्वमनायांतोऽत्यंतं मत्तो भिन्नास्ततोऽहमेव मयैव मह्यमेव मत्त एव मय्येव मामेव गृह्णामि, यत् किल गृह्णामि तच्चेतनैकक्रियत्वादात्मनश्चेतये एव, चेतयमान एव चेतये, चेतयमानेनैव चेतये, चेतयमानायैव चेतये, चेतयमानादेव चेतये, चेतयमाने एव चेतये, चेतयमानमेव चेतये । अथवा न चेतये, न चेतयमानश्चेतये, न चेतयमानेन चेतये, न चेतयमानाय चेतये, न चेतयमानाच्चेतये, न चेतयमाने चेतये, न चेतयमानं चेतये, किं तु सर्वविशुद्धचिन्मात्रो भावोऽस्मि । भित्त्वा सर्वमपि स्वलक्षणबलाद्भेत्तु हि यच्छक्यते चिन्मुद्रांकितनिर्विभागमहिमा शुद्धश्चिदेवास्म्यहं । भिद्यंते यदि कारकाणि यदि वा धर्मा गुणा वा यदि भिद्यंतां न भिदास्ति काचन विभौ भावे विशुद्धे चिति ॥२९७॥ प्रज्ञया गृहीतव्यो यो द्रष्टा सोहं तु निश्चयतः, अवशेषा ये भावाः ते मम परा इति ज्ञातव्याः । प्रज्ञया

भावार्थ—इस चैतन्यभाव से अन्य, अपने स्वलक्षण से भेदे गये, कारकभेद धर्मभेद और गुणभेद हैं तो रहें, शुद्ध चैतन्यमात्र में कुछ भी भेद नहीं हैं। शुद्धनय से आत्मा को ऐसा अभेदरूप ग्रहण करना ॥१८२॥

आगे कहते हैं कि शुद्ध चैतन्यमात्र तो ग्रहण कराया, परंतु सामान्य चेतना दर्शन ज्ञान सामान्यमय है इसलिये अनुभव में दर्शन ज्ञान स्वरूप आत्मा का ऐसा अनुभव करना;—**[प्रज्ञया गृहीतव्यः]** प्रज्ञा से इस प्रकार ग्रहण करना कि **[यो द्रष्टा]** जो देखने वाला है **[स तु]** वह तो **[निश्चयतः]** निश्चय से **[अहं]** मैं हूं **[अवशेषा ये भावाः]** अवशेष जो भाव हैं **[ते मम पराः]** वे मुझ से पर हैं **[इति ज्ञातव्याः]** ऐसा जानना, तथा **[प्रज्ञया गृहीतव्यः]** प्रज्ञा से ही ग्रहण करना कि **[यो ज्ञाता]** जो जानने वाला है **[स तु]** वह तो **[निश्चयतः]** निश्चय से **[अहं]** मैं हूं **[अवशेषा ये भावाः]** अवशेष जो भाव हैं **[ते]** वे **[मम पराः]** मुझ से पर हैं **[इति ज्ञातव्याः]** ऐसा जानना।

टीका—चेतना में दर्शन ज्ञान के भेद का उल्लंघन नहीं है। इस कारण चेतकत्व की तरह दर्शकपना व ज्ञातापना आत्मा का निज लक्षण ही है। इसलिये ऐसा अनुभव करना कि मैं देखने वाला आत्मा को ग्रहण

लक्षणमेव। ततोहं द्रष्टारमात्मानं गृह्णामि यत्किल गृह्णामि तत्पश्याम्येव, पश्यन्नेव पश्यामि, पश्यतैव पश्यामि, पश्यते एव पश्यामि, पश्यत एव पश्यामि, पश्यत्येव पश्यामि, पश्यंतमेव पश्यामि। अथवा—न पश्यामि, न पश्यन् पश्यामि, न पश्यता पश्यामि, न पश्यते पश्यामि, न पश्यतः पश्यामि, न पश्यति पश्यामि, न पश्यंतं पश्यामि। किंतु सर्वविशुद्धो दृङ्मात्रो भावोऽस्मि। अपि च—ज्ञातारमात्मानं गृह्णामि यत्किल गृह्णामि तज्जानाम्येव, जानन्नेव जानामि, जानतैव जानामि, जानते एव जानामि, जानत एव जानामि, जानत्येव जानामि, जानंतमेव जानामि। अथवा—न जानामि, न जानन् जानामि, न जानता जानामि, न जानते जानामि, न जानतो जानामि, न जानति जानामि न जानंतं जानामि। किंतु सर्वविशुद्धो ज्ञप्तिमात्रो भावोऽस्मि। ननु कथं चेतना दर्शनज्ञानविकल्पौ नातिक्रामति येन चेतयिता द्रष्टा ज्ञाता च स्यात्? उच्यते—चेतना

गृहीतव्यो यो ज्ञाता सोऽहं तु निश्चयतः, अवशेषा ये भावाः ते मम परा इति ज्ञातव्याः चेतनाया दर्शनज्ञानविकल्पानतिक्रमणाच्चेतयितृत्वमेव द्रष्टृत्वं ज्ञातृत्वं चात्मनः स्वलक्षणमेव। ततोहं द्रष्टारमात्मानं गृह्णामि। यत्किल गृह्णामि तत्पश्याम्येव, पश्यन्नेव पश्यामि, पश्यतैव पश्यामि, पश्यते एव पश्यामि, पश्यत एव पश्यामि, पश्यत्येव पश्यामि, पश्यंतमेव पश्यामि। अथवा—न पश्यामि, न पश्यन् पश्यामि, न पश्यता पश्यामि, न पश्यते पश्यामि, न पश्यतः पश्यामि, न पश्यति पश्यामि, न पश्यंतं पश्यामि। कि तु सर्वविशुद्धो दृङ्मात्रो भावोऽस्मि। अपि च ज्ञातारमात्मानं गृह्णामि यत्किल गृह्णामि तज्जानाम्येव, जानन्नेव जानामि, जानतैव जानामि, जानते एव जानामि, जानत एव जानामि, जानत्येव जानामि, जानंतमेव जानामि। अथवा न जानामि, न जानन् जानामि, न जानतैव जानामि, न जानते जानामि, न जानतो जानामि, न जानति जानामि, न जानंतं जानामि। कि तु सर्वविशुद्धो ज्ञप्तिमात्रो भावोऽस्मि। ननु कथं चेतना दर्शनज्ञानविकल्पौ नातिक्रामति येन चेतयिता द्रष्टा ज्ञाता च स्यात्? उच्यते-चेतना तावत्प्रतिभासरूपा सा तु सर्वेषामेव वस्तूनां सामान्यविशेषात्मकत्वाद् द्वैरूप्यं नातिक्रामति। ये तु तस्या द्वे रूपे ते दर्शनज्ञाने, ततः सा ते नातिक्रामति। यद्यतिक्रामति? सामान्यविशेषातिक्रांतत्वाच्चेतनैव न भवति। तदभावे द्वौ दोषौ स्वगुणोच्छेदाच्चेतनस्याचेतनतापत्तिः, व्यापकाभावे व्याप्यस्य चेतनस्याभावो वा। ततस्तद्दोषभयाद्दर्शनज्ञानात्मिकैव चेतनाभ्युपगंतव्या।

अद्वैतापि हि चेतना जगति चेद् दृग्ज्ञप्तिरूपं त्यजेत् तत्सामान्यविशेषरूपविरहात्सास्तित्वमेव त्यजेत्।
तत्त्यागे जड़ता चितोऽपि भवति व्याप्यो विना व्यापकादात्मा चांतमुपैति तेन नियतं दृग्ज्ञप्तिरूपास्तु चित्।

एकश्चितश्चिन्मय एव भावो भावाः परे ये किल ते परेषां
ग्राह्यस्ततश्चिन्मय एव भावो भावाः परे सर्वत एव हेयाः॥

निश्चयतः अवशेषा ये रागादिभावा विभावपरिणामास्ते चिदानंदैकभावस्य ममापेक्षया परा इति ज्ञातव्याः।

करता हूं, जो निश्चय से ग्रहण करता हूं सो देखता ही हूं, देखता हुआ ही देखता हूं, देखते हुए के द्वारा ही देखता हूं, देखते हुए के लिये ही देखता हूं, देखते हुए से ही देखता हूं, देखते हुए में ही देखता हूं और देखते हुए को ही देखता हूं। अथवा नहीं देखता, न देखते हुए को देखता हूं, न देखतेकर देखता हूं, न देखते के लिये देखता हूं, न देखते से देखता हूं, न देखते में देखता हूं, न देखते को देखता हूं। तो कैसा हूं? सर्व विशुद्ध एक दर्शनमात्र भाव मैं हूं। इस प्रकार तो दर्शन पर कर्ता कर्म करण संप्रदान अपादान अधिकरण लगा कर फिर उनका निषेध करके एक दर्शनमात्र भाव स्वरूप आत्मा को अनुभव रूप करना। तथा उसी

तावत्प्रतिभासरूपा सा तु सर्वेषामेव वस्तूनां सामान्यविशेषात्मकत्वात् द्वैरूप्यं नातिक्रामति । ये तु तस्या द्वे रूपे ते दर्शनज्ञाने, ततः सा ते नातिक्रामति । यद्यतिक्रामति ? सामान्यविशेषातिक्रांतत्वाच्चेतनैव न भवति । तदभावे द्वौ दोषौ—स्वगुणोच्छेदाच्चेतनस्याचेतनतापत्तिः, व्यापकाभावे व्याप्यस्य चेतनस्याभावो वा । ततस्तद्दोषभयाद्दर्शनज्ञानात्मिकैव चेतनाभ्युपगंतव्या ॥२९८।२९९॥

अथाह शिष्यः—चेतनाया ज्ञानदर्शनभेदौ न स्तः, एकैव चेतना ततो ज्ञाता द्रष्टेति द्विधात्मा कथं घटते इति ? अत्र पूर्वपक्षे परिहारः—सामान्यग्राहकं दर्शनं, विशेषग्राहकं ज्ञानं । सामान्यविशेषात्मकं च वस्तु । सामान्यविशेषात्मकत्वाभावे चेतनाया अभावः स्यात् । चेतनाया अभावे सति आत्मनो जडत्वं, चेतनालक्षणस्य विशेषगुणस्याभावे सत्यभावो वा भवति । नचात्मनो जडत्वं दृश्यते, नचाभावः ? प्रत्यक्षविरोधात् ? ततः स्थितं यद्यप्यभेदनयेनैकरूपा चेतना तथापि सामान्यविशेषविषयभेदेन दर्शनज्ञानरूपा भवतीत्यभिप्रायः ॥ २९८ ॥ २९९ ॥ अथ शुद्धबुद्धैकस्वभावस्य परमात्मनः शुद्धचिद्रूप एक एव

तरह ज्ञान पर भी लगाना । मैं जानने वाली आत्मा को ग्रहण करता हूं, जो ग्रहण करता हूं सो निश्चय से जानता ही हूं; जानता हुआ ही जानता हूं, जानते हुए से ही जानता हूं; जानते हुए के लिये ही जानता हूं, जानते हुए से ही जानता हूं; जानते हुए में ही जानता हूं; जानते हुए को ही जानता हूं । अथवा नहीं जानता, न जानते हुए को जानता हूं; न जानते हुए के द्वारा जानता हूं, न जानते के लिये जानता हूं, न जानते हुए से जानता हूं, न जानते में जानता हूं न जानते को जानता हूं । तो कैसा हूं ? सर्व विशुद्ध एक जाननक्रियामात्र भाव मैं हूं । इस तरह ज्ञान पर छह कारक भेदरूप लगा के फिर अभेदरूप करने को कारक भेद का निषेध कर ज्ञानमात्र अपना अनुभव करना ।

भावार्थ—पहले तो सामान्य चेतना का अनुभव कराया । पहले आत्मा को ज्ञान द्वारा ग्रहण करना कहा था सो चेतना का अनुभव करना ही ग्रहण करना है कुछ अन्य वस्तु का ग्रहण करना नहीं है । तथा अनुभव करना, अनुभव करने वाला, जिससे अनुभव किया जाय इत्यादि छह कारक भेदरूप कहकर अभेद विवक्षा में कारक भेद का निषेध करके एक शुद्ध चेतना मात्र ही कहा था । अब यहां चेतना सामान्य है, वह दर्शन ज्ञान विशेष को उलंघन नहीं करता, इसलिये द्रष्टा और ज्ञाता का अनुभव कराया । वहां भी छहकारकरूप भेद अनुभव कर पीछे अभेद अनुभव अपेक्षा कारक भेद दूर कर द्रष्टा ज्ञातामात्र का अनुभव कराया है । यहां शिष्य पूछता है कि चेतना दर्शन ज्ञान भेद को कैसे उलंघन नहीं करती कि जिससे आत्मा द्रष्टा ज्ञाता हो जाता है । उसका उत्तर कहते हैं—प्रथम तो चेतना प्रतिभासरूप है, ऐसी चेतना दोरूपपने को उलंघन नहीं करती क्योंकि सभी वस्तु का सामान्यविशेषरूप स्वरूप है । सो चेतना भी वस्तु है, वह सामान्य विशेषरूप को कैसे उलंघन करे । उसके दो रूप हैं वे दर्शन, ज्ञान हैं । इसलिये वह चेतना दर्शन ज्ञान इन दोनों को उलंघन नहीं करती । यदि इन दो स्वरूपों को लांघे तो सामान्य विशेषरूप के उलंघनेपने से चेतना ही नहीं होतो । उस चेतना के अभाव से दो दोष आते हैं—एक तो अपने गुण का उच्छेद होने से चेतन के अचेतनपन की प्राप्ति आती है और दूसरे, व्यापक चेतन का अभाव होने से व्याप्य जो चेतन आत्मा उसका अभाव होता है । इस कारण इन दोषों के भय से चेतना दर्शनज्ञानस्वरूप ही अंगीकार करनी ॥२९८।२९९॥

अद्वैतापि हि चेतना जगति चेद्दृग्ज्ञप्तिरूपं त्यजेत्
तत्सामान्यविशेषरूपविरहात्साऽस्तित्वमेव त्यजेत् ।
तत्त्यागे जडता चितोऽपि भवति व्याप्यो विना व्यापका-
दात्मा चांतमुपैति तेन नियतं दृग्ज्ञप्तिरूपास्ति चित् ।। १८३ ।।
एकश्चितश्चिन्मय एव भावो भावाः परे ये किल ते परेषां ।
ग्राह्यस्ततश्चिन्मय एव भावो भावाः परे सर्वत एव हेयाः ।। १८४ ।।

भावः न च रागादय इत्याख्याति;—**को णाम भणिज्ज बुहो** को ब्रूयात् बुधो ज्ञानी विवेकी नाम स्फुटमहो वा न कोऽपि । किं ब्रूयात् । **मज्झमिणंतिय वयणं** ममेति वचनं किं कृत्वा ? पूर्वं **णादुं** निर्मलात्मानुभूतिलक्षणभेदज्ञानेन ज्ञात्वा । कान् ? **सव्वे परोदये भावे** सर्वान् मिथ्यात्वरागादिभावान् विभावपरिणामान् । कथंभूतान् ? परोदयान् शुद्धात्मनः सकाशात् परेण कर्मोदयेन जनितान् । किं कुर्वन् सन् ? **जाणंतो अप्पयं सुद्धं** जानन् परमसमरसीभावेनानुभवन्, कं ? आत्मानं । कथंभूतं ? शुद्धं, भावकर्मद्रव्यकर्मनोकर्मरहितं । केन कृत्वा जानन् ? शुद्धात्मभावनापरिणताभेदरत्नत्रयलक्षणेन भेदज्ञानेनेति । एवं विशेषभेदभावनाव्याख्यानमुख्यत्वेन तृतीयस्थले सूत्रपंचकं गतं ।। ३०० ।। अथ मिथ्यात्वरागादिपरभावस्वीकारेण बध्यते वीतरागपरमचैतन्यलक्षणस्वस्वभावस्वीकारेण मुच्यते जीव इति प्रकाशयति—

अब इस अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं—**अद्वैता** इत्यादि । **अर्थ**—जगत में निश्चय से चेतना अद्वैत है, तो भी जो दर्शन ज्ञानरूप को छोड़े तो सामान्य विशेषरूप के अभाव से वह चेतना अपने अस्तित्व को छोड़ दे, और जब चेतना अपने अस्तित्व को छोड़ दे तो चेतन के जड़पना हो जाय । तथा व्याप्य आत्मा व्यापक चेतना के बिना अन्त को प्राप्त हो जाय अर्थात् आत्मा का नाश हो जाय । इसलिए चेतना नियम से दर्शन ज्ञानस्वरूप ही है ।

भावार्थ—वस्तु का स्वरूप सामान्य विशेषरूप है । चेतना भी वस्तु है वह दर्शन ज्ञान विशेष को यदि छोड़ दे तो वस्तुपने का नाश हो जाय तब चेतना का अभाव होने से चेतन के जड़पना आ जायेगा । चेतना आत्मा की सब अवस्थाओं में पाई जाती है, इसलिए व्यापक है । आत्मा चेतना ही है इस कारण चेतना का व्याप्य है सो व्यापक के अभाव से व्याप्य जो चेतन आत्मा उसका अभाव होता है । इसलिये चेतना दर्शनज्ञानस्वरूप ही माननी चाहिए । यहां पर तात्पर्य ऐसा है कि सांख्यमती आदि कई मतवाले सामान्य चेतना को ही मानकर एकांत करते हैं, उनके निषेध करने को 'वस्तु का स्वरूप सामान्य विशेषरूप है सो चेतना को भी सामान्य विशेषरूप अंगीकार करना' ऐसा जतलाया है ।।१८३।।

आगे कहते हैं कि चेतना का तो चिन्मय ही एकभाव है अन्य परभाव हैं सो चिन्मयभाव तो उपादेय है और परभाव हेय हैं यह सूचना आगे के कथन की है उसका श्लोक कहते हैं—**एक** इत्यादि । **अर्थ**—चैतन्य का तो एक चिन्मय ही भाव है । दूसरे भाव हैं वे प्रगट रीति से परके भाव हैं। इसलिए एक चिन्मयभाव ही ग्रहण करने योग्य है और जो परभाव हैं वे सभी त्यागने योग्य हैं ।।१८४।।

को णाम भणिज्ज बुहो णाउं सव्वे [1]पराइए भावे।
मज्झमिणंति य वयणं जाणंतो अप्पयं सुद्धं ॥ ३०० ॥

को नाम भणेद् बुधो ज्ञात्वा सर्वान् परकीयान् भावान्।
ममेदमिति च वचनं जानन्नात्मानं शुद्धं ॥ ३०० ॥

यो हि परात्मनोर्नियतस्वलक्षणविभागपातिन्या प्रज्ञया ज्ञानी स्यात् स खल्वेकं चिन्मात्रं भावमात्मीयं जानाति शेषांश्च सर्वानेव भावान् परकीयान् जानाति । एवं च जानन् कथं परभावान्ममामी इति ब्रूयात् ? परात्मनोर्निश्चयेन स्वस्वामिसंबंधस्यासंभवात् । अतः सर्वथा चिद्भाव एव गृहीतव्यः शेषाःसर्वे एव भावाः प्रहातव्या इति सिद्धांतः ॥ ३०० ॥

सिद्धांतोऽयमुदात्तचित्तचरितैर्मोक्षार्थिभिः सेव्यतां
शुद्धं चिन्मयमेकमेव परमं ज्योतिः सदैवास्म्यहं ।
एते ये तु समुल्लसंति विविधा भावा पृथग्लक्षणाः
तेऽहंनास्मि यतोऽत्र ते मम परद्रव्यं समग्रा अपि ॥१८५॥

तेयादी अवराहे कुव्वदि सो ससंकिदो होदि यः स्तेयपरदाराद्यपराधान् करोति स पुरुषः सशंकितो भवति। केन

अब इस उपदेश की गाथा कहते हैं;—[सर्वान् परकीयान् भावान्] ज्ञानी अपने स्वरूप को जान और सभी परके भावों को [ज्ञात्वा] जानकर [इदं मम] ये मेरे हैं [इति च वचनं] ऐसा वचन [कः नाम बुधः] कौन बुद्धिमान् [भणेत्] कहेगा ? ज्ञानी पंडित तो नहीं कह सकता । कैसा है ज्ञानी ? [आत्मानं] अपने आत्मा को [शुद्धं जानन्] शुद्ध जानने वाला है ।

टीका—जो पुरुष आत्मा और परके निश्चित स्वलक्षण के विभाग में पड़ने वाली प्रज्ञा से ज्ञानी होता है, वह पुरुष निश्चयतः एक चैतन्यमात्र अपने भाव को तो अपना जानता है और बाकी के सभी भावों को परके जानता है । ऐसा जानता हुआ परके भावों को 'ये मेरे हैं' ऐसे किस तरह कह सकता है ? ज्ञानी तो नहीं कहता क्योंकि पर और आप में निश्चय से स्वस्वामिपने के सम्बन्ध का असम्भव है । इसलिये सर्वथा चिद्भाव ही एक ग्रहण करने योग्य है अवशेष सभी भाव त्यागने योग्य हैं ऐसा सिद्धान्त है ।

भावार्थ—लोक में भी यह न्याय है, कि जो सुबुद्धि और न्यायवान् है, वह परके धनादिक को अपना नहीं कहता, उसी तरह सम्यग्ज्ञानी भी समस्त परद्रव्य को अपना नहीं बनाता, अपने निज भाव को ही अपने जान ग्रहण करता है ॥३००॥

अब इस अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं—**सिद्धांतो** इत्यादि । **अर्थ**—जिनके चित्त का चरित्र उज्वल (उत्कट) है, ऐसे मोक्ष के इच्छुक पुरुष हैं वे इस सिद्धान्त का सेवन करो 'जो मैं तो शुद्ध चैतन्य-

१. परोदये भावे पाठोयं तात्पर्यवृत्तौ ।

परद्रव्यग्रहं कुर्वन् बध्येतैवापराधवान् ।
बध्येतानपराधो न स्वद्रव्ये संवृतो मुनिः ॥ १८६ ॥

थेयाई अवराहे कुव्वदि जो सो उ संकिदो भमई ।
मा वज्झेज्जं केणवि चोरोत्ति जणम्मि वियरंतो ॥ ३०१॥
जो ण कुणइ अवराहे सो णिस्संको दु जणवए भमदि ।
णवि तस्स वज्झिदुं जे चिंता उप्पज्जदि कयाइ ॥ ३०२ ॥
एवंहि सावराहो वज्झामि अहं तु संकिदो चेया ।
जइ पुण णिरवराहो णिस्संकोहं ण वज्झामि ॥३०३॥(त्रिकलम्)

स्तेयादीनपराधान् करोति यः स तु शंकितो भ्रमति ।
मा बध्ये केनापि चौर इति जने विचरन् ॥३०१॥
यो न करोत्यपराधान् स निश्शंकस्तु जनपदे भ्रमति ।
नापि तस्य बद्धुं यत् चिन्तोत्पद्यते कदाचित् ॥३०२॥

रूपेण ? मा वज्झेहं केणवि चोरोत्ति जणम्मि वियरंतो जने विचरन् माहं बध्ये केनापि तलवरादिना । किं कृत्वा ? चौर इति मत्वा । इत्यन्वयदृष्टांतगाथा गता । जो ण कुणदि अवराहे सो णिस्संको दु जणवदे भमदि

मय एक परम ज्योति ही सदा हूं और ये जो अनेक प्रकार के भिन्न लक्षणरूप भाव हैं मैं वे नहीं हूं क्योंकि वे सभी परद्रव्य हैं । इसका भावार्थ सुगम है ।

आगे कहते हैं कि परद्रव्य को जो ग्रहण करता है वह अपराध वाला है, बंध में पड़ता है; और जो निजद्रव्य में संतुष्ट है वह निरपराधी है नहीं बंधता ऐसी सूचनिका का अगले कथन का श्लोक कहते हैं—परद्रव्य इत्यादि । अर्थ—जो परद्रव्य को ग्रहण करता है वह तो अपराधी है, वही बंध में पड़ता है; और जो अपने द्रव्य में ही संतुष्ट है परद्रव्य को नहीं ग्रहण करता वह यतीश्वर अपराध रहित है वह नहीं बंधता ॥१८६॥

आगे इस कथन को दृष्टांतपूर्वक गाथा में कहते हैं;—[यः] जो पुरुष [स्तेयादीन् अपराधान्] चोरी आदि अपराधों को [करोति] करता है [स तु] वह [शंकितो भ्रमति] ऐसी शंका सहित हुआ भ्रमता है कि [जने विचरन्] लोक में विचरता हुआ मैं [चोर इति] चोर ऐसा मालूम होने पर [केनापि मा बध्ये] किसी से पकड़ा न जाऊं [यः] जो [अपराधान्] कोई भी अपराध [न करोति] नहीं करता [स तु] वह पुरुष [जनपदे] देश में [निःशंकः भ्रमति] निशंक भ्रमता है [तस्य] उसको [यत् बद्धुं चिंता] बंधने की चिंता [कदाचित् अपि] कभी भी [न उत्पद्यते] नहीं उपजती (होती)

एवमस्मि सापराधो बध्येऽहं तु शंकितश्चेतयिता ।
यदि पुनर्निरपराधो निश्शंकोऽहं न बध्ये ॥३०३॥

यथात्र लोके य एव परद्रव्यग्रहणलक्षणमपराधं करोति तस्यैव बंधशंका संभवति । यस्तु तं न करोति तस्य सा न संभवति । तथात्मापि य एवाशुद्धः सन् परद्रव्यग्रहणलक्षणमपराधं करोति तस्यैव बंधशंका संभवति यस्तु शुद्धः संस्तं न करोति तस्य सा न संभवति, इति नियमः । अतः सर्वथा सर्वपरकीयभावपरिहारेण शुद्ध आत्मा गृहीतव्यः, तथा सत्येव निरपराधत्वात् ॥३०१।३०२।३०३॥

भावार्थ—सांख्यमती पुरुष को एकांत से अकर्ता, शुद्ध, उदासीन, चैतन्य मात्र मानते हैं । ऐसा मानने से पुरुष के संसार का अभाव आता है । प्रकृति को संसार माना जाय तो प्रकृति तो जड़ है, उसके सुखदु:ख आदि का संवेदन नहीं है इसलिये किसका संसार ? इत्यादि दोष आते हैं । क्योंकि वस्तु का स्वरूप सर्वथा एकांत नहीं है इस कारण वे सांख्यमती मिथ्यादृष्टि हैं । उसी तरह जो जैनी भी ऐसा मानते हैं तो वे भी मिथ्यादृष्टि होते हैं । इसलिये आचार्य उपदेश करते हैं कि सांख्यमतियों की तरह जैनी आत्मा को सर्वथा अकर्ता मत मानो । जहां तक आप और पर का भेद विज्ञान न हो तबतक तो रागादिक अपने चेतनरूप भावकर्मों का कर्ता मानो, भेद विज्ञान हुए पश्चात् शुद्ध विज्ञानघन समस्त कर्तापन के अभाव से रहित एक ज्ञाता ही मानो । इस तरह एक ही आत्मा में कर्ता अकर्ता दोनों भाव विवक्षा के वश से सिद्ध होते हैं । यह स्याद्वाद मत जैनियों का है तथा वस्तुस्वभाव भी ऐसा ही है, कल्पना नहीं है । ऐसा मानने से पुरुष के संसार मोक्ष आदि की सिद्धि होती है सर्वथा एकांत मानने में सब निश्चय व्यवहार का लोप हो जाता है ऐसा जानना ॥२०५॥

आगे बौद्धमती क्षणिकवादी ऐसा मानते हैं कि कर्ता तो अन्य है और भोक्ता अन्य है, उनके सर्वथा एकांत मानने में दूषण दिखलाते हैं तथा स्याद्वाद से जिस तरह वस्तु स्वरूप कर्ता-भोक्तापन है उस तरह दिखलाते हैं । उसमें प्रथम ही उसकी सूचना का काव्य यह है—**क्षणिक** इत्यादि । **अर्थ**—एक बौद्धमती क्षणिकवादी तो आत्मतत्त्व की क्षणिक कल्पना करके अपने मनमें कर्ता भोक्ता में भेद मानते हैं । कर्ता

---

[1] ऊर्ध्वं मिथ्यात्वरूपविभावपरिणामध्वंसानन्तरं—उद्धतमविलंबेन ज्ञेयग्राहि यद्बोधधाम ज्ञानतेजस्तत्र नियतं तत्परं ।

वृत्त्यंशभेदतोऽत्यंतं वृत्तिमन्नाशकल्पनात् ।
अन्यः करोति भुंक्तेऽन्य इत्येकांतश्चकास्तु मा ॥२०७॥

'केहिंचि दु पज्जयेहिं विणस्सए णेव केहिचि दु जीवो ।
जह्मा तह्मा कुव्वदि सो वा अण्णो व णेयंतो ॥३४५॥
केहिंचि दु पज्जयेहिं विणस्सए णेव केहिंचि दु जीवो ।
जह्मा तह्मा वेददि सो वा अण्णो व णेयंतो ॥ ३४६ ॥
जो चेव कुणइ सोचिय ण वेयए जस्स एस सिद्धंतो ।
सो जीवो णायव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो ॥ ३४७ ॥
अण्णो करेइ अण्णो परिभुंजइ जस्स एस सिद्धंतो ।
सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो ॥३४८॥ (चतुष्कम्)

एवं कर्तृत्वमुख्यत्वेन प्रथमगाथा गता । केहिचिदु पज्जयेहिं विणस्सदे णेव केहिचिदु जीवो कैश्चित् पर्यायैः

अन्य है भोगता अन्य है ऐसा मानते हैं, उनके अज्ञान को यह चैतन्य चमत्कार ही आप नित्य अमृत के समूहों कर सींचता हुआ दूर करता है ।

भावार्थ—क्षणिकवादी कर्ता भोक्ता में भेद मानते हैं । जो पहले क्षण में था वह दूसरे क्षण में नहीं है ऐसा मानते हैं । आचार्य कहते हैं कि हम उनको क्या समझावें ? यह चैतन्य ही उनका अज्ञान दूर करेगा । जो कि अनुभव गोचर नित्य रूप है । पहले क्षण आप है वही दूसरे क्षण में कहता है कि मैं पहले था वही हूं ऐसा स्मरण पूर्वक प्रत्यभिज्ञान उसकी नित्यता दिखलाता है । यहां बौद्धमती कहता है कि जो पहले क्षण था वही मैं दूसरे क्षण में हूं यह मानना तो अनादि अविद्या से भ्रम है यह मिटै तब तत्त्व सिद्ध हो, समस्त क्लेश मिटें । उसको कहते हैं कि हे बौद्ध ! तूने प्रत्यभिज्ञान को भ्रम बतलाया तो जो अनुभव गोचर है वह भ्रम ठहरा, तो तेरा क्षणिक मानना भी अनुभवगोचर है यह भी भ्रम ठहरा, क्योंकि अनुभव अपेक्षा दोनों ही समान हैं । इसलिये सर्वथा एकांत मानना तो दोनों ही भ्रम हैं वस्तु स्वरूप नहीं है । हम (जैन) कथंचित् नित्यानित्यरूप वस्तु का स्वरूप कहते हैं वह सत्यार्थ है ॥२०६॥

आगे ऐसे ही क्षणिक मानने वाले को युक्ति से काव्य द्वारा निषेध करते हैं—वृत्त्यंश इत्यादि ।

अर्थ—क्षण क्षण प्रति अवस्था भेदों को वृत्त्यंश कहते हैं, उनके सर्वथा भेद जुदे २ वस्तु मानने से अवस्थाओं का आश्रय रूप जो वृत्तिमान वस्तु उनके नाश की कल्पना करके ऐसा मानते हैं कि करता दूसरा है और भोगता कोई दूसरा ही है । उसपर आचार्य कहते हैं कि ऐसा एकांत मत प्रकाशित करो । जहां अवस्थावान् पदार्थ का नाश हुआ वहां अवस्थायें किसके आश्रय होके रहें ? इस तरह दोनों का नाश आता है तब शून्य का प्रसंग होता है ॥२०७॥

१. कोई त्रिकर्मः ।

कैश्चित्तु पर्यायैर्विनश्यति नैव कैश्चित्तु जीवः ।
यस्मात्तस्मात्करोति स वा अन्यो वा नैकांतः ॥ ३४५ ॥
कैश्चित्तु पर्यायैर्विनश्यति नैव कैश्चित्तु जीवः ।
यस्मात्तस्माद्वेदयते स वा अन्यो वा नैकांतः ॥ ३४६ ॥
यश्चैव करोति स चैव न वेदयते यस्यैष सिद्धांतः ।
स जीवो ज्ञातव्यो मिथ्यादृष्टिरनार्हतः ॥ ३४७ ॥
अन्यः करोत्यन्यः परिभुंक्ते यस्य एव सिद्धांतः ।
स जीवो ज्ञातव्यो मिथ्यादृष्टिरनार्हतः ॥ ३४८ ॥

यतो हि प्रतिसमयं संभवदगुरुलघुगुणपरिणामद्वारेण क्षणिकत्वादचलितचैतन्यान्वयगुणद्वारेण नित्यत्वाच्च जीवः कैश्चित्पर्यायैर्विनश्यति, कैश्चित्तु न विनश्यतीति द्विस्वभावो जीवस्वभावः। ततो य एव करोति स एवान्यो वा वेदयते। य एव वेदयते स एवान्यो वा करोतीति

पर्यायार्थिकनयविभागेः देवमनुष्यादिरूपैर्विनश्यति जीवः न नश्यति कैश्चिद्द्रव्यार्थिकनयविभागैः। जह्मा यस्मादेवं नित्यानित्यस्वभावं जीवस्वरूपं तह्मा तस्मात्कारणात् वेददि सो वा निजशुद्धात्मभावनोत्थसुखामृतरसास्वादमलभमानः स

अब अनेकांत को प्रकट कर के इस क्षणिक वाद का स्पष्टतया निषेधते हैं;—[यस्मात्] जिस कारण [जीवः] जीव [कैश्चित्तु पर्यायैः] कितनी एक पर्यायों से तो [विनश्यति] विनाश को प्राप्त होता है [तु] और [कैश्चित्] कितनी एक पर्यायों से [नैव] विनष्ट नहीं होता [तस्मात्] इस कारण [स वा करोति] वह ही करता है [वा अन्यः] अथवा अन्य कर्ता है [न एकांतः] एकांत नहीं स्याद्वाद है। [यस्मात्] जिस कारण [जीवः] जीव [कैश्चित्तु पर्यायैः] कितनी एक पर्यायों से [विनश्यति] विनाश को प्राप्त होता है [तु] और [कैश्चित्] कितनी एक पर्यायों से [नैव] विनष्ट नहीं होता [तस्मात्] इस कारण [स वा वेदयते] वही जीव भोक्ता होता है [अन्यो वा] अथवा अन्य भोक्ता है [न एकांतः] ऐसा ऐकांत नहीं है स्याद्वाद है। [च यस्य एष सिद्धांतः] और जिसका ऐसा सिद्धांत है कि [य एव] जो जीव [करोति] करता है [स चैव न वेदयते] वह नहीं भोगता, अन्य ही भोगने वाला है [स जीवः] वह जीव [मिथ्यादृष्टिः] मिथ्यादृष्टि [ज्ञातव्यः] जानना [अनार्हतः] अरहंत के मत का अनुयायी नहीं है [यस्य एष सिद्धांतः] तथा जिसका ऐसा सिद्धांत है कि [अन्यः करोति] कोई अन्य करता है [अन्यः परिभुंक्ते] और कोई दूसरा भोगता है [स जीवः] वह जीव [मिथ्यादृष्टिः] मिथ्यादृष्टि [ज्ञातव्यः] जानना [अनार्हतः] अरहंत के मत का नहीं है।

टीका—यह जीव प्रति समय होने वाले अगुरुलघुगुण के परिणाम के द्वारा तो क्षणिक है; परंतु अचलित चैतन्य के अन्वयरूप गुण के द्वारा नित्य है। ऐसा होने से कुछ एक पर्यायों से तो विनष्ट

नास्त्येकांतः। एवमनेकांतेऽपि यस्तत्क्षणवर्तमानस्यैव परमार्थसत्त्वेन वस्तुत्वमिति वस्त्वंशेऽपि वस्तुत्वमध्यास्य शुद्धनयलोभादृजुसूत्रैकांते स्थित्वा य एव करोति स एव न वेदयते। अन्यः करोति अन्यो वेदयते इति पश्यति स मिथ्यादृष्टिरेव द्रष्टव्यः। क्षणिकत्वेऽपि वृत्त्यंशानां वृत्तिमतश्चैतन्यचमत्कारस्य टंकोत्कीर्णस्यैवांतःप्रतिभासमानत्वात् ॥३४५।३४६।३४७।३४८॥

एव कर्मफलं वेदयत्यनुभवति। स एव कः? इति चेत्, येन पूर्वं कृतं कर्म अपरणो वा पर्यायार्थिकनयेन पुनरन्यो वा वेदयंतो न चैकांतोऽस्ति। एवं भोक्तृत्वमुख्यत्वेन द्वितीयगाथा। किं च येन मनुष्यभवे शुभाशुभं कर्म कृतं स एव जीवो द्रव्यार्थिकनयेन देवलोके नरके वा भुंक्ते। पर्यायार्थिकनयेन पुनरतद्भावापेक्षया बालकाले कृतं यौवनादिपर्यायान्तरे भुंक्ते

होता है तथा कितनी एक पर्यायों से विनष्ट नहीं होता। ऐसे जीव का स्वभाव दो स्वरूप है। इस कारण 'जो करता है वही भोगता है' अथवा अन्य ही भोगता है। 'जो भोगता है वही करता है' अथवा अन्य करता है ऐसा एकांत नहीं है। इस प्रकार अनेकांत होने पर भी जो ऐसा मानता है कि जिस क्षण में जो पर्याय होती है उसी को परमार्थरूप सत्ता से वस्तुपना है, इस प्रकार वस्तु के अंश में वस्तुत्व का निश्चय करके शुद्धनय के लोभ से ऋजुसूत्रनय के एकांत में ठहरकर जो ऐसा श्रद्धान करता है कि जो करता है वही भोगता नहीं, अन्य करता है और अन्य ही भोगता है, वह जीव मिथ्यादृष्टि ही जानना। क्योंकि पर्यायरूप अवस्थाओं के क्षणिकपना होने पर भी वृत्तिमान (पर्यायी) जो चैतन्य चमत्कार टंकोत्कीर्ण नित्य स्वरूप उसका अंतरंग में प्रतिभासमानपना है।

भावार्थ—वस्तु का स्वभाव जिन वाणी में द्रव्यपर्याय स्वरूप कहा है। इसलिये पर्याय अपेक्षा तो वस्तु क्षणिक है और द्रव्य अपेक्षा नित्य है ऐसा अनेकांत स्याद्वाद से सिद्ध होता है। ऐसा होने पर जीव नामा वस्तु भी ऐसा ही द्रव्य पर्याय स्वरूप है, इसलिये पर्याय अपेक्षा से देखा जाय तब तो कार्य को करता तो अन्य पर्याय है और भोगता अन्य ही पर्याय है। जैसे मनुष्य पर्याय में शुभ अशुभ कर्म किये उनका फल देवादि पर्याय में भोगा। परन्तु द्रव्यदृष्टि से देखा जाय तब जो करता है वही भोगता है ऐसा सिद्ध होता है। जैसे मनुष्य पर्याय में जो जीवद्रव्य था उसने शुभाशुभ कर्म किये वे वही जीव देवादि पर्याय में गया वहां उसी जीव ने अपने किये का फल भोगा। इस तरह वस्तु का स्वरूप अनेकांत रूप सिद्ध होने पर भी शुद्धनय में तो संशय नहीं और शुद्धनय के लोभ से वस्तु का पर्याय वर्तमान काल में जो एक अंश था उसी को वस्तु मानकर ऋजुसूत्रनय के विषय का एकांत पकड़ ऐसा मानते हैं कि जो करता है वह नहीं भोगता है अन्य भोगता है। और जो भोगता है वह करता नहीं है अन्य करता है। ऐसे मिथ्यादृष्टि अरहंत के मतके नहीं हैं। क्योंकि पर्याय के क्षणिकपना होने पर भी परद्रव्य चैतन्य चमत्कार तो अनुभव गोचर नित्य है। जैसे प्रत्यभिज्ञान से ऐसा जाने कि जो बालक अवस्था में मैं था वही अब तरुण अवस्था में तथा वृद्ध अवस्था में हूं। इस तरह जो अनुभवगोचर स्वसंवेदन में आवे तथा जिन वाणी भी ऐसे ही कहे उसको न माने वही मिथ्यादृष्टि कहलाता है। ऐसा जानना ॥३४५।३४६।३४७।३४८॥

आत्मानं परिशुद्धमीप्सुभिरतिव्याप्तिं प्रपद्यांधकैः
कालोपाधिबलादशुद्धिमधिकां तत्रापि मत्वा परैः ।
चैतन्यं क्षणिकं प्रकल्प्य [1]पृथुकैः शुद्धर्जुसूत्रेरितै-
रात्माव्युज्झित एष हारवदहो निस्सूत्रमुक्तेक्षिभिः ॥२०८॥
कर्तुर्वेदयितुश्च युक्तिवशतो भेदोऽस्त्वभेदोपि वा
कर्ता वेदयिता च मा भवतु वा वस्त्वेव संचिंत्यतां ।
प्रोता सूत्र इवात्मनीह निपुणैर्भेतुं न शक्या क्वचित्
चिच्चिंतामणिमालिकेयमभितोप्येका चकास्त्येव नः ॥२०९॥

प्रति संक्षेपेण अंतर्मूहूर्तानन्तरे च भुंक्ते । भवातरापेक्षया तु मनुष्यपर्यायेण कृतं देवादिपर्यायेण भुक्ते इति भावार्थः । एवं गाथाद्वयेनानेकांतव्यवस्थापनारूपेण स्वपक्षसिद्धिः कृता । अथैकांतेन य एव करोति स च एव भुक्ते, अथवान्यः

अब इस अर्थ का कलश रूप काव्य कहते हैं—**आत्मानं** इत्यादि । **अर्थ**—आत्मा को संपूर्णतया शुद्ध मानने के अन्य अन्य बौद्ध उस आत्मा में काल की उपाधि के बलसे अधिक अशुद्धता मानकर अतिव्याप्ति को प्राप्त होकर तथा शुद्ध ऋजुसूत्रनय में रत होकर चैतन्य को क्षणिक कल्पना करके आत्मा को छोड़ दिया । क्योंकि आत्मा तो द्रव्यपर्याय स्वरूप था, वह सर्वथा क्षणिकपर्यायस्वरूप मानकर छोड़ दिया, उनको आत्मा की प्राप्ति नहीं हुई । यहां हारका दृष्टांत है । जैसे मोतियों का हार नामा वस्तु है उसमें सूत्र में जो मोती पोये हुए हैं वे भिन्न भिन्न दीखते हैं । जो हार सूत्र सहित मोती पोये हुए नहीं देखते, मोतियों को ही भिन्न देख ग्रहण करते हैं उनको हारकी प्राप्त नहीं होती । उसी प्रकार जो आत्मा के एक नित्यचैतन्य भाव को ग्रहण नहीं करते तथा समय समय वर्तना परिणाम रूप उपयोग की प्रवृत्ति को देख उसको सदा निरयं मान काल की उपाधि से अशुद्धपना मानकर ऐसा जानते हैं कि यदि नित्य माना जाय तो काल की उपाधि लगने से आत्मा के अशुद्धपना आता है तब अतिव्याप्ति दूषण लगता है । इस दोष के भय से ऋजुसूत्रनय का विषय शुद्ध वर्तमान समयमात्र क्षणिकपना उस मात्र मान आत्मा को छोड़ देते हैं ।

भावार्थ—आत्मा को समस्तपने शुद्ध मानने के इच्छुक बौद्धमती ने विचारा कि, यदि आत्मा को नित्य माना जाय तो नित्य में काल की अपेक्षा आती है, इसलिये उपाधि लग जायगी तब बड़ी अशुद्धता आयेगी, तब अतिव्याप्ति दोष लगेगा । इस भय से शुद्ध ऋजुसूत्र नयका विषय जो वर्तमान समय है उतना क्षणिक ही आत्मा को माना । तब जो आत्मा नित्यानित्यरूप द्रव्यपर्याय रूप था उसका उसके ग्रहण नहीं हुआ, केवल पर्याय मात्र में आत्मा की कल्पना हुई । वह आत्मा सत्यार्थ ऐसा नहीं जानना ॥२०८॥

अब फिर इसी अर्थ के समर्थनरूप वस्तु के अनुभव करने को काव्य कहते हैं—**कर्तुर्** इत्यादि । **अर्थ**—कर्ता में और भोक्ता में युक्ति के वशसे भेद हो अथवा अभेद हो, अथवा कर्ता भोक्ता दोनों ही न हों, वस्तु का ही चिंतवन करो । क्योंकि चतुर पुरुषों से सूत्र में पोई हुई मणियों की माला जैसे भेदी

---

१. बौद्धैरित्यर्थः ।

व्यावहारिकदृशैव केवलं कर्तृ कर्म च विभिन्नमिष्यते ।
निश्चयेन यदि वस्तु चिंत्यते कर्तृ कर्म च सदैकमिष्यते[1] ॥ २१० ॥

करोत्यन्यो भुंक्ते इति यो वदति स मिथ्यादृष्टिरित्युपदिशति—**जो चेव कुणदि सो चेव वेदको जस्स एस सिद्धंतो** स एव जीवः शुभाशुभं कर्म करोति स एव चैकांतेन भुंक्ते न पुनरन्यः, यस्यैष सिद्धांतः—आगमः । **सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो** स जीवो मिथ्यादृष्टिरनार्हतो ज्ञातव्यः । कथं मिथ्यादृष्टिः ? इति चेत्, यद्येकांतेन नित्यकूटस्थोऽपरिणामी टंकोत्कीर्णः सांख्यमतवत् तदा येन मनुष्यभवेन नरकगतियोग्यं पापकर्मकृतं स्वर्गगतियोग्यं पुण्यकर्म कृतं तस्य जीवस्य नरके स्वर्गे वा गमनं न प्राप्नोति । तथा शुद्धात्मानुष्ठानेन मोक्षश्च कुतः ? नित्यैकांतत्वादिति । **अण्णो करेदि अण्णो परिभुंजदि जस्स एस सिद्धंतो** अन्यः करोति कर्म भुंक्ते चान्यः, यद्येकांतेन ब्रूते **सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो** तदा येन मनुष्यभवे पुण्यकर्म कृतं पापकर्म कृतं मोक्षार्थं शुद्धात्मभावनानुष्ठानं च, तस्य पुण्यकर्मणो देवलोकेऽन्यः कोऽपि भोक्ता प्राप्नोति न च स जीवः । नरकेऽपि तथैव । केवलज्ञानादिव्यक्तिरूपं मोक्षं चान्यः कोऽपि लभते । ततश्च पुण्यपापमोक्षानुष्ठानं वृथेति बौद्धमतदूषणं, इति गाथाद्वयेन नित्यैकांतक्षणिकैकांतमतं निराकृतं । एवं द्वितीयस्थले सूत्रचतुष्टयं गतं ॥३४५।३४६॥

नहीं जाती, तैसे आत्मा में पोई हुई चैतन्यरूप चिंतामणि की माला भी कभी किसी से नहीं भेदी जा सकती । ऐसी यह आत्मारूपी माला समस्तपने से एक हमारे प्रकाशरूप प्रकट हो ।

भावार्थ—वस्तु द्रव्यपर्यायस्वरूप अनेकधर्म वाली है, उसमें विवक्षा के वश से कर्ता भोक्तापने का भेद भी है और भेद नहीं भी है, तथा कर्ता-भोक्ता भेदाभेद भी क्यों करना चाहिए ? केवल शुद्ध वस्तुमात्र का उसके असाधारण धर्म के द्वारा अनुभव करना चाहिए, चैतन्य के परिणमनरूप पर्याय के भेदों की अपेक्षा से तो कर्ता-भोक्ता का भेद है । चिन्मात्र द्रव्य अपेक्षा से भेद नहीं है । इस तरह भेद अभेद होवें तथा चिन्मात्र अनुभव में भेद अभेद क्यों कहना ? कर्ता भोक्ता भी नहीं कहना, वस्तुमात्र अनुभव करना । जैसे मणियों की माला में सूत और मोतियों का विवक्षा से भेद है । मालामात्र ग्रहण करने में भेदाभेद विकल्प नहीं हैं । उसी तरह आत्मा में चैतन्य के द्रव्यपर्याय अपेक्षा भेदाभेद है तो भी आत्म वस्तुमात्र अनुभव करने पर विकल्प नहीं रहता । इसलिये आचार्य कहते हैं कि ऐसे निर्विकल्प आत्मा का अनुभव हमारे प्रकाशरूप है, ऐसा जैनों का वचन है ॥ २०९ ॥

आगे इस कथन को दृष्टांत से स्पष्ट करते हैं उसकी सूचना के नयविभाग का काव्य कहते हैं—**व्यावहारिक** इत्यादि । **अर्थ**—व्यवहार की दृष्टि में तो कर्ता और कर्म भिन्न दीखते हैं और जब निश्चय से देखा जाय अर्थात् वस्तु को विचारा जाय तो कर्ता और कर्म सदाकाल एक ही देखने में आते हैं ।

भावार्थ—व्यवहारनय तो पर्यायाश्रित है इसमें तो भेद ही दीखता है और शुद्ध निश्चयनय द्रव्याश्रित है । इसमें अभेद ही दीखता है । इसलिए व्यवहार में तो कर्ता कर्म का भेद है और निश्चय में अभेद है ॥ २१० ॥

---

१. 'दृश्यते' इत्यपि पाठः ।

जह सिप्पिओ उ कम्मं कुव्वइ ण य सो उ तम्मओ होइ ।
तह जीवोवि य कम्मं कुव्वदि ण य तम्मओ होइ ॥ ३४९ ॥
जह सिप्पिओ उ करणेहिं कुव्वइ ण य सो उ तम्मओ होइ ।
तह जीवो करणेहिं कुव्वइ ण य तम्मओ होइ ॥ ३५० ॥
जह सिप्पिओ उ करणाणि गिह्णइ ण य सो उ तम्मओ होइ ।
तह जीवो करणाणि उ गिह्णइ ण य तम्मओ होइ ॥ ३५१ ॥
जह सिप्पिओ उ कम्मफलं भुंजदि ण य सो उ तम्मओ होइ ।
तह जीवो कम्मफलं भुंजइ ण य तम्मओ होइ॥ ३५२ ॥
एवं ववहारस्स उ वत्तव्वं दरिसणं समासेण ।
सुणु णिच्छयस्स वयणं परिणामकयं तु जं होई ॥३५३॥
जह सिप्पिओ उ चिट्ठं कुव्वइ हवइ य तहा अणण्णो से ।
तह जीवोवि य कम्मं कुव्वइ हवइ य अणण्णो से ॥३५४॥
जह चिट्ठं कुव्वंतो उ सिप्पिओ णिच्च दुक्खिओ होई ।
तत्तो सिया अणण्णो तह चेट्ठंतो दुही जीवो ॥३५५॥(सप्तकम्)

यथा शिल्पिकस्तु कर्म करोति न च स तु तन्मयो भवति ।
तथा जीवोऽपि च कर्म करोति न च तन्मयो भवति ॥३४६॥

---

३४७ । ३४८ ॥ अथ व्यवहारेण कर्तृकर्मणोर्भेदः, निश्चयेन पुनर्यदेव कर्तृ तदेव कर्मेत्युपदिशति—यथा लोके शिल्पी तु सुवर्णकारादिः सुवर्णकुंडलादिकर्म करोति, कैः कृत्वा ? हस्तकुट्टकादिकरणैरुपकरणैः । हस्तकुट्टकाद्युपकरणानि च हस्तेन गृह्णाति, तथापि तैः सुवर्णकुंडलादिकर्महस्तकुट्टकादिकरणैरुपकरणैः सह तन्मयो न भवति । तथैवाज्ञानी जीवोऽपि निष्क्रियवीतरागस्वसंवेदनज्ञानच्युतः सन् ज्ञानावरणादिद्रव्यकर्माणि करोति । कैः कृत्वा ? मनोवचनकायव्यापाररूपैः कर्मोत्पादककरणैरुपकरणैः तथैव च कर्मोदयवशान्मनोवचनकायव्यापाररूपाणि कर्मोत्पादककरणान्युपकरणानि संश्लेषरूपेण व्यवहारनयेन गृह्णाति तथापि ज्ञानावरणादिद्रव्यकर्ममनोवचनकायव्यापाररूपकर्मोत्पादकोपकरणैः सह टंकोत्कीर्णज्ञायकत्वेन भिन्नत्वात्तन्मयो न भवति । तथैव च स एव शिल्पी सुवर्णकारादिः सुवर्णकुंडलादिकर्मणि कृते सति यत्किमप्यशन-

---

आगे इस कथन को दृष्टांत से गाथाओं में कहते हैं;—[यथा शिल्पिकः तु] जैसे सुनार आदि कारीगर [कर्म] आभूषणादिक कर्म को [करोति] करता है [स तु] परन्तु वह [तन्मयो न च भवति] आभूषणादिकों से तन्मय नहीं होता [तथा] उसी तरह [जीवोपि च] जीव भी [कर्म] पुद्गलकर्म को

यथा शिल्पिकस्तु करणैः करोति न स तन्मयो भवति ।
तथा जीवः करणैः करोति न च तन्मयो भवति ॥३५०॥
यथा शिल्पिकस्तु करणानि गृह्णाति न च स तु तन्मयो भवति ।
तथा जीवः करणानि तु गृह्णाति न च तन्मयो भवति ॥३५१॥
यथा शिल्पिकः कर्मफलं भुंक्ते न च स तु तन्मयो भवति ।
तथा जीवः कर्मफलं भुंक्ते न च तन्मयो भवति ॥३५२॥
एवं व्यवहारस्य तु वक्तव्यं दर्शनं समासेन ।
शृणु निश्चयस्य वचनं परिणामकृतं तु यद्भवति ॥३५३॥

पानादिकं मूल्यं लभते भुंक्ते च तथापि तेनाशनपानादिना सह तन्मयो न भवति। तथा जीवोऽपि शुभाशुभकर्मफलं बहिरंगेष्टानिष्टाशनपानादिरूपं निजशुद्धात्मभावनोत्थमनोहरानंदसुखास्वादमलभमानो भुंक्ते न च तन्मयो भवति। **एवं ववहारस्स उ वत्तव्वं दंसणं समासेण** एवं पूर्वोक्तप्रकारेण गाथाचतुष्टयेन द्रव्यकर्मकर्तृत्व भोक्तृत्वरूपस्य व्यहारनयस्य दर्शनं निदर्शनं दृष्टांत उदाहरणं हे शिष्य ! वक्तव्यं व्याख्येयं कथनीयं समासेन संक्षेपेण **सुणु णिच्छयस्स वयणं परिणामकदं तु जं हवदि** इदं त्वग्रे वक्ष्यमाणं निश्चयस्य वचनं व्याख्यानं शृणु, यत् कथंभूतं ? परिणामकृतं रागादिविकल्पेन निष्पादितमिति। **जह सिप्पिओ दु चेट्ठं कुव्वदि हवदि य तहा अणण्णो सो** यथा सुवर्णकारादिशिल्पी कुंडलादिकमेवमेवं करोमीति मनसि चेष्टां करोति इति तया चेष्टया सह भवति चानन्यस्तन्मयः **तह जीवोवि य कम्मं कुव्वदि हवदि य अणण्णो सो** तथैवाज्ञानी जीवः केवल-

---

[करोति] करता है। **[च]** तो भी **[तन्मयो न भवति]** उससे तन्मय नहीं होता। **[यथा]** जैसे **[शिल्पिकः]** शिल्पी **[करणैः]** हथौड़ा आदि करणों से **[करोति]** कर्म करता है। **[तु सः]** परन्तु वह **[तन्मयो न भवति]** उनसे तन्मय नहीं होता **[तथा]** उसी तरह **[जीवः]** जीव भी **[करणैः करोति]** मन वचन काय आदि करणों से कर्म को करता है **[च]** तो भी **[तन्मयो न भवति]** उनसे तन्मय नहीं होता। **[यथा]** जैसे **[शिल्पिकः]** शिल्पी **[करणानि]** करणों को **[गृह्णाति]** ग्रहण करता है **[तु]** तो भी **[स तु]** वह **[तन्मयो न भवति]** उनसे तन्मय नहीं होता **[तथा]** उसी तरह **[जीवः]** जीव **[करणानि गृह्णाति]** मन वचन कायरूप करणों को ग्रहण करता है **[तु च]** तो भी **[तन्मयो न भवति]** उनसे तन्मय नहीं होता। **[यथा]** जैसे **[शिल्पी तु]** शिल्पी **[कर्मफलं]** आभूषणादि कर्मों के फल को **[भुंक्ते]** भोगता है **[तु च]** तो भी **[सः]** वह उनसे **[तन्मयो न भवति]** तन्मय नहीं होता **[तथा जीवः]** उसी तरह जीव भी **[कर्मफलं]** सुख दुःख आदि कर्म के फल को **[भुंक्ते]** भोगता है **[च]** परन्तु **[तन्मयो न भवति]** उनसे तन्मय नहीं होता। **[एवं तु]** इस तरह से तो **[व्यवहारस्य दर्शनं]** व्यवहार का मत **[समासेन]** संक्षेप से **[वक्तव्यं]** कहने योग्य है **[तु]** और **[यत्]** जो **[निश्चयस्य]**

यथा शिल्पिकस्तु चेष्टां करोति भवति च तथानन्यस्तस्याः ।
तथा जीवोऽपि च कर्म करोति भवति चानन्यस्तस्मात् ॥३५४॥
यथा चेष्टां कुर्वाणस्तु शिल्पिको नित्यदुःखितो भवति ।
तस्माच्च स्यादनन्यस्तथा चेष्टमानो दुःखी जीवः ॥३५५॥

यथा खलु शिल्पी सुवर्णकारादिः कुंडलादिपरद्रव्यपरिणामात्मकं कर्म करोति । हस्तकुट्टकादिभिः परद्रव्यपरिणामात्मकैः करणैः करोति । हस्तकुट्टकादीनि परद्रव्यपरिणामात्मकानि करणानि गृह्णाति । ग्रामादिपरद्रव्यपरिणामात्मकं कुंडलादिककर्मफलं भुंक्ते च । नत्वनेकद्रव्यत्वेन ततोऽन्यत्वे सति तन्मयो भवति ततो निमित्तनैमित्तिकभावमात्रेणैव तत्र कर्तृकर्मभोक्तृभोग्यत्वव्यवहारः । तथात्मापि पुण्यपापादि पुद्गलपरिणामात्मकं कर्म करोति । कायवाङ्मनोभिः

ज्ञानाविर्व्यक्तिरूपस्य कार्यसमयसारस्य योऽसौ साधको निर्विकल्पसमाधिरूपः कारणसमयसारस्तस्याभावे सत्यशुद्धनिश्चयनयेन अशुद्धोपादानरूपेण मिथ्यात्वरागादिरूपं भावकर्म करोति तेन भावकर्मणा सह भवति चानन्य इति भावकर्मकर्तृत्वगाथा गता । **जह चेट्ठं कुव्वंतो दु सिप्पिओ णिच्च दुःखितो होदि** यथा स एव शिल्पी कुंडला-

---

निश्चय के [वचनं] वचन हैं वे [परिणामकृतं] अपने परिणामों से किये [भवति] होते हैं [शृणु] उनको सुनो । [यथा] जैसे [शिल्पिकः] शिल्पी [चेष्टां करोति] अपने परिणामस्वरूप चेष्टारूप कर्म को करता है [तु च] परंतु [तस्या अनन्यः तथा] वह उस चेष्टा से भिन्न नहीं [भवति] होता है, तन्मय है [तथा] उसी तरह [जीवोपि च] जीव भी [कर्म] अपने परिणामस्वरूप चेष्टारूपकर्म को [करोति] करता है [तस्मात्] उस चेष्टारूप कर्म से [अनन्यः भवति] अन्य नहीं है, तन्मय है । [यथा तु] जैसे [शिल्पिकः] शिल्पी [चेष्टां कुर्वाणः] चेष्टा करता हुआ [नित्यदुःखितो भवति] निरंतर दुःखी होता है [तस्माच्च] उस दुःख से [अनन्यः स्यात्] पृथक् नहीं है, तन्मय है [तथा] उसी तरह [जीवः] जीव भी [चेष्टमानः दुःखी] चेष्टा करता हुआ दुःखी होता है ।

टीका—जिस प्रकार निश्चय से सुनार आदि शिल्पी कुंडल आदि परद्रव्य के परिणामस्वरूप कर्म को करता है, हथौड़ा आदि परद्रव्य के परिणामस्वरूप करणों द्वारा करता है, हथौड़ा आदि परद्रव्य के परिणामस्वरूप करणों को ग्रहण करता है, और कुंडल आदि कर्म का फल ग्राम धन आदि परद्रव्य के परिणामस्वरूप को पाता है, उनको भोगता है, तो भी वे सभी भिन्न-भिन्न द्रव्य हैं, उनसे अन्य है, इसलिये उनसे तन्मय नहीं होता, इस कारण वहां निमित्त-नैमित्तिक भावमात्र से ही उनके कर्ता-कर्मपने का और भोक्ता-भोग्यपने का व्यवहार है । उसी प्रकार आत्मा भी पुण्य-पाप आदि पुद्गल द्रव्यस्वरूप कर्म को करता है, मन वचनकाय पुद्गलद्रव्यस्वरूप करणों द्वारा कर्म को करता है, मन वचनकाय पुद्गलद्रव्य के परिणामस्वरूप करणों को ग्रहण करता है और सुख-दुःख आदि पुद्गल

पुद्गलद्रव्यपरिणामात्मकैः करणैः करोति कायवाङ्मनांसि पुद्गलद्रव्यपरिणामात्मकानि करणानि गृह्णाति सुखदुःखादिपुद्गलद्रव्यपरिणामात्मकं पुण्यपापादिकर्मफलं भुंक्ते च नत्वनेकद्रव्यत्वेन ततोऽन्यत्वे सति तन्मयो भवति ततो निमित्तनैमित्तिकभावमात्रेणैव तत्र कर्तृकर्मभोक्तृभोग्यत्व-व्यवहारः। यथा च स एव शिल्पी चिकिर्षुश्चेष्टानुरूपमात्मपरिणामात्मकं कर्म करोति। दुःख-लक्षणमात्मपरिणामात्मकं चेष्टानुरूपं कर्मफलं भुंक्ते च एकद्रव्यत्वेन ततोऽनन्यत्वे सति तन्मयश्च भवति ततः परिणामपरिणामिभावेन तत्रैव कर्तृकर्मभोक्तृभोग्यत्वनिश्चयः। तथात्मापि चिकिर्षुश्चे-ष्टानुरूपमात्मपरिणामात्मकं कर्म करोति। दुःखलक्षणमात्मपरिणामात्मकं चेष्टानुरूपकर्मफलं भुंक्ते च एकद्रव्यत्वेन ततोनन्यत्वे सति तन्मयश्च भवति ततः परिणामपरिणामिभावेन तत्रैककर्तृकर्म-भोक्तृभोग्यत्वनिश्चयः ॥३४९—३५५॥

ननु परिणाम एव किल कर्मविनिश्चयतः
स भवति नापरस्य परिणामिन एव भवेत्।
न भवति कर्तृशून्यमिह कर्म न चैकतया
स्थितिरिह वस्तुनो भवतु कर्तृ तदेव ततः ॥२११॥

दिकमेवमेवं करोमीति मनसि चेष्टां कुर्वाणः सन् चित्तखेदेन नित्यं दुःखितो भवति। न केवलं दुःखितः। **तयो सेय**

द्रव्य के परिणामस्वरूप पुण्य पाप आदि कर्मों के फल को भोगता है, सो भिन्न द्रव्यपने से उनसे अन्य होने पर उनसे तन्मय नहीं होता। इसलिये निमित्त-नैमित्तिक भावमात्र से ही वहां कर्ता-कर्मपना भोक्ता भोग्यपने का व्यवहार है। जैसे वही शिल्पी करने का इच्छुक हुआ अपने हस्त आदि की चेष्टारूप अपने परिणामस्वरूप कर्म को करता है और दुःखस्वरूप अपने परिणामरूप चेष्टामय कर्म के फल को भोगता है उन परिणामों को अपने एक ही द्रव्यपने से अनन्य होने से उनसे तन्मय होता है। इसलिये उनमें परिणाम-परिणामी भाव से कर्ता कर्मपने का तथा भोक्ता भोग्यपने का निश्चय है। उसी तरह आत्मा भी करने का इच्छुक हुआ अपने उपयोग की तथा प्रदेशों की चेष्टारूप अपने परिणामस्वरूप कर्म को करता है और दुःख स्वरूप अपने परिणामरूप कर्म के फल को भोगता है। उन परिणामों के अपने एक ही द्रव्यपने से अन्यपना न होने से उन से तन्मय होता है। इसलिये उन परिणामों में परिणाम परिणामी भाव से कर्ता कर्मपने का और भोक्ता भोग्यपने का निश्चय है ॥३४९—३५५॥

अब इसी अर्थ का श्लोक कहते हैं—**ननु** इत्यादि। **अर्थ**—हे मुनियो! तुम यह निश्चय करो कि निश्चय से प्रगट परिणाम ही कर्म है, वह परिणाम अपने आश्रयरूपपरिणामी द्रव्य का ही होता है, अन्य का नहीं होता। क्योंकि परिणाम अपने अपने द्रव्य के आश्रय हैं अन्य के परिणाम का अन्य आश्रय नहीं होता। कर्म कर्ता के विना नहीं होता, वस्तु द्रव्य पर्यायस्वरूप है, इसलिए उसकी एक अवस्थारूप कूटस्थ स्थिति आदि नहीं होती, सर्वथा नित्यपना बाधा सहित है इस कारण यह निश्चय सिद्धांत है कि अपने परिणामरूप कर्म का आप ही कर्ता है ॥२११॥

बहिर्लुठति यद्यपि स्फुटदनंतशक्तिः स्वयं
तथाप्यपरवस्तुनो विशति नान्यवस्त्वंतरं ।
स्वभावनियतं यतः सकलमेव वस्त्विष्यते
स्वभावचलनाकुलः किमिह मोहितः क्लिश्यते ।।२१२।।
वस्तु चैकमिह नान्यवस्तुनो येन तेन खलु वस्तु वस्तु तत् ।
निश्चयोयमपरोऽपरस्य कः किं करोति हि बहिर्लुठन्नपि ।।२१३।।

अणण्णो तस्माद् दुःखविकल्पादनुभवरूपेणानन्यश्च स स्यात् **तह चेट्ठन्तो दुही जीवो** तथैवाज्ञानिजीवोऽपि विशुद्धज्ञान-दर्शनादिव्यक्तिरूपस्य कार्यसमयसारस्य साधको योऽसौ निश्चयरत्नत्रयात्मककारणसमयसारः, तस्यालाभे सुखदुःखभोक्तृत्वकाले हर्षविषादरूपां चेष्टा कुर्वाणः सन्मनसि दुःखितो भवति इति । तया हर्षविषादचेष्टया सह अशुद्धनिश्चयेनाशुद्धो-पादानरूपेणानन्यश्च भवति इति । एवं पूर्वोक्तप्रकारेणाज्ञानिजीवो निर्विकल्पस्वसंवेदनज्ञानात् च्युतो भूत्वा सुवर्णकारादि-दृष्टांतेन व्यवहारनयेन द्रव्यकर्म करोति भुंक्ते च । तथैवाशुद्धनिश्चयेन भावकर्म चेति व्याख्यानमुख्यत्वेन षष्ठस्थले गाथासप्तकं गतं ।।३४९—३५५।। अथ ज्ञानं ज्ञेयं वस्तु जानाति तथापि धवलकुड्ये श्वेतमृत्तिकावन्निश्चयेन तन्मयं

अब इसी अर्थ के समर्थन में कलशरूप काव्य कहते हैं— **बहिर्लुठति** इत्यादि । **अर्थ**—यद्यपि वस्तु आप प्रकाशरूप अनंतशक्ति स्वरूप है तो भी अन्यवस्तु अन्यवस्तु में प्रवेश नहीं करती बाहर ही लोटती है । क्योंकि ऐसा माना जाता है कि सभी वस्तु अपने अपने स्वभाव में नियम रूप हैं इसपर आचार्य कहते हैं कि ऐसा होनेपर भी यह जीव अपने स्वभाव से चलायमान होकर आकुलित तथा मोही हुआ क्लेशरूप क्यों होता है ? ।

भावार्थ—वस्तु स्वभाव तो नियम से ऐसा है कि किसी वस्तु में कोई वस्तु नहीं मिलती और यह बड़ा अज्ञान है कि यह प्राणी अपने स्वभाव से चलायमान होके व्याकुल (क्लेशरूप) हो जाता है ।।२१२।।

फिर इसी अर्थ को दृढ़ करने के लिये श्लोक कहते हैं—**वस्तु** इत्यादि । **अर्थ**—जैसे इस लोक में एक वस्तु दूसरी वस्तु की नहीं है, इसी कारण वस्तु वस्तुरूप ही है । ऐसा न माना जाय तो वस्तु का वस्तुपना हो नहीं ठहर सकता ऐसा निश्चय है । ऐसा होने पर अन्यवस्तु अन्यवस्तु के बाहर लोटती है तो भी उसका क्या कर सकती है कुछ भी नहीं कर सकती ।

भावार्थ—वस्तु का स्वभाव तो ऐसा है कि अन्य कोई वस्तु उसे बदल नहीं सकती, तब अन्य का अन्य ने कुछ भी नहीं किया । जैसे चेतन वस्तु के एक क्षेत्रावगाहरूप पुद्गल रहते हैं तो भी चेतन को जड़ द्वारा अपने रूप तो नहीं परिणमा सकते तब चेतन का कुछ भी नहीं किया, यह निश्चयनय का मत है, और निमित्त-नैमित्तिक भाव से अन्य वस्तु के परिणाम होता है वह भी उस वस्तु का ही है अन्य का कहना व्यवहार है ।।२१३।।

यत्तु वस्तु कुरुतेऽन्यवस्तुनः किंचनापि परिणामिनः स्वयं ।
व्यावहारिकदृशैव तन्मतं नान्यदस्ति किमपीह निश्चयात् ॥२१४॥

जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होइ ।
तह जाणश्रो दु ण परस्स जाणश्रो जाणश्रो सो दु ॥३५६॥
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होइ ।
तह पासश्रो दु ण परस्स पासश्रो पासश्रो सो दु ॥३५७॥
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया दु सा होइ ।
तह संजश्रो दु ण परस्स संजश्रो संजश्रो सो दु ॥३५८॥
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया दु सा होदि ।
तह दंसणं दु ण परस्स दंसणं दंसणं तं तु ॥३५९॥
एवं तु णिच्छयणयस्स भासियं णाणदंसणचरित्ते ।
सुणु ववहारणयस्स य वत्तव्वं से समासेण ॥३६०॥

न भवति इति निश्चयमुख्यत्वेन गाथापंचकं। यथैव च श्वेतमृत्तिका कुड्यं श्वेतं करोतीति व्यवह्रियते तथैव च ज्ञानं ज्ञेयं वस्तु जानात्येवं व्यवहारोऽस्तीति व्यवहारमुख्यत्वेन गाथापंचकं। एवं समुदायेन दशकं। तद्यथा;—यथा लोके

यही श्लोक से कहते हैं—यत्तु इत्यादि। **अर्थ**—कोई वस्तु अन्य वस्तु का कुछ करती है यदि ऐसा कहा जाय तो वस्तु आप परिणामी है, अवस्था से अन्य अवस्था रूप होना वस्तु का पर्याय स्वभाव है, इसीसे परिणामी कहते हैं, ऐसे परिणामी वस्तु के अन्य के निमित्त से परिणाम हुआ उसको ऐसा कहना कि यह अन्य ने किया यह व्यवहारनय की दृष्टि से है। और निश्चय से तो अन्य ने कुछ किया नहीं जो परिणाम हुआ वह अपना ही हुआ दूसरे ने उसमें कुछ भी लाकर नहीं रक्खा, ऐसा जानना ॥२१४॥

आगे इस निश्चयव्यवहारनय के कथन को दृष्टांत द्वारा स्पष्ट करते हैं **[यथा]** जैसे **[सेटिका तु]** सफेदी-कलई-खड़ियामिट्टी तो **[परस्य न]** पर की–दीवार आदि की नहीं है **[सेटिका]** सफेदी तो **[सा च सेटिका भवति]** स्वयं सफेदी ही है **[तथा]** उसी प्रकार **[ज्ञायकः तु]** ज्ञायक आत्मा तो **[परस्य न]** परद्रव्य का नहीं है **[ज्ञायकः स तु ज्ञायकः]** ज्ञायक तो ज्ञायक ही है। **[यथा]** जैसे **[सेटिका तु]** सफेदी **[परस्य न]** परद्रव्य की नहीं है **[सेटिका सा च सेटिका भवति]** सफेदी तो सफेदी ही है **[तथा]** उसी प्रकार **[दर्शकः तु]** देखने वाला आत्मा **[परस्य न]** पर का नहीं है **[दर्शकः स तु दर्शकः]** दर्शक तो दर्शक ही है **[यथा]** जैसे **[सेटिका तु]** सफेदी **[परस्य न]** पर पदार्थ दीवार आदि की नहीं है **[सेटिका]**

जह परदव्वं सेडिदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं जाणइ णाया वि सयेण भावेण ॥३६१॥
जह परदव्वं सेडिदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं पस्सइ जीवोवि सयेण भावेण ॥३६२॥
जह परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं विजहइ णायावि सयेण भावेण ॥३६३॥

श्वेतिका श्वेतिमृत्तिका खटिका परद्रव्यस्य कुड्यादेर्निश्चयेन श्वेतमृत्तिका न भवति तन्मयो न भवति बहिर्भागे तिष्ठतीत्यर्थः। तर्हि किं भवति ? श्वेतिका श्वेतिकैव स्वस्वरूपे तिष्ठितीत्यर्थः। तथा श्वेतमृत्तिकादृष्टांतेन ज्ञानात्मा घटपटादिज्ञेयपदार्थस्य निश्चयेन ज्ञायको न भवति तन्मयो न भवतीत्यर्थः तर्हि किं भवति। ज्ञायको ज्ञायक एव स्वस्वरूपे तिष्ठतीत्यर्थः। एवं ब्रह्माद्वैतवादिवत्—ज्ञानं ज्ञेयरूपेण न परिणमति इति कथनमुख्यत्वेन गाथा गता। तथा तेनैव च श्वेतमृतिकादृष्टांतेन दर्शक आत्मा दृश्यस्य घटादिपदार्थस्य निश्चयेन दर्शको न भवति, तन्मयो न भवतीत्यर्थः। तर्हि

सफेदी [सा च सेटिका भवति] वह तो सफेदो ही है [तथा] उसी प्रकार [संयतः तु] त्याग करने वाला आत्मा [परस्य न] परद्रव्य का नहीं है [संयतः स तु संयतः] संयत तो संयत ही है [यथा] जैसे [सेटिका तु] सफेदी [परस्य न] परद्रव्य की नहीं है, [सेटिका सा च सेटिका भवति] सफेदी तो सफेदी ही है [तथा] उसी प्रकार [दर्शनं तु] श्रद्धान [परस्य न] पर पदार्थ का नहीं है [दर्शनं] [तत्तु दर्शनं] श्रद्धान तो श्रद्धान ही है। [एवं तु] इस प्रकार [ज्ञानदर्शनचरित्रे] ज्ञान, दर्शन और चारित्र में [निश्चयनयस्य भाषितं] निश्चयनय का कथन है [तस्य च] और उस संबंध में [समासेन व्यवहारनयस्य वक्तव्यं शृणु] संक्षेप से व्यवहारनय का कथन सुनो।

[यथा] जैसे [सेटिका आत्मनः स्वभावेन] सफेदी अपने स्वभाव से [परद्रव्यं सेटयति] पर द्रव्य-दीवार आदि को सफेद करती है [तथा] उसी प्रकार [ज्ञाता अपि स्वकेन भावेन परद्रव्यं जानाति] ज्ञाता भी अपने स्वभाव से परद्रव्य को जानता है [यथा] जैसे [सेटिका आत्मनः स्वभावेन परद्रव्यं सेटयति] सफेदी अपने स्वभाव से परद्रव्य को सफेद करती है [तथा] उसी प्रकार [जीवः अपि स्वकेन भावेन परद्रव्यं पश्यति] जीव भी अपने स्वभाव से परद्रव्य को देखता है [यथा] जैसे [सेटिका आत्मनः स्वभावेन परद्रव्यं सेटयति] सफेदी अपने स्वभाव से परद्रव्य को सफेद करती है [तथा] उसी प्रकार [ज्ञाता अपि स्वकेन भावेन परद्रव्यं विजहाति] ज्ञानी भी अपने स्वभाव से परद्रव्य को छोड़ता है [यथा] जैसे [सेटिका आत्मनः स्वभावेन परद्रव्यं सेटयति] सफेदी अपने स्वभाव से परद्रव्य को सफेद करती है [तथा] उसी प्रकार [सम्यग्दृष्टिः स्वभावेन परद्रव्यं श्रद्धत्ते] सम्यग्दृष्टि

जह परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण ।
तह परदव्वं सद्दहइ सम्मदिट्ठी सहावेण ॥३६४॥
एवं ववहारस्स दु विणिच्छओ णाणदंसणचरित्ते ।
भणिओ अण्णेसु वि पज्जएसु एमेव णायव्वो ॥३६५॥(दशकम्)

यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति ॥
तथा ज्ञायकस्तु न परस्य ज्ञायको ज्ञायकः स तु ॥३५६॥
यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति ।
तथा दर्शकस्तु न परस्य दर्शको दर्शकः स तु ॥३५७॥
यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति ।
तथा संयतस्तु न परस्य संयतः संयतः स तु ॥३५८॥
यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति ।
तथा दर्शनं तु न परस्य दर्शनं दर्शनं तत्तु ॥३५९॥
एवं तु निश्चयनयस्य भाषितं ज्ञानदर्शनचरित्रे ।
शृणु व्यवहारनयस्य च वक्तव्यं तस्य समासेन ॥३६०॥
यथा परद्रव्यं सेटयति खलु सेटिकात्मनः स्वभावेन ।
तथा परद्रव्यं जानाति ज्ञातापि स्वकेन भावेन ॥३६१॥

किं भवति ? दर्शको दर्शक एव स्वस्वरूपेण तिष्ठतीत्यर्थः । एवं सत्तावलोकनदर्शनं दृश्यपदार्थरूपेण न परणमतीति कथन-मुख्यत्वेन गाथा गता । तथा तेनैव श्वेतमृत्तिकादृष्टांतेन संयत आत्मा त्याज्यस्य परिग्रहादेः परद्रव्यस्य निश्चयेन त्याजको न भवति, तन्मयो न भवतीत्यर्थः । तर्हि किं भवति । संयतः संयत एव निर्विकारनिजमनोहरानंदलक्षणस्वस्वरूपे तिष्ठ-तीत्यर्थः । एवं वीतरागचारित्रमुख्यत्वेन गाथा गता । तथैव च तेनैव श्वेतमृत्तिकादृष्टांतेन तत्त्वार्थश्रद्धानरूपं सम्यग्दर्शनं श्रद्धेयस्य बहिर्भूतजीवादिपदार्थस्य निश्चयनयेन श्रद्धानकारकं न भवति, तन्मयं न भवतीत्यर्थः । तर्हि किं भवति ? सम्य-ग्दर्शनं सम्यग्दर्शनमेव स्वस्वरूपे तिष्ठतीत्यर्थः । एवं तत्त्वार्थश्रद्धानलक्षणसम्यग्दर्शनमुख्यत्वेन गाथा गता । **एवं तु णिच्छयणयस्स भासिदं णाणदंसणचरित्ते** एवं पूर्वोक्तगाथाचतुष्टयेन भाषितं व्याख्यानं कृतं । कस्य संबंधित्वेन ? निश्चयनयस्य । क्व विषये ? ज्ञानदर्शनचारित्रे । **सुणु ववहारणयस्स य वत्तव्वं** इदानीं हे शिष्य ! शृणु समाकर्णय ।

अपने स्वभाव से परद्रव्य को श्रद्धान करता है [**एवं तु**] इस प्रकार [**ज्ञान दर्शन चरित्रे**] ज्ञान, दर्शन और चारित्र में [**व्यवहारनयस्य विनिश्चयः**] व्यवहारनय का निर्णय कहा है [**अन्येषु पर्यायेषु अपि एवं ज्ञातव्यः**] अन्य पर्यायों में भी ऐसा ही जानना ।

यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन ।
तथा परद्रव्यं पश्यति ज्ञातापि स्वकेन भावेन ॥३६२॥
यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन ।
तथा परद्रव्यं विजहाति ज्ञातापि स्वकेन भावेन ॥३६३॥
यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन ।
तथा परद्रव्यं श्रद्धत्ते ज्ञातापि स्वकेन भावेन ॥३६४॥
एवं व्यवहारस्य तु विनिश्चयो ज्ञानदर्शनचरित्रे ।
भणितोऽन्येष्वपि पर्यायेषु एवमेव ज्ञातव्यः ॥३६५॥

सेटिकात्र तावच्छ्वेतगुणनिर्भरस्वभावं द्रव्यं । तस्य तु व्यवहारेण श्वैत्यं कुड्यादिपरद्रव्यं । अथात्र कुड्यादेः परद्रव्यस्य श्वैत्यस्य श्वेतयित्री सेटिका किं भवति किं न भवतीति तदुभयतत्त्व-संबंधो मीमांस्यते—यदि सेटिका कुड्यादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवतीति तत्त्वसंबंधे जीवति सेटिका कुड्यादेर्भवंती कुड्यादिरेव भवेत्, एवं सति सेटि-कायाः स्वद्रव्योच्छेदः । न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद्द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः, ततो न भवति सेटिका कुड्यादेः । यदि न भवति सेटिका कुड्यादेस्तर्हि कस्य सेटिका भवति ? सेटिकाया एव सेटिका भवति । ननु कतरान्या सेटिका सेटिकाया यस्याः सेटिका भवति ? न खल्वन्या सेटिका सेटिकायाः । किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ । किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि । तर्हि न कस्यापि सेटिका, सेटिका सेटिकैवेति निश्चयः । यथा दृष्टांतस्तथायं दार्ष्टांतिकः ।

किं ? वक्तव्यं व्याख्यातं । कस्य संबंधित्वेन ? व्यवहारनयस्य । कस्य संबंधिव्यवहारः ? से तस्य पूर्वोक्तज्ञानदर्शनचारित्र-त्रयस्य । केन ? **समासेण** संक्षेपेण । इति निश्चयनयेन व्याख्यानमुख्यत्वेन सूत्रपंचकं गतं । **अथ व्यवहारः कथ्यते**—यथा येन प्रकारेण लोके परद्रव्यं कुड्यादिकं व्यवहारनयेन श्वेतयते श्वेतं करोति न च कुड्यादिपरद्रव्येण सह तन्मयी

टीका—प्रथम ही दृष्टांत कहते हैं—खडिया (सफेदी) श्वेतगुण से भरा हुआ द्रव्य है । कुटी भीत आदि परद्रव्य उसके व्यवहार से श्वेत किए जाते हैं । अब यहां यह विचारते हैं कि खडिया और परद्रव्य दोनों में परमार्थ से क्या संबंध है ? जो श्वेत करने योग्य कुटी आदि परद्रव्य हैं, उनको श्वेत करने वाली खडिया है या नहीं ? यदि ऐसा माना जावे कि सेटिका भीत आदि परद्रव्य की है, तो ऐसा न्याय है कि जो जिसका हो वह उस स्वरूप ही होता है । जैसे आत्मा का ज्ञान आत्मस्वरूप ही है । ऐसा परमार्थरूप तत्त्वसंबंधी जीवित (विद्यमान) होने पर सेटिका भीत आदि की हुई भीत आदि के स्वरूप होनी चाहिये, उससे पृथक् द्रव्य नहीं होना चाहिए । ऐसा होने पर सेटिका के निजद्रव्य का तो अभाव हो जायगा; भीत आदिक एकद्रव्य ही ठहरेगा । परंतु दूसरे द्रव्य का अभाव होना ठीक नहीं है क्योंकि एकद्रव्य का अन्य द्रव्यरूप होना तो पहले ही

चेतयितात्र तावद् ज्ञानगुणनिर्भरस्वभावं द्रव्यं तस्य तु व्यवहारेण ज्ञेयं पुद्गलादि परद्रव्यं। अथात्र पुद्गलादेः परद्रव्यस्य ज्ञेयस्य ज्ञायकश्चेतयिता किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते। यदि चेतयिता पुद्गलादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो

भवति। का कर्त्री ? श्वेतिका श्वेतमृत्तिका खटिका। केन कृत्वा श्वेतं करोति ? स्वकीयश्वेतभावेन। तथा तेन श्वेतमृत्तिकादृष्टांतेन परद्रव्यं घटादिकं ज्ञेयं वस्तु व्यवहारेण जानाति न च परद्रव्येण सह तन्मयो भवति। कोऽसौ कर्ता ? ज्ञातात्मा। केन जानाति ? स्वकीयज्ञानभावेनेति, प्रथमगाथा गता। तथैव च तेनैव श्वेतमृत्तिकादृष्टांतेन घटादिकं दृश्यं परद्रव्यं व्यवहारेण पश्यति न च परद्रव्येण सह तन्मयो भवति। कोऽसौ ? ज्ञातात्मा। केन पश्यति ? स्वकीयदर्शनभावेनेति द्वितीयगाथा गता। तथैव च तेनैव श्वेतमृत्तिकादृष्टांतेन परिग्रहादिकं परद्रव्यं व्यवहारेण विरमति

निषेध कर आये हैं; अन्य द्रव्य पलटकर अन्य द्रव्यरूप नहीं होता। इसलिये यह निश्चय हुआ कि खड़िया कुटी आदि परद्रव्य की नहीं है। यहां पूछते हैं कि यदि खड़िया भीत आदि की नहीं है तो किसकी है ? उसका उत्तर—खड़िया खड़िया की ही है। वहां फिर पूछते हैं कि वह अन्य खड़िया कौन सी है जिस खड़िया की यह खड़िया है ? उसका उत्तर—खड़िया से भिन्न अन्य कोई खड़िया नहीं है। तो क्या है ? खड़िया के स्वस्वामिरूप अंश ही है। सो ये अंशों के अन्यपना है। वहां कहते हैं कि, यहां पर निश्चयनय में स्वस्वामिअंश का व्यवहार से क्या लाभ है ? कुछ भी नहीं। इससे यह सिद्ध हुआ कि खड़िया अन्य किसी की भी नहीं, खड़िया खड़िया की है ऐसा निश्चय है। जैसा यह दृष्टांत है वैसा ही दार्ष्टांतिक अर्थ है। इस लोक में प्रथम तो चेतने वाला आत्मा ज्ञानगुण से भरे स्वभाववाला द्रव्य है, उसके व्यवहार से जानने योग्य पुद्गल आदिक परद्रव्य है। यहां उस आत्मा का और पुद्गल आदि परद्रव्य दोनों का परमार्थ तत्त्वरूप संबंध विचारते हैं कि पुद्गल आदि परद्रव्यों का चेतयिता आत्मा है या नहीं ? यदि ऐसा माना जाय कि चेतयिता आत्मा पुद्गल आदि परद्रव्य का है तो यह न्याय है कि जो जिसका हो वह वही है अन्य नहीं। इस तरह आत्मा का ज्ञान हुआ आत्मा ही है ज्ञान कुछ पृथक् द्रव्य नहीं है। ऐसे परमार्थरूप तत्त्व संबंध के जीवित (विद्यमान) होने पर आत्मा पुद्गलादिक का होवे तो पुद्गलादिक ही होना चाहिये। ऐसा होने पर आत्मा के स्वद्रव्य का अभाव हो जायगा, पुद्गल द्रव्य ही ठहरेगा, आत्मा अलग द्रव्य नहीं सिद्ध होगा। सो ऐसा नहीं होता है अर्थात् द्रव्य का अभाव नहीं होता। क्योंकि अन्य द्रव्य को पलटकर अन्य द्रव्य होने का निषेध तो पहले ही कह आये हैं। इसलिये चेतयिता आत्मा पुद्गलादिक परद्रव्य का नहीं होता। यहां पूछते हैं कि, चेतयिता आत्मा पुद्गलादि परद्रव्य का नहीं है तो किसका है ? उसका उत्तर—चेतयिता का ही चेतयिता है। फिर पूछते हैं कि वह दूसरा चेतयिता कौन सा है जिसका यह चेतयिता है ? उसका उत्तर—चेतयिता से अन्य कोई चेतयिता तो नहीं है। तो क्या है ? वहां कहते हैं कि स्वस्वामिअंश हैं, वे अन्य कहे जाते हैं। वहां पर कहते हैं यहां निश्चयनय में स्वस्वामीअंश के व्यवहार से क्या लाभ है ? कुछ भी नहीं। इसलिये यह सिद्ध हुआ कि ज्ञायक है वह निश्चय से अन्य किसी का ज्ञायक नहीं है आप ही ज्ञायक है ऐसा निश्चय है।

अब जैसा ज्ञायक दृष्टांत दार्ष्टांत से कहा वैसा ही दर्शक को कहते हैं। वहां खड़िया प्रथम तो श्वेत

ज्ञानं भवदात्मैव भवति इति तत्त्वसंबंधे जीवति चेतयिता पुद्गलादेर्भवन् पुद्गलादिरेव भवेत्, एवं सति चेतयितुः स्वद्रव्योच्छेदः। न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद्द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः। ततो न भवति चेतयिता पुद्गलादेः। यदि न भवति चेतयिता पुद्गलादेस्तर्हि कस्य चेतयिता भवति ? चेतयितुरेव चेतयिता भवति। ननु कतरोन्यश्चेतयिता चेतयितुर्यस्य चेतयिता भवति ? न खल्वन्यश्चेतयिता चेतयितुः, किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ। किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि। तर्हि न कस्यापि ज्ञायकः। ज्ञायको ज्ञायक एवेति निश्चयः। किं च सेटिकात्र तावच्छ्-

---

त्यजति न च परद्रव्येण सह तन्मयो भवति। स कः कर्ता ? ज्ञातात्मा। केन कृत्वा त्यजति ? स्वकीयनिर्विकल्पसमाधि-परिणामेनेति तृतीयगाथा गता। तथैव च तेनैव श्वेतमृत्तिकादृष्टांतेन जीवादिकं परद्रव्यं व्यवहारेण श्रद्दधाति न च पर-द्रव्येण सह तन्मयो भवति। स कः कर्ता ? सम्यग्दृष्टिः। केन कृत्वा ? स्वकीयश्रद्धानपरिणामेनेति चतुर्थगाथा गता।

गुण से भरे स्वभाव वाली द्रव्य है उससे व्यवहार से श्वेत करने योग्य कुटी आदि परद्रव्य है। सो सेटिका और कुटी आदि परद्रव्य इन दोनों का यहां परमार्थतत्त्वरूप संबंध विचारते है—श्वेत करने योग्य कुटी आदि परद्रव्य के श्वेत करने वाली खड़िया है या नहीं ? वहां जो खड़िया कुटी आदिक की है ऐसा मानो तो यह न्याय है कि जिसका जो हो वह वही है अन्य नहीं है। जैसे आत्मा का ज्ञान हुआ आत्मा ही है। ऐसे परमार्थरूप संबंध के विद्यमान होने पर खड़िया कुटी आदि की यदि हो तो कुटी आदिक होनी चाहिये। ऐसा होने पर खड़िया के स्वद्रव्य का नाश हो जायगा किंतु द्रव्य का उच्छेद नहीं होता। क्योंकि एक द्रव्य का अन्यद्रव्यरूप पलटने का पहले ही निषेध कर चुके है। इस कारण खड़िया कुटी आदि की नहीं है। यहां पूछते हैं—सेटिका कुटी आदि की नहीं हैं तो किसकी है ? उसका उत्तर—सेटिका सेटिका की ही है। फिर पूछते हैं-वह दूसरी सेटिका कौनसी है कि जिसकी यह सेटिका है ? उसका उत्तर—दूसरी सेटिका तो नहीं है कि जिसकी यह सेटिका हो सके। तो क्या है ? स्वस्वामि अंश ही अन्य है। वहां कहते हैं यहां निश्चयनय में स्वस्वामिअंश के व्यवहार से क्या साध्य है ? कुछ भी नहीं। तो यह सिद्ध हुआ कि सेटिका किसी की भी नहीं सेटिका सेटिका ही है ऐसा निश्चय है। जैसे यह दृष्टांत है वैसे यहां दार्ष्टांतिक अर्थ है—यहां चेतयिता आत्मा प्रथम ही दर्शनगुण से परिपूर्ण स्व-भाव वाला द्रव्य है, उसके व्यवहार से देखने योग्य पुद्गल आदि परद्रव्य हैं। अब यहां दोनों का परमार्थभूत तत्वरूप संबंध विचारते हैं कि जो पुद्गल आदि परद्रव्य है उसका चेतयिता है या नहीं ? यदि चेतयिता पुद्गल द्रव्यादि का है ऐसा मानो तो यह न्याय है कि जो जिसका होता है वह वही है अन्य नहीं है। जैसे आत्मा का ज्ञान हुआ आत्मा ही है ज्ञान भिन्न द्रव्य नहीं है ऐसे तत्त्वसंबंध के विद्यमान होनेपर चेतयिता पुद्गल आदि का हुआ पुद्गल आदिक ही हो सकेगा, भिन्न द्रव्य न हो सकेगा। ऐसा होनेपर चेतयिता के स्वद्रव्यका नाश हो जाएगा, परंतु द्रव्यका नाश होता नहीं। क्योंकि अन्यद्रव्य को पलट कर अन्यद्रव्य होने का पहले ही निषेध कर चुके हैं। इसलिये यह ठहरा कि चेतयिता पुद्गल द्रव्य आदि का नहीं हैं। यहां पूछते हैं कि चेतयिता पुद्गलद्रव्य आदि का नहीं है तो किसका है ? उसका उत्तर—चेत-

वेतगुणनिर्भरस्वभावं द्रव्यं तस्य तु व्यवहारेण श्वैत्यं कुड्यादि परद्रव्यं। अथात्र कुड्यादेः परद्रव्यस्य श्वैत्यस्य श्वेतयित्री सेटिका किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते।

एसो ववहारस्स दु विणिच्छियो णाणदंसणचरित्ते भणिदो भणितः कथितः। कोऽसौ कर्मतापन्नः ? एष प्रत्यक्षीभूतः, पूर्वोक्तगाथाचतुष्टयेन निर्दिष्टो विनिश्चयः, व्यवहारानुयायी निश्चय इत्यर्थः। कस्य संबंधी ? व्यवहारनयस्य। क्व विषये ? ज्ञानदर्शनचारित्रत्रये **अण्णेसु वि पज्जएसु एमेव णादव्वो** इयमोदनादिकं मया भुक्तं,

---

यिता का ही चेतयिता है। फिर पूछते हैं वह दूसरा चेतयिता कौनसा है जिसका यह चेतयिता है ? उसका उत्तर—चेतयिता से अन्य तो चेतयिता नहीं है। तो क्या है। स्वस्वामिअंश ही अन्य है। वहां कहते हैं कि यहां निश्चयनय में स्वस्वामिअंश का व्यवहार से क्या साध्य है ? कुछ भी नहीं। तब यह ठहरा कि चेतयिता किसी का भी दर्शक नहीं है दर्शक है वह दर्शक ही है। यहां निश्चयनय में स्वस्वामिअंश के व्यवहार से क्या साध्य है ? कुछ भी नहीं यह निश्चय है। अब इसी तरह चारित्र को भी कहते हैं—वहां जैसे सेटिका प्रथम ही जिसका स्वभाव श्वेतगुण से भरा है ऐसा द्रव्य है, उसके व्यवहार से श्वेत करने योग्य कुटी आदि परद्रव्य है। अब यहां दोनों का परमार्थ से संबंध विचारते हैं। श्वेत करने योग्य कुटी आदि परद्रव्य के श्वेत करने वाली सेटिका है या नहीं ? जो सेटिका कुटी आदि की है ऐसा मानिये तो यह न्याय है कि जो जिसका हो वह वही है अन्य नहीं है। जैसे आत्मा का ज्ञान हुआ आत्मा ही है अन्यद्रव्य नहीं है। ऐसे परमार्थरूप तत्त्व संबंध को जोवित (विद्यमान) होने पर सेटिका कुटी आदि की हुई कुटी आदि ही होगी। ऐसा होने पर सेटिका के स्वद्रव्य का उच्छेद हो जायगा सो द्रव्य का उच्छेद नहीं होता। क्योंकि अन्य द्रव्य को पलट कर अन्य द्रव्य होने का निषेध पहले कर चुके हैं। इसलिये सेटिका कुट्यादिक की नहीं है। वहां पूछते हैं कि कुट्यादि की नहीं है तो कौन सी सेटिका है ? उसका उत्तर—सेटिका की ही सेटिका है। फिर पूछते हैं कि वह दूसरी सेटिका कौन सी है जिसकी यह सेटिका है। उसका उत्तर—इस सेटिका से अन्य सेटिका तो नहीं है। तो क्या है ? स्वस्वामिअंश हैं वे ही अन्य हैं। वहां कहते हैं स्वस्वामिअंश से निश्चयनय में क्या साध्य है ? कुछ भी नहीं। तब यह ठहरा कि सेटिका अन्य किसी की भी नहीं है सेटिका सेटिका ही है ऐसा निश्चय है। जैसा यह दृष्टांत है वैसा दार्ष्टांतिक अर्थ है। चेतयिता आत्मा है वह प्रथम ही ज्ञान दर्शन गुण से भरा जिसका स्वभाव परके त्यागरूप है ऐसा द्रव्य है, उसके व्यवहार से त्यागने योग्य पुद्गल आदि परद्रव्य है। अब यहां दोनों के परमार्थतत्त्वरूप संबंध विचारते हैं—त्यागने योग्य पुद्गल आदि परद्रव्य के त्यागने वाला चेतयिता है या नहीं ? जो चेतयिता पुद्गल आदि परद्रव्य का है ऐसा मानिये तो यह न्याय है कि जिसका जो हो वह वही है जैसे आत्मा का ज्ञान होने से ज्ञान वह आत्मा ही है अन्यद्रव्य नहीं। ऐसा तत्त्वसंबंध विद्यमान होने पर चेतयिता पुद्गल आदि का हुआ पुद्गल आदिक ही होगा। ऐसा होने पर चेतयिता के स्वद्रव्य का उच्छेद हो जायगा। सो द्रव्य का उच्छेद होता नहीं। क्योंकि अन्यद्रव्य को पलट कर अन्यद्रव्य होने का प्रतिषेध पहले ही कर चुके हैं। इसलिये चेतयिता पुद्गलादिक का नहीं हो सकता। यहां पूछते हैं कि

यदि सेटिका कुड्यादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवतीति तत्त्वसंबंधे जीवति सेटिका कुड्यादेर्भवंती कुड्यादिरेव भवेत्, एवं सति सेटिकायाः स्वद्रव्योच्छेदः। न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद् द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः। ततो न भवति सेटिका कुड्यादेः। यदि न भवति सेटिका कुड्यादेस्तर्हि कस्य सेटिका भवति ? सेटिकाया एव सेटिका भवति। ननु कतरान्या सेटिका सेटिकायाः यस्याः सेटिका भवति ? न खल्वन्या सेटिका सेटिकायाः किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ। किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि। तर्हि न कस्यापि सेटिका, सेटिका सेटिकैवेति निश्चयः। यथायं दृष्टांतस्तथायं दार्ष्टांतिकः—चेतयितात्र तावद्दर्शनगुणनिर्भरस्वभावं द्रव्यं तस्य तु व्यवहारेण दृश्यं पुद्गलादि परद्रव्यं। अथात्र पुद्गलादेः परद्रव्यस्य दृश्यस्य दर्शकश्चेतयिता किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो

इदमहिविषकंटकादिकं त्यक्तं, इदं गृहादिकं कृतं, तत्सर्वं व्यवहारेण। निश्चयेन पुनः स्वकीयरागादिपरिणाम एव कृतो भुक्तश्च। एवमित्याद्यन्येष्वपि पर्यायेषु निश्चयव्यवहारनयविभागो ज्ञातव्य इति। किं च यदि व्यवहारेण परद्रव्यं जानाति तर्हि निश्चयेन सर्वज्ञो न भवतीति पूर्वपक्षे परिहारमाह—यथा स्वकीयसुखादिकं तन्मयो भूत्वा जानाति तथा बहिर्द्रव्यं न जानाति तेन कारणेन व्यवहारः। यदि पुनः परकीयसुखादिकमात्मसुखादिवत्तन्मयो भूत्वा जानाति तर्हि यथा स्वकीय-

---

चेतयिता पुद्गल आदि का नहीं है तो कौन सा चेतयिता है ? उसका उत्तर—चेतयिता का ही चेतयिता है। फिर पूछते हैं वह दूसरा चेतयिता कौनसा है ? जिसका यह चेतयिता है। उसका उत्तर—चेतयिता से अन्य चेतयिता तो नहीं है। तो क्या है ? स्वस्वामिग्रंश ही अन्य हैं। वहां कहते हैं—यहां निश्चयनय में स्वस्वामिग्रंश का व्यवहार से क्या साध्य है ? कुछ भी नहीं। तब यह ठहरा कि अपोहक (त्यागनेवाला) है, वह किसी का भी अपोहक नहीं है, अपोहक है वह अपोहक ही है ऐसा निश्चय है।

अब व्यवहार को कहते हैं—जैसे वही सेटिका जिसका स्वभाव श्वेतगुण से भरा हुआ है वह आप कुटी आदि परद्रव्य के स्वभाव से नहीं परिणमती तथा कुट्यादिक परद्रव्य को अपने स्वभाव से नहीं परिणमाती हुई जिसको कुट्यादि परद्रव्य निमित्त है ऐसे अपने श्वेतगुण से भरे स्वभाव के परिणाम से उपजती हुई कुट्यादि परद्रव्य को अपने स्वभाव से सफेद करती है। कैसा है परद्रव्य ? जिसको सेटिका निमित्त है ऐसे अपने स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न हुआ है। उसको श्वेत करती है ऐसा व्यवहार करते हैं। उसी तरह चेतयिता आत्मा भी जिसका स्वभाव ज्ञानगुण से भरा हुआ है ऐसा है। वह आप तो पुद्गलादि परद्रव्य के स्वभाव से परिणमित हुआ नहीं है और न ही पुद्गल आदि परद्रव्य को अपने स्वभाव से परिणमाता हुआ है। तथा जिसको पुद्गल आदि परद्रव्य निमित्त है ऐसे अपने ज्ञानगुण से भरे स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न होता हुआ है। वह पुद्गलादि परद्रव्य जिसको चेतयिता निमित्त है ऐसे अपने स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न हुआ है, उसको अपने स्वभाव से जानता है, ऐसा व्यवहार किया जाता है। ऐसा तो ज्ञान का व्यवहार है। अब दर्शनगुण का व्यवहार कहते हैं—जैसे वही सेटिका जिसका स्वभाव श्वेतगुण से भरा हुआ है, वह आप कुट्यादि

मीमांस्यते—यदि चेतयिता पुद्गलादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवति इति तत्त्वसंबंधे जीवति चेतयिता पुद्गलादेर्भवन् पुद्गलादिरेव भवेत्। एवं सति चेतयितुः स्वद्रव्योच्छेदः। न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद् द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः ? ततो न भवति चेतयिता पुद्गलादेः। यदि न भवति चेतयिता पुद्गलादेस्तर्हि कस्य चेतयिता भवति ? चेतयितुरेव चेतयिता भवति। ननु कतरोन्यश्चेतयिता चेतयितुर्यस्य चेतयिता भवति ? न खल्वन्यश्चेतयिता चेतयितुः किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ। किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि। तर्हि न कस्यापि दर्शकः, दर्शको दर्शक एवेति निश्चयः। अपि च सेटिका अत्र तावच्छ्वेतगुणनिर्भरस्वभावं द्रव्यं तस्य तु व्यवहारेण श्वैत्यं कुड्यादि परद्रव्यं। अथात्र कुड्यादेः परद्रव्यस्य श्वैत्यस्य श्वेतयित्री सेटिका किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते। यदि सेटिका कुड्यादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवति इति तत्त्वसंबंधे जीवति सेटिका कुड्यादेर्भवंती कुड्यादिरेव भवेत्। एवं सति सेटिकायाः स्वद्रव्योच्छेदः। न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद् द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः ? ततो न भवति सेटिका कुड्यादेः। यदि न भवति सेटिका कुड्यादेस्तर्हि कस्य सेटिका भवति ?

सुखसंवेदने सुखी भवति तथा परकीयसुखदुःखसंवेदनकाले सुखी दुःखी च प्राप्नोति न च तथा। यद्यपि स्वकीयसुखसंवेदनापेक्षया निश्चयः, परकीयसुखसंवेदनापेक्षया व्यवहारस्तथापि छद्मस्थजनापेक्षया सोऽपि निश्चय एवेति। ननु सौग-

---

परद्रव्य के स्वभाव से तो परिणमन नहीं करती हुई है और कुड्यादि परद्रव्य को अपने स्वभाव से परिणमन नहीं कराती हुई है। तथा जिसको कुड्यादि परद्रव्य निमित्त हैं, ऐसे श्वेतगुण से भरे अपने स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न हुई है। वह कुड्यादि परद्रव्य जिसको सेटिका निमित्त है ऐसा अपने स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न हुआ है। उसको अपने स्वभाव से सफेद करती है, ऐसा व्यवहार किया जाता है। उसी तरह चेतयिता भी जिसका स्वभाव दर्शनगुण से भरा है ऐसा है। वह स्वयं (आप) तो पुद्गल आदि परद्रव्य के स्वभाव से परिणमन नहीं करता है और पुद्गल आदि परद्रव्य को भी अपने स्वभाव से परिणमन नहीं कराता है। तथा जिसको पुद्गल आदि परद्रव्य निमित्त हैं ऐसा अपने दर्शनगुण से भरे स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न हुआ है। वह पुद्गल आदि परद्रव्य जिसको चेतयिता निमित्त है ऐसे अपने स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न हुए को अपने स्वभाव से देखता है ऐसा व्यवहार किया जाता है। इस तरह दर्शनगुण का व्यवहार है। अब चारित्र का व्यवहार कहते हैं—जैसे वही सेटिका जिसका स्वभाव श्वेतगुण से भरा है ऐसी है वह आप कुड्यादि परद्रव्य के स्वभाव से परिणमन नहीं करती हुई है तथा कुड्यादि परद्रव्य को अपने स्वभाव से नहीं परिणमाती हुई है। और जिसको कुड्यादि परद्रव्य निमित्त है ऐसा श्वेतगुण से भरे अपने स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न हुई है तथा यह कुड्यादि परद्रव्य जिसको सेटिका निमित्त है ऐसा अपने स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न उसको

सेटिकाया एव सेटिका भवति। ननु कतरान्या सेटिका सेटिकाया यस्याः सेटिका भवति ? न खल्वन्या सेटिका सेटिकायाः किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ। किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि तर्हि न कस्यापि सेटिका, सेटिका सेटिकैवेति निश्चयः। यथायं दृष्टांतस्तथायं दार्ष्टांतिकः—चेतयितात्र तावद् ज्ञानदर्शनगुणनिर्भरपरापोहनात्मकस्वभावं द्रव्यं। तस्य तु व्यवहारेणापोह्यं पुद्गलादिपरद्रव्यं। अथात्र पुद्गलादेः परद्रव्यस्यापोह्यस्यापोहकः चेतयिता किं भवति किं न भवतीति ? तदुभयतत्त्वसंबंधो मीमांस्यते। यदि चेतयिता पुद्गलादेर्भवति तदा यस्य यद्भवति तत्तदेव भवति यथात्मनो ज्ञानं भवदात्मैव भवति इति तत्त्वसंबंधे जीवति चेतयिता पुद्गलादेर्भवन् पुद्गलादिरेव भवेत्। एवं सति चेतयितुः स्वद्रव्योच्छेदः। न च द्रव्यांतरसंक्रमस्य पूर्वमेव प्रतिषिद्धत्वाद्द्रव्यस्यास्त्युच्छेदः। ततो न भवति चेतयिता पुद्गलादेः। यदि न भवति चेतयिता पुद्गलादेस्तर्हि कस्य चेतयिता भवति ? चेतयितुरेव चेतयिता भवति। ननु कतरोऽन्यश्चेतयिता चेतयितुर्यस्य चेतयिता भवति ? न खल्वन्यश्चेतयिता चेतयितुः किंतु स्वस्वाम्यंशावेवान्यौ। किमत्र साध्यं स्वस्वाम्यंशव्यवहारेण ? न किमपि। तर्हि न कस्याप्यपोहकः, अपोहकोऽपोहक एवेति निश्चयः। अथ व्यवहारव्याख्यानम्। यथा च सैव सेटिका श्वेतगुणनिर्भरस्वभावा स्वयं कुड्यादिपरद्रव्यस्वभावेनापरिणममाना कुड्यादिपरद्रव्यं चात्मस्वभावेनापरिणमयन्ती कुड्यादिपरद्रव्यनिमित्तकेनात्मनः श्वेतगुणनिर्भरस्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमाना कुड्यादिपरद्रव्यं सेटिकानिमित्तकेनात्मनः स्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानमात्मस्वभावेन श्वेतयतीति व्यवह्रियते तथा चेतयितापि ज्ञानगुणनिर्भरस्वभावः स्वयं पुद्गलादिपरद्रव्यस्वभावेनापरिणममानः पुद्गलादिपरद्रव्यं चात्मस्वभावेनापरिणमयन् पुद्गलादिपरद्रव्यनिमित्तकेनात्मनो ज्ञानगुणनिर्भरस्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानः पुद्गलादिपरद्रव्यं चेतयितृनिमित्तकेनात्मनः स्वभावस्य परिणामेनोत्पद्यमानमात्मनः स्वभावेन जानातीति व्यवह्रियते। किंच यथा च सैव सेटिका श्वेतगुणनिर्भरस्वभावा स्वयं कुड्यादिपरद्रव्यस्वभावेनापरिणममाना कुड्यादिपरद्रव्यं चात्मस्वभावेनापरिणमयंती कुड्यादिपरद्रव्यनिमित्तकेनात्मनः श्वेतगुणनिर्भर-

---

तोऽपि ब्रूते व्यवहारेण सर्वज्ञः, तस्य किमिति दूषणं दीयते भवद्भिरिति ? तत्र परिहारमाह—सौगतादिमते यथा निश्चयापेक्षया व्यवहारो मृषा, तथा व्यवहाररूपेणापि व्यवहारो न सत्य इति, जैनमते पुनर्व्यवहारनयो यद्यपि निश्चयापेक्षया मृषा तथापि व्यवहाररूपेण सत्य इति। यदि पुनर्लोकव्यवहाररूपेणापि सत्यो न भवति तर्हि सर्वोऽपि लोकव्यवहारो

सेटिका अपने स्वभाव से श्वेत करती है। ऐसा व्यवहार किया जाता है। उसी तरह चेतयिता आत्मा भी ज्ञानदर्शन गुण से भरा परके अपोहन (त्याग) रूप स्वभाव है। वह स्वयं पुद्गलादि परद्रव्य के स्वभाव से परिणमन नहीं करता है और पुद्गलादि परद्रव्य को भी अपने स्वभाव से नहीं परिणमाता। तथा पुद्गलादि परद्रव्य जिसको निमित्त है ऐसा अपने ज्ञानदर्शनगुण से भरा पर के त्याग करने रूप स्वभाव के परिणाम से उत्पन्न हुआ है। सो जिसको चेतयिता निमित्त है ऐसा अपने स्वभाव के परिणाम से

नन्वनेकांतमयस्यापि किमर्थमत्रात्मनो ज्ञानमात्रतया व्यपदेशः ? लक्षणप्रसिद्ध्या लक्ष्यप्रसिद्ध्यर्थं। आत्मनो हि ज्ञानं लक्षणं तदसाधारणगुणत्वात्तेन ज्ञानप्रसिद्ध्या तल्लक्ष्यस्यात्मनः प्रसिद्धिः। ननु किमनया लक्षणप्रसिद्ध्या लक्ष्यमेव प्रसाधनीयं नाप्रसिद्धलक्षणस्य[1] लक्ष्यस्यप्रसिद्धिः प्रसिद्धलक्षणस्यैव तत्प्रसिद्धेः। ननु किं तल्लक्ष्यं यज्ज्ञानप्रसिद्ध्या ततो भिन्नं प्रसिद्ध्यति ? न ज्ञानाद्भिन्नं लक्ष्यं ज्ञानात्मनोर्द्रव्यत्वेनाभेदात्। तर्हि किं कृतो लक्ष्यलक्षणविभागः ? प्रसिद्धप्रसाध्यमानत्वात् कृतः। प्रसिद्धं हि ज्ञानं ज्ञानमात्रस्य स्वसंवेदनसिद्धत्वात्। तेन प्रसिद्धेन प्रसाध्यमानस्तदविनाभूतानंतधर्मसमुदयमूर्तिरात्मा ततो ज्ञानमात्राचलितनिखातया दृष्ट्या क्रमाक्रमप्रवृत्तं तदविनाभूतमनंतधर्मजातं यद्यावल्लक्ष्यते तत्तावत्समस्तमेवैकः खल्वात्मा। एतदर्थमेवात्रास्य ज्ञानमात्रतया व्यपदेशः। ननु क्रमाक्रमप्रवृत्तानंतधर्ममयस्यात्मनः कथं ज्ञानमात्रत्वं ? परस्परव्यतिरिक्तानंतधर्मसमुदायपरिणतैकज्ञप्तिमात्रभावरूपेण स्वयमेव भवनात्। अत एवास्य ज्ञानमात्रैकभावांतःपातिन्योऽनंताः शक्तय उत्प्लवंते। आत्मद्रव्यहेतुभूतचैतन्यमात्रभावधारणलक्षणा जीवत्वशक्तिः। अजडत्वात्मिका चितिशक्तिः। अनाकारोपयोगमयी दृशिशक्तिः। साकारोपयोगमयी ज्ञानशक्तिः। अनाकुलत्वलक्षणा सुखशक्तिः। स्वरूपनिर्वर्तनसामर्थ्यरूपा वीर्यशक्तिः। अखंडितप्रतापस्वातंत्र्य-

---

शुद्धात्मनि विशुद्धाधारभूतेऽनुष्ठानमध्यात्मं। इदं प्राभृतशास्त्रं ज्ञात्वा किं कर्तव्यं ? सहजशुद्धज्ञानानंदैकस्वभावोऽहं निर्वि-

---

भावरूपकर अपने आप (स्वयमेव) होने से आत्मा के ज्ञानमात्रपना है। आत्मा के जितने धर्म हैं वे सभी ज्ञान के परिणमनस्वरूप हैं। यद्यपि उनमें लक्षण भेद से भेद है तो भी प्रदेशभेद नहीं है इसलिये एक असाधारण ज्ञान के कहने से सभी इसमें आगये। इसीसे इस आत्मा का ज्ञानमात्र जो एक भाव उसके अंतःपातिनी (इसी में आकर पड़ने वाली) अनंत शक्तियां उदय होतीं (उघड़ती) हैं ॥२६३॥

उनमें से कितनी एक शक्तियों को कहते हैं। उनका टीका में संस्कृत पाठ है उनकी वचनिका लिखते हैं—**आत्म** इत्यादि। **अर्थ**—प्रथम तो जीवत्वनामा शक्ति है। वह कैसी है ? आत्मद्रव्य को कारणभूत जो चैतन्यमात्र भाव वही हुआ भाव प्राण उसका धारण जिसका लक्षण है ऐसी है। **अजड** इत्यादि। **अर्थ**—यह दूसरी चितिशक्ति है। वह कैसी है ? जिसका स्वरूप जड़ रहित चेतना है ऐसी है। **अनाका** इत्यादि। **अर्थ**—यह तीसरी दर्शन क्रिया रूप शक्ति है। कैसी है ? जिसमें ज्ञेयरूप आकार का विशेष नहीं ऐसे दर्शनोपयोगमयी (सत्तामात्र पदार्थ से उपयुक्त होने स्वरूप) है। **साकारो** इत्यादि। **अर्थ**—यह चौथी ज्ञान शक्ति है। वह कैसी है ? ज्ञेयपदार्थ के आकार रूप विशेष से उपयुक्त होने वाले ज्ञानमयी है। **अना** इत्यादि। **अर्थ**—यह पांचवीं सुख शक्ति है। कैसी है ? आकुलता से रहितपना जिसका लक्षण है ऐसी है। **स्वरूप** इत्यादि। **अर्थ**—यह छठी वीर्य शक्ति है। कैसी है ? अपने आत्मस्वरूप की रचना की सामर्थ्य रूप है। **अखंडित** इत्यादि। **अर्थ**—वह सातवीं प्रभुत्व शक्ति है। कैसी है ?

---

१. लक्ष्यप्रसिद्धिः इत्यपि पाठः।

शालित्वलक्षणा प्रभुत्वशक्तिः। सर्वभावव्यापकैकभावरूपा विभुत्वशक्तिः। विश्वविश्वसामान्यभाव-परिणतात्मदर्शनमयी सर्वदर्शित्वशक्तिः। विश्वविश्वविशेषभावपरिणामात्मज्ञानमयी सर्वज्ञत्वशक्तिः। नीरूपात्मप्रदेशप्रकाशमानलोकालोकाकारमेचकोपयोगलक्षणा स्वच्छत्वशक्तिः। स्वयंप्रकाशमान-विशदस्वसंवित्तिमयी प्रकाशशक्तिः। क्षेत्रकालानवच्छिन्नचिद्विलासात्मिकाऽसंकुचितविकाशत्व-शक्तिः। अन्याक्रियमाणाऽन्याकारकैकद्रव्यात्मिका अकार्यकारणशक्तिः। परात्मनिमित्तकज्ञेय-ज्ञानाकारग्रहणग्राहणस्वभावरूपा परिणम्यपरिणामकत्वशक्तिः। अन्यूनातिरिक्तस्वरूपनियतत्वरूपा त्यागोपादानशून्यत्वशक्तिः। षट्स्थानपतितवृद्धिहानिपरिणतस्वरूपप्रतिष्ठत्वकारणविशिष्टगुणा-

---

कल्पोऽहं, उदासीनोऽहं निजनिरंजनशुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुष्ठानरूपनिश्चयरत्नत्रयात्मकनिर्विकल्पसमाधिसंजातवीतराग-

---

जिसका प्रताप किसी से खंडित न किया जाय ऐसा जो स्वाधीनपना उससे शोभायमानपना जिसका लक्षण है ऐसी है। **सर्व** इत्यादि। **अर्थ**—यह आठवीं विभुत्वनामक शक्ति है। सब भावों में व्यापक जो एक भाव उस रूप है, जिसका ज्ञान एक भाव सब भावों में व्याप्त होता है। **विश्व** इत्यादि। **अर्थ**—यह नौमी सर्वदर्शित्व नामक शक्ति है। समस्त पदार्थों का समूह रूप जो लोक अलोक उसका सामान्य-भाव सत्तामात्र उसके देखने रूप जिसका स्वरूप परिणत हुआ है ऐसे देखने वाली है। **विश्व** इत्यादि। **अर्थ**—समस्त पदार्थों का समूह रूप लोक अलोक उनके समस्त जो आकार सहित भाव उनके जानने रूप जिसका स्वरूप परिणत हुआ है ऐसी ज्ञानमयी दशवीं सर्वज्ञत्व नामा शक्ति है। **नीरूपा** इत्यादि। **अर्थ**—अमूर्तीक आत्मा का प्रदेशों में प्रकाशमान जो लोक अलोक के आकार से अनेक आकार रूप दीखता उपयोग जिसका लक्षण है ऐसी स्वच्छत्व नामा ग्यारहवीं शक्ति है। जिस प्रकार दर्पण में घटपटादि प्रकाशित हों, ऐसी स्वच्छता है। **स्वयं** इत्यादि। **अर्थ**—अपने आप प्रकाशमान स्पष्ट अपने अनुभवमयी प्रकाश नामा बारहवीं शक्ति है। **क्षेत्र** इत्यादि। **अर्थ**—क्षेत्र काल से अमर्यादरूप चैतन्य का विलास उस स्वरूप असंकुचित विकासत्व नामा तेरहवीं शक्ति है। **अन्या** इत्यादि। **अर्थ**—अन्य से न करने योग्य और अन्य का कारण नहीं ऐसा एकद्रव्य उस स्वरूप अकार्य कारणत्वनामा चौदहवीं शक्ति है। **परात्म** इत्यादि। **अर्थ**—पर और आप जिनका निमित्त है ऐसे ज्ञेयाकार ज्ञानाकार उनका ग्रहण करना और ग्रहण कराना ऐसा स्वभाव जिसका रूप है, ऐसी परिणम्य परिणामकत्व नामा पंद्रहवीं शक्ति है, यह शक्ति ज्ञेयाकार और ज्ञानाकार आप ही परिणमती है। **अन्यूना** इत्यादि। **अर्थ**—न घटे न बढ़े ऐसे स्वरूप में नियम रूप जैसे का तैसा रहना उस रूप त्यागोपादान शून्यत्व नामा सोलहवीं शक्ति है। **षट्** इत्यादि। **अर्थ**—षट् स्थान, पतित, वृद्धि, हानिरूप परिणत हुआ जो वस्तु के निजस्वरूप की प्रतिष्ठा का कारण विशेष अगुरु लघुत्वनामा गुण उस स्वरूप अगुरुलघुत्वनामा सत्रहवीं शक्ति है। इस षट् स्थान पतित हानि वृद्धि का स्वरूप गोमटसार ग्रंथ से जानना, यह अविभाग प्रतिच्छेद की संख्या रूप

त्मिका—अगुरुलघुत्वशक्तिः। क्रमाक्रमवृत्तिवृत्तित्वलक्षणोत्पादव्ययध्रुवत्वशक्तिः। द्रव्यस्वभावभूतध्रौव्यव्ययोत्पादालिंगितसदृशविसदृशरूपैकाऽस्तित्वमात्रमयी परिणामशक्तिः। कर्मबंधव्यपगमव्यंजितसहजस्पर्शादिशून्यात्मप्रदेशात्मिका अमूर्तत्वशक्तिः। सकलकर्मकृतज्ञातृत्वमात्रातिरिक्तपरिणामकरणोपरमात्मिका अकर्तृत्वशक्तिः। सकलकर्मकृतज्ञातृत्वमात्रातिरिक्तपरिणामानुभवोपरमात्मिका अभोक्तृत्वशक्तिः। सकलकर्मोपरमप्रवृत्तात्मप्रदेशनैष्पंद्यरूपा निष्क्रियत्वशक्तिः। आसंसारसंहरणविस्तरणलक्षितकिंचिदूनचरमशरीरपरिमाणावस्थितलोकाकाशसम्मितात्मावयवत्वलक्षणा नियतप्रदेशत्वशक्तिः। सर्वशरीरैकस्वरूपात्मिका स्वधर्मव्यापकत्वशक्तिः स्वपरसमाना-

---

सहजानंदरूपसुखानुभूतिमात्रलक्षणेन स्वसंवेदनेन सवेद्योगम्यः प्राप्योभरितावस्थोहं। राग, द्वेष, मोह, क्रोध, मान-

---

षट् स्थानों से वस्तु स्वभाव का घटना बढ़ना वस्तु के स्वरूप को ठहराने का कारण ऐसा ही कोई गुण है उसको अगुरुलघु गुण कहते हैं, सो यह भी शक्ति आत्मा में है। **क्रमा** इत्यादि। **अर्थ**—क्रमवृत्ति रूप पर्याय, अक्रम वृत्ति रूप गुण, उनका वर्तना जिसका लक्षण है ऐसी उत्पादव्यय-ध्रुवत्वनामा अठारहवीं शक्ति है, क्रमवर्ती पर्याय तो उत्पाद व्यय रूप होते है और सहवर्ती गुण ध्रुव रूप रहते हैं। **द्रव्य** इत्यादि। **अर्थ**—द्रव्य के स्वभाव भूत ऐसे ध्रौव्य-व्यय-उत्पादो से स्पर्शित जो समान रूप व असमान रूप परिणाम उन स्वरूप एक अस्तित्वमात्रमयी उन्नीसवी परिणाम शक्ति है। कर्म बध के अभाव से व्यक्त हुआ जो स्वभाव से ही स्पर्श, रस, गंध, वर्ण से रहित आत्मा का प्रदेश उस स्वरूप अमूर्तत्व नामा बीसवीं शक्ति है। **सकल** इत्यादि। **अर्थ**—सब कर्मों से किये गये ज्ञातापने मात्र से भिन्न परिणाम उनके करने का अभाव स्वरूप इक्कीसवीं अकर्तृत्व शक्ति है, आत्मा ज्ञातापने के अतिरिक्त कर्म से किये परिणामों का कर्ता नहीं है यह भी इसमें शक्ति है। **सकल** इत्यादि। **अर्थ**—सकल कर्मों से किये ज्ञातापने मात्र से भिन्न जो परिणाम उनके नही भोगने रूप अभोक्तृत्व नामा बाईसवी शक्ति है। आत्मा ज्ञातापने के सिवाय कर्म के किये अन्य परिणामों का भोक्ता नही है यह भी इसमें शक्ति है। **सकल** इत्यादि। **अर्थ**—सब कर्मों के अभाव से प्रवृत्त हुआ जो आत्मा के प्रदेशों का निश्चलपना उस स्वरूप तेईसवीं निष्क्रियत्व शक्ति है। सब कर्मों का जब अभाव होता है तब प्रदेशों का कंप मिट जाता है इसलिये यह शक्ति भी इसमें है। **आसंसार** इत्यादि। **अर्थ**—अनादि संसार से लेकर संकोच विस्तार से चिह्नित और किंचित् ऊन चरम-शरीर प्रमाण से अवस्थित ऐसे दोनों भावों को लिये हुये लोकाकाश परिणाम स्वरूप अवयवपना जिसका लक्षण है ऐसी नियत प्रदेशत्व शक्ति चौबीसवीं है। आत्मा के लोक परिणाम असंख्यात प्रदेश नियत हैं वे संसार अवस्था में चरम शरीर से कुछ कम अवस्थित हैं ऐसी शक्ति है। **सर्व** इत्यादि। **अर्थ**—सब ही शरीरों में एक स्वरूप रहना, यह पच्चीसवीं स्वधर्म व्यापकत्वशक्ति है। शरीर के धर्मरूप न होना और अपने धर्मों में व्याप्त होना यह शक्ति है। **स्वपर** इत्यादि। **अर्थ**—अपने पर के समान धर्म व असमान धर्म व समानासमान

समानसमानासमानत्रिविधभावधारणात्मिका साधारणासाधारणसाधारणासाधारणधर्मत्वशक्तिः । विलक्षणानंतस्वभावभावितैकभावलक्षणानंतधर्मत्वशक्तिः । तदतद्रूपमयत्वलक्षणा विरुद्धधर्मत्वशक्तिः । तद्रूपभवनरूपा तत्त्वशक्तिः । अतद्रूपाऽभवनरूपा अतत्त्वशक्तिः । अनेकपर्यायव्यापकैकद्रव्यमयत्वरूपा एकत्वशक्तिः । एकद्रव्यव्याप्यानेकपर्यायमयत्वरूपा अनेकत्वशक्तिः । भूतावस्थत्वरूपा भावशक्तिः । शून्यावस्थत्वरूपाऽभावशक्तिः । भवत्पर्यायव्ययरूपा भावाभावशक्तिः । अभवत्पर्यायोदयरूपाऽभावभावशक्तिः । भवत्पर्यायभवनरूपा भावभावशक्तिः । अभवत्पर्यायाऽभवनरूपाऽभावाभावशक्तिः । कारकानुगतक्रियानिष्क्रांतभवनमात्रमयी भावशक्तिः । कारकानुगतभवत्तारूपभावमयी क्रियाशक्तिः । प्राप्यमाणसिद्धरूपभावमयी कर्मशक्तिः । भवत्तारूपसिद्धरूपभावभावकत्वमयी कर्तृशक्तिः । भवद्भावभवनसाधकतमत्वमयी करणशक्तिः । स्वयं दीयमानभावोपेय-

---

माया-लोभ—पंचेंद्रियविषयव्यापार मनोवचनकायव्यापार—भावकर्म-द्रव्यकर्म-नोकर्म-ख्याति-पूजा-लाभ दृष्टश्रुतानुभूत-

---

धर्म ऐसे तीन प्रकार के भाव धारणस्वरूप साधारणासाधारण साधारणासाधारण धर्मत्व नामा छब्बीसवीं शक्ति है। **विलक्ष** इत्यादि । **अर्थ**—परस्पर भिन्न लक्षण स्वरूप जो अनन्त स्वभाव उनसे मिला हुआ जो एक भाव जिसका लक्षण है ऐसी सत्ताईसवीं अनंतधर्मत्व शक्ति है । **तद्** इत्यादि । **अर्थ**—तत्स्वरूप और अतत्स्वरूप जिसका लक्षण है ऐसी विरुद्ध धर्मत्व शक्ति अट्ठाईसवीं है । **तद्रूप** इत्यादि । **अर्थ**—तत्स्वरूप होना जिसका स्वरूप है ऐसी उनतीसवीं तत्त्वशक्ति है, जो वस्तु का स्वभाव है उसे तत्त्व कहते हैं वही तत्त्वशक्ति है । **अत** इत्यादि । **अर्थ**—तत्स्वरूप न होने रूप तीसवीं अतत्त्वशक्ति है, जैसे चेतन जडरूप नहीं होता यह शक्ति है । **अनेक** इत्यादि । **अर्थ**—अनेक पर्यायों में व्यापक जो एक द्रव्य उसमयीस्वरूप इकतीसवीं एकत्व शक्ति है । **एक** इत्यादि । **अर्थ**—एक द्रव्य में व्यापने योग्य अनेक पर्यायमय स्वरूप बत्तीसवीं अनेकत्व शक्ति है । **भूता** इत्यादि । **अर्थ**—विद्यमान परिणामों से अवस्थितस्वरूप तेतीसवीं भाव शक्ति है । **शून्या** इत्यादि । **अर्थ**—जिस परिणाम का अभाव है उसके शून्यत्व से अवस्थित स्वरूप चौंतीसवीं अभावशक्ति है । **भवत्** इत्यादि । **अर्थ**—वर्तमान में होने वाली पर्याय के व्यय होने रूप पैंतीसवीं भावाभावशक्ति है । **अभव** इत्यादि । **अर्थ**—वर्तमान में न होने वाले पर्याय के उदय होने रूप छतीसवीं अभाव भाव शक्ति है । **भवत्** इत्यादि । **अर्थ**—वर्तमान पर्याय के होने रूप (रहने रूप) सैंतीसवीं भावभाव शक्ति है । **अभ** इत्यादि । **अर्थ**—न होने वाले पर्याय के नहीं होने रूप अड़तीसवीं अभावाभाव शक्ति है । **कारका** इत्यादि । **अर्थ**—कर्ता कर्म आदि कारकों में अनुगत क्रिया से रहित होने मात्रमयी उनतालीसवीं भावशक्ति है । **कारका** इत्यादि । **अर्थ**—कारक के अनुसार होने रूप भावमयी चालीसवीं क्रियाशक्ति है । **प्राप्य** इत्यादि । **अर्थ**—पाने में आता ऐसा बनाबनाया जो भाव उसमयी इकतालीसवीं कर्मशक्ति है । **भवत्ता** इत्यादि । **अर्थ**—होने रूप

त्वमयी संप्रदानशक्तिः । उत्पादव्ययालिंगितभावापायनिरपायध्रुवत्वमयी अपादानशक्तिः । भाव्यमानभावाधारत्वमयी अधिकरणशक्तिः । स्वभावमात्रस्वस्वामित्वमयी संबंधशक्तिः ।

इत्याद्यनेकनिजशक्तिसुनिर्भरोऽपि यो ज्ञानमात्रमयतां न जहाति भावः।
एवं क्रमाक्रमविवर्तिविवर्तचित्रं तद्द्रव्यपर्ययमयं चिदिहास्ति वस्तु ॥२६४॥
नैकांतसंगतदृशा स्वयमेव वस्तुतत्त्वव्यवस्थितिरिति प्रविलोकयंतः ।
स्याद्वादशुद्धिमधिकामधिगम्य संतो ज्ञानी भवंति जिननीतिमलंघयंतः ॥२६५॥

भोगाकांक्षारूपनिदान-माया-मिथ्याशल्यत्रयादिसर्वविभावपरिणामरहितःशून्योऽहं। जगत्त्रयेऽपि कालत्रयेऽपि मनोवचनकायैः

जो सिद्ध रूपभाव उसके होने वाले पनामयी व्यालीसवीं कर्तृत्व शक्ति है। भव इत्यादि। **अर्थ**—होते हुए भाव के होने में अतिशयवान् साधकपनेमयी तेतालीसवीं करण शक्ति है। **स्वयं** इत्यादि। **अर्थ**—अपने ही से देने में आता जो भाव उसके प्राप्त होने योग्यपना पाने योग्यपनेमयी चौवालीसवीं संप्रदान शक्ति है। **उत्पाद** इत्यादि। **अर्थ**—उत्पादव्यय से स्पर्शित जो भाव उसके अपाय के होने से नष्ट न होता ऐसे ध्रुवपना उसमयी पैंतालीसवीं अपादान शक्ति है। **भाव्यमान** इत्यादि। **अर्थ**—भावने में आता जो भाव उसके आधारपनेमयी छयालीसवीं अधिकरण शक्ति है। **स्वभाव** इत्यादि। **अर्थ**—अपने भावमात्र स्वस्वामिपनेमयी संबंध शक्ति सैंतालीसवीं है, अपने भावों का स्वामी आप है, यह संबंध है। ऐसे सैंतालीस शक्तियों के नाम कहे। इनको आदि लेकर अनेक शक्तियों से युक्त आत्मा है तो भी ज्ञानमात्रपने को नहीं छोड़ता।

अब इस अर्थ का कलशरूप काव्य है—**इत्याद्य** इत्यादि **अर्थ**—ऐसे ये सैंतालीस शक्तियां अनेक अपनी शक्तियों से अच्छी तरह परिपूर्ण होने पर भी जो भाव ज्ञानमात्रमयीपने को नहीं छोड़ता वह चैतन्य आत्मा द्रव्यपर्यायमयी इस लोक में वस्तु है। क्रमरूप अक्रमरूप विशेष वर्तनेवाले जो विवर्त (परिणमन की विकाररूप अवस्था) उनसे अनेक प्रकार होकर प्रवर्तन करता है।

भावार्थ—कोई जानेगा कि ज्ञानमात्र कहा हुआ आत्मा एक स्वरूप ही है। किन्तु ऐसा नहीं है वस्तु का स्वरूप द्रव्य पर्यायमयी है चैतन्य भी वस्तु है वह अनन्त शक्ति से भरा है सो क्रमरूप व अक्रमरूप अनेक परिणामों के विकारों का समूह रूप अनेकाकार होता है परन्तु ज्ञान असाधारण भाव को नहीं छोड़ता सब अवस्थायें परिणाम पर्यायी हैं वे ज्ञानमय हैं ॥२६४॥

अब इस अनेक स्वरूप वस्तु को जो जानते हैं, श्रद्धान करते हैं और अनुभव करते हैं उनकी प्रशंसा में कलशरूप काव्य कहते हैं—**नैकांत** इत्यादि। **अर्थ**—वस्तु अपने आप अनेकांतात्मक है ऐसे वस्तुतत्त्व की व्यवस्था को अनेकांत में प्राप्त की गई दृष्टि से देखते हुए सत्पुरुष स्याद्वाद की अधिक शुद्धि को अंगीकार करके ज्ञानी होते हैं। और जिनेश्वरदेव के स्याद्वादन्याय को उल्लंघन नहीं करते।

भावार्थ—जो सत्पुरुष अनेकांत में लगायी हुई दृष्टि से ऐसे अनेकांतरूप वस्तुतत्त्व की मर्यादा को देखते हैं वे स्याद्वाद की शुद्धि को पाकर ज्ञानी होते हैं। वे जिनदेव के स्याद्वाद न्याय को उलंघन नहीं करते। स्याद्वादन्याय, वस्तु जैसी है वैसा कहता है, इस प्रकार स्याद्वाद का अधिकार पूर्ण हुआ ॥२६५॥

अथास्योपायोपेयभावश्चिंत्यते । आत्मवस्तुनो हि ज्ञानमात्रत्वेऽप्युपायोपेयभावो विद्यत एव । तस्यैकस्यापि स्वयं साधकसिद्धरूपोभयपरिणामित्वात् । तत्र यत्साधकं रूपं स उपायः । यत्सिद्धं रूपं स उपेयः । अतोऽस्यात्मनोऽनादिमिथ्यादर्शनाज्ञानाचारित्रैः स्वरूपप्रच्यवनात्संसरतः सुनिश्चलपरिगृहीतव्यवहारसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रपाकप्रकर्षपरंपरया क्रमेण स्वरूपमारोप्यमाणस्यांतर्मग्ननिश्चयसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रविशेषतया साधकरूपेण तथा परमप्रकर्ष[1]मकरिकाधिरूढरत्नत्रयातिशयप्रवृत्तसकलकर्मक्षयप्रज्वलितास्खलितविमलस्वभावभावतया सिद्धरूपेण च स्वयं परिणममानज्ञानमात्रमेकमेवोपायोपेयभावं साधयति । एवमुभयत्रापि ज्ञानमात्रस्यानन्यतया नित्यमस्खलितैकवस्तुनो निष्कंपपरिग्रहणात् तत्क्षण एव मुमुक्षूणामासंसारादलब्धभूमिकानामपि भवति भूमिकालाभः । ततस्तत्र नित्यदुर्ललितास्ते स्वत एव क्रमाक्रमप्रवृत्तानेकांतमूर्तयः साधकभावसंभवपरमप्रकर्षकोटिसिद्धिभावभाजनं भवंति । ये तु नेमामंतर्नीतानेकांतज्ञानमात्रैकभावरूपां भूमिमुपलभंते ते नित्यमज्ञानिनो भवंतो ज्ञानमात्रभावस्य स्वरूपेणाभवनं पररूपेण भवनं पश्यंतो जानंतोऽनुचरंतश्च मिथ्यादृष्टयो मिथ्याज्ञानिनो मिथ्याचारित्राश्च भवंतोऽत्यंतमुपायोपेयभ्रष्टा विभ्रमंत्येव ।

कृतकारितानुमतैश्च शुद्धनिश्चयेन तथा सर्वजीवाः । इति निरन्तरं भावना कर्तव्या । **इति स्याद्वादोऽधिकारः ।**

अब ज्ञानमात्र भाव के उपाय और उपेय दो भावों का विचार करते हैं । उपाय वह है जिससे पाने योग्य भाव पाये जांय, उसको मोक्षमार्ग भी कहते हैं और उपेय भाव पाने योग्य (आदर करने योग्य) भाव को कहते हैं । वह आत्मा का शुद्ध सब कर्मों से रहित भाव है, उसको मोक्ष भी कहते हैं । सो यद्यपि ज्ञानमात्र भाव एक है, तो भी अनेकांत स्वरूप है । उसमें स्याद्वाद से साधा हुआ उपाय और उपेय ये दोनों भाव एक में ही बनते हैं । उन्हींका विचार करते हैं—आत्म वस्तु के ज्ञान मात्र होने पर भी उपाय और उपेय भाव विद्यमान ही हैं, क्योंकि उस एक के भी अपने आप साधक और सिद्ध इन दोनों रूप परिणामीपना है । आत्मा तो परिणामी है और साधकपना व सिद्धपना ये दोनों परिणाम हैं । उनमें साधक रूप तो उपाय है और जो सिद्ध है वह उपेय है । क्योंकि इस आत्मा के अनादिकाल से मिथ्यादर्शन मिथ्याज्ञान-मिथ्या चारित्रों के कारण अपने स्वरूप से च्युत होने से संसार में भ्रमण करते हुए के भली प्रकार ग्रहण किये गए व्यवहार सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र के परिपाक (पचना) के बढ़ने की परपरा के अनुक्रम से अपने स्वरूप में अपने को आरोपण करने वाले के अंतर्मग्न निश्चय सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र के विशेषपने से साधक रूप है । इस तरह परमप्रकर्ष की पराकाष्ठा को प्राप्त रत्नत्रय की अतिशयता से प्रवर्तित, सकलकर्म के क्षय से देदीप्यमान, अस्खलित और विमल स्वभाव के कारण स्वयं सिद्धरूप से परिणत, ऐसा एक ही ज्ञान मात्र उपाय और उपेय भाव को सिद्ध करता है ।

भावार्थ—यह आत्मा अनादि काल से मिथ्यादर्शन, ज्ञान, चारित्र के कारण संसार में भ्रमण

---

१. मकरा एव मकरिका मर्यादा-इत्यर्थः ।

ये ज्ञानमात्रनिजभावमयीमकंपां भूमिं श्रयंति कथमप्यपनीतमोहाः ।
ते साधकत्वमधिगम्य भवंति सिद्धा मूढास्त्वमूमनुपलभ्य परिभ्रमंति ॥२६६॥
स्याद्वादकौशलसुनिश्चलसंयमाभ्यां यो भावयत्यहरहः स्वमिहोपयुक्तः ।
ज्ञानक्रियानयपरस्परतीव्रमैत्रीपात्रीकृतः श्रयति भूमिमिमां स एकः ॥२६७॥

अत्र ग्रंथे प्रचुरेण पदानां सन्धिर्न कृता । वाक्यानि च भिन्नभिन्नानि कृतानि सुखबोधार्थं । तेन कारणेन लिंग-

---

करता है । जब व्यवहार सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र को निश्चल अंगीकार करे, तब अनुक्रम से अपने स्वरूप के अनुभव की वृद्धि करता हुआ निश्चय सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र की पूर्णता को प्राप्त होता है तब तक तो साधक रूप है और निश्चय सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र की पूर्णता से सब कर्मों का नाश हो तब साक्षात् मोक्ष होता है, वही सिद्धरूप भाव है । सो इन दोनों भावरूप ज्ञान का ही परिणाम है, वही उपायोपेय भाव है । इस तरह दोनों ही भावों में ज्ञानमात्र का अनन्यपना है, और अन्यपना नही है । उससे निरंतर नहीं चिगता जो एक वस्तु उसके निष्कंप परिग्रहण से उसी काल मोक्ष के चाहने वाले पुरुषों के अनादि संसार से लेकर कभी जिन्होंने नहीं पायी ऐसी भूमिका इसप्रकार लाभ होता है, इसलिये वे सत्पुरुष वहां सदाकाल निश्चल हुए आप से ही क्रमरूप और अक्रमरूप प्रवर्ते अनेक धर्मों की मूर्ति हुए, साधक भाव से जिसकी उत्पत्ति है ऐसे परमप्रकर्ष की हदरूप सिद्ध भाव के पात्र होते हैं । और अनेक धर्म जिसमें गर्भित हैं ऐसे ज्ञानमात्र एक भावस्वरूप ऐसी भूमि को जो नही पाते वे नित्य अज्ञानी हुए ज्ञानमात्र भाव को अपने स्वरूपकर नहीं होना और पररूपकर होना श्रद्धान करते, जानते हुए और आचरण करते हुए मिथ्यादृष्टि हुए, मिथ्या ज्ञानी हुए, मिथ्या चारित्री हुए, अत्यंत उपायोपेय भाव से भ्रष्ट हुए संसार में भ्रमते ही रहते हैं ।

अब इस अर्थ का कलशरूप काव्य कहते हैं—**ये ज्ञान** इत्यादि । **अर्थ**—जिनका किसी तरह अज्ञान (मिथ्यात्व) दूर हो गया है ऐसे भव्यपुरुष ज्ञानमात्र, निजभावमयी निश्चल भूमिका को आश्रय करते हैं । वे पुरुष साधकपने को अंगीकार करके सिद्ध होते हैं । और जो मोही (अज्ञानी–मिथ्यादृष्टि) हैं वे इस भूमिका को न पाकर संसार में भ्रमण करते हैं ।

भावार्थ—जो पुरुष गुरु के उपदेश से तथा स्वयमेव काल लब्धि को पाकर मिथ्यात्व से रहित होते हैं वे ज्ञानमात्र अपने स्वरूप को पाकर साधक होकर सिद्ध होते हैं । और जो अपने को ज्ञानमात्र नहीं पाते, वे संसार में भ्रमण करते हैं ॥२६६॥

अब कहते हैं कि वे भूमिका किस प्रकार पाते हैं—**स्याद्वाद** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष स्याद्वाद-न्याय का प्रवीणपना और निश्चल व्रतसमितिगुप्तिरूप संयम इन दोनों के द्वारा अपने ज्ञानस्वरूप आत्मा में उपयोग लगाता हुआ आत्मा को निरंतर भाता है, वही पुरुष ज्ञाननय और क्रियानय से उन दोनों में परस्पर तीव्र मैत्रीभाव का पात्रभूत हुआ इस निज भावमयी भूमिका को पाता है ।

भावार्थ— जो ज्ञाननय को ही ग्रहण कर क्रियानय को छोड़ता है, वह प्रमादी स्वच्छंद हुआ

चित्पिंडचंडिमविलासिविकासहासः [1]शुद्धप्रकाशभरनिर्भरसुप्रभातः।
आनंदसुस्थितसदास्खलितैकरूपस्तस्यैव चायमुदयत्यचलार्चिरात्मा ॥ २६८ ॥
स्याद्वाददीपितलसन्महसि प्रकाशे शुद्धस्वभावमहिमन्युदिते मयीति ।
किं बंधमोक्षपथपातिभिरन्यभावैर्नित्योदयः परमयं स्फुरतु स्वभावः ॥ २६९ ॥
चित्रात्मशक्तिसमुदायमयोऽयमात्मा सद्यः प्रणश्यति नयेक्षणखंड्यमानः ।
तस्मादखंडमनिराकृतखंडमेकमेकांतशांतमचलं चिदहं महोऽस्मि ॥ २७० ॥

वचन-क्रिया-कारक-सन्धिसमास-विशेष्य-विशेषणवाक्य-समाप्त्यादिकं दूषणं न ग्राह्यं विवेकिभिः । शुद्धात्मादितत्त्वप्रति-

---

इस भूमि को नहीं पाता । और जो क्रियानय को ही ग्रहण कर ज्ञाननय को नहीं जानता वह भी शुभ कर्म से संतुष्ट हुआ इस निष्कर्म भूमिका को नहीं पाता । तथा जो ज्ञान पाकर निश्चल संयम को अंगीकार करते हैं उनके ज्ञाननय के और क्रियानय के परस्पर अत्यंत मित्रता होती है, वे ही इस भूमिका को पाते हैं । इन दोनों नयों के ग्रहण त्याग का स्वरूप व फल **पंचास्तिकाय** ग्रंथ के अन्त में कहा है वहां से जानना ।।२६७।।

अब काव्य से कहते हैं कि जो इस भूमिका को पाता है वही आत्मा को पाता है—**चित्पिंड** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष पूर्वोक्त प्रकार भूमिका को पाता है, उसी पुरुष के यह आत्मा उदय होता है । कैसा है आत्मा ? चैतन्यपिंड का निरर्गल विलास करने वाला जो प्रफुल्लित होना उस रूप जिसका फूलना है, शुद्ध प्रकाश के समूह से उत्तम प्रभात के समान उदय रूप है, आनंद से अच्छी तरह ठहरा सदा नहीं चिगता है एकरूप जिसका, जिसकी ज्ञान रूप दीप्ति अचल है । ऐसा है ।

भावार्थ—यहां चित्पिंड इत्यादि विशेषण से तो अनंत दर्शन का प्रकट होना बतलाया है, अचल शुद्धप्रकाश इत्यादि विशेषण से अनंतज्ञान का प्रकट होना जताया है, आनंदसुस्थित इत्यादि विशेषण से अनंतसुख का प्रकट होना जताया है और अचलार्चि इस विशेषण से अनंतवीर्य का प्रकट होना जतलाया है । पूर्वोक्त भूमि के आश्रय से ऐसा आत्मा का उदय होता है ।।२६८।।

अब काव्य से कहते हैं कि ऐसा ही आत्मस्वभाव हमारे भी प्रकट होवे—**स्याद्वाद** इत्यादि । **अर्थ**—स्याद्वाद से प्रकाशरूप हुआ है लहलहाट करता तेजःपुंज जिसमें, और जिसमें शुद्ध स्वभाव की महिमा है ऐसा ज्ञानप्रकाश मुझ में उदय होने से बंध मोक्ष के मार्ग से पटकने वाले अन्य भावों से क्या साध्य है ? मेरे तो केवल अनंत चतुष्टयरूप यह अपना स्वभाव ही निरंतर उदयरूप हुआ स्फुरायमान होवे ।

भावार्थ—स्याद्वाद के द्वारा यथार्थ आत्मज्ञान होने के बाद इसका फल पूर्ण आत्मा का प्रकट होना है । मोक्ष का इच्छुक पुरुष यही प्रार्थना करता है कि मेरा पूर्ण स्वभाव आत्मा उदय हो । अन्य भाव बंधमोक्ष मार्ग की कथारूप हैं उनसे क्या प्रयोजन है ? ।।२६९।।

अब काव्य से कहते हैं कि यद्यपि नयों के द्वारा आत्मा साधा जाता है तथापि यदि नयों पर ही

१-शुद्धप्रकाशभरेण निर्भरमत्यन्तं शद्धो भातः सुष्ठो उद्दीप्तः ।

न द्रव्येण खंडयामि। न क्षेत्रेण खंडयामि। न कालेन खंडयामि। न भावेन खंडयामि। सुविशुद्ध एको ज्ञानमात्रोभावोस्मि।

योऽयं भावो ज्ञानमात्रोऽहमस्मि ज्ञेयो ज्ञेयज्ञानमात्रः स नैव।
ज्ञेयो ज्ञेयः ज्ञानकल्लोलवल्गन् ज्ञानज्ञेयज्ञातृमद्वस्तुमात्रं ॥२७१॥

पावनविषये यदज्ञानात् किंचिद्विस्मृतं तदपि क्षमितव्यमिति। जयउ रिसि पउमणंदी जेण महातच्चपाहुडसेलो। बुद्धि-

---

दृष्टि रहे तो नयों में परस्पर विरोध भी है इसलिये मैं नयों का विरोध मिटाकर आत्मा का अनुभव करता हूं—**चित्रात्म** इत्यादि। **अर्थ**—यह आत्मा अनेक प्रकार की अपनी शक्तियों के समुदायमय है। नयों की दृष्टि से भेदरूप किया हुआ तत्काल खंड खंडरूप होकर नाश को प्राप्त होता है। इसलिये मैं अपने आत्मा को ऐसा अनुभव करता हूं कि मैं चैतन्यमात्र तेजरूप वस्तु हूं। जिसमें खंड दूर नहीं किये गये हैं तो भी खंड (भेद) रहित अखंड हूं एक हूं। जिसमें कर्म के उदय का लेश नहीं ऐसा शांतभावमय हूं और अचल हूं अर्थात् कर्म के उदय से चलाया नहीं चलता।

भावार्थ—आत्मा में अनेक शक्तियां हैं, एक एक शक्ति का ग्राहक एक एक नय है। सो नयों की एकांत दृष्टि से देखो तो आत्मा का खंड खंड हो नाश हो जाय। इसलिये स्याद्वादी, नयों का विरोध मेंट चैतन्यमात्र वस्तु अनेक शक्ति समूहरूप सामान्य विशेष स्वरूप सर्वशक्तिमय एक ज्ञानमात्र को अनुभव करता है। ऐसा वस्तु का स्वरूप है उसमें विरोध नहीं है ॥२७०॥

अब ज्ञानी अखंड आत्मा का ऐसा अनुभव करता है उसे कहते हैं—**न द्रव्येण** इत्यादि। **अर्थ**—ज्ञानी शुद्धनय का आलंबन लेकर ऐसा अनुभव करता है कि मैं अपने शुद्धात्म स्वरूप को न तो द्रव्य से खंडित करता हूं न क्षेत्र से खंडित करता हूं काल से खंडित नहीं करता और न भाव से खंडित करता है। अत्यंत विशुद्ध (निर्मल) एक ज्ञानमय भाव हूं।

भावार्थ—शुद्धनय से देखा जाय तब द्रव्य क्षेत्रकालभाव से शुद्ध चैतन्यमात्र भाव में कुछ भी भेद नहीं दीखता। इसलिये ज्ञानी अभेद ज्ञानस्वरूप अनुभव में भेद नहीं करता।

अब कहते हैं कि मैं तो ज्ञान हूं और ज्ञेय ज्ञेय हैं—**योऽयमित्यादि। अर्थ**—जो यह मैं ज्ञानमात्र भाव हूं सो ज्ञेय का ज्ञानमात्र नहीं जानना। तो यह ज्ञानमात्र भाव कैसा जानना? ज्ञेयों के आकार जो ज्ञान के कल्लोल उनको विलगता ऐसा ज्ञान वही ज्ञान, वही ज्ञेय, वही ज्ञाता इस तरह ज्ञान, ज्ञेय, ज्ञाता, इन तीन भावों सहित वस्तुमात्र जानना।

भावार्थ—अनुभव करते ज्ञानमात्र अनुभवें तब बाह्य ज्ञेय तो पृथक् ही हैं ज्ञान में बैठे नहीं और ज्ञेयों के आकार की झलक ज्ञान में है सो वह ज्ञान भी ज्ञेयाकाररूप दीखता है। ये ज्ञान के कल्लोल हैं सो ऐसा भी ज्ञान का स्वरूप है। आपसे आप जानने योग्य है इसलिये ज्ञेयरूप भी है। आप ही अपने को जानने वाला है इसलिए ज्ञाता भी है। ऐसे तीनों भावस्वरूप ज्ञान एक है। इसी से सामान्य विशेष स्वरूप वस्तु कहा जाता है, उस मात्र ही ज्ञानमात्र कहा जाता है। सो अनुभव करने वाला इसी तरह अनुभव करे कि ऐसा ज्ञानभाव यह मैं हूं ॥२७१॥

क्वचिल्लसति मेचकं क्वचिन्मेचकाऽमेचकं
क्वचित् पुनरमेचकं सहजमेव तत्त्वं मम ।
तथापि न विमोहयत्यमलमेधसां तन्मनः
परस्परसुसंहतप्रकटशक्तिचक्रं स्फुरत् ॥२७२॥
इतो गतमनेकतां दधदितः सदाप्येकता
मितः क्षणविभंगुरं ध्रुवमितः सदैवोदयात् ।
इतः परमविस्तृतं धृतमितः प्रदेशैर्निजै
रहो सहजमात्मनस्तदिदमद्भुतं वैभवं ॥२७३॥

सिरेणुद्धरिओ समप्पिओ भव्वलोयस्स ॥१॥ जं अल्लीणा जीवा तरंति संसारसायरमणंतं । तं सव्वजीवसरणं णंदउ

अब काव्य से कहते हैं कि अनुभव की दशा में अनेकरूप दीखते हैं तो भी यथार्थ ज्ञाता निर्मल ज्ञान को नहीं भूलता।

क्वचिल्ल इत्यादि । **अर्थ**—अनुभव करनेवाला कहता है कि मेरा आत्मतत्त्व कभीतो अनेकाकार दीखता है, कभी शुद्ध एकाकार दीखता है, कभी दोनों रूप दीखता है, तो भी जो निर्मल बुद्धि हैं उनके मन को भ्रम उत्पन्न नहीं करता, क्योंकि वह परस्पर अच्छी तरह मिलीं जो प्रगट अनेक शक्तियां उनके समूह स्वरूप स्फुरायमान होता है ।

भावार्थ—आत्मतत्त्व अनेक शक्तियों को लिये हुए है इसलिये किसी अवस्था में कर्म के उदय के निमित्त से अनेक आकार अनुभव में आते हैं, किसी अवस्था में शुद्ध एकाकार अनुभव में आता है और किसी अवस्था में शुद्धाशुद्धरूप अनुभव में आता है, तो भी यथार्थ ज्ञानी स्याद्वाद के बल से भ्रमरूप नहीं होता । जैसा है वैसा ही मानता है, ज्ञानमात्र से च्युत नहीं होता ॥२७२॥

अब काव्य से कहते हैं कि अनेकरूप को धारता यह आत्मा का अद्भुत आश्चर्यकारी विभव है—**इतो** इत्यादि । **अर्थ**—अहो ! बड़ा आश्चर्यकारी यह आत्मा का स्वाभाविक अद्भुत विभव है कि एक तरफ देखो तो अनेकता को धारण करता है, यह पर्याय दृष्टि है । एक तरफ देखिये तो सदा ही एकता ही धारता है, यह द्रव्यदृष्टि है । एक तरफ देखा जाय तो क्षणभंगुर है, वह क्रमभावी पर्यायदृष्टि है । एक तरफ देखा जाय तो ध्रुव दीखता है, यह सहभावी गुणदृष्टि है क्योंकि सदा उदयरूप दीखती है । एक तरफ देखिये तो परमविस्तारस्वरूप दीखता है, यह ज्ञान अपेक्षा सर्वगत दृष्टि है । और एक तरफ देखिये तो अपने प्रदेशों से ही धारण किया जाता है, यह प्रदेशों की अपेक्षादृष्टि है । ऐसे आश्चर्यरूप विभव को आत्मा धारण करता है ।

भावार्थ—यह द्रव्यपर्यायात्मक अनंतधर्मा वस्तु का स्वभाव है । जो पूर्ण अज्ञानी हैं उनके ज्ञान में आश्चर्य उत्पन्न होता है कि यह असम्भव सी बात है । ज्ञानियों के वस्तु स्वभाव में आश्चर्य नहीं है,तो भी ऐसा अद्भुत परम आनन्द होता है कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, यह आश्चर्य भी उपजता है ॥२७३॥

कषायकलिरेकतः स्खलति शांतिरस्त्येकतो
भवोपहतिरेकतः स्पृशति मुक्तिरप्येकतः।
जगत्त्रितयमेकतः स्फुरति चिच्चकास्त्येकतः
स्वभावमहिमात्मनो विजयतेऽद्भुतादद्भुतः ॥२७४॥

जयति सहजतेजः पुंजमज्जत्त्रिलोकी
स्खलदखिलविकल्पोऽप्येक एव स्वरूपः।
स्वरसविसरपूर्णाच्छिन्नतत्त्वोपलंभः
प्रसभनियमितार्चिश्चिच्चमत्कार एषः ॥२७५॥

जिणसासणं सुंदरं ॥२॥ यश्चाभ्यस्यति संभृणोति पठति प्रख्यापयत्यादरात्। तात्पर्याख्यमिदं स्वरूपरसिकैः संवर्णितं

अब इसी का अर्थरूप काव्य है—**कषाय** इत्यादि। **अर्थ**—आत्मा के स्वभाव की महिमा अद्भुत से अद्भुत विजयरूप प्रवर्तती है, किसी से बाधित नहीं होती। एक तरफ देखिये तो कषायों का क्लेश दीखता है, एक तरफ देखिये तो कषायों का उपशमरूप शांतभाव है, एक तरफ देखिये तो संसारसंबंधी पीड़ा दीखती है, एक तरफ देखिये तो संसार का अभावरूप मुक्ति भी स्पर्श करती है, और एक तरफ देखिये तो केवल (एक) चैतन्यमात्र ही शोभता है, इस प्रकार अद्भुत से अद्भूत महिमा है।

भावार्थ—यहां भी पहले काव्य के भावार्थरूप ही जानना। यह अन्यवादी सुनकर बड़ा आश्चर्य करते हैं। उनके चित्त में विरोध के कारण यह बात समझ में नहीं आ सकती। यदि उनके कभी श्रद्धा भी हो जाय तो प्रथम अवस्था में बड़ा अद्भुत दीखता है कि हमने अनादिकाल योंही खोया, ये जिनवचन बड़े उपकारी हैं, वस्तु का स्वरूप यथार्थ जताते हैं, ऐसा आश्चर्य कर श्रद्धान करता है ॥२७४॥

आगे टीकाकार इस सर्वविशुद्धज्ञान के परिशिष्ट अधिकार को पूर्ण करते हैं इसके अन्त के मंगल के लिये इस चिच्चमत्कार को ही काव्य से सर्वोत्कृष्ट कहते हैं—**जयति** इत्यादि। **अर्थ**—यह प्रत्यक्ष अनुभवगोचर चैतन्यचमत्कार जयवन्त प्रवर्तता है, किसी से बाधा न जाय इस तरह सर्वोत्कृष्ट हो प्रवर्तता है। अपने स्वभावस्वरूप प्रकाश के पुञ्ज में मग्न हुए जो तीन लोक के पदार्थ उनसे जिसमें अनेक भेद हुए दीखते हैं ऐसा है तो भी एक स्वरूप ही है, अर्थात् केवल ज्ञान में सब पदार्थ झलकते हैं वे अनेक ज्ञेयाकाररूप दीखते हैं तो भी चैतन्यरूप ज्ञानाकार की दृष्टि में एक ही स्वरूप है। अपने निज रस से पूर्ण ऐसा तत्त्व स्वरूप का पाना जिसका छिदा नहीं है अर्थात् प्रतिपक्षी कर्म का अभाव होने से जिसके स्वभाव का अभाव नहीं पाया जाता। प्रगट बलात्कार से जिसकी दीप्ति नियमरूप है, अपने अनंत वीर्य से निष्कम्प ठहर रहा है। ऐसा चिच्चमत्कार जयवंत है। यहां जयवंत कहने से सर्वोत्कृष्टपने कर रहना कहा सो यही मंगल है।

अविचलितचिदात्मन्यात्मनात्मानमात्म-
न्यनवरतनिमग्नं धारयद् ध्वस्तमोहं ।
उदितममृतचंद्रज्योतिरेतत्समंताज्-
ज्वलतु विमलपूर्णं निःसपत्नस्वभावं ॥२७६॥
मुक्तामुक्तैकरूपो यः कर्मभिः संविदादितः ।
अक्षयं परमात्मानं ज्ञानमूर्तिं नमाम्यहम् ॥१॥

अथ द्रव्यस्यादेशवशेनोक्तां सप्तभंगीमवतारयामः —स्यादस्ति द्रव्यं ।१। स्यान्नास्ति द्रव्यं ।२। स्यादस्ति नास्ति च द्रव्यं ।३। स्यादवक्तव्यं द्रव्यं ।४। स्यादस्ति चावक्तव्यं च द्रव्यं ।५।

प्राभृतं । शश्वद्रूपमलं विचित्रसकलज्ञानात्मकं केवलं ।

आगे टीकाकार अपने नाम को प्रगट करते हुए पूर्वोक्त आत्मा को ही आशीर्वाद देते हैं—**अविचलित** इत्यादि । **अर्थ**—यह अमृतचन्द्रज्योति अर्थात् जिसका मरण नहीं, तथा जिससे अन्य का भी मरण नहीं वह अमृत और अत्यंत स्वादुरूप मिष्ट हो उसे लोक रूढि से अमृत कहते हैं, ऐसी अमृतमयी चंद्रमा के समान ज्योति अर्थात् प्रकाशस्वरूपज्ञान या प्रकाशस्वरूपआत्मा वह उदय को प्राप्त हुआ सब क्षेत्रकाल में देदीप्यमान प्रकाशरूप रहो । कैसी है ? निश्चलचेतना जिसका स्वरूप है ऐसे आत्मा में आप ही द्वारा अपने आत्मा को निरंतर मग्न करती हुई धारती है, अपने प्राप्त किए स्वभाव को कभी नहीं छोड़ती । जिसका मोह नाश को प्राप्त हुआ है अर्थात् जिसने अज्ञान अन्धकार को दूर किया है । जिसका स्वभाव प्रतिपक्षी कर्म से रहित है । निर्मल है और पूर्ण है ।

भावार्थ—यहां आत्मा को अमृतचंद्रज्योति कहा, सो यह लुप्तोपमा अलंकार से कहा जानना, क्योंकि अमृतचंद्रवत् ज्योति ऐसा समास करने से वत् शब्द का लोप हो जाता है तब अमृतचंद्रज्योति कहा जाता है और वत् शब्द न करो तो अमृतचंद्ररूप ज्योति ऐसा कहना तब भेदरूपक अलंकार है । तथा अमृतचंद्रज्योति ऐसा ही आत्मा का नाम कहो तब अभेदरूपक अलंकार होता है । इसके विशेषणों के द्वारा चन्द्रमा से व्यतिरेक भी है, क्योंकि ध्वस्त मोह विशेषण तो अज्ञान अंधकार दूर होना बतलाता है और निर्मलपूर्ण विशेषण लांछन रहितपना पूर्णता बताता है । निःसपत्न स्वभाव विशेषण राहु बिम्ब से और बादल आदि से आच्छादित न होना बतलाता है । समंतात् ज्वलन है वह सब क्षेत्र और सब काल में प्रतापरूप प्रकाश करना बतलाता है । ऐसा चन्द्रमा नहीं है । अमृतचंद्र ऐसा टीकाकार ने अपना नाम भी सूचित किया है और इसका समास बदल कर अर्थ किया जाय तब अनेक अर्थ होते हैं, सो यथासंभव जानना चाहिये ।

मुक्तेत्यादि । **अर्थ**—जो कर्मों से मुक्त है और ज्ञानादि गुणों से अमुक्त है उस अविनाशी ज्ञानमूर्ति परमात्मा को नमस्कार करता हूँ ॥१॥

स्यान्नास्ति चावक्तव्यं च द्रव्यं ।६। स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्यं च द्रव्यं ।७। इति। अत्र सर्वथात्वनिषेधकोऽनेकांतद्योतकः कथंचिदर्थः स्याच्छब्दो निपातः। तत्र स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावैरादिष्टमस्ति द्रव्यं। परद्रव्यक्षेत्रकालभावैरादिष्टं नास्ति द्रव्यं। स्वपरद्रव्यक्षेत्रकालभावैरादिष्टमस्ति च नास्ति च द्रव्यं। स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावैः परद्रव्यक्षेत्रकालभावैश्च युगपदादिष्टमवक्तव्यं द्रव्यं। स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावैर्युगपत् स्वपरद्रव्यक्षेत्रकालभावैश्चादिष्टमस्ति चावक्तव्यं द्रव्यं। परद्रव्यक्षेत्रकालभावैः युगपत्स्वपरद्रव्यक्षेत्रकालभावैश्चादिष्टं नास्ति चावक्तव्यं द्रव्यं। स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावैः परद्रव्यक्षेत्रकालभावैश्च युगपत् स्वपरद्रव्यक्षेत्रकालभावैश्चादिष्टमस्ति च नास्ति चावक्तव्यं च द्रव्यमिति। इति सप्तभंगी समाप्ता॥ **इति स्याद्वादोऽधिकारः॥**

संप्राप्यापरदेऽपि मुक्तिललनारक्तः सदा वर्तते।

इतिश्रीकुंदकुंददेवाचार्यविरचितसमयसारप्राभृताभिधानग्रंथस्य संबंधिनी श्रीजयसेनाचार्यकृता दशाधिकारैरेकोनचत्वारिंशदधिकगाथाशतचतुष्टयेन तात्पर्यवृत्तिः समाप्ता।

अब द्रव्य को लेकर प्रतिपादित सप्तभंगी दिखाते हैं:—स्यादस्ति द्रव्यं १ स्यान्नास्ति द्रव्यं २ स्यादस्ति नास्ति च द्रव्यं ३ स्यादवक्तव्यं द्रव्यं ४ स्यादस्ति चावक्तव्यं च द्रव्यं ५ स्यान्नास्ति चावक्तव्यं च द्रव्यं ६ स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्यं च द्रव्यं ७।

यहाँ 'स्यात्' शब्द का अर्थ कथंचित् है जो एकान्त का निषेध और अनेकान्त का प्रकाश करता है। अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल भाव की अपेक्षा द्रव्य है १, अन्य द्रव्य, क्षेत्र, काल भाव की अपेक्षा द्रव्य नहीं है २, स्व परद्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की अपेक्षा द्रव्य है और नहीं है ३, स्वद्रव्य क्षेत्र काल भाव और परद्रव्य, क्षेत्र काल, भावों से युगपद् कहे जाने की अपेक्षा-अर्थात् नहीं कहा जासकता-द्रव्य अवक्तव्य है ४, स्वद्रव्यक्षेत्र काल, भाव और युगपत् स्वपरद्रव्य क्षेत्र काल भावों की अपेक्षा द्रव्य है और अवक्तव्य है ५, परद्रव्य क्षेत्र काल भाव और युगपत् स्वद्रव्य, क्षेत्र, काल भावों की अपेक्षा द्रव्य नहीं है और अवक्तव्य है ६, स्वद्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव और परद्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव तथा युगपत् स्वपरद्रव्य, क्षेत्र, काल भावों की अपेक्षा द्रव्य है और नहीं है तथा अवक्तव्य है ७,।

इस तरह सप्तभंगी समाप्त हुई।

सवैया इकतीसा—सुख विशुद्ध ज्ञानरूप सदा चिदानंद करता न भोगता न परद्रव्यभाव को,
मूरत अमूरत जे आनद्रव्य लोकमांहि ते भी ज्ञानरूप नहीं न्यारे न अभाव को।
यहै जानि ज्ञानी जीव आपकूं भजै सदैव ज्ञानरूप सुखरूप आन न लगाव को,
कर्म कर्मफलरूपचेतनाकूं दूरि टारि ज्ञानचेतना अभ्यास करे शुद्ध भाव को ॥१॥

इस प्रकार समयसार ग्रंथ की आत्मख्याति नाम टीका की वचनिका में सर्वविशुद्धज्ञान का स्याद्वाद अधिकार पूर्ण हुआ। इति स्याद्वाद अधिकार ॥

यस्माद्द्वैतमभूत् पुरा स्वपरयोर्भूतं यतोऽत्रांतरं ।
रागद्वेषपरिग्रहे सति यतो जातं क्रियाकारकैः ।
भुंजाना च यतोऽनुभूतिरखिलं खिन्नाक्रियायाः फलं ।
[1]तद्विज्ञानघनौघमग्नमधुना किंचिन्न किंचित् खलु ॥२७७॥
स्वशक्तिसंसूचितवस्तुतत्त्वैः
व्याख्याकृतेयं समयस्य शब्दैः ।

संस्कृतटीकाकार का वक्तव्य—अब संस्कृत टीका पूर्णकर अमृतचन्द्र आचार्य कहते हैं कि आत्मा में परसंयोग से अनेक भाव होते हैं। उनका वर्णन ग्रन्थों में है इसलिये सभी वर्णन इस विज्ञान घन में मग्न हुये कुछ भी नहीं दीखते।

यस्मात् इत्यादि। **अर्थ**—जिस परसंयोगरूप बंध पर्यायजनितअज्ञान से प्रथम तो अपना और पर का द्वैतरूप एकभाव हुआ, पुनः उस द्वैतपने से अपने स्वरूप में अंतर हुआ अर्थात् बंध पर्याय को ही आप जाना, उस अंतर के पड़ने से रागद्वेष का परिग्रहण हुआ, उसके होने से क्रिया और कर्ता कर्म आदि कारकों से भेद पड़ा, उस क्रिया कारक के भेद से आत्मा की जो अनुभूति है वह क्रिया के सब फल को भोगती खेदखिन्न हुई। ऐसा अज्ञान है। इसलिये जब ज्ञान हुआ तब उस विज्ञानघन के समूह में मग्न हो गया। अब इसको देखा जाय तो कुछ भी नहीं है, यह प्रगट अनुभव में आता है।

भावार्थ—अज्ञान है वह पर संयोग से ज्ञान ही अज्ञानरूप परिणमित हुआ था, कुछ दूसरी वस्तु तो थी नहीं। इसलिये अब ज्ञानरूप परिणमित हुआ तब कुछ भी न रहा। उस समय इस अज्ञान के निमित्त से राग-द्वेष, कर्ता-कर्म, सुख-दुख आदि भाव होते थे वे भी नष्ट हो गये, एक ज्ञान ही रह गया। तीन कालवर्ती अपने पर के सब भावों को आत्मा ज्ञाता द्रष्टा हुआ देखना चाहिये ॥२७७॥

आगे अमृतचन्द्र आचार्य इस ग्रंथ करने के अभिमानरूप कषाय को दूर करते हुये यथार्थ कहते हैं— **स्वशक्ति** इत्यादि। **अर्थ**—यह समय अर्थात् आत्मवस्तु तथा समयप्राभृत नाम शास्त्र, उसका व्याख्यान या यह आत्मख्याति नाम टीका शब्दों से की गई है। कैसे हैं शब्द ? अपनी शक्ति से ही अच्छी तरह कहा है वस्तु का यथार्थस्वरूप जिन्होंने। निज आत्मस्वरूप अमूर्तीक ज्ञानमात्र, उसमें गुप्त होने वाले (प्रवेश करने वाले) मुझ अमृतचन्द्र सूरि का कुछ भी कर्तव्य नहीं है।

भावार्थ—शब्द हैं वह तो पुद्गल है सो पुरुष के निमित्त से वर्णपद वाक्य रूप परिणमन करता है। सो इनमें वस्तु के स्वरूप के कहने की शक्ति स्वयमेव है क्योंकि शब्द और अर्थ का वाच्य-वाचक सम्बन्ध है, सो द्रव्यश्रुत की रचना शब्द को ही करना सम्भवती है। आत्मा अमूर्तीक और ज्ञान-स्वरूप है इसलिये मूर्तीक पुद्गल की रचना कैसे करे इसलिये आचार्य ने ऐसा कहा है कि यह समय प्राभृत की टीका शब्दों से की गई है, मैं तो अपने स्वरूप में लीन हूं मेरा कर्तव्य इसमें नहीं है। ऐसा

---

१. किल तत् किंचित् क्रियायाः फलं अधुना विज्ञानघनौघमग्नं न किंचित्।

स्वरूपगुप्तस्य न किंचिदस्ति
कर्तव्यमेवामृतचंद्रसूरेः ॥२७८॥

इति श्री—अमृतचन्द्राचार्यकृता समयसारव्याख्या आत्मख्यातिःसमाप्ता ॥

कहने से उद्धतपने का त्याग भी आता है। तथा निमित्तनैमित्तिक व्यवहार से ऐसा ही कहते हैं कि विवक्षित कार्य उस पुरुष ने किया, इस न्याय से अमृतचन्द्र आचार्यकृत यह टीका है ही। इसी न्याय से पढने सुनने वालो को उनका उपकार भी मानने योग्य है। क्योकि इसके पढने सुनने से परमार्थ आत्मा का स्वरूप जाना जाता है। उसका श्रद्धान आचरण होने पर मिथ्याज्ञान-श्रद्धान-आचरण दूर हो जाते हैं और परम्परया मोक्ष की प्राप्ति होती है इसलिये इसका निरतर अभ्यास करना योग्य है।

इस प्रकार समयसार ग्रन्थ की आत्मख्याति नामा टीका समाप्त हुई।

यहाँ तक गाथा तो ४१५ हुई और कलश काव्य २७८ हुये।

भाषाकार का वक्तव्य

सवैया इकतीसा—कुद कुद मुनि कियो गाथाबध प्राकृत है प्राभृत समय शुद्ध आतम दिखावनू,
सुधाचन्द्रसूरि करी सस्कृत टीकावर आत्मख्याति नाम यथातथ्य भावनू।
देश की वचनिका मे लिखि जयचन्द्र पढै सक्षेप अर्थ अल्प बुद्धिकू पावनू,
पढो सुनो मन लाय शुद्ध आतमा लखाय ज्ञान रूप गहौ चिदानन्द दरसावनू ॥१॥

दोहा—समयसार अविकार का वर्णन कर्ण सुनत,
द्रव्यभावनोकर्म तजि आतमतत्त्व लखत ॥२॥

इस प्रकार इस समयप्राभृत नामा ग्रन्थ की आत्मख्याति नामा सस्कृत टीका की देश भाषामय वचनिका लिखी है। सो यह उसका सक्षेप भावार्थरूप अर्थ लिखा है। सस्कृत टीका मे न्याय से सिद्ध हुये प्रयोग है, उनका विस्तार करो तब अनुमान प्रमाण के प्रयोग, प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण उपनय और निगमन रूप हैं उनका स्पष्टत व्याख्यान लिखा जाय तो ग्रन्थ बहुत बढ जाय इसलिये आयु, बुद्धि बल, स्थिरता अल्प होने से जितना बन सका उतना सक्षेप से प्रयोजनमात्र लिखा है उसको पढकर भव्य जीवो! पदार्थ समझना, और कुछ अर्थ मे हीनाधिकता हो तो हे बुद्धिमानो! मूल ग्रन्थ से जिस प्रकार हो, उस प्रकार समझना। काल दोष से इन ग्रथो की गुरुसप्रदाय का व्युच्छेद हो गया है इससे जितना बनता है, उतना अभ्यास होता है। जैनमत स्याद्वाद रूप है सो जो जिनमत की आज्ञा मानते है, उनके विपरीत श्रद्धान नही होता। कही अर्थ का अन्यथा समझना भी हो जाता है तो विशेष बुद्धिमान का निमित्त मिलने से यथार्थ हो जाता है। जिनमत के श्रद्धान करने वाले हठग्राही नही होते ऐसा जानना चाहिये।

अब अत मगल के लिये पच परमेष्ठी को नमस्कार कर ग्रथ समाप्त करते हैं—

मगल श्री अरहत घातिया कर्म निवारे,
मगल सिद्ध महत कर्म आठो पर जारे।

आचारज उवज्झाय मुनी मंगलमय सारे,
दीक्षाशिक्षा देय भव्य जीवनि कूं तारे।
अठवीस मूल गुण धार जे सर्व साधु अनगार हैं,
मैं नमूं पंच गुरु चरण कूं मंगल हेतु करार हैं ॥१॥

जैपुर नगर मांहि तेरा पंथ शैली बड़ी बड़े बड़े गुणी जहां पढ़ें ग्रन्थ सार हैं,
जयचन्द्र नाम मैं हूं तिनि में अभ्यास किछु कियो बुद्धिसारू धर्म रागतें विचारे हैं।
समयसार ग्रन्थ ताकी देश के वचन रूप भाषाकरी पढ़ो सुनूं करो निरधार है,
आपा पर भेद जानि हेय त्यागि उपादेय गहो शुद्ध आतम कूं यहै बात सार है ॥२॥

संवत्सर विक्रम तणूं अष्टादशशत और
चौसठि कातिकवदि दशैं पूरणग्रंथ सुठौर ॥३॥

इस प्रकार श्रीमत्कुंदकुंदाचार्यकृतसमयप्राभृतनामा प्राकृतगाथाबद्धग्रंथ की अमृतचंद्राचार्यकृत आत्मख्याति नामा संस्कृत टीका के अनुसार पं० जयचन्द्रकृत यह संक्षेप भावार्थ मात्र भाषाटीका सम्पूर्ण हुई।

॥ समाप्तोऽयं समयसारः ॥

॥ अथसमयसारस्य अकारादिक्रमेण गाथासूची ॥

	गा.सं.	पृ.सं.
अ		
अज्झवसाणणिमित्तं	२६७	३४४
अज्झवसिदेण बंधो	२६२	३३६
अट्ठवियप्पे कम्मे	१८२	२५१
अट्ठविहं पि य कम्मं	४५	८३
अण्णदविएण	३७२	४५५
अण्णाणमओ भावो	१२७	१८३
अण्णाणमया भावा	१२९	१८५
अण्णाणमया भावा	१३१	१८६
अण्णाणमोहिदमदी	२३	५२
अण्णाणस्स स उदओ	१३२	१८८
अण्णाणी कम्मफलं	३१६	४०२
अण्णाणी पुण रत्तो	२१९	२९९
अण्णो करेइ अण्णो	३४८	४२६
अत्ता जस्सामुत्तो	४०५	४६८
अपडिक्कमणं दुविहं	२८३	३६२
अपडिक्कमणं दुविहं दव्वे	२८४	३६२
अपरिग्गहो अणिच्छो	२१०	२८९
अपरिग्गहो अणिच्छो	२११	२९०
अपरिग्गहो अणिच्छो	२१२	२९१
अपरिग्गहो अणिच्छो	२१३	२९२
अपरिणमंतम्हि सयं	१२२	१७८
अप्पडिकमणं अप्पडिसरणं	३०७	३८६
अप्पाणमप्पणा रुंधिऊण	१८७	२५८
अप्पाणमयाणंता	३९	७६
अप्पाणमयाणंतो	२०२	२७७
अप्पा णिच्चो असंखिज्जपदेसो	३४२	४२१
अप्पाणं झायंतो	१८९	२५८
अरसमरूवमगंधं	४९	८६
अवरे अज्झवसाणेसु	४०	७६
असुहं सुहं व दव्वं	३८१	४५९
असुहं सुहं व रूवं	३७६	४५८
असुहो सुहो व गंधो	३७७	४५८
असुहो सुहो व गुणो	३८०	४५९
असुहो सुहो व फासो	३७९	४५९
असुहो सुहो व रसो	३७८	४५८
असुहो सुहो व सद्दो	३७५	४५८
अह जाणओ उ भावो	३४४	४२२
अह जीवो पयडी तह	३३०	४१५
अह ण पयडी ण जीवो	३३१	४१५
अह दे अण्णो कोहो	११५	१७३
अहमिक्को खलु सुद्धो	३८	७३
अहमिक्को खलु सुद्धो	७३	११९
अहमेदं एदमहं	२०	४९
अहवा एसो जीवो	३२९	४१५
अहवा मण्णसि मज्झं	३४१	४२१
अह सयमप्पा परिणमदि	१२४	१७८
अह संसारत्थाणं	६३	१०३
अह सयमेव हि परिणमदि	११६	;७५
आ		
आउक्खयेण मरणं	२४८	३३०
आउक्खयेण मरणं	२४९	३३०
आऊदयेण जीवदि	२५१	३३२
आऊदयेण जीवदि	२५२	३३२
आदम्हि दव्वभावे	२०३	२८०
आदा खु मज्झ णाणं	२७७	३५६
आधाकम्मं उद्देसियं	२८७	३६५
आधाकम्माईया	२८६	३६५
आभिणिसुदोहि	२०४	२८२
आयारादी णाणं	२७६	३५६
आयासं पि णाणं	४०१	४६२
आसि मम पुव्वमेदं	२१	४९
इ		
इणमण्णं जीवादो	२८	५८
इय कम्मबंधणाणं	२९०	३७०

	गा.सं.	पृ.सं.
उ		
उदओ असंजमस्स दु	१३३	१८८
उदयविवागो विविहो	१९८	२७३
उप्पण्णोदयभोगो	२१५	२९४
उप्पादेदि करेदि य	१०७	१६७
उम्मग्गं गच्छंतं	२३४	३१६
उवओगस्स अणाई	८९	१४३
उवओए उवओगो	१८१	२५१
उवघायं कुव्वंतस्स	२३९	३२२
उवघायं कुव्वंतस्स	२४४	३२६
उवभोगमिंदियेहिं	१९३	२६६
ए		
एएण कारणेण दु	८२	१३२
एए सव्वे भावा	४४	८०
एएसु य उवओगो	९०	१४४
एएहिं य संबंधो	५७	९७
एक्कं च दोण्णि तिण्णि	६५	१०४
एकस्स दु परिणामो	१४०	१९३
एकस्स दु परिणामो	१३८	१९१
एदह्मि रदो णिच्चं	२०६	२८५
एदाणि णत्थि जेसिं	२७०	३४८
एदे अचेदणाखलु	१११	१६९
एदेण कारणेण दु	१७६	२४१
एदेण दु सो कत्ता	९७	१५५
एदेसु हेदुभूदेसु	१३५	१८८
एदाहि य णिव्वत्ता	६६	१०४
एमादिए दु विविहे	२१४	२९३
एमेव कम्मपयडी	१४९	२११
एमेव जीवपुरिसो	२२५	३०५
एमेव मिच्छदिट्ठी	३२६	४१२
एमेव य ववहारो	४८	८५
एमेव सम्मदिट्ठी	२२७	३०५
एयं तु अविवरीदं	१८३	२५१
एयं तु जाणिऊण	३८२	४५९
एयत्तणिच्छयगओ	३	१०
एयं तु असंभूदं	२२	४९
एवमलिये अदत्ते	२६३	३४०
एवमिह जो दु जीवो	११४	१७३
एवं हि सावराहो	३०३	३८५
एवं जाणदि णाणी	१८५	२५५
एवं ण कोवि मोक्खो	३२३	४०९
एवं णाणी सुद्धो	२७९	३५८
एवं तु णिच्छयणयस्स	३६०	४३९
एवंपराणि दव्वाणि	९६	१५२
एवं पुग्गलदव्वं	६४	१०३
एवं बंधो उ दुण्हं वि	३१३	३९९
एवं मिच्छादिट्ठी	२४१	३२२
एवं ववहारणओ	२७२	३५१
एवं ववहारस्स उ	३५३	४३४
एवं ववहारस्स दु	३६५	४४१
एवं विहा बहुविहा	४३	७६
एवं संखुवएसं	३४०	४२१
एवं सम्मदिट्ठी	२००	२७५
एवं सम्मादिट्ठी	२४६	३२६
एवं हि जीवराया	१८	४४
एसा दु जा मई दे	२५९	३३७
क		
कणयमया भावादो	१३०	१८६
कम्मइयवग्गणासु य	११७	१७५
कम्मं जं पुव्वकयं	३८३	४६५
कम्मं जं सुहमसुहं	३८४	४६५
कम्मं णाणं ण हवइ	३९७	४९१
कम्मं पडुच्च कत्ता	३११	३९६
कम्मं बद्धमबद्धं	१४२	१९५
कम्ममसुहं कुसीलं	१४५	२०८
कम्मस्साभावेण य	१९२	२६०
कम्मस्स य परिणामं	७५	१२४
कम्मस्सुदयं जीवं	४१	७६
कम्मे णोकम्मह्मि य	१९	४७
कम्मेहिं दु अण्णाणी	३३२	४१९

	गा.सं.	पृ.सं.
कम्मेहिं भमाडिज्जइ	३३४	४१६
कम्मेहिं सुहाविज्जइ	३३३	४१६
कम्मोदएण जीवा	२५४	३३४
कम्मोदएण जीवा	२५५	३३४
कम्मोदएण जीवा	२५६	३३४
कह सो घिप्पइ अप्पा	२९६	३७७
कालो णाणं ण हवइ	४००	४६२
केहिंचि दु पज्जएहिं	३४५	४२९
केहिंचि दु पज्जएहिं	३४६	४२९
को णाम भणिज्ज बुहो	२०७	२८७
को णाम भणिज्ज	३००	३८४
कोहादिसु वट्टंतस्स	७०	११२
कोहुवजुत्तो कोहो	१०५	१७८
ग		
गंधरसफासरूवा	६०	९८
गंधो णाणं ण हवइ	३९४	४६१
गुणसण्णिदा दु एदे	११२	१६९
च		
चउविह अणेयभेयं	१७०	२३६
चारित्तपडिणिबद्धं	१६३	२२४
चेया उ पयडिअट्ठं	३१२	३९९
छ		
छिंददि भिंददि य तहा	२३८	३२१
छिंददि भिंददि य तहा	२४३	३२६
छिज्जदु वा भिज्जदु वा	२०९	२८८
ज		
जह जीवेण सहच्चिय	१३९	१९३
जइ णवि कुणई छेदं	२८९	३६९
जइया इमेण जीवेण	७१	११५
जइया स एव संखो	२२२	३०१
जं कुणइ भावमादा	९१	१४५
जं कुणदि भावमादा	१२६	१८२
जं भावं सुहमसुहं	१०२	१६३
जं सुहमसुहमुदिण्णं	३८५	४६५

	गा.सं.	पृ.सं.
जदि जीवो ण सरीरं	२६	५६
जदि पुग्गलकम्ममिणं	८५	१३६
जदि सो परदव्वाणि य	९९	१५९
जदि सो पुग्गलदव्वी	२५	५२
जया विमुंचए चेया	३१५	४००
जह कणयमग्गितवियं	१८४	२५५
जह कोवि णरो जंपइ	३२५	४१२
जह चिट्ठं कुव्वंतो	३५५	४३४
जह जीवस्स अणण्णुवओगो	११३	१७३
जह णवि सक्कमणज्जो	८	१८
जह णाम को वि पुरिसो	१७	४४
जह णाम कोवि पुरिसो	३५	६७
जह णाम कोवि पुरिसो	१४८	२११
जह णाम कोवि पुरिसो	२३७	३२१
जह णाम कोवि पुरिसो	२८८	३६९
जह परदव्वं सेडदि	३६१	४४०
जह परदव्वं सेडदि	३६२	४४०
जह परदव्वं सेडदि	३६३	४४०
जह परदव्वं सेडदि	३६४	४४१
जह पुण सो चिय	२२६	३०५
जह पुण सो चेव णरो	२४२	३२६
जह पुरिसेणाहारो	१७९	२४७
जह फलिहमणी सुद्धो	२७८	३५८
जह बंधे चिंतंतो	२९१	३७१
जह बंधे छित्तूण य	२९२	३७२
जह मज्जं पिवमाणो	१९६	२७०
जह राया ववहारा	१०८	१६८
जह विसमुवभुंजंतो	१९५	२६९
जह सिप्पिओ उ कम्मफलं	३५२	४३४
जह सिप्पिओ उ कम्मं	३४९	४३४
जह सिप्पिओ उ करणाणि	३५१	४३४
जह सिप्पिओ उ करणेहिं	३५०	४३४
जह सिप्पिओ उ चिट्ठं	३५४	४३४
जह सेडिया दु	३५६	४३६
जह सेडिया दु	३५७	४३६

	गा.सं.	पृ.सं.
जह सेडिया दु	३५८	४३६
जह सेडिया दु	३५६	४३६
जह्मा कम्मं कुव्वइ	३३५	४१६
जह्मा घाएइ परं	३३८	४२०
जह्मा जाणइ णिच्चं	४०३	४६२
जह्मा दु अत्तभावं	८६	१३८
जह्मा दु जहण्णादो	१७१	२३७
जा एस पयडिडीअट्ठं चेया	३१४	४००
जावं अपडिक्कमणं	२८५	३६२
जाव ण वेदि विसेसंतरं	६६	११२
जिदमोहस्स दु जइया	३३	६४
जीवणिबद्धा एए	७४	१२०
जीवपरिणामहेदुं	८०	१३२
जीवह्मि हेदुभूदे	१०५	१६६
जीवस्स जीवरूवं	३४३	४२२
जीवस्स जे गुणा केइ	३७०	४५२
जीवस्स णत्थि केई	५३	६१
जीवस्स णत्थि रागो	५१	६०
जीवस्स णत्थि वग्गो	५२	६१
जीवस्स णत्थि वण्णो	५०	६०
जीवस्स दु कम्मेण य	१३७	१६१
जीवस्साजीवस्स दु	३०६	३६६
जीवादीसद्दहणं	१५५	२१६
जीवे कम्मं बद्धं	१४१	१६४
जीवे ण सयं बद्धं	११६	१७५
जीवो कम्मं उहयं	४२	७६
जीवो चरित्तदंसण	२	७
जीवो चेव हि एदे	६२	१०२
जीवो ण करेदि घडं	१००	१६०
जीवो परिणामयदे	११८	१७५
जीवो बंधो य तहा	२६४	३७३
जीवो बंधो य तहा	२६५	३७७
जे पुग्गलदव्वाणं	१०१	१६१
जो अप्पणा दु मण्णदि	२५३	३३३
जो इंदिये जिणित्ता	३१	६१
जो कुणदि वच्छलत्तं	२३५	३१६
जो चत्तारि वि पाए	२२६	३१२
जो चेव कुणइ	३४७	४२६
जो जह्मि गुणे दव्वे	१०३	१६४
जो ण करेदि जुगुप्पं	२३१	३१३
जो ण कुणइ अवराहे	३०२	३८५
जो ण मरदि ण य दुहिदो	२५८	३३६
जो दु ण करेदि कंखं	२३०	३१३
जोधेहिं कदे जुद्धे	१०६	१६७
जो पस्सदि अप्पाणं	१४	३४
जो पस्सदि अप्पाणं	१५	३६
जो पुण णिरवराधो	३०५	३८७
जो मण्णदि जीवेमि य	२५०	३३१
जो मण्णदि हिंसामि य	२४७	३२६
जो मरइ जो य दुहिदो	२५७	३३६
जो मोहं तु जिणित्ता	३२	६२
जो वेददि वेदिज्जदि	२१६	२६६
जो समयपाहुडमिणं	४१५	५०६
जो सव्वसंगमुक्को	१८८	२५८
जो सिद्धभत्तिजुत्तो	२३३	३१५
जो सुयणाणं सव्वं	१०	२०
जो सो दु णेहभावो	२४०	३२२
जो सो अणेहभावो	२४५	३२६
जो हवइ असम्मूढो	२३२	३१४
